возмуща́ть (अपू०), **возмути́ть** (पू०) (भवि० возмущу́, возмути́шь) १. विद्रोह कराना ; (के विरुद्ध) भड़काना ; हलचल पैदा करना ; २. शान्ति भंग करना ; तैश दिलाना ; उत्तेजना दिलाना ; **—ся** (आत्म०) उत्तेजित होना ; तैश में आना ; विद्रोह करना ।

возмуще́ние (नपुं०) १. तैश ; रोष ; उत्तेजना ; २. विद्रोह; विप्लव ; उथल-पुथल ; उद्वेग ।

вознагражд||а́ть (अपू०), **вознагради́ть** (पू०) (भवि० вознагражу́, вознагради́шь) पुरस्कार देना ; प्रतिफल देना ; क्षतिपूर्ति करना ; **—е́ние** (नपुं०) पुरस्कार ; शुल्क ; पारिश्रमिक ।

вознегодова́ть (पू०) (—ду́ю) रोष प्रकट करना ; रोषाविष्ट होना ; в. на несправедли́вость अन्याय पर रोष (मन्यु) व्यक्त करना ।

возненави́деть (पू०) (भवि० возненави́жу, возненави́дишь) (किसीसे) घृणा करना ; नफ़रत करना ।

вознести́(сь) दे० возноси́ть(ся).

возник||а́ть (अपू०), **возни́кнуть** (पू०) उठना ; उत्पन्न होना ; प्रकट होना ; у него́ возни́кла мысль उसको एक विचार सूझा ; у него́ возни́кло чу́вство उसमें एक भावना जागी ; но́вые города́ —а́ют по всей стране́ देश भर में नये-नये नगर अस्तित्व में आ रहे हैं ; вопро́с не —а́ет प्रश्न ही नहीं उठता ; **—нове́ние** (नपुं०) मूल ; आरम्भ ; स्रोत ; **—нуть** दे० возника́ть.

возни́ца (पुं०) कोचवान ।

возноси́ть (अपू०), **вознести́** (पू०) (काव्य०) उठाना ; ऊँचा उठाना ।

возноси́ться (आत्म० अपू०) **вознести́сь** (आत्म० पू०) १. उठना ; ऊँचा उठना ; २. घमंड करना ।

возня́ (स्त्री०) १. कोलाहल ; हुड़दंग ; शोर-गुल ; २. कष्ट ; दुःख ।

возобнов||и́ть(ся) दे० возобновля́ть(ся); **—ле́ние** (नपुं०) नवीकरण ; पुनरारम्भ ; फिर से आरम्भ करने की क्रिया ।

возобновля́ть (अपू०), **возобнови́ть** (पू०) (भवि० возобновлю́, возобнови́шь) नवीकरण करना ; फिर से आरम्भ करना ; **—ся** (आत्म०) १. फिर से आरम्भ होना ; २. возобновля́ть का कर्मवाच्य ।

возо́к (पुं०) बन्द स्लैज ।

возомни́ть (पू०) □ в. о себе́ अपने आपको बहुत-कुछ समझना ; अहंकार करना ।

возраж‖áть (अपू०), **возразúть** (पू०) (भवि० возражý, возразúшь) आपत्ति उठाना ; एतराज़ करना ; विरोध करना ; прóтив э́того нéчего бы́ло возразúть इसके विरोध में कुछ नहीं कहा जा सकता था ; не —áю मुझे कोई आपत्ति नहीं ; **—éние** (नपुं०) आपत्ति ; एतराज़ ; विरोध ; (कड़ा) प्रत्युत्तर ।

вóзраст (पुं०) आयु ; одногó —а समवयस्क ; एक ही आयु के ; в —е ......की आयु में ।

возраст‖áние (नपुं०) वृद्धि ; बढ़ोतरी ; **—áть** (अपू०), **возрастú** (पू०) बढ़ना ; (में) वृद्धि होना ; капитáл —áет पूँजी में वृद्धि हो रही है ।

возрастнóй, вóзрастный (वि०) आयु-सम्बन्धी ।

возраждáть (अपू०), **возродúть** (पू०) (भवि० возрожý, возродúшь) १. पुनर्जीवित करना ; в. к жúзни पुनर्जीवित करना ; नये प्राण डालना ; **—ся** (आत्म०) १. पुनर्जीवित होना ; २. возрождáть का कर्मवाच्य ;

возраждéние (नपुं०) पुनर्जन्म ; पुनरुत्थान ।

вóзчик (पुं०) ढोनेवाला ।

возымéть (पू०) १. पाना ; в. успéх सफलता पाना ; २. (इच्छा, इरादा आदि) करना ; в. желáние इच्छा करना ; в. намéрение इरादा करना ।

возьмý दे० брать.

вóин (पुं०) योद्धा ; सिपाही ; सैनिक ; **—ский** (वि०) सैनिक ; सेना-सम्बन्धी ; —ский пóезд सैनिक गाड़ी ।

воúнственн‖о (क्रि० वि०) быть в. настрóенным युयुत्सु होना ; रणोद्यत होना ; **—ость** (स्त्री०) युद्ध की भावना ; रणप्रियता ; युयुत्सा ; **—ый** (वि०) युद्धप्रेमी ; युयुत्सु ।

вóинство (नपुं०) सेना ; सेना-शक्ति ।

воúнствующий (वि०) युद्धरत ; लड़ाकू ।

воúстину (क्रि० वि०) वास्तव में ; सचमुच ।

вой (पुं०) (केवल एकवचन) (भेड़िये, कुत्ते आदि की) लम्बी चीख़ ; हवा के साँय-साँय करने का शब्द ।

вóйло‖к (पुं०) नमदा ; **—чный** (वि०) नमदे का ।

войн‖á (स्त्री०) युद्ध ; граждáнская в. गृहयुद्ध ; мировáя в. विश्वयुद्ध ; началáсь в. युद्ध छिड़ गया ; объявúть —ý युद्ध की घोषणा करना ; вестú —ý युद्ध करना ।

вóйско (नपुं०) सेना ; फ़ौज ; **—вóй** (वि०) सेना का ; —вáя часть सेना की टुकड़ी ।

войтú दे० входúть.

вокáбулы (बहु०) शब्द-भंडार ।

вокáльный (वि०) वाचिक ; कंठ- ।

вокзáл (पुं०) (रेलवे) स्टेशन ; **—ьный** (वि०) (रेलवे) स्टेशन का ।

вокрýг (क्रि० वि०) चारों ओर ; इर्द-गिर्द ; в. свéта दुनिया के चारों ओर ; दुनिया भर में ।

вол (पुं०) बैल ।

волáн (पुं०) (औरतों के घाघरे की) झालर ; १. शटलकॉक (बैडमिंटन खेलने की चिड़िया) ।

волдырь (पुं०) छाला ; फफोला ; फोड़ा ।

волейбóл (पुं०) वॉलीबाल (खेल) ।

вóлей-невóлей (क्रि० वि०) जैसे-तैसे ; अनिच्छा-पूर्वक ।

вóлжский (वि०) वोल्गा का ।

волк (पुं०) भेड़िया ; □ в. в овéчьей шкýре भेड़ की खाल में भेड़िया ; с —áми жить, по-вóлчьи выть जैसा देश वैसा वेश ।

волкодáв (पुं०) भेड़िये का शिकार करनेवाला कुत्ता ।

волн‖á (स्त्री०) तरंग ; हिलोर ; большáя в. बड़ी तरंग ; длинá —ы तरंग-दैर्घ्य ।

волнéние (नपुं०) १. (पानी पर) तरंगों का उठना ; भावावेश ; क्षोभ ; हलचल ; २. उपद्रव ; दंगा ।

волнúст‖ый (वि०) घूँघरदार ; घुँघराला ; —ые вóлосы (घुँघराले) घूँघरदार बाल ।

волновáть (अपू०), **взволновáть** (पू०) (—нýю) उत्तेजना दिलाना ; हलचल पैदा करना ; क्षुब्ध करना ; तंग करना ; **—ся** (आत्म०) आवेश में आना ; उत्तेजित होना ; क्षुब्ध होना ; चिन्तित होना ।

волнов‖óй (वि०) तरंग का ; —áя теóрия तरंग-सिद्धान्त ।

волно‖лóм (पुं०) बाँध ; **—мéр** (पुं०) तरंगमापी ।

волнообрáзн‖ый (वि०) ऊर्मिल ; —ая повéрхность ऊर्मिले सतह ।

волóв‖ий (वि०) вол से वि० ; बैल का ; —ья шкýра बैल की खाल ।

волокúта (स्त्री०) I. लालफ़ीताशाही ; फ़ाइल-परस्ती ; नियमों आदि की ओर अत्यधिक ध्यान देने का कार्य ; II. स्त्रियों के पीछे घूमनेवाला ।

волокúтчик (पुं०) लालफ़ीताशाह ; फ़ाइल-परस्त ।

волокнúстый (वि०) रेशेदार ; в. лён रेशेदार सन ।

волокнó (नपुं०) रेशा ।

волонтёр (पुं०) स्वयंसेवक ।

вóлос (पुं०) केश ; बाल ; кóнский в. घोड़े का बाल ; седы́е —ы सफ़ेद बाल ; □ —ы станóвятся ды́бом रोंगटे खड़े होना ; रोमांच होना ; рвать на себé —ы सिर धुनना ; **—áтый** (वि०) रोएँदार ; **—úстый** (वि०) रेशेदार ; **—нóй** (वि०) केशिका- ; **—ность** (स्त्री०) केशिकत्व ।

волос‖óк (पुं०) १. केश ; बाल ; २. घड़ी की एक बहुत महीन कमानी ; (बिजली के बल्ब आदि में का) तन्तु ; быть на в. от чегó-л. बाल-बाल बचना ; не трóнуть —кá у когó-л. किसीका बाल बाँका न कर सकना ।

волостнóй (वि०) вóлость का वि० ।

вóлость (स्त्री०) वोलोस्त (छोटा देहाती ज़िला) ।

волосянóй (वि०) вóлос से वि० ।

волоч‖éние (नपुं०) १. घसीटने या खींचने की क्रिया ; २. (धातु आदि के) तार खींचने की क्रिया ; **—úть** (अपू०) १. घसीटना ; в. мешóк с зернóм अनाज की बोरी घसीटना ; цéлый год егó —úли по судáм पूरे एक वर्ष तक वह अदालतों के चक्कर काटता रहा ; २. (धातु आदि से) खींचकर तार बनाना ; **—úться** (आत्म०) घसीटा जाना ; (किसीके पीछे) चक्कर काटना ।

волхв (पुं०) जादूगर ।

волчáнка (स्त्री०) एक प्रकार का चर्म रोग ।

вóлч‖ий (वि०) волк से वि० ; —ья шýба भेड़िये की खाल का कोट ।

волчúха, волчúца (स्त्री०) मादा भेड़िया ।

волч‖óк (पुं०) लट्टू ; вертéться —кóм लट्टू की भाँति चक्कर काटना ।

волчóнок (पुं०) भेड़िये का बच्चा ।

волшéб‖ник (पुं०) जादूगर ; मायावी ; ऐन्द्रजालिक ; **—ница** (स्त्री०) जादूगरनी ; मायाविनी ; **—ный** (वि०) जादुई ; जादू का ; **—ство** (नपुं०) जादू ; по —ствý जादू से ।

волы́нк‖а (स्त्री०) १. मसक बाजा ; २. (केवल एकवचन) टाल ; тянýть —у काम की टाल करना ; टालना ; काम में देर करना ।

вольгóтн‖о (क्रि० वि०) स्वतन्त्रतापूर्वक ; **—ый** (वि०) स्वतन्त्र ; —ое житьё स्वतन्त्र जीवन ।

вóльн‖ая (स्त्री०) (वि० रू०) मताधिकार-पत्र ; давáть комý-л. —ую किसीको स्वतन्त्रता देना ; **—ица** (बहु०) (समू०) स्वतन्त्र जन ।

вóльничать (अपू०) (किसीके साथ) बेतक़ल्लुफ़ी का बर्ताव करना ; धृष्टता दिखाना ।

вóльно (क्रि० वि०) यथेच्छा ; स्वतन्त्रतापूर्वक ; स्वाधीनता से ।

вольнодýм‖ец (पुं०) स्वतन्त्र विचारक ; स्वतन्त्र नेता ; **—ный** (वि०) स्वतन्त्र विचार का ; **—ство** (नपुं०) स्वतन्त्र विचार ।

вольнолюбúвый (वि०) स्वतन्त्रता-प्रेमी ।

вольномы́слие (नपुं०) स्वतन्त्र विचार ।

вольнонаёмный (वि०) असैनिक ; जो सरकार की नौकरी न करता हो ।

вольноопределяющийся (पुं०) (वि० रू०) स्वयंसैनिक ।

вольноотпýщенный (वि०) (दास, गुलाम के विषय में) स्वतन्त्र किया हुआ ; आज़ाद किया हुआ ।

вольнослýшатель (पुं०), **—ница**

(स्त्री०) (क्रान्ति-पूर्व) वह विद्यार्थी जिसे कालेज में बिना दाखिले के लेक्चर सुनने की इजाज़त मिल गयी हो ।

вóльн||ость (स्त्री०) स्वतन्त्रता ; स्वाधीनता ; **—ый** (वि०) १. स्वतन्त्र ; स्वाधीन ; अनियन्त्रित ; खुला ; —ая продáжа खुली बिक्री ; २. धृष्ट ; बेलगाम ; —ое поведéние धृष्टता का व्यवहार ; □ на —ом вóздухе खुली हवा में ।

вольт (पुं०) **I.** (भौ०) वोल्ट ; **II.** (खेल में) छलाँग ; कुदान ।

вольт||áж (पुं०) (भौ०) वोल्टता ; **—áметр** (पुं०) विश्लेषण-धारामापी ; **—мéтр** (पुं०) वोल्टमापी ।

вольфрáм (पुं०) वुल्फ़्रम ।

вóл||я (स्त्री०) १. इच्छा ; संकल्प ; свобóдная в. स्वतन्त्र इच्छा ; मर्ज़ी ; си́льная в. दृढ़ संकल्प ; २. स्वतन्त्रता ; स्वाधीनता ; он на —е वह स्वतन्त्र है ; отпускáть на —ю स्वतन्त्र करना ; □ в. вáша आपकी इच्छा ; не по своéй —е अपनी इच्छा के विरुद्ध ; на —ю (на свéжий вóздух) खुली हवा में ।

вон (क्रि० वि०) **I.** बाहर ; вы́йти в. बाहर जाना ; вы́гнать в. बाहर निकाल देना ; (बाहर) भगा देना ; в. отсю́да ! пошёл в. ! निकल जा ! भाग जा ! в. егó ! उसको बाहर निकाल दो ; □ э́то у меня́ (совсéм) из умá в. मैं तो इसे बिल्कुल भूल गया ; **II.** वहाँ ; в. там वहाँ सामने ।

вонзáть (अपू०), **вонзи́ть** (पू०) (छुरा आदि) घोंपना ; भोंकना ; **—ся** (आत्म०) вонзáть का कर्मवाच्य ।

вон||ь. (स्त्री०) दुर्गन्ध ; बदबू ; стои́т в. बदबू आ रही है ; **—ю́чий** (वि०) दुर्गन्धयुक्त ; बदबूदार ; **—ю́чка** (स्त्री०) अमरीका देश का स्कंक नामक एक मांस-भक्षी पशु ; **—я́ть** (अपू०) दुर्गन्ध देना ; बदबू देना ।

воображ||áемый (वि०) काल्पनिक ; कल्पित ; —áемая ли́ния कल्पित रेखा ; **—áть** (अपू०), **вообрази́ть** (पू०) (भवि० воображу́, вообрази́шь) कल्पना करना ; вообрази́те ! कल्पना कीजिए ! **—áться** (आत्म०) **вообрази́ться** (आत्म० पू०) १. दिखायी पड़ना ; २. воображáть का कर्मवाच्य ; **—éние** (नपुं०) कल्पना ।

вообраз||и́мый (वि०) कल्पना-योग्य ; कल्पनीय ; **—и́ть(ся)** दे० воображáть(ся).

вообщé (क्रि० वि०) १. सामान्यतः ; साधारणतः ; आम तौर पर ; २. सदा ; он в. такóй वह सदा ऐसा ही है ; ३. कदापि ; बिल्कुल ; он в. не придёт वह कदापि नहीं आयेगा ।

воодушеви́ть(ся) दे० воодушевля́ть(ся).

воодушевлéние (नपुं०) १. अनुप्राणित करने की क्रिया ; २. जोश ; उत्साह ।

воодушевля́ть (अपू०), **воодушеви́ть** (पू०) (भवि० воодушевлю́, воодушеви́шь) अनुप्राणित करना ; प्रोत्साहित करना ; **—ся** (आत्म०) अनुप्राणित होना ; प्रोत्साहित होना ।

вооружáть (अपू०), **вооружи́ть** (पू०) १. सशस्त्र करना ; शस्त्र-सज्जित करना ; सोपस्कर करना ; २. भड़काना ; **—ся** (आत्म०) शस्त्र-सज्जित होना; शस्त्र धारण करना ; सोपस्कर होना ।

вооруж||éние (नपुं०) सशस्त्रीकरण ; उपस्करण; योधन-शक्ति ; **—ённый** : १. вооружáть से कृदन्त ; २. सशस्त्र ; सोपस्कर ; **—и́ть(ся)** दे० вооружáть(ся)

воóчию (क्रि० वि०) स्वयं ; अपनी आँखों से ।

во-пéрвых (क्रि० वि०) सर्वप्रथम ; सबसे पहले ।

вопи́ть (अपू०) सिसकियाँ भरना; चीखना ; चिल्लाना; रोना ; ребёнок не перестаёт в. बच्चा रोना बन्द नहीं करता ।

вопи́ющ||ий (वि०) लज्जाजनक; निन्दनीय ; घोर; —ая несправедли́вость घोर अन्याय; в. факт लज्जाजनक बात ; —ее безобрáзие घोर लज्जा ; —ее противорéчие घोर अन्तर्विरोध ।

воплощáть (अपू०), **воплоти́ть** (पू०) (भवि० воплощу́, воплоти́шь) साकार करना ; मूर्तिमन्त करना ; मानवीकरण करना ; सिद्ध करना ; п. в себé (-की) प्रतिमा होना ; в. в жизнь **—ся** (आत्म०) १. साकार होना ; प्रतिमूर्ति/प्रतिमा होना ; शरीर धारण करना ; अवतार लेना ;

воплощáть का कर्मवाच्य ।

воплощéние (नपुं०) अवतार ; मूर्ति ; साक्षात्कार ; सिद्धि ; он в. здорóвья वह स्वास्थ्य की प्रतिमूर्ति/प्रतिमा है ।

вопль (पुं०) चीख़ ; विलाप ; सिसकी ।

вопреки́ (अ०) (क) बावजूद ; तो भी ; (के) विपरीत ; (की) परवाह न करते हुए ; в. всем прáвилам नियमों की परवाह न करते हुए ; в. дáнному слóву अपने वायदे के बावजूद ।

вопрóс (पुं०) प्रश्न ; सवाल ; मामला ; задáть в. प्रश्न पूछना ; в. не в э́том प्रश्न यह नहीं ; подня́ть в. प्रश्न उठाना ; в. жи́зни и смéрти जीवन और मृत्यु का प्रश्न ; **—и́тельный** (वि०) प्रश्नसूचक ; в. знак प्रश्नसूचक चिह्न (?) ; **—и́ть** दे० вопрошáть ; **—ник** (पुं०) प्रश्नावली ; प्रश्न-सूची ; **—ный** (वि०) : —ный лист प्रश्नावली ; प्रश्न-सूची ।

вопрошáть (अपू०), **вопроси́ть** (पू०) (भवि० вопрошу́, вопроси́шь) प्रश्न करना ; सवाल पूछना ।

вор (पुं०) चोर; ठग ; кармáнный в. जेबकतरा ; держи́те —а ! चोर पकड़ो !

вóрвань (स्त्री०) (केवल एकवचन) (मछली आदि का) तेल ; चर्बी ।

ворвáться दे० врывáться.

вори́шка (पुं०) टिकियाचोर ; ठग ।

воркова́||ние (नपुं०) (कबूतर आदि के) गुटकने का शब्द ; कू-कू का शब्द ; **—ть** (अपू०) (—кýю) कू-कू करना ; (कबूतर आदि का) गुटकना ।

воркотня́ (स्त्री०) १. बड़बड़ाहट ; २. (कबूतरों की) गुटरगूँ ।

воробéй (पुं०) चिड़िया ।

воробьи́ный (वि०) चिड़िया का ।

ворóванный (वि०) चुराया हुआ ।

воровáть (अपू०) (वर्त० —рýю) चुराना ।

ворóв||ка (स्त्री०) चोरटी ; ठगनी ; **—скóй** (वि०) вор से वि० ; —скóй притóн चोरों की गुफा ; **—ствó** (नपुं०) चोरी ; ठगी ; занимáться —ствóм चोरी करना ; चोरी का पेशा अपनाना ।

ворожбá (स्त्री०) (केवल एकवचन) जादू ; टोना ; अभिचार ; भविष्य बताना ; रमल लगाना ।

ворож||ея́ (स्त्री०) जादूगरनी ; भविष्य बतानेवाली ; टोना करनेवाली ; रमल लगानेवाली ; **—и́ть** (अपू०), **поворожи́ть** (पू०) जादू करना ; भविष्य बताना ; रमल लगाना ।

вóрон (पुं०) काला कौवा ।

ворóна (स्त्री०) कौवा ; ☐ пýганая в. и кустá бои́тся दूध का जला छाछ फूँक-फूँककर पीता है ।

ворóний (वि०) कौवे का ।

ворóнка (स्त्री०) (तेल डालने की) कीप ।

воронообрáзный (वि०) कीप के आकार का ।

вóронов (वि०) вóрон से वि० ; цвет —а крылá कालास्याह ।

ворон||óй (वि०) काला ; —áя лóшадь काला घोड़ा ।

вóрот (पुं०) १. कॉलर ; схвати́ть за в. कॉलर से पकड़ना ; २. चर्खी ; в. кáбельный (जहाज पर रसा लपेटने की) चर्खी ।

ворóта, воротá (बहु०) द्वार ; दरवाज़ा ; триумфáльные в. विजय-द्वार ।

вороти́ла (पुं०) बड़ा अधिकारी ; संचालक ।

вороти́ть (पू०) **I.** = вернýть ; сдéланного не ворóтишь जो हो गया, सो हो गया ; **II.** १. в. нос (от) नाक सिकोड़ना ; २. = ворóчать ; **—ся** (आत्म०) लौटना ; वापस आना ।

воротни́к, вортничóк (पुं०) कॉलर ।

ворóтн||ый (वि०) —ая вéна यकृत में रुधिर ले जानेवाली नलिका ।

воротóк (पुं०) रिंच ।

вóрох (पुं०) ढेर ; в. новостéй ढेर सारी सूचनाएँ ।

ворóчать (अपू०) १. हिलाना ; с трудóм в. кáмень कठिनता से पत्थर सरकाना ; в. больнóго с бóку на бок रोगी की करवट बदलना ;

२. मोड़ना ; घुमाना ; ३. नियन्त्रण करना ; संचालन करना ; **—ся** (आत्म०) १. मुड़ना ; करवटें बदलना ; हिलना ; सरकना ; २. ворóчать का कर्मवाच्य ।

ворошúть (अपू०) हिलाना ; उलटना-पलटना ; в. сéно घास को उलटना-पलटना ।

ворс (पुं०) (केवल एकवचन) (कपड़े पर का) रोआँ ; **—úнка** (स्त्री०) बाल ; रेशा ।

ворсúть = ворсовáть.

ворсовáть (अपू०), (—сýю) **ворсúть** (पू०) (भवि० воршý, ворсúшь) (ऊन या सन आदि को) रोएँदार बनाना ।

ворч||áние (नपुं०) (कुत्ते की) गुर्राहट ; (व्यक्ति की) बड़बड़ाहट ; **—áть** (अपू०) (на) बड़बड़ करना ; (कुत्ते का) गुर्राना ; **—лúвый** (वि०) बड़बड़ करनेवाला ; गुर्रानेवाला ; लड़ाका ।

ворчýн (पुं०) **—ья** (स्त्री०) बड़बड़ करनेवाला/वाली ।

вос- दे० воз-.

во-своя́си (क्रि० वि०) घर को ; отпрáвиться в. घर जाना ।

восемнадцатилéтний (वि०) अष्टादशवर्षीय ; अठारह वर्ष का ।

восемнáдцат||ый (वि०) अठारहवाँ ; —ое апрéля अप्रैल की अठारह तारीख़; अठारह अप्रैल ।

восемнáдцать (स्त्री०) अठारह ।

вóсемь (गिनती) आठ ।

вóсемьдесят (गिनती) अस्सी ।

вóсемью (क्रि० वि०) आठ गुना ।

воск (पुं०) मोम ; натирáть —ом मोम लगाना ।

воскли́кнуть दे० восклицáть.

восклицáние (नपुं०) उत्क्रोश ; किलकारी ।

восклицáтельный (वि०) в. знак विस्मयबोधक चिह्न (!) ।

восклицáть (अपू०), **воскли́кнуть** (पू०) विस्मय से चिल्लाना ; उत्क्रोश करना ।

воскóвка (स्त्री०) मोमी काग़ज़ ।

восковóй (वि०) मोम का ; मोमी ।

воскрес||áть (अपू०), **воскрéснуть** (पू०) पुनर्जन्म लेना ; **—éние** (नपुं०) पुनर्जन्म ; पुनर्जीवन ।

воскресéнье (नपुं०) रविवार ।

воскреси́ть दे० воскрешáть.

воскрéснуть दे० воскресáть.

воскрéсный (वि०) रविवार का ; रविवारीय ; в. день रविवार का दिन ।

воскреш||áть (अपू०), **воскреси́ть** (पू०) (भवि० воскрешý, воскреси́шь) १. पुनः जीवित होना ; पुनः प्राण-संचार होना ; पुनर्जन्म लेना ; २. अनुस्मरण करना ; पुनः जागृत करना ; воскреси́ть надéжду फिर से आशा जगाना ; **—éние** (नपुं०) पुनर्जीवन ; पुनर्जन्म ; पुनरुत्थान ।

воскуря́ть (अपू०), **воскури́ть** (पू०) (धूप आदि) जलाना ।

воспалéние (नपुं०) सूजन ; в. лёгких निमोनिया ; फेफड़ों की सूजन ।

воспалённый (वि०) सूजा हुआ ।

воспаля́ть (अपू०), **воспали́ть** (पू०) भड़काना ; उद्दीप्त करना ; प्रज्वलित करना ; в. стрáсти लालसाएँ उद्दीप्त करना ; **—ся** (आत्म०) भड़कना ; प्रज्वलित होना ; उद्दीप्त होना ।

воспевáть (अपू०), **воспéть** (पू०) (प्रशंसा के गीत) गाना ; गुणगान करना ।

воспитáние (नपुं०) शिक्षा ; लालन पालन ; प्रशिक्षण ।

воспи́т||анник (पुं०), **—анница** (स्त्री०) छात्र/छात्रा ; विद्यार्थी ; **—анный** (वि०) १. воспи́тывать से कृदन्त; २. (वि०) सुशिक्षित ; शिष्ट ; सुलालित ; дýрно —анный कुशिक्षित ; दुर्लालित ।

воспит||áтель (पुं०) अध्यापक ; शिक्षक ; он хорóший в. वह अच्छा शिक्षक है ; **—áтельница** (स्त्री०) अध्यापिका; शिक्षिका; **—áтельный** (वि०) शैक्षिक ; शिक्षा-सम्बन्धी ; **—áтельский** (वि०) अध्यापक का ; शिक्षक का ।

воспи́тывать (अपू०), **воспитáть** (पू०) शिक्षा देना ; प्रशिक्षण देना ।

воспламен||éние (नपुं०) प्रज्वलन ; **—я́емость** (स्त्री०) ज्वलनशीलता ; **—я́емый**

ज्वलनशील ।

воспламеня́ть (अपू०), **воспламени́ть** (पू०) प्रज्वलित करना ; आग भड़काना ; **—ся** (आत्म०) प्रज्वलित होना ; भड़क उठना ; आग लग जाना ।

восполня́ть (अपू०), **воспо́лнить** (पू०) पूर्ति करना ; भर देना ; в. пробе́лы क्षतिपूर्ति करना ।

воспользова́ться (आत्म० पू०) (से) लाभ उठाना ; в. слу́чаем अवसर से लाभ उठाना ।

воспомина́ние (नपुं०) १. अनुस्मरण ; स्मृति ; याद ; २. संस्मरण ; □ оста́лось одно́ в. याद बाक़ी है ; स्मृति शेष रह गयी है ।

воспрепя́тствовать (पू०) (—ствую) विमुख करना ; हटाना ; रोकना ; रुकावट डालना ।

воспрети́тельный (वि०) प्रतिषेधक ; в. зако́н प्रतिषेधक क़ानून ।

воспре||ща́ть (अपू०), **воспрети́ть** (पू०) (भवि० воспрещу́, воспрети́шь) प्रतिषेध करना ; निषेध करना ; रोकना ; मना करना ; **—ща́ться** (आत्म०) (केवल अपू०) निषिद्ध होना; मना होना; кури́ть —ща́ется तम्बाकू पीना मना है; **—ще́ние** (नपुं०) निषेध; मनाही ।

восприе́мни||к (पुं०) (चर्च में) धर्मपिता ; **—ца** (स्त्री०) (चर्च में) धर्ममाता ।

восприи́мчив||ость (स्त्री०) ग्रहणशीलता ; ग्रहण-क्षमता ; **—ый** (वि०) ग्रहणशील ; ग्रहण-क्षम ।

воспри||нима́емость (स्त्री०) (इन्द्रियों द्वारा) गोचरता ; अनुमेयता : विभाव्यता ; **—нима́емый** (वि०) (इन्द्रियों द्वारा) गोचर ; अनुमेय ; विभाव्य ; **—нима́ть** (अपू०), **восприня́ть** (पू०) (भवि० восприму́, воспри́мешь) (इन्द्रियों द्वारा) विभावन ; ग्रहण करना ; समझना ; **—я́тие** (नपुं०) बोध ; ज्ञान ; विभावन ।

воспроизве́дение (नपुं०) १. पुनरुत्पादन ; २. नक़ल ; प्रतिरूप ।

воспроизводи́ть (अपू०). **воспроизвести́** (पू०) (भवि० воспроизведу́, воспроизведёшь). १. पुनरुत्पादन करना ; २. अनुस्मरण करना ; мы́сленно в. собы́тия ю́ности युवावस्था की घटनाओं का अनुस्मरण करना ; दोहराना ; в. чужи́е мне́ния दूसरों की राय दोहराना : ३. पुनःसृजन करना ; चित्रित करना ; худо́жник уда́чно воспроизводи́т приро́ду कलाकार ने प्रकृति को सफलतापूर्वक चित्रित किया है ; ४. फिर से छापना ; पुनर्मुद्रण ; **—ся** **(сь)** (आत्म०) १. फिर से स्मृति जाग उठना ; अनुस्मरण करना ; २. воспроизводи́ть का कर्मवाच्य ।

воспроизво́дство (नपुं०) पुनरुत्पादन ।

воспроти́виться दे० проти́виться

воспря́ну||ть (पू०) १. उत्साह से भर उठना ; २. जीवन का संचार होना ; जान आ जाना ; по́сле ю́жного солнца́ я оконча́тельно —л दक्षिण की धूप के पश्चात् आख़िरकार मुझमें फिर जीवन का संचार हो गया ; в. от сна नींद मे एकदम जाग उठना ।

воспыла́ть (पू०) भभक उठना ; भड़क उठना ; в. гне́вом क्रोध से भभक उठना ।

восседа́ть (अपू०) (दरबार आदि में रस्मी तौर पर) आसन ग्रहण करना ; आसीन होना ।

воссе́сть (पू०) (भवि० восся́ду, восся́дешь) в. на престо́л सिंहासन पर बैठना ।

воссоедине́ние (नपुं०) पुनर्मिलन ।

воссоединя́ть (अपू०), **воссоедини́ть** (पू०) पुन: मिलाना ; **—ся** (आत्म०) १. फिर से मिलना ; पुनर्मिलन होना ; २. воссоединя́ть का कर्मवाच्य ।

воссоздава́ть (अपू०). **воссозда́ть** (पू०) (भवि० воссозда́м, воссозда́шь) पुनर्निर्माण ; फिर से बनाना ; в. в па́мяти अनुस्मरण करना ; **—ся** (आत्म०) воссоздава́ть का कर्मवाच्य ।

восстава́ть (अपू०), **восста́ть** (पू०) (वर्त० восстаю́, восстаёшь; भवि० восста́ну, восста́нешь) (किसीके विरुद्ध) उठ खड़े होना ; विद्रोह करना ; शस्त्र ग्रहण करना ।

восстана́вливать (अपू०), **восстанови́ть** (पू०) (भवि० восстановлю́, восстано́вишь) १. पुनः स्थापित करना; в. хоро́шее отноше́ние с кем-л. किसीसे फिर से अच्छे सम्बन्ध स्थापित करना; २. в. кого́-л. в права́х किसीके अधिकार लौटाना; ३. स्मरण करना; ४. (किसीके विरुद्ध) खड़ा करना; ५. अपचयन; अवकरण; **—ся** (आत्म०) (स्वास्थ्य) पुनः प्राप्त करना; २. восстана́вливать का कर्मवाच्य।

восста́ние (नपुं०) विद्रोह; विप्लव; вооружённое в. सशस्त्र विद्रोह।

восстанов||и́тельный (वि०) पुनःस्थापन/पुनर्निर्माण-विषयक; —и́тельный пери́од पुनःस्थापन/पुनर्वासन का समय; **—и́ть(ся)** दे० восстана́вливать(ся); **—ле́ние** (नपुं०) १. पुनःस्थापन; नवीकरण; पुनःप्राप्ति; —ле́ние здоро́вья स्वास्थ्य की पुनःप्राप्ति; २. (रस०) अपचयन; अवकरण; **—ля́ть** = восстана́вливать.

восста́ть दे० восстава́ть.

восто́к (पुं०) पूर्व; на в., к —у पूर्व को; Бли́жний В. निकट-पूर्व; Сре́дний В. मध्य-पूर्व; Да́льный В. दूर-पूर्व।

востокове́д (पुं०) प्राच्यतत्त्वज्ञ; प्राच्यविद्; **—ение** (नपुं०) प्राच्य-विद्या; **—ный, —ческий** (वि०) प्राच्यविद्या-सम्बन्धी।

восто́рг (पुं०) उल्लास: हर्ष; अति प्रसन्नता; быть в —е उल्लसित होना; быть вне себя́ от —а खुशी से फूला न समाना; **—а́ть** (अपू०) हर्षित करना; **—а́ться** (आत्म०) हर्षित होना; उल्लसित होना।

восто́рженн||о (क्रि० वि०) उमंग से; उत्साह से; चाव से; **—ость** (स्त्री०) उमंग; उत्साह; हुलास; **—ый** (वि०) उल्लसित; हर्षित; उमंग-पूर्ण; चाव से भरा हुआ।

востор||жествова́ть (पू०) (—ству́ю) (-पर) विजय पाना।

восто́чник (पुं०) प्राच्यविद्; प्राच्यविद्या-विशारद।

восто́чн||ый (वि०) पूर्वीय; प्राच्य; в —ом направле́нии पूर्व दिशा को; —ая Евро́па पूर्वी यूरोप।

востре́бова||ние (नपुं०) माँग; □ до —ния न्यस्त डाक; डाकखाने से स्वयं माँगने पर मिलनेवाली डाक; **—ть** (पू०) (भवि० —бую) माँग करना; माँगना।

востро́ (क्रि० वि०) держа́ть у́хо в. चौकन्ना रहना।

восхвал||е́ние (नपुं०) प्रशंसा; गुण-वर्णन; प्रशस्ति; **—я́ть** (अपू०), **восхвали́ть** (पू०) बहुत प्रशंसा करना; आसमान पर चढ़ाना।

восхити́тельный (वि०) हर्षजनक; अति मनोहर; रमणीक; स्वर्गिक; (भोजन आदि) सुस्वादु।

восхищ||а́ть (अपू०), **восхити́ть** (पू०) (भवि० восхищу́, восхити́шь) मोह लेना; मुग्ध करना; **—а́ться** (आत्म० अपू०), **восхити́ться** (आत्म० पू०) मुग्ध होना; उल्लसित होना; **—е́ние** (नपुं०) हर्ष; उल्लास।

восхо́д (पुं०) उदय; в. со́лнца सूर्योदय।

восхо||ди́ть (अपू०), **взойти́** (पू०) १. = всходи́ть; २. आविर्भाव होना; उद्भव होना; स्रोत होना; э́ти кни́ги —дят к одно́му исто́чнику इन पुस्तकों का स्रोत एक ही है; **—жде́ние** (नपुं०) उदय; चढ़ने की क्रिया।

восьмёрка (स्त्री०) १. अट्ठा; २. आठ चप्पुओंवाली नाव।

во́сьмеро (गिनती) आठ; आठ जोड़े; в. челове́к आठ व्यक्ति; в. глаз आठ आँखें।

восьмивесе́льный (वि०) आठ चप्पुओंवाला।

восьмигра́нник (पुं०) अष्टभुज।

восьмидесятиле́тний (वि०) अस्सी वर्ष का।

восьмидеся́тый (वि०) अस्सीवाँ।

восьмикла́ссник (पुं०) आठवीं कक्षा का विद्यार्थी।

восьмиле́тний (वि०) आठ वर्ष का।

восьмино́г (वि०) अष्टपाद; आठ टाँगोंवाला; ऑक्टोपस।

восьмисотле́тие (नपुं०) आठसौवाँ वर्ष-दिवस।

восьмисо́тый (वि०) आठसौवाँ।

восьмиуго́льник (पुं०) अष्टभुज ।

восьм||о́й (वि०) आठवाँ ; —óe февраля́ फ़रवरी की आठ तारीख ; आठ फ़रवरी ; в. но́мер आठवाँ नम्बर ।

восьму́шка (स्त्री०) आठवाँ भाग ।

вот (अ०) यहाँ ; वहाँ ; लो ; в. и я लो, मैं भी आ गया ; в. хоро́ший приме́р यह है अच्छा उदाहरण ; в. он бежи́т लो, वह भाग रहा है ; в. не ду́мал, что लो, मेरे तो यह विचार में भी नहीं था कि......; ☐ в. и всё вся ।

вот-вот (क्रि० वि०) он в. уйдёт वह जानेवाला ही है ।

воти́ровать (अपू० और पू०) (—рую) मत देना ; राय देना ; वोट देना ।

воткну́ть दे० втыка́ть.

во́тум (पुं०) मत; राय; वोट ; в. дове́рия विश्वास-प्रस्ताव ।

во́тчин||а (स्त्री०) पैतृक सम्पत्ति ; **—ник** (पुं०) पैतृक सम्पत्ति का मालिक ; बड़ा ज़मींदार ; **—ный** (कि०) पैतृक सम्पत्ति का ।

воцар||е́ние (नपुं०) राज्याभिषेक; सिंहासनारोहण; **—я́ться** (आत्म० अपू०), **воцари́ться** (आत्म० पू०) १. सिंहासन पर बैठना ; राजगद्दी पर बैठना ; २. आरम्भ होना ; स्थापित होना ; प्रतिष्ठापित होना ; —и́лась тишина́ शान्ति हो गयी ।

вошь (स्त्री०) जूँ ।

вощ||а́нка (स्त्री०) १. मोमजामा ; २. मोमी काग़ज़; **—и́на** (स्त्री०) १. शहद की मक्खियों का खाली छत्ता : २. मोम ; **—и́ть** (अपू०), **навощи́ть** (पू०) मोम लगाना ; मोम का पालिश करना ।

вою́ющий (कृदन्त) युद्धरत ; युद्ध में लगा हुआ ।

воя́ка (पुं०) (व्यंग्य-रूप में) योद्धा ; लड़ाकू ; कलही ।

впад||а́ть (अपू०), **впасть** (पू०) (भवि० впаду́, впадёшь) १. (केवल अपू०) (-में) गिरना ; э́та река́ —а́ет в мо́ре यह नदी सागर में गिर जाती है ; २. (-में) ग्रस्त हो जाना ; डूब जाना ; в. в отча́яние निराश हो जाना ; в. в сомне́ние सन्देह उत्पन्न होना ; ३. (गालों, आँखों आदि का) पिचक जाना ; धँस जाना ; **—е́ние** (नपुं०) (दो नदियों का) संगम ; दहाना ।

впа́дина (स्त्री०) गड्ढा ; कोटर ; гла́зная в. नेत्र-गर्तिका ।

впа́ивать (अपू०), **впая́ть** (पू०) (-में) झाल लगाना ।

впа́йка (स्त्री०) (-में) झाल लगाने की क्रिया ; झाला हुआ भाग ।

впа́лый (वि०) (आँखें आदि) पिचकी हुई ; धँसी हुई ।

впасть दे० впада́ть.

впая́ть दे० впа́ивать.

впервы́е (क्रि० वि०) पहली वार ; प्रथम वार ।

вперева́лку (क्रि० वि०) ходи́ть в. झूम-झूमकर चलना ।

вперегонки́ (क्रि० वि०) бе́гать в. दौड़ लगाना ।

вперёд (पुं०) १. आगे ; итти́ в., продвига́ться в. आगे बढ़ना ; २. भविष्य में ; आगे से ; ☐ часы́ (иду́т) в. घड़ी आगे है ; घड़ी तेज़ है ; плати́ть в. पेशगी देना ।

впереди́ (क्रि० वि०) सामने ; आगे ; быть в. आगे होना ।

вперемéжку (क्रि० वि०) बारी-बारी से ; итти́ в. बारी-बारी जाना ।

вперемéшку (क्रि० वि०) १. हड़बड़ी से ; बिना क्रम ; बेतरतीब ; २. बारी-बारी से ।

впер́ять (अपू०), **впери́ть** (पू०) (दृष्टि, ध्यान आदि) गाड़ना ; टिकाना ; в. взор दृष्टि गाड़ना ।

впечатл||е́ние (पुं०) प्रभाव ; छाप ; оставля́ть неизглади́мое в. अमिट छाप छोड़ना ; **—и́тельный** (वि०) प्रभाव/छाप डालनेवाला ; **—я́ть** (अपू०) प्रभावित करना ; छाप डालना ।

впива́ть (अपू०), **впить** (पू०) (भवि० вопью́, вопьёшь) अवशोषण करना ; सोख लेना ; **—ся** (आत्म०) १. खुभ जाना ; धँस जाना; डंक मारना ; (मुंह या पंजे से) पकड़ लेना ; змея́ впи́лась в но́гу साँप ने टांग पर डंक मारा ;

волк впился́ в шéю лóшади भेड़िये ने घोड़े को गर्दन से पकड़ लिया ; २. सोख लेना ; ३. (दृष्टि, ध्यान आदि) गाड़ना ।

впи́ку (क्रि० वि०) ईर्ष्या से ; बैर से ।

вписа́ть(ся) दे० впи́сывать(ся).

впи́ска (स्त्री०) (केवल एकवचन) प्रविष्टि; इंदराज।

впи́сывать (अपू०), **вписа́ть** (पू०) (भवि० впишу́, впи́шешь) (सूची में) दर्ज करना ; प्रविष्टि करना ।

впита́ть(ся) दे० впи́тывать(ся)

впи́тыва‖ние (नपुं०) सोखने की क्रिया : **—ть** (अपू०), **впита́ть** (पू०) सोखना ; земля́ впитáла всю́ влáгу ज़मीन सारी नमी सोख गयी ; **—ться** (आत्म० अपू०) **впита́ться** (आत्म० पू०) सोखा जाना ; влáга впитáлась в зéмлю नमी ज़मीन ने सोख ली ।

впи́хивать (अपू०), **впиха́ть**, **впихну́ть** (पू०) (में) ठूँस देना ; डाल देना ।

вплавля́ть (अपू०), **впла́вить** (पू०) (भवि० вплáвлю, вплáвишь) (-में) गला देना ; (-में) संगलित करना ।

вплавь (क्रि० वि०) तैरते हुए ; брóситься в. पानी में कूद जाना (और तैरने लग जाना) ; переправиться чéрез рéку в. तैरकर नदी पार करना ।

вплета́ть (अपू०), **вплести́** (पू०) (भवि० вплету́, вплетёшь) (में) गूँथना; संग्रथन करना ।

вплотну́ю (क्रि० वि०) अत्यन्त समीप ; भिंचकर ; в. оди́н к другóму एक दूसरे के अत्यन्त समीप ; приня́ться в. за что-л. किसी काम में तत्परता से लग जाना ।

вплоть (क्रि० वि०) в. до तक ; в. до сáмого утрá प्रातःकाल तक ।

вплыва́ть (अपू०), **вплыть** (पू०) (भवि० вплыву, вплывёшь) (में) तैर आना ; я вплыл из реки́ в. купáльню में नदी में से तैरकर स्नानघाट पर आ गया ।

впова́лку (क्रि० वि०) बराबर लेटकर (सोना) ; साथ लेटकर ; спáли все в. на полу́ सब फ़र्श पर सोये ।

вполго́лоса (क्रि० वि०) धीमे ; пéть в. गुनगुनाना ।

вполза́ть (अपू०), **вползти́** (पू०) (में) रेंग आना ।

вполне́ (क्रि० वि०) पूर्णतः ; पूर्णरूपेण ।

вполови́ну (क्रि० वि०) आधा ; आधा-आधा करके ; кали́тка приотвори́лась в. द्वार आधा खुल गया ।

впопа́д (क्रि० वि०) यथावश्यक ; यथाप्रसंग ; यथाप्रयोजन ।

впопыха́х (क्रि० वि०) जल्दबाज़ी में ; जल्दी में ; дéлать что-л. в. कोई काम जल्दबाज़ी में करना ।

впо́ру (क्रि० वि०) १. समय पर ; ठीक समय पर ; егó приéзд в. वह ठीक समय पर आया है ; २. (कपड़े, जूते आदि का) ठीक आना ; ठीक नाप का होना ।

впорхну́ть (पू०) १. (पंख फड़फड़ाते हुए) भीतर उड़ आना ; २. (वेग से) भीतर आना ।

впосле́дствии (क्रि० वि०) बाद में ; पीछे से ।

впотьма́х (क्रि० वि०) अँधेरे में ।

впра́вду (क्रि० वि०) सचमुच ; वास्तव में ।

впра́ве (क्रि० वि०) быть в. का अधिकार होना ।

вправля́ть (अपू०), **впра́вить** (पू०) (भवि० вправлю́, впрáвишь) (टूटी हुई हड्डी) ठीक बैठाना ।

впра́во (क्रि० वि०) (-के) दायीं ओर ; находи́ться в. от чегó-л. दायीं ओर होना ।

впрах (क्रि० वि०) पूर्णतः ; बिल्कुल ।

впредь (क्रि० वि०) भविष्य में ; आगे से ; в. до егó приéзда उसके आने तक ।

вприда́чу (क्रि० वि०) (-के) अतिरिक्त ।

вприку́ску (क्रि० वि०): пить чай в. खाँड के डले के साथ फीकी चाय पीना ।

вприпры́жку (क्रि० वि०) फुदकते हुए ; उछलते हुए ।

вприся́дку (क्रि० वि०): плясáть в. पालथीनाच करना ; पालथी मारे हुए नाचना ।

впрóголодь (क्रि० वि०) अधभूखा ; жить в. अधभूखा रहना ।

впрок (क्रि० वि०) १. заготовля́ть в. बचाकर रखना ; जमा करके रखना ; सुरक्षित रखना ; २. लाभकर ; ему́ всё в. उसकी चाँदी ही चाँदी है ; उसको लाभ ही लाभ है ।

впроса́к (क्रि० वि०) : попа́сть в. (में) फँस जाना ।

впросо́нках (क्रि० वि०) अधसोया हुआ ; तन्द्रा में ।

впро́чем (अ०) तो भी ; तदपि ; इतने पर भी ; в. он туда́ не пойдёт तो भी वह वहाँ नहीं जायेगा ।

впры́гивать (अपू०), **впры́гнуть** (पू०) (में) कूद जाना ।

впры́скивать (अपू०), **впры́снуть** (पू०) सुई लगाना ; इंजेक्शन देना ।

впряга́ть (अपू०), **впря́чь** (पू०) (भवि० впрягу́, впряжёшь) (घोड़ा आदि) जोतना ।

впрямь (क्रि० वि०) सचमुच ; वास्तव में ; विश्वस्त रूप से ।

впря́чь दे० впряга́ть.

впус||к (पुं०) प्रवेश ; दाखिला ; **—ка́ть** (अपू०), **впусти́ть** (पू०) (भवि० впущу́, впу́стишь) भीतर आने देना ; प्रविष्ट करना ; दाखिल करना ; не —а́йте его́ उसको भीतर मत आने दीजिए ; **—кно́й** (वि०) (टेक०) प्रवेश ; अन्तर्गमन ; भीतर जाने का ; **—ти́ть** दे० впуска́ть.

впусту́ю (क्रि० वि०) व्यर्थ ; बेकार ; я всё э́то де́лал в. मैंने यह सब-कुछ व्यर्थ ही किया ।

впу́тывать (अपू०), **впу́тать** (पू०) (-में) उलझा लेना ; फँसा लेना ; **—ся** (आत्म०) १. फँस जाना ; उलझ जाना ; २. हस्तक्षेप करना ; दखल देना ।

впух (क्रि० वि०) १. बिलकुल ; सब-कुछ ; проигра́лся в. सब-कुछ हार गया ; २. разряди́ться в. и впрах सोलह श्रृंगार करना ; पूर्ण श्रृंगार करना; ३. разби́ть кого́-л. в. किसीको पूर्णतः पराजित करना ।

впя́теро (क्रि० वि०) पाँचगुना ; в. бо́льше पाँचगुना अधिक ; увели́чить в. पाँचगुना करना ।

впятеро́м (क्रि० वि०) पाँचों ; पाँचों मिलकर ; мы в. हम पाँचों ।

вра||г (पुं०) शत्रु ; दुश्मन ; विरोधी ; **—жда́** (स्त्री०) शत्रुता ; दुश्मनी ; विरोध ; пита́ть —у́ к кому́-л. किसीसे शत्रुता करना ।

вражде́бн||о (क्रि० वि०) शत्रुता से ; **—ость** (स्त्री०) शत्रुता ; दुश्मनी ; **—ый** (वि०) शत्रुतापूर्ण ।

враждова́ть (अपू०) (वर्त०—ду́ю) शत्रुता करना ; लड़ना ।

вра́ж||еский, —ий (वि०) враг से वि० ; शत्रु का ; दुश्मन का ।

вразби́вку (क्रि० वि०) बिना क्रम के ; क्रम भंग करके ।

вразбро́д (क्रि० वि०) बेमेल ढंग से ; पृथक्-पृथक् ; असंगठित रूप से ।

вразва́лку (क्रि० वि०) : ходи́ть в. मटककर चलना ; झूमकर चलना ।

вразре́з (क्रि० वि०) विपरीत ; विरुद्ध ; итти́ в. с чем-л. किसी बात के विरुद्ध जाना ; विरुद्ध होना ; विपरीत होना ।

вразря́дку (क्रि० वि०) (छपाई-सम्बन्धी) набира́ть в. जगह छोड़ना ; रिक्त स्थान छोड़ना ।

вразуми́тельный (वि०) सुबोध ; स्पष्ट ; समझने-योग्य ; शिक्षाप्रद ।

вразумля́ть (अपू०), **вразуми́ть** (पू०) (भवि० вразумлю́, вразуми́шь) समझाना ; विश्वास दिलाना ।

вра́ки (बहु०) बकवास ; प्रलाप ।

враль (पुं०) बकवासी ; गप्पी ; झूठा ; प्रलापी ।

враньё (नपुं०) बकवास ; प्रलाप ; बेसिरपैर की बातें ।

врасплóх (पुं०) अकस्मात् ; अचानक ; एकाएक ।

врассыпну́ю (क्रि० वि०) जहाँ-तहाँ ; सब दिशाओं में ; бежа́ть в. तितर-बितर हो जाना ।

враста́ть (अपू०), **врасти́** (पू०) (भवि०

враcтý, врастёшь) (-में) उग आना ; (भीतर) उग आना ।

врастя́жку (क्रि० वि०) : лежа́ть в. पैर पसारकर सोना ।

врата́рь (पुं०) (फ़ुटबाल, हॉकी में) गोलची ।

врать (अपू०), **со—** (पू०) (वर्त० врý, врёшь) बकवास करना; झूठ बोलना ; ☐ врёшь ! बकवास करते हो !

врач (पुं०) डाक्टर ; चिकित्सक ; वैद्य ; ветерина́рный в. पशुओं का डाक्टर ; पशु-चिकित्सक ।

враче́бный (वि०) चिकित्सा-सम्बन्धी ।

врачева́ние (नपुं०) चिकित्सा-कार्य ।

врачева́ть (अपू०) (वर्त० —чу́ю) चिकित्सा का व्यवसाय करना ; डाक्टरी-पेशा होना ।

враща́тельн||ый (वि०) भ्रमी ; घूर्णमान ; घूमनेवाला ; —ое движе́ние घूर्णमान गति ।

враща́ть (अपू०) चक्कर देना ; घुमाना ; **—ся** (आत्म०) १. चक्कर खाना ; घूर्णन ; घूमना ; —ся вокрýг своéй óси अपने धुरे पर घूमना ; २. враща́ть का कर्मवाच्य ।

враще́ние (नपुं०) परिक्रमा ; परिक्रमण ; घूर्णन ।

вред (पुं०) हानि ; चोट ; क्षति ; причини́ть в. हानि पहुँचाना ।

вред||и́тель (पुं०) १. खेती को हानि पहुँचानेवाला कीड़ा ; २. हानि पहुँचानेवाला ; अन्तर्ध्वंसक ; तोड़-फोड़ करनेवाला ; **—и́тельский** (वि०) вреди́тель से वि०; **—и́тельство** (नपुं०) हानि ; क्षति ; तोड़-फोड़ ।

вреди́ть (अपू०), **по—** (पू०) (वर्त० врежý, вреди́шь) हानि पहुँचाना ; в. здорóвью स्वास्थ्य को हानि पहुँचाना ; э́то вам не повреди́т इससे आपको कोई हानि नहीं होगी ।

вре́дн||о (क्रि० वि०) в. влия́ть на что-л. किसी पर बुरा (अथवा हानिकारक) प्रभाव डालना ; **—ый** (वि०) हानिकारक ; बुरा ; —ый газ हानिकारक गैस ; —ое лека́рство हानिकारक ओषधि ।

вреза́ть (अपू०), **вре́зать** (पू०) (भवि० вре́жу, вре́жешь) (-में) काटना ; नक़्क़ाशी करना ; खुदाई का काम करना ; **—ся** (आत्म०) १. (भीड़ आदि में) घुस जाना ; вре́заться в зе́млю (वायुयान का) टूटकर भूमि पर आ गिरना; —ся в толпý भीड़ में घुस जाना ; २. вреза́ть का कर्मवाच्य ।

времена́ : вре́мя का बहु० ।

времена́ми (क्रि० वि०) समय-समय पर ।

вре́менно (क्रि० वि०) अस्थायी रूप से ; अनन्तिम रूप से ।

временно́й (वि०) समय-सम्बन्धी ; काल-सम्बन्धी; कालिक ।

вре́менн||ый (वि०) अस्थायी; ☐ —ое прави́тельство अस्थायी सरकार ।

временщи́к (पुं०) (सम्राट का) कृपा-पात्र ; (थोड़े समय के लिए) सत्ताधारी ।

вре́м||я (नपुं०) १. समय; काल; युग; во вся́кое в. किसी समय ; до сегó —ени इस समय तक ; अब तक ; до тогó —ени उस समय तक ; तब तक ; с тогó —ени उस समय से ; तब से ; скóлько —ени ? क्या समय है ? ; у меня́ нет —ени मेरे पास समय नहीं ; в нáше в. हमारे समय में ; हमारे युग में ; २. в. гóда ऋतु ; ३. (व्या०) काल ; ☐ в. от —ени, от —ени до —ени, по —ена́м समय-समय पर ; कभी-कभी; в. тéрпит कोई जल्दी नहीं ; в свобóдное в. अवकाश में ; в настоя́щее в. वर्तमान समय में ; आज ; тем —енем इतने में ; इस बीच ।

времяисчисле́ние (नपुं०) कालानुक्रम ।

времяпрепровожде́ние, времяпровожде́ние (नपुं०) क्रीड़ा ; विनोद ; खेल ।

вре́тище (नपुं०) बहुत मोटा और खुरदरा कपड़ा ।

врóвень (क्रि० वि०) (-के) बराबर ; в. с края́ми लबालब ; मुँह तक ।

врóде (क्रि० वि०) (-की) तरह ; जैसा ।

врождённ||ость (स्त्री०) स्वाभाविकता ; सहजता ; नैसर्गिकता ; **—ый** (वि०) स्वाभाविक ;

जन्मजात ; सहज ; नैसर्गिक ।

врóзницу (क्रि० वि०). फुटकर ; óптом и в. थोक और फुटकर ।

врознь, врозь (क्रि० वि०) पृथक्-पृथक् ; अलग-अलग ।

врубáть (अपू०), **врубúть** (पू०) (भवि०- врублю́, врýбишь) छेद करके उसमें कोई चीज़ रख देना ; **—ся** (आत्म०) (भीड़ आदि चीरकर) घुस जाना ; (तलवार से काटते हुए) शत्रु-सेना में घुस जाना ; врубáть का कर्मवाच्य ।

врýбовая машúна कोयला काटने की मशीन ।

врукопáшную (क्रि० वि०) हाथापाई करते हुए ; сойтúсь в. हाथापाई करना ।

врун (पुं०) झूठा ; **—ья** (स्त्री०) झूठी ।

вруч||áть (अपू०), **вручúть** (पू०) (हाथ में) देना ; सँभालना ; सुपुर्द करना ; प्रदान करना ; в. комý-л. óрден किसीको पदक प्रदान करना ; **—éние** (नपुं०) प्रदान करने की क्रिया ; सँभालने/सुपुर्द करने की क्रिया ; **—úть** दे० вручáть.

вручнýю (क्रि० वि०) हाथ से ।

врывáть (अपू०), **врыть** (पू०) (भवि० врóю, врóешь) (खोदकर) गाड़ देना ; в. столб खम्भा गाड़ना ; **—ся** (आत्म०) (भूमि आदि के भीतर) घुस जाना ; крот вры́лся в. зéмлю छछूँदर भूमि के भीतर घुस गयी ।

врывáться (आत्म० अपू०), **ворвáться** (आत्म० पू०) (वेग से) घुसना ; в. к комý-л. в кóмнату किसीके कमरे में तेज़ी से घुसना ।

врыть(ся) दे० врывáть(ся).

вряд, в. ли (क्रि० वि०) कठिनता से ; मुश्किल से ; в. मुझे सन्देह है ; मुश्किल से ; в. ли он ужé придёт मुझे सन्देह है कि वह अब आयेगा ; अब वह मुश्किल से ही आयेगा ।

всадúть दे० всáживать.

всáдни||к (पुं०), **—ца** (स्त्री०) घुड़सवार पुरुष/स्त्री ।

всáживать (अपू०), **всадúть** (पू०) (भवि० всажý, всáдишь) १. घोंपना ; भोंकना ; घुसाना ; ☐ всадúть нож в спúну पीठ में छुरा घोंपना ; २. जड़ना ; в. кáмень в пéрстень अँगूठी में हीरा जड़ना ।

всáсывание (नपुं०) चूषण ; अवशोषण ।

всáсывать (अपू०), **всосáть** (पू०) (भवि० всосý, всосёшь) चूषण करना ; सोखना ; **—ся** (आत्म०) всáсывать का कर्मवाच्य ।

все весь का बहु० ।

всё весь का नपुं० रूप ।

всё (क्रि० वि०) १. सदा ; २. अब भी ; в. ещё अब भी ; ३. केवल ; в. из-за вас केवल आपके कारण ; ४. तो भी ; ऐसा होते हुए भी ; ५. в. дáльше и дáльше आगे ; और आगे ।

всевéдение (नपुं०) सर्वज्ञान ; अनन्त ज्ञान ; सर्वज्ञता ।

всевéдущий (वि०) सर्वज्ञानी ; सर्वज्ञ ।

всевúдящий (वि०) सर्वद्रष्टा ।

всевозмóжн||ый (वि०) हर प्रकार का ; प्रत्येक सम्भव ; —ые срéдства प्रत्येक सम्भव साधन ; —ые товáры हर प्रकार का माल ।

всегдá (क्रि० वि०) सदा ; हमेशा ; **—шний** (वि०) सामान्य ; प्रथागत ; सदा का ; अभ्यास के अनुसार ।

всегó (क्रि० वि०) १. कुल ; सब मिलकर ; तमाम ; २. केवल ।

всезнáйка (उभ०) हरफ़नमौला ।

вселéние (नपुं०) १. निस्थापन ; २. वास ; बसाने की क्रिया ; в. нóвых жильцóв в квартúру производúлось лéтом नये किरायेदारों को बसाने का कार्य ग्रीष्म ऋतु में हुआ ।

вселéнная (स्त्री०) (वि० रू०) विश्व ; संसार ; जगत ।

вселя́ть (अपू०), **вселúть** (पू०) बसाना ; निस्थापन करना ; в. к себé жильцá किरायेदार रखना ; **—ся** (आत्म०) १. बसना ; २. вселя́ть का कर्मवाच्य ।

всемéрно (क्रि० वि०) हर प्रकार से ; जैसे भी हो ।

всемéрн||ый (वि०) हर प्रकार का ; —ое содéйствие हर प्रकार की सहायता ।

всéмеро (क्रि० त्रि०) सातगुना ; увели́чить в. सातगुना करना ।

всемерóм (क्रि० वि०) सातों ; सातों मिलकर ; они́ рабóтали в. उन सातों ने मिलकर काम किया ।

всеми́рн||ый (वि०) विश्वव्यापी ; सार्वभौम ; सार्वदेशिक ; सार्वत्रिक ; —ая истóрия विश्व-इतिहास ।

всемогу́щ||ество (नपुं०) सर्वशक्तिमत्ता ; **—ий** (वि०) सर्वशक्तिमान ।

всенарóдный (वि०) राष्ट्रीय ; सार्वजनिक ।

всéнощная (स्त्री०) (वि० रू०) मसीहियों की सान्ध्य प्रार्थना ।

всеóбщ||ий (वि०) व्यापक ; सामान्य ; आम ; सार्वभौम ; —ее избира́тельное пра́во सार्वभौम मताधिकार ।

всеобъéмлющий (वि०) व्यापक ; सार्वभौम ; सार्वत्रिक ।

всеору́жи||е (नपुं०) во —и पूर्णतः सशस्त्र ; पूर्णतः सुसज्जित ; बिल्कुल तैयार ।

всепобежда́ющий (वि०) सर्वजयी ।

всепожира́ющий (वि०) सर्वभक्षी ।

всепрощéние (नपुं०) सर्वक्षमा ।

всердца́х (क्रि० वि०) क्रोध में आकर ; गुस्से में ; в. хлóпнул дверь и ушёл गुस्से में आकर ‘धड़’ से दरवाज़ा बन्द किया और चला गया ।

всерьёз (क्रि० वि०) गम्भीरता से ।

всеси́льный (त्रि०) सर्वशक्तिमान ।

всесою́зный (वि०) अखिल संघीय ।

всесторонн||е (क्रि० वि०) विस्तारपूर्वक ; ब्यौरे से ; हर पहलू से ; **—ий** (वि०) सविस्तार ; सम्पूर्ण ।

всё-таки (अ०) तो भी ; फिर भी ; ऐसा होने पर भी ।

всецéло (क्रि० वि०) पूर्णतः ; एकान्ततः ।

всея́дный (वि०) सर्वभक्षी ।

вси́лу (क्रि० वि०) (-के) कारण ; (-की) वजह से ; в. э́того इसके कारण ।

вска́кивать (अपू०); **вскочи́ть** (पू०) १. (पर, में) कूद जाना ; в. в вагóн (रेल के) डिब्बे में कूद जाना २. उछल पड़ना ; в. с постéли पलँग पर से उछल पड़ना ; ३. उभर जाना ; सूज जाना ।

вска́пывать (अपू०), **вскопа́ть** (पू०) खोदना ।

вскара́бкиваться (आत्म० अपू०), **вскара́бкаться** (आत्म० पू०) (पेड़ आदि पर) हाथों और पैरों के बल चढ़ना ; कठिनता से ऊपर चढ़ना ; в. на дéрево (हाथों और पैरों के बल) पेड़ पर चढ़ जाना ।

вска́рмливать (अपू०), **вскорми́ть** (पू०) (भयि० вскормлю́, вскóрмишь) पालना ; в. гру́дью स्तनपान कराना ; दूध पिलाना ।

вскачь (क्रि० वि०) सरपट ।

вски́дывать (अपू०), **вски́нуть** (पू०) (-पर) फेंकना ; डालना ; в. на плéчи कन्धों पर फेंकना ; (कम्बल आदि) कन्धों पर डालना ।

вскип||а́ние (नपुं०) उबलने की क्रिया ; **—а́ть** (अपू०), **вскипéть** (पू०) (भवि० вскиплю́, вскипи́шь) १. उबलने लगना ; २. (क्रोध से) लाल हो जाना ; भभक उठना ।

вскипяти́ть(ся) दे० кипяти́ть(ся).

вскла́дчину (क्रि० वि०) : дéлать, устра́ивать что-л. в. (कुछ करने या कोई वस्तु लेने के लिए) मिलकर चन्दा इकट्ठा करना ; купи́ть что-л. в. चन्दा इकट्ठा करके मिलकर खरीदना ।

всклокóчивать (अपू०), **всклокочи́ть** (पू०) (बाल) बिखराना ।

всколыхну́ть (पू०) डुलाना ; हिलाना ; आन्दोलित करना ; **—ся** (आत्म०) डोलना ; आन्दोलित होना ।

вскользь (क्रि० वि०) प्रसंगवश ; упомяну́ть что-л. в. कोई बात प्रसंगवश कहना ; वैसे ही ज़िक्र करना ।

вскопа́ть दे० вска́пывать.

вскóре (क्रि० वि०) शीघ्र ही ; झटपट ।

вскорми́ть दे० вска́рмливать.

вскочи́ть दे० вска́кивать.

вскри́кивать (अपू०) **вскри́кнуть** (पू०)

чीख मारना ; चिल्ला उठना ।

вскружи́ть (पू०) चकरा देना ; в. го́лову кому́-л. किसीका सिर चकरा देना ।

вскрыва́ть (अ.पू०), **вскры́ть** (पू०) (भवि० вскро́ю, вскро́ешь) १. खोलना ; в. паке́т पैकिट खोलना ; в. конве́рт लिफ़ाफ़ा खोलना ; (भेद, रहस्य) प्रकट करना ; खोलना ; २. (चिकि०) चीर-फाड़ करना ; (फोड़े का) मुँह खोलना ; **—ся** (आत्म०) १. प्रकट होना ; पता लगाना ; २. (फोड़े आदि का) फूटना ; ३. вскрыва́ть का कर्मवाच्य ।

вскры́тие (नपुं०) १. खोलने की क्रिया ; प्रकट करने की क्रिया ; २. (चिकि०) चीर-फाड़ ; (फोड़े आदि का) मुँह खोलना ।

вскры́ть दे० вскрыва́ть.

вс́ласть (क्रि० वि०) जी भरकर ; अघाकर нагово́рились в. जी भरकर बातें कीं ; пое́л в. जी भरकर खाया ।

вслед (क्रि० वि०) в. за (के) पीछे ; итти́ в. за кем-л. किसीका पीछा करना ।

всле́дствие (अ०) (-के) कारण ; (-की) वजह से ।

вслепу́ю (क्रि० वि०) आँखें मूँदकर ; अन्धा होकर ।

вслух (क्रि० वि०) ऊँचे स्वर से; ज़ोर से (बोलना) ।

вслу́шиваться (आत्म० अपू०), **вслу́шаться** (आत्म० पू०) ध्यान से सुनना ; ध्यानपूर्वक सुनना ।

всма́триваться (आत्म० अपू०), **всмотре́ться** (आत्म० पू०) ध्यानपूर्वक देखना ; सूक्ष्म निरीक्षण करना ; छानबीन करना ।

всмя́тку (क्रि० वि०) яйцо́ в. आधा उबला हुआ अंडा ।

всо́вывать (अपू०), **всу́нуть** (पू०) (-में) ठूँसना ; डालना ; (चुपके से) डाल देना ; в. ру́ку в ка́рман जेब में हाथ डालना ।

всоса́ть(ся) दे० вса́сывать(ся).

вспа́ивать (अपू०), **вспои́ть** (पू०) पिलाना ; दूध पिलाना ; в. и вско́рмить खिलाना-पिलाना ।

вспа́рывать (अपू०), **вспоро́ть** (पू०) (चीरकर या फाड़कर) खोल देना ; в. живо́т पेट फाड़ देना ; в. посы́лку पार्सल खोलना ।

вспа́||хивать (अपू०), **вспаха́ть** (पू०) (भवि० вспашу́, вспа́шешь) हल चलाना ; भूमि जोतना ; **—шка** (स्त्री०) (भूमि की) जुताई ।

вспе́нивать (अपू०), **вспе́нить** (पू०) (साबुन आदि का) झाग उठाना ; **—ся** (आत्म०) १. झाग छोड़ना ; झाग देना ; २. вспе́нивать का कर्मवाच्य ।

всплакну́ть (पू०) चार आँसू बहाना ।

всплеск, всплёск (पुं०) छींटे ।

всплёскивать (अपू०), **всплесну́ть** (पू०) छींटे देना ; ☐ всплесну́ть рука́ми (अचम्भा प्रकट करने के लिए) हाथ पर हाथ मारना ।

всплыва́ть (अपू०), **всплы́ть** (पू०) (भवि० всплыву́, всплывёшь) १. (पानी की गहराई में से) सतह पर आ जाना ; २. प्रकट होना ; पता लगना ।

вспои́ть दे० вспа́ивать.

вспола́скивать (अपू०), **всполосну́ть** (पू०) खँगालना (पानी में भिगोकर कपड़े से साबुन हटाना),

всполоши́ть (पू०) चौंका देना; **—ся** (आत्म०) चौंक जाना ।

вспомина́ние = воспомина́ние.

вспомина́||ть (अपू०), **вспо́мнить** (पू०) स्मरण करना ; याद करना ; **—ся** (ओत्म०) १. (कर्तृ-निरपेक्ष) ему́ —ется उसको स्मरण है ; २. вспомина́ть का कर्मवाच्य ।

вспомога́тельный (वि०) सहायक ; पूरक ; в. глаго́л पूरक क्रिया ।

вспомоществова́ние (नपुं०) सहायता ; मदद ।

вспоро́ть दे० вспа́рывать.

вспорхну́||ть (पू०) (उठकर) उड़ जाना ; ла́сточка —ла и улете́ла चिड़िया उड़ गयी ।

вспоте́ть दे० поте́ть.

вспры́гивать (अपू०), **вспры́гнуть**

(पू०) (на) (-पर) कूद जाना, (छलाँग मारकर) चढ़ जाना ; в. на лóшадь (कूदकर) घोड़े पर चढ़ जाना ।

вспры́скивание (नपुं०) १. छिड़कने की क्रिया ; २. (चिकि०) सुई लगाना ; इंजेक्शन देना ।

вспры́скивать (अपू०), **вспры́снуть** (पू०) १. छींटे मारना ; गीला करना ; в. бельё пéред глáженьем लोहा करने से पहले कपड़ों पर पानी के छींटे देना ; २. (चिकि०) सुई लगाना ; इंनजेक्शन देना ; ३. (के लिए) मद्यपान-उत्सव मनाना, в. нóвую шинéль नये कोट की ख़ुशी में मद्यपान-उत्सव मनाना ।

вспу́гивать (अपू०), **вспугну́ть** (पू०) डराकर भगा देना ; вспугну́ть зáйца ख़रगोश को डराकर भगा देना ।

вспухáть (अपू०), **вспу́хнуть** (पू०) सूज जाना ।

вспу́чи||вать (अपू०), **вспу́чить** (पू०) फूलना ; живóт —ло पेट फूल गया ।

вспыли́ть (पू०) भभक उठना ; (गुस्से से) आग-बबूला हो जाना ; भड़क उठना ।

вспы́льчив||ость (स्त्री०) तेज़मिज़ाज ; चिड़चिड़ापन ; क्रोध ; **—ый** (वि०) तेज़मिज़ाज का ; चिड़चिड़े स्वभाव का ; —ый человéк तेज़मिज़ाज का आदमी ; क्रोधी मनुष्य ।

вспы́||хивать (अपू०), **вспы́хнуть** (पू०) १. (आग) भभक उठना ; भड़क उठना ; (युद्ध) छिड़ जाना ; вспы́хнул пожáр आग भभक उठी ; २. लजाना ; (लज्जा से) मुँह लाल हो जाना; **—шка** (स्त्री०) आवेश ; —шка гнéва क्रोधावेश ।

вспять (क्रि० वि०) पीछे को ; возврати́ться в. पीछे लौटना ।

вставание (नपुं०) खड़े होने की क्रिया ।

вставáть (अपू०), **встать** (पू०) (वर्त० встаю́, встаёшь ; भवि० встáну, встáнешь) १. खड़ा होना ; उठना ; встать нá ноги (अपने) पाँव पर खड़ा होना ; встáть ! खड़े हो जाओ !; порá в. उठने का समय है ; २. (तारागण का) उदय होना ; ३. ठीक आ जाना ; стол встáнет в э́тот у́гол मेज़ इस कोने में ठीक आ जायेगी ; ४. (प्रश्न का) उठना ; вопрóс не встáл प्रश्न नहीं उठा ।

встáвить दे० вставля́ть.

встáвка (स्त्री०) १. जड़ने की क्रिया ; (चौखटा) लगाने की क्रिया ।

встав||ля́ть (अपू०), **встáвить** (पू०) (भवि० встáвлю, встáвишь) रखना ; जड़ना ; जोड़ देना ; в. карти́ну в рáмку चित्र को चौखटे में जड़ना ; в. себé зу́бы (अपने) बनावटी दाँत लगवाना ; **—нóй** (वि०): —ны́е рáмы खिड़की की दुहरी चौखट ; —ны́е зу́бы बनावटी दाँत ।

встáвочка (स्त्री०) १. встáвка का अल्प० ; २. होल्डर (लेखनी की डंडी) ।

встарину́ (क्रि० वि०) प्राचीन काल में ।

встарь = встарину́.

встать दे० вставáть.

встрево́жить दे० трево́жить ; **—ся** (आत्म० पू०) चौंकना ।

встрёпанный (वि०) (बाल आदि) बिखरे हुए ; व्यस्तकेश ।

встрепену́ться (आत्म० पू०) (झुँझलाकर) सोकर उठना ; जागना ; (पक्षी का) पंख फड़फड़ाना ; (दिल का) धड़कना ।

встрёпк||а (स्त्री०) झाड़ ; फटकार ; задáть —у комý-л. в. किसीको झाड़ पिलाना ; फटकारना ; २. आघात ; सदमा ; धक्का ।

встрéтить(ся) दे० встречáть(ся).

встрéч||а (स्त्री०) १. मिलन; मिलाप; भेंट; स्वागत; рáдостная в. शुभ मिलन ; स्वागतम् ; при —е с кем-л. किसी से मिलने पर ; для —и э́того товáрища इस साथी के स्वागत के लिए ; २. (खेल में) मैच ।

встречáть (अपू०), **встрéтить** (पू०) (भवि० встрéчу, встрéтишь) १. मिलना ; भेंट करना ; в. откáз जवाब मिलना ; २. स्वागत करना ; в. гостéй अतिथियों का स्वागत करना ; **—ся** (आत्म०) १. (-से) मिलना ; भेंट होना ;

२. встречáть का कर्मवाच्य ।

встрéчн‖ый (वि०): в. вéтер प्रतिकूल वात ; सामने की हवा ; в. пóезд दूसरी ओर से आनेवाली गाड़ी ; —ое наступлéние प्रत्याक्रमण ।

встря́ска (स्त्री०) १. हिलाने/झटका देने की क्रिया ; २. झिड़की ; झाड़ ; फटकार ; дать —у комý-л. किसीको झाड़ पिलाना ।

встря́хивать (अपू०), **встряхнýть** (पू०) १. झाड़ना ; в. пальтó कोट झाड़ना ; २. मानसिक क्षोभ पैदा करना ; ३. हिचकोले खाना ; **—ся** (आत्म०) १. (पक्षी आदि का पंख फड़फड़ाकर) अपने आपको झाड़ना ; пти́чка встряхнýлась пóсле дождя́ वर्षा के बाद पक्षी ने पंख फड़फड़ाकर अपने ऊपर से पानी झाड़ लिया; २. चैतन्य होना ; ३. встря́хивать का कर्मवाच्य ।

вступáть (अपू०), **вступи́ть** (पू०) (भवि० вступлю́, вступишь) १. प्रवेश करना ; शामिल होना ; в. в члéны सदस्य बनना ; २. आरम्भ करना ; (-में) पड़ना ; в. в спор बहस आरम्भ करना ; बहस में पड़ना ; в. в разговóр बातचीत आरम्भ करना ; ☐ в. в дéйствие चालू होना ; в. в си́лу लागू होना ; в. во владéние क़ब्ज़ा लेना ; в. в брак विवाह करना ; в. в дóлжность पद ग्रहण करना ; **—ся** (आत्म०) १. (किसीकी) सहायता करना ; पक्ष में खड़ा होना ; दख़ल देना ; в. в чужóй разговóр दूसरों की बातचीत में दख़ल देना ।

вступи́тельн‖ый (वि०) प्रवेश- ; परिचयात्मक; в. экзáмен प्रवेश-परीक्षा ; в. взнос प्रवेश-शुल्क ; —ая статья́ परिचयात्मक लेख ।

вступ‖и́ть(ся) दे० вступáть(ся), **—лéние** (नपुं०) १. (में) प्रविष्टि ; प्रवेश ; दाख़िला ; २. भूमिका ☐ —лéние на престóл सिंहासनारोहण ; —лéние в дóлжность पद ग्रहण करना ।

всýе (क्रि० वि०) व्यर्थ ।

всýнуть दे० всóвывать.

всухомя́тку (क्रि० वि०): питáться в. (ठंडे, सूखे) मेवे पर गुज़ारा करना ।

всучáть (अपू०), **всучи́ть** (पू०) (धोखे से या ज़बर्दस्ती) किसीके मत्थे मढ़ देना ; они́ не знáли комý э́то всучи́ть वह नहीं जानते कि इसको किसके मत्थे मढ़ें ।

всхли́пывание (नपुं०) सिसकियाँ लेने की क्रिया ।

всхли́пывать (अपू०), **всхли́пнуть** (पू०) सिसकियाँ लेना ।

всходи́ть (अपू०), **взойти́** (पू०) (वर्त० всхожý, всхóдишь ; भवि० взойдý, взойдёшь, भूत० взошёл) १. (ऊपर) चढ़ना ; в. на верши́ну शिखर पर चढ़ना ; २. (तारागण आदि का) उदय होना; ३. (बीज का) फूट निकलना ।

всхóды (बहु०) अंकुर ।

всхóж‖ий (वि०) (खेतीबाड़ी-सम्बन्धी) उगने-योग्य ; —ие семенá उगने-योग्य बीज ।

всыпá‖ть (अपू०), **вси́пать** (पू०) (भवि० вси́плю, вси́пишь) १. (में) डाल देना ; в. пшени́цу в мешóк गेहूँ बोरी में डाल देना ; २. मारना ; पीटना ; в дрáке емý здóрово —ли लड़ाई-झगड़े में उसको बहुत मार पड़ी (अर्थात् उसकी बुरी गत बनी) ।

всю́ду (क्रि० वि०) सर्वत्र ।

вся весь का स्त्री० रूप ।

вся́к‖ий (वि०) १. कोई ; प्रत्येक ; हर ; во —ое врéмя किसी समय ; в. раз हर बार ; без —ого сомнéния बिना किसी सन्देह के ; २. (संज्ञा की तरह प्रयुक्त) (वि० रू०) प्रत्येक व्यक्ति; ३. कुछ ; —ое бывáет कुछ भी हो सकता है ; सब-कुछ सम्भव है ।

вся́‖чески (क्रि० वि०) प्रत्येक सम्भव रीति से ; यथासम्भव ; в. старáться यथासम्भव प्रयत्न करना ; **—ческий** (वि०) हर प्रकार का ; —ческими спóсобами हर प्रकार से ; **—чина** (स्त्री०) вся́кая —чина फुटकर पदार्थ ; विभिन्न पदार्थों का समूह ।

втáйне (क्रि० वि०) गुप्त रीति से ; चोरी-छिपे ।

втáлкивать (अपू०), **втолкáть** (पू०)

(-में) धकेल देना।

вта́птывать (अपू०), **втопта́ть** (पू०) (भवि० втопчу́, вто́пчешь) (पाँव से) रौंद देना।

вта́скивать (अपू०), **втащи́ть** (पू०) (-में) घसीट लेना।

вта́чивать (अपू०), **втача́ть** (पू०) (-में) सी देना।

втащи́ть दे० вта́скивать.

втащи́ться (आत्म० पू०) अपने आपको बीच में घसीट लेना।

втека́ть (अपू०), **втечь** (पू०) (भवि० втеку́, втечёшь) (-में) बह आना।

втёмную (क्रि० वि०) बिना देखे; बिना सोचे-विचारे; अन्धे होकर; आँखे मूँदकर।

втемя́ши||ться (आत्म० अपू०) दिमाग़ में बैठ जाना; —лось ему́ (в го́лову), что он бо́лен उसके दिमाग़ में यह बात बैठ गयी कि वह बीमार है।

втере́ть(ся) दे० втира́ть(ся).

втечь दे० втека́ть.

втира́ние (नपुं०) १. रगड़ने या मालिश करने की क्रिया; २. लेप करने या मालिश करने की ओषधि।

втира́ть (अपू०), **втере́ть** (पू०) (भवि० вотру́, вотрёшь) रगड़ना; मलना; ☐ в. очки́ кому́-л. किसीकी आँखों में धूल झोंकना; **—ся** (आत्म०) १. घुस जाना; —ся в толпу́ भीड़ में घुस जाना; २. втира́ть का कर्मवाच्य।

вти́скивать (अपू०), **вти́снуть** (पू०) भींचना; **—ся** (आत्म०) १. भिंचना; भिंचकर बैठ जाना/खड़ा हो जाना; २. вти́скивать का कर्मवाच्य।

втихомо́лку (क्रि० वि०) चुपके से; चोरी-छिपे।

втиши́ (क्रि० वि०) १. शोर से दूर; жить в. शोर से दूर रहना; २. चुपके से; चोरी-छिपे।

втолкну́ть दे० вта́лкивать.

втолко́вывать (अपू०), **втолкова́ть** (पू०) (भवि०—ку́ю) समझाना; समझानें की कोशिश करना; в. что-л. кому́-л. किसीको कुछ समझाना।

втопта́ть दे० вта́птывать.

вто́ра (स्त्री०) (संगीत में) दूसरा स्वर।

вторга́ться (आत्म० अपू०), **вто́ргнуться** (आत्म० पू०) (किसी देश पर) आक्रमण करना; अनधिकार हस्तक्षेप करना; दख़ल देना; अतिक्रमण करना; в. в чужи́е дела́ किसी दूसरे के काम में दख़ल देना।

вторже́ние (नपुं०) आक्रमण; अतिक्रमण; अनधिकार हस्तक्षेप।

вто́рить (अपू०) दुहराना।

втори́чн||о (क्रि० वि०) दूसरी बार; दुबारा; **—ый** (वि०) १. दूसरी बार होनेवाला; दुहराया हुआ; २. गौण; दूसरे दर्जे का।

вто́рник (पुं०) मंगलवार; по —ам हर मंगलवार को।

второго́дник (पुं०) असफल विद्यार्थी।

второ́е: (नपुं०) (वि० रू०) (खाने का) दूसरा व्यंजन (कोर्स); (क्रि० वि०) दूसरे स्थान पर; दूसरे।

втор||о́й (वि०) १. दूसरा; в. час एक बज चुका है; —ое число́ (ме́сяца) (महीने की) दूसरी तारीख़; в. эта́ж दूसरी मंज़िल; в. но́мер नम्बर दो; २. (दो में से) पिछला।

второкла́сс||ник (पुं०), **—ница** (स्त्री०) दूसरी कक्षा का विद्यार्थी; **—ный** (वि०) दूसरी कक्षा का; दूसरे दर्जे का।

второпя́х (क्रि० वि०) जल्दबाजी में; भाग-दौड़ में।

второ||разря́дный (वि०) दूसरे दर्जे का; **—со́ртный** (वि०) द्वितीय कोटि का; घटिया।

второстепе́нный (वि०) दूसरे दर्जे का; मामूली।

вы́садить(ся) दे० высáживать(ся).

вы́садка (स्त्री०) १. (जहाज़ आदि से) उतारने की क्रिया ; २. रोपण ; पौधे को एक स्थान से उखाड़कर दूसरे स्थान पर लगाने की क्रिया ।

высáживать (अपू०), **вы́садить** (पू०) (भवि० вы́сажу, вы́садишь) १. (जहाज़, ट्राम आदि से) उतारना ; в. десáнт सेना उतारना ; в. когó-л. из трамвáя किसीको ट्राम से उतारना; २. रोपण ; पौधे को एक स्थान से उखाड़कर दूसरे स्थान पर लगाना ; ३. (शीशा आदि) तोड़ देना ; **—ся** (आत्म०) १. (ट्राम, गाड़ी आदि से) उतरना; —ся из пóезда गाड़ी से उतरना ; २. высáживать का कर्मवाच्य ।

высáсывать (अपू०), **вы́сосать** (पू०) चूस लेना ; चूसकर सुखा देना ; □ в. все сóки из когó-л. किसीको निःसत्त्व कर देना ।

высвéрливать (अपू०), **вы́сверлить** (पू०) छेद करना ; सुराख करना ।

высви́стывать (अपू०), **вы́свистать, вы́свистеть** (पू०) (भवि० вы́свищу, вы́свищешь-вы́свистишь) सीटी बजाना ।

высвобождáть (अपू०), **вы́свободить** (पू०) (भवि० вы́свобожу, вы́свободишь) स्वतन्त्र करना ; खुला छोड़ना ; छुड़ाना ; **—ся** (आत्म०) (अपने आपको) स्वतन्त्र करना ; २. высвобождáть का कर्मवाच्य ।

вы́сев (पुं०) बुआई ; **—áть** (अपू०), **вы́сеять** (पू०) १. (बीज) बोना ; २. छलनी से छानना ; **—ки** (बहु०) छानस ; चोकर ।

высéивать = высевáть.

высекáть (अपू०), **вы́сечь** (पू०) (भवि० вы́секу, вы́сечешь) काटना ; (लकड़ी पर) खुदाई का काम करना ।

выселéние (नपुं०) बेदख़ली ; निस्सृति ।

вы́селить(ся) दे० выселя́ть(ся).

вы́селки (बहु०) (एकवचन вы́селок) नयी बस्ती ।

выселя́ть (अपू०), **вы́селить** (पू०) बेदख़ली करना ; निस्सृत करना ; (एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाकर) बसाना ; **—ся** (आत्म०) १. (नये स्थान पर जाकर) बसना ; вы́селиться на нóвую квартúру नये घर में जाकर बसना ; २. выселя́ть का कर्मवाच्य ।

вы́серебрить (पू०) चाँदी का पानी करना ; चाँदी का मुलम्मा करना ।

вы́сечка (स्त्री०) कटाई ; (लकड़ी पर) खुदाई का काम ।

вы́сечь दे० высекáть और сечь.

вы́сеять दे० высевáть.

вы́сидеть दे० выси́живать.

выси́жива‖ние (नपुं०) (अंडा) सेने की क्रिया ; **—ать** (अपू०), **вы́сидеть** (पू०) (भवि० вы́сижу, вы́сидишь) १. (कुछ समय तक) बैठे रहना ; вы́сидеть до концá лéкции भाषण के अन्त तक बैठे रहना ; вы́сидеть три дня дóма तीन दिन घर बैठे रहना ; २. (पक्षी का) अंडे सेना ।

выскáбливание (नपुं०) खुरचने की क्रिया ।

выскáбливать (अपू०), **вы́скоблить** (पू०) खुरच डालना ; вы́скоблить слóво रबड़ से शब्द मिटाना ।

выскáзывание (नपुं०) १. अभिव्यक्ति ; २. घोषणा ; वक्तव्य ; सम्मति ; राय ।

выскáзывать (अपू०), **вы́сказать** (पू०) (भवि० вы́скажу, вы́скажешь) बताना ; कहना ; व्यक्त करना ; ज़ाहिर करना ; प्रकट करना ; в. что-л. в лицó комý-л. किसीके मुँह पर कुछ कहना ; в. мнéние सम्मति प्रकट करना ; राय ज़ाहिर करना ; в. предложéние प्रस्ताव करना ; सुझाव देना ; он емý всё вы́сказал उसने उसको सब-कुछ बता दिया ; **—ся** (आत्म०) १.

कहना ; अपनी राय प्रकट करना ; अपनी बात कहना; он уже́ вы́сказался उसे जो कुछ कहना था, कह दिया ; २. выска́зывать का कर्मवाच्य ।

выска́кивать (अपू०), **вы́скочить** (पू०) १. बाहर कूद जाना ; (छलाँग मारकर) बाहर निकल जाना ; в. в коридо́р बरामदे में कूद जाना ; в. отку́да-то कहीं से आ टपकना ; अनायास ही आ जाना ; २. बाहर गिर जाना ।

выска́льзывать (अपू०), **вы́скользнуть** (पू०) खिसक जाना ; (खिसककर) गिर जाना ; паке́т вы́скользнул из рук पैकेट हाथ में से खिसककर गिर गया ; в. из ко́мнаты कमरे में से (चुपके से) खिसक जाना ।

вы́скоблить दे० выска́бливать.

выскольза́ть = выска́льзывать.

вы́скочить दे० выска́кивать.

вы́скочка (उभ०) नया रईस ।

выскреба́ть (अपू०), **вы́скрести** (पू०) (भवि० вы́скребу, вы́скребешь) खुरच डालना ; (घोड़े पर) खरहरा करना ; (हँगी से) साफ़ कर देना ।

вы́слать दे० высыла́ть.

высле́живать (अपू०), **вы́следить** (पू०) (भवि० вы́слежу. вы́следишь) पीछा करना ; (खोजी की सहायता से) ढूँढना ।

вы́слуг‖а (स्त्री०) за —у лет लम्बी और प्रशंसनीय सेवाओं के लिए ।

выслу́живать (अपू०), **вы́служить** (पू०) १. हक़दार होना ; в. пе́нсию (नियत समय तक नौकरी करके) पेंशन का हक़दार या अधिकारी होना ; २. (केवल पू०) вы́служить 20 лет बीस वर्ष तक सेवा करना ; **—ся** (आत्म०) १. कृपा-पात्र बनना; चापलूसी करना ; २. выслу́живать का कर्मवाच्य ।

вы́слушать दे० выслу́шивать.

выслу́шивание (नपुं०) (चिकि०) परिश्रवण ; (फेफड़े, दिल आदि की धड़कन सुनकर रोग-निदान करना) ।

выслу́шивать (अपू०), **вы́слушать** (पू०) १. ध्यान से सुनना ; अन्त तक सुनना ; २. (चिकि०) परिश्रवण (फेफड़े, दिल आदि की धड़कन सुनकर रोग-निदान करना) ।

высма́тривать (अपू०), **вы́смотреть** (पू०) ढूँढना ; खोज करना ; जासूसी करना ; (अति-प्रयोग द्वारा) आँखों को खराब कर लेना ।

высме́ивать (अपू०), **вы́смеять** (पू०) हँसी उड़ाना ; उपहास करना ।

вы́смолить (पू०) कोलतार से पोतना ।

вы́сморкать(ся) दे० сморка́ть(ся).

вы́смотреть दे० высма́тривать.

высо́вывать (अपू०), **вы́сунуть** (पू०) बाहर को निकालना ; в. язы́к जीभ बाहर निकालना ; **—ся** (आत्म०) १. बाहर को झुकना ; २. आत्म-प्रदर्शन करना ; ३. высо́вывать का कर्मवाच्य।

высо́к‖ий (वि०) ऊँचा ; उच्च ; (क़द में) लम्बा ; —ая вода́ ज्वार ; —ая температу́ра उच्च तापांक ; в. лоб उच्च ललाट ; ऊँचा माथा ; быть —ого мне́ния (किसीके बारे में) उच्च विचार रखना ; अच्छी राय रखना ।

высоко́ (क्रि० वि०) १. ऊँचा ; २. (कर्तृ-निरपेक्ष) опусти́те пони́же, мне в. थोड़ा-सा और नीचा कर दो, यह मेरे लिए बहुत ऊँचा है ।

высокока́чественный (वि०) उच्चकोटि का ; बढ़िया ।

высококвалифици́рованный (वि०) परम योग्य ; अत्यन्त कुशल ।

высокоме́р‖ие (नपुं०) घमंड ; अहंकार ; **—ный** (वि०) घमंडी ; अहंकारी ।

высокообразо́ванный (वि०) उच्च शिक्षा-प्राप्त

высокопа́рн‖о (क्रि० वि०) शब्दाडम्बरपूर्ण रीति से ; **—ость** (स्त्री०) शब्दाडम्बर ; **—ый** (वि०) शब्दाडम्बरपूर्ण ।

высокопоста́вленный (वि०) उच्च पदाधिकारी ।

высокопро́бный (वि०) (सोने आदि की चीज़ों के बारे में) खरा ; शुद्ध ।

высокосо́ртный (वि०) उच्चकोटि का ।

высокочувстви́тельный (वि०) अति संवेदनशील ।

вы́сосать दे० выса́сывать.

высот‖а́ (स्त्री०) १. ऊँचाई ; на —е́ 100 ме́тров एक सौ मीटर की ऊँचाई पर ; лета́ть на небольшо́й —е́ थोड़ी ऊँचाई पर उड़ना ; २. (गणित) ऊँचाई ; तुंगता ।

высо́тный (वि०) ऊँचा ।

высотоме́р (पुं०) ऊँचाईमापी ; तुंगतामापी ।

вы́сохнуть दे० высыха́ть.

высоча́йший (वि०) १. высо́кий का तम-प्रत्ययान्त रूप ; २. (क्रान्ति-पूर्व) शाही ; राज़कीय ।

высо́чество (नपुं०): ва́ше в. राज्यमान ।

вы́спаться दे० высыпа́ться.

выспра́шивать (अपू०), **вы́спросить** (पू०) (भवि० вы́спрошу, вы́спросишь) (किसीसे) पूछताछ करना ; किसी बात का पता लगाने की कोशिश करना ।

вы́ставить(ся) दे० выставля́ть(ся).

вы́ставка (स्त्री०) प्रदर्शनी ; नुमायश ; в. карти́н चित्र-प्रदर्शनी ; в. лошаде́й अश्व-प्रदर्शनी ; घोड़ों की नुमायश ।

выставля́ть (अपू), **вы́ставить** (पू०) (भवि० вы́ставлю, вы́ставишь) १. आगे बढ़ाना ; आगे धकेलना ; सामने रखना ; बाहर रखना; в. но́гу अपना पाँव बढ़ाना ; २. в. чью-л. кандидату́ру उम्मीदवारी के लिए किसीका नाम पेश करना ; किसीके नाम का प्रस्ताव करना ; ३. प्रदर्शित करना ; दिखावा करना ; в. себя́ आत्म-प्रदर्शन करना ; в. напока́з свои́ зна́ния अपने ज्ञान का दिखावा करना ; в. кого́-л. дурако́м किसीको मूर्ख सिद्ध करने का प्रयत्न करना ; ४. (माँग, युक्ति) पेश करना ; देना ; в. тре́бования माँगें पेश करना ; в. аргуме́нты युक्तियाँ देना ; ५. भगा देना ; निकाल देना ; вы́ставить кого́-л. сс слу́жбы किसीको नौकरी से निकाल देना ; ६. в. о́кна खिड़की की एक चौखट/तख़्ता आदि उतार देना (रूस में सर्दी के कारण खिड़कियों में दुहरी चौखट और तख़्ते लगे होते हैं) ; **—ся** (आत्म०) १. आत्म-प्रदर्शन करना ; २. выставля́ть का कर्मवाच्य ।

вы́ставочный (व्रि०) вы́ставка से वि० ; в. комите́т प्रदर्शनी-समिति ।

выста́ивать (अपू०), **вы́стоять** (पू०) १. (निश्चित समय के लिए) खड़े रहना ; २. जमे रहना ; डटे रहना ; **—ся** (आत्म०) १. (समय पाकर) परिपक्व होना ; २. (घोड़े का) आराम करना ।

вы́стегать (पू०) तोशक या रज़ाई भरना ; दो तहों में जोड़ना ।

выстила́ть (अपू०), **вы́стлать** (पू०) १. (चादर आदि) बिछाना ; अस्तर लगाना ; २. पत्थर या ईंट बैठाना ; फ़र्श लगाना ।

вы́стирать दे० стира́ть.

вы́стлать दे० выстила́ть.

вы́стоять(ся) दे० выста́ивать(ся).

вы́страдать (पू०) १. (कष्ट आदि) सहना ; २. बहुत कष्ट उठाकर प्राप्त करना ।

выстра́ивание (नपुं०): в. рядо́в दो-दो की पंक्तियाँ बनाना ।

выстра́ивать (अपू०), **вы́строить** (पू०) १. बना चुकना ; в. дом घर बना लेना ; २. पंक्तियाँ बनाना ; **—ся** (आत्म०) १. पंक्तियाँ बनाकर खड़े होना ; २. выстра́ивать का कर्मवाच्य ।

вы́стрел (पुं०) गोली ; गोली की आवाज़ ; произвести́ в. गोली चलाना ; **—ить** (पू०) गोली चलाना ।

вы́строгать (पू०) रन्दा करना ; в. до́ску तख़्ते पर रन्दा करना ।

выстрига́ть (अपू०), **вы́стричь** (पू०) (भवि० вы́стригу, вы́стрижешь) (बाल आदि) कैंची से काट देना ; मूँड देना ; छाँटना ; **—ся** (आत्म०) अपने बाल छँटवाना ; मुँडवाना ; हजामत बनवाना ।

вы́строить (पू०) **I.** दे० выстра́ивать ; **II.** (मकान आदि) बनाना ; निर्माण करना ।

вы́строиться दे० выстра́иваться.

вы́строчить (पू०) बखिया करना ; टाँके लगाना ।

выстýживать (अपू०), **вы́студить** (पू०) (भवि० вы́стужу, вы́студишь) ठंडा करना ; शीतल करना ; в. кóмнату कमरा ठंडा करना ।

выстýкивание (नपुं०) ठकठकाना ।

выстýкивать (अपू०), **вы́стукать** (पू०) ठकठक करना ।

вы́ступ (पुं०) उभार ; प्रलम्बन ; आगे निकला हुआ हिस्सा ।

выступáть (अपू०), **вы́ступить** (पू०) (भवि० вы́ступлю, вы́ступишь) १ आगे आना ; बढ़ना ; в. из берегóв तट पर से बह जाना ; २. (सेना०) प्रस्थान करना ; ३. (जनता के सामने) प्रकट होना ; बोलना ; (कलाकार का) अभिनय करना ; в. на сцéне रंगमंच पर आना ; в. на собрáнии सभा में बोलना (अनौपचारिक रूप से) ; в. за предложéние प्रस्ताव का समर्थन करना ; प्रस्ताव के पक्ष में बोलना ; в. прóтив предложéния प्रस्ताव के विपक्ष में बोलना ; в. с рéчью भाषण देना ; в. по рáдио रेडियो पर बोलना ; в. от и́мени когó-л. किसीकी ओर से बोलना ; ४. пот вы́ступил на лбу माथे पर पसीना आ गया ; слёзы вы́ступили на глазáх आँखों में आँसू आ गये ; ५. प्रलम्बित होना; उभरना ; किसी हिस्से का आगे निकल आना ; ६. अकड़कर चलना ।

выступлéни||е (नपुं०) १. (रंगमंच पर) अभिनय ; (जनता के सम्मुख) भाषण ; २ प्रस्थान ; прикáз о —и (सेना का) प्रस्थान-आदेश ।

вы́сунуть(ся) दे० высóвывать(ся).

высýшивание (नपुं०) सुखाने की क्रिया ।

высýшивать (अपू०), **вы́сушить** (पू०) १. सुखाना ; २. क्षीण करना ; ३ . (सुखाकर) कड़ा करना ।

вы́сушить दे० высýшивать और суши́ть.

вы́сушиться दे० суши́ться.

вы́сш||ий (वि०) (высóкий का तर-प्रत्ययान्त रूप) अधिक ऊँचा ; श्रेष्ठतर ; (высóкий का तम-प्रत्ययान्त रूप) ; सर्वोच्च ; उच्चतम ; सबसे ऊँचा ; सर्वोत्तम ; —ее образовáние उच्चतम शिक्षा ।

высылáть (अपू०), **вы́слать** (पू०) (भवि० вы́шлю, вы́шлешь) १. भेजना ; २ देश-निकाला देना ; निर्वासित करना ; बाहर भेजना ।

вы́сылк||а (स्त्री०) १. भेजने की क्रिया ; чéрез мéсяц пóсле —и посы́лки पार्सल भेजने के एक मास पश्चात् ; २. निर्वासन ; देशनिकाला ।

высыпáть (अपू०), **вы́сыпать** (पू०) (भवि० вы́сыплю, вы́сыплешь) १. बाहर निकाल फेंकना ; खाली कर देना ; в. песóк из мéшка बोरी में से रेत फेंक देना ; २. ददोरा या चकत्ता निकल आना ; вы́сыпало на лицé मुँह पर ददोरा निकल आया ; ३. (भीड़ के विषय में) вы́сыпать на ýлицу सड़क पर भीड़ कर देना ; ४. एकदम कह डालना ; **—ся** (आत्म०) (बाहर) गिर जाना ; बिखर जाना ; высыпáть का कर्मवाच्य ।

высыхáть (अपू०), **вы́сохнуть** (पू०) १. सूख जाना ; २. मुरझा जाना ।

высь (स्त्री०) शिखर ; ऊँचाई ; चोटी ; заóблачная в. मेघ (बहु०) ; в. гор पर्वत-शिखर ।

вытáлкивать (अपू०), **вы́толкать, вы́толкнуть** (पू०) (धकेलकर) बाहर निकाल देना ; बाहर धकेल देना ।

вытанцóвыва||ться (आत्म० अपू०) □ (केवल नकारात्मक रूप में) सफल होना ; дéло не —ется काम में सफलता नहीं हो रही है ।

вытáпливать (अपू०), **вы́топить** (पू०) (भवि० вы́топлю, вы́топишь) १. (भट्टी) तपाना ; २. पिघलाना ; (घी आदि गर्म करके) निथारना ।

вытáптывать (अपू०), **вытóптать** (पू०) (पाँवों से) रौंदना ; (पाँवों से) गन्दा कर देना ।

вы́таращить दे० тарáщить.

вытáскивать (अपू०), **вы́таскать** (भवि० вы́тащу, вы́тащишь) (खींचकर) बाहर निकाल देना ; घसीट लेना ; चुराना ; вы́тащить что-л. у когó-л. किसीके पास से कुछ चुराना ; □ в. когó-л. из беды́ किसीको कष्ट से उबारना ; вы́тащить когó-л. на концéрт किसीको

संगीत-समारोह में घसीट ले जाना।

вы́тачка (स्त्री०) टाँका।

вытáчивать (अपू०), **вы́точить** (पू०) सान रखना ; तेज़ करना।

вы́твердить (पू०) (भवि० вы́твержу, вы́твердишь) कंठस्थ करना ; मुँहज़बानी याद करना।

вытворя́ть (अपू०) कोई अजीब, हास्यास्पद या अनुचित बात करना ; в. глýпости मूर्खता की बातें करना।

вытекáть (अपू०), **вы́течь** (पू०) (भवि० вы́теку, вы́течешь) १. (बाहर को) बह जाना ; चू जाना ; २ (नदी आदि का) उद्गम होना ; ३. परिणाम होना ; फल होना।

вы́тереть(ся) दे० вытирáть(ся).

вы́терпе||ть (पू०) (भवि० вы́терплю, вы́терпишь) सहन करना ; सहना ; он éле —л э́то वह इसको कठिनाई से सहन कर सका।

вы́тертый १ вытéреть से कृदन्त ; २. (कपड़े के विषय में) तार-तार।

вытеснéние (नपुं०) १. (भींचकर) बाहर निकालने की क्रिया ; २. (भौ०) विस्थापन ; ३. (व्यापार में प्रतिद्वन्द्वी को) उखाड़ फेंकना।

вытесня́ть (अपू०), **вы́теснить** (पू०) १. (भींचकर) बाहर निकाल देना ; बाहर धकेल देना ; २. (भौ०) विस्थापन करना ; ३. उखाड़ फेंकना।

вы́течь दे० вытекáть.

вытирáть (अपू०), **вы́тереть** (पू०) (भवि० вы́тру, вы́трешь) १. पोंछना ; в. нóги पाँव पोंछना ; в. пыль गर्द झाड़ना ; २. (कपड़े पहनते-पहनते) तार-तार कर देना ; **—ся** (आत्म०) १. अपने शरीर को पोंछना ; २. (वस्त्र का पहनने से) तार-तार हो जाना ; ३. вытирáть का कर्मवाच्य।

вытисня́ть (अपू०), **вы́тиснить** (पू०) छाप लगाना।

вы́ткать (पू०) बुनना।

вы́толкать, вы́толкнуть दे० вытáлкивать.

вы́топить दे० вытáпливать.

вы́топтать दे० вытáптывать.

выторгóвывать (अपू०), **вы́торговать** (पू०) (भवि० —гую) १. सौदेबाज़ी करना ; मूल्य में कमी कराना ; в. пять рублéй मूल्य में पाँच रूबल की कमी कराना ; २. (व्यापार द्वारा) जीविका कमाना।

вы́точить दे० вытачивáть.

вы́травить दे० вытравля́ть और трави́ть.

вытрав||ля́ть (अपू०), **вы́травить** (पू०) (भवि० вы́травлю, вы́травишь) १. (विष आदि देकर) नष्ट करना ; मारना ; в. всех мы́шей सारे चूहे मार देना ; २. गर्भपात करना ; ३. (ताम्र-पत्र आदि पर) हाथ से या तेज़ाब से खोदना ; ४. (घास) रौंदना ; **—нóй** (वि०) संक्षारक।

вы́требовать (पू०) (—бую) १. बुलाना ; बुलावा भेजना ; समन भेजना ; в. в суд повéсткой कचहरी में आने के लिए समन भेजना ; २. माँगकर प्राप्त करना।

вытрезвля́ть (अपू०), **вы́трезвить** (पू०) (भवि० вы́трезвлю, вы́трезвишь) संयमी बनाना ; **—ся** (आत्म०) १. संयमी बनना ; २. вытрезвля́ть का कर्मवाच्य।

вытрясáть (अपू०), **вы́трясти** (पू०) (भवि० вы́трясу, вы́трясешь) в. ковёр दरी झाड़ना।

вытря́х||ивать (अपू०), **вы́тряхнуть** (पू०) १. झाड़ना ; २. गिरा देना ; вы́нимая платóк, вы́тряхнул из кармáна письмó रुमाल निकालते हुए जेब में से पत्र गिरा दिया।

вы́турить (पू०) भगा देना ; ज़लील करके निकालना।

выть (अपू०) (वर्त० вóю, вóешь) चिंघाड़ना ; दहाड़ना ; चिल्लाना ; सायँ-सायँ करना ; вéтер вóет हवा सायँ-सायँ कर रही है।

вытьё (नपुं०) दहाड़ ; चिंघाड़ ; चिल्लाहट ; सायँ-सायँ का शब्द।

вытя́гивать (अपू०), **вы́тянуть** (पू०)

१. खींचकर बाहर निकाल देना ; खींचकर फैलाना ; в. рези́нку रबड़ (खींचकर) फैलाना ; २. он до́лго не вы́тянет वह अधिक नहीं जम पायेगा ; ☐ дым вы́тянуло धुआँ निकल गया ; **—ся** (आत्म॰) १. फैलना ; २. बढ़ जाना ; ३. सीधा खड़ा होना ; ४. вытя́гивать का कर्मवाच्य ; ☐ лицó у негó вы́тянулось उसका मुँह उतर गया ।

вы́тя||жка (स्त्री॰) (रस॰) अर्क ; सत ; ☐ стоя́ть на —жку तनकर खड़े होना ; **—нуть(ся)** दे॰ вытя́гивать(ся).

выу́живать (अपू॰), **вы́удить** (पू॰) (भवि॰ вы́ужу, вы́удишь) (काँटे से मछलियाँ) पकड़ना ; (सूचना, भेद आदि) निकाल लेना ; в. у когó-л. де́ньги किसीसे धन ठग लेना ; откýда ты вы́удил э́ти нóвости ? तुम ये समाचार कहाँ से ले आये ?

вы́утюжить दे॰ утю́жить.

вы́ученик (पुं॰) शिष्य ; विद्यार्थी ; अनुयायी ।

выу́чивать (अपू॰), **вы́учить** (पू॰) १. सीखना ; в. наизу́сть कंठस्थ करना ; २. सिखाना ; पढ़ाना ; вы́учить ребёнка чита́ть बच्चे को पढ़ना सिखाना ; вы́учить ученикóв ру́сскому языку́ विद्यार्थियों को रूसी भाषा पढ़ाना ; **—ся** (आत्म॰) १. सीखना ; —ся чита́ть पढ़ना सीखना ; २. вы́учивать का कर्मवाच्य ।

выу́чка (स्त्री॰) सिखाने की क्रिया ; प्रशिक्षण ; शिक्षण ।

выха́живать (अपू॰), **вы́ходить** (पू॰) भवि॰ вы́хожу, вы́ходишь) (रोगी की) परिचर्या करना ; (बच्चे का) पालन-पोषण करना ।

выхва́тывать (अपू॰), **вы́хватить** (पू॰) (भवि॰ вы́хвачу, вы́хватишь) छीन लेना ; в. из рук हाथों से छीन लेना ।

вы́хлопотать (पू॰) बड़े कष्ट से प्राप्त करना ।

вы́ход (पुं॰) १. निर्गमन ; बाहर निकलना ; (पुस्तक आदि का) प्रकाशन ; в. в отста́вку पद-त्याग; त्याग-पत्र ; इस्तीफ़ा ; в. из гóрода नगर से प्रस्थान ; в. на рабóту काम पर उपस्थिति ; ждать чьегó-л. —а किसीके बाहर आने की प्रतीक्षा करना ; пóсле —и кни́га पुस्तक के प्रकाशित होने के पश्चात् ; २. निर्गम-द्वार ; बाहर निकलने का मार्ग ; другóго —а нет (इसके अलावा) कोई और चारा नहीं ; ३. उपज ।

вы́ходец (पुं॰) दूसरे देशों से आकर बसनेवाला ; в. из крестья́нской среды́ जन्म का किसान ; он в. из Кита́я वह चीनी है (अर्थात् वह चीन का निवासी है) ; ☐ в. из тогó све́та भूत ; प्रेत ।

выходи́ть, (अपू॰), **вы́йти** (पू॰) (वर्त॰ выхожу́, выхóдишь ; भवि॰ вы́йду, вы́йдешь) १. बाहर जाना ; в. и́з дому घर से बाहर जाना ; в. на рабóту काम पर जाना ; он вы́шел вчéра в пéрвый раз वह कल पहली बार घर से निकला था ; в. из окружéния घेरे से बाहर निकलना ; २. (पुस्तक आदि का) प्रकाशित होना ; (हुक्म का) जारी होना ; кни́га вы́йдет на бу́дущей недéле पुस्तक आगामी सप्ताह प्रकाशित होगी; ३. समाप्त हो जाना ; खर्च हो जाना ; у негó вы́шли все дéньги उसका सारा धन खर्च हो चुका है ; срок ужé вы́шел समय समाप्त हो चुका है ; ४. परिणाम निकलना ; из э́того ничегó не вы́йдет इसका कुछ परिणाम नहीं निकलेगा; отсю́да и вы́шли все неприя́тности यहीं से तो सब झगड़ों का आरम्भ हुआ ; из негó вы́йдет хорóший инженéр वह अच्छा इंजीनियर बनेगा ; егó доклáд вы́шел интерéсным उसका भाषण दिलचस्प रहा ; ५. он вы́шел из крестья́н वह जन्म का किसान है ; ६. छोड़ देना ; अलग होना ; पृथक् होना ; в. из сою́за संघ छोड़ना ; संघ से अलग होना ; ७. (केवल अपू॰) кóмната выхóдит óкнами на у́лицу कमरे की खिड़कियाँ सड़क पर खुलती हैं ; окнó выхóдит в сад खिड़की बगीचे की ओर खुलती है ; ☐ в. в отста́вку पद त्यागना ; в. зáмуж (за) विवाह करना ; в. за предéлы सीमा का उल्लंघन करना ; в. из себя́ आपे से बाहर होना ; он рóстом не вы́шел उसका क़द नाटा ही रहा।

вы́ходк||а (स्त्री०) धोखा ; छल-कपट ; शरारत ; зла́я в. про́тив кого́-л. किसीके साथ छल-कपट/चालाकी ; ребя́ческие —и बच्चों जैसी शरारतें।

выходн||о́й (वि०) बाहर जाने का ; —а́я дверь बाहर निकलने का दरवाज़ा ; в. день छुट्टी का दिन ; быть —ы́м छुट्टी पर होना।

выхола́щивать (अपू०), **вы́холостить** (पू०) (भवि० вы́холощу, вы́холостишь) बधिया करना।

вы́холенн||ый (वि०) सुलालित ; पाला हुआ ; —ая борода́ पाली हुई दाढ़ी ; —ое те́ло पाला हुआ शरीर।

вы́холостить दे० выхола́щивать.

вы́хухоль (स्त्री०) छछूँदर।

выцара́пывать (अपू०), **вы́царапать** (पू०) १. खरोंचना ; नाख़ून मारना ; २. (किसीसे कुछ) कठिनता से प्राप्त करना ; निकालना ; ऐंठना।

выцвета́ть (अपू०), **вы́цвести** (पू०) (भवि० вы́цвету, вы́цветешь) मुरझा जाना।

вычёркивать (अपू०), **вы́черкнуть** (पू०) (सूची आदि में से) काट देना ; निकाल देना ; в. из спи́ска सूची में से काट देना/निकाल देना।

выче́рпывать (अपू०), **вы́черпать** (पू०) (बाँध, सरोवर आदि से) पानी निकालकर समाप्त कर देना ; बाहर निकाल देना ; в. воду́ из ло́дки किश्ती में से पानी बाहर निकाल देना।

выче́рчивать (अपू०), **вы́чертить** (पू०) (भवि० вы́черчу, вы́чертишь) रेखाचित्र बनाना ; स्केच बनाना।

вы́честь दे० вычита́ть.

вычёсывать (अपू०), **вы́чесать** (पू०) (भवि० вы́чешу, вы́чешешь) कंघी से साफ़ करना ; в. вшей कंघी करके जूँ निकालना।

вы́чет (पुं०) कटौती।

вычисл||е́ние (नपुं०) गणना ; **—и́тель** (पुं०) गणना करनेवाला ; गणना करने की मशीन ; **—я́ть** (अपू०), **вы́числить** (पू०) गणना करना।

вы́чистить दे० вычища́ть.

вычита́||емое (नपुं०) (वि० रू०) (गणित) वियोजक ; **—ние** (नपुं०) (गणित) घटाना ; व्यवकलन ; произвести́ —ние घटाना।

вычита́ть (अपू०), **вы́честь** (पू०) (भवि० вы́чту, вы́чтешь) घटाना ; व्यवकलन करना।

вычи́тывать (अपू०), **вы́читать** (पू०) १. (पुस्तक आदि पढ़कर) पता लगा लेना ; ढूँढ़ लेना ; २. (हस्तलेख को) पढ़ लेना।

вычища́ть (अपू०), **вы́чистить** (पू०) (भवि० вы́чищу, вы́чистишь) १. साफ़ करना ; вы́чистить щёткой ब्रुश से साफ़ करना ; २. (संस्था की सदस्यता से) बाहर निकाल देना।

вы́чурный (वि०) कल्पनाप्रसूत ; (साहित्यिक शैली) शब्दाडम्बरयुक्त ; कलापूर्ण।

вышвы́ривать (अपू०), **вы́швырнуть** (पू०) (ज़ोर से) बाहर फेंक देना ; в. ве́щи из ваго́на रेलगाड़ी के डिब्बे में से चीज़ें बाहर फेंक देना।

вы́ше : १. высо́кий और высоко́ का तर-प्रत्ययान्त रूप ; २. अधिक ऊपर ; в. нуля́ शून्य से ऊपर ; де́ти восьми́ лет и в. आठ वर्ष से ऊपर के बच्चे ; в. мои́х сил मेरी शक्ति से बाहर ; смотри́ в. ऊपर देखो ; как ска́зано в. जैसे ऊपर कहा गया है।

выше||изло́женный (वि०) उपर्युक्त ; **—означе́нный**, **—ука́занный**, **—упомя́нутый** (वि०) पूर्वोक्त ; उपर्युक्त ; **—речённый**, **—ска́занный** (वि०) पूर्वकथित ; उपर्युक्त।

вышиба́ла (पुं०) सराय आदि या सार्वजनिक स्थानों से शराबियों और गुंडों को बाहर निकालनेवाला।

вышиба́ть (अपू०), **вы́шибить** (पू०) १. (धक्का देकर) गिरा देना ; (द्वार आदि) तोड़ गिराना ; в. что-л. из рук кого́-л. धक्का देकर किसीके हाथ से कोई वस्तु गिरा देना ; в. дверь द्वार तोड़ गिराना ; २. निकाल देना ; भगा देना ; в. кого́-л. со слу́жбы किसीको

नौकरी से निकाल देना ।

вышива́||льщица (स्त्री०) कढ़ाई का काम करनेवाली ; **—нье** (नपुं०) कढ़ाई का काम; कशीदा ।

вышива́ть (अपू०), **вы́шить** (पू०) (भवि० вы́шью, вы́шьешь) कढ़ाई का काम करना ; कशीदा करना ।

вы́шивка (स्त्री०) कढ़ाई का काम ; कशीदा ।

вышин||а́ (स्त्री०) ऊँचाई ; —о́й в 100 ме́тров सौ मीटर की ऊँचाई पर ।

вы́шить (दे०) вышива́ть.

вы́шка (स्त्री०) मीनार ; बुर्जी ।

вы́школить (पू०) शिक्षा देना ; अनुशासन सिखाना ।

вы́шлифовать (पू०) (—фую) (धातु, पत्थर पर) पालिश करना ।

вы́шмыгну||ть (पू०) खिसक जाना ; (चुपके से) निकल जाना ; мы́шка —ла из мышело́вки चूहा पिंजड़े में से निकल गया ।

выштукату́ривать (अपू०), **вы́штукатурить** (पू०) (दीवार, छत आदि पर) पलस्तर करना ।

вышу́чивать (अपू०), **вы́шутить** (पू०) (भवि० вы́шучу, вы́шутишь) हँसी करना ; मज़ाक करना ।

выщи́пывать (अपू०), **вы́щипать** (पू०) नोंचना ; उखाड़ना ; в. пе́рья у пти́цы पक्षी के पंख उखाड़ना ; в. во́лосы बाल नोंचना ।

выявля́ть (अपू०), **вы́явить** (पू०) (भवि० вы́явлю, вы́явишь) १. ज़ाहिर करना ; दिखाना ; भंडा फोड़ना ; **—ся** (आत्म०) ज़ाहिर होना ; पता लगना ।

выясне́ние (नपुं०) स्पष्टीकरण ।

выясня́ть (अपू०), **вы́яснить** (पू०) १. स्पष्टीकरण करना ; в. вопро́с प्रश्न का स्पष्टीकरण करना ; २. पता लगाना ; मालूम करना ; **—ся** (आत्म०) १. स्पष्ट होना ; २. выясня́ть का कर्मवाच्य ।

вью́га (स्त्री०) बर्फ़ का तूफ़ान ।

вьюк (पुं०) (लद्दू जानवरों पर लादे जानेवाला) गट्ठर ; बोझ ।

вьюн (पुं०) एक प्रकार की लम्बी मछली ।

вьюно́к (पुं०) एक प्रकार का सरकंडा ।

вью́чить (अपू०), **на—** (पू०) लादना ।

вью́чн||ый (वि०) : —ое живо́тное लद्दू पशु ।

вью́шка (स्त्री०) (हवा का खिंचाव बन्द करने के लिए भट्टी की चिमनी का) ढक्कन ।

вяз (पुं०) एल्म नामक पेड़ ।

вяза́ль||ный (वि०) बुनाई का; —ная спи́ца बुनाई की सलाई ; —ная маши́на बुनाई की मशीन ; **—щик** (पुं०) १. बाँधनेवाला ; २. बुनाई करनेवाला ।

вяза́нка (स्त्री०) १. बुनी हुई जर्सी ; २. в. дров लकड़ियों का गट्ठा ।

вя́заный (वि०) (सलाइयों से) बुनी हुई ।

вяза́нье (नपुं०) १. बुनाई का काम ; २. (गट्ठर आदि) बाँधने की क्रिया ।

вяза́ть (अपू०), **с—** (पू०) (वर्त० вя́жу, вя́жешь) १. बाँधना ; в. снопы́ गट्ठर बाँधना ; २. (सलाइयों से) बुनना ।

вяза́ться (आत्म० अपू०) १. मेल खाना ; ठीक बैठना ; пло́хо вя́жется (с) यह मेल नहीं खाता ; २. вяза́ть का कर्मवाच्य ।

вязи́га दे० визи́га.

вя́зка (स्त्री०) १. बाँधने की क्रिया ; २. बुनाई ।

вя́зк||ий (वि०) १. चिपचिपा ; २. कीचड़वाला ; दलदलवाला ; **—ость** (स्त्री०) चिपचिपाहट ।

вя́знуть (अपू०) धँस जाना ; в. в грязи́ कीचड़ में धँस जाना ।

вязь (स्त्री०) जुड़वाँ टाइप ।

вя́ление (नपुं०) (धूप या हवा में) सुखाने की क्रिया ।

вя́лить (अपू०), **по—** (पू०) (धूप या हवा में) सुखाना ; в. фру́кты फल सुखाना ।

вя́л||о (क्रि० वि०) मन्द गति से ; हतोत्साह होकर ; **—ый** (वि०) १. मुरझाया हुआ ; २. सुस्त ; मन्द ; हतोत्साह ।

вя́нуть (अपू०), **за—** (पू०) मुरझा जाना ।

вя́щ||ий (वि०) बड़ा ; महान् ; для —его успе́ха महान् सफलता के लिए ।

Г

г. год, господи́н, го́род का संक्षिप्त रूप ।

га гекта́р का संक्षिप्त रूप ।

габари́т (पुं०) निर्धारित आयाम ।

га́вань (स्त्री०) बन्दरगाह ।

га́га (स्त्री०) एक प्रकार की गोताखोर चिड़िया जिसके पंख बड़े नर्म और बहुमूल्य होते हैं ।

гага́р||а (स्त्री०) एक प्रकार का उत्तरी जलपक्षी ; **—ка́** (स्त्री०) ध्रुवदेश का समुद्री पक्षी ।

гага́чий (वि०) га́га से वि० ।

гад (पुं०) सरीसृप ; रेंगनेवाला जन्तु ।

гада́||лка (स्त्री०) भविष्य बतानेवाली ; रमल लगानेवाली ; **—льщик, —тель'** (पुं०) भविष्य बतानेवाला ; रमल लगानेवाला ; **—ние, —нье** (नपुं०) १. भविष्य बताने/रमल लगाने की क्रिया ; २. अनुमान लगाने की क्रिया ; **—тельный** (वि०) १. भविष्य बताने का ; —тельные ка́рты भाग्यनिर्देशक-पत्र (कार्ड) ; २. सन्दिग्ध ; अनिश्चित ; всё э́то о́чень —тельно यह सब बातें बहुत सन्दिग्ध हैं ।

гада́ть (अपू०), **по—** (पू०) १. भविष्य बताना ; रमल लगाना ; २. अनुमान करना ; कल्पना करना ; बूझना ।

га́д||ина (स्त्री०) नीच ; घृणित व्यक्ति ; **—ить** (अपू०), **нага́дить** (पू०) (वर्त० га́жу, га́дишь) १. मलिन करना ; गन्दा करना ; २. हानि पहुँचाना ; ख़राब करना ।

га́дкий (वि०) (मौसम आदि के बारे में) ख़राब ; (बच्चे के बारे में) शरारती ; जघन्य ; भद्दा ; г. утёнок भद्दा बत्तख़ का बच्चा ।

гадли́в||о (क्रि० वि०) घृणा से ; जुगुप्सा से ; **—ость** (स्त्री०) घृणा ; जुगुप्सा ; **—ый** (वि०) वीभत्स ।

га́дость (स्त्री०) १. कूड़ा-कर्कट ; कीचड़ ; गन्दगी ; २. दुष्टता ; сде́лать г. दुष्टता का काम करना ।

гадю́ка (स्त्री०) विषैला साँप ; काला साँप ।

га́ер (पुं०) विदूषक ; भाँड ; ठिठोलिया ; **—ство** (नपुं०) विदूषकत्व ; **—ствовать** (अपू०) (—ствую) विदूषक का काम करना ।

га́ечный (वि०) ढिबरी का ; г. ключ ढिबरी कसने का रिंच ।

газ (पुं०) **I.** गैस ; слезоточи́вый г. अश्रु-गैस (आँसू लानेवाली गैस) ; **II.** (केवल एकवचन) जालीदार कपड़ा ; जाली ; пла́тье из га́за जाली के कपड़े ।

газе́ль (स्त्री०) एक प्रकार का मृग ।

газе́т||а (स्त्री०) समाचार-पत्र; अख़बार ; **—ный** (वि०) समाचार-पत्र का ; **—чик** (पुं०) १. समाचार-पत्र बेचनेवाला ; २. समाचार-पत्र के कार्यालय या छापेख़ाने का कर्मचारी ।

гази́рованн||ый (वि०) ; —ая вода́ गैसयुक्त पानी ।

га́зовый (वि०) газ से वि० ; г. заво́д गैस-फ़ैक्टरी ; г. счётчик गैसमापी ; गैसमीटर ।

газоме́р (पुं०) गैसमापी ; गैसमीटर ।

газомёт (पुं०) गैस-प्रक्षेपी ; गैस-प्रोजेक्टर ।

газо́н (पुं०) दूब ; घास ; по —ам ходи́ть воспреща́ется घास पर चलना मना है ।

газообра́зный (वि०) गैस के समान ; गैस जैसा ।

газоубе́жище (नपुं०) गैस से बचने का स्थान ।

газохрани́лище (नपुं०) १. गैसधारक ; २. गैसमापी ।

га́йка (स्त्री०) ढिबरी ।

гала́ (स्त्री०) г. представле́ние भव्य नाटक आदि समारोह ।

гала́ктика (स्त्री०) तारापुंज ; आकाशगंगा ।

галакто́метр (पुं०) दुग्धमापी ।

галантере́йность (स्त्री०) (मज़ाक से) शिष्टाचारिता ; मिलनसारी ।

галантере́йный (वि०) галантере́я से वि० ।

галантере́я (स्त्री०) (केवल एकवचन) बिसाती की दुकान ।

галанти́р (पुं०) जिलैटीन ; लसलसा खाद्य ।

гала́нт||ность (स्त्री०) स्त्रियों के प्रति अत्यधिक शिष्टाचार ; **—ный** (वि०) स्त्रियों के प्रति अत्यधिक शिष्ट ।

гал||дёж (पुं०) (केवल एकवचन) कोलाहल ; शोरगुल ; **—де́ть** (अपू०) (प्रथम पुरुष का रूप प्रयुक्त नहीं होता, галди́шь) कोलाहल करना ; शोरगुल करना ।

гале́ра (स्त्री०) १. बहुत-से चप्पुओं से चलाये जानेवाला एक प्राचीन पोत ; २. (दंड देने के लिए) अपराधी से जहाज़ के चप्पू चलवाना ।

галёрка (स्त्री०) (केवल एकवचन) दीर्घा ; गलियारा ; वीथि ; गैलरी ।

галиматья́ (स्त्री०) (केवल एकवचन) निरर्थक शब्द ; сплошна́я г. बिल्कुल बकवास ।

галифе́ (नपुं०) (घुड़सवारी की) बिरजिस ।

га́лка (स्त्री०) कौवे की जाति का एक काला पक्षी ।

гал(л)ере́я (स्त्री०) दीर्घा ; गलियारा ; वीथि ; गैलरी ; карти́нная г. चित्र-वीथि ; ми́нная г. सुरंग ।

га́ллий (पुं०) (रस०) गालियम ।

гал(л)о́н (पुं०) गैलन ।

галлюцина́ция (स्त्री०) भ्रम ; भ्रान्ति ।

галоге́н (पुं०) (रस०) हैलोजन ।

гало́ид (पुं०) (रस०) हेलायड ।

гало́п (पुं०) १. (घोड़े की) सरपट दौड़ ; २. चक्राकार नृत्य ; **—ом** (क्रि० वि०) सरपट चाल से ।

га́лючий (वि०) га́лка से वि० ।

гало́ш||а (स्त्री०) गालौश (चमड़े के बूट पर पहनने का रबड़ का जूता) ; ☐ сесть в —у गड़बड़झाले में फँसना ; किंकर्त्तव्यविमूढ़ होना ।

га́лстук (पुं०) टाई ।

галу́н (पुं०) (केवल एकवचन) लेस ; गोटा ।

галу́шки (बहु०) (युक्रेन प्रदेश का एक भोजन) दूध अथवा शोरबे में तली हुई पकौड़ियाँ ।

галчо́нок (पुं०) काले कौवे का बच्चा ।

гальванизи́ровать (अपू० और पू०) (—рую) जस्ता चढ़ाना ; गेल्वनीकरण ।

гальвано́||ме́тр (पुं०) गेल्वनोमीटर ; धारामापी ; **—ско́п** (पुं०) गेल्वैनोस्कोप ; धारादर्शी ।

га́лька (स्त्री०) (केवल एकवचन) कंकड़ ।

гам (पुं०) (केवल एकवचन) कोलाहल ; शोरगुल ।

гама́к (पुं०) झूलती खाट ।

га́мма (स्त्री०) (संगीत) सरगम ।

га́нглий (पुं०) (शरीररचना०) गैंग्लियान ; गुच्छिक ; कंडरापुटी ; नाड़ी-केन्द्र ।

гангре́на (स्त्री०) (चिकि०) शरीर के किसी अंग की सड़न ।

гандика́п (पुं०) (खेल में) बाधा ; अटकाव ।

гара́ж (पुं०) मोटरघर ।

гара́нт (पुं०) प्रतिभू ; ज़ामिन ; **—ия** (स्त्री०) प्रत्याभूति ; ज़मानत ; गारंटी ।

гардеро́б (पुं०) १. वस्त्रागार ; वस्त्र रखने का कमरा या अलमारी ; २. (केवल एकवचन) वस्त्र ; **—ная** = гардеро́б-१. ; **—щик** (पुं०), **—щица** (स्त्री०) वस्त्रागार में काम करनेवाला/वाली ।

гарди́на (स्त्री०) (पूरी खिड़की का) पर्दा ।

гаре́м (पुं०) अन्तःपुर ; ज़नानख़ाना ; हरम ।

га́ркать (अपू०), **га́ркнуть** (पू०) चिल्लाना ; га́ркнуть на кого́-л. किसी पर चिल्लाना ।

гармониза́ция (स्त्री०) सामंजस्य करने की क्रिया ।

гармо́ника (स्त्री०) अकार्डियन (हारमोनियम जैसा एक बाजा) ।

гармони́ровать (अपू०) (—рую) समस्वर करना ; समंजस करना ; तालमेल करना ।

гармони́ст (पुं०) अकार्डियन बजानेवाला ।

гармони́||ческий, —чный (वि०) समस्वर ; सामंजस्ययुक्त ; समंजस ।

гармо́ния (स्त्री०) १. समस्वरता ; सामंजस्य ; २.=гармо́ника.

гармо́нь = гармо́ника.

гарнизо́н (पुं०) गैरीज़न ; नगररक्षक सेना ।

гарнизо́нный (वि०) гарнизо́н से वि० ।

гарни́р (पु०) मछली, मांस आदि के साथ परोसी हुई सब्ज़ी, सलाद, प्याज़ आदि ।

гарниту́р (पु०) (फ़र्नीचर, छपाई के टाइप आदि का) पूरा सैट ।

га́рн||ый (वि०): —ое ма́сло (लैम्प आदि में) जलाने का तेल ।

га́рпия (स्त्री०) १. (पौराणिक) स्त्री के मुख और शरीर तथा पक्षी के पर और पंजेवाला काल्पनिक दैत्य ; डाइन ; २. दक्षिणी अमरीका का बाज़; ३. दक्षिण एशिया का एक बड़ा चमगादड़ ।

гарпу́н (पु०) ह्वेल मछली पकड़ने की रस्सा-बँधी बर्छी; бить —ом (इस प्रकार की) बर्छी से मारना।

гарт (पु०) (छपाई-सम्बन्धी) टाइप ढालने की धातु ।

га́рус (पु०) एक प्रकार का खुरदरा ऊनी कपड़ा ; पट्टू ।

гарцова́ть (अपू०) (—цу́ю) अपनी प्रवीणता दिखाने के लिए घोड़े पर तिरछे होकर बैठना ।

гар||ь (स्त्री०) : па́хнет —ью चिरायँध आ रही है ; कपड़ा जलने की गन्ध आ रही है ।

гаси́ть (अपू०), **по—** (पू०) (वर्त० гашу́, га́сишь) १. बुझा देना ; г. свечу́ मोमबत्ती बुझा देना ; г. газ गैस बन्द कर देना ; २. ऋणमुक्त होना ; हिसाब चुकाना ; ☐ г. и́звесть चूना बुझाना ।

га́снуть (अपू०), **по—** (पू०) बुझ जाना ; धुँधला हो जाना ; धीरे-धीरे क्षय होना ।

гастри́||т (पु०) (चिकि०) आमाशय का रोग ; **—ческий** (वि०) आमाशय- ; आमाशय-सम्बन्धी ।

гастрол||ёр (पु०), **—ёрша** (स्त्री०) (भ्रमण करती हुई अथवा दौरा करती हुई मडली का सदस्य) अतिथि कलाकार ; **—и́ровать** (अपू०), (वर्त० —рую) (नाटक अथवा कलाकारों की मंडली का) दौरे पर जाना ; (किसी दूसरे स्थान पर जाकर) नाटक खेलना ।

гастро́л||ь (स्त्री०) (कलाकारों की मंडली का) दौरा ।

гастроно́м (पु०) गास्त्रोनौम (वह दुकान जहाँ खाने-पीने की वस्तुएँ मिलती हों) ।

гать (स्त्री०) (दलदल आदि में से गुज़रने के लिए बनाया गया) काष्ठपथ ; लकड़ी का रास्ता ।

га́убица (स्त्री०) एक प्रकार की छोटी तोप ।

гауптва́хта (स्त्री०) गारद-कमरा ।

га́чник (पु०) पतलून की पेटी ; गेलिस ।

гаш||е́ние (नपु०) (आग) बुझाने का कार्य ; **—ёный** (वि०) बुझाया हुआ ; —ёная и́звесть बुझाया हुआ चूना ।

гвалт (पु०) (केवल एकवचन) कोलाहल ; शोर-गुल ; поднима́ть г. शोर-गुल करना ।

гвард||е́ец (पु०) गारद का सिपाही ; **—е́йский** (वि०) गारद-सम्बन्धी ।

гва́рдия (स्त्री०) (केवल एकवचन) गारद ; кра́сная г. लाल गारद ।

гво́здик (पु०) छोटी मेख़ ।

гвозди́ка (स्त्री०) (केवल एकवचन) लवंग ।

гвозди́льный (वि०) : г. заво́д मेख़ें बनाने का कारखाना ।

гвозди́чн||ый (वि०) लवंग-सम्बन्धी ; —ое ма́сло लवंग का तेल ।

гвозд||ь (पु०) मेख़ ; (चौड़े माथे की) छोटी कील ; прибива́ть —я́ми मेख़ों से गाड़ना ।

гвоздяни́к (पु०) मेख़ों का डिब्बा ।

где (क्रि० वि०) कहाँ ; г. бы ни जहाँ भी ; ☐ г. бы то ни́ было जहाँ भी हो ; г. ему́ поня́ть ! उसकी समझ में क्या आयेगा ! (अर्थात् वह इसको नहीं समझ सकता !) ।

где́-либо, где́-нибудь, где́-то (क्रि० वि०) कहीं ; не вида́ли ли вы где́-нибудь моéй кни́ги ? आपने कहीं मेरी पुस्तक तो नहीं देखी ?

гей (सम्बोधन) हे !

ге́йзер (पु०) गर्म पानी का झरना ।

гекза́метр (पु०) श्लोक का षट्पदी चरण ।

гекса́эдр (पु०) षड्भुज ।

гекта́р (पु०) हैक्टर (२.४७१ एकड़ के बराबर) ।

ге́лий (पु० (रस०) हीलियम ।

гелио́граф (पु०) प्रकाश-सन्देशवाहक ; सौर सन्देशवाहक ।

гемоглоби́н (पुं०) (भौ०) होमोग्लोबीन ।

геморро́й (पुं०) बवासीर ।

генеалоги́ческий (वि०) वंशपरम्परा (वंशावली)-सम्बन्धी ।

генеало́гия (स्त्री०) वंशवृक्ष ।

ге́незис (पुं०) सृष्टि ; आदि ; मूल ।

генера́л (पुं०) (सेना०) जनरल ।

генарали́ссимус (पुं०) जनरलिस्सिमो ।

генера́льный (वि०) मुख्य ; प्रधान ; जनरल ; г. секрета́рь प्रधान सचिव ।

генера́льский (वि०) जनरल का ; г. чин जनरल का पद ।

генера́тор (पुं०) जनित्र ; जैनरेटर ।

гене́т||ика (स्त्री०) उत्पत्ति-शास्त्र ; **—и́ческий** (वि०) उत्पत्ति-विषयक ।

гениа́льность (स्त्री०) १. प्रतिभा; अपूर्व मेधा ; २. महानता ।

гениа́льный (वि०) अपूर्वमेधा-सम्पन्न ; महान् ; प्रतिभाशाली ; г. план महान् योजना ; г. писа́тель प्रतिभाशाली/महान् लेखक ।

ге́ний (पुं०) १. प्रतिभाशाली ; अपूर्वमेधा-सम्पन्न मनुष्य ; २. प्रेत ; पिशाच ; до́брый г. सुदैव ।

гео́гр||аф (पुं०) भूगोल-विशेषज्ञ ; भूगोल का अध्यापक ; **—афи́ческий** (वि०) भौगोलिक ; **—а́фия** (स्त्री०) भूगोल-शास्त्र ।

гео́л||ог (पुं०) भूतत्त्व-वेत्ता ; **—оги́ческий** (वि०) भूतत्त्वविद्या-सम्बन्धी **—о́гия** (स्त्री०) भूतत्त्व-विद्या ।

гео́метр (पुं०) ज्यामिति में प्रवीण ; **—и́ческий** (वि०) ज्यामिति-सम्बन्धी ।

геоме́трия (स्त्री०) ज्यामिति ; भूमिति ; रेखागणित ।

георги́н(а) (पुं०) (स्त्री०) डेहलिया ; एक प्रकार का बड़े फूल का पौधा ।

герб (पुं०) युद्ध-चिह्न (अंग्रेज़ी—कोट-आफ़-आर्म्ज़) ।

ге́рбо́в||ый (वि०) герб से वि० ; □ г. сбор मुद्रांक ; —ая бума́га स्टाम्प काग़ज़ ।

геркуле́с (पुं०) **I.** बलवान मनुष्य ; **II.** (केवल एकवचन) जई का दलिया ।

герма́н||ец (पुं०) जर्मनी-निवासी ; जर्मन ; **—ский** (वि०) जर्मनी का ; —ский язы́к जर्मन भाषा ।

гермети́ческ||и (क्रि० वि०): закры́тый г. संमुद्रित ; **—ий** (वि०): —ая каби́на (उड्डयन-सम्बन्धी) संमुद्रित कोष्ठिका ।

герои́зм (पुं०) शूरता ; पराक्रम ।

геро́ика (स्त्री०) शूरता की भावना ।

герои́||ня (स्त्री०) वीरांगना ; नायिका ; **—ческий** (वि०) वीरता का ; —ческая эпо́ха वीर-युग ।

геро́й (पुं०) १. वीर ; शूरवीर ; г. социалисти́ческого труда́ समाजवादी श्रमवीर ; २. नायक ; **—ский** (वि०) геро́й से वि० ; **—ство** (नपुं०) शूरता ; पराक्रम ।

геро́льд (पुं०) अग्रदूत ।

герц (पुं०) (बिजली-सम्बन्धी) हेर्ट्ज़ (प्रति सैकिंड चक्रण) ।

ге́рцог (पुं०) ड्यूक ; **—и́ня** (स्त्री०) डचैस ; ड्यूक की पत्नी ।

гетероге́нн||ость (स्त्री०) विभिन्नजातीयता ; पृथग्विधता ; **—ый** (वि०) विभिन्नजातीय ; विविधजातीय ; विविध प्रकार का ; पृथग्विध ।

ге́тман (पुं०) कज़ाक सरदार ।

ге́тры (बहु०) (टाँगों पर बाँधने की) गर्म पट्टी ।

гиббо́н (पुं०) (लम्बे हाथवाला बन्दर) गिब्बन ।

ги́бель (स्त्री०) (केवल एकवचन) १. मृत्यु ; नाश ; (पोत आदि का) टूटकर डूब जाना ; (सरकार का) पतन ; г. всех наде́жд सब आशाओं का नाश ; २. (कीड़ों का) झुंड/समूह ; (लोगों की) भीड़ ।

ги́бель||ный (वि०) विनाशक ; विध्वंसक ; घातक ; —ная поли́тика घातक नीति ।

ги́бк||ий (वि०) नम्य ; लचीला ; मुलायम ; (बुद्धि के बारे में) चपल ; चंचल ; **—ость** (स्त्री०) नम्यता ; लचक ; लचीलापन ; मुलायमी ।

ги́бл||ый (वि०) ख़राब ; निकम्मा ; —ое де́ло ख़राब काम ; —ое ме́сто ख़राब जगह ।

ги́бнуть (अपू०), **по—** (पू०) नष्ट होना ; बरबाद होना ।

гибри́д (पुं०) वर्णसंकर ; द्विजातीय ; दुनस्ला ;

दोगला ; **—изáция** (स्त्री०) द्विजातीयकरण ।

гигáнт (पुं०) विकट ; बड़ा भारी ; भीमकाय ; завóд-г. बड़ी भारी फ़ैक्टरी ।

гигиéн||а (स्त्री०) आरोग्य-शास्त्र ; **—и́ческий, —и́чный** (वि०) आरोग्यशास्त्र-सम्बन्धी ; सफ़ाई-विषयक ; स्वास्थ्य-सम्बन्धी ।

гид (पुं०) मार्गदर्शक; गाइड (पुस्तक) ; प्रदर्शिका ।

ги́дра (स्त्री०) जलसर्प ।

гидрáвл||ика (भौ०) द्रवगति-शास्त्र ; **—и́ческий** (वि०) द्रवचालित ; जलशक्ति से चालित ; —и́ческий дви́гатель द्रवचालित इंजन ।

гидрáт (पुं०) (रस०) हाइड्रेट ।

гидродинáмика (स्त्री०) (भौ०) द्रवगतिकी ।

гидрóлиз (पुं०) (रस०) जलविश्लेषण ।

гидрóметр (पुं०) आर्द्रतामापी ।

гидропáт (पुं०) जल-चिकित्सक ; **—и́ческий** (वि०) जलचिकित्सा-सम्बन्धी ; **—ия** (स्त्री०) जल-चिकित्सा ।

гидроплáн (पुं०) जलविमान ।

гидростá||тика (स्त्री०) उत्प्लावन-विज्ञान ; **—ти́ческий** (वि०) उत्प्लावन- ।

гидротерапи́я (स्त्री०) जल-चिकित्सा ।

гидроэлектри́ческий (वि०) पनबिजली का ; जलविद्युत्-सम्बन्धी ।

гиéна (स्त्री०) लकड़बग्घा ।

ги́ка||нье (नपुं०) सिंहनाद ; रणनाद ; रणगर्जन; (आक्रमण करते हुए) हू-हू का शब्द करना ; **—ть** (अपू०), **ги́кнуть** (पू०) सिंहनाद करना ; (आक्रमण करते हुए) हू-हू का शब्द करना ।

ги́льдия (स्त्री०) गिल्ड ; (शिल्पी) संघ ।

ги́льза (स्त्री०) १. (ख़ाली) कारतूस ; стрéляная г. चलाया हुआ कारतूस ; २. (सिगरेट लपेटने का) काग़ज़ ; ३. ट्यूब ; बुश ।

гильоти́на (स्त्री०) सिर काटने का यन्त्र ।

гимн (पुं०) भजन ; государственный г. राष्ट्रीय गान ।

гимн||ази́ст (पुं०), **—ази́стка** (स्त्री०) हाई या सैकिंडरी स्कूल का विद्यार्थी ; माध्यमिक कक्षा का छात्र ; **—ази́ческий** (वि०) гимназия से वि० ; **—áзия** (स्त्री०) हाई स्कूल ; सैकिंडरी स्कूल ; жéнская —áзия कन्या-विद्यालय ।

гимнáст (पुं०) व्यायाम करनेवाला ; कसरत करनेवाला ।

гимнáст||ика (स्त्री०) (केवल एकवचन) व्यायाम; कसरत ; **—и́ческий** (वि०) व्यायाम-सम्बन्धी ; —и́ческий зал व्यायामशाला ।

гинекóл||ог (पुं०) नारीरोग-चिकित्सक या डाक्टर; **—оги́ческий** (वि०) नारीरोगचिकित्सा-सम्बन्धी ; **—óгия** (स्त्री०) नारीरोगचिकित्सा-शास्त्र ।

гинéя (स्त्री०) (अंग्रेज़ी मुद्रा) गिन्नी = २१ शिलिंग ।

гипéрбол||а (स्त्री०) १. (गणित) अतिपरवलय ; एक विशिष्ट प्रकार का चाप ; २. अतिशयोक्ति ; मुबालग़ा ; **—и́ческий** (वि०) гипéрбола से वि० ।

гипертрофи́я (स्त्री०) अतिवर्धन (किसी अंग का अस्वाभाविक वृद्धि) ।

гипнó||з (पुं०) मोहनिद्रा ; मेसमेरिज़्म ; सम्मोहन-विद्या ; **—тизёр** (पुं०) मोहनिद्रा-प्रेरक ; मेसमेरिज़्म करनेवाला ; सम्मोहनविद् ; **—тизи́ровать** (अपू०) **загипнотизи́ровать** (पू०) (—рую) मोहनिद्रा में लीन करना ; मेसमेरिज़्म करना ; **—ти́зм** (पुं०) सम्मोहन-विद्या ; मेसमेरिज़्म ; मोहनिद्रा ।

гипóтеза (स्त्री०) कल्पना ; (ज्यामिति) परिकल्पना ।

гипотети́ч||еский, —ный (वि०) कल्पनात्मक ; परिकल्पित ।

гипподрóм (पुं०) घुड़दौड़ का मैदान ।

гиппопотáм (पुं०) दरियाई घोड़ा ।

гипс (पुं०) (रस०) सेलखड़ी ; खड़िया मिट्टी ; प्लास्टर ।

гирля́нда (स्त्री०) हार ; फूलमाला ; украшáть —ми फूलमालाओं से सजाना ; फूलमालाएँ पहनाना ।

ги́ря (स्त्री०) (कसरत करने के लिए) डम्बल ; भार ।

гитáр||а (स्त्री०) गिटार (एक वाद्ययन्त्र) ; **—и́ст** (पुं०) गिटार बजानेवाला ।

главá (पुं०) मुख्य ; मुखिया ; प्रधान ; सरदार ;

г. семьи́ परिवार का मुखिया ; २. =голова́ ; ३. गुम्बद ; ४. (पुस्तक का) अध्याय ।

глава́рь (पुं०) नेता ; सरदार ।

главе́нство (नपुं०) प्राधान्य ; प्रभुता ; **—ва́ть** (अपू०) (—ствую) नेतृत्व करना ; मुखिया बनना ।

главнокома́ндование (नपुं०) प्रधान केन्द्र ; सर्वोच्च सैनिक-केन्द्र ।

главнокома́ндующий (पुं०) (वि० रू०) प्रधान सेनापति ।

гла́вн||ый (वि०) मुख्य ; प्रधान ; प्रमुख ; शिरोमणि ; г. го́род मुख्य नगर ; राजधानी ; —ое управле́ние केन्द्रीय प्रशासन ; —ым о́бразом प्रधानत: ; э́то —ое यह मुख्य बात है ।

-главый (वि०) —सिरवाला ; трёхглавый तीन सिरोंवाला ।

глаго́л (पुं०) १. क्रियापद ; धातु ; २. (काव्य०) पद ; **—ьный** (वि०) (व्या०) क्रिया-सम्बन्धी ।

глади́льн||ый (वि०) लोहा करने का ; —ая доска́ लोहा करने का तख़्ता ।

гла́дить (अपू०), **вы—**, **по—** (पू०) (वर्त० гла́жу, гла́дишь) १. (вы́гладить पू० के साथ) (कपड़े पर) लोहा करना ; २. (погла́дить पू० के साथ) (प्यार से) थपथपाना ; सहलाना ; हाथ फेरना ; ☐ г. по голо́вке सिर पर हाथ फेरना ।

гла́дк||ий (वि०) १. साफ़ ; एकसार; —ая доска́ साफ़ तख़्ता ; २. (बालों आदि के बारे में) चिकना ; ३ प्रवाहमय ; —ие сти́хи प्रवाहमयी कविता ; ४. (कपड़ा) बिना छापे का ; सादा ; ☐ с него́ взя́тки —и उससे कुछ मिलना कठिन है ।

гла́дко (क्रि० वि०) साफ़ ; सहज ; बिना रुकावट के ; брить г. ख़ूब अच्छी तरह दाढ़ी बनाना ; всё прошло́ г. कोई रुकावट नहीं हुई ; काम ठीक चलता रहा ।

гла́дкость (स्त्री०) चिकनाहट ; सफ़ाई ; प्रवाह ; г. ко́жи चमड़ी की चिकनाहट ; г. речи́ भाषण का प्रवाह ।

гладь (स्त्री०) १. शीशे की भाँति चमकती हुई पानी की सतह ; २. चटकदार कढ़ाई ; ☐ тишь да г. सुख और शान्ति ।

гла́женье (नपुं०) (कपड़ों पर) लोहा करने की क्रिया ।

глаз (पुं०) (बहु० глаза́) नेत्र ; आँख ; ☐ плохи́е —а́ कमज़ोर निगाह ; по́ртить себе́ —а́ अपनी आँखें ख़राब कर लेना ; о́стрый г. पैनी आँख ; броса́ться в —а́ नज़र पड़ना ; ध्यान आकर्षित करना ; в —а́ (сказать) मुँह पर (कहना) ; в —а́х кого́-л. किसीकी दृष्टि में ; किसी की राय में ; за —а́ पीठ पीछे ; закрыва́ть —а́ на что-л. किसी वस्तु/बात की ओर से आँखें मूँद लेना ; не смыка́я глаз बिना आँख झपकाये ; निर्निमेष ; открыва́ть кому́-л.—а́ किसीकी आँखें खोल देना ; с глаз доло́й - из се́рдца вон नज़र से दूर, दिल से दूर ; с глаз мои́х доло́й ! मेरी आँखों से दूर हो जा ! ; с —у на г. गुप्त रीति से ; хоть г. вы́коли हाथ को हाथ नहीं सूझता ।

глаза́стый (वि०) विशाल नेत्र ; बड़ी-बड़ी आँखोंवाला ; तेज़ नज़रवाला ।

глазе́т (पुं०) किमख़ाब ।

глазе́||ть (अपू०), **по—** (पू०) (कौतूहल से, निरुद्देश्य) देखना ; то́лпа —ла на слона́ भीड़ कौतूहल से हाथी को देख रही थी ।

глазиро́ванный (वि०) १. शीशे लगा हुआ (बरामदा) ; २. चिकना (काग़ज़) ।

гла́зки (बहु०) глаза́ का अल्प० ।

глаз||ни́к (पुं०) आँखों का डाक्टर ; **—ни́ца** (स्त्री०) १. नेत्रगर्तिका ; आँखों का गड्ढा ; २. कुकरे (एक नेत्र-रोग); **—но́й** (वि०) नेत्र- ; आँख का ; —но́й врач आँखों का डाक्टर ; —на́я боле́знь नेत्र-रोग ; —но́е я́блоко नेत्रगोलक ; —на́я впа́дина नेत्रगर्तिका ।

глазо́к (पुं०) १. глаз का अल्प० ; २. झरोखा ; गवाक्ष ।

глазоме́р (पुं०) (देखकर) अनुमान ; अन्दाज़ा ।

глазу́нья (स्त्री०) तले हुए अंडे ।

глазу́рь (स्त्री०) १. (फलों के लिए) चाशनी ; २.

(केक आदि पर) बर्फ़ या चीनी की परत ; ३. (वर्तन पर) चमक ; पालिश ।

гла́нда (स्त्री०) टॉंसिल ; गला आना ; कौवा फूलना

глас (पुं०) = го́лос.

гласи́||ть (अपू०) (глашу́, гласи́шь) कहना ; बताना ; (पत्र आदि में) लिखा होना ; посло́вица —т कहावत में कहा गया है . . . ; कहावत है कि ; докуме́нт —т दस्तावेज़ में लिखा है ।

гла́сно (क्रि० वि०) खुल्लमखुल्ला ; खुले तौर पर ।

гла́сност||ь (स्त्री०) प्रचार ; преда́ть —и प्रचार करना ।

гла́сный (वि०) १. स्वर ; г. звук स्वर-अक्षर ; स्वर ; २. (प्रचार आदि) खुला ; г. суд खुली अदालत (जहाँ सार्वजनिक रूप से मुक़द्मा चलाया जाये) ।

гла́уберова соль (स्त्री०) (रस०) सोडियम सलफ़ेट ।

глаша́тай (पुं०) ढिंढोरा पीटनेवाला ।

гле́тчер (पुं०) हिमनदी ।

гли́н||а (स्त्री०) मिट्टी ; **—истый** (वि०) मिट्टी का (बना हुआ) ; **—озём** (पुं०) एल्यूमिना ; **—яный** (वि०) मिट्टी का ; —яная посу́да मिट्टी का बर्तन ।

гли́птика (स्त्री०) (केवल एकवचन) नक़्क़ाशी ।

глист (पुं०) कीट ; कीड़ा ; केंचुआ ।

глиста́ (स्त्री०) भीमकाय/लम्बा-तड़ंगा आदमी ।

глистого́нный (वि०) कीटनाशक ओषधि ।

глицери́н (पुं०) (रस०) ग्लिसरीन ।

гло́бус (पुं०) पृथिवी ; गोला ।

глода́ть (अपू०) (гложу́, гло́жешь) चबाना ; दाँतों से काटना ; соба́ка гло́жет кость कुत्ता हड्डी चबा रहा है ।

гло́сса (स्त्री०) १. टीका ; भाष्य ; व्याख्या ; २. चमक ।

глота́||ние (नपुं०) निगल जाने या हड़प जाने की क्रिया ; **—тельный** (वि०) निगलने का ; **—ть** (अपू०) निगल जाना ; हड़प जाना ; ☐ —ть слёзы आँसू थामना ; —ть слова́ शब्द खा जाना ; अस्पष्ट बोलना ।

гло́т||ка (स्त्री०) गला ; ग्रासनली ; ☐ во всю —ку गला फाड़कर ; ऊँचे स्वर से ।

глотну́ть (पू०) घूँट भरना ।

глот||о́к (पुं०) घूँट ; он попроси́л —о́к воды́ उसने एक घूँट पानी माँगा ; одни́м —ко́м एक घूँट में ; сде́лать —о́к घूँट भरना ।

гло́хнуть-I. (अपू०), **о—** (पू०) बहरा हो जाना ।

гло́хнуть-II. (अपू०), **за—** (पू०) १. शब्द सुनायी पड़ना बन्द हो जाना ; २. (नगर आदि का) जनशून्य हो जाना ; वीरान हो जाना ।

глу́бже : глубоко́ और глубо́кий का तर-प्रत्ययान्त रूप ।

глуби́н||а स्त्री०) १. गहराई ; गहनता ; на —е́ 10 ме́тров दस मीटर की गहराई पर ; г. чу́вства भावनाओं की गहराई ; २. वन या देश का) मध्य भाग ; ३. आभ्यन्तर ; भीतरी भाग ; ☐ в —е́ веко́в प्राचीन काल में ।

глуби́нный (वि०) १. गहरा ; २. (केन्द्र या सड़क से) दूर का ।

глубо́к||ий (वि०) गहरा ; गहन ; —ая таре́лка शोरबे की गहरी तश्तरी ; —ая печа́ть गहरा छापा ; г. сон गहरी नींद ।

глубоко́ (क्रि० वि०) गहराई से ; गम्भीरतापूर्वक ; г. сиде́ть в воде́ (जहाज़ का) गहरे पानी में बैठना ।

глобоково́дный (वि०) गहरे पानी का ।

глубокомы́сл||енный (वि०, गम्भीर विचारों-वाला ; गम्भीर ; गहरा ; **—ие** (नपुं०) विचारों की गहनता ; विचार-गाम्भीर्य ।

глубокоуважа́емый (वि०) (सम्बोधन में) माननीय ! आदरणीय !

глубоме́р (पुं०) गहनतामापी ।

глубь (स्त्री०) (केवल एकवचन) गहराई ; गहनता ।

глум||и́ться (आत्म० अपू०), **по—** (पू०) (वर्त० глумлю́сь, глуми́шься) दिल्लगी करना ; हँसी उड़ाना ; —и́ться над старико́м बूढ़े की हँसी उड़ाना ; **—ле́ние** (नपुं०) हँसी ; दिल्लगी ।

глупе́ть (अपू०), **по—** (पू०) बुद्धू बनना ; मूर्ख बनना ।

глупéц (नपुं॰) बुद्धू ; मूर्ख ।

глупи́ть (अपू॰), **с—** (पू॰) (वर्त॰ глуплю́, глупи́шь) मूर्ख बनना ; मूर्खता की बातें करना ; не глупи́ ! मूर्ख मत बनो ।

глу́по (क्रि॰ वि॰) मूर्खता से ।

глупова́тый (वि॰) मूर्ख-सा ।

глу́пост‖ь (स्त्री॰) मूर्खता ; बकवास ; бро́сьте э́ти —и ये मूर्खता की बातें छोड़ो ।

глу́пый (वि॰) मूर्ख ; बुद्धू ।

глупы́ш (पुं॰) मूर्ख व्यक्ति ।

глухова́тый (वि॰) ऊँचा सुननेवाला ; कुछ बहरा ।

глух‖о́й (वि॰) १. बहरा ; он соверше́нно глух वह बिल्कुल बहरा है ; २. (व्या॰) अघोष (वर्ण) ; ३. ऊजड़ ; ४. एकान्त ; ५. घना (जंगल) ; г. лес घना जंगल ; ६. —а́я ночь सुनसान रात ; ७. बहरा मनुष्य ।

глухо‖немо́й (वि॰) बहरा और गूंगा ; **—та́** (स्त्री॰) बहरापन ।

глуши́тель (पुं॰) निःशब्दक ; साइलेंसर ।

глуши́ть (अपू॰), **за—**, **о—** (पू॰) १. (оглуши́ть पू॰ के साथ) धमाके से चेतनाहीन करना ; г. ры́бу (पकड़ने के लिए) धमाके से मछली को चेतनाहीन करना ; २. (заглуши́ть पू॰ के साथ) वृद्धि रोकना ; दबा देना ; крапи́ва заглуши́т сад बिच्छू का पेड़ बग़ीचे को बढ़ने से रोकता है ; ☐ г. во́дку अत्यधिक वोदका पी जाना ।

глушь (स्त्री॰) (केवल एकवचन) १. घना जंगल ; २. एकान्त स्थान ।

глы́ба (स्त्री॰) मिट्टी का ढेला ।

глюко́за (स्त्री॰) (रस॰) ग्लूकोज़ ।

гляд‖е́ть (अपू॰), **по—** (पू॰) (वर्त॰ гляжу́, гляди́шь) १. देखना ; टकटकी बाँधकर देखना ; २. (केवल अपू॰), दिखायी पड़ना ; ३. (केवल अपू॰) (की भाँति) दिखायी पड़ना ; г. геро́ем देखने से ही वीर प्रतीत होना ; ४. देखभाल करना ; г. за ребёнком बच्चे की देखभाल करना ; ☐ г. в о́ба सचेत होना ; того́ и —и́ пойдёт дождь मुझे लगता है कि वर्षा होगी ।

гляде́ться (आत्म॰ अपू॰) अपना प्रतिबिम्ब देखना ; г. в зе́ркало शीशा देखना ।

гля́нец (पुं॰) (केवल एकवचन) (लकड़ी, चमड़े की) पालिश ; наводи́ть г. (на) पालिश करना ।

гля́нуть (पू॰) नज़र डालना ।

гля́нц‖евый, —овый, —ови́тый (वि॰) पालिश किया हुआ ; चमकदार ।

гм (विस्मय॰) हूँ ! हुम् !

гнать (अपू॰) (वर्त॰ гоню́, го́нишь) १. भगाना ; मार भगाना ; (बाहर) हाँक देना ; г. и́з дому घर से भगा देना/निकाल देना ; гони́те его́ ! उसको भगा दो ! उसको निकाल दो ! ; г. ста́до मवेशी बाहर हाँक देना ; २. ज़ोर देना ; ३. पीछा करना ; पीड़ा देना ; ४. आसवन करना ; सत निकालना ; अर्क़ खींचना ; **—ся** (आत्म॰) (за) पीछा करना ; तलाश करना ; —ся за неприя́телем शत्रु का पीछा करना ।

гнев (पुं॰) क्रोध ; कोप ; ग़ुस्सा ; в припа́дке —а क्रोधावेश में ; не по́мнить себя́ в —е क्रोध में अपने आपको भूल जाना ; **—а́ться** (आत्म॰ अपू॰) **разгне́ваться** (आत्म॰ पू॰) (на) क्रुद्ध होना ; कुपित होना ; ग़ुस्सा करना ।

гневи́ть (अपू॰), **про—** (पू॰) (भवि॰ гневлю́, гневи́шь) क्रोध दिलाना ; कुपित करना ; ग़ुस्सा दिलाना ।

гне́вн‖о (क्रि॰ वि॰) क्रोध से ; ग़ुस्से से ; कोप से ; **—ый** (वि॰) क्रुद्ध ; ग़ुस्सेवाला ; सकोप ।

гнедо́й (वि॰) १. कुम्मैत (घोड़े का रंग) ; २. (पुं॰) (वि॰ रू॰) कुम्मैत घोड़ा ।

гнезди́ться (आत्म॰ अपू॰) (वर्त॰ гнезжу́сь, гнезди́шься) घोंसला बनाना ; नीड़ बनाना ; (रोग का) जड़ पकड़ना ।

гнездо́ (नपुं॰) घोंसला ; नीड़ ; вить г. घोंसला बनाना ।

гнёздышко (नपुं॰) гнездо́ का अल्प॰ ।

гнести́ (अपू॰), (वर्त॰ гнету́, гнетёшь) १. सताना ; २. दबाना ; (दबाव डालकर) झुकाना ।

гнёт (पुं॰) (केवल एकवचन) १. दबाव ; भार ;

२. दमन ; अत्याचार ।

гни́да (स्त्री०) लीख ; जूँ का अंडा ।

гни||е́ние (नपुं०) सड़न ; क्षय ; नाश ; **—ло́й** (वि०) १. सड़ा हुआ ; दूषित ; २. (मौसम) सीला ; गीला ; आर्द्र ।

гнилокро́вие (नपुं०) रक्तदोष ; रुधिर का विषला होना (एक रोग) ।

гни́л||остность (स्त्री०) सड़ाँध ; दुर्गन्ध ; **—остный** (वि०) सड़ा हुआ ; दुर्गन्धयुक्त ; **—ость** (स्त्री०) सड़ाँध ; दुर्गन्ध ।

гниль (स्त्री०) (केवल एकवचन) (समू०) सड़ी हुई वस्तुएँ ; गन्दगी ।

гнить (अपू०), **с—** (पू०) (वर्त० гнию́, гниёшь) सड़ जाना ; दुर्गन्धयुक्त होना ।

гнию́чий (वि० दुर्गन्धयुक्त ; सड़ा हुआ ।

гное́ние, гноетече́ние (नपुं०) पीप पड़ जाना ।

гнои́ть (अपू०), **с—**(पू०) सड़ाना ; г. в тюрьме́ जेल में सड़ाना ; **—ся** (आत्म०) सड़ जाना ; पीप पड़ जाना ।

гной (पुं०) (केवल एकवचन) पीप ; **—ник** (पुं०) फोड़ा ; **—ный** (वि०) पीप से भरा हुआ ।

гном (पुं०) पाताल-लोक का एक लघुकाय देव ।

гно́ма (स्त्री०) कहावत ; लोकोक्ति ।

гно́мон (पुं०) धूपघड़ी की मध्य-कील ।

гну (नपुं०) एक प्रकार का बारहसिंगा ।

гнуса́вить (अपू०) (гнуса́влю, гнуса́вишь) नाक से बोलना ।

гнус||а́во (क्रि० वि०) नाक के स्वर में ; **—а́вый, —ли́вый** (वि०) नाक का ; सानुस्वार ; अनुनासिक ।

гну́с||ность (स्त्री०) कलंक ; अपकीर्ति ; сде́лать г. अपकीर्ति का काम करना ; नीच काम करना ; **—ый** (वि०) कलंकयुक्त ; गर्हणीय ; निन्द्य ।

гнуть (अपू०), **со—** (पू०) १. झुकाना ; मोड़ना ; २. (केवल अपू०), लक्ष्य करना ; я ви́жу, куда́ он гнёт मैं देखता हूँ कि उसका लक्ष्य क्या है ; **—ся** (आत्म०) झुकना ; дере́вья гну́тся от ве́тра हवा के मारे पेड़ झुक रहे हैं ।

гнуша́ться (आत्म० अपू०), **по—** (आत्म० पू०) (घृणा करके किसी से) दूर भागना ।

гобеле́н (पुं०) (सजावट के लिए) दीवार पर टाँगने का ग़लीचा ।

гове́ть (अपू०), व्रत रखना ; उपवास करना ।

го́вор (पुं०) (केवल एकवचन) १. (बोलने का) शब्द ; २. बोली ; उपभाषा ।

говор||и́ть (अपू०), **сказа́ть, поговори́ть** (पू०) १. (сказа́ть पू० के साथ) कहना ; बताना ; он —и́т, что वह कहता है कि ; г. пра́вду सत्य कहना ; говоря́т тебе́ ! सुनते हो ! तुमसे कह रहे हैं ! ; २. (поговри́ть पू० के साथ) बातचीत करना ; ३. (केवल अपू०), (अकर्मक) बोलना ; ребёнок ещё не говори́т बच्चा अभी बोलता नहीं ; г. по-хинди́ हिन्दी बोलना ; —и́т Москва́ हम मास्को से बोल रहे हैं ; ☐ —я́т कहा जाता है ; कहते हैं ; ина́че —я́ दूसरे शब्दों में ; что и г. यह सत्य है ।

говори́ться (आत्म० अपू०) (कर्तृ-निरपेक्ष) как говори́тся जैसे कहावत है ; जैसे कहा जाता है ।

говор||ли́вость (स्त्री०) वाचालता ; बकवास ; **—ли́вый** (वि०) वाचाल ; बकवासी ।

говору́н (पुं०), **—ья** (स्त्री०) वाचाल ; बकवासी ; गप्पी ।

говя́||дина (स्त्री०) (केवल एकवचन) गोमांस ; **—жий** (वि०) गोमांस का ।

го́гол||ь (पुं०) एक प्रकार का सुनहरी आँखोंवाला पक्षी ; ☐ ходи́ть —ем अकड़कर चलना ।

го́голь-мо́голь (पुं०) (केवल एकवचन) खाँड-मिश्रित तोड़ा हुआ अंडा ।

го́гот (पुं०), **—а́нье** (नपुं०) (केवल एकवचन) १. बत्तख़ की टर्राहट ; गुटरगूँ ; २. ठहाका ; **—а́ть** (अपू०) (гогочу́, гого́чешь) १. बत्तख़ का टर्राना ; २. ठहाका मारकर हँसना ।

год (पुं०) वर्ष ; साल ; пошёл деся́тый г. उसको दसवाँ वर्ष चल रहा है ; ему́ 32 —а उसकी आयु बत्तीस वर्ष की है ; в бу́дущем —у́ अगले वर्ष ; в про́шлом —у́ पिछले वर्ष ; три —а тому́ наза́д तीन वर्ष हुए ; че́рез три —а तीन वर्ष में ; तीन वर्ष के पश्चात् ; в ста́рые —ы प्राचीन काल में ; високо́сный г. लीप का साल ; теку́щий г. चालू वर्ष ; □ кру́глый г. सालभर ; но́вый г. नववर्ष ; встреча́ть но́вый г. नववर्ष मनाना ; де́тские —ы बचपन ; без —у неде́ля कुछ दिन ।

года́ми (क्रि० वि०) वर्षों ; г. живёт заграни́цей वह वर्षों विदेश रहता है ; г. быва́ют отли́чные урожа́и वर्षों में अर्थात् कभी-कभी अच्छी फ़सल होती है ।

годи́на (स्त्री०) समय ; тяжёлая г. कठिन समय ।

год||и́ться (आत्म० अपू०) (гожу́сь, годи́шься) योग्य होना ; उपयुक्त होना ; काम आना ; он не —и́тся в учителя́ वह अध्यापक बनने के योग्य नहीं है ; э́та бума́га ему́ —и́тся यह काग़ज़ उसके काम आयेगा ; э́ти боти́нки ему́ не годя́тся यह बूट उसके नाप के नहीं है ; так поступа́ть не —и́тся ऐसा व्यवहार करना शोभा नहीं देता ।

годи́чный (वि०) १. वर्ष का ; बारह मास का ; г. срок एक वर्ष का समय ; २. वार्षिक ; г. отчёт वार्षिक विवरण (रिपोर्ट) ।

забива́ть (अपू०), **заби́ть** (पू०) (भवि० забью́, забьёшь) १. (हथौड़े आदि से) ठोकना ; गाड़ना ; २. (ठूँसकर) भर देना ; (तख़्ते वग़ैरा ठोककर) द्वार आदि बन्द कर देना ; з. о́кно до́сками तख़्ते ठोककर खिड़की बन्द कर देना ; ३. (-से) बाज़ी ले जाना ; बढ़ जाना ; ४. (फ़ुटबाल आदि में) गोल करना ; ☐ з. го́лову кому́-л. किसीके मस्तिष्क में मूर्खतापूर्ण विचार भर देना ; **—ся** (आत्म०) १. छिपना ; —ся в у́гол कोने में छिप जाना ; २. अवरुद्ध हो जाना ; ३. забива́ть का कर्मवाच्य ।

забинто́вывать (अपू०), **забинтова́ть** (पू०) (भवि०—ту́ю) (घाव आदि पर) पट्टी बाँधना ।

забира́ть (अपू०), **забра́ть** (पू०) (भवि० заберу́, заберёшь) ; १. ले लेना ; एकत्र करना ; अधिकार जमाना ; क़ब्ज़ा करना ; (भावनाओं पर) क़ाबू पाना ; २. टाँका लगाना ; **—ся** (आत्म०) (चिड़ियों आदि का) अड्डे पर बैठना ; चढ़ना ; चढ़ जाना ; он забра́лся на кры́шу वह छत पर चढ़ गया ।

заби́ть -I दे० забива́ть.

заби́ть -II (पू०) १. पीटना शुरू करना ; २. бить का पू० ; **—ся** (आत्म०) दे० १. забива́ться ; २. बजने लगना ; у него́ заби́лось се́рдце उसका हृदय धड़कने लगा ।

забия́ка (उभ०) झगड़ालू ; कलहकारी ।

заблаговре́менн||о (क्रि० वि०) नियत समय से पूर्व ; पहले से ही ; शीघ्र ; я прие́хал на вокза́л з. मैं रेलवे स्टेशन पर नियत समय से पहले आ गया ; **—ый** (वि०) नियत समय से पूर्व किया हुआ ।

заблагорассу́ди||ться (आत्म० पू०) (प्रथम और मध्यम पुरुष के रूप प्रयुक्त नहीं होते) он де́лает что ему́ —тся वह जो चाहता है करता है ; ему́ не —лось мне отве́тить उसने मुझे उत्तर देना व्यर्थ समझा ।

заблесте́||ть (पू०) (भवि० заблещу́, заблести́шь) १. चमकने लगाना ; её глаза́ —ли उस (स्त्री/बालिका) की आँखें चमकने लगीं ; २. блесте́ть का पू० ।

забле́ять (पू०) १. (भेड़ों का) मिमियाना शुरू करना ; २. бле́ять का पू० ।

заблиста́ть दे० заблесте́ть.

заблуди́ться (आत्म० पू०) (заблужу́сь, заблу́дишься) रास्ता भूल जाना ; भटक जाना ।

заблужд||а́ться (आत्म० अपू०) ग़लती करना ; **—е́ние** (नपुं०) ग़लती ; भ्रान्ति ; भ्रम ; быть в —е́нии ग़लती पर होना ; भ्रम में पड़ना ।

забода́ть (पू०) (सींगों से) टक्कर लगाकर मार देना या घायल कर देना ; его́ коро́ва забода́ла उसको गाय ने मारा ।

забо́й (पुं०) खोदा हुआ स्थान ; **—щик** (पुं०) खान से कोयला निकालनेवाला ।

забола́чиваться (आत्म० अपू०), **заболо́титься** (आत्म० पू०) (भवि० अन्य पुरुष का रूप заболо́тится) दलदल से ढक जाना ; दलदल हो जाना ।

заболева́||емость (स्त्री०) रोग की प्रवृत्ति ; रोगियों की प्रतिशत संख्या ; **—ние** (नपुं०) रोग ; बीमारी ;

заболева́ть (अपू०), **заболе́ть** (पू०) रोगग्रस्त होना ; बीमार पड़ना ।

заболе́ть (पू०) **I.** दे० заболева́ть ; **II.** पीड़ा आरम्भ होना ; दर्द शुरू होना ; у него́ заболе́ла голова́ उसके सिर में दर्द होने लगा ; у него́ заболе́ло го́рло उसके गले में दर्द होने लगा ।

за́болонь (स्त्री०) रस-दारू ; रसकाष्ठ-वृक्ष (अंग्रेज़ी—सैपवुड)

заболта́ться (आत्म० पू०) (с) (किसीसे) लम्बी बातें करना ; बातों में समय भूल जाना ; गप्पें हाँकना ।

забо́р (पुं०) मेंड़ ; बाड़ ।

забо́ристый (वि०) (शराब, तम्बाकू आदि) तीखा ; तेज़ ; तीव्र ।

забо́рн||ый (वि०) **I.** १. забо́р से वि० ; २. अशिष्ट ; भद्दा ; **II.** —ая кни́жка राशन के हिसाब का रजिस्टर ।

забарони́ть (पू०) हेंगी चलाना ; पटेला करना ।

забо́т||а (स्त्री०) १. चिन्ता ; २. कष्ट ; देखभाल ; ☐ без забо́т चिन्तारहित ; **—ить** (अपू०) (забо́чу, забо́тишь) परेशान करना ; चिन्ता उत्पन्न करना ; э́то его́ о́чень забо́тит इससे वह बहुत चिन्तित है ; э́то его́ ма́ло забо́тит इसकी उसे कम चिन्ता है ; **—иться** (आत्म०) देखभाल करना ; (के लिए) परेशान होना ; चिन्ता करना ; —иться о своём здоро́вье अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखना ; **—ливость** (स्त्री०) देखभाल ; चिन्ता ; ध्यान ; **—ливый** (वि०) विचारपूर्ण ; सचिन्त; सावधान ।

забракова́ть दे० бракова́ть.

забра́л||о (नपुं०) (सेना०) मुखत्राण ; ☐ с откры́тым —ом निष्कपटता से ; साफ़-साफ़ ।

забра́сывать -I (अपू०), **заброси́ть** (पू०) (भवि० заброшу́, забро́сишь) १. दूर फेंकना ; з. мяч गेंद फेंकना ; судьба́ забро́сила его́ на се́вер भाग्य ने उसे उत्तर में जा पटका ; २. उपेक्षा करना ; त्यागना ; छोड़ देना ; ३. (-की) व्यवस्था करना ; (किसी व्यक्ति या वस्तु को) कहीं ले जाना / लाना ।

забра́сывать -II. (अपू०), **заброса́ть** (पू०) १. चारों ओर बिखराना ; बौछार करना ; वर्षा करना ; арти́стов заброса́ли цвета́ми कलाकारों पर फूल बरसाये गये ; заброса́ть кого́-л. камня́ми किसी पर पत्थर फेंकना / बरसाना ; २. भर देना ; ढक देना ।

забра́ть(ся) दे० забира́ть(ся).

забре́дить (पू०) (забре́жу, забре́дишь) प्रलाप करना ; अचेत अवस्था में बड़बड़ाने लगना ।

забре́зжи||ть (पू०) दिखायी पड़ना ; प्रकाश या उजाला शुरू होना ; чуть —л свет दिन चढ़ा

ही था ; —ло दिन चढ़ रहा था ; उजाला हो रहा था ।

забрести́ (पू०) (забреду́, забредёшь) (भटककर या भूल से) कहीं पहुँच जाना ; (जाते-जाते) रास्ते में कहीं अटक जाना ।

забри́ть (पू०) (किसीको) सेना में भरती करना ; ☐ з. лоб (ऐतिहासिक) सेना में भरती करना ; (प्राचीन रूस में नये रँगरूटों का सिर मूँड दिया जाता था) ।

заброни́ровать दे० брони́ровать.

забро́с (पुं०) де́ти в —е उपेक्षित बच्चे ।

заброса́ть दे० забра́сывать-II.

забро́сить दे० забра́сывать-I.

забро́шенный : १. забра́сывать-II से कृदन्त ; २. (वि०) उपेक्षित ; परित्यक्त ; छोड़ा हुआ ; з. дом छोड़ा हुआ घर ; з. ребёнок परित्यक्त बालक ।

забры́згивать (अपू०), **забры́згать** (पू०) (पानी या कीचड़ के) छींटे मारना ; उछालना ; забры́згать гря́зью कीचड़ के छींटे मारना ।

забрюхате́ть (पू०) पेट होना ; गर्भ धारण करना ।

забубённ||ый (वि०) निश्चिन्त ; फक्कड़ ; —ая голо́вушка लम्पट ; फक्कड़ ।

забулды́га (स्त्री०) लम्पट ; विषयासक्त ; शराबी ।

забути́ть दे० бути́ть.

забушева́ть (पू०) (—шу́ю) १. क्रोधावेश में आने लगना ; २. бушева́ть का पू० ।

забуя́нить (पू०) उच्छृंखल होना ।

забыва́ть (अपू०), **забы́ть** (पू०) (भवि० забу́ду, забу́дешь) भूल जाना ; з. оби́ду अपमान को भूल जाना ; он соверше́нно забы́л об э́том वह इसे बिल्कुल भूल गया ; и ду́мать забу́дь इसका विचार भी छोड़ दो ; इसको मस्तिष्क से निकाल दो ; ☐ что он там забы́л ? उसका वहाँ क्या काम है ? ; **—ся** (आत्म०) १. (अपने आपको) भूल जाना ; ध्यानमग्न होना ; २. забы́ть का कर्मवाच्य ।

забы́вчив||ость (स्त्री०) विस्मरणशीलता ; भुलक्कड़पन ; **—ый** (वि०) विस्मरणशील ; भुलक्कड़ ।

забы́т||ый: забы́ть से कृदन्त ; —ые ве́щи खोयी हुई वस्तुएँ ।

забы́ть दे० забыва́ть.

забытьё (नपुं०) मूर्च्छा ; बेहोशी ; तन्द्रा ; впасть в з. मूर्च्छित होना ; बेहोश होना ।

зав = заве́дующий.

зава́л (पुं०) १. रुकावट ; अवरोध ; сне́жные —ы बर्फ़ के कारण रुकावटें ; २. बदहज़मी ; क़ब्ज़ी ; अजीर्ण ।

зава́ливать (अपू०), **завали́ть** (पू०) १. (गढ़ा आदि) मुँह तक भरना ; з. я́му गढ़ा भर देना; २. रास्ता रोक देना; брёвна́ми завали́ли у́лицу तख्तों से सड़क का रास्ता रुक गया है ; ३. बिखरा देना ; двор завалён му́сором सहन में कूड़ा-कर्कट बिखरा पड़ा है ; ४. अत्यधिक भर देना ; магази́ны завале́ны о́вощами दूकानें सब्ज़ियों से भरी पड़ी हैं ; ५. (काम आदि से) लादना ; служа́шие завале́ны рабо́той नौकर काम से दबे पड़े हैं ; ६. (पर) रखना ; टेकना ; з. шкаф к сте́не अलमारी दीवार के सहारे खड़ी करना ; **—ся** (आत्म०) १. (गिरकर) खो जाना ; (बीच में या पीछे) गिर जाना ; кни́га завали́лась за дива́н पुस्तक सोफ़े के पीछे गिर गयी है ; २. —ся спать सो जाना ; ३. गिर जाना ।

зава́линка (स्त्री०) ज़ावालीन्का (रूसी किसान के घर के इर्द-गिर्द मिट्टी का पुश्ता) ।

за́вал||ь (स्त्री०) १. (केवल एकवचन) काठ-कबाड़ ; कूड़ा-कर्कट ; **—я́ться** (आत्म० पू०) १. बिना प्रयोग में आये अथवा बिना हिले-जुले बहुत देर तक पड़े रहना ; заявле́ние заваля́лось в конто́ре प्रार्थना-पत्र दफ़्तर में ही बहुत समय तक पड़ा रहा ; २. (माल) न बिकना ; **—я́щий** (वि०) रद्दी ; —я́щая книжо́нка रद्दी किताब ।

зава́ривать (अपू०), **завари́ть** (पू०) १. (चाय, काफ़ी) और उबालना ; २. खौलता हुआ पानी गिराभा ; खौलते हुए पानी या भाप से झुलसाना ; ३. आरम्भ करना ; ☐ сам завари́л ка́шу, сам и расхлёбывай ! जैसी करनी वैसी भरनी ; **—ся** (आत्म०) чай заварúлся चाय तैयार है ।

завáрк||а (स्त्री०): чáю остáлось на однý —у केवल एक बार के लिए चाय रह गयी है ; केवल एक केतली के लिए चाय रह गयी है ।

заварнóй (वि०) १. उबालने का ; з. котёл (चाय आदि) उबालने की केतली ; २. आधा उबेला हुआ ।

заведéние (नपुं०) संस्था ; ☐ учéбное з. विद्यालय; पाठशाला ; прáчечное з. कपड़े धोने का कारखाना ; लांडरी ; питéйное з. मधुशाला ; शराबखाना ।

завéдова||ние (नपुं०) प्रबन्ध ; देखरेख ; **—ть** (अपू०) (—дую) प्रबन्ध करना ; देखरेख करना ।

завéдом||о (क्रि० वि०) जान-बूझकर ; जानते-समझते हुए ; **—ый** (वि०) कुख्यात ; он —ый лентя́й वह आलस्य के लिए कुख्यात (प्रसिद्ध) है ।

завéдующий (पुं०) (वि० रू०) प्रबन्धकर्ता ; मैनेजर ; अध्यक्ष ; з. канцеля́рией हेडक्लर्क ; з. магазúном दूकान का मैनेजर/प्रबन्धकर्ता ; з. шкóлой मुख्याध्यापक ; प्रधानाध्यापक ; हेडमास्टर ।

завéдывание = завéдование

завéдывать = завéдовать

завезтú दे० завозúть

завербовáть दे० вербовáть.

завер||éние (नपुं०) १. निश्चित वक्तव्य ; घोषणा ; निश्चयपूर्वक कहना ; २. गवाही ; साक्ष्य ; **—úтель** (पुं०), **—úтельница** (स्त्री०) गवाह ; साक्षी ।

завéрить दे० заверя́ть.

завернýть (ся) दे० завёртывать(ся).

завертéть (पू०) (भवि० заверчý, завéртишь) १. घुमाने लगना ; घुमाना आरम्भ करना ; २. вертéть का पू० ; ३. з. когó-л. किसीकी बुद्धि फेर देना ; **—ся** (आत्म०) १. घूमने लगना ; २. вертéться का पू० ; बुद्धि खोना ।

завёртывать (अपू०), **завернýть** (पू०) १. (काग़ज़ आदि) लपेटना ; २. (एक ओर को) मोड़ना ; ३. (रास्ते में) किसी स्थान पर अटकना / ठहरना ; ४. (पेच आदि) कसना ; ५. (आस्तीन आदि) ऊपर चढ़ाना ; लपेटना ; **—ся** (आत्म०) १. (कम्बल आदि) ओढ़ना ; २. मुड़ जाना ; तह किया जाना ; ३. завёртывать का कर्मवाच्य ।

завершáть (अपू०), **завершúть** (पू०) पूरा करना ; समाप्त करना ; **—ся** (आत्म०) पूरा होना ; समाप्त होना ।

заверш||áющий завершáть से कृदन्त ; अन्तिम ; **—éние** (नपुं०) समाप्ति ; पूर्ति ।

завершúть(ся) दे० завершáть(ся).

заверя́ть (अपू०), **завéрить** (पू०) १. आश्वासन देना ; २. साक्ष्यांकित करना ; प्रमाणित करना ।

завéс||а (स्त्री०) पर्दा ; आवरण ; ☐ приподня́ть —у पर्दा उठाना ।

завéсить दे० завéшивать.

завестú दे० заводúть.

завéт (पुं०) (किसी महापुरुष का अगली पीढ़ी के लिए) अनुदेश ; प्रवचन ; з. Лéнина लेनिन का अनुदेश ; **—ный** (वि०) १. निहित ; —ный клад छिपा हुआ खज़ाना ; २. पवित्र ; पावन ।

завéшивать (अपू०), **завéсить** (पू०) (भवि० завéшу, завéсишь) पर्दा गिराना ; з. óкна खिड़की का पर्दा गिराना ; з. портрéт चित्र को पर्दे से ढकना ।

завещá||ние (नपुं०) रिक्थ-पत्र ; वसीयतनामा ; **—тель** (पुं०) रिक्थकर्ता ; वसीयत करनेवाला ; **—тельный** (वि०) रिक्थ-पत्र का ; वसीयतनामा-सम्बन्धी ; **—ть** (अपू० और पू०) रिक्थ-पत्र लिखना; वसीयत करना ।

завзя́тый (वि०) पक्का ; असली ; з. охóтник पक्का शिकारी ।

завивáть (अपू०), **завúть** (पू०) (भवि० завью́, завьёшь) (बाल) घूँघरदार बनाना ; घुँघराले बनाना ; लच्छे बनाना ; **—ся** (आत्म०) अपने बालों को घूँघरदार (घुँघराले) बनाना/लच्छेदार बनाना ।

завúвк||а (स्त्री०) १. घूँघरदार (घुँघराले) बाल बनाने का कार्य ; дéлать —у अपने बाल घुँघरदार

(घुँघराले) बनाना ; २. घूँघर ।

зави́деть (पू०) (भवि० зави́жу, зави́дишь) दूर से देखना ।

зави́дн‖о (कर्तृ-निरपेक्ष) ему́ з. उसे रश्क है ; **—ый** (वि०) स्पृहणीय ; रश्क के लायक़ ।

зави́довать (अपू०), **по—** (पू०) (—дую) रश्क करना ।

завиду́щ‖ий (वि०) : —ие глаза́ लोलुप नेत्र ; लालची आँखें ।

завизжа́ть (पू०) १. किकियाने लगना ; चीख़ने लगना ; चीत्कार करने लगना; २. визжа́ть का पू० ।

завиля́ть (पू०) १. हिलाना शुरू करना ; २. टालमटोल करने लगना ; ३. виля́ть का पू० ।

зави́нчивать (अपू०), **завинти́ть** (पू०) (वर्त० завинчу́, завинти́шь) पेच या ढिबरी कसना ; з. га́йку ढिबरी कसना ; **—ся** (आत्म०) (पेच आदि का) कसा जाना ।

завира́ться (आत्म० अपू०), **завра́ться** (आत्म० पू०) झूठ बोलना ; अंटसंट बकना ; बेसिर-पैर की हाँकना ; बेपर की हाँकना ।

зави́с‖еть (अपू०) (зави́шу, зави́сишь) (पर) निर्भर होना ; э́то бу́дет з. от обстоя́тельств यह परिस्थितियों पर निर्भर होगा ; **—имость** (स्त्री०) निर्भरता ; крепостна́я —имость दासता ; ग़ुलामी ; быть в —имости от кого́-л. किसी पर निर्भर होना ; □ в —имости от तदनुकूल ; (-के) अनुसार ; **—имый** (वि०) निर्भर ।

зави́стлив‖о (क्रि० वि०) ईर्ष्या से ; ईर्ष्यापूर्वक ; **—ый** (वि०) ईर्ष्यापूर्ण ; ईर्ष्यालु ।

за́висть (स्त्री०) ईर्ष्या ; डाह ।

завито́й (वि०) कुंचित ; घूँघरदार ; लहरदार ।

завит‖о́к १. घूँघर ; (बालों की) लट ; (लिखाई की) सजावट ; (वनस्पति का) तन्तु ; (अंग्रेज़ी—टेंड्रिल) ; २. (सजावट के लिए ख़म्भे के सिरे पर लगा) लट्टू ; **—у́шка** = зави́то́к.

зави́ть(ся) दे० завива́ть(ся).

завко́м = заводско́й комите́т (दे० заводско́й).

завладева́ть (अपू०), **завладе́ть** (पू०) अधिकार में लेना ; क़ब्ज़ा करना ; छीनना ; з. ума́ми मन जीत लेना ।

завлека́тельный (वि०) मोहक ; लुभानेवाला ।

завлека́ть (अपू०), **завле́чь** (पू०) (भवि० завлеку́, завлечёшь) मोह लेना ; लुभाना ।

заво́д (पुं०) **I.** कारख़ाना ; फ़ैक्टरी ; मिल ; виноку́ренный з. शराब बनाने का कारख़ाना ; вое́нный з. गोला-बारूद का कारख़ाना ; кирпи́чный з. ईंटों का भट्टा ; са́харный з. खाँड का कारख़ाना ; **II.** (घड़ी की) चाबी ; **III.** у нас э́того и в —е нет यहाँ इसका रिवाज नहीं ; ऐसा यहाँ कभी नहीं हुआ ।

заводи́ть (अपू०), **завести́** (पू०) (वर्त० завожу́, заво́дишь ; भवि० заведу́, заведёшь) **I.** (किसीको किसी स्थान पर) ले जाना ; छोड़ आना ; लाना ; **II.** १. ग्रहण करना ; ख़रीदना ; प्राप्त करना ; з. привы́чку आदत पड़ जाना ; २. स्थापित करना ; з. поря́док व्यवस्था स्थापित करना ; з. де́ло कारोबार शुरू करना ; ३. з. семью́ पारिवारिक जीवन में प्रवेश करना ; घर बसाना ; □ з. знако́мство परिचय प्राप्त करना ; з. разгово́р बातचीत शुरू करना ; з. ссо́ру झगड़ा खड़ा करना ; **III.** (घड़ी में) चाबी देना ; (इंजन आदि को) चालू करना ; з. мото́р इंजन चालू करना ।

заводи́ться (आत्म० अपू०), **завести́сь** (आत्म० पू०) : **I.** १. у него́ завели́сь де́ньги उसके पास (ख़र्च करने को) काफ़ी धन है ; в ку́хне завели́сь тарака́ны रसोई में बहुत पिस्सू हो गये हैं ; २. स्थापित होना ; завели́сь но́вые поря́дки नयी व्यवस्था स्थापित हो गयी है अथवा नये नियम लागू हो गये हैं ; **II.** (घड़ी में) चाबी भरी जाना ; (इंजन आदि का) चालू किया जाना ।

заво́дка (स्त्री०) (घड़ी आदि में) चाबी देने की क्रिया ; (इंजन आदि को) चालू करने की क्रिया ।

заво́дск‖ий, —о́й (वि०) заво́д से वि० ; —о́й комите́т कारख़ाना-समिति ; □ —ая ло́шадь बीजाश्व ; साँड़ घोड़ा ।

завóдчик (पुं०) कारखाने का स्वामी ।

зáводь (स्त्री०) अन्तर्जल ; प्रतीप जल ; नदी या सागर से बहकर एक ओर आया हुआ बन्द पानी ।

завоевá||ние (नपुं०) १. विजय ; २. सिद्धि; **—тель** (पुं०) विजयी ; **—тельный** (वि०) अग्रधर्षणशील ; अभिधावनशील ।

завоёвывать (अपू०), **завоевáть** (पू०) (भवि० завоюю, завоюешь) १. विजय प्राप्त करना ; जीतना ; (संघर्ष करके) प्राप्त करना ; २. (जीविका) कमाना ।

завóз (पुं०) परिवहन ।

завози́ть (अपू०), **завезти́** (पू०) (वर्त० завожу́, завóзишь ; भवि० завезу́, завезёшь) (किसीके पास या किसी स्थान पर) छोड़ना ; (माल आदि का) सम्भरण करना ; ले जाना ; वितरण करना ।

завози́ться (आत्म० पू०) १. इधर से उधर पटका जाना/घूमने लगना ; २. вози́ться का पू० ; ३. завози́ть का कर्मवाच्य ।

заволáкивать (अपू०), **заволóчь** (पू०) (भवि० заволоку́, заволочёшь) ढक लेना ; нéбо заволоклó облакáми आकाश पर मेघ छा गये हैं ; **—ся** (आत्म०) ढक जाना ।

заволжский (वि०) वोल्गा-पार का ; वोल्गा नदी के बायें तट पर स्थित अथवा निवास करनेवाला ; з. жи́тель वोल्गा-पार का निवासी ।

заволновáться (आत्म० पू०) उत्तेजित होना ; क्षुब्ध होना ; अकुलाना ।

заволóчь(ся) दे० заволáкивать(ся).

завопи́ть (पू०) (завоплю́, завопи́шь) चिल्लाने/चीखने लगना ; सिसकियाँ भरने लगना ; २. вопи́ть का पू० ।

заворáживать (अपू०), **заворожи́ть** (पू०) जादू करना ; मन्तर करना ।

заворáчивать -I = завёртывать.

заворáчивать -II (अपू०), **завороти́ть** (पू०) (भवि० заворочу́, заворóтишь) १. घुमाना ; २. मोड़ना ; लपेटना ; (कमीज़ के बाजू) ऊपर चढ़ाना ; **—ся** (आत्म०) मुड़ना ।

зáворóт -I. (पुं०) з. кишóк आँतों की ऐंठन ।

заворóт -II. = поворóт.

завороти́ть(ся) दे० заворáчивать(ся).

заврáться दे० завирáться.

завсегдáтай (पुं०) अभ्यस्त ; आदी ।

зáвтра (क्रि० वि०) कल (आनेवाली) ; з. днём कल दिन में ; з. вéчером कल शाम ; до з. कल फिर मिलेंगे (विदाई के समय का अभिवादन) ।

зáвтрак (पुं०) नाश्ता ; प्रातराश ; ☐ корми́ть когó-л. —ами केवल आशाएँ बँधाकर किसीका पेट भरना ।

зáвтракать (अपू०), **по—** (पू०) नाश्ता करना ।

зáвтрашн||ий (वि०) зáвтра से वि० ; с —его дня कल से ।

завуали́ровать (पू०) (—рую) -पर पर्दा डालना ; ढकना ।

завши́веть (पू०) जूँ पड़ जाना ।

завывáть (अपू०), **завы́ть** (पू०) (भवि० завóю, завóешь) (जानवरों का) गुर्राना ; चीखना ; चिल्लाना ; कराहना ।

завязáть -I दे० завя́зывать.

завязáть -II (अपू०), **завя́знуть** (पू०) फँसना ; धँसना ; завя́знуть в грязи́ कीचड़ में धँसना ।

завязáться दे० завя́зываться.

завя́зка (स्त्री०) १. रस्सी ; २. (कथानक का) आरम्भ ; उपक्रम ; з. бóя प्रारम्भिक लड़ाई ।

завя́знуть दे० завязáть-II.

завя́зывать (अपू०), **завязáть** (पू०) १. बाँधना ; गाँठ देना ; з. у́зел गाँठ बाँधना ; з. глазá кому́-л. किसीकी आँखों पर पट्टी बाँधना ; з. боти́нки बूटों के फ़ीते कसना ; з. гáлстук टाई बाँधना ; २. आरम्भ करना ; завязáть разговóр बातचीत शुरू करना ; з. отношéния सम्बन्ध स्थापित करना ; **—ся** (आत्म०) १. बँध जाना ; गाँठ में बँध जाना ; २. आरम्भ होना ; शुरू होना ; завязáлся разговóр बातचीत शुरु हो गयी ।

за́вязь (स्त्री०) (वन०) अंडाशय (अंग्रेज़ी—ओवरी)।

завя́лить (पू०) सुखाना ; з. ры́бу मछली सुखाना।

завя́нуть दे० вя́нуть.

загада́ть दे० зага́дывать.

зага́дить दे० зага́живать.

зага́д||ка (स्त्री०) १. पहेली ; २. रहस्य ; **—очный** (वि०) रहस्यपूर्ण ; गूढ़।

зага́д||ывать (अपू०), **загада́ть** (पू०) १. (पहेली) पूछना ; з. зага́дки पहेली पूछना ; २. (पहेली आदि) बूझना ; —а́йте число́ ! अंक बूझिए ; ३. योजना बनाना।

зага́живать (अपू०), **зага́дить** (पू०) (भवि० зага́жу, зага́дишь) मलिन करना ; गन्दा करना।

загалде́ть (पू०) १. शोरग़ुल करने लगना ; ज़ोर-ज़ोर से बोलने लगना ; २. галде́ть का पू०।

зага́р (पुं०) (सूर्य की किरणों द्वारा) कलछौंहा होना।

загаси́ть (पू०) (загашу́, зага́сишь) बुझाना।

загво́здк||а (स्त्री०) कठिनाई ; दुख ; зада́ть —у दुःख देना ; вот в чем з. ! यही तो दुःख की बात है !

заги́б (पुं०) १. झुकाव ; मोड़ ; २. अतिरंजन ; किसी बात को तोड़-मरोड़ कर कहना।

загиба́ть (अपू०), **загну́ть** (पू०) १. (ऊपर को/नीचे को) मोड़ना ; झुकाना ; з. страни́цу पृष्ठ को दुहरा करना/मोड़ना ; २. अतिरंजित करना ; ☐ загну́ть це́ну अत्यधिक मूल्य माँगना/लेना ; **—ся** (आत्म०) १. (ऊपर को/नीचे को) मुड़ना ; २. загиба́ть का कर्मवाच्य।

загипнотизи́ровать दे० гипнотизи́ровать.

загла́в||ие (नपुं०) शीर्षक ; (पुस्तक का) मुखपृष्ठ ; под —ием शीर्षक से ; **—ный** (वि०) загла́вие से वि० ; —ный лист मुखपृष्ठ ; ☐ —ная бу́ква बड़ा अक्षर।

загла́живать (अपू०), **загла́дить** (पू०) (भवि० загла́жу, загла́дишь) १. बराबर या समतल करना ; २. (कपड़े पर) लोहा करना ; ३. प्रायश्चित्त करना ; भूल का परिष्कार करना।

загл||аза́ (क्रि० वि०) १. पीठ-पीछे ; २. बहुत काफ़ी ; पर्याप्त ; э́того з. дово́льно यह बहुत काफ़ी है ; **—а́зно** (क्रि० वि०) किसीकी अनुपस्थिति में ; बिना देखे।

загло́хнуть (पू०) निःशब्द हो जाना ; (इंजन का) चलना बन्द हो जाना ; ☐ сад загло́х (लापरवाही के कारण) बाग़ उजड़ गया ; самова́р загло́х सामोवार ठंडा हो गया है।

заглуша́ть (अपू०), **заглуши́ть** (पू०) १. (पीड़ा) कम करना ; (कपड़े से ढककर) शब्द धीमा करना ; (बहुत शोर करके) किसीका शब्द न सुनने देना ; २. बड़े पौधों का उगकर छोटे पौधों को दबा लेना ; ३. दमन करना ; दबाना।

заглуши́ть दे० заглуша́ть और глуши́ть.

загляде́||нье (नपुं०) मनोरम दृश्य ; **—ться** दे० загля́дываться.

загля́дыва||ть (अपू०), **заглян́уть** (पू०) १. झाँकना ; सरसरी नज़र से देखना ; з. в слова́рь शब्दकोश में देखना ; он не —л в кни́гу उसने पुस्तक खोलकर नहीं देखी ; २. (जाते-जाते) किसीके यहाँ मिलते जाना ; ☐ з. вперёд प्रत्याशा करना।

загля́дываться (आत्म० अपू०), **загляде́ться** (आत्म० पू०) (भवि० загляжу́сь, загляди́шься) किसीकी ओर कौतूहल-भरी दृष्टि से देखना ; आँखें फाड़-फाड़कर देखना ; प्रशंसा-भरी दृष्टि से देखना।

загляну́ть दे० загля́дывать.

загна́иваться (आत्म० अपू०), **загнои́ться** (आत्म० पू०) सड़ने लगना।

загна́ть दे० загоня́ть.

загнива́ние (नपुं०) सड़न ; पीप पड़ जाना ; क्षय होना।

загнива́ть (अपू०), **загни́ть** (पू०) सड़ना।

загнои́ться दे० загна́иваться.

загну́ть(ся) दे० загиба́ть(ся).

заговáривать (अपू०), **заговорúть** (पू०) १. (किसीसे) बोलना ; सम्बोधन करना ; सम्भाषण करना ; कुशल-क्षेम पूछना ; २. बातें करके किसीका सिर खा जाना ; ३. जादू करना ; (रोग को) जादू से दूर करना ; छू-मन्तर करना ; ☐ з. зýбы комý-л. किसीको मीठी-मीठी बातें करके बुद्धू बनाना ; **—ся** (आत्म०) बकवास करना ; बहकी-बहकी बातें करना ; कुछ-का-कुछ कह जाना ।

зáговор (पुं०) १. षड्यन्त्र ; अभिसन्धि ; २. जादू-टोना ; भूत-प्रेत का अपसारण ; भूत-प्रेत भगाना ।

заговóрщи‖к (पुं०) षड्यन्त्रकारी ; **—ица** (स्त्री०) षड्यन्त्रकारिणी ; **—цкий** (वि०) रहस्यपूर्ण ।

загоготáть (पू०) (загогочý, загогóчешь) १. (बत्तख़ का) टर्राने लगना ; २. अट्टहास कर उठना ; ठहाका मारकर हँसना ; ३. гоготáть का पू० ।

зáгодя (क्रि० वि०) काफ़ी देर पहले ; पहले से ही ; з. собрáлись, чтóбы занáть лучшúе мéста अच्छी जगह लेने के लिए पहले से आ गये ।

заголúть दे० заголáть.

заголóвок (पुं०) १. = заглáвие ; २. (समाचार-पत्रों की) शीर्ष-पंक्ति ; सुर्ख़ी ।

заголосúть (पू०) (заголошý, заголосúшь) १. विलाप करने लगना ; २. голосúть का पू० ।

заголáть (अपू०), **заголúть** (पू०) नंगा करना ; नग्न करना ।

загóн (पुं०) १. हाँकने का कार्य ; २. (पशुओं का) बाड़ा ; अहाता ; ☐ быть в —е पृष्ठभूमि में होना ।

загóнщик (पुं०) (शिकार में) हँकवा ।

загонáть (अपू०), **загнáть** (पू०) १. हाँकना ; २. (भगाकर) थका देना ; (घोड़े को) बहुत चलाकर थका देना ; ३. शिकार को घेरकर लाना ।

загорáживать (अपू०), **загородúть** (पू०) (भवि० загорожý, загорóдишь) १. बाड़ करना ; मेंड़ लगाना ; २. रास्ता रोकना ; बाधा डालना ; रुकावट डालना ।

загорáть (अपू०), **загорéть** (पू०) (सूर्य की किरणों से झुलसकर) कलछौंहा होना ; **—ся** (आत्म०) १. आग लगना ; प्रज्वलित होना ; лес загорéлся वन में आग लग गयी ; егó глазá загорéлись उसके नेत्र चमक उठे ; २. आरम्भ होना ; चल पड़ना ; спор загорéлся बहस चल पड़ी ; ☐ емý загорéлось э́то сдéлать वह यह करने के लिए उतावला हो रहा था ।

загордúться (आत्म० पू०) (загоржýсь, загордúшься) गर्वित होना ; गर्व करना ।

загорéлый (वि०) (सूर्य की किरणों से झुलसकर) कलछौंहा हुआ ।

загорéть(ся) दे० загорáть(ся).

загородúть दे० загорáживать.

загорóдка (स्त्री०) मेंड़ ; बाड़ ; अहाता ।

зáгородный (वि०) देहात का ; शहर के बाहर का ; з. дом देहात का घर ।

загостúться (आत्म० पू०) (загощýсь, загостúшься) किसीके यहाँ अतिथि बनकर अत्यधिक समय तक ठहरना ।

заготáвливать (अपू०), **заготóвить** (पू०) (भवि० заготóвлю, заготóвишь) १. (अनाज आदि) बचाकर रखना ; २. (पहले से ही) तैयार करना ।

заготовúтель (पुं०) राजकीय क्रयाधिकारी ; सरकार की ओर से अनाज ख़रीदनेवाला अफ़सर ; **—ный** (वि०) заготóвка-I से वि०, —ная ценá (सरकार द्वारा निर्धारित) क्रय-मूल्य ।

заготóвка (स्त्री०) १. राजकीय क्रय ; सरकार की ओर से अनाज ख़रीदने का कार्य ; २. उपरला ; जूते का ऊपरी भाग ।

заготóвить दे० заготáвливать.

заготовлáть = заготáвливать.

заградúтель (पुं०) सुरंगिहा ; समुद्र में सुरंगें लगानेवाला ।

заграждáть (अपू०), **заградúть** (पू०) (भवि० загражý, заградúшь) रुकावट डालना ; बाधा डालना ।

заграни́ц||а (स्त्री०) विदेश ; из —ы विदेश से ।

заграни́||цей, —цу (क्रि० वि०) विदेश को ; विदेश में ; **—чный** (वि०) विदेशीय ; देश की सीमा से बाहर का ; —чный па́спорт विदेशीय पारपत्र ।

загреба́ть (अपू०), **загрести́** (पू०) (भवि० загребу́, загребёшь) हेंगी से इकट्ठा करना ; बटोरना ; з. де́ньги धन बटोरना ; रुपया बनाना ।

загребн||о́й (वि०) १. —о́е весло́ चप्पू ; २. (पुं०) (वि० रू०) केवट ; चप्पू चलानेवाला व्यक्ति ।

загреме́ть (पू०) (загремлю́, загреми́шь) १. गरजने लगना ; २. греме́ть का पू० ।

загрести́ दे० загреба́ть.

загри́вок (पुं०) १. (घोड़े की गर्दन का) निचला भाग ; २. गुद्दी ; गर्दन का पृष्ठ भाग ।

загримирова́ть दे० гримирова́ть.

загро́бный (वि०) क़ब्र के बाद का ; मृत्यु के पश्चात् का ; ☐ з. го́лос भूत अथवा पिशाच की आवाज़ ।

загрома́живать, загроможда́ть (अपू०), **загромозди́ть** (पू०) (भवि० загромозжу́, загромозди́шь) रुकावट डालना ; जाम करना ; अत्यधिक भार डालना ; लाद देना ।

загроможде́ние (नपुं०) रुकावट डालने का कार्य ; अत्यधिक बोझ लादने का कार्य ।

загрохота́ть (पू०) (загрохочу́, загрохо́чешь) १. गड़गड़ा उठना ; गरजने लगना ; २. грохота́ть का पू० ।

загрубе́лый (वि०) खुरदरा ; भद्दा ।

загрубе́ть (पू०) भद्दा होना ; खुरदरा होना ।

загружа́ть (अपू०), **загрузи́ть** (पू०) (भवि० загружу́, загру́зишь) १. (बहुत) लादना ; २. (मशीन में सामग्री आदि) पहुँचाना ; ☐ з. кого́-л. (рабо́той) किसीको काम से लाद देना ; он о́чень загружён (рабо́той) वह काम से दबा पड़ा है ।

загру́зка (स्त्री०) बोझ ; भार ।

загрусти́ть (पू०) (भवि० загрущу́, загрусти́шь) उदास होना ; दुखी होना ।

загрыза́ть (अपू०), **загры́зть** (पू०) (दाँतों से) काटकर मार डालना ; फाड़कर टुकड़े-टुकड़े कर देना ; соба́ки загры́зли ко́шку कुत्तों ने बिल्ली को मार डाला ।

загрязне́ние (नपुं०) (पानी, स्थान आदि को) गन्दा अथवा मलिन करने की क्रिया ।

загрязня́ть (अपू०), **загрязни́ть** (पू०) (स्थान, पानी आदि) गन्दा करना ; मलिन करना ; **—ся** (आत्म०) १. अपने आपको गन्दा करना ; २. загрязня́ть का कर्मवाच्य ।

ЗАГС (отде́л за́писи а́ктов гражда́нского состоя́ния) रजिस्टरी का दफ़्तर ।

загуби́ть (पू०) (загублю́, загу́бишь) १. नष्ट करना ; बरबाद करना ; з. жизнь जीवन बरबाद करना ; २. अपव्यय करना ।

загуля́ть (पू०) मद्योत्सव मनाना ; मद्यपान शुरू करना ; रँगरेलियाँ मनाना ।

загусте́ть (पू०) गाढ़ा हो जाना ।

зад (पुं०) १. पिछला भाग ; पीठ ; २. उत्तरकालीन ; परवर्ती ; поверну́ться к кому́-л. —ом किसीकी ओर पीठ कर लेना ; итти́ —ом पीछे को जाना ; бить —ом (घोड़े का) दुलत्ती मारना ; ३. (केवल बहु०) पुरानी बातें ।

зада́бривать (अपू०), **задо́брить** (पू०) अनुनय करना ; (किसीको) खुशामद करके मनाना ।

задава́ть (अपू०), **зада́ть** (पू०) (वर्त० задаю́, задаёшь ; भवि० зада́м, зада́шь) (काम) देना ; (प्रश्न) पूछना ; что тебе́ за́дано на за́втра ? तुझे कल के लिए क्या काम मिला है ? ; з. зага́дку पहेली पूछना ; з. ко́рму चारा डालना ; ☐ з. вопро́с प्रश्न पूछना ; я тебе́ зада́м ! मैं तेरी खबर लूँगा ! ; **—ся** (आत्म०) १. —ся мы́слью, це́лью что-л. сде́лать किसी काम को करने का इरादा कर लेना, कोई काम करने की ठान लेना ; он зада́лся це́лью изучи́ть ру́сский язы́к उसने रूसी भाषा सीखने की ठान ली है ; २. (घटित होना) ну и денёк сего́дня зада́лся ! लो यह दिन भी आ ही गया ! ; ३. (केवल अपू०) शेखी

बघारना ; घमंड करना ; ४. задавáть का कर्मवाच्य ।

задави́ть (पू॰) (задавлю́, задáвишь) कुचल डालना ; कुचलकर मार देना ।

задáние (नपुं॰) काम ; कार्य ; вы́полнить з. काम पूरा करना ; дать з. काम देना ।

задáривать (अपू॰), **задари́ть** (पू॰) उपहारों से लाद देना ।

задáром = дáром.

задáтки (बहु॰) वृत्तियाँ ; रुझान ; मनोदशाएँ ; дурны́е з. बुरी वृत्तियाँ ।

задáток (पुं॰) पेशगी ; बयाना ।

задáть(ся) दे॰ задавáть(ся).

задáч‖а (स्त्री॰) (गणित का) प्रश्न ; सवाल ; कार्य ; काम ; उद्देश्य ; постави́ть себé —у कार्यभार सँभालना, काम की ज़िम्मेदारी लेना ; реши́ть —у प्रश्न हल करना ; **—ник** (पुं॰) गणित के प्रश्नों की पुस्तक ।

задви́гать (अपू॰), **задви́нуть** (पू॰) १. धकेलना ; २. बन्द करना ; चटख़नी लगाना ; з. я́щик दराज़ बन्द करना ; **—ся** (आत्म॰) १. बन्द होना ; (भीतर) सरकना ; २. задвигáть का कर्मवाच्य ।

задвигáться (आत्म॰ पू॰) सरकने लगना ।

задви́жка (स्त्री॰) (दरवाज़े या खिड़की की) अर्गला ; ब्योंड़ा ।

задви́нуть(ся) दे॰ задвигáть(ся).

задвóрк‖и (बहु॰) मकान के पीछे का सहन ; □ на —ах पृष्ठभूमि में ।

задевáть (अपू॰), **задéть** (पू॰) (भवि॰ задéну, задéнешь) **I.** १. (अकस्मात्) छू जाना ; пти́ца задéла меня́ крылóм पक्षी मुझे पंख से छू गया ; २. फँसाना ; задéл за гвóздь и порвáл пальтó मेख में फँसाकर कोट फाड़ दिया ; ३. (भावना आदि को) ठेस पहुँचाना ; з. чьё-л. самолю́бие किसीके आत्मसम्मान को ठेस पहुँचाना ; □ **II.** किसी वस्तु को ग़लत जगह पर रखना ।

задéлать(ся) दे॰ задéлывать(ся) .

задéлка (स्त्री॰) दीवार ऊँची करना ; बन्द करना (दे॰ задéлать) ।

задéлывать (अपू॰), **задéлать** (पू॰) दीवार खड़ी करना ; (सूराख़ आदि) बन्द करना ; з. дверь चिनाई करके द्वार बन्द कर देना ; з. течь सूराख़ बन्द करना ; **—ся** (आत्म॰) १. वंद होना ; २. बन बैठना ; हो जाना ; он задéлался врачóм वह (नियम-विरुद्ध अथवा अनियमित तरक़्क़ी द्वारा) डाक्टर बन बैठा ।

задёргать (पू॰) **I.** खींचने लगना ; **II.** तंग करना ; खींचातानी करना ।

задёргивать (अपू॰), **задёрнуть** (पू॰) (पर्दा आदि) खींचना ; गिराना ; **—ся** (आत्म॰) १. (पर्दा आदि) खींचा जाना ; गिराया जाना ; занавéска задёрнулась पर्दा खींच दिया गया अथवा गिरा दिया गया ; २. (केवल अपू॰) (पर्दा आदि) खींचे जाने अथवा गिरा दिये जाने योग्य होना ; э́та занавéска задёргивается यह पर्दा खींचा अथवा गिरा दिया जा सकता है ; ३. задёргивать का कर्मवाच्य ।

задеревенéл‖ый (वि॰) सुन्न ; कड़ा ; —ая рукá सुन्न/कड़ा हाथ ।

задеревенéть (पू॰) सुन्न हो जाना ; कड़ा हो जाना ; у меня́ рýки задеревенéли от хóлода मेरे हाथ ठंड के मारे सुन्न हो गये हैं ।

задержáние (नपुं॰) १. (नज़रबन्दी) हिरासत ; २. रुक जाना ; з. мочи́ पेशाब रुक जाना ।

задéрживать (अपू॰), **задержáть** (पू॰) १. रोकना ; अटकाना ; विलम्ब करना ; दूर रखना ; егó задержáли उसको अटका लिया गया ; з. проти́вника शत्रु को रोकना/दूर रखना ; २. हिरासत में लेना ; नजरबन्द करना ; ३. पीछे रहना ; **—ся** (आत्म॰) १. (किसी स्थान पर) बहुत देर तक ठहरना ; २. задéрживать का कर्मवाच्य ।

задéржк‖а (स्त्री॰) विलम्ब ; देर ; без —и अविलम्ब, बिना देर के ।

задёрнуть(ся) दे॰ задёргивать(ся)

задéтый : १. задéть से कृदन्त ; २. у негó задéты лёгкие उसके फेफड़ों पर (रोग़ का) असर हो गया है अर्थात् उसके फेफड़े खराब हो गये हैं।

задéть दे० задевáть.

задúра (उभ०) कलहप्रिय ; झगड़ालू ।

задирáть (अपू०), **задрáть** (पू०) (भवि० задерý, задерёшь) १. ऊपर उठाना ; (वस्त्र आदि) ऊपर को खींचना ; २. (नाखून आदि से) फाड़ना ; ३. (केवल अपू०) किसीसे झगड़ा मोल लेना ; कलह करना ; □ з. нос नाक-भौं चढ़ाना ।

зáд‖ний (वि०) पिछला ; पीछे का ; —нее крыльцó (घर का) पिछला प्रवेश-द्वार ; पिछली बरसाती ; —ние нóги (पशुओं की) पिछली टाँगें ; з. план पृष्ठभूमि ; з. ход उलटी गति ; —няя часть पिछला भाग ; □ —няя мысль गुप्त / निहित विचार ; **—ник** (पुं०) १. जूते का पिछला भाग ; २. नेपथ्य ।

задóбрить दे० задáбривать.

задóк (पुं०) १. зад का अल्प० ; २. घोड़ागाड़ी का पिछला भाग जहाँ नौकर बैठता है।

задóлго (क्रि० वि०) बहुत देर पहले से ।

задолжáть (पू०) ऋणी होना ; कर्ज़ से दब जाना ।

задóлженность (स्त्री०) ऋण ; देनदारी ; погашáть з. ऋण चुकाना ।

зáдом (क्रि० वि०) (की ओर) पीठ करके ; पीछे को ; पीछे ; иттú з. पीछे को जाना ; дом располóжен з. к лéсу घर का पिछवाड़ा जंगल की ओर है।

задóр (पुं०) प्रखर उत्साह ; उत्कंठा ; ओज ; **—ный** (वि०) उत्साही ; ओजस्वी ।

задохнýться दे० задыхáться.

задразнúть (पू०) चिढ़ाना ; तंग करना ।

задрá‖ть (पू०) **I.** (चीरफाड़ करके) मार डालना ; волк —л овцý भेड़िये ने भेड़ को मार डाला ; **II.** दे० задирáть.

задребезжáть (पू०) दे० дребезжáть.

задремáть (पू०) (задремлю́, задрéмлешь) ऊँघने लगना ।

задрожáть (पू०) १. काँपने लगना ; २. дрожáть का पू० ।

задувáть (अपू०), **задýть** (पू०) (भवि० —дýю) **I.** (फूँक मारकर) बुझा देना ; з. свéчку मोमबत्ती बुझा देना ; **II.** (केवल अपू०) १. हवा से उड़ा देना ; २. भट्टी उड़ाना ।

задýмать दे० задýмывать.

задýмчив‖ость (स्त्री०) चिन्तन ; ध्यानपरायणता ; **—ый** (वि०) चिन्तनशील ; ध्यानपरायण ।

задýмывать (अपू०), **задýмать** (पू०) योजना बनाना ; विचार करना ; (करने का) इरादा रखना ; **—ся** (आत्म०) चिन्तन करना ; विचारमग्न होना ; ध्यानमग्न होना ; सोच-विचार करना ; □ ни минýты не задýмываясь तनिक भी न हिचकिचाकर ।

задýть दे० задувáть-I और II.

задушéвн‖ость (स्त्री०) सुहृदयता ; निश्छलता ; निष्कपटता ; **—ый** (वि०) हार्दिक ; सुहृदय ; उन्मुक्त-हृदय ; निष्कपट ; निश्छल ; सच्चा ; —ый друг प्रिय सुहृद्, जिगरी दोस्त ; —ый разговóр हार्दिक बातचीत ।

задушúть दे० душúть.

задымúть (पू०) (задымлю́, задымúшь) **I.** १. धुआँ देने लगना ; २. дымúть का पू० ; **II.** धुएँ से काला कर देना ; धुएँ से भर देना ।

задымú‖ться (आत्म० पू०) १. धुआँ देने लगना ; трýбы —лись चिमनी में से धुआँ निकलने लगा ; २. дымúться का पू० ।

задыхáться (आत्म० अपू०), **задохнýться** (आत्म० पू०) श्वास रुकना ; गला घुटना ; दम घुटना ; हाँफना ; з. от жáры गर्मी के मारे दम घुटना ।

задышáть (पुं०) साँस लेने लगना ।

заедáние (नपुं०) (टेक०) जाम होना ।

заедáть (अपू०), **заéсть** (पू०) (भवि० заéм, заéшь) १. (पानी पीने या किसी वस्तु के पश्चात्) कुछ खाना ; २. चिन्तित करना ; दबा लेना ; егó средá заéла वह परिस्थितियों का शिकार हो

गया है ; ३. (टेक॰) जाम होना ; трос заéло रस्सा जाम हो गया है ।

заéзд (पु॰) १. सवारी पर जाते-जाते रास्ते में कहीं और जाना ; २. (खेल में) चक्कर ; दौड़ ।

заéздить (पू॰) (заезжý, заезди́шь) १. (अत्यधिक सवारी करके घोड़े को) थका देना ; (बहुत काम लेकर) परिश्रान्त करना ; з. лóшадь (अत्यधिक सवारी करके घोड़े को) थका देना ; २. (गाड़ी आदि का) चलने लगना ; трамвáи заезди́ли ट्रामगाड़ी चलने लगी ।

заéздом (क्रि॰ वि॰) (सवारी पर जाते-जाते) रास्ते में ।

заезжáть (अपू॰), **заéхать** (पू॰) (भवि॰ заéду, заéдешь) १. सवारी पर जाते-जाते रास्ते में किसी और जगह जाना अथवा किसीसे मिलना ; २. पहुँच जाना ; आ निकलना ; заéхать сли́шком далекó बहुत दूर आ निकलना/पहुँच जाना ; ३. (किसीको) लेने जाना ।

заéзжий (वि॰) किसी दूसरे स्थान से आया हुआ ; परदेसी ; अजनबी ; з. человéк परदेसी ; अजनबी ।

заём (पुं॰) ऋण ; उधार ; беспроцéнтный з. बिना ब्याज का ऋण ; госудáрственный з. सरकारी ऋण ।

заёмщ‖ик (पुं॰), **—ица** (स्त्री॰) ऋण लेनेवाला/वाली ; ऋणी ; अधमर्ण ; देनदार ।

заéсть दे॰ заедáть.

заéхать दे॰ заéзжáть.

зажáривать (अपू॰), **зажáрить** (पू॰) (कढ़ाई में) तलना ; भूनना ।

зажáть दे॰ I. зажимáть और II. зажинáть.

заждáться (आत्म॰ पू॰) बहुत देर तक प्रतीक्षा करना ; प्रतीक्षा करते-करते थक जाना ।

зажéчь(ся) दे॰ зажигáть(ся).

заживáть (अपू॰), **зажи́ть** (पू॰) (भवि॰ заживý, заживёшь) (घाव का) ठीक होना ; भरना ; рáна заживáет घाव भर रहा है ; **—ся** बहुत लम्बी उम्र पाना ।

заживи́ть दे॰ заживля́ть.

заживлéние (नपुं॰) (घाव के) ठीक होने या भरने की क्रिया ।

заживля́ть (अपू॰), **заживи́ть** (पू॰) (भवि॰ заживлю́, заживи́шь) घाव भरना ; ठीक करना ; лекáрство бы́стро заживи́т рáну दवाई घाव को जल्दी ठीक कर देती है ।

зáживо (क्रि॰ वि॰) जीवित ; з. погребённый जीवित दफ़नाया हुआ ।

зажигáлка (स्त्री॰) १. सिगरेट-ज्वालक ; सिगरेट-लाइटर ; २. अग्निबम ।

зажигáтельный (वि॰) ज्वालक ; दाही ; आग जलाने के काम आनेवाला ।

зажигáть (अपू॰), **зажéчь** (पू॰) (भवि॰ зажгý, зажжёшь) आग लगाना ; (दिया आदि) जलाना ; з. спи́чку दियासलाई जलाना ; з. электри́чество बिजली जलाना ; **—ся** (आत्म॰) १. आग लगना ; जल उठना ; भभक उठना ; २. зажигáть का कर्मवाच्य ।

зажи́ливать (अपू॰), **зажи́лить** (पू॰) (किसीका रुपया आदि) मार लेना ; ऋण लेकर न लौटाना ; он зажи́лид у меня́ пять рублéй उसने मेरे पाँच रूबल मार लिये ।

зажи́м (पुं॰) १. दबाने/भींचने की क्रिया ; २. सन्धर ; क्लैम्प ।

зажимáть (अपू॰), **зажáть** (पू॰) (भवि॰ зажмý, зажмёшь) दबाना ; भींचना ; बन्द करना ; з. в рукé ज़ोर से पकड़ना ; з. нос नाक दबाना ; з. рот комý-л. (किसीका) मुँह बन्द करना ।

зажинáть (अपू॰), **зажáть** (पू॰) (भवि॰ зажнý, зажнёшь) फ़सल काटना शुरू करना ।

зажи́точн‖ость (स्त्री॰) समृद्धि ; वैभव ; **—ый** (वि॰) समृद्ध ; वैभवशाली ।

зажи́ть (पू॰) **I.** दे॰ заживáть ; **II.** रहने लगना ; з. по-нóвому, з. нóвой жи́знью नया जीवन आरम्भ करना ; з. семéйной жи́знью पारिवारिक जीवन में प्रवेश करना ।

зажи́ться दे॰ заживáться.

зажму́ривать (अपू०), **зажму́рить** (पू०) : з. глаза́=зажму́риваться ; **—ся** (आत्म०) आँखें तरेरना ।

зазва́ть दे० зазыва́ть.

зазвене́ть (पू०) १. (घंटी आदि का) बजने लगना ; २. звене́ть का पू० ।

зазвони́ть (पू०) १. (घंटी आदि) बजाना शुरू करना ; २. звони́ть का पू० ।

заздра́вный (वि०) з. тост जामे-सेहत, स्वास्थ्य-पान, स्वास्थ्य के लिए टोस्ट ।

зазева́ться (आत्म० पू०) जँभाई लेना ; मुँह ताकते रह जाना ।

зазелене́‖ть (पू०) हरा हो जाना ; дере́вья —ли पेड़ हरे हो गये ।

зазимова́ть (पू०) (—му́ю) शरद् ऋतु काटना/बिताना ।

зазнава́ться (अपू०), **зазна́ться** (पू०) घमंड में आना ; अपने आपको बहुत-कुछ समझने लग जाना ।

зазна́йство (नपुं०) अहंकार ; घमंड ।

зазно́ба (स्त्री०) १. स्त्री-प्रेम ; २. प्रेयसी ; प्रेमिका ।

зазо́р (पुं०) १. लज्जा ; शर्म ; २. (टेक०) अन्तराल ; खाली जगह ।

зазо́рн‖ый (वि०) लज्जास्पद ; शर्मनाक ; в э́том нет ничего́ —ого इसमें लज्जा की कोई बात नहीं ।

зазре́ни‖е (नपुं०) : без —я बिना लज्जा के ; बिना संकोच के ।

зазу́бривать (अपू०), **зазу́брить** (पू०) १. दाँते डालना ; з. нож चाकू में दाँते डालना ; २. रट्टा लगाना ; कंठस्थ करना ; **—ся** (आत्म०) १. दाँतेदार होना ; २. зазу́бривать-२. का कर्मवाच्य ।

зазу́брина (स्त्री०) दाँता ; कटाव ।

зазу́брить(ся) दे० зазу́бривать(ся)

зазыва́ть (अपू०), **зазва́ть** (पू०) (भवि० зазову́, зазовёшь) (बार-बार कहकर) बुला लेना ; आमन्त्रित करना ।

заигра́ть (पू०) **I.** (किसी वाद्ययन्त्र को) बजाने लगना ; **II.** दे० заи́грывать.

заи́грывание (नपुं०) खिलवाड़ ; з. ли́деров с избира́телями नेताओं की निर्वाचकों के साथ खिलवाड़ ।

заи́грывать (अपू०), **заигра́ть** (पू०) (ताश के पत्ते) खेल-खेलकर ख़राब कर देना/घिसा देना ; (नाटक) बार-बार खेलकर नीरस बना देना ; **—ся** (आत्म०) १. खेलते-खेलते अपनी या समय की सुध भुलाना ; २. बहुत देर तक खेलते रहना ।

заи́к‖а (उभ०) हकला ; **—а́ние** (नपुं०) हकलाहट ।

заик‖а́ться (आत्म० अपू०), **заикну́ться** (आत्म० पू०) १. (केवल अपू०) हकलाना ; रुक-रुककर बोलना ; २. हिचकिचाकर बोलना ; ३. ज़िक्र करना ; संकेत करना ; он об э́том и не —ну́лся उसने तो इसका ज़िक्र तक नहीं किया ।

заимо‖да́вец, —да́тель (पुं०), **—да́вица, —да́тельница** (स्त्री०) रुपया उधार देनेवाला/वाली ; साहूकार ।

заимообра́зн‖о (क्रि० वि०) उधार ; бра́ть з. उधार लेना ; **—ый** (वि०) उधार लिया हुआ ; माँगा हुआ ।

заи́мствова‖ние (नपुं०) उधार लेने अथवा अपनाने की क्रिया ; **—ть** (अपू०), **позаи́мствовать** (पू०) (वर्त० —ствую) ग्रहण कर लेना ; अपना लेना ; сюже́ты мно́гих европе́йских сказо́к —ны с Восто́ка यूरोप की बहुत-सी कथाओं का विषय पूर्व से लिया गया है ।

заи́ндеве‖лый (वि०) तुषारावृत ; पाले से ढका हुआ ; **—ть** (पू०) तुषारावृत होना ; पाले से ढक जाना ।

заинтересо́в‖анность (स्त्री०) दिलचस्पी लेने का भाव ; स्वार्थ-भाव ; **—а́ть** (पू०) (भवि० —су́ю) दिलचस्पी पैदा करना ; कौतूहल जगाना ; **—а́ться** (आत्म०) १. दिलचस्पी लेना ; २. интересова́ться का पू० ।

заинтригова́ть दे० интригова́ть.

заи́скива‖ние (नपुं०) चापलूसी ; खुशामद ; **—ть** (अपू०), **заиска́ть** (पू०) (भवि०

заищу́, зайщешь) चापलूसी करना ; खुशामद करना ; —ть пе́ред чино́вником क्लर्क की चापलूसी करना ।

заи́скриться (ग्रात्म० पू०) १. चिनगारी देने लगना ; २. и́скриться का पू०

займодержа́тель (पुं०) ऋणबन्धधारी ।

зайти́ दे० заходи́ть.

за́йч||ик (पुं०) १. за́яц का ग्रल्प० ; २. दीवार ग्रादि पर सूर्य की किरण का प्रतिबिम्ब ; **—и́ха** (स्त्री०) (मादा) खरगोश ; **—о́нок** (पुं०) खरगोश का बच्चा ।

закабля́ть (ग्रपू०), **закабли́ть** (पू०) दास बनाना ; गुलाम बनाना ; **—ся** (ग्रात्म०) १. दास बनना ; गुलाम बनना ; ग्रपने ग्रापको बन्धन में डालना ; २. закабля́ть का कर्मवाच्य ।

закавка́зский (वि०) काकेशिया-पार का ।

закады́чный (वि०): з. друг घनिष्ठ मित्र, प्रिय सुहृद, जिगरी दोस्त ।

зака́з (पुं०) ग्रार्डर ; फ़रमायश ; हुक्म ; на з. (वस्तु ग्रादि) फ़रमायश/ग्रादेश के ग्रनुसार बना हुग्रा ; ग्रार्डर पर बना हुग्रा ; **—а́ть** दे० зака́зывать ; **—но́й** (वि०) १. (वस्त्र ग्रादि) फ़रमायश पर बना हुग्रा ; नाप के ग्रनुसार बना हुग्रा; ग्रार्डर पर बना हुग्रा ; २. —но́е письмо́ रजिस्टरी का पत्र ; посыла́ть письмо́ —ны́м पत्र को रजिस्टरी द्वारा भेजना ; **—чик** (पुं०), **—чица** (स्त्री०) ग्राहक/ग्राहिका

зака́зывать (ग्रपू०), **зака́зать** (पू०) **I.** ग्रार्डर देना ; फ़रमायश भेजना ; **II.** करना ।

зака́л (पुं०) (लोहे की) ग्राब ; дава́ть з. ग्राब देना ; कड़ा करना ।

зака́лка (स्त्री०) (लोहे ग्रादि को) ग्राब देने की क्रिया ; कड़ा करने की क्रिया ।

зака́ливать = закаля́ть.

зака́лывать (ग्रपू०), **заколо́ть** (पू०) १. (छुरा ग्रादि) घोंपना ; मार डालना ; वध करना ; २. पिन लगाना ; з. га́лстук टाई में पिन लगाना ; **—ся** (ग्रात्म०) १. (छुरा ग्रादि घोंपकर) ग्रात्महत्या करना ; २. зака́лывать का कर्मवाच्य ।

закаля́ть (ग्रपू०), **закали́ть** (पू०) (लोहे को) ग्राब देना ; कड़ा करना ; पक्का करना ; दृढ़ करना ; з. во́лю इच्छा को दृढ़ करना ; **—ся** (ग्रात्म०) ग्राब चढ़ना ; पक्का होना ।

зака́нчивать (ग्रपू०), **зако́нчить** (पू०) समाप्त करना ; ग्रन्त करना ; з. речь भाषण समाप्त करना ।

зака́пать (पू०) **I.** (बूंद-बूंद करके) टपकने लगना ; дождь зака́пал बूंदाबाँदी होने लगी ; **II.** धब्बे डालना ; она зака́пала себе́ пла́тье उसने ग्रपने कपड़ों पर धब्बे डाल लिये ।

зака́пчивать (ग्रपू०), **закопти́ть** (पू०) (भवि० закопчу́, закопти́шь) १. धुंग्रा देकर तैयार करना ; з. ры́бу धुग्राँ देकर मछली तैयार करना ; २. धुएँ से काला करना ; з. стекло́ (सूर्य की रोशनी से बचने के लिए) शीशे को धुएँ से काला करना ।

зака́пывать (ग्रपू०), **закопа́ть** (पू०) १. (भूमि में गढ़ा खोदकर) दबाना ; २. (केवल पू०) खोदने लगना ; **—ся** (ग्रात्म०) (सेना०) खाई खोदकर छिपना ; २. зака́пывать का कर्मवाच्य ।

зака́ркать (पू०) १. कायँ-कायँ करने लगना ; २. ка́ркать का पू० ।

зака́рмливать (ग्रपू०), **закорми́ть** (पू०) (भवि० закормлю́, зако́рмишь) ग्रत्यधिक भोजन कराना ।

зака́т (पुं०) सूर्यास्त ; (सूर्य का) ढलना ; ग्रन्त ; ☐ з. дней बुढ़ापा ।

зака́тывать -I (ग्रपू०), **заката́ть** (पू०) १. (केवल पू०) लुढ़काने लगना ; २. बार-बार चक्कर देना ; घुमाना ; ३. заката́ть в. тюрму́ जेल में भेजना ।

зака́т||ывать -II (ग्रपू०), **закати́ть** (पू०) (भवि० закачу́ зака́тишь) १. (लुढ़काकर/खिसकाकर) कहीं ले जाना ; з. теле́гу за́ угол (खिसकाकर) गाड़ी कोने में खड़ी कर देना ; २. (लुढ़काकर या खिसकाकर) ग़लत स्थान पर रख देना ; котёнок —и́л напёрсток под дива́н बिल्ली के बच्चे ने ग्रंगुश्ताना लुढ़काकर

सोफ़े के पीछे फेंक दिया ; ३. ज़ोर से मारना ; ज़ोर का तमाचा देना **—ся** (आत्म०) १. (लुढ़ककर) गुम हो जाना ; छिप जाना ; моне́та —и́лась под дива́н सिक्का सोफ़े के पीछे गुम हो गया ; २. छिप जाना ; (सूर्य) अस्त हो जाना ; со́лнце —и́лось सूर्य अस्त हो गया ; ३. समाप्त हो जाना ; अन्त हो जाना ; его́ сла́ва —и́лась उसकी ख्याति समाप्त हो गयी ।

закача́||ть (पू०) १. झुलाना शुरू करना ; हिचकोले देना शुरू करना ; २. кача́ть का पू०; ३. (बच्चे को) झुलाकर सुलाना ; ४. его́ —ло (समुद्र-यात्रा के कारण) उसका जी मिचला रहा है ; **—ться** (आत्म०) १. झूलना / हिचकोले खाना शुरू करना ; २. кача́ть का कर्मवाच्य ।

зака́шлять (पू०) खाँसने लगना ; **—ся** (आत्म०) खाँसी का दौरा आना ।

зака́яться (आत्म० पू०) (सौगन्ध खाकर) त्यागना ; я зака́ялся к ним хо́дить मैंने उसके यहाँ न जाने की सौगन्ध खायी है ।

заква́кать (पू०) (मेंढक का) टर्राने लगना ।

заква́с||ить दे० заква́шивать ; **—ка** (स्त्री०) ख़मीर ।

заква́шивать (अपू०), **заква́сить** (पू०) (भवि० заква́шу, заква́сишь) ख़मीर देना ।

закива́ть (पू०) (हाँ या ना सूचित करने के लिए) सिर हिलाने लगना ।

заки́дывать -I (अपू०), **закида́ть** (पू०) १. चारों ओर से फेंकना ; बौछार करना ; з. вопро́сами प्रश्नों की बौछार करना ; з. камня́ми पत्थरों की वर्षा करना ; २. (गढ़ा आदि) भरना ; з. я́му песко́м गढ़े को रेत से भरना ।

заки́дывать -II (अपू०), **заки́нуть** (पू०) १. फेंक देना ; २. з. но́гу на́ ногу टाँग पर टाँग रखना ; **—ся** (आत्म०) १. पीछे गिरना ; २. (घोड़े का) अड़ जाना ; ३. заки́дывать का कर्मवाच्य ।

закип||а́ть (अपू०), **закипе́ть** (पू०) (भवि० закиплю́, закипи́шь) उबलना शुरू होना ; рабо́та —е́ла काम ज़ोरों पर था ।

закиса́ть (अपू०), **заки́снуть** (पू०) १. खट्टा हो जाना ; २. उदासीन हो जाना ।

за́кись (स्त्री०) (रस०) प्रोटोआक्साइड ; з. желе́за लोह-आक्साइड ; з. азо́та नाइट्रस आक्साइड ।

закла́д (पुं०) १. गिरवी या बन्धक रखने की क्रिया ; २. गिरवी ; его́ ве́щи в —е उसकी चीज़ें गिरवी रखी हुई हैं ; ३. शर्त ; би́ться об з. शर्त लगाना ।

закла́дка (स्त्री०) १. नीचे रखने की क्रिया ; २. (पुस्तक में रखने का) पृष्ठसंकेत-कार्ड या फ़ीता ।

закладна́я (स्त्री०) (वि० रू०) बन्धकपत्र ; रेहननामा ।

закла́дч||ик (पुं०), **—ица** (स्त्री०) बन्धककर्ता/बन्धककर्त्री ।

закла́дывание (नपुं०) = закла́дка-१ ; २. गिरवी रखने की क्रिया ।

закла́дывать (अपू०), **заложи́ть** (पू०) **I.** १. रखना ; धरना ; डालना ; заложи́ть ру́ки в. карма́н जेब में हाथ डालना ; २. ढेर लगाना ; з. стол кни́гами मेज़ पर पुस्तकों का ढेर लगाना; ३. (नींव) रखना ; **II.** गिरवी रखना ; रेहन करना ; **III.** घोड़ा जोतना ।

закла́ние (नपुं०) (केवल एकवचन) बलि ; भेंट ; □ итти́ на з. भेंट चढ़ना ।

заклева́ть (पू०) १. दे० заклёвывать ; २. चोंच मारने लगना ; काटना शुरू करना ।

заклёвывать (अपू०), **заклева́ть** (पू०) (भवि० заклюю́, заклюёшь) १. चोंच मारना ; २. (चोंच के प्रहार से) मार देना ।

закле́ивать (अपू०), **заклеи́ть** (पू०) गोंद या लेई से चिपकाना ; **—ся** (आत्म०) १. चिपकना ; २. закле́ивать का कर्मवाच्य ।

заклейми́ть दे० клейми́ть.

заклепа́ть दे० заклёпывать.

заклёп||ка (स्त्री०) रिवेट (दुनोकी कील); **—ник, —очник** (पुं०) रिवेट ठोकने का हथौड़ा ; **—ывать** (अपू०) **заклепа́ть** (पू०) रिवेट लगाकर जोड़ना ।

заклина́||ние (नपुं०) भूत-प्रेतों का आह्वान ;

मन्तर-तन्तर; जादू; **—тель** (पुं०): —тель змей सँपेरा; **—ть** (अपू०) भूत-प्रेत बुलाना; आह्वान करना; जादू-मन्तर करना।

закли́нивать (अपू०), **закли́нить** (पू०) पच्चड़ ठोकना; पच्चड़ ठोककर कसना।

заклокота́ть (पू०) (заклокочу́, заклоко́чешь) १. (पानी का उबलकर) खद्‌खद् करने लगना; उफ़ान आने लगना; २. клокота́ть का पू०।

заклуби́ться (आत्म० पू०) १. धूमावर्त निकलने लगना; २. клуби́ться का पू०।

заключ‖а́ть (अपू०), **заключи́ть** (पू०) १. निष्कर्ष निकालना; नतीजे पर पहुँचना; из ва́ших слов я —а́ю आपके शब्दों से मैं यह निष्कर्ष निकालता हूँ; из чего́ вы —а́ете आप इस नतीजे पर कैसे पहुँचे?; २. з. догово́р सन्धि करना; з. заём उधार लेना; з. мир शान्ति करना; з. брак विवाह करना; з. пари́ शर्त लगाना; ३. з. кого́-л. в тюрьму́ किसीको क़ैद में डालना; ४. (केवल अपू०) з. в себе́ समाविष्ट होना; ☐ з. в объя́тия आलिंगन करना; छाती से लगाना; **—а́ться** (आत्म० अपू०) **заключи́ться** (आत्म० पू०) –में समाविष्ट होना; ва́ша зада́ча —а́ется в сле́дующем आपका काम निम्न प्रकार से है; **—е́ние** (नपुं०) १. समाप्ति; निष्कर्ष; обвини́тельное —е́ние अभियोग; —е́ние коми́ссии आयोग का प्रस्ताव; вы́вести —е́ние निष्कर्ष निकालना; २. क़ैद; कारावास; ३. सन्धि करने की क्रिया; ☐ в —е́ние अन्त में।

заключённый १. заключа́ть से कृदन्त; २. (संज्ञा) (वि० रू०) क़ैदी; दंडित; полити́ческий з. राजनीतिक क़ैदी; пожи́зненный з. उम्र-क़ैदी; आमरण बन्दी।

заключи́тельн‖ый (वि०) अन्तिम; —ое сло́во अन्तिम शब्द; —ое заседа́ние अन्तिम बैठक; —ая це́на अन्तिम दृश्य।

заключи́ть दे० заключа́ть.

закля́тие (नपुं०) १. = заклина́ние; २. शपथ; प्रतिज्ञा; дать з. शपथ लेना, प्रतिज्ञा करना।

зако́вывать (अपू०), **закова́ть** (पू०) (भवि० закую́, закуёшь) **I.** बेड़ी/हथकड़ी लगाना; з. в кандалы́ बेड़ी लगाना; **II.** नाल लगाते समय घोड़े को घायल कर देना।

заковыля́ть (पू०) १. लँगड़ाकर चलने लगना; २. ковыля́ть का पू०।

заковы́рист‖ый (वि०) १. जटिल; पेचीदा; —ая зада́ча जटिल समस्या; २. बुद्धिमान; चालाक; з. па́рень बुद्धिमान सज्जन।

закола́чивать (अपू०), **заколоти́ть** (पू०) (भवि० заколочу́, заколо́тишь) १. (मेख़ें गाड़कर) बिल्कुल बन्द कर देना; з. дверь मेख़ें ठोककर किवाड़ बन्द कर देना; з. я́щик मेख़ें ठोंककर बक्स बन्द कर देना; २. ठोकना; з. гвоздь मेख़ ठोकना।

заколдо́вывать (अपू०), **заколдова́ть** (पू०) (भवि० —ду́ю) जादू करना; टोना करना।

заколеба́ться (आत्म० पू०) (заколе́блюсь заколе́блешься) १. हिचकिचाने लगना; अस्थिर होना; डावाँडोल होना; २. колеба́ться का पू०।

заколоси́ться (आत्म० पू०) (अन्य पुरुष का रूप заколоси́тся) अनाज की बालियाँ निकलने लगना।

заколоти́‖ть (पू०) १. दे० закола́чивать; २. पीटने लगना; в дверь —ли द्वार पर ज़ोर की खटखट हुई; **—ться** (आत्म०) बजने लगना; у него́ се́рдце —лось उसका हृदय धड़कने लगा।

заколо́ть(ся) दे० зака́лывать(ся).

заколыха́‖ться (आत्म० पू०) काँपना; लहराने लगना; फड़फड़ाना; हिलना; झूलने लगना; зе́мля —лась под нога́ми Пе́тра पीतर के पदचाप से पृथ्वी काँपने लगी; —лись знамёна झंडे लहराने लगे;

зако́н (पुं०) विधान; क़ानून; अधिनियम; संविधि; по —у क़ानून के अनुसार; вопреки́ —у क़ानून के विरुद्ध; свод —ов विधि-संहिता; कोड; з. приро́ды नैसर्गिक विधान; प्राकृतिक

विधान ; наруша́ть з. क़ानून भंग करना ; **—ник** (पुं॰) अधिवक्ता ; वकील ।

зако́нн||о (क्रि॰ वि॰) विधि के अनुसार ; क़ानून के मुताबिक ; **—ость** (स्त्री॰) वैधता ; विधान ; революцио́нная —ость क्रान्तिकारी विधान ; **—ый** (वि॰) वैध ; क़ानूनी ।

законода́тель (पुं॰) विधान-निर्माता ; क़ानून बनानेवाला ; **—ный** (वि॰) विधानस्रष्टा- ; विधाननिर्माता- ; —ная власть विधान-शक्ति ; **—ство** (नपुं॰) विधान-निर्माण ; क़ानून-निर्माण ।

закономе́рн||о (क्रि॰ वि॰) विधान के अनुसार ; नियमित रूप से ; **—ый** (वि॰) नियमित ; —ое разви́тие स्वाभाविक विकास, प्रकृति के नियमानुसार विकास ।

законо||положе́ние (नपुं॰) संविधि ; **—прое́кт** (पुं॰) विधेयक ; प्रस्तावित विधान ।

законтракто́вывать (अपू॰), **законтрактова́ть** (पू॰) (भवि॰ —ту́ю) ठेका करना ; संविदा करना ; **—ся** (आत्म॰) संविदे पर हस्ताक्षर करना ; ठेके पर काम करना ।

зако́нченность (स्त्री॰) १. पूर्णता ; २. टीप-टाप ।

зако́нчить दे॰ зака́нчивать.

закопа́ть(ся) दे॰ зака́пывать(ся).

закопоши́ться (आत्म॰ पू॰) १. (मक्खियों/कीड़ों आदि का) इकट्ठा होना ; २. копоши́ться का पू॰ ।

закопте́лый (वि॰) धुआँदार ; धुएँ से काला ।

закопте́||ть (पू॰) धुएँ से काला या गन्दा हो जाना ; потоло́к и сте́ны —ли छत और दीवारें धुएँ से काली हो गयी हैं ।

закопти́ть(ся) दे॰ зака́пчивать(ся).

закорене́лый (वि॰) गहरी जड़ का ; बद्धमूल ; पक्का ; з. престу́пник पक्का अपराधी ।

закорене́||ть (पू॰) जड़ पकड़ना ; पक्का होना ; он —л в рассу́дках पूर्वाग्रह उसमें बद्धमूल हैं ।

закорми́ть दे॰ зака́рмливать.

закорю́чка (स्त्री॰) १. घुंडीदार ; (लिखाई में) सजावट ; २. कठिनाई ; रुकावट ; вся з. в том, что де́нег нет सारी बाधा तो यह है कि रुपया नहीं है ।

закосне́л||ость (स्त्री॰) दुराग्रह ; अशोध्यता ; **—ый** (वि॰) दुराग्रही ; अशोध्य ; पक्का ।

закосне́ть दे॰ косне́ть.

закостене́||лый (वि॰) (ठंड के कारण) सुन्न ; अकड़ा हुआ ; **—ть** (पू॰) (ठंड के कारण) सुन्न हो जाना ; अकड़ जाना ।

закоу́лок (पुं॰) (पीछे की ओर की) गली या मुहल्ला ; निर्जन स्थान ; कोना ।

закочене́||лый (वि॰) (ठंड के मारे) सुन्न या अकड़ा हुआ ; у него́ руки́ —ли (ठंड के मारे) उसके हाथ अकड़ गये ।

закра́||дываться (आत्म॰ अपू॰), **закра́сться** (आत्म॰ पू॰) (भवि॰ закраду́сь, закрадёшься) (चुपके से) भीतर सरक आना/घुस जाना ; —лось сомне́ние सन्देह उत्पन्न हो गया ।

закра́сить दे॰ закра́шивать.

закра́сться दे॰ закра́дываться.

закра́шивать (अपू॰), **закра́сить** (पू॰) (भवि॰ закра́шу, закра́сишь) १. रंग पोतना ; रोग़न करना ; з. пя́тна धब्बों पर रोग़न करना ; २. रोग़न करने लगना ; रंग करने लगना ।

закрепи́тельный (वि॰) з. тало́н प्रमाणक वाउचर ।

закреп||и́ть(ся) दे॰ закрепля́ть(ся) ; **—ле́ние** (नपुं॰) १. पक्का/मज़बूत करने की क्रिया ; सुदृढ़ीकरण ; २. निर्दिष्टि ; नियतन ; ३. कोष्ठबन्धक औषधि ; दस्त बन्द करने की दवा ।

закрепля́ть (अपू॰), **закрепи́ть** (पू॰) (भवि॰ закреплю́, закрепи́шь) १. बाँधना ; पक्का करना ; दृढ़ करना ; з. верёвку रस्सी बाँधना ; з. гвоздём मेखें गाड़कर पक्का करना ; २. (के लिए) निर्दिष्ट करना ; з. дом за учрежде́нием संस्था के लिए स्थान निर्दिष्ट कर देना ; ३. его́ закрепи́ло उसे क़ब्ज़ हो गया ; **—ся** (आत्म॰) १. अपनी स्थिति सुदृढ़ करना ; २. закрепля́ть का कर्मवाच्य ।

закрепля́ющий १. закрепля́ть से कृदन्त ; २. (वि०) निद्राकारक ओषधि ।

закрепоща́ть (अपू०), **закрепости́ть** (पू०) (भवि० закрепощу́, закрепости́шь) दास बनाना ; **—ся** (आत्म०) दास बनना ।

закрепоще́ние (नपुं०) १. दास बनाने की क्रिया ; २. दासत्व ; गुलामी ।

закрича́ть (पू०) १. चिल्लाने लगना ; २. крича́ть का पू० ।

закро́й||ный (वि०) वस्त्रों की कटाई का ; —ная маши́на कटाई करने की मशीन ; —ная мастерска́я वस्त्रों की कटाई की दुकान ; **—щик** (पुं०), **—щица** (स्त्री०) वस्त्रों की कटाई करनेवाला/वाली ।

за́кром (पुं०) धान्यागार ; खत्ती ।

закругле́ние (नपुं०) गोल करने की क्रिया ।

закругля́ть (अपू०), **закругли́ть** (पू०) गोल बनाना ; **—ся** (आत्म०) १. गोल बनना ; २. закругля́ть का कर्मवाच्य ।

закружи́ть (पू०) घुमाना ; चक्कर देना ; з. кому́-л. го́лову किसीका सिर चकरा देना ; —ся दे० кружи́ться.

закру́чивать (अपू०), **закрути́ть** (पू०) (भवि० закручу́, закру́тишь) १. बटना ; मरोड़ना ; लपेटना ; з. во́жжи на́ руки हाथ पर लगाम लपेटना ; з. ус मूँछें मरोड़ना ; २. (टोंटी आदि) घुमाकर कसना ; (पेच आदि) कसना ; ३. (केवल अपू०) किसीका सिर चकरा देना ; **—ся** (आत्म०) १. (धागे का) बट जाना; २. закру́чивать का कर्मवाच्य ।

закручи́ниться (आत्म० पू०) उद्विग्न होने लगना ; उदास होना ।

кабарга́ (स्त्री॰) कस्तूरा (कस्तूरीवाला हिरन) ।

кабаре́ (नपुं॰) कैबरे ।

каба́тчик (पुं॰) कलवार; शराबख़ाने का मालिक ।

кабачо́к (पुं॰) १. каба́к का अल्प॰ ; २. कद्दू या सीताफल जैसी एक सब्ज़ी ।

ка́бель (पुं॰) केबल ; समुद्री तार ।

каби́на (स्त्री॰) १. (लकड़ी का बना) कोष्ठ ; गुमटी ; केबिन ; २. चालक-आसन ; वैमानिक के बैठने का स्थान ।

кабине́т (पुं॰) १. अध्ययन-कक्ष ; (डाक्टर का) मशवरा करने का कमरा ; ऑपरेशन-कमरा ; २. मन्त्रिमंडल ।

каби́нка (स्त्री॰) каби́на का अल्प॰ ।

каблогра́мм||а (स्त्री॰) समुद्री तार (केबल) ; посыла́ть —у समुद्री तार भेजना ।

каблу́к (पुं॰) एड़ी ; быть у кого́-л. под —о́м किसीकी मुट्ठी में होना, किसीके वश में होना ।

кабы́ (अ॰) е́сли бы दे॰ е́сли.

кавале́р (पुं॰) १. घुड़सवार ; अश्वारोही ; २. नृत्य में (लड़की/स्त्री का) साथी ; ३. प्रशंसक ; ४. к. о́рдена पदवीधारी ।

кавалер||и́йский (वि॰) кавале́рия से वि॰ ; **—и́ст** (पुं॰) अश्वारोही सैनिक ; घुड़सवार सिपाही ।

кавале́рия (स्त्री॰) अश्वारोही सेना ; घुड़सवार सेना ।

кавалька́да (स्त्री॰) घुड़सवारों का दल ।

каварда́к (पुं॰) १. (कज़ाकिस्तानी शब्द) भुने हुए मांस का टुकड़ा ; २. गड़बड़ी ; устро́ить к. गड़बड़ी फैलाना ।

ка́верза (स्त्री॰) कुचक्र ; वाक्छल ; ओछी हरकत ।

каве́рна (स्त्री॰) (फेफड़ों में) गुहा ।

кавы́чки (बहु॰) ("—") दोहरे चिह्न जो किसी उक्ति के आरम्भ और अन्त में आते हैं ; □ в —ах तथाकथित ।

кади́ло (नपुं॰) (धातु की बनी) धूपदानी ।

ка́дка (स्त्री॰) (तरल वस्तु रखने का लकड़ी का ढोल जैसा पात्र) पीपा ।

кадр (पुं॰) १. (सेना॰) संवर्ग ; २. प्रशिक्षित दल ; —ы революцио́нных рабо́чих क्रान्तिकारी कर्मचारियों का प्रशिक्षित दल ।

кадри́ль (स्त्री॰) काद्रील (एक नृत्य) ; ग्रामीण नृत्य ।

каду́шка (स्त्री॰) छोटा पीपा ; दे॰ ка́дка ।

кады́к (पुं॰) टेंटुआ ।

каём||ка́, —очка (स्त्री॰) кайма́ का अल्प॰ ।

каёмчатый (वि॰) मग़ज़ीवाला ; किनारीदार ।

каждоднéвный (वि०) दैनिक ; प्रतिदिन का ।

кáжд||ый (वि०) १. प्रत्येक ; प्रति ; हर ; к. день प्रतिदिन ; —ые два дня हर दूसरे दिन ; на —ом шагý हर क़दम पर ; २. हर एक (मनुष्य) ; к. дóлжен знать э́то हर एक को (अर्थात् सबको) यह जान लेना चाहिए ।

кáжется दे० казáться-२.

кáжущийся (कृदन्त) प्रतीयमान ; भासमान ।

казáрма (स्त्री०) १. (सेना की) बारकें (रहने का स्थान) ; २. धान्यागार ।

казáть (अपू०) не к. глаз आँख बचाना, सूरत न दिखाना (मिलने न आना) ।

казáться (आत्म० अपू०), **по—** (पू०) (वर्त० кажýсь, кáжешься) १. दिखायी पड़ना ; लगना; मालूम पड़ना ; он кáжется ýмным वह बुद्धिमान लगता है ; २. (कर्तृ-निरपेक्ष) кáжется, что लगता है कि ; кáжется, я не опоздáл मेरा विश्वास है कि मुझे देर नहीं हुई ।

казачóк (पुं०) १. कज़ाचोक (युक्रेन का एक सजीव नृत्य) ; २. (सेवा करनेवाला) छोकरा ।

казéин (पुं०) (रस०) केसीन ।

казён||ный (वि०) १. राजवित्तीय ; राजवित्त-विषयक ; सरकारी ख़ज़ाने का ; на к. счёт सरकारी ख़र्चे पर ; —ная квартúра सरकारी क्वार्टर (मकान) ; २. औपचारिक ; बाज़ाब्ता ; ३ साधारण ; तुच्छ ; भद्दा ; —ная часть बन्दूक या तोप की नली का पिछला भाग ; **—щина** (स्त्री०) रूढ़िवादिता ; फ़ाइल-परस्ती ; दीर्घसूत्रता ; लालफ़ीताशाही ।

казинó (नपुं०) केसीनो ; जुआ खेलने का स्थान ।

казн||á (स्त्री०) १. राजकोष ; ख़ज़ाना ; २. सरकार ; ३. धन ; सम्पत्ति ; ४. तोप या बन्दूक की नली का पिछला भाग ; **—ачéй** (पुं०) राज-कोषाध्यक्ष ; ख़ज़ांची ; **—ачéйский** (वि०) казначéй और казначéйство से वि० ; **—ачéйство** (नपुं०) राजकोष ; ख़ज़ाना ।

казнúть (अपू० और पू०) प्राणदंड देना ; к. на электрúческом стýле बिजली की कुर्सी पर बिठाकर प्राणदंड देना ; **—ся** (आत्म०) पश्चात्ताप करना ।

казнокрáд (पुं०) राज्य/सरकारी सम्पत्ति का ग़बन करनेवाला ।

казнь (स्त्री०) प्राणदंड ; смéртная к. प्राणदंड ।

кáзус (पुं०) १. (अदालत का) अजीब और पेचीदा मुक़दमा ; २. विचित्र घटना ।

каймá (स्त्री०) किनारी ; मग़ज़ी ; छोर ।

как -I. (क्रि० वि०) १. किस प्रकार ? ; कैसे ? ; कितना ? ; к. он э́то сдéлал ? उसने यह कैसे किया ?; к. вам э́то нрáвится? आपको यह कैसा लगता है ? ; как дóлго ? कितनी देर ? ; к. он устáл ! वह कितना (अर्थात् बहुत) थक गया है ! ; к. (вáши) делá ? आपका काम-काज कैसा है ? ; к. поживáете ? (आपका) क्या हाल है ?; к. вы относúтесь (к) ? (-के विषय में) आपका क्या विचार है ? ; к. вам не стыдно ! आपको शर्म नहीं आती ! (बड़े शर्म की बात है !) ; २. क्या ; к. вáше úмя ?, как вас зовýт ? आपका नाम क्या है ? ; к. вы сказáли ? आपने क्या कहा ? ; к., он ушёл ? क्या वह चला भी गया ? ; ३. к. ни चाहे कितना भी ; к. ни трýдно चाहे कितना भी कठिन हो ; ४. अचानक ; अकस्मात् ; к. он вскóчит अकस्मात् वह उछल पड़ा ; ५. दे० как -II ; □ вот как ! सचमुच ! ; к. знать कौन जानता है ! ; к. когдá -पर निर्भर है ।

как -II (अ०) १. -के सदृश ; की भाँति ; जो ; के रूप में ; он поступúл, к. вы сказáли उसने वही किया जो आपने कहा था ; ширóкий к. мóре सागर के सदृश विस्तीर्ण ; Толстóй к. писáтель लेखक (के रूप में) तालस्ताय ; २. जब ; जब से ; прошлó два гóда, как мы познакóмились हमारा परिचय हुए दो वर्ष हो गये ; пóсле тогó к. तब से जब ; в то врéмя к. उस समय जब ; до тогó к. तब तक ; □ к. áрмия, так и флот थल-सेना और नौसेना दोनों ; к. напримéр उदाहरणतया ; к. раз बिल्कुल ठीक ; к. вдруг जब अचानक ही,

जब अकस्मात् ही ; к. попáло जैसे-तैसे, जहाँ जिसके सींग समायें ।

какадý (नपुं०) काकातुआ (कलगीवाला तोता) ।

какáо (नपुं०) कोको (एक गर्म पेय) ।

кáк-либо, кáк-нибудь (क्रि० वि०) किसी न किसी प्रकार ; जैसे-तैसे ।

какóв (वि० और सर्वनाम) क्या ? ; किस प्रकार का ? ; कैसा ? ; к. результáт ? क्या परिणाम हुआ ? ; к. он собóй वह कैसा दीख पड़ता है ?

каковóй (सर्वनाम) जो ; к. дóлжен быть возвращён जो लौटा दिया जाना चाहिए ।

как||óй (वि० और सर्वनाम) १. कौन-सा ? ; कैसा ?; —ýю кни́гу вы читáете ? आप कौन-सी पुस्तक पढ़ रहे हैं ? ; к. вы лю́бите цвет ? आपको कौन-सा रंग पसन्द है ?; —áя хорóшая погóда! कैसा अच्छा मौसम है !; २. जो ; (тáких) книг, —и́е вам нужны́, у негó нет वे पुस्तकें जो आपको चाहिएँ, उसके पास नहीं ; ३. जो भी ; —ýю кни́гу он ни возьмёт जो भी पुस्तक वह लेगा ।

как||óй-либо, —óй-нибудь (वि०) १. कोई ; дáйте мне —ýю-нибудь кни́гу मुझे कोई-सी पुस्तक दीजिए ; २. (संख्या के पूर्व) कुछ ; कोई ; —и́е-нибудь 20 рублéй कोई बीस रूबल ।

какóй-то (वि०) १. (अज्ञात) कोई ; एक ; вас спрáшивает к.-то человéк आपको कोई पूछ रहा है/आपको एक आदमी बुला रहा है ; २. एक प्रकार का ; सदृश ; э́то какáя-то мáния यह एक प्रकार का उन्माद है ।

как-то (क्रि० वि०) १. किसी न किसी प्रकार ; к.-то он ухитри́лся сдéлать э́то उसने यह किसी न किसी प्रकार चालाकी से कर ही डाला ; २. एक दिन ; एक बार ; к.-то раз एक बार ; ३. अर्थात् ; ४. (अनिश्चित) किसी प्रकार ; कैसे ; посмотрю́, к.-то он вы́йдет из положéния देखूँगा वह इस स्थिति से कैसे निकलता है ।

кал (पुं०) (केवल एकवचन) विष्टा ; मल ।

каламбýр (पुं०) श्लेष ; वक्रोक्ति ; वाक्छल ।

каланчá (स्त्री०) १. पौरी-मीनार ; निगरानी करने की मीनार ; २. लम्बा-तड़ंगा आदमी ।

калáч (पुं०) एक प्रकार की सफ़ेद डबलरोटी ।

калéка (उभ०) अपाहिज आदमी ; अंगभंग व्यक्ति ।

календáрь (पुं०) कलेंडर ; पंचांग ; जन्त्री ।

калéни||е (नपुं०) तापदीप्ति ; लाल हो जाने तक गर्म करने का कार्य ; □ довести́ до бéлого —я बहुत क्रोध दिलाना, क्रोधोन्मत्त कर देना ।

калён||ый (वि०) १. परितप्त ; इतना गर्म कि लाल हो गया हो ; —ое желéзо परितप्त लोहा ; २. —ые орéхи भुनी हुई गिरी ।

калéчить (अपू०) अपाहिज करना ; लँगड़ा करना ; अंगभंग करना ।

кали́бр (पुं०) १. प्रमापी ; २. (बन्दूक का) नालमुख ।

кáлиевый (वि०) पोटाशियमयुक्त ।

кáлий (पुं०) (रस०) पोटाशियम ।

кали́йн||ый (वि०) पोटाशियम का ; —ое удобрéние पोटाशियम की खाद ।

кали́на (स्त्री०) कालीना ; हिमकन्दुक (वृक्ष) ।

кали́тка (स्त्री०) छोटा फाटक ।

кали́ть (अपू०) १. परितप्त करना ; (लोहे को) आब देना ; २. (अखरोट आदि की गिरी को) भूनना ।

кали́ф (पुं०) खलीफ़ा ।

каллиграфи́ческий (वि०) सुलेख-विषयक ।

каллигрáфия (स्त्री०) सुलेख ; सुलेख-कला ।

калори́||метр (पुं०) (भौ०) कलरीमापी ; उष्मामापी ; **—мéтрия** (स्त्री०) (भौ०) कलरीमिति ; उष्मामिति ।

калóрия (स्त्री०) (भौ०) कलरी ।

калóша = галóша

калы́м (पुं०) (केवल एकवचन) कलीम (पत्नी के माता-पिता को पति द्वारा दिया जानेवाला धन) ।

кáлька (स्त्री०) १. अनुरेखण-काग़ज़/कपड़ा ; ट्रेस करने का काग़ज ; २. शब्दानुवाद ।

кальки́ровать (अपू०), **с—** (पू०) (—рую) अनुरेखण करना ; अक्स खींचना ; ट्रेस करना ।

калькул||и́ровать (अपू०), **с—** (पू०) (—рую) गणना करना ; **—я́ция** (स्त्री०) गणना ।

кальсо́ны (बहु०) (पतलून के नीचे पहनने का) कच्छा ।

ка́льц||ий (पुं०) (रस०) कैलसियम ; **—ина́ция** (स्त्री०) (रस०) निस्तापन ।

калья́н (पुं०) हुक्का ।

каля́кать (अपू०) टें-टें करना ; बकवास करना ।

кама́ринская (स्त्री०) (वि० रू०) एक सजीव लोकप्रिय रूसी नृत्य ।

камво́льный (वि०) बटे ऊन का बना हुआ ।

каме́дь (स्त्री०) गोंद ।

камел||ёк (पुं०) ками́н का अल्प० ; अँगीठी ; у —ька́ अँगीठी के पास ।

камен||е́ть (अपू०), **о—** (पू०) पत्थर हो जाना ; कठोरहृदय हो जाना ; (केवल पू०) जड़वत् खड़े होना ; **—и́стый** (वि०) पथरीला ।

каменноу́го́льн||ый (वि०) : —ая промы́шленность कोयला-खनन उद्योग ; —ая копь कोयले की खान ।

ка́менн||ый (वि०) पत्थर का ; निर्जीव ; कठोर ; जड़ ; —ое се́рдце पाषाणहृदय, निर्मम, कठोरहृदय ; к. у́голь (पत्थर का) कोयला ; ☐ к. век पाषाण-युग ।

камено||бо́ец (पुं०) पत्थरफोड़ा (मज़दूर) ; **—ло́мня** (स्त्री०) पत्थर की खान ; **—тёс** (पुं०) संगतराश ।

ка́менщик (पुं०) राज ; पत्थरों की चिनाई करनेवाला ।

ка́мень (पुं०) प्रस्तर ; पत्थर ; драгоце́нный к. क़ीमती पत्थर, हीरा ; ☐ краеуго́льный к. आधार-शिला, नींव का पत्थर ; про́бный к. कसौटी ।

ка́мера (स्त्री०) १. कमरा ; कोठरी ; २. фотографи́ческая к. फ़ोटो-कैमरा ।

камерди́нер (पुं०) चेट ; दास ।

ка́мерн||ый (वि०) कक्षीय ; सदन का ; कमरे का ; —ая му́зыка कक्ष-संगीत ।

ками́н (पुं०) अँगीठी ; चिमनी ; **—ный** (वि०) अँगीठी/चिमनी का ।

камнедроби́лка (स्त्री०) पत्थरफोड़ (यन्त्र) ।

камнело́мка (स्त्री०) चट्टान पर उगनेवाला एक प्रकार का पौधा ।

камнесече́ние (नपुं०) मूत्राशय में से पथरी निकालने के लिए चीर-फाड़ ।

камо́рка (स्त्री०) कोठरी ; छोटा कमरा ।

кампа́ния (स्त्री०) (सैनिक) अभियान ; आन्दोलन ; सामूहिक प्रयत्न ।

камуфля́ж (पुं०) छद्मावरण ; छलावा ।

камфора́ (स्त्री०) कर्पूर ; कपूर ।

камфо́рка (स्त्री०) १. सामोवार का (ताज की आकृति का) ढकना ; २. स्पिरिट-लैम्प ।

камфо́рный (वि०) कर्पूर/कपूर का ।

камы́ш (पुं०) बेंत ।

камышо́в||ый (वि०) बेंत का ; —ое кре́сло बेंत की कुर्सी ।

кана́ва (स्त्री०) खाई ; नाला ।

канавокопа́тель (पुं०) १. खाई खोदनेवाला ; २. खाई खोदने का यन्त्र ।

кана́д||ец (पुं०), **—ка** (स्त्री०) कनाड़ा-निवासी/निवासिनी ; **—ский** (वि०) कनाड़ा का ।

кана́л (पुं०) १. नहर ; २. खाड़ी ; कनाल ; ३. मार्ग ; साधन ; ४. प्रणालिका ; ५. वाहिनी ; ६. बन्दूक की नली ।

кана́лья (उभ०) दुर्जन ; गुंडा ।

канаре́ечн||ый (वि०) कैनरी (चिड़िया) का ; —ое се́мя कँगुनी, सावाँ की जाति का एक अन्न ।

канаре́йка (स्त्री०) कैनरी (एक प्रकार की पीली चिड़िया) ।

кана́т (पुं०) (लोहे का) रस्सा ; रज्जु ; я́корный к. लंगर का रस्सा ; ходи́ть по —у रस्से पर चलना ; **—ный** (वि०) रस्से का ; —ный плясу́н रज्जुनट, रस्से पर नृत्य करनेवाला ; —ная доро́га रज्जुपथ ।

канва́ (स्त्री०) (केवल एकवचन) किरमिच ।

кандалы́ (बहु०) शृंखला ; बेड़ी ; ручны́е к.

हृथकड़ी ; ножные к. बेड़ी ; заковáть в к. हृथकड़ी लगाना, बेड़ी डालना ।

кандидáт (पुं०), **—ка** (स्त्री०) उम्मीदवार ; **—ский** (वि०) उम्मीदवार का ; **—ýра** (स्त्री०) उम्मीदवारी ; выставлять чью-л. —ýру किसीको उम्मीदवार नामज़द करना ।

канúкул||ы (बहु०) (स्कूल आदि में) छुट्टियाँ ; **—ярный** (वि०) छुट्टियों का ।

канитéлиться (आत्म० अपू०), **про—** (पू०) व्यर्थ समय नष्ट करना ; हीला-हवाला करना ; टालमटोल करना ।

канитéль (पुं०) १. (सलमा करने के लिए) सोने या चाँदी के तार ; २. (व्यर्थ का) लम्बा कार्यक्रम ; разводúть к. = канитéлиться.

канифóль (स्त्री०) गन्दा बिरोजा ।

каннелю́ра (स्त्री०) (निर्माण-सम्बन्धी) धारीदार रचना ।

каннибáл (पुं०) नरभक्षी ; आदमख़ोर ; **—úзм** (पुं०) नराहार ; आदमख़ोरी ।

канóн (पुं०) विधि ; नियम ; रीति ।

канонáда (स्त्री०) गोलों की वर्षा ; गोलाबारी ।

канóник (पुं०) रोमन कैथलिक पादरी ।

кант (पुं०) गोट ; मग़ज़ी ; पाइपिन ; отдéлывать —ом मग़ज़ी लगाना, पाइपिन करना, गोटा लगाना ।

канталýпа (स्त्री०) एक प्रकार का तरबूज़ ।

кантóн (पुं०) प्रदेश ; विभाग ।

канýн (पुं०) -पूर्व का दिन ; नववर्ष-पूर्व का दिन ; к. рождéства क्रिसमस-पूर्व का दिन ; (किसी बड़ी घटना का) पूर्ववर्ती काल ।

кáнуть (पू०) как в вóду к. (बिना चिह्न छोड़े) बिल्कुल लुप्त हो जाना, ऐसे ग़ायब हो जाना जैसे गधे के सिर से सींग ।

канцелярúст (पुं०) क्लर्क ; दफ़्तर का कर्मचारी ।

канцелярúя (स्त्री०) दफ़्तर ; कार्यालय ; **—ский** (वि०) १. दफ़्तर-सम्बन्धी ; —ские принадлéжности लेखन-सामग्री ; २. नौकरशाही ; औपचारिक ।

кáнцлер (पुं०) (विश्वविद्यालय का) कुलपति ।

кáп||ать (अपू०) (кáплю, кáплешь) रिसना ; बूँद-बूँद करके टपकना / गिरना ; ☐ над нáми не —лет जल्दबाज़ी करने की कोई आवश्यकता नहीं ।

капéлла (स्त्री०) १. गायकवृन्द ; गायक-मंडली ; संगीत-मंडली ; २. (गिरजाघर) चैपल ।

капéль (स्त्री०) बर्फ़ पिघलने से बूँदों का टपकना ।

капельдúнер (पुं०) (नाटक में) प्रवेशक ; सूत्रधार ।

кáпельк||а (स्त्री०) १. छोटी बूँद ; २. (बहुत थोड़ा) रत्ती भर ; к. росы́ ओस की बूँदें ; ни —и úстины रत्ती भर भी सच नहीं ।

капельмéйстер (पुं०) (संगीत/गायक-मंडली का) निर्देशक ; बैंडमास्टर ।

кáпельница (स्त्री०) (दवाई डालने का) ड्रॉपर ।

кáпельный (वि०) बूँद-भर ।

капилля́р (पुं०) (भौ०) केशिका ; महीन बाल ; **—ность** (स्त्री०) (भौ०) केशिकत्व ।

капитáл (पुं०) पूँजी ; मूलधन ।

капитал||úзм (पुं०) पूँजीवाद ; **—úст** (पुं०) पूँजीवादी ; पूँजीपति ; **—истúческий** (वि०) पूँजीवाद-सम्बन्धी ; **—ьный** (वि०) महान ; मुख्य ; —ьный ремóнт बड़ी मरम्मत ।

капитáн (पुं०) कप्तान ।

капитéль (स्त्री०) खम्भे का सिरा ।

капúтул (पुं०) पादरी-संघ ।

капитул||úровать (अपू० और पू०) (—рую) (शत्रु के आगे किसी शर्त पर) आत्मसमर्पण करना ; **—я́ция** (स्त्री०) (शत्रु के आगे किसी शर्त पर) आत्मसमर्पण ।

кáпище (नपुं०) मूर्तिपूजकों (नास्तिकों) का मन्दिर।

капкáн (पुं०) फन्दा ; जाल ।

кáпл||я (स्त्री०) १. बूँद ; по —е बूँद-बूँद करके ; २. (केवल एकवचन) बूँद भर ; बहुत थोड़ा ни —и बूँद भर भी नहीं, ज़रा भी नहीं ; —и в рот не брать शराब को मुँह न लगाना ; до —и अन्तिम बूँद तक ।

кáпнуть (पू०) एक बूँद टपकना ।

кáпор (पुं०) (स्त्रियों की सर्दियों में पहनने की) टोपी ।

капóт (पुं०) १. चोग़ा ; ड्रेसिंग-गाउन ; २. (इंजन ढकने का) आच्छादन ।

капрáл (पुं०) (वायु-सेना का) कार्पोरल ।

капри́з (पुं०) सनक ; तरंग ; मौज ; **—ник** (पुं०), **—ница** (स्त्री०) ; सनकी आदमी/औरत ; **—ничать** (अपू०) सनकी होना ; (बच्चे का) शरारतें करना ; **—ный** (वि०) सनकी ; मौजी ।

кáпсула (स्त्री०) (चिकि०) सम्पुट ; समावरण ; दवाई का कैपसूल ।

капсю́ль (पुं०) (बन्दूक की) स्फोटक टोपी (इस पर चोट पड़ने से विस्फोट होता है) ।

капсю́ля = кáпсула.

капу́ст||а (स्त्री०) गोभी ; цветнáя к. फूल गोभी ; **—ник** (पुं०) १. गोभी का खेत ; २. गोभी का कीड़ा ; ३. गोभी से बना भोजन ; **—ный** (वि०) गोभी का ।

капу́т (पुं०) ख़ात्मा ; सर्वनाश ; अन्त ; тут ему́ и к. उसका सर्वनाश ।

капюшóн (पुं०) (बरसाती आदि के साथ जुड़ी हुई) टोपी ।

кáра (स्त्री०) कारावास ; दंड ; सज़ा ।

карáбкаться (आत्म० अपू०) (हाथ और पाँवों के बल) चढ़ना ।

каравáй (पुं०) रोटी का टुकड़ा ।

каравáн (पुं०) कारवाँ ; क़ाफ़िला ।

карáемый (वि०) दंडनीय ।

карáковый (वि०) (घोड़ा) कुम्मैत रंग का ।

карáкулевый (वि०) आस्तराखान का ; काराकुली ।

карáкули (बहु०) अस्पष्ट लिखावट ; घसीट ।

карáкуль (पुं०) (केवल एकवचन) आस्तराखान ; एक प्रकार की भेड़ की खाल ।

карандáш (पुं०) (काले सुरमे की) पेंसिल ; цветнóй к. रंगदार पेंसिल ; **—ный** (वि०) पेंसिल का ; —ный рису́нок पेंसिल का रेखाचित्र ; पेंसिल का स्केच ।

каранти́н (पुं०) संगरोध ; कारंटीन ; **—ный** (वि०) संगरोध-सम्बन्धी ; कारंटीन-सम्बन्धी ।

карапу́з (पुं०) १. नन्हा-मुन्ना ; २. गोलमटोल ।

карáт (पुं०) कैरेट (रत्नों के तोलने का माप जो साढ़े तीन ग्रेन होता है) ।

карáтель (पुं०), **—ница** (स्त्री०) दंडयिता/दंडयित्री ; दंडदाता/दंडदात्री ; दंड देनेवाला/वाली ।

карáтельн||ый (वि०) दंडात्मक ; —ая экспеди́ция दंडात्मक अभियान ।

карáть (अपू०), **по—** (पू०) दंड देना ; सज़ा देना ।

карау́л (पुं०) रक्षकदल ; गारद ; पहरा ; почётный к. सम्मान-गारद ; стоя́ть в —е पहरा देना ; २. кричáть к. सहायता के लिए पुकारना ; **—ить** (अपू०), **покарау́лить** (पू०) १. पहरा देना ; रक्षा करना ; २. प्रतीक्षा करना ; **—ка** (स्त्री०) = карау́льня.

карау́ль||ный (वि०) १. карау́л से वि० ; २. (संज्ञा की तरह प्रयुक्त) (वि० रू०) पहरेदार ; सन्तरी ; **—ня** (स्त्री०) गारद-कमरा ।

карáчк||и (बहु०) : ходи́ть на —ах चौपाये की तरह चलना ।

карби́д (पुं०) (रस०) कारबाइड ।

карбóл||ка = **карбóловая кислотá** दे० карбóловый ; **—овый** (वि०) (रस०) —овая кислотá कार्बोलिक अम्ल !

карбонáт (पुं०) (रस०) कार्बोनेट ।

карбу́нкул (पुं०) फोड़ा ; जहरबाद ।

каргá (स्त्री०) बुड्ढी जादूगरनी ; डायन ; दुष्टा ।

кáрда (स्त्री०) ऊन साफ़ करने का कंघा ।

кардамóн (पुं०) इलायची ।

кардинáл (पुं०) (कैथलिक धर्माध्यक्ष) कार्डिनल ।

кардинáльный (वि०) प्रमुख ; महत्त्वपूर्ण ; к. вопрóс प्रमुख प्रश्न ।

кардинáльский (वि०) कैथलिक धर्माध्यक्ष (कार्डिनल) का ।

кардио́граф (पुं०) हृत्स्पन्दलेखन-यन्त्र ; हृदय की गति मापने का यन्त्र ।

ка́рдн||ый (वि०) ка́рда से वि० ; —ая маши́на घुनने की मशीन ।

каре́ (नपुं०) सेना की चौमुखी व्यूह-रचना ।

карёжиться = корёжиться.

каре́та (स्त्री०) चौपहिया गाड़ी ।

каре́тка (स्त्री०) каре́та का अल्प०

каре́тник (पुं०) गाड़ी बनानेवाला ।

ка́р||ий (वि०) भूरा ; —ие глаза́ भूरी आँखें ।

карикату́р||а (स्त्री०) व्यंग्यचित्र ; कार्टून ; **—и́ст** (पुं०) व्यंग्यचित्रकार ; कार्टून बनानेवाला; **—ный** (वि०) १. व्यंग्यचित्र-सम्बन्धी ; २. उपहासास्पद ; предста́вить в —ном ви́де हास्यजनक स्थिति में डालना ।

ка́рканье (नपुं०) काँय-काँय का शब्द ।

карка́с (पुं०) ढाँचा ; к. зда́ния मकान का ढाँचा ।

ка́ркать (अपू०), **ка́ркнуть** (पू०) काँय-काँय करना ।

ка́рлик (पुं०) बौना (व्यक्ति) ; **—овый** (वि०) ठिगना ; बौना ।

ка́рлица (स्त्री०) ठिगनी ; बौनी ।

карма́н (पुं०) जेब ; к. для часо́в घड़ी-जेब ; наби́ть к. जेब भरना ; ☐ э́то ему́ не по —у वह इसका खर्चा नहीं उठा सकता ; **—ник** (पुं०) जेबकतरा ; **—ный** (वि०) जेबी ; जेब की ; —ный слова́рь जेबी शब्दकोश ; —ные часы́ जेबी घड़ी ।

карми́н (पुं०) गहरा लाल रंग ।

карнава́л (पुं०) आनन्द-उत्सव ।

карни́з (पुं०) (निर्माण-सम्बन्धी) कार्निस ।

кароте́ль (स्त्री०) बढ़िया प्रकार की गाजर ।

карп (पुं०) मीठे पानी की एक मछली ।

ка́рта (स्त्री०) १. नक़शा ; (ताश का) पत्ता ; игра́ть в ка́рты ताश खेलना ।

карта́вить (अपू०) (карта́влю, карта́вишь) अक्षर 'र' अथवा अक्षर 'ल' का अस्पष्ट उच्चारण करना ।

картёжн||ик (पुं०) द्यूतकार ; जुआरी ; **—ый** (वि०) जुए का ; —ая игра́ द्यूत ; जुआ ।

карте́ль (उभ०) कार्तेल (मूल्य-समानता के लिए संघ) ।

карти́на (स्त्री०) चित्र ; хоро́шая к. अच्छा चित्र ।

карти́нн||ый (वि०) १. चित्रात्मक ; चित्र-सम्बन्धी ; —ая галлере́я चित्र-वीथि ; २. रमणीक ; सुरम्य ।

карто́граф (पुं०) नक़शानवीस ; नक़शा खींचनेवाला ; **—и́ровать** (अपू०) (वर्त० —рую) नक़शा खींचना ; **—ия** (स्त्री०) नक़शानवीसी ; नक़शा खींचने की कला ।

карто́н (पुं०) दफ़्ती ; गत्ता ।

картона́ж||и (बहु०) (картона́ж एकवचन) दफ़्ती /गत्ते की बनी वस्तुएँ ; **—ный** (वि०) картона́ж से वि० ; —ные изде́лия गत्ते की बनी चीज़ें ।

карто́нка (स्त्री०) दफ़्ती का डिब्बा ; टोपी आदि रखने का डिब्बा ।

картоте́ка (स्त्री०) पत्रक-अनुक्रमणिका (अंग्रेज़ी—कार्डइंडेक्स) ।

карто́фели||на (स्त्री०), **—нка** (स्त्री०) आलू ।

карто́фель (पुं०) (केवल एकवचन) १. आलू ; жа́реный к. भुने हुए आलू ; २. आलू का पौधा ; **—ный** (वि०) आलुओं का ; —ная мука́ आलू का आटा ।

ка́рточ||ка (स्त्री०) कार्ड ; फ़ोटो-चित्र ; катало́жная к. अनुक्रमणिका-पत्रक (अंग्रेज़ी—इंडेक्स-कार्ड) ; к. вин शराबों का सूचीपत्र ; продово́льственная к. राशन-कार्ड ; **—ный** (वि०) ка́рточка और ка́рты से वि० ; —ный стол ताश खेलने की मेज़ ; —ный катало́г पत्रक-अनुक्रमणिका (अंग्रेज़ी—कार्ड-इंडेक्स) ।

карто́шк||а (स्त्री०) = карто́фель ; копа́ть —у (खोदकर) आलू निकालना ।

карту́з (पुं०) १. कारतूस ; २. टोपी ; ३. काग़ज़ का थैला ।

карту́шка (स्त्री०) कम्पास-कार्ड ।

карусе́ль (स्त्री०) (बच्चों का) कठघोड़ा ; चंडोल ।

ка́рцер (पुं०) हवालात ।

карье́р (पुं०) **I.** पूरी सरपट चाल ; во весь к. पूरी सरपट चाल पर ; **II.** पत्थर की खान ।

карье́ра (स्त्री०) जीवन-वृत्ति ।

каса́ни||е (नपुं०) स्पर्श ; то́чка —я (गणित) स्पर्श-बिन्दु ।

каса́тельная (स्त्री०) (वि० रू०) (गणित) स्पर्श रेखा ; स्पर्शज्या ।

каса́тель||но (क्रि० वि०) बारे में ; विषय में ; **—ство** (नपुं०) (к) सम्बन्ध ; वास्ता ; к э́тому он не име́ет никако́го —ства उसका इससे कोई वास्ता नहीं ।

каса́тка (स्त्री०) १. नन्हीं ; चिड़िया ; २. प्रेयसी ।

каса́||ться (आत्म० अपू०), **косну́ться** (आत्म० पू०) १. छूना ; २. उल्लेख करना ; в своéй кни́ге а́втор —ется вопро́са о совре́менном теа́тре अपनी पुस्तक में लेखक आधुनिक रंगशाला का भी उल्लेख करता है ; ३. सम्बन्ध होना ; что —ется его́ उसके सम्बन्ध में, जहाँ तक उसका सम्बन्ध है ; **—ющийся** (कृदन्त) सम्बद्ध ।

ка́ска (स्त्री०) सिरत्राण ; (आग बुझानेवालों की धातु की) टोपी ।

каска́д (पुं०) जलप्रपात ; झरना ; आबशार ; **—ный** (वि०) १. जलप्रपात का ; २. संगीत-शाला ।

ка́сса (स्त्री०) १. (दुकान में) खज़ांची के बैठने का स्थान ; २. रोकड़-पेटी ; ३. टिकट घर ; театра́льная к. नाटक-गृह का टिकटघर ; ४. сберега́тельная к. बचत बैंक, संचय अधिकोष ।

кассацио́нн||ый (वि०) касса́ция से वि० ; к. суд मनसूखी की अदालत ; —ая жа́лоба (मनसूखी के लिये) अपील ।

касса́ция (स्त्री०) मनसूखी ।

кассе́та (स्त्री०) (फ़ोटो कैमरे में) प्लेट-होल्डर ।

касси́р (पुं०), **—ша** (स्त्री०) खज़ांची ; रोकड़िया ।

касси́ровать (अपू० और पू०) (—рую) मनसूख करना ; रद्द करना ; к. реше́ние суда́ अदालत का फ़ैसला मनसूख करना ।

ка́ссов||ый (वि०) ка́сса से वि० ; —ая кни́га रोकड़-बही ।

ка́ста (स्त्री०) जाति ।

кастеля́нша (स्त्री०) (अस्पताल की) मातृका ; मेट्रन ।

ка́стовый (वि०) जाति-सम्बन्धी ; जातीय ।

кастóрка (स्त्री०) (केवल एकवचन) अरण्डी का तेल ।

кастр||а́т (पुं०) बधिया किया हुआ व्यक्ति/पशु ; **—а́ция** (स्त्री०) बधिया करने की क्रिया ; **—и́ровать** (अपू० और पू०) (—рую) बधिया करना ; अंडकोष निकाल देना ।

кастрю́ля (स्त्री०) पतीली ; पतीला ; भगोना (शाक आदि पकाने का बर्तन) ।

катава́сия (स्त्री०) १. (चर्च में) समूह-गायन ; २. हल्ला-गुल्ला ; शोर-गुल ; गड़बड़ ।

катало́г (पुं०) सूचीपत्र ।

ка́танье (नपुं०) не мытьём, так —м येनकेनप्रकारेण ; किसी न किसी तरह ।

ката́нье (नपुं०) लुढ़कने की क्रिया ; к. с гор (स्लेज पर) पहाड़ों पर से लुढ़कने की क्रिया ; к. на конька́х स्केटिंग ; к. верхо́м घोड़े की सवारी करना ।

ката́р(р) (पुं०) श्लेष्मा ; जुकाम ।

катара́кта (स्त्री०) मोतियाबिन्द (आँख का एक रोग) ।

ката́ть -I (अपू०) (गाड़ी आदि पर) घूमने जाना ।

ката́ть -II, кати́ть (качу́, ка́тишь) (अपू०), **покати́ть** (पू०) १. लुढ़काना ; (छोटे पहियों पर) धकेलना ; २. к. бельё (बेलन आदि पर घुमा कर) कपड़ों की तह करना ; к. те́сто आटा गूँधना/बेलना ।

ката́ться (आत्म० अपू०) (गाड़ी आदि पर) घूमने जाना ; к. на конька́х स्केटिंग करना ; к. верхо́м घोड़े की सवारी करना

категори́ч‖ески (क्रि॰ वि॰) स्पष्ट रूप से ; साफ़-साफ़ ; **—еский** (वि॰) स्पष्ट ; साफ़ ; —еский отка́з साफ़ इनकार ।

категóрия (स्त्री॰) कोटि ; श्रेणी ।

кати́ть (अपू॰), **по—** (पू॰) (वर्त॰ качу́, ка́тишь) १. दे॰ ката́ть-II ; २. (अकर्मक) गाड़ी आदि पर जाना ; (गाड़ी आदि का) चलना ; **—ся** (आत्म॰) लुढ़कना ; —ся с горы́ पहाड़ पर से नीचे आना/लुढ़कना ।

катóк (पुं॰) १. स्केटिंग करने की जगह ; २. बेलन ; дорóжный к. सड़कें बनाने का बेलन ।

катóлик (पुं॰) (रोमन) कैथलिक ।

ка́тор‖га (स्त्री॰) कठोर कारावास ; सश्रम कारावास ; सख़्त क़ैद ; **—жа́нин** (पुं॰) (भूतपूर्व) सश्रम-दण्डित ; सख़्त कैद भुगत चुकनेवाला क़ैदी ; **—жник** (पुं॰) सश्रम दण्डित ; सख़्त क़ैद भुगतनेवाला क़ैदी ; **—жный** (वि॰) ка́торга से वि॰ ; २. असह्य ; अत्यन्त कठिन ; —жная жизнь असह्य जीवन ।

кату́ш‖ечный (वि॰) кату́шка से वि॰ ; **—ка** (स्त्री॰) अटेरन ; अंटी ; रील ।

ка́тышек (पुं॰) गोली ; восковóй к. मोम की गोली ।

кауза́льн‖ый (वि॰) हेतुक ; कारणवाची ; —ая связь हेतुक-सम्बन्ध ।

каучу́к (पुं॰) (कच्ची) रबड़ ।

кафé (नपुं॰) कॉफ़ी हाऊस ; कैफ़ीटेरिया ।

ка́федра (स्त्री॰) १. पादरी का आसन ; अध्यापक का आसन ; २. (विश्वविद्यालय में) अध्यापन-पीठ ; к. истóрии इतिहास-पीठ ।

ка́фель (पुं॰) चमकदार टाइल ; खपरैल ।

кацавéйка (स्त्री॰) रोएँदार (पोस्तीन लगी) छोटी जाकट ।

кача́лка (स्त्री॰) झूला-कुर्सी (आगे-पीछे हिलनेवाली कुर्सी) ।

кача́ние (नपुं॰) १. झूलने/आगे-पीछे हिलने की क्रिया ; २. (पम्प से) हवा भरने की क्रिया ।

кача́‖ть (अपू॰), **качну́ть** (पू॰) झुलाना ; आगे पीछे हिलाना ; बच्चों को घुटनों पर या गोद में उछालना ; вéтер кача́ет дерéвья वायु के कारण पेड़ झूम रहे हैं ; २. हिचकोले खाना ; лóдку кача́ет नाव हिचकोले खा रही है ; ३. (पम्प से) हवा भरना ; (पम्प करके) पानी आदि निकालना ; ४. к. головóй सिर हिलाना ; **—ся** (आत्म॰) १. हिचकोले खाना ; झूलना ; २. लड़खड़ाना ।

качéли (बहु॰) झूले ।

ка́чественный (वि॰) लक्षणात्मक ; गुणात्मक ; जाति, स्वभाव या गुण-सम्बन्धी ; к. ана́лиз (रस॰) लक्षणात्मक/गुणात्मक विश्लेषण ।

ка́честв‖о (नपुं॰) १. लक्षण ; गुण ; कोटि ; высóкого —а उच्चकोटि का ।

ка́чка (स्त्री॰) I. झूलने की क्रिया ; हिचकोले खाने की क्रिया ; II. बतख़ ।

качну́ть(ся) दे॰ кача́ть(ся).

ка́ш‖а (स्त्री॰) लपसी (अंग्रेज़ी—पॉरिज) ; □ завари́ть —у गड़बड़ी फैलाना, झगड़ा खड़ा करना ; кто завари́л —у, тот пуска́й и расхлёбывает जो करे, सो भरे ; расхлёбывать —у मामला सुधारना ; у негó к. во рту वह तुतलाकर बोलता है ; с ним —и не сва́ришь तुम्हारी उसकी बात नहीं बनेगी ।

кашева́р (पुं॰) (सेना॰) लपसी पकानेवाला ; रसोइया ; खानसामा ।

ка́шель (पुं॰) खाँसी ।

кашеми́р (पुं॰) कश्मीरा ; पशमीने का दुशाला ।

ка́ш‖ица (स्त्री॰) पतली लपसी ; **—ка** (स्त्री॰) १. ка́ша से अल्प॰ ; २. तिनपतिया घास ।

ка́шлять (अपू॰) **за—**, **ка́шлянуть** (पू॰) खाँसना ।

кашнé (नपुं॰) गुलूबन्द ; गले पर बाँधने का रुमाल ।

кашта́н (पुं॰) अखनोर (वृक्ष) ।

кащéй = кощéй.

каю́та (स्त्री॰) छोटा-सा कमरा ; कोठरी ।

ка́яться (आत्म॰ अपू॰), **по—**, **рас—** (पू॰) १. (раска́яться पू॰ के साथ) पश्चात्ताप करना ; पछताना ; он сам тепéрь ка́ется वह अब स्वयं पछता रहा है ; २. (пока́яться पू॰ के साथ) (अपराध आदि का) स्वीकार करना ; तस्लीम करना ;

मानना ; ३. я, ка́юсь, ма́ло об э́том ду́мал में मानता हूँ कि मैंने इसकी ओर कम ध्यान दिया था ।

квадра́нт (पुं॰) (गणित) पाद ।

квадра́т (पुं॰) (गणित) वर्ग ; **—ный** (वि॰) वर्ग- ; —ные ме́ры वर्ग-माप ।

ква́ка||нье (नपुं॰) (मेंढक की) टर्राहट ; **—ть** (अपू॰) (मेंढक का) टर्राना ।

квалифика́ция (स्त्री॰) योग्यता ; कुशलता ।

квалифици́ровать (अपू॰ और पू॰) (—рую) योग्यता/कुशलता प्राप्त करना ; योग्यसिद्ध होना ।

квант (पुं॰), **ква́нта** (स्त्री॰) (भौ॰) कियत्ता ; आवश्यक मात्रा या परिमाण ; тео́рия квант कियत्ता-सिद्धान्त ।

квантитати́вный (वि॰) मात्रा/राशी-सम्बन्धी ।

ква́нтовый (वि॰) квант से वि॰ ।

ква́рта (स्त्री॰) १. चौथाई गैलन ; २. (संगीत) चतुर्थ ; ३. (ताश में) अनुक्रम से चार पत्ते ।

кварта́л (पुं॰) १. तिमाही ; २. मकानों का एक समूह (ब्लॉक) ; **—ьный** (वि॰) १. кварта́л से वि॰ ; २. (संज्ञा की तरह प्रयुक्त) (वि॰ रू॰) जिला पुलिस-अफ़सर ।

кварте́т (पुं॰) (संगीत) चतुष्टयी (चार वाद्ययन्त्रों की सामूहिक संगीत-रचना) ।

кварти́р||а (स्त्री॰) निवास-स्थान ; मकान ; сдаётся к. मकान किराये के लिए खाली है ; гла́вная к. (सेना का) मुख्यालय ; २. सिपाहियों की बारकें (रहने का स्थान) ; **—а́нт** (पुं॰), **—а́нтка** (स्त्री॰) किरायेदार / किरायेदारनी ; **—ный** (वि॰) кварти́ра से वि॰ ।

квартиронанима́тель (पुं॰), **—ница** (स्त्री॰) किरायेदार/किरायेदारनी ।

квартирохозя́ин (पुं॰) मालिक-मकान ।

квартпла́та (स्त्री॰) (кварти́рная пла́та) मकान का किराया ।

кварц (पुं॰) बिल्लौरी पत्थर ; एक प्रकार का चमकदार पत्थर ; **—евый** (वि॰) बिल्लौरी पत्थर का ।

квас (पुं॰) क्वास (अन्न से बना एक पेय) ।

ква́сить (अपू॰) (वर्त॰ ква́шу, ква́сишь) खमीर मिलाना ; к. те́сто आटे में खमीर मिलाना ।

квасно́й (वि॰) квас से वि॰ ।

квасцо́вый (वि॰) फिटकरी-युक्त ।

квасцы́ (बहु॰) फिटकरी ।

кве́рху (क्रि॰ वि॰) ऊपर को ।

квита́нция (स्त्री॰) रसीद ; почто́вая к. डाक की रसीद ।

кви́ты (बहु॰) мы с ва́ми к. हमारा तुम्हारा लेखा बराबर है ।

кво́рум (पुं॰) गणपूरक संख्या ; कोरम ।

кво́та (स्त्री॰) नियतांश ।

ке́гель = **кегль**

ке́гли (बहु॰) स्किट्टलज़ (एक प्रकार का खेल) ।

кегль (पुं॰) (छपाई-सम्बन्धी) टाइप का पॉयंट ।

кедр (पुं॰) देवदार का पेड़ ।

келе́йн||о (क्रि॰ वि॰) चोरी-छिपे ; गुप्त रूप से ; **—ый** (वि॰) गुप्त ।

ке́льнер (पुं॰) (रेस्टराँ का) भृत्य ; सेवक ।

ке́лья (स्त्री॰) कोठरी ।

кем кто का करणकारक-रूप ।

кенгуру́ (पुं॰) (आस्ट्रेलिया का एक पशु) कँगारू ।

кента́вр (पुं॰) किन्नर (एक पौराणिक जाति-जिसका आधा शरीर घोड़े का और आधा शरीर मनुष्य का होता है) ।

ке́пи (नपुं॰) फ़ांसीसी फ़ौजी टोपी ।

ке́пка (स्त्री॰) सफ़री टोपी ।

кера́мика (स्त्री॰) मृत्ति-शिल्प ; मिट्टी के बर्तन बनाने की कला ।

кероси́н (पुं॰) मिट्टी का तेल ; **—овый** मिट्टी के तेल का ; —овая ла́мпа मिट्टी के तेल से जलनेवाला लैम्प ।

ке́та (स्त्री॰) साइबेरिया में मिलनेवाली सामन मछली ।

кефи́р (पुं॰) केफ़ीर (एक प्रकार का दही) ।

киби́тка (स्त्री॰) १. छतरी वाली स्लेज या

गाड़ी ; २. खानावदोशों का खेमा ।

кивáть (अपू०), **кивнýть** (पू०) १. (головóй) सिर हिलाना ; सिर हिलाकर स्वीकृति देना ; २. (उंगली आदि से) इशारा करना ; संकेत करना ; ३. (केवल अपू०) (किसी पर) अपराध थोपना ।

кидáть (अपू०), **кúнуть** (पू०) फेंकना ; पटकना (दे० бросáть) ; к. камнями पत्थर फेंकना ; **—ся** (आत्म०) १. झपटना ; टूट पड़ना ; собáка кидáется на прохóжих कुत्ता आने-जानेवालों पर झपटता है ; —ся комý-л. на шéю किसीकी गर्दन पर झपटना ; २. फेंकना ; पटकना : —ся камня́ми पत्थर फेंकना (दे० бросáться) ; —ся в глазá नज़र पड़ना ।

кизя́к (पुं०) उपला ।

кикúмора (स्त्री०) १. (लोक-साहित्य में) चुड़ैल ; डायन ; २. हास्यजनक कपड़े पहननेवाला व्यक्ति ।

килá (स्त्री०) अन्त्रवृद्धि ; अण्डकोष में आंत उतरने का रोग (अंग्रेज़ी—हरनिया) ।

килó (नपुं०). **килогрáмм** (पुं०) किलोग्राम ।

кúлька (स्त्री०) एक प्रकार की मछली ।

кинематóграф (पुं०) फ़िल्म दिखाने की मशीन ।

кинжáл (पुं०) खंजर ; छुरा ।

кинó : १. = кинематóграф से संक्षिप्त ; २. सिनेमा (घर) ; ३. फ़िल्म ; चित्रपट ; **—аппарáт** (पुं०) (फ़िल्म लेने का) कैमरा ; **—артúст** (पुं०), **—артúстка** (स्त्री०) चित्रपट कलाकार ; **—ателье́** (नपुं०) फ़िल्म स्टूडियो ; **—звездá** (स्त्री०) फ़िल्मी सितारा ; **—лéнта** (स्त्री०) फ़िल्म ; **—режиссёр** (पुं०) फ़िल्म-निर्देशक ; **—сеáнс** (पुं०) फ़िल्म शो ; **—съёмка** (स्त्री०) फ़िल्म उतारने की क्रिया ; **—хрóника** (स्त्री०) वृत्त-चित्र ; समाचार-चित्र ; ख़बरों की रील (फ़िल्म) ।

кúнуть दे० кидáть.

киóск (पुं०) (लकड़ी की बनी) छोटी अस्थायी दुकान ।

киóт (पुं०) ईसा की मूर्ति रखने का बक्सा ।

кúпа (स्त्री०) ढेर ; (काग़ज़ों का) बंडल ।

кипé||ние (नपुं०) क्वथन ; खौलना ; тóчка —ния क्वथनांक ।

кип||éть (अपू०), १. उबलना ; खेलना ; उत्तेजित होना ; дéло, рабóта —úт काम ज़ोरों पर है ।

кипýч||есть (स्त्री०) अक्लान्तता ; न थकने का भाव ; **—ий** (वि०) उबलता हुआ ; खौलता हुआ ।

кипятúль||ник (पुं०) बॉयलर (उबालने का यन्त्र) ; **—ный** (बि०) उबालने का ; —ный бак बॉयलर ।

кипятúть (अपू०), **вс—** (पू०) (वर्त० кипячý, кипятúшь) उबालना ; **—ся** (आत्म०) उबलना ; खौलना ; उत्तेजित होना ।

кипятóк (पुं०) उबलता हुआ पानी ; खौलता पानी ।

кипяч||éние (नपुं०) उबालने/उबलने की क्रिया ; **—ёный** (वि०) उबलता हुआ ; —ёная водá खौलता पानी ।

кúрка (स्त्री०) प्रोटेस्टेंट मतावलम्बियों का गिरजाघर ।

киркá (स्त्री०) फावड़ा ।

киркомоты́га (स्त्री०) कुदाली ।

кирпúч (पुं०) ईंट ; обожжённый к. पकी हुई ईंट ; класть —и ईंटें लगाना ।

кирпичеобжигáтельн||ый (वि०) : —ая печь ईंटों का भट्टा ।

кирпúчный (वि०) ईंटों का ; к. завóд ईंटों का भट्टा ।

кисéйн||ый (वि०) кисея से वि० ; ☐ —ая бáрышня दूध-मक्खन बेचनेवाली ।

кисéл||ь (पुं०) किस्सल (फलों और दूध से बना मुरब्बे जैसा एक भोजन) ☐ седьмáя водá на —е दूर का सम्बन्ध ; молóчные рéки, —ьные берегá वह भूमि जहाँ दूध और शहद की नदियाँ बहती हैं ; за семь вёрст —я́ хлебáть खोदा पहाड़ निकला चूहा ।

кисéт (पुं०) तम्बाकू की थैली ।

кисея́ (स्त्री०) मलमल।

кисли́нк||а (स्त्री०) खटाई ; с —ой खट्टा-सा।

ки́сло (क्रि० वि०) खट्टेपन से ; तीखेपन से —**ва́тый** (वि०) खट्टा-सा।

кислоро́д (पुं०) (रस०) ऑक्सीजन।

кислосла́дкий (वि०) खट्‌मिट्‌ठा ; к. хлеб खटमिट्‌ठी रोटी।

кислота́ (स्त्री०) १. खटाई ; २. (रस०) अम्ल ; азо́тная к. नाइट्रिक अम्ल ; се́рная к. सल्फ़ूरिक अम्ल ; у́ксусная к. एसेटिक अम्ल।

кисло́тн||ость (स्त्री०) (रस०) अम्लता ; —**ый** (वि०) (रस०) अम्लीय।

ки́сл||ый (वि०) १. खट्टा ; —ая капу́ста खट्टी गोभी ; —ое молоко́ खट्टा दूध, दही ; २. (रस०) अम्लीय।

ки́снуть (अपू०) १. खट्टा हो जाना ; २. उद्विग्न होना ; उदास होना।

ки́сточка (स्त्री०) १. बुरुश ; к. для бритья́ हजामत बनाने का बुरुश ; २. (कुर्सी आदि का) झब्बा ; फुँदना।

кисть (स्त्री०) १. (वन०) गुच्छा ; к. виногра́да अंगूरों का गुच्छा ; २. (कुर्सी आदि का) झब्बा ; फुँदना ; ३. हाथ (पहुँची से ले कर उंगलियों के अन्त तक का भाग) ४. (चित्रकार की) तूलिका ; маля́рная к. रोग़न करने की कूची।

кит (पुं०) ह्वेल मछली।

китаеве́д (पुं०) चीनी भाषा का पंडित।

кита́||ец (पुं०), —**я́нка** (स्त्री०) चीनी ; चीन निवासी / निवासिनी।

китаи́ст = китаеве́д.

кита́йский (वि०) चीन देश का ; к. язы́к चीनी भाषा।

ки́тель (पुं०) सूती जाकेट।

китобо́йный (वि०): к. про́мысел ह्वेल मछली पकड़ने का उद्योग।

кито́вый (वि०) ह्वेल मछली का।

китоло́вный (वि०) = **китобо́йный**

кичи́ться (आत्म० अपू०) गर्व करना ; घमंड करना ; к. свои́м бога́тством अपने धन का घमंड करना।

кичли́в||ость (स्त्री०) गर्व ; घमंड ; —**ый** (वि०) घमंडी ; गर्विष्ठ।

кише́ть (अपू०), **за—** (पू०) (वर्त० кишу́, киши́шь) भीड़ में जमा होना ; झुंड बनाकर घूमना ; у́лицы киша́т наро́дом सड़कों पर लोगों की भीड़ जमा है।

кише́чник (पुं०) आँत ; अंतड़ी।

кише́чн||ый (वि०) १. кише́чник और кишка́ से वि० ; —ые заболева́ния अंतड़ियों के रोग।

кишка́ (स्त्री०) १. आन्त्र ; अंतड़ी ; आँत ; слепа́я к. अन्धान्त्र ; пряма́я к. मलाशय, रैक्टम ; двенадцатипе́рстная к. ग्रहणी ; २. (पानी देने की) किरमिच की नाली।

кишла́к (पुं०) किशलाक (मध्य ऐशिया का एक गाँव)।

кишми́ш (पुं०) किशमिश ; दाख।

клавиату́ра (स्त्री०) (बाजे या टाइप करने की मशीन का) कुंजी-पटल (अंग्रेज़ी—-की-बोर्ड)।

клавико́рды (बहु०) क्लावीकॉर्ड (वाद्य-यंत्र)।

клад (पुं०) (दबा हुआ) ख़ज़ाना ; иска́ть к. ख़ज़ाना ढूँढ़ना।

кла́дби́ще (नपुं०) क़ब्रिस्तान।

кла́дка (स्त्री०) जड़ने की क्रिया ; चिनाई ; ка́менная к. राजगीरी।

кладова́я (स्त्री०) (वि० रू०) गोदाम ; भंडार।

кладь (स्त्री०) (केवल एकवचन) (समू०) असबाव ; बोझा ; к. пассажи́ров मुसाफ़िरों का का असबाब।

клан (पुं०) जाति ; वंश।

кла́ня||ться (आत्म० अपू०), **поклони́ться** (आत्म० अपू०) १. (झुककर) नमस्कार करना ; अभिवादन करना ; не к. с кем-л. (किसी से) बोलचाल न होना, अनबन होना ; २. (किसीकी ओर से) नमस्कार कहना ; —йтесь ему́ от меня́ मेरी ओर से उसको नमस्कार कह दें ; ३. अपने आप को नीचे गिराना ; दीन होकर माँगना।

кла́пан (पुं) (टेक०) वाल्व।

класс (पुं०) १. (स्कूल में) कक्षा ; २. वर्ग ; рабо́чий к. श्रमिक-वर्ग।

кла́ссик (पुं॰) उत्कृष्ट लेखक/कलाकार ; अमर कलाकार ; —и маркси́зма मार्क्सवाद की उत्कृष्ट रचनाएँ ।

классифи||ка́ция (स्त्री॰) वर्गीकरण ; **—ци́ровать** (अपू॰ और पू॰) (—рую) वर्गीकरण करना ।

классици́зм (पुं॰) शास्त्रीयतावाद ; आभिजात्यवाद ।

класси́ческ||ий (वि॰) शास्त्रीय ; —ая му́зыка शास्त्रीय संगीत ।

кла́ссн||ый १. класс-१ से वि॰ ; —ая ко́мната कक्षा का कमरा ; २. (खेलों में) प्रथम श्रेणी का ।

кла́ссов||ый (वि॰) класс-२ से वि॰ ; —ая борьба́ वर्ग-संघर्ष ।

класть (अपू॰), **положи́ть, сложи́ть** (पू॰) (वर्त॰ кладу́, кладёшь) १. (положи́ть पू॰ के साथ) (पड़ी हुई अवस्था में) रखना ; धरना ; положи́ть кни́гу на столе́ पुस्तक मेज़ पर रखना ; २. डालना ; к. са́хар в чай चाय में चीनी डालना ; к. отпеча́ток छाप छोड़ना ; к. но́гу на́ ногу टाँग पर टाँग रखना ; ३. (сложи́ть पू॰ के साथ) बनाना ; к. пе́чку अंगीठी बनाना ; ☐ к. зу́бы на по́лку भूखों मरना ; положи́ть жизнь за что-л. किसी बात के लिए अपना जीवन होम कर देना ; к. я́йца (पक्षी का) अंडे देना ; к. на о́бе лопа́тки फेंकना ; к. фунда́мент, основа́ние नींव रखना ।

кла́узула (स्त्री॰) (क़ानून-सम्बन्धी) धारा ।

клёв (पुं॰) (पक्षियों के) चुगने की क्रिया ; (मछली का) काँटे पर लगी वस्तु खाने की क्रिया ; вчера́ был уда́чный к. कल मछलियों की पकड़ अच्छी रही ।

клева́ть (अपू॰), **клю́нуть** (पू॰) (वर्त॰ клюю́, клюёшь) १. (पक्षियों का) चुगना ; ку́ры не клюю́т э́того ко́рма मुर्गी दाना नहीं चुगती ; २. चोंच से मार देना ; ३. (मछली का) काँटे पर लगी वस्तु को खाना ; сего́дня ры́ба не клюёт आज मछली पकड़ में नहीं आती ।

кле́вер (पुं॰) तिनपतिया घास ।

клевет||а́ (स्त्री॰) अपमान-लेख ; निन्दा ; बदनामी ; возводи́ть на кого́-л. —у́ किसीकी निन्दा करना ।

клевет||а́ть (अपू॰), **на—** (पू॰) (किसी के बारे में) अपलेख लिखना ; (किसीकी) निन्दा करना ; बदनामी करना ; **—ни́к** (पुं॰), **—ни́ца** (स्त्री॰) अपवक्ता ; अपभाषी ; निन्दा करनेवाला/वाली ; बदनामी करनेवाला/वाली ; **—ни́ческий** (वि॰) साक्षेप ; आक्षेपात्मक ; निन्दात्मक ।

клево́к (पुं॰) (पक्षी का) चोंच मारना ; (मछली का काँटे पर लगी वस्तु को) खाना ।

клевре́т (पुं॰) सहापराधी ; किसी बुरे काम में साथ देनेवाला ।

клеево́й (वि॰) клей से वि॰ ।

клеёнка (स्त्री॰) मोमजामा ।

кле́ить (अपू॰) (सरेस, गोंद, लेई आदि से) चिपकाना ; **—ся** (आत्म॰) १. चिपक जाना ; २. (काम, बात आदि का) जारी रहना ; рабо́та не кле́ится काम बिल्कुल बन्द है ; разгово́р не кле́ился बातचीत बन्द हो गयी ; ३. кле́ить का कर्मवाच्य ।

клей (पुं॰) सरेस, गोंद, लेई आदि ; мучно́й к. लेई ; столя́рный к. सरेस ; расти́тельный к. गोंद ।

кле́йк||ий (वि॰) चिपचिपा ; —ая бума́га चिपचिपा काग़ज़, (मक्खियाँ मारने के लिए) मक्खीमार काग़ज़ ; **—ови́на** (स्त्री॰) लसलसा पदार्थ ; **—ость** (स्त्री॰) चिपचिपापन ; लसलसापन ।

клейм||е́ние (नपुं॰) छाप/मुहर लगाने का कार्य ; **—и́ть** (अपू॰), **заклейми́ть** (पू॰) (वर्त॰ клеймлю́, клейми́шь) १. छाप/मुहर लगाना ; चिह्न लगाना ; २. लाँछित करना ; к. позо́ром शर्मिन्दा करना ।

клеймо́ (नपुं॰) मुहर ; छाप ; चिह्न ; मार्का ।

кле́йстер (पुं॰) लेई ।

клёкот (पुं॰) (शिकारी पक्षी की) चीख ।

клекота́ть (अपू॰) (клекочу́, клеко́чешь) (शिकारी पक्षियों का) चीख़ना ।

клён (पुं॰) (वन॰) द्विफल (अंग्रेज़ी—मैपल) ।

кленóвый (वि०) (वन०) द्विफलीय ।

клепáльный (वि०) रिवेट (दुनोकी कील) लगाने का ; к. молотóк रिवेट लगाने का हथौड़ा ।

клепáть -I (अपू०) (клепáю, клепáешь, और клеплю́, клéплешь) रिवेट (दुनोकी कील) लगाना ।

клепáть -II (अपू०), **на—** (पू०) (वर्त० клеплю́, клéплешь) बदनामी करना ; अपभाषण करना ; निन्दा करना ।

клёпк||а (स्त्री०) १. पीपा आदि बनाने की फट्टी या तख़्ता ; २. रिवेट (दुनोकी कील) लगाने की क्रिया ; ☐ у негó какóй-то —и не хватáет उसके दिमाग़ का कोई पेच ढीला है ।

клерк (पुं०) क्लर्क ; मुंशी ; बाबू ।

клéтк||а (स्त्री०) १ पिंजड़ा ; сажáть в —у पिंजड़े में डालना ; २. (कपड़े या काग़ज़ पर) चारख़ाना ; в —у चारख़ानेदार ; ३. (शरीर-रचना०) कोशिका ; ☐ грудн́ая к. छाती, वक्ष ।

клéточка (स्त्री०) १. клéтка से अल्प० ; २. (शरीर-रचना०) कोशिका ।

клетýшка (स्त्री०) छोटा कमरा ; कोठरी ।

клéтчат||ый (वि०) १. (कपड़ा) चारख़ानेदार ; —ое пальтó चारख़ानेदार (कपड़े का) कोट ; २. (शरीर-रचना०) कोशिकीय ।

клеть (स्त्री०) छोटा कमरा ; गोदाम ।

клёцка (स्त्री०) (शोरवे में पकायी या उबाली हुई) पकौड़ी ।

клёш (पुं०) (घाघरे या स्कर्ट का) घेरा ।

клешн́я (स्त्री०) (केकड़े आदि का) पंजा ।

клещ (पुं०) किलनी ; चिचड़ी ।

клещеви́на (स्त्री०) अरिंड-वृक्ष ।

клещи́ (बहु०) सँडासी ; चिमटी ।

клиéнт (पुं०), **—ка** (स्त्री०) मुवक्किल ; अभियोगार्थी ; असामी ।

кли́зм||а (स्त्री०) (चिकि०) गुदवस्ति ; एनीमा ; стáвить —у गुदवस्ति करना, एनीमा देना ।

клик (पुं०) आमन्त्रण ; आह्वान ; किलकारी ; рáдостный к. ख़ुशी की किलकारी ।

кли́ка (स्त्री०) गुट ; दल ।

кли́к||ать (अपू०), **кли́кнуть** (पू०) (वर्त० кли́чу, кли́чешь) आह्वान करना ; पुकारना ; ☐ —нуть клич (जनता आदि का) आह्वान करना, (जनता आदि से) अपील करना ।

кликýш||а (स्त्री०) हिस्टीरिया-ग्रस्त स्त्री ; **—ество** (नपुं०) हिस्टीरिया ।

кли́мат (पुं०) जलवायु ; **—и́ческий** (वि०) जलवायु-सम्बन्धी ।

клин (पुं०) १. पच्चड़ ; फन्नी ; борóдка —ом पच्चड़ की शक्ल की दाढ़ी ; २. खेत ; ३. तिकोना कपड़ा ; ऋौबग़ला ; ४. इमारत का बाहरी कोना ; к. —ом вышибáется लोहे को लोहा काटता है ; свет не —ом сошёлся संसार बहुत बड़ा है ; 'विपुला च पृथ्वी' ।

кли́н||ика (स्त्री०) चिकित्सालय ; उपचार-गृह ; क्लिनिक ; **—и́ческий** (वि०) उपचार-सम्बन्धी ।

клинови́дный (वि०) पच्चड़ के आकार का ।

клиновóй (वि०) पच्चड़/फन्नी का ।

клинóк (पुं०) (तलवार आदि का) फल ; धार ।

клир (पुं०) गिरजे का पादरी [illegible]

кли́рос (पुं०) (गिरजाघर में) गायकों का आसन ।

клисти́р (पुं०) गुदवस्ति ; एनीमा ।

клич (पुं०) आह्वान ; बुलावा ; боевóй к. युद्ध-आह्वान ; кли́кнуть к. दे० кликнýть.

кли́чка (स्त्री०) (पशुओं का) नाम ; (मनुष्य का) उपनाम ; कल्पित नाम ; चिढ़ ।

клобýк (पुं०) (गिरजाघर में पादरियों की) बेलन के आकार की टोपी ।

кло||к (पुं०) १. चीथड़ा ; (काग़ज़ का) टुकड़ा ; २. (बालों का) जूड़ा ; (ऊन की) गुच्छी ; к. сéна घास का गट्ठर ; разорвáть в —чья फाड़कर तार-तार कर देना ।

клокотáть (अपू०) (वर्त० клокочý, клокóчешь) खदखद करना ; उबलना ।

клони́ть (अपू०) १. (ऊपर के भाग को) झुकाना ; नमन करना ; вéтер клóнил верхýшки дере́вьев हवा ने पेड़ों की चोटियों को झुका दिया ; २. (कर्तृ-निरपेक्ष) его́ кло́нит ко сну́ वह ऊँघ रहा है ; **—ся** (आत्म०) १ (की ओर) झुकना ; रुझान होना ; उद्देश्य होना ; लक्ष्य होना ; २. समीप होना ; де́ло кло́нится к развя́зке गुत्थी सुलझनेवाली है ; со́лнце кло́нилось к зака́ту सूर्य अस्त होने को था ; день кло́нится к. ве́черу दिन ढल रहा है ।

клоп (पुं०) १. खटमल ; २. नन्हाँ-मुन्ना ; **—о́вник** (पुं०) खटमलों से भरपूर स्थान ।

клопомо́р (पुं०) कृमिनाशकओषधि ; खटमल मारने की दवा ।

кло́ун (पुं०) भाँड ; मसखरा ।

клохта́ть (अपू०) (клохчу́, кло́хчешь) (मुर्ग़ी का) कुड़कुड़ का शब्द करना ।

клочо́к दे० клок.

клуб (पुं०) **I.** क्लब ; **II.** १. फूत्कार ; (धुएँ या घूलि का) बादल ; к. ды́ма धुएँ का वादल ; к. пы́ль घूलि का वादल ।

клу́бень (पुं०) (वन०) कन्द (अंग्रेज़ी—ट्यूबर) ।

клуби́||ться (आत्म० अपू०) (अन्य पुरुष का रूप-клуби́тся), (धुएँ या घूलि के) बादल उठना ; дым —лся из трубы́ चिमनी से धुएँ का बादल निकला ।

клубни́ка (स्त्री०) एक प्रकार की झरबेरी ।

клу́бный (वि०) клуб -I से वि० ।

клубо́к (पुं०) १. (धागे की) रील या गोली ; गोला ; २. (गले में) सूजा हुआ भाग ।

клу́мба (स्त्री०) (फूलों की) क्यारी ।

клык (पुं०) (मनुष्य का) सुआ दाँत ; (हाथी के समान) नुकीला निकला हुआ दाँत ।

клюв (पुं०) चोंच ।

клюка́ (स्त्री०) वैसाखी ; (लँगड़े की) सहारे की लकड़ी ।

клю́нуть दे० клева́ть.

ключ (पुं०) १. कुंजी ; ताली ; चाबी ; संकेत ; अता-पता ; запере́ть на к. ताला लगाना ; २. उद्गम ; स्रोत ; फ़ौवारा ; ३. (संगीत) तालिका ।

ключев||о́й (वि०) —ые пози́ции महत्वपूर्ण जगह ; —ые о́трасли मूल उद्योग, आधारभूत उद्योग ; २. ключ-२ और ३ से वि० ।

ключи́ца (स्त्री०) (शरीर-रचना०) हँसिया ; हँसुली ।

клю́чн||ик (पुं०) कुंजीबरदार (घर की सामग्री आदि लाने और रखनेवाला नौकर जिसके पास गोदाम की चाबियाँ भी रहती हैं) ।

клю́чница (स्त्री०) клю́чик का स्त्री०-रूप ।

клю́шка (स्त्री०) हाकी ; खुंडी ।

кля́кс||а (स्त्री०) (काग़ज़ पर पड़ा) स्याही का धब्बा ; посади́ть —у धब्बा लगाना ।

кля́нчи||ть (अपू०) याचना करना ; माँगना ; он постоя́нно у меня́ —ит де́ньги वह सदा मुझसे पैसे माँगता रहता है ।

кляп (पुं०) (बोलना बन्द करने के लिए मुँह में ठूँसने का कपड़े का) ढाटा ; मुखरोध ; засу́нуть в рот к. मुँह में कपड़ा ठूँसकर बोलना बन्द करना ।

клясть अपू० (वर्त० кляну́, клянёшь) शाप देना ; **—ся** (आत्म० अपू०), **покля́сться** (आत्म० पू०) शपथ लेना ; —ся в ве́рности वफ़ादारी की शपथ लेना ; он кля́лся в свое́й неви́нности उसने अपने निरपराध होने की शपथ ली ; я гото́в покля́сться मैं शपथ लेने के लिए तैयार हूँ ।

кля́тв||а (स्त्री०) शपथ ; дать —у शपथ दिलाना ; ло́жная к. झूठी शपथ ।

клятво||преступле́ние (नपुं०) झूठी शपथ का अपराध ; **—престу́пник** (पुं०) झूठी शपथ लेने का अपराधी ।

кля́уз||а (स्त्री०) झूठा आक्षेप ; छिद्रान्वेषण ; затева́ть —у कुचक्र रचना ; **—ник** (पुं०), **—ница** (स्त्री०) कुचक्री ; छिद्रान्वेषी ; **—ничать** (अपू०) **накля́узничать** (पू०) छिद्रान्वेषण करना ; कुचक्र रचना ; झूठा झगड़ा खड़ा करना ; (किसी पर) झूठा आक्षेप करना ; **—ный** (वि०) कुचक्रपूर्ण ; कुचक्री ; झूठा झगड़ा खड़ा करनेवाला ; झूठा आक्षेप करनेवाला ।

кля́ча (स्त्री०) १. मरियल घोड़ी ; २. थका-माँदा/परिश्रान्त (व्यक्ति) ।

кни́г‖а (स्त्री०) पुस्तक ; किताब ; гла́вная к. (हिसाब-किताब रखने का) खाता ; жа́лобная к. शिकायत-पुस्तक ; вы́пустить в свет —у पुस्तक प्रकाशित करना ; ☐ вам и —и в ру́ки आप इसके विषय में अधिक जानते हैं।

книгове́дение (नपुं०) किताबी ज्ञान।

книгоизда́тель (पुं०) पुस्तक-प्रकाशक ; **—ский** (वि०) पुस्तकप्रकाशन-सम्बन्धी ; **—ство** (नपुं०) पुस्तकप्रकाशन-गृह।

книгоно́ша (पुं०) (फेरी लगाकर) पुस्तकें बेचनेवाला।

книгопеча́т‖ание (नपुं०) पुस्तकमुद्रण/छपाई ; **—ный** (वि०) पुस्तकमुद्रण-सम्बन्धी ; पुस्तक-छपाई का।

книгопрода́вец (पुं०) पुस्तक-विक्रेता।

книготорго́в‖ец (पुं०), = книгопрода́вец ; **—ля** (स्त्री०) पुस्तकें खरीदने और बेचने का व्यापार ; पुस्तक-विक्रेता की दुकान।

книгохрани́лище (नपुं०) पुस्तकालय ; लाइब्रेरी।

кни́жка (स्त्री०) **I.** १. кни́га का अल्प० ; записна́я к. नोट-बुक (पाकेट-बुक) ; जेबी किताब ; २. पुस्तिका ; сберега́тельная к. बैंक की पासबुक ; че́ковая к. चेक-बुक ; **II.** (जुगाली करनेवाले पशुओं के) पेट का एक भाग।

кни́ж‖ник (पुं०) १. (धार्मिक पुस्तकों का) अध्ययनकर्ता ; अध्येता ; २ पुस्तक-प्रेमी ; **—ный** (वि०) кни́га से वि० ; —ный переплёт पुस्तक की जिल्द ; —ный шкаф पुस्तकों की अलमारी ; २. किताबी ; अव्यावहारिक।

кни́зу (क्रि० वि०) नीचे की ओर।

кно́пк‖а (स्त्री०) १. ड्राइंग-पिन ; прикрепи́ть —ой ड्राइंग-पिन से जड़ना ; २. (बिजली की घंटी आदि बजाने का) बटन।

кнут (पुं०) चाबुक ; бить —о́м चाबुक से मारना।

кнутови́ще (नपुं०) चाबुक का हत्था/मूठ।

княги́ня (स्त्री०) कन्याज़ की पत्नी ; रानी।

кня́ж‖еский (वि०) कन्याज़ का ; राजा का ; **—ество** (नपुं०) कन्याज़ का राज्य ; प्रदेश।

князёк (पुं०) छोटा कन्याज़ ; छोटा राजा।

князь (पुं०) कन्याज़ (प्राचीन रूस में एक छोटे प्रदेश का राज्यपाल) ; राजा ; राजकुमार।

ко दे० к.

коали́ция (स्त्री०) १. संयोग ; सम्मिलन ; २. मिली-जुली सरकार।

кобе́ль (पुं०) कुत्ता।

кобра́ (स्त्री०) काला नाग ; फनियर साँप।

кобура́ (स्त्री०) पिस्तौल रखने का चमड़े का थैला।

ко́бчик (पुं०) एक प्रकार का बाज़ (पक्षी)।

кобы́л‖а (स्त्री०) घोड़ी ; **—ий** (वि०) घोड़ी का ; —ье молоко́ घोड़ी का दूध ; **—и́ца** (स्त्री०) = **кобы́ла** ; **—ка** (स्त्री०) १. घोड़ी का बच्चा ; २. (वायलिन आदि में तारों को उठाने और कम्पनों को चलाने की पुल की तरह की) घोड़ी।

кова́рный (वि०) कपटी ; к. друг आस्तीन का साँप।

кова́ть (अपू०) (वर्त० кую́) १. (गर्म करके) हथौड़े से पीटकर बनाना ; गढ़ना ; २. (घोड़े आदि के) नाल लगाना ; ☐ куй желе́зо, пока́ горячо́ समय पर मत चूको।

ков‖ёр (पुं०) दरी ; ग़लीचा ; покрыва́ть —ра́ми ग़लीचे/दरियाँ बिछाना।

кове́ркать (अपू०) **ис—** (पू०) विकृत करना ; खराब करना ; к. язы́к भाषा की हत्या करना ; к. ребёнка (लाड़-प्यार से) बच्चे को बिगाड़ना।

ко́вк‖а (स्त्री०) १. लोहा आदि गर्म करके और हथौड़े से पीटकर उससे वस्तुएँ बनाने की क्रिया ; २. (घोड़े आदि के) नाल लगाने की क्रिया ; **—ий** (वि०) (हथौड़े से) पीटकर बढ़ाने योग्य ; आनम्य ; लचीला ; **—ость** (स्त्री०) (हथौड़े से) पीटे जाने पर बढ़ने की योग्यता ; लचीलापन ; आनम्यता।

коври́жк‖а (स्त्री०) सोंठवाली मीठी रोटी ; शहदवाला केक ; ☐ ни за каки́е —и किसी मूल्य पर भी नहीं।

ко́вр‖ик (पुं०) छोटी दरी ; **—о́вый** (वि०) दरी का ; —о́вый про́мысел दरियाँ बुनने का धन्धा।

ковче́г (पुं०) १. बाइबल की एक कथा में वर्णित जहाज़ जिसपर चढ़कर नोहा के नेतृत्व में लोगों ने अपने आपको प्रलय से बचाया था ; २. गिरजाघर में पवित्र वस्तुएँ रखने का डिब्बा ।

ковш (पुं०) करछुल ; करछी ।

ковыля́ть (अपू०) लँगड़ाकर चलना ; (बच्चे का) लड़खड़ाकर चलना ।

ковыря́ть (अपू०) १. खोदना ; कुरेदना ; खरोंचना ; к. в но́су नाक खरोंचना к. в зуба́х दाँत कुरेदना ; २. फ़ूहड़पन से काम करना ; **—ся** = копа́ться.

когда́ (क्रि० वि०) १. कब; जब ; к. он придёт? वह कब आयेगा ? ; в тот день к. उस दिन जब...; २. когда́...когда́ .. कभी...कभी...; он рабо́тает к. у́тром, к. ве́чером वह कभी प्रात:काल काम करता है और कभी सायंकाल ; ३. когда́ б(ы) यदि ; когда́...ни, когда́ ни जब कभी ; когда́ бы вы ни пришли́, когда́ (вы) ни придёте जब भी आप आयेंगे ; ☐ есть к. ! समय नहीं ; к. как जब जैसे ।

когда́ (अ०) जब ; जब कि ; он уе́дет, к. он кончит рабо́ту वह अपना काम समाप्त करके चला जायेगा ; к. он чита́л, он засну́л वह पढ़ता-पढ़ता सो गया ।

когда́-либо, когда́-нибудь (क्रि० वि०) कभी ; ви́дели вы его́ когда́-нибудь ? आपने उसे कभी देखा है ?, आप उससे कभी मिले हैं ?

когда́-то (क्रि० वि०) (भूतकाल में) एक बार ; कभी ; (भविष्य में) कभी ; к.-то он ещё придёт वह कभी न कभी फिर आयेगा ।

ко́г||оть (पुं०) नख ; पंजा ; попа́сть в —ти पंजे में फँसना ।

когти́стый (वि०) तीखे पंजोंवाला ।

код (पुं०) कोड ; कूट (भाषा) ; Мо́рзе к. मोर्स-कोड ।

ко́декс (पुं०) विधि-संग्रह ; संहिता ; гражда́нский к. नागरिक/पौर संहिता, दीवानी संहिता ; уголо́вный к. फ़ौजदारी संहिता ।

кодифи||ка́ция (स्त्री०) संहिताबद्ध करने की क्रिया ; **—ци́ровать** (अपू० और पू०) (—рую) संहिताबद्ध करना ।

ко́е-где́ (क्रि० वि०) जहाँ-तहाँ ; **ко́е-ка́к** (क्रि० वि०) जैसे-तैसे ; किसी न किसी प्रकार ; **ко́е-како́й** (सर्व०) कुछ ; **ко́е-кто́** (सर्व०) कोई ; **ко́е- что** (सर्व०) कुछ ; थोड़ा-सा ; он ко́е-что сде́лал उसने कुछ कर दिया है ।

ко́жа (स्त्री०) (मनुष्य या पशु की) चमड़ी ; खाल ; (फल का) छिलका ; (साँप की) केंचुली ; к. да ко́сти हड्डियों का पिंजड़ा, अस्थि-पंजर ।

кожа́н (पुं०) चमड़े का कोट ।

ко́жаный (वि०) चमड़े का ।

коже́в||енный (वि०) चमड़ा कमाने का ; चर्मशोधन का ; к. заво́д चमड़ा कमाने का कारखाना, चर्मशोधन-फ़ैक्टरी ; —енная промы́шленность चमड़ा कमाने का उद्योग ; **—ник** (पुं०) चर्मशोधक ; चमड़ा कमानेवाला ।

кожими́т (पुं०) (बूट के तले पर लगाने का) नक़ली चमड़ा ।

кожи́ца (स्त्री०) पतली झिल्ली ; पतली चमड़ी ; к. плода́ फल का पतला छिलका ।

кожура́ (स्त्री०) (केवल एकवचन) (मोटा) छिलका ; к. апельси́на सन्तरे का छिलका ।

кожу́х (पुं०) १. = кожа́н ; २. खोल ; ३. बन्दूक आदि रखने का थैला ।

коза́ (स्त्री०) बकरी ।

коз||ёл (पुं०) बकरा ; ☐ к. отпуще́ния बलि का बकरा ; как от —ла́ молока́ बकरे से दूध की आशा करना, इन तिलों में तेल नहीं ।

козеро́г (पुं०) (ज्योतिष) मकर राशि ; тро́пик к. मकर-रेखा, मकर-वृत्त ।

ко́з||ий (वि०) बकरी का ; —ья шку́ра बकरी की खाल ; **—лёнок** (पुं०) बकरी का बच्चा ; **—ли́ный** (वि०) बकरे का ; —ли́ная боро́дка बकरे जैसी दाढ़ी ।

ко́злы (बहु०) १. (गाड़ी में) कोचवान के बैठने का स्थान ; २. थूनी ; लकड़ी को चीरने के लिए रखने की टेक ; ☐ соста́вить ру́жья в к. बन्दूकों को एक दूसरे की संगीन से टेककर रखना ।

кóзни (बहु०) षड्यन्त्र ; कुचक्र ; стрóить к. षड्यन्त्र करना, कुचक्र रचना ।

козовóд (पुं०) बकरी-पालक ; **—ство** (नपुं०) बकरी-पालन ।

кóзочка (स्त्री०) кóза का अल्प० ।

козýля (स्त्री०) एक प्रकार का हरिण/मृग ।

козырёк (पुं०) चमड़े अथवा दफ़्ती का अर्धचन्द्र-आकार का टुकड़ा जो सैनिकों की टोपियों पर लगाया जाता है ।

козырнóй (वि०) кóзырь से वि० ; к. тус (ताश में) तुरुप का इक्का ।

козырнýть दे० козырять.

кóзыр||ь (पुं०) (ताश में) तुरुप का पत्ता ; ходи́ть с —я तुरुप चलना ; ☐ хóдить —ем अकड़कर चलना ।

козыря́ть (अपू०), **козырнýть** (पू०) १. (ताश में) तुरुप खेलना ; २. (सैनिकों का टोपी की चोटी पर हाथ रखकर) अभिवादन करना ।

козя́вка (स्त्री०) छोटा कीड़ा ।

кóйка (स्त्री०) १. खटोला ; पालना ; २. शायिका ; बर्थ (पानी के जहाज़ में सोने का स्थान) ; ३. (अस्पताल में) रोगी का पलँग ; ४. (रेत अथवा मिट्टी ढोने की एक विशेष प्रकार की) गाड़ी ।

кокаи́н (पुं०) कोकीन ।

кокáрда (स्त्री०) (टोपी पर लगाने का) गोल बैज ।

кокéт||ка (स्त्री०) कामिनी ; रमणी ; प्रेमलीला करनेवाली स्त्री ; **—ливый** (वि०) प्रेमलीला करनेवाला ; **—ничать** (अपू०) प्रेमलीला करना ; हावभाव दिखाना ; **—ство** (नपुं०) प्रेमलीला ; हाव-भाव ।

коклю́ш (पुं०) कुकुर खाँसी ; काली खाँसी ।

коклю́шка (स्त्री०) अटेरनी ; धागा लपेटने की चर्खी ।

кокóн (पुं०) रेशम-कोष ।

кокóс (पुं०) नारियल ; नारियल का पेड़ ।

кокóтка (स्त्री०) सामान्या ; वेश्या ।

кол (पुं०) [illegible] पच्चड़ ; ☐ сажáть на к. सूली पर चढ़ाना ; нет ни —á, ни дворá न घर, न बार ।

колбасá (स्त्री०) कौल्बासा (कीमे से बना एक प्रकार का माँस) ; सॉसेज ।

колбáсн||ик (पुं०) कौल्बासा बनानेवाला ; **—ый** (वि०) कौल्बासे का ; —ый завóд कौल्बासा बनाने का कारखाना ।

колдов||áть (अपू०), **по—** (पू०) (वर्त० —дýю) जादू करना ; अभिचार करना ; **—скóй** (वि०) जादू का ; मोहक ; जादुई ।

колдовствó (नपुं०) जादू-टोना ; अभिचार ।

колдóговóр (पुं०) (коллекти́вный договóр) सामूहिक करार ।

колдýн (पुं०) जादूगर ; ऐन्द्रजालिक ; **—ья** (स्त्री०) जादूगरनी ।

колебáни||е (नपुं०) (भौ०) १. दोलन ; कम्पन ; २. उतार-चढ़ाव ; ३. संकोच ; हिचकिचाहट ; दुविधा ; без —й निःसंकोच ।

колебáть (अपू०), **по —** (पू०) (वर्त० —колéблю, колéблешь) १. हिलाना ; धक्का लगाना ; егó авторитéт был поколéблен उसकी सत्ता को धक्का लगा ; **—ся** (आत्म०) डोलना ; उतार-चढ़ाव होना ; हिचकिचाना ; संकोच करना ; он колебáлся в вы́боре वह चुनाव करने में हिचकिचाया ; цéны колéблются क़ीमतों में उतार-चढ़ाव हो रहा है ।

коленкóр (पुं०) छींट ; दरेस ; ☐ э́то совсéм другóй к. यह बिल्कुल दूसरी बात है ।

колéнный (वि०) घुटने का ; к. сустáв घुटने का जोड़ ।

крепча́||ть (अपू०) ज़ोर पकड़ना ; तेज़ होना ; अधिक होना ; моро́з крепча́ет पाला तेज़ हो रहा है ।

кре́пче кре́пкий और кре́пко का तर-प्रत्ययान्त रूप ।

крепы́ш (पुं०) हृष्ट-पुष्ट व्यक्ति ; हृष्ट-पुष्ट बच्चा ।

кре́сло (नपुं०) आरामकुर्सी ; बाज़ुओंवाली कुर्सी ।

крест (पुं०) क्रास ; सलीब ; напе́рсный к. (मसीहियों का) छाती पर पहनने का सलीब ; поста́вить к. (на) काटा लगाना ; काटना ।

кресте́ц (पुं०) त्रिक (कमर के पीछे की हड्डी) (अंग्रेज़ी—सेक्रम) ।

крести́ны (बहु०) बपतिस्मा ; बपतिस्मे की प्रथा ।

крести́ть (अपू०) **о—, пере—** (पू०) (वर्त० крещу́, кре́стишь) १. (अपू० और पू०) (окрести́ть भी पू०) (किसी दूसरे को) बपतिस्मा देना ; मसीही बनाना ; २. (केवल अपू०) किसी बच्चे का धर्म-पिता या धर्म-माता बनना ; ३. (перекрести́ть पू० के साथ) (मसीहियों का) सलीब बनाना ; **—ся** (आत्म०) (अपू० और पू०) (окрести́ться भी पू०) बपतिस्मा लेना ; मसीही धर्म ग्रहण करना ; २. (перекрести́ться पू० के साथ) (मसीहियों का अपने शरीर पर) सलीब बनाना ।

крёстная (स्त्री०) (वि० रू०) धर्म-माता ।

кре́стн||ик (पुं०), **—ица** (स्त्री०) धर्म-पुत्र/धर्म-पुत्री ।

кре́стн||ый (वि०) крест से वि० ; —ое зна́мение सलीब का झंडा ।

крёстный (पुं०) (वि० रू०) धर्म-पिता ।

крестови́к (पुं०) एक प्रकार की विषैली मकड़ी ।

крестови́на (स्त्री०) १. कटवाँ टिकठी ; गुणा-चिह्न (×) के आकार में रखी दो थूनियाँ ; २. (रेलगाड़ी को एक पटरी से दूसरी पटरी पर बदलने का) काँटा ।

кресто́вый (वि०) к. похо́д ईसाइयों का धर्मयुद्ध ।

крестоно́сец (पुं०) धर्मयुद्ध लड़नेवाला ।

крестья́н||ин (पुं०) (बहु० крестья́не) किसान ; **—ка** (स्त्री०) किसान स्त्री ; कृषक स्त्री ;

—ский (वि०) किसान का ; कृषक- ; **—ство** (नपुं०) कृषकजन ; किसान लोग ।

кретóн (पुं०) छींट ; दरेस (छपा हुआ सूती कपड़ा)

крещéние (नपुं०) बपतिस्मा ।

кривáя (स्त्री०) (वि० रू०) वक्र रेखा ; к. температýры ताप-वक्र रेखा ।

кри́вда (स्त्री०) (लोक-साहित्य में प्रयुक्त) झूठ ; असत्य ।

кривизнá (स्त्री०) (केवल एकवचन) टेढ़ापन ; वक्रता ।

криви́ть (अपू०), **с—, по—,** (पू०) (वर्त० кривлю́, криви́шь) टेढ़ा करना ; तिरछा करना ; तोड़ना-मरोड़ना ; к. рот मुँह टेढ़ा करना ; ☐ криви́ть, покриви́ть душóй अन्तःकरण के विरुद्ध काम करना ; **—ся** (आत्म०) १. टेढ़ा होना ; तिरछा होना ; २. (скриви́ться पू० के साथ) मुँह बनाना ।

кривля́||ка (उभ०) आडम्बरी ; बननेवाला आदमी ; **—нье** (नपुं०) आडम्बर ; बनना ; **—ться** (आत्म० अपू०) १. आडम्बर करना ; बनना ; २. मुँह बनाना ।

кри́во (क्रि० वि०) वक्रता से ; टेढ़ेपन से ।

криводу́шие (नपुं०) कपट ; छल ।

крив||óй (वि०) १. वक्र ; टेढ़ा ; २. कपटी ; ३. काना ; —ая лóшадь काना घोड़ा ।

криволинéйный (वि०) वक्र रेखाओं से बना हुआ ।

кривотóлки (बहु०) झूठी अफ़वाहें ; उड़ती ख़बरें ।

кри́зис (पुं०) संकट ; к. наступи́л संकट आ पड़ा ।

крик (पुं०) चीख़ ; चिल्लाहट ।

крикли́в||ый (वि०) १. ऊँचे स्वर का ; कोलाहलमय ; २. चटकदार ; она —о одевáется वह चटकदार कपड़े पहनती है ।

кри́к||нуть दे० кричáть ; **—ýн** (पुं०), **—ýнья** (स्त्री०) शोर मचानेवाला/वाली ।

кримин||али́ст (पुं०) अपराधी ; **—али́стика** (स्त्री०) दंड-विधान ; **—áльный** (वि०) दंड-सम्बन्धी ; दंड्य ; **—олóгия** (स्त्री०) अपराध-विज्ञान ।

кристáлл (पुं०) स्फटिक ; बिल्लौर ; **—изи́ровать** (अपू० और पू०) (—рую) रवा करना या बनाना ; दाने जमाना ।

кристáльный (वि०) १. बिल्लौरी ; बिल्लौर का ; २. (बिल्लौर की भाँति) निर्मल ; स्फटिक-शुभ्र ; ३. एकदम स्पष्ट ।

критéрий (पुं०) कसौटी ; служи́ть к. कसौटी होना ।

кри́ти||к (पुं०) समालोचक ; आलोचक ; **—ка** (स्त्री०) समालोचना ; आलोचना ; गुणदोष-विवेचन ; **—кáн** (पुं०) छिद्रान्वेषक ; दोषदर्शी ; टीका-टिप्पणी करनेवाला ; **—ци́зм** (पुं०) १. समालोचना ; २. टीका-टिप्पणी ।

крити́ческ||ий (वि०) १. आलोचनात्मक ; —ая статья́ आलोचनात्मक लेख ; २. शोचनीय ; नाज़ुक ; —ое положéние शोचनीय स्थिति, नाज़ुक हालत ।

кричáть (अपू०), **кри́кнуть** (पू०) १. चिल्लाना ; चीख़ मारना ; बहुत ऊँचे बोलना ; २. पुकारना ; बुलाना ; к. о пóмощи सहायता के लिए पुकारना ।

кров (पुं०) (केवल एकवचन) आश्रय ; घर ; лишённый —а बेघरबार ।

кровáв||ый (वि०) १. लहू का ; २. ख़ून से लथपथ ; к. понóс आँव के साथ ख़ून गिरना ; ☐ —ая бáня हत्याकांड ; क़त्लेआम ।

кровáтка (स्त्री०) кровáть का अल्प० ।

кровáть (स्त्री०) चारपाई ; पलँग ; खटिया ; дéтская к. खटोला ; лечь в к. सो जाना ।

крóвельный (वि०) छत-सम्बन्धी ; छत का ।

кровенóсн||ый (वि०) : —ая систéма रक्त-संचार-प्रणाली ; —ые сосýды रक्तवाहिनी नाड़ियाँ ।

крови́нк||а (स्त्री०) रक्त की बूँद ; ни —и в лицé सफ़ेद फक चेहरा ।

кро́вля (स्त्री०) छत ; желе́зная к. लोहे की छत ।

кро́вн‖ый (वि०) १. रक्त का ; खून का ; —ое родство́ खून का रिश्ता ; २. (पशु) (अच्छी) नस्ल का ; —ая ло́шадь (अच्छी) नस्ल का घोड़ा ; ३. मार्मिक ; ४. (घाव) गहरा ; (अपमान) घोर ; □ —ая месть रक्तपातमय प्रतिकार ; खून के बदले खून ; к. враг जानी दुश्मन ; —ые де́ньги खून-पसीने की कमाई ; पसीने से कमाया हुआ धन ।

кровожа́дн‖ость (स्त्री०) रक्त-पिपासा ; क्रूरता ; **—ый** (वि०) रक्त-पिपासु ; खून का प्यासा ; क्रूर ; निर्दयी ।

кровоизлия́ние (नपुं०) रक्तस्राव ; खून का बहना ।

кровообраще́ние (नपुं०) रक्त-संचार ।

кровопи́йца (स्त्री०) खून चूसनेवाला ; धन ऐंठनेवाला ।

кровоподтёк (पुं०) आघात ; चोट ।

кровопроли́т‖ие (नपुं०) रक्तपात ; **—ный** (वि०) रक्तपात का ।

кровопуска́ние (नपुं०) १. (चिकि०) फ़स्त खोलना ; २. हत्याकांड ।

кровосме‖си́тель (पुं०) (सगोत्रजा स्त्री से) वर्जितगमन/वर्जित सम्भोग करनेवाला ; **—ше́ние** (नपुं०) (सगोत्रजा स्त्री से) वर्जितगमन/वर्जित सम्भोग ।

кровотече́ние (नपुं०) रक्तस्राव ; к. и́з носу नाक से खून बहना ।

кровоточи́‖ть (अपू०) रक्त बहना ; ра́на си́льно —т घाव से खूब ख़ून बह रहा है ।

кровоха́рканье (नपुं०) थूक के साथ ख़ून आना ।

кров‖ь (स्त्री०) रक्त ; रुधिर ; ख़ून ; останови́ть к. (घाव से) रक्त का बहना बन्द कर देना ; в —и́ ख़ून से लथपथ ; э́то у него́ в —и́ यह उसके ख़ून में है ; у него́ к. кипи́т उसका ख़ून खौल रहा है ; пролива́ть к. रक्तपात करना ; **—яни́стый** (वि०) ख़ूनवाला ; सरक्त ; —яни́стое мя́со ख़ूनवाला माँस ; **—яно́й** (त्रि०) रक्त का ; ख़ून का ; —я́ное давле́ние रक्त-दाब, ख़ून का दबाव ।

крои́ть (अपू०), **с—** (पू०) (वर्त० крою́, крои́шь) (कपड़े) ब्योंतना ; कटाई करना ; к. пальто́ कोट ब्योंतना ।

кро́йка (स्त्री०) (कपड़ों का)ब्योंत ; कटाई ।

краке́т (पुं०) क्राकेट (एक खेल) ।

кроки́ (नपुं०) ख़ाका ; रेखाचित्र ।

крокоди́л (पुं०) मकर ; मगरमच्छ ; **—овый** (वि०) मगरमच्छ का ; —овая ко́жа मगरमच्छ की खाल ; □ —овы слёзы मिथ्या विलाप ; झूठा रुदन ।

кро́ли‖к (पुं०) शशक ; **—ково́д** (पुं०) शशक-पालक ; **—ково́дство** (नपुं०) शशक-पालन ; **—чий** (त्रि०) शशक का ; —чий мех शशक की पोस्तीन ।

крольча́тник (पुं०) शशक का पिंजड़ा ; शशक के रहने के लिए बनाया हुआ स्थान ।

кро́ме (अ०) अतिरिक्त ; अलावा ; सिवा ; к. того́ उसके अतिरिक्त ।

кроме́шн‖ый (वि०) : к. ад नरक ; тьма —ая घोर अँधेरा ।

кро́мка (स्त्री०) किनारा ; छोर ; गोट ; संजाप ।

кромса́ть (अपू०), **ис—** (पू०) (लापरवाही से) टुकड़े-टुकड़े करना ; к. хлеб रोटी के टुकड़े करना ।

кро́на (स्त्री०) **I.** क्राउन (अंग्रेज़ी सिक्का) ; **II.** तरुशिखा ।

кронци́ркуль (पुं०) (गोल वस्तु का भीतरी या बाहरी व्यास नापने का) परकार ।

кронште́йн (पुं०) ताख ; к. для ла́мпы लैम्प रखने का ताख ।

кропа́ть (अपू०) १. फूहड़पन से करना ; जल्दबाज़ी में करना ; २. भद्दी लिखाई लिखना ।

кропи́‖ть (अपू०) (वर्त० кроплю́, кропи́шь) छींटे देना ; ме́лкий до́ждь —л у́лицы हल्की वर्षा से सड़क गीली हो गयी ; це́лый день —л до́ждь सारा दिन बूँदा-बाँदी होती रही ।

кропотли́в‖ый (वि०) १. परिश्रम का ; मेहनत का ; —ая рабо́та (परिश्रम का) प्रारम्भिक

काम; तैयारी का काम ; २. परिश्रमी ; मेहनती (आदमी) ।

крот (पुं०) छछूँदर।

крóткий (वि०) विनीत ; विनम्र ; к. ребёнок विनम्र बालक ।

кротóвый (वि०) छछूँदर का ।

крóтость (स्त्री०) विनम्रता ; विनय ।

крохá (स्त्री०) (रोटी का) कौर ; (बहु०) जूठन ।

крохобóр (पुं०) बाल की खाल निकालनेवाला ; **—ство** (नपुं०) बाल की खाल निकालने का कार्य ।

крóхотный (वि०) नन्हाँ ; छोटा ; к. ребёнок नन्हाँ बच्चा ।

крóшево (नपुं०) खिचड़ी ; गड्डबड्ड ।

крóшеч||ка = крóшка ; —ный = крóхотный.

крошúть (अपू०) तोड़ना ; छोटे-छोटे टुकड़े करना; काटकर टुकड़े-टुकड़े करना ; к. кýрам хлеб मुर्गियों को रोटी के छोटे-छोटे कौर बनाकर डालना ।

крóшк||а (स्त्री०) १. (रोटी का) कौर ; टुकड़ा ; □ ни —и कण भी नहीं ।

круг (पुं०) १. वृत्त ; चक्र ; घेरा ; плóщадь —а (गणित) वृत्त का क्षेत्रफल ; к. развúтия विकास-चक्र; к. жúзни जीवन-चक्र ; беговóй к. दौड़-चक्कर ; २. मंडल ; क्षेत्र ; э́то не вхóдит в к. моúх обя́занностей यह मेरे कार्य-क्षेत्र में नहीं आता ; правúтельственные —ú सरकारी हल्के ; к. знакóмых परिचित वृत्त ; в тéсном —ý, в своём —ý मित्रमंडली में ; □ на к. औसत से ; порóчный к. दूषित चक्र ।

крýгленький (वि०) १. крýглый का अल्प०; २. गोलमटोल ।

кругл||éть (अपू०), **о—, по—** (पू०) गोल हो जाना ; **—овáтый** (वि०) गोल-सा ।

круглоголóвый (वि०) गोल सिरवाला ।

круглолúцый (वि०) गोल चेहरेवाला ।

круглосýточный (वि०) पूरे दिन-रात का ; चौबीस घंटों का ।

крýгл||ый (वि०) १. गोल ; २. पूर्ण ; पूरा ; पक्का ; к. дурáк पूरा/निरा मूर्ख ; —ое невéжество पूर्ण अज्ञान ; □ к. год पूरे वर्ष भर ; सारा वर्ष ; —ые сýтки पूरे दिन-रात ; —ые цúфры पूर्ण संख्या ; पूर्ण अंक ।

кругов||óй (वि०) वर्तुलाकार ; चक्राकार ; □ —ая порýка परस्पर प्रतिभूति ।

круговорóт (पुं०) घूर्णन ; चक्रानुवर्तन ; चक्कर; к. времён года ऋतुओं का चक्रानुवर्तन ।

кругозóр (पुं०) १. क्षितिज ; २. विचार ; दृष्टिकोण ; политúческий к. राजनीतिक दृष्टिकोण ।

кругóм (क्रि० वि०) १. चक्कर में ; चारों ओर ; повернýться к. चक्कर खाना ; к. мнóго лесóв चारों ओर जंगल ही जंगल है ; २. पूरी तरह से ; पूर्णरूपेण ; вы к. виновáтый इसमें सरासर आपका ही कुसूर है ; □ у меня́ головá идёт крýгом मेरा सिर चकरा रहा है ; मुझे, चक्कर आ रहे हैं ।

кругооборóт (पुं०) परिक्रमा ; चक्रण ; परिचलन ।

кругообрáзный (वि०) गोलाकार ।

кругосвéтный (वि०) पृथ्वी के चारों ओर का ।

кружáло (नपुं०) १. (मेहराब की चिनाई करने के लिए) कमान जैसा लकड़ी का तख्ता ; २. (कुम्हार का) चाक ।

кружевн||úца (स्त्री०) झालर बुननेवाली ; **—óй** (वि०) झालर का ।

крýжево (नपुं०) झालर ।

кружéние (नपुं०) परिक्रमण ; चक्रण ; चक्कर खाने की क्रिया ।

кружúть (अपू०) १. चक्कर देना ; घुमाना ; २. चक्कर काटना ; घूमना ; **—ся** (आत्म०) चक्कर खाना ; घूमना ; □ у меня́ кружúтся гóлова मेरा सिर चकरा रहा है ; मुझे चक्कर आ रहे हैं ।

крýжка (स्त्री०) १. मग (बीयर आदि पीने का बड़ा प्याला) ; २. दान-पात्र ; ३. डूश (नली द्वारा शरीर के भीतर या बाहर पिचकारी देने का यन्त्र) ।

кружкóвый (वि०) кружóк-२ से वि० ।

крýжный (वि०) चक्करदार ; कुटिल ; टेढ़ा ; к. путь चक्करदार रास्ता ; टेढ़ा रास्ता ।

кружо́к (पुं०) १. круг का अल्प० ; २. मंडली ; सभा ; драмати́ческий к. नाटक-मंडली ।

круп (पुं०) **I.** बच्चों की गले की एक बीमारी ; **II**. (घोड़े आदि का) नितम्ब देश ; पृष्ठ भाग ।

крупа́ (स्त्री०) (केवल एकवचन) १. (विशेष यन्त्र द्वारा) भूसी निकाला हुआ अन्न का दाना ; ма́нная к. सूजी ; २. दानेदार वर्फ़ ।

крупи́нк‖а (स्त्री०) कण ; ни —и пра́вды सरासर झूठ ।

крупи́ца = крупи́нка.

кру́пно (क्रि० वि०) к. наре́зать बड़े-बड़े टुकड़े काटना ।

крупнозерни́стый (वि०) मोटे दानोंवाला ।

кру́пн‖ый (वि०) १. बड़ा ; к. рога́тый скот मवेशी ; к. песо́к बड़े कणवाली (मोटी) रेत ; २. महत्वपूर्ण ; प्रमुख ; अनन्य ; —ые собы́тия महत्वपूर्ण घटनाएँ ; к. учёный प्रमुख वैज्ञानिक/विद्वान ; ३. भव्य ; लम्बा ; सुगठित (व्यक्ति) ।

крупча́т‖ка (स्त्री०) महीन आटा ; मैदा ; **—ый** (वि०) दानेदार ।

крутизна́ (स्त्री०) ढाल ।

крути́ть (अपू०) (वर्त० кручу́, кру́тишь) वटना ; मोड़ना ; मरोड़ना ; к. верёвку रस्सी वटना ; к. шёлк रेशम वटना ; к. усы́ मूँछें मरोड़ना ; मूँछों पर ताव देना ।

кру́т‖о (क्रि० वि०) १. ढलवाँ होकर ; टेढ़ा ; २. अनायास ; अचानक ; ३. कठोरतापूर्वक ; к. посоли́ть अधिक नमक डालना ; **—о́й** (वि०) १. ढलवाँ ; ढालू ; —ой бе́рег ढलवाँ तट ; २. आकस्मिक ; अचानक ; —а́я переме́на आकस्मिक परिवंतन ; ३ कठोर ; —о́й нрав कठोर स्वभाव ; ☐ —о́е яйцо́ पूरा उवला हुआ अंडा ; —а́я ка́ша गाढ़ा काशा (लपसी) ; **—ость** (स्त्री०) १. ढलवाँपन ; २. कठोरता ।

кру́ча (स्त्री०) ढाल ।

круче́ние (नपुं०) (सूत) बटने या कातने की क्रिया ।

кручён‖ый (वि०) वटा हुआ ; —ые ни́тки वटा हुआ सूत ।

кручи́‖на (स्त्री०) (कविता में प्रयुक्त) विलाप ; शोक ; दुःख ; **—иться** (आत्म० अपू०) (काव्य) शोक मनाना ; विलाप करना ।

круше́ние (नपुं०) टूटना ; नाश ; पतन ; к. по́езда रेल-दुर्घटना ; к. наде́жд आशाओं पर पानी फिर जाना ।

круши́ть (अपू०) तोड़ना ; नाश करना ; वरवाद करना ।

крыжо́вник (पुं०) झरवेरी ।

крыла́т‖ый (वि०) पंखोंवाला ; ☐ —ые слова́ लोकोक्तियाँ ; मुहावरे ।

крыло́ (नपुं०) (वहु० кры́лья) १. पंख ; २. (पनचक्की के) पंखे के हाथ ; ३. पंकरक्षी ; (पहिये को कीचड़ या पानी से बचाने का साधन) (अंग्रेज़ी—मडगार्ड) ; маха́ть кры́льями पंख फड़फड़ाना ।

кры́лышко (नपुं०) крыло́ का अल्प० ।

крыльцо́ (नपुं०) वरसाती (अंग्रेज़ी—पोर्च) ।

кры́нка (स्त्री०) मिट्टी का वर्तन ।

кры́с‖а (स्त्री०) चूहा ; **—и́ный** (वि०) चूहे का ; **—оло́в** (पुं०) चूहे पकड़नेवाला ; **—оло́вка** (स्त्री०) चूहेदानी ; चूहे पकड़ने का पिंजड़ा ।

крыть (अपू०), **по—** (पू०) (वर्त० кро́ю, кро́ешь) ढाँपना ; छत डालना ; छप्पर डालना ; к. и́збу соломо́й झोंपड़ी पर घास का छप्पर डालना ; **—ся** (आत्म०) निहित होना ; छिपना ; в его́ слова́х кро́ется угро́за उसके शब्दो में धमकी का स्वर निहित है ; здесь что́-то кро́ется इसके पीछे कुछ छिपा है ।

кры́ша (स्त्री०) छत ; желе́зная к. लोहे या टीन की छत ।

кры́шка (स्त्री०) ढक्कन ; к. ча́йника चायदानी का ढक्कन ।

крюк (स्त्री०) १. (धातु या लकड़ी की) खूँटी ; काँटा ; हुक ; заби́ть к. в. сте́ну दीवार में खूँटी गाड़ना ; २. (रास्ते का) फेर ; चक्कर ; он пошёл не той доро́ге и сде́лал большо́й к. वह उस रास्ते से नहीं गया परन्तु बड़ा चक्कर काटा ।

крю́ч||ить (अपू०), **с—** (पू०) (कर्तृ-निरपेक्ष) его́ —ит от бо́ли पीड़ा के कारण वह इँठा जा रहा है ; **—ся** (आत्म०) (पीड़ा के कारण) इँठना ।

крючкотво́р (पुं०) (घूस लेने के उद्देश्य से काम में) हीला-हवाला करनेवाला (मुख्यतः दफ़्तर का बाबू) ।

крючкотво́рство (नपुं०) (दफ़्तर के बाबू आदि का घूस लेने के उद्देश्य से) हीला-हवाला करना ।

крючо́к (पुं०) १. (मछली पकड़ने का) काँटा ; (बन्दूक आदि का) घोड़ा ; २. = крючкотво́р.

крюшо́н (पुं०) १. प्याला ; २. सफ़ेद् शराब ; रम और ब्रांडी का मिश्रण ।

кря́ду (क्रि० वि०) = подря́д-२.

кряж (पुं०) १. (कम ऊँची) पर्वतश्रेणी ; २. (लकड़ी का) टुकड़ा ।

кря́ка||нье (नपुं०) (बत्तख़ की) टर्राहट ; **—ть** (अपू०), **кря́кнуть** (पू०) (बत्तख़ का) टर्राना ।

кря́ква (स्त्री०) जंगली बत्तख़ ।

крякну́ть दे० кря́кать.

кряхте́нье (नपुं०) कराह ।

кряхте́ть (अपू०) (वर्त० кряхчу́,кряхти́шь) कराहना ।

кста́ти (क्रि० वि०) १. उपयुक्त अवसर पर ; मौक़े पर ; замеча́ние бы́ло сде́лано к. टिप्पणी सुसंगत थी ; де́ньги пришли́сь к. धन उपयुक्त अवसर पर मिला ; о́чень к. अत्यन्त अभिनन्दनीय ; २. संयोगवश ; प्रसंगवश ।

кто (सर्व०) १. (प्रश्नसूचक) कौन ; кто э́то? कौन है ? ; २. (सम्बन्धसूचक) जो ; тот кто वह जो ; ३. कोई; кто ждáл пи́сем, кто газе́т कोई चिट्ठियों की प्रतीक्षा कर रहा था और कोई समाचार-पत्रों की ; ३. кто ни, кто. . . . . ни जो भी ; जिसको भी ; кто ни придёт जो भी आयेगा ; кто бы то ни был जो कोई भी हो ।

кто-либо, кто-нибу́дь (अनिश्चयवाचक सर्वनाम) कोई ।

кто-то (अनिश्चयवाचक सर्वनाम) कोई ।

куб (पुं०) **I.** (गणित) घन ; **II.** पानी उबालने या अर्क़ खींचने का बर्तन ।

ку́барем (क्रि० वि०) : скати́ться к. с ле́стницы सीढ़ी पर वेग से उतरना ।

куба́рь (पुं०) (बच्चों की खेलने की) फिरकी ; चकई ।

куби́ческ||ий (वि०) घन- ; —ые ме́ры घन-माप ; к. ко́рень घनमूल ।

ку́бок (पुं०) १. कुम्भक ; प्याला ; बीकर ; २. (प्रतियोगिता का) पात्र ; कप ।

кубы́шка (स्त्री०) १. (धन रखने की) सन्दूक़ची ; पेटी ; २. गोलमटोल स्त्री या लड़की ।

кува́лда (स्त्री०) १. छोटा हथौड़ा ; २. मोटी/बेडौल स्त्री ।

кувши́н (पुं०) मटका ; घड़ा ; к. для молокá दूध का मटका ।

кувши́нка (स्त्री०) कुमुदिनी ।

кувырк||а́нье (नपुं०) कलाबाज़ी ; कलैया ; उलटबाज़ी ; **—а́тьтя** (आत्म० अपू०), **кувырну́ться** (आत्म० पू०) कलाबाज़ी करना ; कलैया खाना ।

кувырко́м (क्रि० वि०) उलट-पुलट ; उथल-पुथल ।

куда́ (क्रि० वि०) (प्रश्नसूचक और सम्बन्धसूचक) १. कहाँ (को) ? ; (गतिसूचक) किधर ? ; кудá он идёт ? वह कहाँ जा रहा है ? ; २. кудá ни, кудá ... ни जहाँ (को) भी ; кудá бы он ни пошёл जहाँ भी वह जाये ; ३. क्यों ; किसलिए ; к. вам сто́лько де́нег ? आपको इतना धन किसलिए चाहिए ? ; ४. अधिक ; कहीं ; к. лу́чше अधिक अच्छा ; कहीं अच्छा ; хоть к. ! बहुत अच्छा ! ; пáрень хоть к. ! बहुत ही सज्जन ! ; к. как хорошó इसमें घमंड करने की कोई बात नहीं ; к. тебе́ ! यह तुम्हारे बस की बात नहीं ! ; к. ни шло ! जो हो, सो हो !

куда́-либо, куда́-нибу́дь (क्रि० वि०) कहीं (को) (गतिसूचक) ।

куда́хтать (अपू०) (кудáхчу, кудáхчешь) (मुर्ग़ी का) 'कड़कड़' का शब्द करना ।

куде́ль (स्त्री०) पटुआ या सन का मोटा भाग (काते जाने के लिए तैयार) ।

куде́сник (पुं०) (काव्य०) जादूगर ; ऐन्द्रजालिक।

ку́др||и (बहु०) घूँघर ; **—я́виться** (आत्म० अपू०) घूँघर बनना ; **—я́вый** (वि०) घुँघराले बालोंवाला (मनुष्य) ; पत्तेदार (पेड़) ; लच्छेदार ; आलंकारिक (भाषा-शैली) ; **—я́шки** (बहु०) घुँघराले बाल।

куз||е́н (पुं०) (चचेरा, ममेरा, फुफेरा) भाई ; **—и́на** (स्त्री०) (चचेरी, ममेरी, फुफेरी) बहिन।

кузне́ц (पुं०) लुहार ; **—кий** (वि०) लुहार का।

кузне́чик (पुं०) टिड्डा।

кузне́чный (वि०) लुहार का।

ку́зница (स्त्री०) लुहार की दुकान।

ку́зов (पुं०) १. (वल्कल आदि की बनी) टोकरी ; २. (गाड़ी का) मुख्य भाग (अंग्रेज़ी—बॉडी) ; ☐ назва́лся груздём, полеза́й в к. फूल के साथ काँटा भी होता है।

кукаре́к||ать (अपू०) (मुर्ग़े का) कुकड़ूँ-कूँ करना ; **—ку́** (मुर्ग़े का) कुकड़ूँ-कूँ।

ку́киш (पुं०) : показа́ть к. अँगूठा दिखाना।

ку́к||ла (स्त्री०) गुड़िया ; теа́тр —ол कठपुतलियों का नाट्यगृह।

кукова́ть (अपू०) (वर्त० —ку́ю) कोयल का कूकना।

ку́колка (स्त्री०) १. ку́кла का अल्प० ; २. सजी-धजी सुन्दर बालिका ; ३. पंख निकलने से पहले की कीट की अवस्था (अंग्रेज़ी—प्यूपा)।

ку́кольный (वि०) गुड़िया का।

ку́кситься (आत्म० अपू०) (ку́кшусь, ку́ксишься) बुरी मनोदशा में होना।

кукуру́з||а (स्त्री०) मकई ; मक्का ; भुट्टा ; **—ный** (वि०) मकई का।

куку́шка (स्त्री०) कोयल।

кула́к (पुं०) **I.** घूँसा ; मुट्ठी ; грози́ть —о́м घूँसा दिखाकर धमकाना ; **II.** कुलाक (प्राचीन रूस में दूसरों का शोषण करनेवाला धनी किसान)।

кула́цкий (वि०) кула́к-II. से वि०।

кула́чн||ый (वि०) кула́к-I से वि० ; —ое пра́во जिसकी लाठी उसकी भैंस ; —ый бой घूँसाबाज़ी।

кулачо́к (पुं०) кула́к-I का अल्प०।

кулебя́ка (स्त्री०) (मछली या गोभी की) कचौड़ी।

кулёк (पुं०) (चटाई आदि का) थैला ; ☐ из кулька́ в рого́жку आसमान से गिरा खजूर में अटका।

кули́к (पुं०) टिटहरी।

кулина́р (पुं०) पाकविद्या-विशेषज्ञ ; रसोइया ; **—ия** (स्त्री०) पाकविद्या ; **—ный** (वि०) पाकविद्या-सम्बन्धी ; पाकशाला-सम्बन्धी।

куло́н (पुं०) **I.** विद्युत्-शक्ति का नाप ; बिजली का परिमाण जितना एक सैकिंड में अम्पियर धारा ले जाती है ; **II.** (आभूषण) पेंडल।

кулуа́р (पुं०) उपान्तिका (अंग्रेज़ी—लॉबी) ; разгово́ры в —ах उपान्तिका-सम्भाषण ; लॉबी की बातचीत।

куль (पुं०) थैला ; चटाई का थैला।

кульмин||а́ция (स्त्री०) पराकाष्ठा ; **—и́ровать** (अपू० और पू०) (—рую) पराकाष्ठा को प्राप्त करना।

культ (पुं०) पूजा।

культ- (культу́рный) सांस्कृतिक।

культ||ива́тор (पुं०) जुताई करने का यन्त्र ; **—ива́ция** (स्त्री०) जुताई ; **—иви́ровать** (अपू०) (—рую) १. जुताई करना ; (खेती द्वारा) संवर्द्धन करना ; उत्पादन करना ; उगाना २. विकसित करना ; —иви́ровать нау́чные спо́собы рабо́ты काम के वैज्ञानिक साधनों को विकसित करना।

культу́ра (स्त्री०) संस्कृति ; सभ्यता।

культу́рно (क्रि० वि०) शिष्टता से ; सभ्यता से ; **—бытово́й** (वि०) जीवन-स्थिति सुधारने का ; **—просвети́тельный** (वि०) सांस्कृतिक और शैक्षिक।

культу́рн||ость (स्त्री०) संस्कृति ; सभ्यता ; **—ый** (वि०) १. शिक्षित ; सभ्य ; शिष्ट ; सुसंस्कृत ; २. सांस्कृतिक ; —ый у́ровень सांस्कृतिक स्तर ; —ый це́нтр सांस्कृतिक केन्द्र ; —ый рост सांस्कृतिक उन्नति ; ३. कृषि-सम्बन्धी ; —ые поро́ды वर्द्धित प्रजाति।

культя́, культя́пка (स्त्री०). (लूले-लँगड़े हाथ या पाँव का) अवशिष्टांश / ठूँठ।

кум (पुं०) (बच्चे का) धर्म-पिता ; (सम्बोधन में) मित्र ! ; यार !

кума́ (स्त्री०) (बच्चे की) धर्म-माता।

куманёк (पुं०) кум का अल्प०।

кума́ч (पुं०) लाल सूती कपड़ा।

куми́р (पुं०) (पूजा के लिए) मूर्ति।

кумовство́ (नपुं०) १. (समधियों का-सा) मित्रता का सम्बन्ध ; २. कुनबापरस्ती।

ку́мушка (स्त्री०) १. кума́ का अल्प० ; २. चुग़लख़ोर स्त्री।

кумы́с (पुं०) कुमीस (घोड़ी के दूध का दही)।

кунжу́т (पुं०) (वन०) तिल ; **—ный** (वि०) तिल का ; —ное ма́сло तिल का तेल।

куни́ца (स्त्री०) कशिक (कीमती पोस्तीनवाला नेवले की तरह का एक जानवर)।

купа́‖льный (वि०) नहाने का ; **—льня** (स्त्री०) स्नानघाट ; ग़ुसलख़ाना ; स्नानागार ; **—льщик** (पुं०), **—льщица** (स्त्री०) नहानेवाला/वाली ; **—нье** (नपुं०) स्नान।

купа́ть (अपू०), **вы́купать** (पू०) स्नान कराना ; नहलाना ; ग़ुसल कराना ; **—ся** (आत्म०) स्नान करना ; नहाना ; ग़ुसल करना ; □ —ся в зо́лоте दौलत में खेलना।

купе́ль (स्त्री०) बपतिस्मा देते समय जल रखने का बड़ा पात्र।

купе́‖ц (पुं०) सौदागर ; व्यापारी ; **—ческий** (वि०) सौदागर का ; व्यापारी का ; **—чество** (नपुं०) (समूह०) सौदागर लोग।

купидо́н (पुं०) मदन ; कामदेव।

купи́ть दे० покупа́ть-I

купле́т (पुं०) १. युग्मक ; पद्य की दो पंक्तियाँ/श्लोक ; २. (बहु०) व्यंग्यगीत ; **—и́ст** (पुं०) व्यंग्यगीत गानेवाला।

ку́пля (स्त्री०) क्रय ; к. и прода́жа क्रय और विक्रय ; ख़रीद-फ़रोख़्त।

ку́пол (पुं०) कलश ; गुम्बद।

купоро́с (पुं०) (रस०) कासीस।

ку́пчая (स्त्री०) (वि० रू०) क्रय-पत्र ; बैनामा।

купчи́ха (स्त्री०) १. व्यापारी/सौदागर स्त्री ; २. व्यापारी/सौदागर की पत्नी।

купю́р‖а (स्त्री०) १. काट-छाँट ; статья́ печа́тается без купю́р लेख बिना काट-छाँट के छपता है ; २. पत्र-मुद्रा (बन्धपत्र आदि) का मूल्य ; заём вы́пущен —ами в 5 рубле́й कर्ज़ा पाँच रूबल के बन्धपत्रों में जारी किया गया है।

ку́ра=ку́рица.

курага́ (स्त्री०) सूखी ख़ुबानी (फल)।

кура́житься (आत्म० अपू०) बेहूदगी/मूर्खता की बातें करना।

кура́нты (बहु०) १. सत्रहवीं-अठारहवीं शताब्दी का दरबारी समाचार-पत्र ; २. (दीवार या घंटाघर की) घड़ी ; घंटा।

кура́тор (पुं०) परिरक्षक ; न्यासधारी।

курга́н (पुं०) १. टीला ; क़ब्र २. दुपहिया ठेला-गाड़ी।

кургу́зый (वि०) १. पुच्छकटा ; छिन्नपुच्छ ; २. (वस्त्र) छोटा ; तंग ; к. пиджачёк छोटा या तंग कोट।

курдю́‖к (पुं०) (दुम्बे आदि की) चर्बीदार दुम ; **—чный** (वि०) चर्बीदार दुमवाला ; —чная овца́ दुम्बा।

ку́рево (नपुं०) (केवल एकवचन) १. तम्बाकू ; २. धुआँ।

куре́ние (नपुं०) १. धूमपान ; तम्बाकू पीने की क्रिया ; २. धूप ; सुगन्ध।

кури́льница (स्त्री०) धूपदानी।

кури́льщ‖ик (पुं०), **—ица** (स्त्री०) (बहुत) तम्बाकू पीनेवाला/वाली।

кури́н‖ый (वि०) मुर्ग़ी का ; —ое яйцо́ मुर्ग़ी का अंडा ; —ая слепота́ रतौंद।

кури́тельн‖ый (वि०) तम्बाकू पीने का ; —ая ко́мната तम्बाकू पीने का कमरा।

кури́ть (अपू०) १. तम्बाकू पीना ; к. таба́к तम्बाकू पीना ; २. सुगन्धित करना ; धूप देना ; ३.

अर्क़ खींचना ; **—ся** (आत्म०) १. धुआँ देना ; २. (सिगरेट आदि) सुलगना ; папиро́са не ку́рится सिगरेट बुझ गयी है ; (धुएँ, धुन्ध आदि का) छा जाना ; ३. кури́ть-१,२ का कर्मवाच्य ।

ку́рица (स्त्री०) (बहु० ку́ры) मुर्ग़ी; चूज़ा (मुर्ग़ी का बच्चा) ; у него́ де́нег ку́ры не клюю́т उसके पास रुपये-पैसे का पार नहीं/वह बहुत धनाढ्य है ।

курку́ма (स्त्री०) हल्दी ।

курн||о́й (वि०) : —а́я изба́ बिना चिमनी की अँगीठीवाली झोंपड़ी ।

курно́сый (वि०) छोटी चपटी नाकवाला ।

курово́дство (नपुं०) मुर्ग़ी-पालन ।

куро́к (पुं०) (बन्दूक का) घोड़ा ; спусти́ть к. (बन्दूक का) घोड़ा दबाना ।

куроле́сить (अपू०) (वर्त० куроле́шу, куроле́сишь) अपवचन कहना ; निन्दा करना ।

куропа́тка (स्त्री०) पिद्दी ; तीतर ।

куро́рт (पुं०) स्वास्थ्यप्रद स्थान ; **—ный** (वि०) स्वास्थ्यप्रद स्थान का ।

курс (पुं०) १. पथ ; २. पाठ्यक्रम ; уче́бный к. (शिक्षा) पाठ्यक्रम ; око́нчить к. в университе́те विश्वविद्यालय से स्नातक की उपाधि लेना/विश्वविद्यालय की डिग्री लेना ; он на тре́тьем —е वह (शिक्षा के) तीसरे वर्ष में है ; ३. विनिमय-दर ।

курса́нт (पुं०) छात्र ; (सेना का) कैडिट ।

курси́в (पुं०) (छापे के) तिर्यकाक्षर ; तिरछे अक्षर (अंग्रेजी-इटेलिक्स) ।

курси́ровать (अपू०) (—рую) (जहाज़ों का) एक स्थान से दूसरे स्थान तक आना-जाना ।

курсово́й (वि०) курс से वि० ।

курта́ж (पुं०) आढ़त ; दलाली ।

куртиза́н (पुं०) दरबारी ; राजसेवक ।

куртиза́нка (स्त्री०) गणिका ; वेश्या ।

ку́ртка (स्त्री०) जाकेट ।

курча́вый (वि०) (बाल) घुँघराले ; घुँघराले बालोंवाला ।

ку́ры (बहु०) **I.** दे० ку́рица ; **II.** стро́ить к. (किसी स्त्री के पीछे) घूमना ।

курьёз (पुं०) अद्भुत या अनूठी वस्तु ; **—ный** (वि०) अद्भुत ; अनूठा ; विलक्षण ।

курье́р (पुं०) सन्देशहर ; सन्देशवाहक ; वार्त्ताहर ; дипломати́ческий к. राजनयिक सन्देशहर ।

куря́тина (स्त्री०) मुर्ग़ी या चूज़े (मुर्ग़ी के बच्चे) का माँस ।

куря́щий (पुं०) (वि० रू०) तम्बाकू पीनेवाला ; он к. वह तम्बाकू पीता है ।

куса́ть (अपू०) १. (दाँतों से) काटना ; э́та соба́ка не куса́ет यह कुत्ता काटता नहीं ; २. (मक्खी, चींटी आदि का) काटना; डंक मारना; **—ся** (आत्म०) १. काटना ; соба́ка куса́ется कुत्ता काटता है ; २. (एक-दूसरे को) काटना ; смотри́те смотри́те, соба́ки-то как куса́ются ! देखिए, कुत्ते एक दूसरे को कैसे काट रहे है ! ; ३. (किसी चीज़ का) बहुत महँगा होना ; э́то куса́ется यह बहुत महँगा है ।

куса́чки (बहु०) (तार आदि काटने का) प्लास ; कैंची ।

кус||о́к (पुं०) टुकड़ा ; खंड ; भाग ; अंश ; खाँड का ढेला ; разби́ть на —ки́ टुकड़े-टुकड़े करना ; ☐ к. хле́ба जीविका ; रोटी का टुकड़ा ; зараба́тывать свой к. хле́ба अपनी जीविका कमाना ।

кусо́чек (पुं०) кусо́к का अल्प० ।

куст (पुं०) **I.** झाड़ी ; солове́й поёт в —ах बुलबुल झाड़ियों में कू-कू कर रही है ; **II.** (उद्योग-संस्थाओं का) संघ ।

куста́рник (पुं०) १. झाड़ी ; २. (समूह०) झाड़ियाँ ; झाड़ीदार जंगल ।

куста́рничать (अपू०) १. हस्तशिल्पी बनना ; दस्तकारी का काम करना ; २. आदिम तरीक़े प्रयोग में लाना ।

куста́рн||ый (वि०) १. कुटीर-उद्योग का ; —ые изде́лия कुटीर-उद्योग में तैयार की हुई वस्तुएँ, दस्तकारी का माल ; —ая промы́шленность कुटीर-उद्योग , गृह-उद्योग ; २. आदिम ; —ые приёмы (काम करने के) आदिम ढंग ।

куста́рь (पुं०) हस्तशिल्पी ; दस्तकार ।

кýтать (अपू०) ढाँपना ; (-में) लपेटना ; **—ся** (आत्म०) (अपने आपको) ढाँपना ; ओढ़ना ।

кутёж (पुं०) अतिपान (कोलाहल-सहित)।

кутерьмá (स्त्री०) हल्ला-गुला ; गड़बड़ी ; अस्त-व्यस्तता ।

кутúла (पुं०) लम्पट ; विषयासक्त ; दुराचारी ।

кутúть (अपू०) (वर्त० кучý, кýтишь) मद्योत्सव मनाना ; रंगरेलियाँ मनाना ।

кутýзк||а (स्त्री०) हवालात ; пьяного посадúли в —у शराबी को हवालात में बन्द कर दिया ।

кухáрка (स्त्री०) रसोई बनानेवाली स्त्री ।

кýхня (स्त्री०) १. रसोई ; २. भोजन बनाने का उपकरण ; ३. भोजन ; мне не нрáвится францýзская к. मुझे फ़्रांसीसी खाना नहीं भाता ; ४. षड्यन्त्र ; कुचक्र ।

кýхонный (वि०) रसोई का ; к. рабóчий रसोई में काम करनेवाला ; к. нож रसोई में काम आनेवाला चाकू ।

кýц||ый (वि०) **I.** १. पुछकटा ; २. (कपड़ा) तंग ; छोटा ; ३. सीमित ; —ые свобóды सीमित स्वातन्त्र्य ; **II.** (काव्य०) शशक ।

кýча (स्त्री०) समूह ; ढेर ; навóзная к. गोबर का ढेर ।

кýчер (पुं०) कोचवान ; **—скóй** (वि०) कोचवान का ।

кýчка (स्त्री०) кýча का अल्प० ; к. людéй लोगों का छोटा-सा दल ।

куш (पुं०) बड़ी रक़म ; сорвáть к. बड़ी रक़म छीनना ।

кушáк (पुं०) कमरबन्द ; पेटी ।

кýшанье (नपुं०) भोजन ; खाद्य पदार्थ ।

кушáть (अपू०), **с—** (पू०) खाना ; भोजन करना ; (चाय आदि) पीना ; к. чай चाय पीना ; пожáлуйте к. कृपया भोजन कीजिए ; भोजन तैयार है ।

кушéтка (स्त्री०) काउच ; सोफ़ा ।

Л

лабиа́льный (वि०) ओष्ठ्य ।

лабири́нт (पु०) भूलभुलैयाँ ; गोरखधन्धा ; л. коридо́ров बरामदों की भूलभुलैयाँ ; л. жи́зни जीवन का गोरखधन्धा ।

лабора́нт (पु०), **—ка** (स्त्री०) प्रयोगशाला-सहायक ।

лаборато́рия (स्त्री०) प्रयोगशाला ; अनुसन्धान-शाला ।

ла́ва (स्त्री०) (ज्वालामुखी पहाड़ में से निकलने वाला) भूराल ; लावा ।

лава́нда (स्त्री०) लैवेंडर (एक सुगन्धित पौधा) ।

лави́на (स्त्री०) हिमानी ।

лави́ровать (अपू०) (वर्त० —рую) जहाज़ का वायु के विरुद्ध दायें-बायें होकर चलना ।

ла́вка (स्त्री०) **I.** पुराने रूसी किसानों के घरों में बैठने के लिएं दीवार में गड़ा तख्ता / बेंच ; **II.** छोटी दुकान (अंग्रेज़ी—कैंटीन) ; ☐ мо́дная л. फ़ैशन की दुकान ।

ла́вочка (स्त्री०) ла́вка का अल्प० ।

лавр (पु०) १. सेहरा ; २. जयपत्र (चमकदार पत्तियोंवाला एक पौधा) ।

ла́вра (स्त्री०) (प्रथम श्रेणी का) मठ ; विहार ।

лавро́вый (वि०) лавр से वि० ।

ла́герный (वि०) ла́герь से वि० ।

ла́герь (पु०) १. शिविर ; कैम्प ; २. दल ।

лад (पु०) १. सामंजस्य ; समस्वरता ; एकता ; मेल ; жить в —у́ मेल से रहना ; २. रीति ; ढंग ; на ра́зные —ы́ विभिन्न रीतियों से ; на но́вый л. नयी रीति से, नये ढंग से ; на ста́рый л. पुराने ढंग से ; ३. (संगीत) ताल ; सुर ; петь в л. सस्वर गाना ; सुर-ताल में गाना ।

ла́дан (पु०) सुगन्धित धूप ; लोहबान ; ☐ дыша́ть на л. एक पाँव क़ब्र में होना ।

ла́данка (स्त्री०) तावीज़ ; जन्तर ।

ла́д||ить (अपू०) (वर्त० ла́жу, ла́дишь) सहमत होना ; एकता का भाव रखना ; मेल रखना ; они́ не —ят उनकी बनती नहीं, उनकी अनबन है ; л. одно́ и то́ же एक ही बात की रट लगाना ; **—иться** (आत्म०) : де́ло не ла́дится काम ठीक नहीं चल रहा है ।

ла́дно (क्रि० वि०) १. एकता से ; मेल से ; २. अच्छा ! ; बहुत अच्छा ! ; ३. सफलतापूर्वक ; भली प्रकार से ।

ладо́н||ь (स्त्री०) करतल ; हथेली ; —ью вверх हथेली ऊपर करके ।

ладо́ши (बहु०) ладо́нь का अल्प० ; бить, хло́пать в л. ताली बजाना ।

лады́жка = лоды́жка.

ладья́ (स्त्री०) १. (काव्य०) नाव ; किश्ती ; २. (शतरंज में) हाथी / रुख ।

лаз (पु०) भूगर्भस्थ नाले में घुसने का छिद्र ।

ла́занье (नपु०) : л. по дере́вьям पेड़ों पर चढ़ना ; л. по кана́ту रस्से पर चढ़ना ।

лазаре́т (पु०) (स्कूल, सेना या जेल में) अस्पताल ; (जहाज़ पर) रोगियों का कक्ष ।

ла́зать = ла́зить.

лазе́йка (स्त्री०) (घुसने का) छिद्र ; л. в забо́ре मेंड़ में से घुसने का छिद्र ।

ла́зить (अपू०) (ла́жу, ла́зишь) दे० лезть, अन्तर केवल इतना है कि лезть निश्चित दिशा की ओर गति और कार्य का एक बार होना सूचित करता है और ла́зить कार्य के विभिन्न समय पर बार-बार होने और विभिन्न दिशाओं की ओर गति सूचित करता है ; он два ра́за ла́зил на сте́ну वह दीवार पर दो बार चढ़ा ; вме́сте мы по забо́рам ла́зили हम मिलकर मेंड़ों पर चढ़ते रहे ।

лазо́ревый = лазу́рный.

лазу́рный (वि०) आसमानी ; आकाश के समान नीला ।

лазу́рь (स्त्री०) नभनील ; आसमानी रंग ।

лазу́тчик (पुं०) (सेना०) खुफ़िया सिपाही ; स्काउट ।

лай (पुं०) कुत्ते की भौं-भौं ।

ла́йка (स्त्री०) **I.** एस्कीमो कुत्ता ; **II.** (बकरी के बच्चे की) खाल ; चमड़ी ।

ла́йковый (वि०) बकरी के बच्चे की खाल का ।

лак (पुं०) पीतल पर चढ़ाने का सुनहरा रोग़न ; वार्निश ।

ла́ка||ть (अपू०) जीभ से चपचप करके पीना ; ко́шка —ет молоко́ बिल्ली दूध पी रही है।

лаке́й (पुं०) दास ; अनुचर ; टहलुआ · सेवक ।

лакирова́ть (अपू०) (—ру́ю) रोग़न करना ; वार्निश करना ;

ла́кмус (पुं०) (रस०) लिटमस ।

ла́ковый (वि०) лак से वि० ।

ла́ком||иться (आत्म० अपू०), **по—** (पू०) (वर्त० ла́комлюсь, ла́комишься) स्वादिष्ट भोजन करना ; स्वाद से खाना ; медве́дь —ится мёдом रीछ शहद को बड़े स्वाद से खाता है ; **—ка** (स्त्री०) पेटू ; चटोरा ; **—ый** (वि०) स्वादिष्ट ; —ое блю́до स्वादिष्ट भोजन ।

лакони́||зм (पुं०) मितभाषण ; संक्षेपोक्ति ; संक्षेपलेखन ; **—ческий** (वि०) अल्प ; संक्षिप्त ; —ческое изве́стие संक्षिप्त समाचार ; **—чность** (स्त्री०) = лакони́зм ; **—чный** =лакони́ческий.

лакта́ция (स्त्री०) दुग्वन ; स्तनपान ; दूव देना ।

лакто́за (स्त्री०) (रस०) दुग्ध ; दुग्ध-शर्करा (अंग्रेजी—लेक्टोज़ा) ।

лакто́метр (पुं०) दुग्धत्वमापी ।

ла́ма (स्त्री०) **I.** (पशु) लामा ; **II.** (तिब्बत का बौद्ध भिक्षु) लामा ।

ла́мпа (स्त्री०) लैम्प ; (रेडियो का) वाल्व ; кероси́новая л. मिट्टी के तेल से जलनेवाला लैम्प ; насто́льлая л. टेबल-लैम्प ।

лампа́дка (स्त्री०) (ईसा की मूर्ति के सामने जलायी जानेवाली) ज्योति ।

лампа́с (पुं०) (अफ़सर की पतलून पर की) रंगदार धारी ।

ла́мповый (वि०) लैम्प का ; (रेडियो के) वाल्व का ।

ла́мпочка (स्त्री०) १. ла́мпа का अल्प० ; २. बिजली का बल्ब ।

ландо́ (नपुं०) लैंडो गाड़ी ।

ла́ндыш (पुं०) दरी-नलिनी (घाटी में उत्पन्न होने वाला फूल का पौधा) ।

ланце́т (पुं०) नश्तर ; चीर-फाड़ करने की छुरी ; **—ный** (वि०) नश्तर का ।

ланцетови́дный (वि०) नश्तर के आकार का ।

лань (स्त्री०) (एक प्रकार का) मृग ।

ла́па (स्त्री०) १. पंजा ; २. (कबूतर की खुली पूँछ के समान) चूल ।

ла́пка (स्त्री०) ла́па का अल्प० ।

ла́поть (पुं०) छाल का बना जूता ।

лапта́ (स्त्री०) लाप्ता (गेंद से खेला जानेवाला एक खेल) ।

лапша́ (स्त्री०) लापशा (एक प्रकार की लपसी) ।

ларе́ц (पुं०) बक्स ; पेटी ; सन्दूक ; (जवाहिरात आदि रखने की) सन्दूकची ।

ла́рчик (पुं०) १. ларе́ц का अल्प० ; ☐ а л. про́сто открыва́лся समाधान बहुत सरल था ।

ларь (पुं०) (लकड़ी का) डिब्बा ; सन्दूकची ।

ла́ска (स्त्री०) **I.** १. आलिंगन ; दुलार ; लाड़ ; २. (केवल एकवचन) भलाई ; **II.** नेवला ; नकुल ।

ласка́тельн||ый (वि०) दुलार का ; प्यार का ; —ое и́мя दुलार/प्यार का नाम ।

ласка́ть (अपू०) दुलार करना ; प्यार करना ; लाड़ करना ; पुचकारना ; **—ся** (आत्म०) (परस्पर) लाड़/प्यार करना ; पुचकारना ।

ла́сков||ость (स्त्री०) कोमलता ; मृदुलता ; **—ый** (वि०) प्रेम-भरा ; मृदुल ; मधुर ; —ые слова́ मधुर शब्द ।

ла́ститься=ласка́ться.

ла́сточка (स्त्री०) अबाबील (चिड़िया) ; ☐ одна́ л. весны́ не де́лает अकेला चना भाड़ नहीं फोड़ता ; пе́рвая л. प्रथम चिह्न, प्रथम लक्षण ।

лата́ть (अपू०) पैबन्द लगाना ; (फटे हुए कपड़े की)

मरम्मत करना ; л. одéжду कपड़े में पैवन्द लगाना ।

латвúйский (वि०) लातविया देश का ।

латéнтн||ый (वि०) निहित ; गुप्त ; भीतरी ; —ая теплотá गुप्त उष्मा ।

лáтный (वि०) कवच का ।

латýк (पुं०) सलाद ।

латýнн||ый (वि०) पीतल का ; —ая прóволока पीतल का तार ।

латýнь (स्त्री०) पीतल ।

лáты (बहु०) कवच ।

лауреáт (पुं०) चूड़ामणि ; शिरोमणि ; л. лéнинской прéмии लेनिन-पुरस्कार-विजेता ।

лафá (विधेय) (कर्तृ-निरपेक्ष) емý л. उसकी चाँदी है/वह बड़ा भाग्यशाली है ।

лафéт (पुं०) तोप-गाड़ी ।

лáцкан (पुं०) कोट के सामने के भाग का मोड़ ।

лачýга (स्त्री०) झोंपड़ी ; छप्पर ; कुटी ।

лачýжка (स्त्री०) лачýга का अल्प० ।

лáять (अपू०) (कुत्ते आदि का) भौंकना ।

лганьё (नपुं०) झूठ बोलने की क्रिया ।

лгать (अपू०), **солгáть, налгáть** (पू०) (वर्त० лгу, лжёшь) १. (солгáть पू० के साथ) झूठ बोलना ; २. (налгáть पू० के साथ) बदनाम करना ; अपयश फैलाना ; झूठी तोहमत लगाना ।

лгун (पुं०), **—ья** (स्त्री०) झूठा पुरुष / झूठी स्त्री ।

лгунúшка (पुं०) मिथ्यावादी मनुष्य ; झूठा ।

лебедá (स्त्री०) (वन०) बथुआ ।

лебедúн||ый (वि०) лéбедь से वि० ; —ая шéя हंस की गर्दन ।

лéбедь (पुं०) हंस ; हंसिनी ।

лебезúть (अपू०) (वर्त० лебежý, лебезúшь) चापलूसी करना ; किसीके आगे झुकना ; л. пéред хозя́ином मालिक की चापलूसी करना ।

лебя́жий (वि०) лéбедь से वि० ।

лев (पुं०) सिंह ; शेर ।

левéть (अपू०), **по—** (पू०) वामपक्षी दल में शामिल होना ; आमूल सुधारवादी होना ।

левизнá (स्त्री०) वामवाद ; आमूल सुधारवाद ।

левосторóнний (वि०) वामपक्षी ; बायीं ओर का ।

левшá (उभ०) खब्बा ; बायें हाथ से काम करनेवाला/वाली ।

лéвый (वि०) १. बायाँ ; २. वामपक्षी ।

легáвый = ляга́вый.

легализúровать (अपू०) (वर्त०—рую) विधानीकरण करना ; विधिसंगत करना ; क़ानून के अनुसार बनाना ।

легализовáть = легализúровать.

легáльн||ость (स्त्री०) वैधता ; विधिवत्ता ; क़ानून के अनुसार होने का भाव ; **—ый** (वि०) वैध ; क़ानूनी ।

легáт (पुं०) पोप-दूत ।

легéнд||а (स्त्री०) दन्तकथा , निजन्धरी ; **—áрный** (वि०) दन्तकथामूलक ; दन्तकथा-सम्बन्धी ; निजन्धरीय ।

легиóн (पुं०) सायुध सैन्य ; दरूथ ।

легислатýра (स्त्री०) विधान-सभा की कार्यविधि ।

легитимúст (पुं०) प्रतिक्रान्ति तथा राजतन्त्र का समर्थक ; वैधतावादी ।

лёгк||ий (वि०) १. हल्का ; २. सहज ; आसान ; सरल ; ३. साधारण ; सामान्य ; मामूली ; —ая простýда मामूली सर्दी ।

легкó (क्रि० वि०) १. सहजता से ; सरलता से ; आसानी से ; э́то емý л. даётся यह उसके लिए आसान है ; २. हल्के से ; हौले से ; л. ступáть हौले से चलना, फूँक-फूँककर क़दम रखना ; □ л. сказáть कहना सहज है, करने से कहना सहज है ।

легков||éрие (नपुं०) सहज विश्वास ; **—ный** (वि०) सहज विश्वास करनेवाला ।

легковéсный (वि०) (बोझ में) हल्का ।

легковóй (वि०) : л. автомобúль मोटरकार ।

лёгк||ое (नपुं०) (वि० रू०) फेफड़ा ; воспалéние обóих —их डबल निमोनिया ।

легкомы́сленн||о (क्रि० वि०) हल्केपन से ; बिना विचारे ; बेसमझे-बूझे ; चंचलता से ;

—ый (वि०) हल्का ; अविवेकी ; बेफ़िक्र ; बेपरवाह ; अस्थिरचित्त ; चंचलचित्त ।

легкомы́слие (नपुं०) हल्कापन ; अविवेक ; बेपरवाही ; अस्थिरता ; चंचलता ।

лёгкость (स्त्री०) १. हल्कापन ; २. सहजता ।

лего́нько (क्रि० वि०) १. थोड़ा-सा ; हल्का-सा ; २. सावधानी से ; धीरे से ।

лёгочный (वि०) फेफड़ा-सम्बन्धी ; फेफड़े का ।

легча́ть (अपू०), **по—** (पू०) (तुषार आदि का) कम होना ; हल्का पड़ना ।

ле́гче лёгкий और лёгко का तर-प्रत्ययान्त रूप ।

лёд (पुं०) बर्फ़ ।

ледене́ть (अपू०) १. जमना ; बर्फ़ में परिणत होना ; २. (ठंड के मारे) सुन्न होना ; अकड़ जाना ;

ледене́ц (पुं०) फल-रस मिली मिठाई ।

ледени́ть (अपू०) जमाना ; बर्फ़ में परिणत करना ; моро́з ледени́т во́ду तुपार पानी को जमा देता है ।

ледни́к (पुं०) १. प्रशीतक (अंग्रेज़ी—रेफ़्रीजरेटर) ; बर्फ़ रखने का बक्स ; २. हिमनदी ।

ледово́й (वि०) (कभी-कभी ледо́вый भी) बर्फ़ का ।

ледоко́л (पुं०) हिमध्वंसी पोत/जहाज ; बर्फ़ तोड़ने का जहाज़ ।

ледоре́з (पुं०) १. बर्फ़ काटनेवाला ; २. पुल की रक्षा करने के लिए उसके अगल-बगल का कंकड़-पत्थरों का ढेर ।

леды́шка (स्त्री०) बर्फ़ का टुकड़ा ।

ледяне́ть (अपू०), **ледяни́ть** (पू०) = ледене́ть और ледени́ть.

ледяно́й (वि०) १. हिमाच्छदित ; बर्फ़ से ढका हुआ ; २. बर्फ़ की तरह ठंडा ; हिम-शीतल ।

лежа́л||ый (वि०) बासी ; पुराना ; देर से पड़ा हुआ ; л. хлеб बासी रोटी ; —ая мука́ देर से पड़ा हुआ (खराब) आटा ।

лежа́нка (स्त्री०) अंगीठी के पास पत्थरों से बना सोने का स्थान (रूस में सर्दी अधिक होने के कारण अंगीठी के पास ही सोने के स्थान बना लिये जाते हैं) ।

леж||а́ть (अपू०) १. लेटना ; (किसी वस्तु का लेटी हुई दशा में) पड़ा होना ; он —и́т в посте́ли वह पलँग पर लेटा है ; кни́га —и́т на столе́ पुस्तक मेज़ पर पड़ी है ; २. स्थित होना ; го́род —и́т на берегу́ мо́ря शहर सागर-तट पर (स्थित) है ; э́то лежи́т на его́ обя́занности यह उसका कर्तव्य है ; э́то —и́т на его́ отве́тственности यह उसकी ज़िम्मेदारी है ।

лежа́чий (वि०) लेटा हुआ ।

лёжк||а (स्त्री०) (केवल एकवचन) बहुत देर तक पड़े रहना ; проводи́ть вре́мя в —е लेटे-लेटे समय गुज़ार देना ; мука́ от —и испо́ртилась ज्यादा देर पड़े रहने से आटा खराब हो गया ; □ лежа́ть в —у (रोगी के विषय में) पलँग पर लेटे रहना ।

лежмя́ (क्रि० वि०) लेटे हुए ; लेटे-लेटे ।

ле́звие (नपुं०) (काटनेवाली या पैनी वस्तु की) धार ; л. ножа́ चाक़ू की धार ।

лезть (अपू०), **по—** (पू०) १. दे० ла́зить ; २. चढ़ना ; ऊपर चढ़ना ; л. на де́рево पेड़ पर चढ़ना ; ३. (-में) घुसना ; л. в во́ду पानी में घुसना ; ४. हस्तक्षेप करना ; टाँग अड़ाना ; л. не во своё де́ло दूसरे के काम में हस्तक्षेप करना ; ५. (बालों का) गिरना ; उतरना ; झड़ना ; ६. ठीक नाप का होना ; फ़िट आना ; сапоги́ ему́ не ле́зут जूते उसके ठीक नहीं आते, जूते उसके नाप के नहीं हैं ।

ле́йка (स्त्री०) (पौधों में) पानी देने का बर्तन ।

лейтена́нт (पुं०) (सेना में) लेफ़्टिनेंट ।

лека́ло (नपुं०) (निर्माण-सम्बन्धी) टेढ़ी लकीरें खींचने का उपकरण ।

лека́рственн||ый (वि०) ओषधि-सम्बन्धी ; (पौधा) ओषधि रूप में प्रयुक्त होनेवाला ; —ое расте́ние जड़ी-बूटी ।

лека́рство (नपुं०) ओषधि ; दवा ; л. от, про́тив ка́шля खाँसी की ओषधि/दवा ; принима́ть л. ओषधि-सेवन करना, दवा लेना ।

ле́карь (पुं०) (घृणासूचक) चिकित्सक ; नीम-हकीम ।

ле́ксика (स्त्री०) शब्दभंडार ; शब्दज्ञान ।

лексикогра́фия (स्त्री०) कोश-संकलन ; कोशरचना-शास्त्र ।

лексико́н (पुं०) शब्दकोश ; शब्द-संग्रह ।

ле́ктор (पुं०) प्राध्यापक ; व्याख्याता ; व्याख्यान/भाषण देनेवाला ।

лекцио́нный (वि०) व्याख्यान-सम्बन्धी ।

ле́кци||я (स्त्री०) व्याख्यान ; भाषण ; чита́ть —ю भाषण देना, व्याख्यान देना ।

леле́ять (अपू०) पोषित करना ; पालना ; л. наде́жду आशा पालना ।

леме́х (पुं०) हल की धार ; फार ।

леме́шный (वि०) леме́х से वि० ।

ле́мма (स्त्री०) (गणित) प्रमेयिका ।

лен (पुं०) (फ़ौजी काम करने के बदले दी गयी) जागीर ।

лён (पुं०) पटुआ ; सन ।

лени́в||ец (पुं०) १. = лентя́й ; २. स्लौथ (अमरीका देश का एक चौपाया जो बहुत धीरे-धीरे चलता है) ; **—ый** (वि०) आलसी ; □ —ые щи ताज़ा बन्दगोभी का सूप ।

лени́ться (आत्म० अपू०) आलस्य करना ; आलस्य में समय नष्ट करना ।

ленини́зм (पुं०) लेनिनवाद ।

ле́нн||ик (पुं०) सामन्त ; जागीरदार ; **—ый** (वि०) सामन्तीय ; सामन्तिक ।

ле́ность (स्त्री०) आलस्य ; सुस्ती ।

ле́нта (स्त्री०) फ़ीता ; रिबन ।

ле́нточка (स्त्री०) ле́нта का अल्प० ।

ле́нточный (वि०) ле́нта से वि० ।

лентя́й (पुं०), **—ка** (स्त्री०) आलसी ; दीर्घसूत्री ।

лениц||а́ (स्त्री०) : он с —о́й वह आलसी है ।

лень (स्त्री०) आलस्य ; सुस्ती ।

леопа́рд (पुं०) तेंदुआ ; बघेरा ।

лепестко́вый (वि०) पंखड़ीदार ।

лепесто́к (पुं०) पंखड़ी ; л. ро́зы गुलाब की पंखड़ी ।

ле́пет (पुं०) तुतलाहट ; गद्गद् वाणी ; де́тский л. बच्चे की तुतलाहट ।

лепета́ние (नपुं०) = ле́пет.

лепета́ть (अपू०), **за—** (पू०) (वर्त० лепечу́, лепе́чешь) अस्पष्ट बोलना ; तुतलाना ; बेकार बातें करना ; де́ти лепечу́т बच्चे तोतली बोली बोलते हैं ।

лепёшка (स्त्री०) १. चपटी केक ; पूड़ी ; २. (ओषधि की) टिकिया ।

лепи́ть (अपू०), **вы́лепить, слепи́ть** (पू०) (वर्त० леплю́, ле́пишь) १. (вы́лепить पू० के साथ) (मिट्टी आदि की) मूर्ति बनाना ; प्रतिमा बनाना ; л. Пу́шкина पुश्किन की मूर्ति बनाना ; २. (слепи́ть पू० के साथ) (घौंसला आदि) बनाना ; ३. चिपकाना ; л. афи́шку на сте́ну दीवार पर इश्तहार चिपकाना **—ся** (आत्म०) -से चिमटना ।

ле́пка (स्त्री०) १. (मिट्टी आदि से) मूर्ति बनाने की क्रिया ; २. मूर्ति ।

лепно́й (वि०) प्लास्टिक का ।

лепрозо́рий (पुं०) कुष्ट-रोगियों (कोढ़ियों) का अस्पताल ।

ле́пт||а (स्त्री०) यूनान देश का एक छोटा-सा सिक्का ; □ вноси́ть свою́ —у अपने बिरते के अनुसार सहायता करना ।

лес (पुं०) १. वन ; जंगल ; густо́й л. घना जंगल ; дрему́чий л. घना जंगल ; २. (इमारती) लकड़ी ; л. ру́бят, ще́пки летя́т बिना अंडा तोड़े आमलेट नहीं बनता ।

леса́ (बहु०) **I.** (मकान आदि बनाने के लिए) अस्थायी मचान ; **II.** मछलियाँ पकड़ने के काँटे के साथ लगा धागा ।

ле́сенка (स्त्री०) ле́стница का अल्प० ।

леси́стый (वि०) लकड़ी का ; वन का ; जंगल का ।

ле́ска, лёска = леса́-II.

лесни́к (पुं०) १. जंगल का पहरेदार/रखवाला ; २. इमारती लकड़ी-उद्योग का कर्मचारी ।

леснóй (वि०) १. वन का ; जंगल का ; २. इमारती लकड़ी का ; л. материáл इमारती लकड़ी ।

лесозаготóвка (स्त्री०) जंगल में से इमारती लकड़ी काटने का काम ।

лесóк (पुं०) छोटा जंगल ; (पेड़ों का) झुरमुट ।

лесонасаждéние (नपुं०) वन लगाना ; वन-रोपण ।

лесоохранéние (नपुं०) वन-रक्षा ।

лесопи́лка (स्त्री०) १. (लकड़ी चीरने का) आरा ; २. (यन्त्र से) लकड़ी चीरने का कारखाना ।

лесопи́ль‖ный (वि०) लकड़ी चीरने का ; л. завóд (मशीन से) लकड़ी चीरने का कारख़ाना ; **—ня** (स्त्री०) (यन्त्र से) लकड़ी चीरने का कारख़ाना ।

лесопромы́шленник (पुं०) इमारती लकड़ी का व्यापारी ।

лесорýб (पुं०) जंगल में लकड़ी काटनेवाला मज़दूर ।

лесосéка (स्त्री०) (वन में) लकड़ी काटने का क्षेत्र ।

лесоэ́кспорт (पुं०) इमारती लकड़ी का निर्यात ।

лéстниц‖а (स्त्री०) सीढ़ी ; винтовáя л. चक्करदार सीढ़ी ; спускáться по —е सीढ़ी से नीचे उतरना ।

лéстничный (वि०) सीढ़ी का ।

лéстный (वि०) प्रशंसापूर्ण ; चापलूसी का ।

лесть (स्त्री०) मिथ्या प्रशंसा ; चापलूसी ।

лёт (पुं०) उड़ान ; на летý हवा में, ; (पक्षी) उड़ता हुआ ; хватáть на летý उड़ती हुई बात पकड़ना, तीक्ष्णबुद्धि/कुशाग्रबुद्धि होना ।

летá (बहु०) वर्ष ; आयु ; скóлько ему лет ? उसकी आयु कितनी है ? ; емý 10 лет उसकी आयु दस वर्ष की है ; на стáрости лет. बुढ़ापे में ।

летарги́ческий (वि०) सुस्त ; निद्रालु ; आलसी ।

летарги́я (स्त्री०) आलस्य ; निद्रालुता ; सुस्ती ।

летáтельный (वि०) उड़नेवाला ।

летáть (अपू०), **по—** (पू०) उड़ना ।

летéть (अपू०), **по—** (पू०) (वर्त० лечý, лети́шь) (निर्दिष्ट दिशा में) उड़ना ; पूर्ण वेग से दौड़ना ।

лéтний (वि०) ग्रीष्म ऋतु का ।

лётный (वि०) १. उड़ने का ; २. उड़ता हुआ ।

лéто (नपुं०) ग्रीष्म ऋतु ; गर्मी का मौसम ।

летóк (पुं०) (मधुमक्खियों के छत्ते में) मक्खियों के भीतर जाने का रास्ता ।

лéтом (क्रि० वि०) ग्रीष्म ऋतु में ; गर्मी के मौसम में ।

летопи́сец (पुं०) इतिवृत्तकार ।

лéтопись (स्त्री०) इतिवृत्त ।

летоисчислéние (नपुं०) वर्षगणन ; कालगणन ।

летýн (पुं०) १. उड़ने में समर्थ ; २. एक जगह टिककर काम न करनेवाला व्यक्ति ।

летýч‖ий (वि०) १. उड़ता हुआ ; २. (रस०) वाष्पशील ; □ —ая мышь चमगादड़ ।

летýчка (स्त्री०) १. परिपत्रक ; पुस्तिका ; गश्ती चिठ्ठी ; २. अल्पकालिक सभा ।

лётч‖ик (पुं०), **—ица** (स्त्री०) वैमानिक ; विमान-चालक/चालिका ; उड़नेवाला/वाली ।

лечé‖бница (स्त्री०) अस्पताल ; चिकित्सालय ; **—бный** (वि०) १. चिकित्सा-सम्बन्धी ; २. औषधि-सम्बन्धी ; **—ние** (नपुं०) चिकित्सा ; इलाज ।

лечи́ть (अपू०) चिकित्सा करना ; इलाज करना ; он лéчит моегó сы́на वह मेरे बेटे का इलाज कर रहा है ; **—ся** (आत्म०) १. अपना इलाज कराना ; २. лечи́ть का कर्मवाच्य ।

лечь दे० ложи́ться.

лже- (उपसर्ग) छद्म- ; झूठा ; मिथ्या ।

лжеприся́га (स्त्री०) झूठी सौगन्ध ; झूठी शपथ ।

лжесвидéтель (पुं०), **—ница** (स्त्री०) झूठा गवाह ; **—ство** (नपुं०) झूठी गवाही ; **—ствовать** (अपू०) (—ствую) झूठी गवाही देना ।

лжеучéние (नपुं०) झूठा सिद्धान्त ; झूठी शिक्षा ।

лжец (पुं०) झूठा ; मिथ्याभाषी ।

лжи́вость (स्त्री०) असत्यता ।

ли, ль (अ०) (सम्बन्धसूचक) १. यदि ; он не пóмнит, ви́дел ли он егó उसे स्मरण नहीं कि

उसने उसे देखा था या नहीं ; посмотри́, там ли де́ти ? देखना, बच्चे वहाँ हैं ? ; २. क्या ; возмо́жно ли ? क्या यह सम्भव है ?; зна́ет ли он э́то ? क्या उसे इसका पता है ?

лиа́на (स्त्री०) वृक्षलता ; बेल ।

либера́льн||ость (स्त्री०) उदारता ; **—ый** (वि०) उदार ।

ли́бо (अ०) या ; अथवा ; л. оди́н, л. друго́й या यह या वह ; कोई-सा ; २. दे० где-ли́бо, како́й-ли́бо, кто-ли́бо.

либре́тто (नपुं०) लिब्रेत्तो (पद्य-नाट्य अथवा मूक-नाट्य की संक्षिप्त कथावस्तु) ।

ли́вень (पुं०) (मूसलाधार) वर्षा ; अतिवृष्टि ।

ли́вмя (क्रि० वि०) : дождь л. льёт मूसलाधार वर्षा हो रही है ।

ливре́йный (वि०) १. ливре́я से वि० ; २. वर्दी पहने/बावर्दी (नौकर) ।

ли́га (स्त्री०) संघ ; Ли́га На́ций राष्ट्र-संघ ।

лигату́ра (स्त्री०) १. (रस०) मिश्रधातु ; २. (छापे के) एक में ढले हुए (जुड़वाँ) टाइप ; ३. (चिकि०) पट्टी ।

ли́дер (पुं०) नेता ।

лиза́ть (अपू०), **лизну́ть** (पू०) (वर्त० лижу́, ли́жешь) चाटना ; **—ся** (आत्म०) एक-दूसरे को चाटना ; एक-दूसरे का चुम्बन करना ।

лик (पुं०) (काव्य०) आनन ; मुखड़ा ।

ликвида́ция (स्त्री०) परिसमापन ; अपाकरण ।

ликви́дн||ый (वि०) (व्यापार-सम्बन्धी) तैयार ; नक़द ; —ые сре́дства नक़द माल, नक़द धन ।

ликёр (पुं०) मदिरा ।

ликова́ние (नपुं०) परम हर्षित होने की क्रिया ।

ликова́ть (अपू०) (—ку́ю) आनन्दित होना ; अतिप्रसन्न होना ; अतिहर्षित होना ।

лиле́йный (वि०) कमल की भाँति श्वेत ; कमलवत् ; कमल के सदृश ।

ли́лия (स्त्री०) कुमुदिनी ; कमल ।

лимб (पुं०) अंग ; अवयव ।

лимо́н (पुं०) नींबू ।

лимона́д (पुं०) नींबू का शर्बत ; लेमन-सोडा ।

лимо́нн||ый (वि०) नींबू का ; —ое де́рево नींबू का पेड़ ।

ли́мф||а (स्त्री०) (शरीर-रचना०) लसीका ; लसिका ; **—ати́ческий** (वि०) लसीका- ; —ати́ческые сосу́ды लसीकायनी ।

лингви́ст (पुं०) भाषाविद् ; भाषा-शास्त्री ; **—ика** (स्त्री०) भाषा-विज्ञान ; भाषा-शास्त्र ; **—и́ческий** (वि०) भाषा-सम्बन्धी ।

линева́ть = линова́ть

лине́йка (स्त्री०) १. रेखा ; २. रेखाएँ डालने का रूल ।

лине́йн||ый (वि०) रेखा का ; रेखा- ; —ые ме́ры रेखा-माप ।

ли́нза (स्त्री०) लेंस (चश्मे/दूरबीन/फ़ोटो-कैमरे आदि का शीशा) ।

ли́ния (स्त्री०) रेखा ; लकीर ; крива́я л. वक्र रेखा ; пряма́я л. सरल रेखा, सीधी रेखा ।

линко́р (лине́йный кора́бль) जंगी जहाज़ ।

лино́ванн||ый (वि०) लकीरदार ; रेखाओंवाला ; —ая бума́га लकीरदार काग़ज़ ।

линова́ть (अपू०), **на—** (पू०) (—ну́ю) रेखाएँ लगाना ; लकीरें खींचना ।

линч (पुं०) लिंच-विधान (स्वयंनिर्मित अदालत की व्यवस्था जो एकदम प्राणदंड दे देती है) ।

ли́нька (स्त्री०) (पशुओं के) बाल झड़ना ; (पक्षियों के) पर या रोम गिरना ।

линю́чий (वि०) (रँग) फीका पड़ जानेवाला ।

линя́ть (अपू०), **по—** (पू०) १. (कपड़े का) रँग फीका पड़ जाना ; रँग छूटना ; २. (पशुओं के) बाल झड़ना ; (पक्षियों के) पर या रोम गिरना ; (सर्प का) केंचुली उतारना ।

ли́па (स्त्री०) लीपा (एक सघन छायावाला सुगन्धपूर्ण वृक्ष) ।

ли́пка (स्त्री०) ли́па का अल्प० ।

ли́пкий (वि०) चिपचिपा ।

ли́повый (वि०) लीपा (दे० ли́па) का ।

ли́ра (स्त्री०) वीणा ; बीन ।

ли́р||ик (पुं०) गीति-कवि ; **—ика** (स्त्री०) गीति-काव्य ; **—и́ческий** (वि०) गीतिकाव्य-विषयक ।

лиро||ви́дный (वि०) वीणा के आकार का ; **—подо́бный** (वि०) वीणा जैसा ।

лис||а́ (स्त्री०) लोमड़ी ; ☐ —о́й прики́дываться खुशामद करना/तलवे चाटना ।

лисёнок (पुं०) लोमड़ी का बच्चा ।

ли́сий (वि०) लोमड़ी का ; л. мех लोमड़ी की पोस्तीन ।

лиси́ца (स्त्री०) लोमड़ी (मादा) ।

лиси́чка (स्त्री०) лиси́ца का अल्प० ।

лист (पुं०) **I.** (बहु० ли́стья) पत्ता ; **II.** (बहु० —ы́) १. (काग़ज़ का) पन्ना ; २. (लोहे आदि की) चादर ।

листа́ж (पुं०) (किसी पुस्तक के) पृष्ठों की संख्या।

листа́||ть (अपू०) पन्ने उलटाना ; не —й стра́ницы पन्ने मत उलटो ।

листв||а́ (स्त्री०) (केवल एकवचन) (समू०) पत्ते ; де́ревья оде́лись —о́й पेड़ों में पत्ते निकल आये ।

ли́ственн||ица (स्त्री०) लार्च (एक लम्बा सीधा पेड़) ; **—ый** (वि०) सपत्र ; पत्तोंवाला ; —ое де́рево पत्तोंवाला पेड़ ।

листо́вка (स्त्री०) पत्रक ; छोटा पन्ना ।

листов||о́й (वि०) १. पत्तों का ; २. —о́е желе́зо चादर का लोहा ।

листо́к (पुं०) १. лист का अल्प० ; २. पत्रक ।

листопа́д (पुं०) पतझड़ ।

лите́й||ная (स्त्री०) (वि० रू०) ढलाई का कारखाना ; **—ный** (वि०) ढलाई का ; —ный заво́д ढलाई का कारखाना ; **—щик** (पुं०) ढलाई करनेवाला ।

ли́тер (पुं०) रेल का पास ।

ли́тера (स्त्री०) (छपाई-सम्बन्धी) टाइप ।

литера́тор (पुं०) साहित्यसेवी ; साहित्यिक ।

литерату́р||а (स्त्री०) साहित्य ; **—ный** (वि०) साहित्य-सम्बन्धी ; साहित्यिक ; —ный язы́к साहित्यिक भाषा ; —ное насле́дие साहित्यिक परम्परा ।

литогра́фия (स्त्री०) पत्थर का छापा ; लीथो ।

лит||о́й (वि०): —а́я сталь ढलवाँ इस्पात ; पिंडक इस्पात ।

литр (पुं०) लितर (एक माप — एक घन डेसीमीटर का आयाम जिसमें ४ दर्जे सेंटीग्रेड तापांक का एक किलोग्राम पानी आता है ; ४½ लितर = १ गेलन) ; **—овый** (वि०) लितर का ; —овая буты́лка एक लितर की बोतल ।

литурги́я (स्त्री०) (गिरजाघर में) सार्वजनिक उपासना-पद्धति ।

лить (अपू०) (वर्त० лью, льёшь) १. उँडेलना ; л. во́ду पानी उँडेलना ; २. дождь льёт как из ведра́ मूसलाधार वर्षा हो रही है ; пот льёт с него́ гра́дом वह पसीने से तरबतर है ; ३. (लोहा आदि) ढालना ; ☐ л. слёзы आँसू बहाना ; **—ся** (आत्म०). १. बहना ; २. лить का कर्मवाच्य ।

литьё (नपुं०) १. ढलाई ; २. ढलाई करके तैयार की हुई वस्तुएँ ।

лиф (पुं०) स्त्रियों के पहनने की चोली ; अँगिया ।

лифт (पुं०) लिफ़्ट ।

лиха́ч (पुं०) निर्भीक ; तेज़ ; बेधड़क ।

лихв||а́ (स्त्री०) (केवल एकवचन) ब्याज ; отплати́ть с —о́й ब्याज समेत अदा करना ।

ли́хо (नपुं०) **I.** (केवल एकवचन) दुष्टता ; पाप ; **II.** (क्रि० वि०) निर्भीकतापूर्वक ; बेधड़क ।

лихои́мец (पुं०) सूदखोर ; अधिक ब्याज लेनेवाला ।

лихо́й (वि०) पापी ; दुष्ट ।

лихора́д||ить (अपू०) (कर्तृ-निरपेक्ष) его́ —ит उसको ज्वर है ।

лихора́дка (स्त्री०) ज्वर ; बुख़ार ; жёлтая л. पीतज्वर ।

лихора́дочн||ый ज्वर का ; बुख़ार का ; —ое состоя́ние बुख़ार की हालत ; —ый пульс बुख़ार की नब्ज़ ।

ли́хость (स्त्री०) निर्भीकता ; वीरता ; बहादुरी ; साहस ।

лицевáть (अपू०) (—цýю) १. (वस्त्र आदि की) तह उलटना ; २. (अँगीठी आदि के भीतर) अस्तर लगाना ।

лицевóй (वि०) १. मुख का ; चेहरे का ; २. л. счёт निजी खाता ।

лицезрéть (अपू०) स्वयं देखना ।

лицемéр (पुं०) दम्भी ; ढोंगी ; **—ить** (अपू०) दम्भ करना ; ढोंग रचना ; **—ие** (नपुं०) दम्भ ; ढोंग ।

лицéнзия (स्त्री०) अनुज्ञा-पत्र ; लाइसेंस ।

лицеприя́ти||е (नपुं०) पक्षपात ; без —я बिना पक्षपात के ।

лиц||ó (नपुं०) १. मुख ; मुँह ; चेहरा ; २. व्यक्ति ; дéйствующие ли́ца (नाटक के) पात्र ; ३. (व्या०) पुरुष ; ☐ —óм к лицý आमने-सामने ; пéред —óм मुँह पर ; от —á когó-л. किसी-की ओर से ।

ли́чико (नपुं०) лицó का अल्प० ।

личи́н||а (स्त्री०) छद्ममुख ; चेहरा ; (बनावटी) वेश ; сорвáть —у с когó-л. किसीकी पोल खोलना/किसीका सच्चा रूप दिखाना ; под —óй (-की) आड़ में ।

личи́нка (स्त्री०) कीटडिम्ब ; अंडे से बाहर निकलने पर कीड़े का आकार ।

ли́чно (क्रि० वि०) व्यक्तिगत रूप से ; स्वयं ।

личнóй (वि०) лицó से वि० ।

ли́чн||ость (स्त्री०) १. व्यक्तित्व ; २. व्यक्ति ; **—ый** (वि०) व्यक्तिगत ; निजी ; л. секретáрь निजी/व्यक्तिक सहायक ।

лишáть (अपू०), **лиши́ть** (पू०) वंचित करना ; छीनना ; л. прав अधिकारों से वंचित करना ; л. себя́ жи́зни आत्महत्या करना ; л. граждáнских, избирáтельных прав मताधिकार से वंचित करना ; л. свобóды बन्दी बनाना, क़ैद करना ; **—ся** (आत्म०) खोना ; वंचित होना ; —ся зрéния दृष्टि खोना ; अन्धा होना ; —ся чувств मूर्च्छित होना, बेहोश होना ।

ли́ш||ек (पुं०) : двáдцать лет с —ком बीस वर्ष से कुछ ऊपर ।

лиши́ть दे० лишáть.

ли́шн||ый (वि०) अनावश्यक ; फ़ालतू ; он здесь л. वह यहाँ फ़ालतू है/उसकी यहाँ ज़रूरत नहीं ; с —им से अधिक ; три киломéтра с —им तीन किलोमीटर से अधिक ।

лишь (क्रि० वि०) **I.** केवल ; л. бы यदि ; **II.** (अ०) (सम्बन्धसूचक) ज्योंही ; л. тóлько ज्योंही ।

лоб (पुं०) ललाट ; मस्तक ; माथा ; ширóкий л. откры́тый л. चौड़ा मस्तक ; ☐ семи́ пя́дей во лбý बहुत चालाक ; нахмýрить л. भृकुटि चढ़ाना ।

лобзáние (नपुं०) चुम्बन ।

лобзáть (अपू०) चुम्बन करना ।

лóбзик (पुं०) (महीन तार की) आरी ।

лобкóв||ый (वि०) : —ая кость भगास्थि ; (अंग्रेज़ी—प्यूबिस) ।

лóбн||ый (वि०) ललाट/मस्तक का ; —ая кость ललाटास्थि ; माथे की हड्डी ; ☐ —ое мéсто फाँसी देने का स्थान ।

лов (पुं०) १. = лóвля ; २. = улóв.

ловéц (पुं०) १. शिकारी ; २. मछेरा ; मछुआ ।

обрамле́ние (नपुं०) १. चौखटा लगाने की क्रिया ; २. चौखटा ।

обрамля́ть (अपू०), **обра́мить** (पू०) (भवि० обра́млю, обра́мишь) चौखटे में जड़ना ; फ़्रेम करना ।

обраста́‖ние (नपुं०) १. (वनस्पतियों के) अधिक बढ़ जाने की क्रिया ; २. उपार्जन ; संचयन ; **—ть** (अपू०), **обрасти́** (पू०) (भवि० обрасту́, обрастёшь) १. (वनस्पतियों का) अधिक बढ़ जाना ; २. उपार्जन करना ; संचय करना ; ☐ обрасти́ гря́зью कीचड़ से लथपथ हो जाना ; обрасти́ жи́ром चर्बी चढ़ जाना ।

обрати́м‖ость (स्त्री०) प्रतिवर्तता ; विपर्ययता ; उलटाये जाने का भाव ; **—ый** (वि०) प्रतिवर्त्य ; विपर्येय ; जो उलटाया जा सके ।

обрати́ть(ся) दे० обраща́ть(ся).

обра́тн‖о (क्रि० वि०) १. वापस ; पीछे को ; идти́ о. वापस जाना ; брать о. वापस लेना ; २. विलोम रूप से ; ३. о. пропорциона́льный (गणित) प्रतिलोमानुपात ; **—ый** (वि०) वापसी का ; विपर्यय ; उत्क्रम ; (गणित) विलोम ; उलट ; о. путь वापसी सफ़र ; о. ход उत्क्रम-गति/पीछे को जाना ; в —ую сто́рону उल्टी दिशा को ; —ая пропо́рция प्रतिलोमानुपात ; —ый смысл उल्टा अर्थ ; —ый биле́т वापसी टिकट ; име́ющий —ое действие पूर्वव्याप्ति सहित/अतीत से लागू ।

обраща́ть (अपू०), **обрати́ть** (पू०) (भवि० обращу́, обрати́шь) १. (ध्यान) आकर्षित करना/दिलाना ; о. взгляд (на) दृष्टि डालना ; обрати́ть чьё-л. внима́ние (на) (-की ओर) किसीका ध्यान आकर्षित करना/ध्यान दिलाना ; २. (में) बदल देना ; обрати́ть в шу́тку मज़ाक में बदलना ; **—ся** (आत्म०) १. सम्बोधन करना ; обраща́ться с призы́вом к кому́-л. किसीसे अपील करना ; обраща́ться к врачу́ डाक्टर से परामर्श करना ; २. (-में) परिणत होना ; बदलना ; ३. (केवल अपू०) व्यवहार करना ; बर्ताव करना ; хорошо́ обраща́ться с кем-л. किसीसे सद्व्यवहार करना/अच्छी तरह पेश आना ; он не уме́ет обраща́ться с э́тим инструме́нтом वह इस औज़ार का प्रयोग करना नहीं जानता ; ४. (केवल अपू०) (बिजली की धारा का) चक्रण ; चक्कर लगाना ।

обраще́ние (नपुं०) १. परिवर्तन ; о. в ве́ру धर्म-परिवर्तन ; २. चक्रण ; пусти́ть в о. घुमाना/चलाना ; ३. बर्ताव ; व्यवहार ;

плохо́е о. बुरा बर्ताव ; ४. प्रयोग ; ५. (पत्र आदि में) सम्बोधन ; ६. आह्वान ; अपील ।

обревизова́ть दे० ревизова́ть.

обре́з (पुं०) (पुस्तक का) छोर या सिरा ; □ в о. एकदम नपा-तुला/फ़ालतू बिल्कुल नहीं ; у меня́ вре́мени в о. मेरे पास नपा-तुला वक्त है ।

обреза́ние (नपुं०) कटाई ; छँटाई ; (तख्ते के) किनारे ठीक करने की क्रिया ।

обре́зание (नपुं०) सुन्नत करना (लिंग की अग्रत्वचा को काटना) ।

обре́зать(ся) दे० обре́зывать(ся).

обреза́ть(ся) दे० обре́зывать(ся).

обре́зок (पुं०) (धातु आदि की) कतरन ।

обре́зывать (अपू०), **обре́зать** (पू०) (भवि० обре́жу, обре́жешь) १. (चारों ओर से) काटना ; कुतरना ; छाँटना ; (पुस्तक के) कोने बनाना ; (तख्ते के) कोने ठीक करना ; २. सुन्नत करना (मुसलमानों की एक धार्मिक प्रथा जिसमें बच्चे के लिंग की अग्रत्वचा को काटा जाता है) ; झिड़की देना ; झाड़ पिलाना ; **—ся** (आत्म०) १. अपने आपको काटना ; २. обре́зывать का कर्मवाच्य ।

обрека́ть (अपू०), **обре́чь** (पू०) (भवि० обреку́, обречёшь) भाग्य पर छोड़ देना ।

обремени́тельный (वि०) कठिन ; कष्टप्रद ।

обременя́ть (अपू०), **обремени́ть** (पू०) भार डालना ; बोझ डालना ।

обрета́ть (अपू०), **обрести́** (पू०) (भवि० обрету́, обретёшь) पाना ; ढूँढ लेना ; о. поко́й शान्ति पाना ; о. себе́ дру́га अपने लिए मित्र ढूँढ लेना ; **—ся** (आत्म०) मिलना ; кни́га обрела́сь под сто́лом पुस्तक मेज़ के नीचे से मिली ।

обрече́ние (नपुं०) भाग्य पर छोड़ देने की क्रिया ।

обречённост||ь (स्त्री०) чу́вство —и भाग्य पर छोड़ देने का भाव ।

обре́чь दे० обрека́ть.

обреше́тить (पू०) (обреше́чу, обреше́тишь) तख्ते की पट्टियाँ लगाना ।

обрисо́вывать (अपू०), **обрисова́ть** (पू०) (भवि० —су́ю) आलेख करना ; चित्रित करना ; निरूपित करना ; **—ся** (आत्म०) आलेखित किया जाना ; चित्रित/निरूपित किया जाना ।

обри́ть (पू०) (भवि० обре́ю, обре́ешь) हजामत बनाना ; **—ся** (आत्म० पू०) अपनी हजामत बनाना ।

обро́к (पुं०) पट्टेदार द्वारा दिये जानेवाला लगान या कर ।

оброни́ть (पुं०) गिराना ।

обро́чный (वि०) : о. крестья́нин भाड़े पर किसान ।

обруба́ть (अपू०), **обруби́ть** (पू०) (भवि० обрублю́, обру́бишь) १. (कुल्हाड़ी से) काट देना ; (पूँछ) काटकर छोटी करना ; २. किनारा मोड़कर सीना ।

обру́бок (पुं०) कटा हुआ भाग ; पेड़ का ठूँठ ; (पेड़ की) कटी हुई डाली ।

обруга́ть (पू०) गाली देना ; बुरा-भला कहना ; लानत-मलामत करना ।

обрусе́ть (पू०) (भाषा और स्वभाव में) रूसी बनना ।

о́бруч (पुं०) (बेलनाकार लकड़ी के पीपे की पट्टियाँ मज़बूत करने के लिए धातु, तार या लकड़ी का) घेरा ; छल्ला ।

обруча́льн||ый (वि०) : —ое кольцо́ सुहाग-अँगूठी (विवाह के उपलक्ष में वर द्वारा कन्या को दी गयी अँगूठी) ; о. обря́д मँगनी/सगाई ।

обруча́ть (अपू०), **обручи́ть** (पू०) सगाई करना ; मँगनी करना ; **—ся** (आत्म०) अपनी मँगनी या सगाई कराना ।

обруче́ние (नपुं०) मँगनी ; सगाई ।

обручи́ть दे० обруча́ть.

обру́шивать (अपू०), **обру́шить** (पू०) गिरा देना ; ढहाना ; नष्ट करना ; о. сте́ну दीवार गिराना ; **—ся** (आत्म०) ढहना ; नष्ट होना ; टूटकर गिरना ; (на) झपट्टा मारना ।

обры́в (पुं॰) सीधी खड़ी पर्वत-सी चट्टान ।

обрыва́ть (अपू॰), **оборва́ть** (पू॰) १. फाड़ देना ; (फूल-फल) चुनना/तोड़ना ; एकत्रित करना ; (रस्सी, तार को) तोड़ना ; २. (भाषण) अचानक बन्द कर देना ; о. свою́ речь अपना भाषण बन्द कर देना ; **—ся** (आत्म॰) १. (रस्सी आदि का) टूटना ; २. (व्यक्ति या वस्तु का कहीं से) गिर जाना ; ढह जाना ; ३. अचानक बन्द हो जाना ; разгово́р оборва́лся на полуслóве बातचीत अचानक बन्द हो गयी ।

обры́вистый (वि॰) खड़ी ; बहुत ढलवाँ ।

обры́в‖ок (पुं॰) अंश ; टुकड़े ; —ки разгово́ра बातचीत के अंश ।

обры́згивать (अपू॰), **обры́згать** (पू॰) छिड़कना ; छींटे देना, छितराना ; **—ся** (आत्म॰) अपने आप पर छिड़कना ; छितराना ।

обрю́зглый (वि॰) मोटा और पिलपिला ।

обрю́зг‖нуть (पू॰) मोटा और पिलपिला होना ; **—ший** = обрю́зглый.

обря́д (पुं॰) संस्कार ; रस्म ; **—ный, —овый** (वि॰) रस्म/संस्कार-सम्बन्धी ।

обса́живать (अपू॰), **обсади́ть** (पू॰) (भवि॰ обсажу́, обса́дишь) (चारों ओर) पौधे लगाना ।

обса́сывать (अपू॰), **обсоса́ть** (पू॰) १. (चारों ओर से) चूसना ; २. (सब पहलुओं पर ध्यान से) सोचना ।

обсемене́ние (नपुं॰) (बीज की) बुआई ।

обсеменя́ть (अपू॰), **обсемени́ть** (पू॰) (बीज) बोना ; о. поля́ खेतों में बीज बोना ।

обсервато́рия (स्त्री॰) वेधशाला ।

обсерва́ция (स्त्री॰) प्रेक्षण ।

обска́кивать (अपू॰), **обскака́ть** (पू॰) (भवि॰ обскачу́, обска́чешь) (घोड़े को) इधर-उधर सरपट दौड़ाना ; (केवल पू॰) घोड़ा सरपट दौड़ाकर आगे निकल जाना ।

обскура́нт (पुं॰) ज्ञान या प्रकाश का विरोधी ; प्रतिक्रियावादी ; कूपमंडूकवादी ।

обсле́дова‖ние (नपुं॰) परीक्षण ; जाँच ; पड़ताल ; **—тель** (पुं॰), **—тельница** (स्त्री॰) परीक्षक/परीक्षिका ; पड़ताल करनेवाला/वाली ।

обслу́живание (नपुं॰) सेवा ; परिचर्या ; (टेक॰) अनुरक्षण ; देखभाल ; культу́рно-бытовóе о. सांस्कृतिक और जीवन-सम्बन्धी बातों की देखभाल ।

обслу́живать (अपू॰), **обслужи́ть** (पू॰) सेवा करना ; परिचर्या करना ; (-के लिए) उपलब्ध करना ; मुहैया करना ; (मशीन आदि की) देखरेख करना ।

обсоса́ть दे॰ обса́сывать.

обсо́хнуть दे॰ обсыха́ть.

обставля́ть (अपू॰), **обстави́ть** (पू॰) (भवि॰ обста́влю, обста́вишь) १. (-से) घेरना; २. (घर को फर्नीचर आदि से) सजाना ; ३. व्यवस्था करना ; ४. धोखा करना ; **—ся** (आत्म॰) १. घिर जाना ; २. अपना घर फ़र्नीचर आदि से सजाना ; ३. обставля́ть का कर्मवाच्य ।

обстано́в‖ка (स्त्री॰) १. (केवल एकवचन) फ़र्नीचर आदि ; २. स्थिति ; हालत ; междунаро́дная о. अन्तर्राष्ट्रीय स्थिति ; **—очный** (वि॰) —очная пье́са वेशभूषा-प्रधान नाटक ।

обстоя́тельный (वि॰) १. (व्यक्ति के विषय में) दृढ़संकल्प ; २. (भाषण, पुस्तक के विषय में) सम्पूर्ण ; विस्तृत ; विशद ।

обстоя́тельственный (वि॰) (व्या॰) क्रियाविशेषण-सम्बन्धी ।

обстоя́тельств‖о (नपुं॰) १. परिस्थिति ; смягча́ющие вину́ —а अपराध की गुरुता कम करनेवाली परिस्थितियाँ ; при да́нных, таки́х —ах ऐसी परिस्थितियों में ; —а измени́лись परिस्थितियाँ बदल चुकी हैं ; —а неблагоприя́тны परिस्थितियाँ प्रतिकूल हैं ; применя́ться к —ам अपने आपको परिस्थितियों के अनुकूल ढालना ; २. (व्या॰) क्रिया-विशेषण ; ☐ смотря́ по —ам स्थिति पर निर्भर है ।

обсто‖я́ть (अपू॰) как —я́т ва́ши де́ла ? आपका काम-काज कैसा चल रहा है ?

обстра́иваться (आत्म० अपू०), **обстро́иться** (आत्म० पू०) अपने लिए घर बनाना ; बनना ; निर्मित होना ; го́род бы́стро обстро́ился नगर शीघ्र ही बन गया ।

обстре́л (पुं०) शलक ; गोलाबारी ।

обстре́ливать (अपू०), **обстреля́ть** (पू०) शलक करना ; गोलाबारी करना ; गोली चलाना ।

обстрога́ть (पू०) (रन्दे से) समतल करना ; साफ़ करना ।

обстро́иться दे० обстра́иваться.

обтрукциони́ст (पुं०) बाधक ; रुकावट डालनेवाला ; अड़ंगा लगानेवाला ।

обстру́кция (स्त्री०) बाधा ; अवरोध ; अड़ंगा ।

обступа́ть (अपू०), **обступи́ть** (पू०) (भवि० обступлю́, обсту́пишь) १. घेरा डालना ; २. (-के चारों ओर) जमा होना ; де́ти обступи́ли учи́тельницу बच्चों ने अध्यापिका को चारों ओर से घेर लिया ।

обсужд||а́ть (अपू०), **обсуди́ть** (पू०) (भवि० обсужу́, обсу́дишь) विचार करना ; भली भाँति सोच-विचार करना ; **—е́ние** (नपुं०) सोच-विचार ।

обсу́шивать (अपू०), **обсуши́ть** (पू०) शुष्क करना ; सुखाना ; **—ся** (आत्म०) अपने आपको सुखाना ।

обсчи́тывать (अपू०), **обсчита́ть** (पू०) ग़लत गिनना ; गिनने में ग़लती करना ; **—ся** (आत्म०) गिनने में ग़लती करना ।

обсыпа́ть (अपू०), **обсы́пать** (पू०) (भवि० обсы́плю, обсы́плешь) (चारों ओर) बिखेरना ; छितराना ; **—ся** (आत्म०) १. = осыпа́ться ; २. обсыпа́ть का कर्मवाच्य ।

обсыха́ть (अपू०), **обсохну́ть** (पू०) सूखना ; शुष्क होना ।

обта́ивать (अपू०), **обта́ять** (पू०) (चारों ओर से) पिघल जाना ।

обта́чивать (अपू०), **обточи́ть** (पू०) खराद पर रखकर समतल करना ; सान पर रखना ।

обта́ять (अपू०) दे० обта́ивать.

обтека́ть (अपू०), **обте́чь** (पू०) (भवि० обтеку́, обтечёшь) (चारों ओर से) बहना ।

обтере́ть(ся) दे० обтира́ть(ся).

обтёсывать (अपू०), **обтеса́ть** (पू०) (भवि० обтешу́, обте́шешь) (लकड़ी के तख़्ते/शहतीर आदि को) समतल करना ; काटना ; सफ़ाई से न काटना ; (व्यक्ति को) सुसंस्कृत बनाना ; शिष्ट बनाना ; **—ся** (आत्म०) १. सुसंस्कृत बनना ; शिष्ट बनना ; २. обтёсывать का कर्मवाच्य ।

обте́чь दे० обтека́ть.

обтира́ть (अपू०), **обтере́ть** (पू०) (भवि० оботру́, оботрёшь) १. पोंछना; पोंछकर सुखाना ; २. (-से) रगड़ना ; **—ся** (आत्म०) १. अपने आपको पोंछकर सुखाना ; (केवल पू०) संस्कृत/शिष्ट बनना ।

обточи́ть दे० обта́чивать

обто́чка (स्त्री०) सान या खराद आदि पर घुमाने की क्रिया ।

обтрёпывать (अपू०), **обтрепа́ть** (पू०) (भवि० обтреплю́, обтре́плешь) (वस्त्र आदि पहनकर) घिस देना ; **—ся** (आत्म०) १. (वस्त्र) घिसना ; २. (व्यक्ति का) जर्जर होना ।

обтя́гивать (अपू०), **обтяну́ть** (पू०) १. (खींचकर) ढाँपना ; २. (कपड़ा खींचकर) ठीक करना ; ३. (रस्सा बाँधकर) नाव आदि को खींचना ।

обува́ть (अपू०), **обу́ть** (पू०) (भवि० обу́ю, обу́ешь) किसीको जूता/बूट पहनाना ; किसीको बूट/जूता देना ; **—ся** (आत्म०) १. जूता/बूट पहनना ; २. обува́ть का कर्मवाच्य ।

обувно́й (वि०) जूतों का ; о. магази́н जूतों की दुकान ।

о́бувь (स्त्री०) जूता ।

обу́глива||ние (नपुं०) कार्बनीकरण ; **—ать** (अपू०), **обу́глить** (पू०) १. जलाकर कोयला बनाना ; झुलसाना ; जलाना ; २. कार्बन बनाना ।

обу́живать (अपू०), **обу́зить** (पू०) (भवि० обу́жу, обу́зишь) तंग करना ; संकुचित करना ।

обу́з||а (स्त्री०) (केवल एकवचन) भार ; быть —ой для кого́-л. किसीके लिए भार होना ।

обу́зд||ывать (अपू०), **обузда́ть** (पू०) रोकना ; थामना ; लगाम लगाना ; संयम में रखना ; —а́ть себя́ अपने आपको संयम में रखना ।

обу́зить दे० обу́живать.

обурева́||ть (अपू०) उत्तेजना दिलाना ; आवेश में लाना ; быть —емым страстя́ми आवेगों के वशीभूत होना ।

обусло́вливать (अपू०), **обусло́вить** (पू०) (भवि० обусло́влю, обусло́вишь) १. शर्त लगाना ; बन्धन लगाना ; २. कारण होना ; **—ся** (आत्म०) शर्त होना ।

обу́ть(ся) दे० обува́ть(ся).

о́бух, обу́х (पुं०) (कुल्हाड़े आदि का) कुन्दा ; पछिया ।

обуча́ть (अपू०), **обучи́ть** (पू०) पढ़ाना ; सिखाना ; प्रशिक्षण देना ; **—ся** (आत्म०) सीखना ; पढ़ना ।

обуче́ние (नपुं०) शिक्षा ; पढ़ाई ; प्रशिक्षण ।

обуя́ть (अपू०) पकड़ना ; छा जाना ; его́ обуя́л страх उस पर डर छा गया ।

обха́жива||ть (अपू०) १. बार-बार जाना ; खुशामद करना ; फुसलाना ; मीठी बातें करके लुभाना ; он до́лго —л тётку, но де́нег от неё не доби́лся वह चाची की बहुत देर तक खुशामद करता रहा, परन्तु उसे रुपया-पैसा न मिला ।

обхва́т (पुं०): в —е परिधि में ।

обхва́тывать (अपू०), **обхвати́ть** (पू०) (भवि० обхвачу́, обхва́тишь) बाँहों में भरना ; झँग भरना ; э́того де́рева не обхвати́ть इस पेड़ को बाँहों में नहीं भरा जा सकता/उस पेड़ को झँग में नहीं भरा जा सकता ।

обхо́д (पुं०) १. चक्कर ; गश्त ; пойти́ в о. दौड़/गश्त पर जाना ; २. चक्करदार रास्ता ; ३. (पार्श्व या पीछे से हमला करने के लिए सेना के) घूमने की क्रिया ; ४. (क़ानून आदि का) उल्लंघन ; बचना ।

обходи́тельный (वि०) शिष्ट ; सभ्य ।

обходи́ть (अपू०), **обойти́** (पू०) (वर्तं० обхожу́, обхо́дишь ; भवि० обойду́, обойдёшь) १. गुज़रना ; चक्कर लगाना ; गश्त लगाना ; २. पार्श्व या पीछे से हमला करने के लिए सेना का घूमना ; ३. फैलना ; но́вость обошла́ весь го́род समाचार सारे नगर में फैल गया ; ४. (क़ानून आदि का) उल्लंघन करना ; बचना ; ५. टालना ; छोड़ देना ; о. молча́нием चुपके से गुज़रना ; нельзя́ обойти́ э́тот вопро́с इस प्रश्न को टाला नहीं जा सकता ; о. затрудне́ние मुसीबत टालना ; **—ся** (आत्म०) १. बर्ताव करना ; व्यवहार करना ; —ся с кем-л. как с ра́вным किसीसे बराबरी का बर्ताव करना ; २. मूल्य होना ; э́то вам до́рого обойдётся यह आपको महंगा पड़ेगा ; ३. गुज़ारा करना ; काम चलाना ; без кри́ка не обхо́дится चिल्लाये बिना काम नहीं चलेगा/चिल्लाना ही पड़ेगा ।

обхо́дн||ый (वि०) चक्करदार ; —ым путём चक्करदार रास्ते से ।

обхожде́ние (नपुं०) शिष्टाचार ; बर्ताव ; व्यवहार ।

обчища́ть (अपू०), **обчи́стить** (पू०) (भवि० обчи́щу, обчи́стишь) १. साफ़ करना ; २. चुराना ; उड़ा लेना ; साफ़ कर देना ; **—ся** (आत्म०) १. अपने आपको साफ़ करना ; २. обчища́ть का कर्मवाच्य ।

обша́ривать (अपू०), **обша́рить** (पू०) छान मारना ; बहुत ढूँढना ।

обшив||а́ть (अपू०), **обши́ть** (पू०) (भवि० обошью́, обошьёшь) १. मग़ज़ी लगाना ; संजाफ़ लगाना ; कपड़े पर फ़ीता आदि लगाना ; २. किसीके लिए कपड़ा सीना ; она́ —а́ет всю семью́ वह (स्त्री/लड़की) सारे परिवार के कपड़े सीती है ; ३. तख्तों से ढँकना ; ४. पलस्तर करना ।

обши́вка (स्त्री०) १. संजाफ़ लगाने/मग़ज़ी लगाने

की क्रिया ; २. फ़ीता लगाने की क्रिया ; ३. तख़्ते लगाकर ढाँकने/पलस्तर करने की क्रिया ।

обши́рн||ость (स्त्री०) फैलाव ; विस्तार ; व्यापकता ; **—ый** (वि०) विस्तृत ; विशाल ।

обши́ть दे० обшивáть.

обшлáг (पुं०) (कमीज़ की आस्तीन के) कफ़ ।

общáться (आत्म० अपू०) संसर्ग/सम्पर्क रखना ; मिलना-जुलना ; нельзя́ о. с зарáзными छूत के रोगियों से मिलना-जुलना नहीं चाहिए ।

общедостýпный (वि०) जो सबकी पहुँच में हो/जहाँ सबकी पहुँच हो ।

общежи́тие (नपुं०) १: सामान्य आवास ; छात्रावास ; बोर्डिंग हाउस ; २. सामाजिक जीवन ।

общеизвéстный (वि०) सर्वविदित ।

общенарóдный (वि०) जनसाधारण का ; पंचायती ; आम ।

общéние (नपुं०) संसर्ग ; सम्पर्क ; ли́чное о. निजी सम्पर्क ।

общеобязáтельный (वि०) सबके लिए अनिवार्य ।

общепри́знанный (वि०) सर्वतोस्वीकृत ; जिसे सबने स्वीकार किया हो ।

общесою́зный (वि०) अखिलसंघीय ।

общéственник (पुं०) जनसेवक ; समाज-सेवक ।

общéственн||ость (स्त्री०) १. जनता ; २. जनमत ; **—ый** (वि०) सार्वजनिक ; सामाजिक ; —ая сóбственность सार्वजनिक सम्पत्ति ; —ый обвини́тель सरकारी अभियोजक ; —ое мнéние जनमत ; —ая рабóта समाज-सेवा ; —ые наýки समाज-विज्ञान ; —ое положéние सामाजिक स्थिति ।

óбщество (नपुं०) १. समाज ; о. друзéй Совéтского Сою́за सोवियत संघ के मित्रों का समाज ; २. कम्पनी ।

обществовéдение (नपुं०) समाज-विज्ञान ।

óбщ||ий (वि०) सार्वजनिक ; सामान्य ; आम ; о. наибóльший дели́тель महत्तम सार्वभाजक ; —ее наимéньшее крáтное लघुत्तम समापवर्त्य ; —ее собрáние सार्वजनिक सभा ; —ее соглáсие सर्वसम्मति ।

óбщина, общи́на (स्त्री०) समुदाय ; समष्टि ; संस्था ।

общи́нн||ый (वि०) सामुदायिक ; साझे का ; —ая земля́ साझे की भूमि ।

общи́пывать (अपू०), **общипáть** (पू०) (भवि० общи́плю, общи́плешь) नोंचना ; तोड़ना ; о. пéрья с кýрицы मुर्ग़ी के पंख नोंचना ।

общи́тельный (वि०) मिलनसार ; о. харáктер मिलनसार स्वभाव ।

óбщность (स्त्री०) साझेदारी ; о. владéния स्वामित्व की साझेदारी ।

объедáть (अपू०), **объéсть** (पू०) (भवि० объéм, объéшь) (चारों ओर से) खा जाना/कुतरना ; किसी पर भार होना ; मोरचा (ज़ंग) लगना ; **—ся** (आत्म०) आवश्यकता से अधिक खाना ।

объедин||éние (नपुं०) १. एकीकरण ; २. संघ ; समाज ; **—ённый** (वि०) संयुक्त ; Организáция Объединённых Нáций संयुक्त राष्ट्रसंघ ; **—и́тельный** (वि०) एकत्रीकरण करनेवाला ; एक सूत्र में बाँधनेवाला ।

объединя́ть (अपू०), **объедини́ть** (पू०) मिलाना ; संयुक्त करना ; एकीकरण करना ; **—ся** (आत्म०) १. (-से) मिलना ; २. объединя́ть का कर्मवाच्य ।

объéдки (बहु०) जूठन ; बचा-खुचा ।

объéзд (पुं०) १. (चारों ओर) सवारी पर घूमने की क्रिया ; परिभ्रमण ; २. परिपथ ।

объéздка (स्त्री०) घोड़ा सधाने की क्रिया ।

объéздчик (पुं०) १. घुड़सवार (सिपाही आदि); २. घोड़े सधानेवाला ।

объезжáть (अपू०), **объéздить, объéхать** (पू०) (объéздить से объéзжу, объéздишь ; объéхать से объéду, объéдешь)

(सवारी पर) सफ़र करना ; २. (объе́хать पू० के साथ) (के चारों ओर, बीच से) जाना ; ३. (объезди́ть पू० के साथ) घोड़ा सधाना ।

объе́кт (पुं०) वस्तु ; पदार्थ ।

объекти́в (पुं०) (दूरबीन, फ़ोटो कैमरे आदि का) लेंस ।

объекти́вный (वि०) वस्तुपरक ; वस्तुगत ; अनात्मपरक ।

объём (पुं०) आयतन ; घनफल ; परिमाण ; आकार ; **—истый** (वि०) विस्तीर्ण ; बड़ा ; बड़े आकारवाला ; **—ный** (वि०) आयतन से ; आयतनगत ; घनफल के अनुसार ; —ный ана́лиз आयतनगत/घनफलात्मक विश्लेषण ।

объе́сть(ся) दे० объеда́ть(ся).

объе́хать दे० объезжа́ть.

объявле́ние (नपुं०) घोषणा ; ऐलान ; о. войны́ युद्ध-घोषणा ; २. सूचना ; विज्ञापन ; नोटिस ; вы́весить о. सूचना (नोटिस) लगाना ।

объявля́ть (अपू०), **объяви́ть** (पू०) (भवि० объявлю́, объя́вишь) घोषणा करना ; ऐलान करना ; प्रकाशित करना ; о. войну́ युद्ध की घोषणा करना ; о. благода́рность प्रशंसा-भाव व्यक्त करना ; **—ся** (आत्म०) १. अपने कुछ होने की घोषणा करना ; २. प्रकट होना ; (कर्तृ-निरपेक्ष) объявля́ется, что घोषणा की जाती है कि . . . ।

объеде́ние (नपुं०) э́то о. यह स्वादिष्ट है ।

объясн||е́ние (नपुं०) स्पष्टीकरण ; व्याख्या ; да́ть о. स्पष्टीकरण करना / व्याख्या करना ; **—и́мый** (वि०) व्याख्येय ; निर्वचनीय ; व्याख्या करने योग्य ; **—и́тельный** (वि०) व्याख्यात्मक ।

объясня́ть (अपू०), **объясни́ть** (पू०) स्पष्टीकरण करना ; व्याख्या करना ; **—ся** (आत्म०) १. अपनी बात समझाना ; (अपनी बात का) स्पष्टीकरण करना ; २. (-से) बातचीत करना ; समझाना ; ३. объясня́ть का कर्मवाच्य ।

объя́т||ие (नपुं०) आलिंगन ; заключи́ть кого́-л. в —ия किसीका आलिंगन करना ।

объя́||ть (पू०) (обня́ть का पुराना रूप) (भवि० объе́млю объе́млешь या обыму́, обы́мешь) १. आलिंगन करना ; २. समझना ; (बात को) पकड़ना ; ३. (भावना आदि का) छा जाना ; अभिभूत हो जाना ; у́жас —л его́ उस पर भय छा गया ।

обыва́тель (पुं०), **—ница** (स्त्री०) निवासी/निवासिनी ; **—ский** (वि०) निवासी का ; —ские взгля́ды संकुचित विचार ।

обы́грывать (अपू०), **обыгра́ть** (पू०) हराना ; जीतना ; он обыгра́л его́ на 5 рубле́й उसने उससे पाँच रूबल जीत लिये ।

обыденн||ый, обыдённый (वि०) साधारण ; सामान्य ; —ое происше́ствие साधारण घटना ।

обыдёнщина (स्त्री०) सामान्यता ; साधारणता ।

обыкнове́н||ие (नपुं०) स्वभाव ; आदत ; име́ть о. де́лать что-л. कुछ करने की आदत होना ; по —ию स्वभावानुसार ; э́то про́тив его́ —ия यह उसके स्वभाव के प्रतिकूल है ; **—но** (क्रि० वि०) प्राय: ; सामान्यत: ; **—ный** (वि०) सामान्य ; साधारण ; —ная исто́рия साधारण कथा / साधारण घटना ।

о́быск (पुं०) तलाशी ; производи́ть, де́лать о. где-л. किसी जगह की तलाशी लेना ।

обыска́ть दे० обы́скивать ; **—ся** (आत्म०) व्यर्थ तलाश करना ।

обыскива́ть (अपू०), **обыска́ть** (पू०) (भवि० обыщу́, обы́щешь) १. सब जगह तलाश करना ; छान मारना ; २. तलाशी लेना ।

обы́ч||ай (पुं०) रिवाज ; प्रथा ; по —аю प्रथा के अनुसार ; э́то в —ае यह यहाँ की प्रथा है ।

обы́чн||о (क्रि० वि०) प्राय: ; सामान्यत: ; नियमत: ; **—ый** (वि०) सामान्य ; साधारण ।

обюрократи́ться (आत्म० पू०) (обюрокра́чусь, обюрократи́шься) नौकरशाह / दफ़्तरशाह बनना ।

обя́занн||ость (स्त्री०) कर्तव्य ; दायित्व ; जिम्मेदारी ; ड्यूटी ; счита́ть свое́й —остью अपना कर्तव्य समझना ; исполня́ть свои́

—ости अपना कर्तव्य-पालन करना/अपनी ड्यूटी पूरी करना ; исполня́ющий —ости कार्यवाहक ; **—ый** (वि०) १. मजबूर ; быть —ым что-л. сде́лать कुछ करने पर मजबूर होना ; २. (किसी-का) आभारी होना ; ऋणी होना ; он вам о́чень обя́зан वह आपका बहुत आभारी है ।

обяза́тельн||о (क्रि० वि०) अवश्य ; निश्चित रूप से ; अनिवार्य रूप से ; он о. придёт वह अवश्य आयेगा/वह निश्चय ही आयेगा ; **—ый** (वि०) १. अनिवार्य ; आवश्यक ; —ое обуче́ние अनिवार्य शिक्षा ; २. अनुग्रहशील ; उपकारी ; —ый челове́к अनुग्रहशील / उपकारी मनुष्य ।

обяза́тельственн||ый (वि०) : —ое пра́во दायित्व-क़ानून ।

обяза́тельств||о (नपुं०) दायित्व ; आभार ; ज़िम्मेदारी ; долгово́е о. ऋणबन्ध ; вы́полнить —а दायित्व पूरा करना ; взять на себя́ о. сде́лать что-л. कुछ करने की ज़िम्मेदारी लेना ।

обя́зывать (अपू०), **обяза́ть** (पू०) (भवि० обяжу́, обя́жешь) १. मजबूर करना ; его́ обяза́ли яви́ться в срок उसको समय पर आने के लिए मजबूर किया गया ; २. अनुग्रह करना ; उपकार करना ; вы меня́ э́тим о́чень обя́жете इससे मैं आपका बड़ा आभारी होऊँगा ; **—ся** (आत्म०) १. ज़िम्मेदारी लेना ; २. обя́зывать का कर्मवाच्य ।

ова́льный (वि०) अंडाकार ; अंडे की आकृति का ।

ова́ция (स्त्री०) वाह ! वाह !!

овдове́||вший, —лый (कृदन्त) विधुर ; रँडुआ ; **—вшая, —лая** (स्त्री०) विधवा ।

овдове́ть दे० вдове́ть.

овёс (पुं०) जई ।

ове́чий (वि०) овца́ से वि० ; भेड़ का ।

ове́чка (स्त्री०) овца́ का अल्प० ।

ови́н (पुं०) खलिहान ; धान्यागार ।

овла||дева́ть (अपू०), **овладе́ть** (पू०) १. (भावना को) अभिभूत करना ; क़ाबू करना ; क़ब्ज़ा करना ; अधिकार जमाना, им —де́л у́жас उस पर भय छा गया ; о. собо́й अपने आप पर क़ाबू पाना ; २. निष्णात होना ; पारंगत होना ; о. те́хникой टेकनीक में निष्णात होना/पारंगत होना ; **—де́ние** (नपुं०) १. अविकार ; क़ब्ज़ा ; २. पारंगति ; **—де́ть** दे० овладева́ть.

о́вод (पुं०) गोमक्खी ; डाँस ।

о́вощ||и (बहु०) (о́вощь एकवचन) सब्ज़ी ; तरकारी ; **—но́й** (वि०) सब्ज़ी का ; तरकारी का ।

овра́г (पुं०) करिका ; लम्बी गहरी घाटी

овся́нка (स्त्री०) जई का आटा ; जई का दलिया ।

овсяно́й, овся́ный (वि०) овёс और овся́нка से वि० ।

овца́ (स्त्री०) भेड़ ।

овцево́д (पुं०) अविपाल ; भेड़ें पालनेवाला ; **—ство** (नपुं०) अविपालन ; भेड़ें पालने का कार्य ।

овча́р (पुं०) गड़रिया ।

овча́р||ка (स्त्री०) (भेड़ों की रक्षा करनेवाला) कुत्ता ; **—ня** (स्त्री०) भेड़ों का बाड़ा ।

овчи́н||а (स्त्री०) भेड़ का चमड़ा ; **—ка** (स्त्री०) овчи́на का अल्प० ; **—ный** (वि०) भेड़ के चमड़े का ।

ога́рок (पुं०) (जलने से बचा हुआ) मोमबत्ती का सिरा ।

огиба́ть (अपू०), **обогну́ть** (पू०) १. (मोड़कर) चारों ओर चढ़ाना ; о. о́бруч вокру́г бо́чки पीपे के चारों ओर छल्ला चढ़ाना ; २. (घूमकर) पार कर जाना ; पास से गुज़र जाना ।

оглавле́ние (नपुं०) विषय-सूची ; अनुक्रमणिका ।

огласи́ть दे० оглаша́ть.

огла́ск||а (स्त्री०) प्रचार ; प्रसार ; преда́ть —е प्रसारित/प्रचारित करना ; получи́ть —у प्रचारित/प्रसारित होना ।

оглаша́ть (अपू०), **огласи́ть** (पू०) (भवि० оглашу́, огласи́шь) १. घोषणा करना ; ऐलान करना ; о. резолю́цию प्रस्ताव की घोषणा करना ; २. प्रसारित/प्रचारित करना ; ३. गुंजा देना ; пе́ние птиц огласи́ло лес पक्षियों के गान से जंगल गूँज उठा ; **—ся** (आत्म०) १. गूँजना ; २. оглаша́ть का कर्मवाच्य ;

—éние (नपुं०) १. घोषणा ; ऐलान ; २. प्रचारण/प्रसारण ।

оглóбля (स्त्री०) ईषा (मशीन का लम्बा धुरा) (अंग्रेजी—शैफ़्ट) ।

оглóхнуть दे० глóхнуть.

оглуш‖áть (अपू०), **оглуши́ть** (पू०) १. बहरा कर देना ; २. (थप्पड़ मारकर) कान सुन्न कर देना ; **—и́тельный** (वि०) बहरा कर देनेवाला ।

оглядéть दे० огля́дывать.

огля́дк‖а (स्त्री०) १. पीछे देखने की क्रिया ; бежáть без —и विना पीछे मुड़कर देखे दौड़ना ; २. सावधानी ; дéйствовать с —ой सावधानी से काम लेना ।

огля́дывать (अपू०), **оглядéть, оглянýть** (पू०) निरीक्षण करना ; देखना ; оглядéть с головы́ до ног सिर से पाँव तक निरीक्षण करना ; **—ся** (आत्म०) १. (оглядéться पू० के साथ) (चारों ओर) देखना ; (केवल पू०) आदत हो जाना ; २. (оглянýться पू० के साथ) पीछे मुड़कर देखना ।

огневóй (वि०) огóнь से वि० ।

огнеды́шащ‖ий (वि०) आग उगलनेवाला ; —ая горá ज्वालामुखी पर्वत ।

óгненный (वि०) अग्निमय ; प्रज्वलित ; उग्र ।

огнеопáсный (वि०) ज्वलनशील ।

огнепоклóнни‖к (पुं०), **—ца** (स्त्री०) अग्निपूजक ; **—чество** (नपुं०) अग्निपूजा ।

огнестóйкий (वि०) अग्निसह ।

огнестрéльный (वि०) : —ое орýжие आग्नेयास्त्र ; —ая рáна गोली का घाव ।

огнетуши́тель (पुं०) अग्निशामक ।

огнеупóрный (वि०) अग्निसह ; ऊष्मसह ।

огни́во (नपुं०) पलीता ।

óго (विस्मय०) ओहो !

оговáривать (अपू०), **оговори́ть** (पू०) १. निन्दा करना ; अपवचन कहना ; २. (को) हिसाब में लेना ; पहले से ही निदेश करना ; उल्लेख करना ; áвтор оговори́л э́то в предисловии लेखक ने इसका भूमिका में उल्लेख किया है ; **—ся** (आत्म०) १. कह बैठना ; बोल उठना ; फूट पड़ना २. (केवल पू०) (पहले से ही) अपवाद करना ; मर्यादा बाँध देना ।

оговóр (पुं०) अपवाद ; निन्दा ; **—ка** (स्त्री०) शर्त ; उपबन्ध ; с —кой शर्त के साथ ; без оговóрок बिना शर्त के ।

оголéние (नपुं०) नंगा करने/होने की क्रिया ।

оголтéлый (वि०) निर्लज्ज ; वेशर्म ।

оголя́ть (अपू०), **оголи́ть** (पू०) नंगा करना ; **—ся** (आत्म०) नंगा होना ; дерéвья огол и́лись पेड़ों के पत्ते झड़ गये ।

огонёк (पुं०) огóнь का अल्प ; अग्निक ; блуждáющий о. कच्छ-प्रकाश / धोखा देनेवाला प्रकाश ।

огóнь (पुं०) (केवल एकवचन) १. अग्नि ; २. शलक ; गोलाबारी ; групповóй о. सामूहिक तौर पर गोलाबारी/शलक करना ; ३. रोशनी ; огни́ потýшены रोशनी बुझा दी गयी ।

огорáживание (नपुं०) बाड़ लगाने/मेंड़ बनाने की क्रिया ।

огорáживать (अपू०), **огороди́ть** (पू०) (भवि० огорожý, огорóдишь) बाड़ लगाना ; मेंड़बन्दी करना ; घेरा करना ; **—ся** (आत्म०) १. अपने चारों ओर मेंड़ बना लेना ; २. огорáживать का कर्मवाच्य ।

огорóд (पुं०) सब्जी की बारी/ बगिया ।

огороди́ть दे० огорáживать.

огорóдн‖ик (पुं०), **—ица** (स्त्री०) सब्जी/तरकारी की खेती करनेवाला/वाली ।

огорóш‖ить (पुं०) चौंका देना ; चकित करना ; घबड़ा देना ; егó э́то —ило इससे वह चकित रह गया ।

огорчáть (अपू०), **огорчи́ть** (पू०) दुःख देना ; कष्ट देना ; я вам э́того не скáзывал, потомý что боя́лся вас огорчи́ть मैंने आपसे यह बात इसलिए नहीं कही कि आपको सुनकर दुःख होगा ; **—ся** (आत्म०) दुःखी होना ।

огорчéние (नपुं०) कष्ट ; दुःख ; **—и́тельный** (वि०) दुःखदायी ; कष्टकर ।

огорчи́ть(ся) दे० огорча́ть(ся)

ограб́||ить दे० гра́бить ; **—ле́ние** (नपुं०) डाका ; डकैती ।

огра́да (स्त्री०) मेंड़ ; बाड़ ।

огражда́ть (अपू०), **огради́ть** (पू०) (भवि० огражу́, огради́шь) १. बाड़ लगाना ; मेंड़ बनाना ; २. (-से) रक्षा करना ; बचाव करना ; **—ся** (आत्म०) (अपनी) रक्षा करना ; बचाव करना ।

огражде́ние (नपुं०) रोक ; रुकावट ।

ограниче́ние (नपुं०) सीमितता ; प्रतिबन्ध ।

ограни́ченн||ость (स्त्री०) १. (साधनों की) स्वल्पता ; (व्यक्ति का) ओछापन ; संकीर्णता ; **—ый** (वि०) सीमित ; स्वल्प ; (व्यक्ति) ओछा ; संकीर्णहृदय ।

ограни́чивать (अपू०), **ограни́чить** (पू०) सीमित करना ; मर्यादित करना ; प्रतिबन्धित करना ; о. ора́тора вре́менем वक्ता का समय सीमित करना ; **—ся** (आत्म०) १. अपने आपको सीमा में रखना ; २. ограни́чивать का कर्मवाच्य ।

ограничи́тельный (वि०) प्रतिबन्धकारी ; सीमित करनेवाला ।

огре́ть (पू०) १. तापना ; २. चपत मारना ।

огро́мн||ый (वि०) विराट् ; विशाल ; बृहत् ; महान् ; —ое жела́ние महती इच्छा ; —ое большинство́ अत्यधिक बहुमत ।

огрубе́||лый (वि०) खुरदरा ; सख्त किया हुआ ; **—ть** दे० грубе́ть

огрыза́ться (आत्म० अपू०) **огрызну́ться** (पू०) (दाँत से) चटकाकर तोड़ना ।

огры́зок (पुं०) दाँत से काटा हुआ टुकड़ा/हिस्सा ; о. я́блока दाँत से काटा हुआ सेब का टुकड़ा ।

огу́зок (पुं०) पुट्ठा ।

огу́лом (क्रि० वि०) थोक ; ढेर का ढेर ; सारा ।

огу́льн||о (क्रि० वि०) आधार या प्रमाण के बिना ; **—ый** (वि०) १. बिना आधार/प्रमाण का ; निराधार ; २. बिना छाँटे हुए ।

огуре́||ц (पुं०) खीरा ; **—чный** (वि०) खीरे का ।

о́да (स्त्री०) (छोटा) गीत ।

одарённ||ость (स्त्री०) देन ; ईश्वरीय देन ; **—ый** (वि०) मेधावी ; गुणी ।

одаа́ривать = одаря́ть

одар||я́ть (अपू०), **одари́ть** (पू०) १. उपहार देना ; о. кого́-л. чем. л. किसीको कुछ उपहार देना ; २. (-से) सम्पन्न करना ; приро́да —и́ла его́ прекра́сными спосо́бностями प्रकृति ने उसे विशिष्ट गुणों से सम्पन्न किया है ।

одева́ть (अपू०), **оде́ть** (पू०) (भवि० оде́ну, оде́нешь) कपड़े पहनाना ; **—ся** (आत्म०) कपड़े पहनना ; хорошо́ —ся अच्छे कपड़े पहनना ।

оде́жда (स्त्री०) वस्त्र ; कपड़े ; фо́рменная о. वर्दी ।

одеколо́н (पुं०) ओडीकोलोन (कोलोन का इत्र) ।

оделя́ть (अपू०), **одели́ть** (पू०) १. (एक-एक करके बहुतों को) उपहार देना ; он одели́л игру́шками всех дете́й उसने एक-एक करके सब बच्चों को गुड़ियाँ उपहार-रूप में दी ; २. (-से) सम्पन्न करना ।

одёргивать (अपू०), **одёрнуть** (पू०) १. खींचना ; о. пла́тье खींचकर कपड़े ठीक करना ; २. (किसी को झाड़ पिलाकर) मुँह बन्द करना ; झिड़कना ।

одеревене́лый (वि०) सुन्न ; काठ मारा हुआ-सा ; विजड़ित ; स्तब्ध ।

одеревене́ть दे० деревне́ть.

оде́рживать (अपू०), **одержа́ть** (पू०) प्राप्त करना ; पाना ; о. побе́ду над кем-л. किसी पर विजय पाना ।

одёрнуть दे० одёргивать.

оде́тый : оде́ть से कृदन्त ; सवस्त्र ; कपड़े पहने हुए ; ढँका हुआ ; о. сне́гом हिमाच्छादित/बर्फ़ से ढँका हुआ ।

оде́ть(ся) दे० одева́ть(ся).

одея́ло (नपुं०) कम्बल ; रज़ाई ।

одея́ние (नपुं०) वस्त्र ; पोशाक ।

оди́н (पुं॰) १. (गिनती) एक ; о. из ста सौ में से एक ; о. из них उनमें से एक ; (बहु॰) कोई एक ; कुछेक ; одни́ согласи́лись с ним, а други́е нет कुछेक उससे सहमत हो गये, बाक़ी नहीं ; о. еди́нственный केवल एक ; २. उसी/एक ही ; они́ живу́т в одно́м до́ме वह उसी (एक ही) घर में रहते हैं ; одного́ во́зраста एक ही आयु का/क़द का ; о. и тот же वही ; ३. अकेला ; он был совсе́м о. वह बिल्कुल अकेला था ; ४. केवल ; о. он мо́жет сде́лать э́то केवल वही यह कर सकता है ; ☐ все как о. सब एक होकर ; одни́м сло́вом एक शब्द में ; о. раз एक बार ।

одина́ково (क्रि॰ वि॰) बराबर ; समानता से ।

одина́ков‖ый (वि॰) एक-से ; समान ; वही ; они́ —ого ро́ста वे क़द में बराबर हैं/वे बराबर लम्बे हैं ।

одинё‖хонек, —шенек (पुं॰) बिल्कुल अकेला ; सर्वथा एकाकी ।

одиннадцати- (उपसर्ग) ग्यारह- ; одиннадцатидне́вный ग्यारह दिन का ; одиннадцатиле́тний ग्यारह वर्ष का ।

оди́ннадцатый (वि॰) ग्यारहवाँ ; о. но́мер ग्यारहवाँ नम्बर ।

оди́ннадцать (गिनती) ग्यारह ।

одино́кий (वि॰) १. अकेला ; २. कुँवारा ; अविवाहित ; ३. बिना परिवार का ।

одино́ко (क्रि॰ वि॰) अकेले ; жить о. अकेले रहना ।

оди́ночество (नपुं॰) अकेलापन ; एकान्त ।

одино́чк‖а (उभ॰) १. अकेला/अकेली ; жить —ой अकेले रहना ; по —е एक-एक करके ; २. एकान्त ; क़ैद कोठरी ; एकान्त कारा ।

одино́чн‖ый (वि॰) अकेले का ; एकान्त का ; एक-एक का ; —ое заключе́ние एकान्त कारावास ; о. ого́нь एक-एक करके गोली चलाना ।

одио́зный (वि॰) गर्हित ; कुत्सित ; घृणास्पद ।

одича́лый (वि॰) जो जंगली हो गया हो ।

одича́ние (नपुं॰) जंगली बनना ।

одича́ть दे॰ growing дича́ть.

одна́ : оди́н का स्त्री॰-रूप ।

одна́жды (क्रि॰ वि॰) एक बार ।

одна́ко, —ж, —же (अ॰ सम्बन्धसूचक) १. तथापि ; तो भी ; ख़ैर ; लेकिन ; परन्तु ; चाहे ; по́зже, о., он пришёл ख़ैर, बाद में वह आ गया ; он был там, о. их не ви́дел वह वहाँ था, फिर भी उसने उनको नहीं देखा ; २. (विस्मय॰) सचमुच !

одни́ : оди́н का बहु॰-रूप ।

одно́ : оди́н का नपुं॰-रूप ।

одноа́ктный (वि॰) एकांकी (नाटक) ।

однобо́кий (वि॰) एक बग़ल का ।

одновесе́льный (वि॰) एक चप्पू का

одновре́ме́нн‖о (क्रि॰ वि॰) एक ही समय ; साथ-साथ ; **—ый** (वि॰) युगपत् ; एक साथ होनेवाला ।

одногла́зый (वि॰) एकाक्षी ; एक आँखवाला ; काना ।

одного́рбый (वि॰) एक ककुदवाला ; о. верблю́д एक ककुदवाला ऊँट ।

однодне́вный (वि॰) एक दिन का ।

однозву́чный (वि॰) एक ही स्वर का ; एक लय का ; नीरस ।

однозна́ч‖ащий (वि॰) पर्यायवाची ; समानार्थी ; **—ный** (वि॰) १. (गणित) सरल ; २. = однозна́чащий.

одноимённый (वि॰) नामराशि ; एक ही नाम का ; हमनाम ।

однока́шник (पुं॰) साथ-साथ पले-बढ़े ; जो साथ-साथ पाले-पोसे गये हों ।

однокла́ссни‖к (पुं॰), **—ца** (स्त्री॰) एक ही कक्षा में पढ़नेवाला/वाली ।

одноко́лка (स्त्री॰) दुपहिया गाड़ी ।

однокра́тный (वि॰) सकृतभावी ; एक बार होनेवाला ; क्षणिक ।

одноле́т‖ний (वि॰) एक वर्ष का ; **—ок** (पुं॰) समवयस्क ; हमउम्र ।

одноно́гий (वि०) एक टाँगवाला ।

однообра́з‖ие (नपुं०), **—ность** (स्त्री०) एकरूपता ; एकरसता ; नीरसता ।

однопала́тный (वि०) एकसदनी ।

одноплемённый (वि०) सगोत्र ; एक ही क़बीले का ।

однопо́лый (वि०) (वन०) एकांगी ; समलिंगी ।

одноро́гий (वि०) एक सींगवाला ।

одноро́дн‖ость (स्त्री०) एकजातीयता ; एकरूपता ; **—ый** (वि०) एकजातीय ; एकरूप ।

односельча́н‖ин (पुं०), **—ка** (स्त्री०) समग्रामीय ; एक ही गाँव का/की ।

односло́жный (वि०) एकमात्रिक ; एक सिलेबल का ।

односпа́льн‖ый (वि०) —ая крова́ть एक व्यक्ति के सोने की चारपाई ।

односторо́нний (वि०) एकपक्षीय ; एक ओर का ; एकतरफ़ा ।

одноу́хий (वि०) एक कानवाला ।

одноцве́тный (वि०) एक रंग का ।

одночле́н (पुं०) (गणित) एकपदीय ।

одноэта́жний (वि०) एक मंज़िल का (मकान)।

одобр‖е́ние (नपुं०) अनुमोदन ; **—и́тельный** (वि०) अनुमोदनात्मक ।

одобря́ть (अपू०), **одо́брить** (पू०) अनुमोदन करना ।

одолева́ть (अपू०), **одоле́ть** (पू०) जीतना ; विजय पाना ; о. проти́вника विरोधी पर विजय पाना ; (कठिनाई आदि पर) क़ाबू पाना ; मुक़ाबला करना ; सुलझाना ।

одолжа́ть (अपू०), **одолжи́ть** (पू०) १. उधार देना ; २. उधार लेना ; ३. अनुग्रह करना ; **—ся** (आत्म०) अनुगृहीत होना ; आभारी होना ।

одолже́ние (नपुं०) अनुग्रह ; कृपा ; сде́лать о. अनुग्रह करना /कृपा करना ।

одолжи́ть दे० одолжа́ть.

одонтоло́гия (स्त्री०) दन्तविद्या ।

одряхле́ть दे० дряхле́ть.

одува́нчик (पुं०) पीले फूलवाला एक प्रकार का पौधा (अँग्रेज़ी—डैंडेलियन) ।

оду́маться (आत्म० पू०) (भली भाँति सोच-विचार करके) इरादा बदलना ।

одура́чивать (अपू०), **одура́чить** (पू०) बुद्धू बनाना ; मूर्ख बनाना ।

одура́чить दे० одура́чивать और дура́чить.

одуре́лый (वि०) हतबुद्धि ; (किसी वजह से) अक़्ल गँवा बैठनेवाला ।

одуре́ние = о́дурь.

одуре́ть दे० дуре́ть.

одурма́нивать (अपू०), **одурма́нить** (पू०) हतप्रभ करना ; बुद्धि हरना ; प्रमत्त करना ; **—ся** (आत्म०) हतप्रभ होना ; निर्बुद्धि होना ; प्रमत्त होना ।

одурма́нить दे० одурма́нивать और дурма́нить.

о́дурь (स्त्री०) हतप्रभता ; बुद्धि की जड़ता ; व्यामोह ; मदहोशी ।

одуря́ть=одурма́нивать.

одутлова́т‖ость (स्त्री०) स्थूलता ; मुटापा ; **—ый** (वि०) १. फूला हुआ ; —ое лицо́ फूला हुआ मुँह ; २. स्थूल ; मोटा ।

одухотворя́ть (अपू०), **одухотвори́ть** (पू०) आध्यात्मिक बनाना ; आध्यात्मिक स्तर पर लाना ; उदात्त करना ।

одушев‖и́ть(ся) दे० одушевля́ть(ся) ; **—ле́ние** (नपुं०) चेतनायुक्त करने/अनुप्राणित करने की क्रिया ।

одушевля́ть (अपू०), **одушеви́ть** (पू०) (भवि० одушевлю́, одушеви́шь) चेतना-सम्पन्न करना ; अनुप्राणित करना ; **—ся** (आत्म०) अनुप्राणित होना ; चेतना-सम्पन्न होना ।

одышка (स्त्री०) उखड़ी साँस ; शीघ्र-श्वसन ; (रोग आदि के कारण) साँस लेने में कठिनाई ।

ожере́лье (नपुं०) कंठहार ।

ожесточа́ть (अपू०), **ожесточи́ть** (पू०) कठोर करना ; क्रूर बनाना ; **—ся** (आत्म०) १. कठोर होना ; क्रूर होना ; २. ожесточа́ть का कर्मवाच्य ।

ожесточе́ние (नपुं०) कठोरता ; क्रूरता ।

ожесточённость (स्त्री०) = ожесточе́ние.

ожесточи́ть(ся) दे० ожесточа́ть(ся).

оже́чь(ся) = обже́чь(ся).

ожива́ть (अपू०), **ожи́ть** (पू०) (भवि० оживу́, оживёшь) जीवन पाना ; अस्तित्व में आना ।

ожив||и́ть(ся) दे० оживля́ть(ся) ; **—ле́ние** (नपुं०) १. अधिक सजीव बनाने की क्रिया ; पुनर्जीवित करने की क्रिया ; २. प्राण-संचार ; जोश ; उत्साह ; с больши́м —ле́нием बड़े उत्साह से ; **—лённо** (क्रि० वि०) जोश से ; उत्साह से ; **—лённый** (वि०) सजीव ; जोशीला ।

оживля́ть (अपू०), **оживи́ть** (पू०) (भवि० оживлю́, оживи́шь) प्राणान्वित करना ; पुनर्जीवित करना ; प्रोत्साहित करना ; प्राण डालना ; **—ся** (आत्म०) १. प्राणान्वित होना ; २. оживля́ть का कर्मवाच्य ।

ожида́ни||е (नपुं०) प्रतीक्षा ; प्रत्याशा ; обману́ть чьи-л. —я किसीको निराश करना ; в —и его́ возвраще́ния उसके लौटने तक ; сверх —я अप्रत्याशित ।

ожида́||ть (अपू०) प्रतीक्षा करना ; आशा रखना ; он —ет его́ уже́ час वह उसकी एक घंटे से प्रतीक्षा कर रहा है ; я не —л вас ви́деть मुझे आपसे मिलने की आशा नहीं थी ।

ожире́ние (नपुं०) पीनता ; स्थूलता ; मुटापा ।

ожи́ть दे० ожива́ть.

ожо́г (पुं०) जलन ।

озабо́тить(ся) दे० озабо́чивать(ся).

озабо́ченн||ость (स्त्री०) चिन्ता ; फ़िक्र ; **—ый** (वि०) चिन्तित ; फ़िक्रमन्द ।

озабо́чивать (अपू०), **озаботи́ть** (पू०) (भवि० озабо́чу, озабо́тишь) चिन्तित करना ; चिन्ता उत्पन्न करना ; **—ся** (आत्म०) देख-भाल करना ; चिन्तित होना ।

озагла́вливать (अपू०), **озагла́вить** (पू०) (भवि० озагла́влю, озагла́вишь) शीर्षक देना ; о. статью́ लेख का शीर्षक देना ।

озада́ченн||ость (स्त्री०) परेशानी ; घबराहट ; आकुलता ; **—ый** (वि०) परेशान ; घबराया हुआ ; आकुल ।

озада́чивать (अपू०), **озада́чить** (पू०) घबराना ; व्याकुल करना ; परेशान करना ।

озаря́ть (अपू०), **озари́ть** (पू०) आलोकित करना ; उजागर करना ; **—ся** (आत्म०) १. आलोकित होना ; उजागर होना ; २. озаря́ть का कर्मवाच्य ।

озвере́||лый (वि०) जो नृशंस/निर्दयी हो गया हो ; **—ние** (नपुं०) नृशंसता ; निर्दयता ; с —нием निर्दयता से ।

озвере́ть दे० звере́ть.

озву́чивать (अपू०), **озву́чить** (पू०) (फ़िल्म में) आवाज भरना ।

оздоров||и́ть दे० оздоровля́ть ; **—ле́ние** (नपुं०) आरोग्य/स्वस्थ बनाने की क्रिया ।

оздоровля́ть (अपू०), **оздорови́ть** (पू०) (भवि० оздоровлю́, оздорови́шь) आरोग्य बनाना ; स्वस्थ बनाना ।

озеленя́ть (अपू०), **озелени́ть** (पू०) हरियाली करना ; हरे पौधे लगाना ।

о́земь (क्रि० वि०) भूमि पर ; नीचे ; уда́риться о. भूमि पर गिरना ।

озерно́й, озёрный (वि०) झील का ; о. бе́рег झील का तट ।

о́зеро (नपुं०) झील ।

ози́мые (बहु०) (वि० रू०) जाड़े की फ़सलें ।

ози́м||ый (वि०) सर्दी का ; जाड़े का ; —ая культу́ра जाड़े की फ़सल ।

о́зимь (स्त्री०) जाड़े की फ़सल ।

озира́ть (अपू०) अवलोकन करना ; देखना ; **—ся** (आत्म०) पीछे मुड़कर देखना ; चारों ओर देखना ।

озли́ться = обозли́ться.

озло́б||ить(ся) दे० озлобля́ть(ся) ; **—ле́ние** (नपुं०) शत्रुता ; वैर ; क्रोध ।

озлобля́ть (अपू०), **озло́бить** (पू०) (भवि० озло́блю, озло́бишь), क्रुद्ध करना ; **—ся** (आत्म०) १. क्रुद्ध होना ; २. озлобля́ть का कर्मवाच्य ।

ознако́м‖ить(ся) दे० ознакомля́ть(ся) ; **—ле́ние** (नपुं०) परिचय ।

ознакомля́ть (अपू०), **ознако́мить** (पू०) (भवि० ознако́млю, ознако́мишь) (-से) परिचय कराना ; **—ся** (आत्म०) (-से) परिचय करना ।

ознаменова́ние (नपुं०) : в о. чего́-л. (किसी उपलक्ष्य में/किसी घटना की स्मृति में) त्यौहार मनाने की क्रिया ।

ознаменова́ть (पू०) (किसी उपलक्ष्य में/किसी घटना की स्मृति में) त्यौहार मनाना ; दिन मनाना ।

означа́‖ть (अपू०) अर्थ देना ; द्योतन करना ; सूचित करना ; что —ют э́ти бу́квы ? ये अक्षर क्या अर्थ देते हैं ?

озна́ченный (वि०) पूर्वोक्त ।

озно́б (पुं०) कँपकँपी ; बुख़ार ; ठंड ; у него́ о. वह काँप रहा है ।

озолоти́ть (पू०) (озолочу́, озолоти́шь) १. सोने का पानी करना ; मुलम्मा करना ; २. धनी बनाना ; सोने से लाद देना ; **—ся** (आत्म०) सोने-का सा हो जाना ; सुनहरा हो जाना ।

озор‖ни́к (पुं०), **—ни́ца** (स्त्री०) १. शरारती बच्चा ; शरारती आदमी / औरत ; धूर्त/चालाक पुरुष या स्त्री ; **—нича́ть** (अपू०) बच्चे का शरारतें करना ; चालाकी करना ; धूर्तता करना ; **—но́й** (वि०) शरारती ; चालबाज़ ; चालाक ; —ны́е глаза́ शरारत-भरी आँखें ; **—ство́** (नपुं०) शरारत ; चालाकी ।

озя́б‖нуть (पू०) ठंडा होना ; जम जाना ; सुन्न होना ; у него́ —ли ру́ки (ठंड के मारे) उसके हाथ सुन्न हो गये हैं ।

ой (विस्मय०) ओ ! ऐ !

оказа́ние (नपुं०) : для оказа́ния по́мощи सहायता देने के लिए ।

оказа́ть दे० ока́зывать

ока́зия (स्त्री०) १. अवसर ; २. अप्रत्याशित घटना ; अजीब बात ; кака́я о. ! कैसी अप्रत्याशित घटना है !/कैसी अजीब बात है !

ока́зывать (अपू०), **оказа́ть** (पू०) (भवि० окажу́, ока́жешь) १. (सहायता) देना ; о. соде́йствие सहयोग देना ; о. по́мощь सहायता देना ; о. услу́гу सेवा करना ; २. दिखाना ; प्रकट करना ; अधिक आदर करना ; о. предпочте́ние अधिक अनुराग दिखाना / प्रकट करना ; о. давле́ние दबाव डालना ; **—ся** (आत्म०) १. प्रकट होना ; २. होना ; पता लगना ; सिद्ध होना ; оказа́лось, что पता लगा कि... ; двух экземпля́ров кни́ги не оказа́лось पुस्तक की दो प्रतियाँ नहीं मिली (अर्थात गुम थीं) ; трево́га оказа́лась напра́сной भय व्यर्थ सिद्ध हुआ ; ока́зывается, что मालूम पड़ता है कि... ।

окаймля́ть (अपू०), **окайми́ть** (पू०) (भवि० окаймлю́, окайми́шь) मग़ज़ी लगाना ; किनारी लगाना ; संजाफ़ लगाना ।

окамене́л‖ость (स्त्री०) अश्मीभूतता ; पथरीलेपन का भाव/पथरीलापन ; पत्थर बनाने का भाव ; **—ый** (वि०) अश्मीभूत ; पत्थर बना हुआ (पदार्थ) ; पृथ्वी के भीतर गड़ा हुआ (पदार्थ) ।

окамене́ть दे० камене́ть.

окантова́ть (पू०) (—ту́ю) : о. карти́ну चित्र को मढ़ना ।

ока́нчивать (अपू०), **око́нчить** (पू०) १. समाप्त करना ; ख़त्म करना ; око́нчить шко́лу स्कूल की शिक्षा समाप्त करना ; **—ся** (आत्म०) समाप्त होना ; ख़त्म होना ; २. ока́нчивать का कर्मवाच्य ।

ока́пывать (अपू०), **окопа́ть** (पू०) चारों ओर खोदना ; (सेना-सम्बन्धी) खाइयाँ खोदकर जम जाना ।

о́кать (अपू०) 'ओ' का उच्चारण करना ।

ока́чивать (अपू०), **окати́ть** (पू०) (भवि० окачу́, ока́тишь) १. पानी में गोता देना ;

भिगोना ; окати́ть холóдной водóй ठंडा पानी उँडेलना ; २. उत्साह भंग करना ।

окáшивать (अपू०), **окоси́ть** (पू०) (भवि० окошý, окоси́шь) चारों ओर से (घास आदि) काटना ।

окая́нный (वि०) अभिशप्त ; अभागा ।

океáн (पुं०) महासागर ; **—ский** (वि०) महासागर का ।

оки́дывать (अपू०), **оки́нуть** (पू०): о. взгля́дом, взóром निगाह डालना/नज़र दौड़ाना ।

о́кисел (पुं०) (रस०) ऑक्साइड ।

окисля́ть (अपू०), **оки́слить** (पू०) (रस०) ऑक्सीकरण करना ।

о́кись (स्त्री०) (रस०) ऑक्साइड ; о. желéза फ़ेरिक ऑक्साइड ; लौहिक/लौह ऑक्साइड ; о. углерóда कार्बन-ऑक्साइड ।

окклю́зия (स्त्री०) (रस०) अधिधारण (अंग्रेज़ी—अक्लूज़न) ।

оккульти́зм (पुं०) गुप्त विद्या ।

окку́льтный (वि०) गुप्त ; गुह्य ; अगोचर ।

оккуп||áнт (पुं०) अधिकार जमानेवाला ; आधिपत्य जमानेवाला ; **—ациóнный** (वि०) —ациóнная áрмия आधिपत्य करनेवाली सेना ।

оккупи́ровать (अपू०) (—рую) आधिपत्य करना ; अधिकार जमाना ।

оклáд (पुं०) १. वेतन-दर ; तनख्वाह की दर ; २. कर ; ३. मूर्ति का ढाँचा ; चौखटा ।

оклáдист||ый (वि०) : —ая бородá चौड़ी और घनी दाढ़ी ।

окладнóй (वि०) о. сбор निर्धारित कर ।

оклеветáть (पू०) (किसीके बारे में) बदनामी फैलाना ; अपयश फैलाना ।

оклéивать (अपू०), **оклéить** (पू०) चिपकाना ; оклéить кóмнату обóями कमरे की दीवारों पर काग़ज़ चिपकाना ।

о́клик (पुं०) आह्वान ; बुलावा ।

окликáть (अपू०), **окли́кнуть** (पू०) आह्वान करना ; बुलावा देना ।

окнó (नपुं०) खिड़की ; слуховóе о. (ढलवाँ छत में) बाहर को निकली हुई खिड़की ।

о́ко (नपुं०) (काव्य०) नेत्र ; ☐ в мгновéние о́ка निमिष में/आँख झपकते ; о́ко за о́ко जैसे को तैसा ।

окóвка (स्त्री०) किसी धातु से मढ़ने/साम चढ़ाने की क्रिया ।

окóвы (बहु०) बेड़ियाँ ; сбрóсить с себя́ о. बेड़ियाँ तोड़ना ; налагáть о. बेड़ियाँ डालना ।

окóвывать (अपू०), **оковáть** (पू०) (भवि० окýю, окуёшь) १. (किसी धातु से) मढ़ना ; о. сундýк желéзом सन्दूक लोहे से मढ़ना ; २. बेड़ियाँ डालना ; दास बनाना ।

околáчиваться (आत्म० अपू०) मटरगश्त करना ; टहलना ; о. без дéла आवारागर्दी करना ।

околдóвывать (अपू०), **околдовáть** (पू०) (भवि०—дýю) जादू करना ; टोना करना ।

околевáть (अपू०), **околéть** (पू०) (पशुओं का) मरना ; лóшадь околéла घोड़ा मर गया ।

околёсина = околёсица.

околёсиц||а (स्त्री०) बकवास ; ☐ нести́ —у बकवास करना ।

околéть दे० околевáть.

окóлица (स्त्री०) (नगर का) उपान्त ; на —е उपान्त पर ।

околи́чност||ь (स्त्री०) चक्कर ; हेर-फेर ; लाग-लपेट ; без вся́ких —ей बिना हेर-फेर/बिना लाग-लपेट ।

о́коло (क्रि० वि०) १. समीप ; पास ; आस-पास ; э́то совсéм о. यह तो बिल्कुल समीप है ; о. гóрода есть óзеро नगर के समीप झील है ; २. लगभग ; о. трёх дней लगभग तीन दिन ।

околóдок (पुं०) १. पड़ौस ; २. नगर का वार्ड ; भाग ; ३. थाना ।

околóдочный (वि०) १. околóдок-३ से वि० ; २. (रूसी इतिहास में) पुलिस-अफ़सर ; о. надзирáтель (रूसी इतिहास में) पुलिस-अफ़सर ।

околоплóдник (पुं०) (वन०) बीजकोष ; फलावरण (अंग्रेज़ी—पेरीकार्प) ।

околосерде́чн||ый (वि०) : —ая су́мка परिहृद (हृदय के चारों ओर की झिल्ली) ।

около́ток = около́док.

околоу́шный (वि०) कान के आस-पास का ।

околпа́чивать (अपू०), **околпа́чить** (पू०) मूर्ख बनाना ; बुद्धू बनाना ।

око́лыш (पुं०) टोपी का घेरा ।

око́льный (वि०) चक्करदार ; о. путь चक्करदार रास्ता ।

оконе́чность (स्त्री०) चरम सीमा ; पराकाष्ठा ; छोर ।

око́нн||ый (वि०) खिड़की का ; —ое стекло́ खिड़की का शीशा ।

оконфу́зить (पू०) (оконфужу́, оконфузишь) घबरा देना ; सिटपिटा देना ; सिट्टी गुम कर देना ।

оконча́||ние (नपुं०) अन्त ; समाप्ति ; по —нии университе́та स्नातक होने पर/विश्वविद्यालय की शिक्षा समाप्त करने पर ; **—тельно** (क्रि० वि०) अन्तिम रूप से ; **—тельный** (वि०) अन्तिम ; निश्चित ; —тельное реше́ние अन्तिम निर्णय ।

око́нчить दे० ока́нчивать.

око́п (पुं०) खाई ; рыть —ы खाइयाँ खोदना ।

окопа́ть दे० ока́пывать.

окора́чивать (अपू०), **окороти́ть** (पू०) (भवि० окорочу́, окороти́шь) छोटा करना ; संक्षिप्त करना ।

око́рка (स्त्री०) छिलका उतारने/छीलने की क्रिया ।

окорми́ть (पू०) (भवि० окормлю́, око́рмишь) १. अधिक खिलाना ; २. ख़राब भोजन कराके विष चढ़ाना ।

окорна́ть (पू०) (पूँछ आदि) छोटी करना ; काटना ; संक्षिप्त करना ।

о́корок (पुं०) कूल्हा ; सुअर की जाँघ ।

окороти́ть दे० окора́чивать.

окоси́ть दे० ока́шивать.

окостенева́ть (अपू०), **окостене́ть** (पू०) अस्थिवत् हो जाना ; हड्डी बन जाना ; कड़ा हो जाना ; सख़्त हो जाना ।

окостене́лый (वि०) अस्थीभूत ; हड्डी बना हुआ ; सख़्त ; कड़ा ।

окостене́ть (पू०) दे० окостенева́ть और костене́ть.

око́т (पुं०) १. (भेड़ों के) बच्चे देने की क्रिया ; २. (भेड़ों के) बच्चे देने का समय ।

окочене́||лый (वि०) (सर्दी के मारे) सुन्न ; **—ть** दे० кочене́ть.

око́шко = окно́.

окра́ина (स्त्री०) उपान्तवर्ती क्षेत्र ; नगर-उपान्त ।

окра́сить(ся) दे० окра́шивать(ся).

окра́ска (स्त्री०) १. रँग/रोग़न करने की क्रिया ; २. रँग ; रोग़न ।

окра́шивание = окра́ска.

окра́шивать (अपू०), **окра́сить** (पू०) (भवि० окра́шу, окра́сишь) रँग करना ; रँगना ; रोग़न करना ; **—ся** (आत्म०) १. रँग दिया जाना ; रँग पकड़ना ; रँग बदलना ; не́бо окра́силось в ро́зовый цвет आकाश का रँग गुलाबी हो गया ; २. окра́шивать का कर्मवाच्य ।

окре́пнуть दे० кре́пнуть.

окре́стить (पू०) (окрещу́, окрести́шь) १. दे० кре́стить -I. ; २. उपनाम देना ।

окре́стн||ость (स्त्री०) परिवेश (आस-पास की भूमि) ; नगर के चारों ओर का प्रदेश ; पास-पड़ौस ; **—ый** (वि०) पास-पड़ौस का ; उपान्तिक ।

окриве́ть (पू०) एक आँख से दृष्टिहीन होना ; काना होना ।

о́крик (पुं०) चीख़ ।

окрова́вить (पू०) (окрова́влю, окрова́вишь) ख़ून से लथपथ करना ।

окропля́ть (अपू०), **окропи́ть** (पू०) (भवि० окроплю́, окропи́шь) छिड़कना ; छींटे देना ।

окро́шка (स्त्री०) ओक्रोशका [ठंडे क्वास (दे० квас) का शोरबा] ।

о́круг (पुं०) ओक्रुग (जिला) ; प्रदेश ; क्षेत्र ; избира́тельный о. चुनाव-क्षेत्र ।

округли́ть(ся) दे० округля́ть(ся).

окру́глый (वि०) गोल किया हुआ ।

округля́ть (अपू०), **округли́ть** (पू०) गोल बनाना ; (-के) लगभग करना ; **—ся** (आत्म०) गोल बनाया जाना ; (-के) लगभग किया जाना ।

окруж||а́ть (अपू०), **окружи́ть** (पू०) घेरना ; घेरा डालना ; пруд —а́ли дере́вья तालाव के चारों ओर पेड़ थे ; его́ —а́ли лю́ди उसको लोगों ने घेर लिया ; **—е́ние** (नपुं०) १. घेरा ; вы́йти из —е́ния घेरा तोड़ना ; попа́сть в —е́ние घेरा जाना ; २. पास-पड़ौस ।

окружи́ть दे० окружа́ть.

окружно́й (वि०) о́круг से वि० ।

окру́жн||ость (स्त्री०) १. (गणित) परिधि ; वृत्त ; име́ть в —ости 2 киломе́тра दो किलोमीटर की परिधि होना ; на 5 киломе́тров в —ости ५ किलोमीटर की परिधि होना ; **—ый** (वि०) पड़ौस का ; निकटस्थ ।

окрути́ть दे० окру́чивать.

окрути́ться (आत्म० पू०) (окручу́сь, окру́тишься) १. (अपने आप पर) लपेटना ; о. платко́м रूमाल लपेटना ; २. किसीकी लपेट (चक्कर) में आकर अपना विवाह करना ।

окру́чивать (अपू०), **окрути́ть** (पू०) (भवि० окручу́ окру́тишь) १. (चारों ओर) लपेटना ; (केवल पू०) लपेट (चक्कर) में लेकर किसी का विवाह करना ।

окрыля́ть (अपू०), **окрыли́ть** (पू०) उत्प्रेरित करना ; उत्तेजित करना ; पंख लगाना ; о. наде́ждой आशाएँ जगाना ।

окры́ситься (आत्म० पू०) (प्रथम पुरुष का रूप प्रयुक्त नहीं होता, окры́сишься) चिल्लाकर उत्तर देना ।

окта́ва (स्त्री०) अष्टक ।

окта́эдр (पुं०) अष्टभुज ।

октябри́ст (पुं०) अक्तूबर-पन्थी ।

октя́брь (पुं०) अक्तूबर ; **—ский** (वि०) अक्तूबर का ; Вели́кая Октя́брьская социалисти́ческая револю́ция अक्तूबर की महान् समाजवादी क्रान्ति ।

окули́ст (पुं०), **—ка** (स्त्री०) नेत्र-चिकित्सक ; आँखों का (की) डाक्टर ।

окуна́ть (अपू०), **окуну́ть** (पू०) डुबोना/भिगोना ; окуну́ть ло́жку в суп चम्मच को शोरबे में डुबोना ।

о́кунь (पुं०) (गहरे हरे रँग की पीठवाली) मछली ।

окупа́ть (अपू०), **окупи́ть** (पू०) (भवि० окуплю́, оку́пишь) क्षतिपूर्ति करना ; (खर्चा) लौटाना ।

окургу́зить (पू०) (काटकर) छोटा करना ।

оку́ривание (नपुं०) धुआँना ।

оку́ривать (अपू०), **окури́ть** (पू०) धुएँ से भरना ; (धुआँ देकर) भगाना/निकालना ।

оку́рок (पुं०) टोटा ; सिगरेट/बीड़ी का अवशेष ।

оку́тывать (अपू०), **оку́тать** (पू०) लपेटना ; कम्वल में लपेटना ; ढकना ; **—ся** (आत्म०) १. अपने आपको लपेटना ; (कम्वल आदि) ओढ़ना ; २. оку́тывать का कर्मवाच्य ।

ола́дья (स्त्री०) ओलाद्या (एक प्रकार की मोटी टिकिया) ; карто́фельная о. आलू की टिकिया ।

оледене́||лый (वि०) (ठंड के कारण) जमा हुआ ; **—ть** (अपू०) जम जाना ; वर्फ़ से ढँक जाना ।

оленево́дство (नपुं०) रेंडियर (एक प्रकार का बारहसिंगा) का पालन ।

оле́н||ий (वि०) (स्त्री० —ья) रेंडियर का ; **—ина** (स्त्री०) रेंडियर का मांस ।

оле́нь (पुं०) रेंडियर ।

оли́в||а, оли́вка (स्त्री०) जैतून का वृक्ष ; **—ковый** (वि०) १. оли́ва और оли́вка से वि० ; २. जैतूनी रँग का ; जैतून जैसा हरा ।

олига́рхия (स्त्री०) अल्पतन्त्र ।

олимпиа́да (स्त्री०) १. ओलम्पियाड (प्राचीन यूनान का चार वर्ष का समय) ; २. ओलिम्पिक खेलों की प्रतियोगिता ।

олицетворéние (नपुं०) १. मानवीकरण ; २. प्रतिमूर्ति ; साकार ; о. мýжества वीरता की प्रतिमूर्ति / साकार वीरता ।

олицетворя́ть (अपू०), **олицетвори́ть** (पू०) साकार करना ; मूर्तिमान करना ; सशरीर करना ।

óлов||о (नपुं०) राँगा ; сплав —а с други́м метáллом राँगा, सीसा आदि मिश्रित द्रव्य ; **—я́нный** (वि०) राँगे का ।

óлух (पुं०) मूर्ख ; बुद्धू ।

ольх||á (स्त्री०) भूर्जबन्धु ; भूर्ज जैसा एक वृक्ष ; **—óвый** (वि०) ольхá से वि० ।

ом (पुं०) ओहम ; घुराध (बिजली की शक्ति का एक नाप) ।

омáр (पुं०) एक प्रकार का केकड़ा ; (अंग्रेज़ी—लॉब्स्टर) ।

омéга (स्त्री०) १. ओमेगा ; ग्रीक वर्णमाला का अन्तिम अक्षर ; २. अन्त ।

омерз||éние (नपुं०) अति घृणा ; внушáть о. अति घृणा उत्पन्न करना ; **—и́тельный** (वि०) अतिघृणाजनक ।

омертвé||лость (स्त्री०) चैतन्य-नाश ; जड़ता ; **—лый** (वि०) निर्जीव ; सुन्न।

омертвéть दे० мертвéть.

омлéт (पुं०) (अंडों का) आमलेट ।

óмнибус (पुं०) सर्वयान ; बस (मोटर गाड़ी) ।

омовéние (नपुं०) शरीर-शुद्धि ; о. рук सन्ध्यादि के पूर्व हाथ-मुँह धोना ।

омолáж||ивать (अपू०), **омолоди́ть** (पू०) (भवि० омоложý, омолоди́шь) फिर से जवान बनाना ; कायाकल्प करना ; **—ся** (आत्म०) फिर से जवान होना ; कायाकल्प होना ।

омоложéние (नपुं०) कायाकल्प ; (फिर से) युवा करने की क्रिया ।

омóним (पुं०) सम-रूप ; भिन्नार्थक शब्द ।

омочи́ть (पू०) गीला करना ; भिगोना ; डुबोना ।

омрачáть (अपू०), **омрачи́ть** (पू०) अँधेरा करना ; धूमिल करना ; धुँधला करना ; **—ся** (आत्म०) १. अँधेरा होना ; २. омрачáть का कर्मवाच्य ।

óмут (पुं०) (जल) भँवर ; (नदी या तालाब के तल पर) गहरा गड्ढा ।

омывáть (अपू०), **омы́ть** (पू०) (भवि० омóю, омóешь) धोना ।

омылéние (नपुं०) (रस०) साबुनीकरण ।

омы́ть दे० омывáть.

он (सर्व०) (पुं०) (सम्बन्धकारक और कर्मकारक-रूप (н)егó, करणकारक-रूप (н)им, सम्प्रदानकारक-रूप (н)емý, अधिकरणकारक-रूप - нём) वह ।

онá (सर्व०) (स्त्री०) (सम्बन्धकारक और कर्मकारक-रूप (н)её, करणकारक और सम्प्रदानकारक-रूप (н)ей (н)éю, अधिकरणकारक-रूप ней) वह ।

онáгр (पुं०) जंगली गधा ; गोरखर ।

онан||и́зм (पुं०) हस्तमैथुन ; **—и́ровать** (अपू०) (—рую) हस्तमैथुन करना ; अप्राकृतिक विधि से वीर्य का स्खलन करना ।

онемéлый (वि०) १. गूँगा ; २. सुन्न ।

онемé||ть (पू०) १. गूँगा होना ; २. सुन्न हो जाना ; егó рýки —ли от хóлода ठंड के मारे उसके हाथ सुन्न हो गये ।

они́ (बहु०) (कर्मकारक और सम्बन्धकारक-रूप (н)их, करणकारक-रूप (н)и́ми, सम्प्रदानकारक-रूप (н)им, अपादानकारक-रूप них) वे ।

óникс (पुं०) गोमेदक रत्न ।

онó (सर्व०) (नपुं०) (कारक-रूप वही जो он के) वह ।

онто||логи́ческий (वि०) तात्त्विकीय ; तत्त्व-विद्या-सम्बन्धी ; **—лóгия** (स्त्री०) तात्त्विकी ; तत्त्व-विद्या ।

óный (सर्व०) यह ; वह ; उपर्युक्त ; во врéмя óно उस समय / उन दिनों ।

опадáть (अपू०), **опáсть** (पू०) (भवि० опадý, опадёшь) १. (पत्तों का) गिरना ; २. (गिल्टी/सूजन का) दब जाना ।

опадéние (नपुं०) १. गिरना ; о. ли́стьев पत्तों का गिरना ; २. (गिल्टी आदि का) दब जाना ।

опáздыва||ть (अपू०), **опоздáть** (पू०) १. देर से आना ; देरी करना ; देर होना ; о. на 5 минýт पाँच मिनट की देर होना поéзд —ет

गाड़ी देर से आयेगी ; २. (केवल अपू०) (घड़ी का) सुस्त चलना ; पीछे रहना ; часы́ —ют на 5 мину́т घड़ी पाँच मिनट सुस्त है/पीछे है ।

опа́ивать (अपू०), **опо́ить** (पू०) विष पिलाना ; (घोड़े को) अधिक पानी पिलाकर बीमार करना ।

опа́л (पुं०) पोलक ; दूधिया पत्थर ।

опа́л||а (स्त्री०) (पीतर महान् से पहले के युग में प्रयुक्त) अप्रसन्नता ; быть в —е नज़र से उतरना ।

отзывáть (अपू०), **отозвáть** (पू०) (भवि० отзовý, отзовёшь) १. (बुलाकर) एक ओर को ले जाना ; २. (राजदूत आदि को) वापस बुलाना ; प्रत्यावाहन करना ; **—ся** (आत्म०) १. गूँजना ; प्रतिध्वनि होना ; २. राय देना ; हवाला देना ; ३. प्रभाव डालना ; ४. (केवल अपू०) (-का) स्वाद होना ; (-के) सदृश स्वाद होना ; ५. отзывáть का कर्मवाच्य ।

отзы́вчивость (स्त्री०) प्रतिभावनात्मकता ; सहानुभूति ।

откáз (पुं०) १. अस्वीकृति ; इनकार ; ответúть —ом на прóсьбу प्रार्थना अस्वीकार करना ; २. о. от чегó-л. त्यागना/छोड़ देना; □ до —а खचाखच/अघाकर ।

откáзывать (अपू०), **отказáть** (पू०) (भवि० откажý, откáжешь) १. इनकार करना ; नकारात्मक उत्तर देना ; २. वसीयत करना ; □ не откажúте в любéзности कृपा करके ... ; **—ся** (आत्मा०) इनकार करना ; त्यागना ; छोड़ना ; (अधिकार) छोड़ना ; —ся от дóлжности पद छोड़ना/त्यागपत्र देना ; —ся вы́слушать когó-л. किसीकी बात सुनने से इनकार करना ।

откáлывать (अपू०), **отколóть** (पू०) (भवि० отколю́, откóлешь) १. (कुल्हाड़ी, चाक़ू आदि से) काटना ; २. पिन हटाना ; **—ся** (आत्म०) १. टूट जाना ; २. откáлывать का कर्मवाच्य ।

откáпывать (अपू०), **откопáть** (पू०) १. खोदकर निकालना ; о. кóрни खोदकर जड़ें निकालना ; २. ढूँढ निकालना ।

откáрмливать (अपू०), **откормúть** (पू०) (भवि० откормлю́, откóрмишь) (खिला-पिलाकर) मोटा करना ; हृष्ट-पुष्ट बनाना ।

откати́ть(ся) दे० отка́тывать(ся).

отка́тка (स्त्री०) लुढ़काकर ले जाने की क्रिया ।

отка́тывать (अपू०), **откати́ть** (पू०) (भवि० откачу́, отка́тишь) (लुढ़काकर) एक ओर करना ; ०. бревно́ लक्कड़ को (लुढ़काकर) एक ओर करना ; **—ся** (आत्म०) लुढ़क जाना ; पीछे हटना ; (सेना का) एकदम पीछे हटना ।

отка́чивать (अपू०), **откача́ть** (पू०) (पम्प द्वारा) खाली करना ; निकाल देना ।

откачну́ть (पू०) (हिला-झुलाकर) एक ओर को कर देना ; ०. ма́ятник लोलक को (हिलाकर/झुलाकर) एक ओर को कर देना ; **—ся** (आत्म०) एक ओर को झूलना ; हिलना ।

отка́шливаться (आत्म० अपू०), **откашля́ться** (आत्म० पू०) खँखारकर गला साफ़ करना ।

откидн||о́й (वि०) तह हो जानेवाला ; —о́е сиде́нье (नाटक-गृह आदि में) तह हो जानेवाली कुर्सी ।

отки́дывать (अपू०), **отки́нуть** (पू०) (एक ओर को) फेंक देना ; ०. ка́мень с доро́ги रास्ते में से पत्थर फेंक देना ; **—ся** (आत्म०) १. (पर्दा) पीछे को गिराना ; छोड़ना ; отки́нь э́ту мысль इस विचार को छोड़ो ; २. पीछे को झुकना ; सहारा लेना ; ३. (केवल अपू०) (पर्दे का) पीछे को गिरना ; ४. отки́дывать का कर्मवाच्य ।

откла́дывать (अपू०), **отложи́ть** (पू०) १. (एक ओर को) रख देना ; बचाकर रखना ; २. टालना ; स्थगित करना ; □ ०. лошаде́й घोड़े का साज़ खोलना ; ०. в до́лгий я́щик बट्टे-खाते में डालना/अनिश्चित काल के लिए स्थगित करना ।

откла́ниваться (आत्म० अपू०), **откла́няться** (आत्म० पू०) सिर झुकाकर विदा लेना ।

откле́ивать (अपू०), **отклеи́ть** (पू०) (गोंद, लेई आदि से चिपकायी हुई चीज़ को) उतार देना ।

о́тклик (पुं०) १. (निमन्त्रण/बुलावे का) उत्तर ; २. टीका-टिप्पणी ।

откликáться (आत्म० अपू०), **откли́кнуться** (आत्म० पू०) (बुलावे का) उत्तर देना ; दिलचस्पी दिखाना ।

отклоне́ние (नपुं०) १. इनकार ; अस्वीकृति ; २. एक ओर को हटना ; विचलन ; ०. от те́мы विषय से इधर-उधर होना ; ३. (भौ०) अपसरण ; ग़लती ।

отклоня́ть (अपू०), **отклони́ть** (पू०) हटाना, (प्रार्थना, प्रस्ताव आदि) अस्वीकार करना ; ०. попра́вку संशोधन अस्वीकार करना ; **—ся** (आत्म०) १. एक ओर को झुकना/हटना ; २. विषय से भटकना ।

отковы́ривать (अपू०), **отковыря́ть** (पू०) कुरेद देना ; कुरेदकर उतार देना ।

отколоти́ть (पू०) (भवि० отколочу́, отколо́тишь) १. (मेखों से जोड़े हुए तख्ते आदि को हथौड़े से) उखाड़ना ; तोड़ना ; २. मारना-पीटना ।

отколо́ть(ся) दे० отка́лывать(ся).

откопа́ть दे० отка́пывать.

отко́рм (पुं०) खिला-पिलाकर मोटा करने/हृष्ट-पुष्ट बनाने की क्रिया ।

откорми́ть दे० отка́рмливать.

отко́с (पुं०) ढलान ।

открепля́ть (अपू०), **открепи́ть** (पू०) (भवि० откреплю́, открепи́шь) (बाँधे हुए को) खोलना ; ढीला करना ; **—ся** (आत्म०) १. (बाँधे हुए का) खुलना ; ढीला होना ; २. открепля́ть का कर्मवाच्य ।

откре́щиваться (आत्म० अपू०) (-से) कोई वास्ता रखने से इनकार कर देना ।

откровéн||ие (नपुं०) १. ईश्वरीय ज्ञान ; इलहाम ; २. पता लगाना ; **—ничать** (अपू०) (किसीसे) अपना भेद कहना ; रहस्य कहना ; दिल की बात कहना ; **—но** (क्रि० वि०) साफ़-साफ़ ; निष्कपटता से ; ०. говоря́ साफ़-साफ़ कहूँ ; **—ность** (स्त्री०) निष्कपटता ; स्पष्टता ; **—ный** (वि०) निष्कपट ; स्पष्ट ।

откру́чивать (अपू०), **открути́ть** (पू०) (भवि० откручу́, откру́тишь) (नल आदि)

बन्द करना ; बट उतारना/खोलना ; о. верёвку रस्सी की बट उतारना ।

открыва́ть (अपू०), **откры́ть** (पू०) (भवि० откро́ю, откро́ешь) १. खोलना ; उद्घाटन करना ; २. आविष्कार करना ; ३. (भेद) प्रकट करना ; खोलना ; ☐ о. заседа́ние (सभा की) बैठक का उद्घाटन करना ; о. ого́нь गोली चलाना ; о. счёт, креди́т हिसाब (खाता) खोलना / लेखा खोलना ; о. глаза́ кому́-л. किसीकी आँखें खोलना ; о. кран नल खोलना ; о. ду́шу кому́-л. किसीसे मन की बात कहना/ किसीके सामने दिल खोलकर रखना ; **—ся** (आत्म०) १. खुलना ; २. (किसीसे) रहस्य कहना ; भेद खोलना ; ३. открыва́ть का कर्मवाच्य ।

откры́тие (नपुं०) १. खोलने/उद्घाटन करने की क्रिया ; २. (वैज्ञानिक) आविष्कार ।

откры́тка (स्त्री०) खुली चिट्ठी ; पोस्टकार्ड ।

откры́то (क्रि० वि०) खुले तौर पर ; निष्कपटता से ; स्पष्ट ; говори́ть о. स्पष्ट कहना / साफ़-साफ़ कहना ।

откры́т||ый : १. откры́ть से कृदन्त ; २. (वि०) खुला ; स्पष्ट ; निष्कपट ; ☐ —ое заседа́ние खुला अधिवेशन ।

откры́ть(ся) दे० открыва́ть(ся).

отку́да (क्रि० वि०) (प्रश्नसूचक) कहाँ से ; (सम्बन्ध-सूचक) जिससे ; जहाँ से ; о. вы (идёте) ? आप कहाँ से आ रहे हैं ? ; о. вы э́то зна́ете ? आपको यह कैसे (कहाँ से) पता चला ? ; ☐ о. ни возьми́сь बिल्कुल अचानक ।

отку́да-либо, отку́да-нибудь, отку́да-то (क्रि० वि०) कहीं से ।

о́ткуп (पुं०) पट्टा ; ठेका ; брать на о. (भूमि आदि) ठेके पर लेना ।

откупа́ть (अपू०), **откупи́ть** (पू०) (भवि० откуплю́, отку́пишь) (भूमि आदि) पट्टे पर लेना ; **—ся** (आत्म०) लेखा चुकता करना ; हिसाब बेबाक़ करना ।

отку́поривать (अपू०), **отку́порить** (पू०) डाट खोलना ; कार्क खोलना ।

откупщи́к (पुं०) ठेके या पट्टे पर काम करनेवाला किसान ।

отку́сывать (अपू०), **откуси́ть** (पू०) (भवि० откушу́, отку́сишь) दाँतों से काटना/ कुतरना ।

отку́шать (पू०) १. खाना खा चुकना ; भोजन समाप्त करना ; २. проси́ть о. भोजन के लिए निमन्त्रण देना ।

отлага́тельств||о (नपुं०) विलम्ब ; देर ; де́ло не те́рпит —а काम बहुत ज़रूरी है ।

отлага́ть (अपू०), **отложи́ть** (पू०) १. दे० откла́дывать-२ ; २. जमा करना ; तह जमाना; **—ся** (आत्म०) १. (-से टूटकर) गिर जाना; अलग होना ; पृथक् होना ; २. जमा होना ; तह जमना ।

отла́мывать (अपू०), **отлома́ть, отломи́ть** (पू०) (отломи́ть से отломлю́, отло́мишь) तोड़ देना ; **—ся** (आत्म०) १. टूटना ; २. отла́мывать का कर्मवाच्य ।

отлег||а́ть (अपू०), **отле́чь** (पू०) (भवि० отля́гу, отля́жешь) १. (केवल पू०) लेटे-लेटे किसीके पास से दूर सरक जाना ; २. (दर्द आदि) बन्द हो जाना ; боль отлегла́ दर्द बन्द हो गया ; у него́ —ло́ от се́рдца उसके मन का बोझ हल्का हो गया ।

отлёживать (अपू०), **отлежа́ть** (पू०) (असुविधाजनक स्थिति में बहुत देर लेटने से किसी अंग को) चेतनाशून्य कर लेना ; सुन्न कर लेना ; он отлежа́л но́гу उसका पाँव सो गया है ; **—ся** (आत्म०) पलंग पर लेटकर आराम करना ।

отлепля́ть (अपू०), **отлепи́ть** (पू०) (भवि० отлеплю́, отлепи́шь) (गोंद, लेई आदि से चिपके हुए को) उतार देना ।

отлёт (पुं०) (दूर) उड़ जाने की क्रिया ; (हवाई जहाज़ का) उड़ान करना ; ☐ дом на —е एकाकी घर ।

отлет||а́ть (अपू०), **отлете́ть** (पू०) (भवि० отлечу́, отлети́шь) १. उड़ जाना ; пти́цы —е́ли पक्षी उड़ गये ; २. लुप्त हो जाना ; от блéдных уст —éла улыбка पीले ओठों पर से मुस्कान लुप्त हो गयी ; ३. टूटकर गिर जाना ; —éли пýговицы बटन टूटकर गिर गये ।

отлéчь दे॰ отлегáть.

отлúв (पुं॰) १. भाटा ; घटाव ; क्षय ; २. रँगों का बदलना ; रँगों की झलक ।

отливáть (अपू॰), **отлúть** (पू॰) (भवि॰ отолью́, отольёшь) १. (पानी आदि) उँडेलना ; (पम्प द्वारा) खाली करना ; २. ढालना ; ३. (केवल अपू॰) रँग की झलक मारना ।

отлúв||ка (स्त्री॰) १. ढालने की क्रिया ; २. ढाली हुई वस्तु ; **—нóй** (वि॰) ढाला हुआ ।

отлипáть (अपू॰), **отлúпнуть** (पू॰) (लेई या गोंद से चिपकाये हुए को) उतार देना।

отлúть दे॰ отливáть.

отличáть (अपू॰), **отличúть** (पू॰) भेद करना ; अन्तर दिखाना ; विशिष्टता दिखाना ; **—ся** (आत्म॰) १. भिन्न होना ; २. (केवल अपू॰) (-के लिए) प्रसिद्ध होना ; ३. विशिष्ट होना ।

отлúч||ие (नपुं॰) १. भेद ; अन्तर ; भिन्नता ; विशिष्टता ; в о. от (से) भिन्न ; знак —ия विशिष्टता का चिह्न ; २. सेवा ; **—úтельный** (वि॰) विशिष्ट ; व्यावर्तक ; —úтельный знак विशिष्ट चिह्न ; **—úть(ся)** दे॰ отличáть(ся).

отлúчн||ик (पुं॰), **—ица** (स्त्री॰) बहुत अच्छा छात्र/बहुत अच्छी छात्रा ।

отлúчн||о (क्रि॰ वि॰) उत्तम रीति से ; सर्वश्रेष्ठ रूप से ; बहुत अच्छी तरह ; о. знать बहुत अच्छी तरह जानना ; (कर्तृ-निरपेक्ष) отлúчно ! बहुत बढ़िया ! ; **—ый** (वि॰) १. (-से) भिन्न ; विभिन्न ; २. बढ़िया ; सर्वोत्तम ; बहुत अच्छा ; —ое здорóвье बहुत अच्छा स्वास्थ्य ; —ое настроéние बहुत अच्छी मनोदशा ।

отлóг||ий (वि॰) ढलवाँ ; **—ость** (स्त्री॰) ढाल ; ढलवाँपन ।

отложéние (नपुं॰) १. अलगाव ; सम्बन्ध-विच्छेद ; २. (मिट्टी आदि का) जमा होना ; तह जमना ।

отложúть(ся) दे॰ откладывать(ся) और отлагáть(ся).

отложнóй (वि॰) : о. воротнúк उलटाया हुआ कालर ।

отломáть(ся), отломúть(ся) दे॰ отлáмывать(ся).

отлупúть दे॰ лупúть -II.

отлучáть (अपू॰), **отлучúть** (पू॰) बहिष्कृत करना ; बिरादरी से बाहर करना ; **—ся** (आत्म॰) १. अनुपस्थित होना ; २. отлучáть का कर्मवाच्य ।

отлучéние (नपुं॰) जाति-बहिष्कार ।

отлучúть(ся) दे॰ отлучáть(ся).

отлýчк||а (स्त्री॰) अनुपस्थिति ; быть в —е अनुपस्थित होना ।

отлынивáть (अपू॰) जी चुराना ; о. от рабóты काम से जी चुराना ।

отмáлчиваться (आत्म॰ अपू॰), **отмолчáться** (आत्म॰ पू॰) चुप रहना ; मौन रहना ।

отмáхивать (अपू॰), **отмахáть, отмахнýть,** (पू॰) १. फ़ासला तय करना ; он отмахáл 5 киломéтров उसने ५ किलोमीटर का फ़ासला तय किया ; २. (отмахнýть पू॰ के साथ) (झंडी आदि) लहराना ।

отмáхиваться (आत्म॰, अपू॰), **отмахнýться** (आत्म॰ पू॰) १. (हाथ हिलाकर) अपने पास से भगा देना ; о. от мýхи (हाथ हिलाकर) मक्खी उड़ा देना ; २. отмáхивать का कर्मवाच्य ।

отмáчивать (अपू॰), **отмочúть** (पू॰) (गीला करके) ढीला करना ; (चिपका हुआ) उतारना ।

отмежёвывать (अपू॰), **отмежевáть** (पू॰) (भवि॰ —жýю) (खेत आदि की) सीमा निर्धारित करना ; हदबन्दी करना ; **—ся** (आत्म॰) १. अलग होना ; २. अपनी असहमति प्रकट करना ; ३. отмежёвывать का कर्मवाच्य ।

óтмель (स्त्री॰) पुलिन ; रेतीला तट ।

отмéна (स्त्री॰) समापन ; (क़ानून आदि का) रद्द करना ; अपाकरण ; उन्मूलन ; खंडन ; о. чáстной сóбственности निजी सम्पत्ति का समापन ; о. крепостнóго прáва दास-प्रथा का समापन/उन्मूलन ।

отмéнный (वि०) उत्तम ; बढ़िया ।

отменя́ть (अपू०), **отмени́ть** (पू०) समापन करना ; रद्द करना ; अपाकरण करना ; उन्मूलन करना ; खंडन करना ; о. прикáз हुक्म रद्द करना ।

отмерéть दे० отмирáть.

отмерзáть (अपू०), **отмёрзнуть** (पू०) (ठंड के मारे) सुन्न हो जाना ; у негó отмёрзли рýки (ठंड के मारे) उसके हाथ सुन्न हो गये हैं ।

отмéривать (अपू०), **отмéрить** (पू०) नापना ।

отмеря́ть = отмéривать.

отмести́ दे० отметáть.

отмéстка (स्त्री०) बदला ; प्रतिशोध ।

отметáть (अपू०), **отмести́** (पू०) (भवि० отметý, отметёшь) (झाड़ू देकर) एक ओर को कर देना ; साफ़ कर देना ।

отмéтина (स्त्री०) चिह्न ; निशान ; (पशु के मुँह पर) सफ़ेद दाग़ ।

отмéтить(ся) दे० отмечáть(ся).

отмéтка (स्त्री०) १. चिह्न ; निशान ; २. नोट ; टिप्पणी ।

отмечáть (अपू०), **отмéтить** (पू०) (भवि० отмéчу, отмéтишь) १. चिह्न लगाना ; निशान लगाना ; नोट करना ; २. उल्लेख करना ; ज़िक्र करना ; ३. दर्ज करना ; **—ся** (आत्म०) १. अपना नाम दर्ज कराना ; अपनी रवानगी दर्ज कराना ; २. отмечáть का कर्मवाच्य ।

отмирáние (नपुं०) लोप ; क्षय ; ग़ायब होना ।

отмирáть (अपू०), **отмерéть** (पू०) (भवि० отомрý, отомрёшь) लुप्त हो जाना ; ग़ायब हो जाना ; क्षीण हो जाना ; отмерли́ стáрые привы́чки पुरानी प्रथाएँ लुप्त हो गयीं ।

отмокáть (अपू०), **отмóкнуть** (पू०) १. गीला होना ; २. गीला होकर उतर जाना ।

отмолоти́ть (पू०) (भवि० отмолочý, отмолóтишь) १. (निर्दिष्ट मात्रा में) दायँ करना ; भूसी से अनाज अलगाना ; २. दायँ कर चुकना ।

отмолчáться दे० отмáлчиваться.

отморáживать (अपू०), **отморóзить** (पू०) (भवि० отморóжу, отморóзишь) : он отморóзил себé рýки उसके हाथों को पाला मार गया ।

отмочи́ть दे० отмáчивать.

отмсти́ть = отомсти́ть.

отмщéние (नपुं०) प्रतिशोध ; बदला ।

отмывáть (अपू०), **отмы́ть** (पू०) (भवि० отмóю, отмóешь) धो डालना ; **—ся** (आत्म०) १. अपने आपको धोना/साफ़ करना ; э́то не отмывáется यह धोने से नहीं छूटेगा ; २. отмывáть का कर्मवाच्य ।

отмыкáть (अपू०), **отомкнýть** (पू०) (ताला, द्वार आदि) खोलना ; о. дверь दरवाज़ा खोलना ; о. замóк ताला खोलना ; **—ся** (आत्म०) १. (ताला, द्वार आदि) खुलना ; २. отмыкáть का कर्मवाच्य ।

отмы́ть(ся) दे० отмывáть(ся).

отмы́чка (स्त्री०) बिना ताली के ताला खोलने का एक औज़ार ।

отмякáть (अपू०), **отмя́кнуть** (पू०) (सील के कारण) नर्म हो जाना ।

отнéкиваться (आत्म० अपू०) 'न' कहना ; 'न' करना ।

отнести́(сь) दे० относи́ть(ся).

отнимáть (अपू०), **отня́ть** (पू०) (भवि० отнимý, отни́мешь और отымý, оты́мешь) १. (समय) लेना ; छीनना ; वंचित करना ; э́то óтняло у негó три часá इसमें उसके तीन घंटे लग गये ; о. у когó-л. надéжду किसीकी आशाओं पर पानी फेर देना ; २. विच्छेद करना ; किसी अंग को काटना ; ३. (गणित) घटाना ; कम करना ; **—ся** (आत्म०) १. लकवा मारना ; у негó отнялáсь ногá उसकी टाँग को लकवा मार गया है ; २. отнимáть का कर्मवाच्य ।

относи́тельн||о (क्रि॰ वि॰) १. अपेक्षाकृत ; सापेक्षत: ; २. (-के) सम्बन्ध में ; тепе́рь, о. э́того пла́на अब, इस योजना के सम्बन्ध में ; **—ость** (स्त्री॰) सापेक्षता ; тео́рия —ости सापेक्षवाद ; **—ый** (वि॰) सम्बन्धित ; सापेक्ष ।

относи́ть (अपू॰), **отнести́** (पू॰) (भवि॰ отнесу́, отнесёшь) १. ले जाना ; २. (वायु, बहाव का) उड़ाकर/बहाकर ले जाना ; ३. सम्बन्ध होना ; э́ти ру́кописи отно́сят к 9-му ве́ку ये हस्तलेख नवीं शताब्दी के है ; **—ся** (आत्म॰) १. बर्ताव करना ; व्यवहार करना ; विचार रखना ; хорошо́ —ся к кому́-л. किसीसे अच्छा व्यवहार करना ; как вы отно́ситесь к моему́ пла́ну ? मेरी योजना के विषय में आपका क्या विचार है ? ; २. (केवल अपू॰) सम्बन्ध रखना ; э́то к нему́ не отно́сится इससे उसका कोई सम्बन्ध नहीं ; ३. (केवल अपू॰) (गणित) समानुपात रखना ; 3 отно́сится к 4 как 6 к 8 ३ और ४ का वही समानुपात है जो ६ और ८ का है ; ४. किसी युग से सम्बन्धित होना ; э́то зда́ние отно́сится к 14-му ве́ку यह भवन चौदहवीं शताब्दी का है ; ५. относи́ть का कर्मवाच्य ।

отноше́ни||е (नपुं॰) १. व्यवहार ; बर्ताव ; २. सम्बन्ध ; в э́том —и इस सम्बन्ध में ; како́е э́то име́ет о. к э́тому इसका इससे क्या सम्बन्ध है ; быть в хоро́ших —ях с кем-л. किसीसे अच्छे सम्बन्ध होना ; ४. (गणित) अनुपात ; в обра́тном —и विलोमानुपात ; ५. (सरकारी) पत्र ; यादी ; ज्ञापक ।

отны́не (क्रि॰ वि॰) अब से ; आगे से ।

отню́дь (क्रि॰ वि॰) किसी प्रकार भी नहीं ; कदापि नहीं ।

отня́ть(ся) दे॰ отнима́ть(ся).

ото दे॰ от.

отобе́дать (पू॰) १. भोजन कर चुकना ; २. проси́ть о. भोजन के लिए निमन्त्रण देना ।

отобража́ть (अपू॰), **отобрази́ть** (पू॰) (भवि॰ отображу́, отобрази́шь) १. प्रतिबिम्बित करना ; २. प्रतिनिधित्व करना ; **—ся** (आत्म॰) प्रतिबिम्बित होना ।

отображе́ние (नपुं॰) १. प्रतिबिम्ब ; २. प्रतिनिधित्व ।

отобра́ть दे॰ отбира́ть.

отовсю́ду (क्रि॰ वि॰) स्थान-स्थान से ; सब स्थानों में ।

отогна́ть दे॰ отгоня́ть.

отогну́ть(ся) दे॰ отгиба́ть(ся).

отогрева́ть (अपू॰), **отогре́ть** (पू॰) (ठंड से सुन्न किसी अंग को) सेकना ; गर्म करना ; о. ру́ки हाथ गर्म करना ; **—ся** (आत्म॰) तापना ; सेकना ; —ся у пе́чки अँगीठी से सेकना ।

отодвига́ть (अपू॰), **отодви́нуть** (पू॰) (एक ओर को) हटाना/धकेलना ; **—ся** (आत्म॰) एक ओर को हटना/होना ।

отодра́ть -I दे॰ отдира́ть.

отодра́ть -II (पू॰) चाबुक से मारना ।

отожеств||и́ть दे॰ отожествля́ть ; **—ле́ние** (नपुं॰) एकीकरण ; समान समझना ; तादात्म्य करना ।

отожествля́ть (अपू॰), **отожестви́ть** (पू॰) (भवि॰ отожествлю́, отожестви́шь) एक ही समझना ; एक-सा जानना ।

отозва́ние (नपुं॰) वापस बुलाना ।

отозва́ть(ся) दे॰ отзыва́ть(ся).

отойти́ दे॰ отходи́ть.

отоло́гия (स्त्री॰) कान के रोगों का शास्त्र ।

отомкну́ть(ся) दे॰ отмыка́ть(ся).

отомсти́ть दे॰ мстить.

отопи́тельн||ый (वि॰) तपाने का ; गर्म करने का : —ая систе́ма तपाने की व्यवस्था ।

отопи́ть दे॰ ота́пливать.

отопле́ние (नपुं॰) तपाने/गर्म करने की क्रिया ।

отопля́ть = ота́пливать.

отора́чивать (अपू॰), **отор́очи́ть** (पू॰) मग़ज़ी लगाना ; संजाफ़ लगाना ।

ото́рванный : १. оторва́ть से कृदन्त ; २. (वि०) (-से) अलग किया हुआ ; (-से) कटा हुआ ।

оторва́ть(ся) दे० отрыва́ть(ся).

оторопе́‖ть (पू०) स्तम्भित हो जाना ; चकित हो जाना ; он —л, уви́дев меня́ वह मुझे देखकर चकित हो गया ।

оторо́пь (स्त्री०) घबराहट ; व्यग्रता ; его́ о. взяла́ वह घबरा गया ।

оторочи́ть दे० отора́чивать.

оторо́чка (स्त्री०) मग़ज़ी ; संजाफ़ ।

отоско́п (पुं०) कान के भीतरी भाग की परीक्षा करने का यन्त्र ।

отосла́ть दे० отсыла́ть.

отоспа́ться दे० отсыпа́ться -II.

отоща́лый (वि०) क्षीण ; दुर्बल ।

отоща́ть दे० тоща́ть.

отпада́‖ть (अपू०), **отпа́сть** (पू०) (भवि० отпаду́, отпадёшь) १. गिरना ; २. вопро́с —ет प्रश्न नहीं उठता/मामला ख़त्म हुआ ।

отпа́ивать -I (अपू०), **отпая́ть** (पू०) (झाल का) टाँका उखाड़ना ।

отпа́ивать -II (अपू०), **отпои́ть** (पू०) १. (खिला-पिलाकर) मोटा करना ; २. (विष का प्रभाव दूर करने के लिए) दूध आदि पिलाना ; ३. (केवल पू०) पशुओं को पानी पिला चुकना ।

отпа́ривать (अपू०), **отпа́рить** (पू०) १. (गीला कपड़ा रखकर) इस्तरी करना ; लोहा करना ; о. ю́бку (गीला कपड़ा रखकर) स्कर्ट पर इस्तरी करना ; २. भाप देकर नर्म करना ।

отпа́рывать (अपू०), **отпоро́ть** (पू०) चीर डालना ; काट डालना ।

отпа́сть दे० отпада́ть.

отпаха́ть (पुं०) (отпашу́, отпа́шешь) (खेत की) जुताई कर चुकना ।

отпая́ть दे० отпа́ивать -I.

отпева́ние (नपुं०) अन्त्येष्टि क्रिया ।

отпева́ть (अपू०), **отпе́ть** (पू०) (भवि० отпою́, отпоёшь) १. गा चुकना ; २. अन्त्येष्टि संस्कार कराना ।

отпере́ть(ся) दे० отпира́ть(ся).

о́тпертый (कृदन्त और वि०) (ताला) खुला हुआ ; खुला ।

отпе́ть दे० отпева́ть.

отпеча́тать(ся) दे० отпеча́тывать(ся) और печа́тать.

отпеча́ток (पुं०) छाप ; चिह्न ; о. па́льца उँगली की छाप ।

отпеча́тывать (अपू०), **отпеча́тать** (पू०) छापना ; छाप लगाना ; **—ся** (आत्म०) १. छाप छोड़ना ; चिह्न छोड़ना ; २. отпеча́тывать का कर्मवाच्य ।

отпива́ть (अपू०), **отпи́ть** (पू०) (भवि० отопью́, отопьёшь) घूँट भरना ।

отпи́ливать (अपू०), **отпили́ть** (पू०) (आरे से) चीर डालना ।

отпира́тельство (नपुं०) मुकर जाने की क्रिया ; (अपने शब्दों की) अनंगीकृति ; अस्वीकृति ।

отпира́ть (अपू०), **отпере́ть** (पू०) (भवि० отопру́, отопрёшь) (ताला) खोलना ; **—ся** (आत्म०) १. (अपने आपको) ताले में से बाहर निकालना ; २. отпира́ть का कर्मवाच्य ।

отпира́ться (आत्म० अपू०), **отпере́ться** (आत्म० पू०) मुकर जाना ; (अपने शब्दों आदि को) अनंगीकार करना ; अस्वीकार करना ।

отписа́ть(ся) दे० отпи́сывать(ся).

отпи́ска (स्त्री०) (फ़ार्म आदि में) लिखित उत्तर ।

отпи́сывать (अपू०), **отписа́ть** (पू०) (भवि० отпишу́, отпи́шешь) वसीयत करना ; मृत्यु-पत्र द्वारा देना ; **—ся** (आत्म०) फ़ार्म भरना ; (फ़ार्म में) प्रश्नों का उत्तर लिखना ।

отпи́ть दे० отпива́ть.

отпи́хивать (अपू०), **отпихну́ть** (पू०) एक ओर को धकेल देना ; परे धकेल देना ।

отпла́та (स्त्री०) भुगतान ; चुकाई ।

отпла́чивать (अपू०), **отплати́ть** (पू०) (भवि० отплачу́, отпла́тишь) भुगतान कर देना ; (ऋण आदि) अदा कर देना ।

отплёвывать (अपू०), **отплю́нуть** (पू०) थूकना ; खँखारना ; कफ़ निकालना ।

отплыва́ть (अपू०), **отплы́ть** (पू०) (भवि० отплыву́, отплывёшь) (जहाज़ आदि का) चल पड़ना ; (कुछ फ़ासले तक) चला जाना ।

отплю́нуть दे० отплёвывать.

отпля́сывать (अपू०), **отплясáть** (पू०) (भवि० отпляшу́, отпля́шешь) नाचना ; नाच चुकना ।

о́тповедь (स्त्री०) कड़ा उत्तर ; फटकार ।

отпои́ть दे० отпáивать.

отползáть (अपू०), **отползти́** (पू०) (भवि० отпóлзу, о́тползёшь) रेंगकर पीछे हट जाना/दूर चले जाना ।

отполировáть दे० полировáть.

отпо́р (पुं०) १. (हमला) रोकने की क्रिया ; (शत्रु को) खदेड़ने/पीछे हटाने की क्रिया ; २. मुँहकी खाना ।

отпоро́ть दे० отпáрывать.

отпотевáть (अपू०), **отпотéть** (पू०) पसीना आ जाना ।

отпотéть दे० отпотéвать और потéть.

отпочко́вываться (आत्म० अपू०), **отпочковáться** (आत्म० पू०) कुड्मलीयन ।

отправи́тель (पुं०), **—ница** (स्त्री०) प्रेषक/प्रेषिका ; भेजनेवाला/वाली ।

отпрáв||ить(ся) दे० отправля́ть(ся) ; **—ка** (स्त्री०) भेजने/(जहाज़ द्वारा) भेजने की क्रिया ; **—лéние** (नपुं०) १. (पत्र, सामान आदि) भेजने की क्रिया ; २. (गाड़ी, जहाज़ की) रवानगी ; ३. (शरीर के अवयवों का) काम करना ; ४. (कर्तव्य) पालन ; —лéние обя́занностей कर्तव्य-पालन ।

отправля́ть (अपू०), **отпрáвить** (पू०) (भवि० отпрáвлю, отпрáвишь) १. भेजना ; २. (केवल अपू०) (कर्तव्य) पालन करना ; प्रयोग में लाना ; о. обя́занности कर्तव्य-पालन करना ; о. правосу́дие न्याय करना/न्याय का परिपालन करना ; ☐ о. естéственные потрéбности शौच आदि जाना / मल-मूत्र त्यागना ; **—ся** (आत्म०) १. रवाना होना ; (-को) चल पड़ना ; छूटना ; пóезд отправля́ется в 5 (часóв) गाड़ी पाँच बजे छूटती है ; отпрáвиться в путь प्रस्थान करना / रवाना होना ; २. (केवल अपू०) (-से) जाना/चलना ; ३. отправля́ть का कर्मवाच्य ।

отправно́й (वि०) प्रस्थान करने का ; रवानगी का ; о. пункт प्रस्थान करने का स्थान ।

отпрáздновать (पू०) १. दे० прáздновать ; २. त्यौहार मना चुकना ।

отпрáшиваться (आत्म० अपू०), **отпроси́ться** (आत्म० पू०) (भवि० отпрошу́сь, отпро́сишься) छुट्टी के लिए प्रार्थना करना ; छुट्टी माँगना ।

отпры́гивать (अपू०), **отпры́гнуть** (पू०) कूद जाना ; पीछे को कूदना ; एक ओर को कूदना ।

о́тпрыск (पुं०) १. अंकुर ; कलिका ; शाखा ; २. सन्तान ।

отпрягáть (अपू०), **отпря́чь** (पू०) (भवि० отпрягу́, отпряжёшь) घोड़े का साज़ उतारना ; घोड़े को (ताँगा, गाड़ी आदि के बम से) निकालना ।

отпря́нуть (पू०) झटके से पीछे हटना ।

отпря́чь दे० отпрягáть.

отпу́гивать (अपू०), **отпугну́ть** (पू०) डराकर भगा देना ।

о́тпуск (पुं०) **I.** १. छुट्टी ; अवकाश ; о. по болéзни बीमारी के कारण छुट्टी ; २. बँटवारा ; वितरण ; **II.** (धातु पर की) आब ; पानी ।

отпускáть -I (अपू०), **отпусти́ть** (पू०) (भवि० отпущу́, отпу́стишь) १. जाने देना ; छोड़ना ; स्वतन्त्र करना ; २. छुट्टी देना ; ३. दे देना ; (दुकान पर) सौदा बेचना ; ४. (बाल) बढ़ाना ; ५. ढीला करना ; о. пóвод घोड़े की लगाम ढीली छोड़ना ; ६. क्षमा करना ; ☐ о. остроту́ मज़ाक करना ; **II.** (केवल अपू०) (धातु, हथियार आदि पर) पानी चढ़ाना ; आब देना ।

отпуск||ни́к (पुं०) छुट्टी मनानेवाला ; **—но́й** (वि०) о́тпуск से वि० ; छुट्टी का ; —ны́е де́ньги अवकाश-वेतन ; —на́я цена́ क्रय-मूल्य ; (संज्ञा की तरह प्रयुक्त) = отпускни́к.

отпусти́ть दे० отпуска́ть -I.

отпуще́н||ие (नपुं०) निवृत्ति ; क्षमा ; छुटकारा ; о. грехо́в पापों से निवृत्ति ; козёл —ия दे० козёл.

отпу́щенник (पुं०) स्वतन्त्र किया हुआ पुरुष ।

отраб||а́тывать (अपू०), **отрабо́тать** (पू०) अपना काम समाप्त करना ; काम करके ऋण चुकाना ; —о́тать 5 дней पाँच दिन काम करना ।

отра́в||а (स्त्री०) विष ; ज़हर ; **—и́тель** (पुं०) विष देनेवाला ; विषैला करनेवाला ; **—и́ть(ся)** दे० отравля́ть(ся) ; **—ле́ние** (नपुं०) विष देने की क्रिया ।

отравля́ть (अपू०), **отрави́ть** (पू०) (भवि० отравлю́, отра́вишь) विष देना ; विषैला करना ; **—ся** (आत्म०) १. विष खाना ; २. отравля́ть का कर्मवाच्य ।

отра́д||а (स्त्री०) प्रसन्नता ; सुख ; आनन्द ; हर्ष ; **—ный** (वि०) हर्षदायक ; सन्तोषप्रद ; —ное явле́ние सन्तोषप्रद स्थिति ।

отража́тель (पुं०) (भौ०) परावर्तक ; **—ный** (वि०) परावर्तकीय ; प्रतिबिम्ब-सम्बन्धी ।

отража́ть (अपू०), **отрази́ть** (पू०) (भवि० отражу́, отрази́шь) १. प्रतिबिम्ब फेंकना ; २. रोकना ; हटाना ; बचाव करना ; о. уда́р चोट से बचाव करना ; о. ата́ку आक्रमण रोकना ; **—ся** (आत्म०) १. प्रतिबिम्बित होना ; प्रतिध्वनित होना ; २. प्रभावित होना ; э́то хорошо́ отрази́лось на его́ здоро́вье इसका उसके स्वास्थ्य पर बहुत अच्छा प्रभाव पड़ा ; ३. отража́ть का कर्मवाच्य ।

отраже́ние (नपुं०) १. प्रतिबिम्ब ; प्रतिध्वनि ; २. (चोट, आदि की) रोक ; बचाव ।

отрази́ть(ся) दे० отража́ть(ся).

отраслево́й (वि०) о́трасль से वि० ।

о́трасль (स्त्री०) शाखा ; क्षेत्र ।

отраста́ть (अपू०), **отрасти́** (पू०) (भवि० отрасту́, отрастёшь) उगना ; बढ़ जाना ; бо́рода отро́сла до по́яса दाढ़ी कमर तक बढ़ गयी ।

отрасти́ть दे० отра́щивать.

отра́щивать (अपू०), **отрасти́ть** (पू०) (भवि० отращу́, отрасти́шь) बढ़ने देना ; बढ़ाना ; о. во́лосы बाल बढ़ाना ; о. бо́роду दाढ़ी बढ़ाना ।

отре́бье (नपुं०) १. गाद ; तलछट ; २. (समू०) निम्न श्रेणी के लोग ।

отредакти́ровать दे० редакти́ровать.

отре́з (पुं०) १. ли́ния —а (छिद्रयुक्त) काटने या फाड़ने के लिए चिह्नित रेखा ; २. (किसी परिधान के लिए कटा हुआ) कपड़े का टुकड़ा ; о. на пла́тье (स्त्रियों के) सूट का कपड़ा ; **—анность** (स्त्री०) (एक स्थान के दूसरे स्थान से) विच्छेद हो जाने का भाव ; संचारसाधनों का अभाव ।

отреза́ть (अपू०), **отре́зать** (पू०) (भवि० отре́жу, отре́жешь) १. काट डालना ; (कैंची से) काटना ; २. (केवल पू०) क्रोध से उत्तर देना ।

отрезве́ть (पू०) संयमी होना ; मद्यपान से परहेज़ करना ।

отрезвля́ть (अपू०), **отрезви́ть** (पू०) (भवि० отрезвлю́, отрезви́шь) नशा उतारना ; **—ся** (आत्म०) नशा उतरना ।

отре́зок (पुं०) १. कटा हुआ टुकड़ा ; भाग ; २. (गणित) खंड ; о. пути́ सड़क का भाग/टुकड़ा ।

отре́зывать = отреза́ть.

отрека́ться (आत्म० अपू०), **отре́чься** (आत्म० पू०) (भवि० отреку́сь, отречёшься) १. परित्याग करना ; о. от престо́ла सिंहासन का परित्याग करना ; २. मुकर जाना ; अपने शब्दों को अनंगीकार करना ; अस्वीकार करना ।

отрекомендова́ть (पू०) (—ду́ю) १. परिचय कराना ; २. सिफ़ारिश करना ; **—ся** (आत्म०) अपना परिचय देना ।

отре́пье (नपुं०) (समू०) चीथड़े ; फटे कपड़े ।

отрече́ние (नपुं०) परित्याग ; о. от престо́ла सिंहासन-परित्याग / गद्दी छोड़ना ।

отре́чься दे० отрека́ться.

отреша́ть (अपू०), **отреши́ть** (पू०) : о. от до́лжности मुअत्तल करना ; **—ся** (आत्म०) १. परित्याग करना ; छोड़ना ; २. отреша́ть का कर्मवाच्य ।

отреш||е́ние (नपुं०) मुअत्तली ; **—и́ть(ся)** दे० отреша́ть(ся).

отри́нуть (पू०) (प्रार्थना आदि) अस्वीकार करना; ठुकराना ; о. мольбы́ सब प्रार्थनाएँ अस्वीकार करना ।

отрица́ни||е (नपुं०) अस्वीकृति ; इनकार ; служи́ть —м 'न' करना / इनकार करना ।

отрица́тельн||о (क्रि० वि०) नकारात्मक रूप से ; отве́тить о. 'नहीं' में (नकारात्मक) उत्तर देना ; о. покача́ть голово́й नहीं करने के लिए सिर हिलाना ; **—ый** (वि०) १. नकारात्मक ; निषेधार्थक ; —ый отве́т नकारात्मक उत्तर ; २. खराब ; प्रतिकूल ; —ое влия́ние बुरा प्रभाव ।

отрица́ть (अपू०) 'न' करना ; अस्वीकार करना ; इनकार करना ।

отро́г (पुं०) शैलशिरा ; पहाड़ का उभरा भाग ।

о́троду (क्रि० वि०) १. जन्म से ; ему́ 10 лет о. उसकी आयु १० वर्ष है ; २. जीवन भर में ; कभी नहीं ; он о. не вида́л ничего́ подо́бного ऐसा उसने पहले कभी नहीं देखा ।

отро́дье (नपुं०) (समू०) सन्तान ; समूची पीढ़ी ; सारे बाल-बच्चे ।

отродя́сь = о́троду-२.

о́трок (पुं०) किशोर ; लड़का ।

отро́сток (पुं०) शाखा ; अंकुर ।

о́троческий (वि०) किशोर का ।

о́труб (पुं०) १. (ऐतिहासिक) (१९१६-१९१७ में किसानों के अन्तर्गत बुर्जुआ-वर्ग बनाने के उद्देश्य से किसानों को दिया हुआ) भूखंड ; २. वह स्थान जहाँ से पेड़ काटा गया हो ।

отруба́ть (अपू०), **отруби́ть** (पू०) (भवि० отрублю́ отру́бишь) काट देना ; о. го́лову кому́-л. किसीका सिर काट देना ।

о́труби (बहु०) चोकर ; भूसी ।

отры́в (पुं०) १. फाड़ने की क्रिया ; २. अलग-अलग हो जाना ; विविक्ति ; संचार-साधनों का अभाव ; с —ом от произво́дства उत्पादन का काम बन्द करके ।

отрыва́ть -I (अपू०), **оторва́ть** (पू०) (भवि० оторву́, оторвёшь) १. फाड़ डालना ; २. ध्यान हटाना ; दखल देना ; किसीके काम में बाधा डालना ; **—ся** (आत्म०) १. (बटन आदि का) टूट जाना ; о. от зе́мли हवाई जहाज़ का उड़ान करना ; २. अपने आपको पृथक् करना ; सम्पर्क खोना ; अलग पड़ जाना ; он не мог оторва́ться от кни́ги वह पुस्तक को न छोड़ सका ; не отрыва́ясь अनवरत / बिना काम छोड़े ; ३. отрыва́ть का कर्मवाच्य ।

отрыва́ть -II (अपू०), **отры́ть** (पू०) (भवि० отро́ю, отро́ешь) खोदना ; खोदकर निकालना ।

отры́вист||ый (वि०) (भाषण) रुक-रुककर दिया गया ; —ая речь रूखा/नीरस भाषण ।

отры́во||к (पुं०) टुकड़ा ; (पुस्तक से लिया हुआ) अंश ; **—чный** (वि०) आंशिक ; अपूर्ण ; कटा-कटा-सा ।

отры́гивать (अपू०), **отрыгну́ть** (पू०) डकारना ।

отры́жка (स्त्री०) डकार ।

отры́ть दे० отрыва́ть -II.

отря́д (पुं०) १. (सेना की) टुकड़ी ; २. (प्राणिविज्ञान-सम्बन्धी) वर्ग ।

отряжа́ть (अपू०), **отряди́ть** (पू०) (भवि० отряжу́, отряди́шь) (किसी आदेश की पूर्ति के लिए) तैनात करना ; भेजना ।

отряс||а́ть (अपू०), **отрясти́** (पू०) (भवि० отрясу́, отрясёшь) झाड़ना ; □ —ти́ прах от свои́х ног सब सम्बन्ध त्याग देना ।

отря́хивать (अपू०), **отряхну́ть** (पू०) झाड़ना ; **—ся** (आत्म०) अपने कपड़े झाड़ना ।

отса́живать (अपू०), **отсади́ть** (पू०) (भवि० отсажу́, отса́дишь) १. (पौधा उखाड़कर) दूसरे स्थान पर रोपना ; २. अलग बिठाना ।

отса́живаться (आत्म० अपू०), **отсе́сть**

(आत्म० पू०) १. अलग वैठना ; २. отсáживать का कर्मवाच्य ।

отсáсывание (नपुं०) चूषण ; चूसने की क्रिया ।

отсáсывать (अपू०), **отсосáть** (पू०) चूषण करना ; चूसना ।

отсвé‖т (पुं०), **—чивание** (नपुं०) झलक ; चमक ; **—чивать** (अपू०) झलक मारना ; चमकना ।

отсебя́тина (स्त्री०) १. मनगढ़न्त बात ; २. (नाटक०) अभिनेता द्वारा अपनी ओर से मिलाये हुए शब्द ।

отсéв (पुं०) १. = отсéивание ; २. छानकर वचा हुआ भाग ; छानस ।

отсевáть = отсéивать.

отсéивание (नपुं०) छानने की क्रिया ।

отсéивать (अपू०), **отсéять** (पू०) छानना ।

отсéк (पुं०) (दूसरों से अलग किया गया) स्थान ।

отсекáть (अपू०), **отсéчь** (पू०) (भवि० отсекý, отсечёшь) काट देना ; अलग कर देना ; विविक्त करना ।

отсéле, отсéль (क्रि० वि०) यहाँ से ।

отсéсть दे० отсáживаться.

отсечéние (नपुं०) १. काट देने की क्रिया ; २. अलगाव ; विविक्ति ; विच्छेद ।

отсéчь दे० отсекáть.

отсея́ть(ся) दे० отсéивать(ся).

отси́живать (अपू०), **отсидéть** (पू०) (भवि० отсижý, отсиди́шь) १. (जेल में) दंड भोगना ; जेल काटना ; २. (-के लिए) ठहरना ; ३. (अधिक समय तक बैठने के कारण किसी अंग का) चेतनाशून्य होना ; सो जाना ; он отсидéл себé нóгу उसकी टाँग सो गयी है ; **—ся** (आत्म०) १. बहुत देर तक वैठना ; २. отси́живать का कर्मवाच्य ।

отскáбливать (अपू०), **отскобли́ть** (पू०) खुरच डालना ; खुरचकर उतार देना ; о. крáску रोग़न खुरच डालना ।

отскакáть (पू०) (отскачý, отскáчешь) १. घोड़ा सरपट दौड़ाकर कोई फ़ासला तय करना ; २. एक ओर को घोड़ा सरपट दौड़ा ले जाना ।

отскáкивать (अपू०), **отскочи́ть** (पू०) १. एक ओर को कूदना ; २. (धक्का या चोट खाकर) पीछे हटना ; टप्पा खाना ; ३. टूट जाना ; गिर जाना ।

отскобли́ть दे० отскáбливать.

отскочи́ть दे० отскáкивать.

отскребáть (अपू०), **отскрести́** (पू०) (भवि० отскребý, отскребёшь) खुरचना ; खुरचकर उतार देना ।

отслáиваться (आत्म० अपू०), **отслои́ться** (आत्म० पू०) परत/तह उतारना ।

отслужи́ть (पू०) १. (कुछ समय के लिए) सेवा करना ; २. सेवा की अवधि समाप्त करना ; ३. (वस्तुओं का पुराना होकर) घिस जाना ; ४. दे० служи́ть

отсовéтова‖ть (पू०) (—тую) (-से) रोकना ; (-से) हटाना ; मना करना ; врач —л емý éхать на юг डाक्टर ने उसे दक्षिण जाने से रोका ।

отсортирóвывать (अपू०), **отсортировáть** (पू०) (भवि० —рýю) चुनना ; о. хорóших лóшадей अच्छे घोड़े चुनना ।

отсосáть दे० отсáсывать.

отсóхнуть दे० отсыхáть.

отсрóч‖ивать (अपू०), **отсрóчить** (पू०) मुल्तवी करना ; मोहलत देना ; स्थगित करना ; —ить уплáту дóлга нá два мéсяца कर्ज़ की अदायगी के लिए दो महीने की मोहलत देना ; **—ка** (स्त्री०) मुल्तवी/स्थगित किये जाने की क्रिया ; मोहलत ।

отставáние (नपुं०) पिछड़ने या पीछे रहने की क्रिया ।

отста‖вáть (अपू०), **отстáть** (पू०) (भवि० отстáну, отстáнешь) १. पीछे रह जाना ; पिछड़ना ; о. на киломéтр एक किलोमीटर पीछे रह जाना ; २. (घड़ी का) सुस्त चलना/पीछे रहना ; часы́ —ют на 10 минýт घड़ी दस मिनट पीछे रहती है/सुस्त है ; ३. अलग हो जाना ।

отстáв||ить दे० оставля́ть ; **—ка** (स्त्री०) १. बरख़ास्तगी ; २. त्यागपत्र ; इस्तीफ़ा ; подáть в —ку त्यागपत्र देना ; вы́йти в —ку नौकरी से अवकाश ग्रहण करना ।

отстав||ля́ть (अपू०), **отстáвить** (पू०) (भवि० отстáвлю, отстáвишь) १. एक ओर रखना ; परे रखना ; о. стол от окнá मेज़ को खिड़की से परे रखना ; २. बरख़ास्त करना ; नौकरी से अलग करना ; □ отстáвить ! (सेना०) पूर्ववत् ! ; **—нóй** (वि०) (नौकरी से) अवकाश-प्राप्त ।

отстáивать (अपू०), **отстоя́ть** (पू०) (कुछ समयें तक) खड़े रहना ; मुक़ाबला करना ; (समर्थन में) युक्ति देना ; **—ся** (आत्म०) १. डटे रहना ; २. отстáивать का कर्मवाच्य ।

отстáл||ость (स्त्री०) पिछड़ी हुई दशा ; अनुन्नति ; **—ый** (वि०) पिछड़ा हुआ ।

отстáть दे० отставáть.

отстаю́щий १. отставáть से कृदन्त ; २. (वि०) पिछड़ा हुआ ।

отстегáть दे० стегáть -II.

отстёгивать (अपू०), **отстегну́ть** (पू०) (बटन, बकसुआ आदि) खोलना ; **—ся** (आत्म०) १. (बकसुआं, बटन) खुल जाना ; २. отстёгивать का कर्मवाच्य ।

отсти́рывать (अपू०), **отстирáть** (पू०) धो डालना ।

отстóй (पुं०) (केवल एकवचन) मल ; तलछट ।

отсто||я́ть (पू०) (-से) दूर होना ; दूरी पर होना ; э́тот гóрод —и́т на 5 киломéтров отсю́да यह नगर यहाँ से ५ किलोमीटर की दूरी पर है ।

отстоя́ть(ся) दे० отстáивать(ся).

отстрадáть (पू०) बहुत आपदाएँ झेल चुकना ।

отстрáивать (अपू०), **отстрóить** (पू०) १.निर्माण करना ; २. (रेडियो आदि) ठीक तरंग पर लगाना/मिलाना ; **—ся** (आत्म०) १. (अपने लिये) निर्माण कर लेना ; २. (रेडियो ठीक तरंग पर) लगाना ।

отстранéние (नपुं०) १. एक ओर को धकेलना ; २. बरख़ास्तगी ।

отстраня́ть (अपू०), **отстрани́ть** (पू०) १. (एक ओर को) धकेल देना ; २. नौकरी से अलग करना ; बरख़ास्त करना ; **—ся** (आत्म०) १. (-से) एक ओर हट जाना ; छोड़ना ; त्यागना ; अलग रहना ; २. отстраня́ть का कर्मवाच्य ।

отстрéливаться (आत्म० अपू०) जवाबी शलक करना ; गोलाबारी करना ।

отстреля́ться (आत्म० पू०) गोली चला चुकना ; गोली चलाने का अभ्यास कर चुकना ।

отстригáть (अपू०), **отстри́чь** (पू०) (भवि० отстригу́, отстрижёшь) (कैंची आदि से) काट डालना ।

отстрóить(ся) दे० отстрáивать(ся).

отстрóйка (स्त्री०) (रेडियो को) ठीक तरंग पर लगाने/मिलाने की क्रिया ।

отстрочи́ть (पू०) १. टाँका लगाना ; सीना ; २. टाँका लगा चुकना ; सी चुकना ।

отступáть (अपू०), **отступи́ть** (पू०) (भवि० отступлю́, отсту́пишь) १. पीछे हटना ; झटके से पीछे हटना ; २. विचलित होना ; पथ से हटना ; **—ся** (आत्म०) त्यागना ; छोड़ना ।

отступлéние (नपुं०) पीछे हटना ; मैदान छोड़ना ; विचलित होना ; विषयान्तर करना ; प्रसंग से भटक जाना ।

отсту́пн||ик (पुं०), **—ица** स्वधर्म-त्यागी/त्यागिनी ; धर्मभ्रष्ट/भ्रष्टा ; **—ничество** (नपुं०) स्वधर्म-त्याग ; धर्मभ्रंश ।

отступн||óе (नपुं०) (वि० रू०) तावान ; हरजाना ; पगडी (किराया या मूल्य के अतिरिक्त दिया हुआ धन) ; **—óй** (वि०) : —ы́е дéньги तावान/पगड़ी (किराया या मूल्य के अतिरिक्त दिया हुआ धन) ।

отсу́тств||ие (नपुं०) अनुपस्थिति ; за —ием -की अनुपस्थित में ; находи́ться в —ии अनुपस्थित होना ; **—овать** (अपू०) (—ствую) अनुपस्थित होना ।

отсчёт (पुं०) (मीटर आदि का) गणनफल ।

отсчи́тывать (अपू०), **отсчита́ть** (पू०) गिनकर देना ; गिन देना ; я отсчита́л ему́ пятна́дцать рубле́й मैंने उसे पन्द्रह रूबल गिन दिये ।

отсыл||а́ть (अपू०), **отосла́ть** (पू०) (भवि० отошлю́, отошлёшь) १. दूर भेजना ; वापस भेजना ; २. निर्देश करना ; звёздочка —а́ет к подстро́чному примеча́нию तारक-चिह्न पाद-टिप्पणी की ओर निर्देश करता है ।

отсы́лка (स्त्री०) १. प्रेषण ; भेजने की क्रिया ; २. निर्देश ; हवाला ; प्रसंग ।

отсыпа́ть (अपू०), **отсы́пать** (पू०) (भवि० отсы́плю, отсы́плешь) से निकालना ; о. муки́ из мешка́ बोरी में से आटा निकालना ।

отсыпа́ться -I (आत्म० अपू०), **отсы́паться** (आत्म० पू०) (आटा आदि) निकाला जाना ।

отсыпа́ться -II (आत्म० अपू०), **отсы́паться** (आत्म० पू०) ख़ूब सोना ; काफ़ी देर सोना ।

отсыре́лый (वि०) सीला हुआ ।

отсыре́ть दे० сыре́ть.

отсыха́ть (अपू०), **отсо́хнуть** (पू०) सूखना ; मुरझाना ; सूखकर गिर जाना ।

отсю́да (क्रि० वि०) यहाँ से ; अतः ; далеко́ о. यहाँ से दूर ; о. я́вствует अतः स्पष्ट है ; □ (убира́йтесь) вон о. ! यहाँ से चलते बनिए !

отта́ивать (अपू०), **отта́ять** (पू०) पिघल जाना ।

отта́лкивать (अपू०), **оттолкну́ть** (पू०) १. परे धकेलना ; २. शत्रु बनाना ।

отта́птывать (अपू०), **оттопта́ть** (पू०) (भवि० оттопчу́, отто́пчешь) कुचलना ; о. но́ги кому́-л. किसीका पाँव कुचलना ।

оттаска́ть (पू०) घसीटना ; о. кого́-л. за́ во́лосы किसीको वालों से पकड़कर घसीटना ।

отта́скивать (अपू०), **оттащи́ть** (पू०) एक ओर को घसीटना ; पीछे घसीटना ।

отта́чивать (अपू०), **отточи́ть** (पू०) तेज़ करना ; धार रखना ।

оттащи́ть दे० отта́скивать.

отта́ять दे० отта́ивать.

оттени́ть दे० оттеня́ть.

отте́нок (पुं०) सूक्ष्म अर्थ-भेद ; (रँग की) झलक ; झाईं ।

оттеня́ть (अपू०), **оттени́ть** (पू०) हल्का रँग भरना ; विविध रँगों की छाया डालना ।

о́ттепель (स्त्री०) (बर्फ़ का) पिघलना ; насту́пила о. बर्फ़ पिघलने लगी है ।

оттере́ть दे० оттира́ть.

оттесня́ть (अपू०), **оттесни́ть** (पू०) भींचना ; एक ओर को धकेलना ।

оттира́ть (अपू०), **оттере́ть** (पू०) (भवि० ототру́, ототрёшь) १. (रगड़कर) मिटाना ; २. रगड़कर गर्मी पहुँचाना ; ३. = оттесня́ть.

о́ттиск (पुं०) छापा ; (लेखादि की) अलग से छपी प्रतियाँ ; प्रतिमुद्रण ; रिप्रिंट ।

отти́скивать (अपू०), **отти́снуть** (पू०) १. भींचकर एक ओर को कर देना ; २. कुचलना ; он отти́снул свой па́лец две́рью उसने किवाड़ों में अपनी उँगली कुचल ली ; ३. छापना ।

оттого́ (क्रि० वि०) इसी कारण से ; यही कारण है कि- ; о. он и не́ был там यही कारण है कि वह वहाँ नहीं था ।

оттолкну́ть(ся) отта́лкивать(ся).

оттома́нка (स्त्री०) गद्देदार तख़्तपोश ।

оттопта́ть दे० отта́птывать.

оттопы́ривать (अपू०), **оттопы́рить** (पू०) (ओठ) बिचकाना ; (कोहनियाँ) फैलाना ।

отторга́ть (अपू०), **отто́ргнуть** (पू०) (ज़बर्दस्ती) अलग कर देना/छीन लेना ।

отточи́ть दे० отта́чивать.

оттрепа́ть (पू०) (оттреплю́, оттре́плешь) (कान, बाल आदि खींचकर) सज़ा देना ; о. кого́-л. за́ уши किसीके कान खींचना ।

отту́да (क्रि० वि०) वहाँ से ।

оттузи́ть दे० тузи́ть.

оттушёвывать (अपू०), **оттушевáть** (पू०) (भवि० —шýю) काली रोशनाई से धोना ; हल्का रँग भरना ।

оттягáть (पू०) नालिश करके जीतना या प्राप्त करना ।

оттягивать (अपू०), **оттянýть** (पू०) १. (खींचकर) फैलाना ; बढ़ाना ; २. विलम्ब करना ; टालना ।

оттяжка (स्त्री०) विलम्ब ।

оттянýть दे० оттягивать.

отýжинать (पू०) १. रात का खाना खा चुकना ; २. रात के खाने के लिए आमन्त्रित करना ।

отумáнивать (अपू०), **отумáнить** (पू०) धुँधला करना ; मद्धिम करना ; आच्छन्न करना ।

отуп||éлый (वि०) स्तम्भित ; विंमूढ़ ; **—éние** (नपुं०) विमूढ़ता ; मन्दता ।

отупéть (पू०) मन्द होना ; मतिहीन होना ।

отутю́живать (अपू०), **отутю́жить** (पू०) लोहा करना ; इस्तरी करना ।

отучáть (अपू०), **отучи́ть** (पू०) आदत छुड़ाना ; विमुख करना ; विरत करना ; **—ся** (आत्म०) विमुख होना ; विरत होना ; आदत छोड़ना ।

отучи́ться -I दे० отучáться.

отучи́ться -II (आत्म० पू०) अपना पाठ समाप्त करना ।

отхáживать (अपू०), **отходи́ть** (पू०) (भवि० отхожý, отхóдишь) (बहुत देख-भाल करके) चिकित्सा करना ; इलाज करना ।

отхáрк||ать दे० отхáркивать ; **—ивание** (नपुं०) खँखारने/कफ़ निकालने की क्रिया; **—ивать** (अपू०), **отхáркать, отхáркнуть** (पू०) खँखारना ; कफ़ निकालना ; **—ивающее** (नपुं०) (वि० रू०) कफ़ निकालने की ओषधि ।

отхáркнуть दे० отхáркивать.

отвáтывать (अपू०), **отхвати́ть** (पू०) (भवि० отхвачý, отхвáтишь) काट देना ; он нóжницами отхвати́л себé тёмные кýдри उसने कैंची से अपनी काली-घूँघराली अलकें काट डाली ।

отхлёбывать (अपू०), **отхлебнýть** (पू०) घूँट भरना ।

отхлестáть (पू०) चाबुक से मारना ।

отхлы́нуть (पू०) (वेग से) पीछे हटना ; पीछे को ज़ोर से बहना ।

отхóд (पुं०) १. प्रस्थान ; रवानगी ; २. (सेना का) पीछे हटना ।

отходи́ть -I (अपू०), **отойти́** (पू०) (वर्त० отхожý, отхóдишь, भवि० отойдý, отойдёшь) १. चले जाना ; प्रस्थान करना ; २. (सेना का) पीछे हटना ; ३. (विषय से) इधर-उधर होना ; ४. राज़ी होना ; आराम आना ; ५. (टूटकर) गिर जाना ; ६. मर जाना ; प्राणान्त हो जाना ।

отходи́ть -II दे० отхáживать.

отхóдная (स्त्री०) (वि० रू०) मरणासन्न व्यक्ति की आत्मा की शान्ति के लिए प्रार्थना ।

отхóдчивый (वि०) आशुतोष ; सहज ही प्रसन्न होनेवाला ।

отхóды (बहु०) छीजन ; कूड़ा-कर्कट ।

отцветáть (अपू०), **отцвести́** (पू०) (भवि० отцветý, отцветёшь) मुरझा जाना ; रँग फीका पड़ जाना ।

отцéживать (अपू०), **отцеди́ть** (पू०) (भवि० отцежý, отцеди́шь) छानना ; फ़िल्टर करना ।

отцéплять (अपू०), **отцепи́ть** (पू०) (भवि० отцеплю́, отцéпишь) हुक खोल देना ; ज़ंजीर खोलना ; (दो रेल के डिब्बों की ज़ंजीर खोलकर) अलग कर देना ।

отцеуби́й||ство (नपुं०) पितृघात ; पितृहत्या ; **—ца** (उभ०) पितृघाती/पितृघातिनी ; पितृहत्यारा/पितृहत्यारी ।

отцóв (वि०) पिता का ; पैतृक ; **—ский** (वि०) पैतृक ; —ское наслéдие पैतृक धन/सम्पत्ति ; **—ство** (नपुं०) पितृत्व ।

отчáиваться (आत्म० अपू०), **отчáяться** (आत्म० पू०) हताश होना ; निराश होना ।

отчáсти (क्रि० वि०) आंशिक रूप से ; अंशतः ।

отчáяние (नपुं०) निराशा ; приводи́ть в о. निराश करना ; впасть в о. निराश होना ।

отчáянн||о (क्रि० वि०) हताश होकर; दिल तोड़कर; बुरी तरह से; **—ый** (वि०) १. विकट; —ая погóда विकट या बुरा मौसम; २. आशाहीन; ३. बेधड़क; अतिसाहसी।

отчегó (क्रि० वि०) क्यों; отчегó-либо == почемý-либо.

отчекáнивать (अपू०), **отчекáнить** (पू०) १. सिक्के बनाना/तैयार करना; २. (शब्द आदि) स्पष्ट बोलना।

отчёркивать (अपू०), **отчеркнýть** (पू०) १. काटा लगाना; २. निशान लगाना।

отчéрпывать (अपू०), **отчерпнýть** (पू०) करछुल से बाहर निकालना।

óтчество (नपुं०) पितृनाम।

отчёт (पुं०) लेखा; हिसाब।

отчётлив||ость (स्त्री०) १. स्पष्टता; २. सुबोधता; **—ый** (वि०) १. स्पष्ट; २. सुबोध।

отчётн||ость (स्त्री०) (केवल एकवचन) १. वहीखाता; मुनीमी; २ हिसाव-किताब; लेखा; **—ый** (वि०) १. चालू; —ый год चालू वर्ष; २. रिपोर्ट का; —ый бланк रिपोर्ट (लिखने) का फ़ार्म।

отчи́зна (स्त्री०) (काव्य०) मातृभूमि।

óтчий (वि०) पैतृक।

óтчим (पुं०) सौतेला बाप।

отчислéние (नपुं०) १. घटाने की क्रिया; २. नियतन; ३. बरखास्तगी।

отчисля́ть (अपू०), **отчи́слить** (पू०) १. घटाना; २. नियतन करना; ३. (नौकरी से) बरखास्त करना; खारिज करना।

отчи́стить(ся) दे० отчищáть(ся).

отчитáть (पू०) १. दे० отчи́тывать; २. पढ़ चुकना; भाषरण दे चुकना।

отчи́тывать (अपू०), **отчитáть** (पू०) झाड़ पिलाना; झिड़की देना; **—ся** (आत्म०) विवरण देना; रिपोर्ट देना।

отчищáть (अपू०), **отчи́стить** (पू०) (भवि० отчи́щу, отчи́стишь) साफ़ करना; ब्रुश करना; **—ся** (आत्म०) १. उतर जाना; साफ़ हो जाना; пятнó отчи́стилось धब्बा साफ़ हो गया/छूट गया; २. отчищáть का कर्मवाच्य।

отчуди́ть दे० отчуждáть.

отчуждáем||ость (स्त्री०) अन्यक्राम्यता; हस्तान्तरणीयता; **—ый** (वि०) अन्यक्राम्य; हस्तान्तर करने योग्य।

отчужд||áть (अपू०), **отчуди́ть** (पू०) अन्यक्रामण करना; अधिकार हस्तान्तर करना; **—дéние** (नपुं०) अन्यक्रामण; हस्तान्तरण।

отшагá||ть (पू०) पैदल चलना; टहलना; он —л 10 киломéтров वह दस किलोमीटर पैदल चला।

отшáтываться (आत्म० अपू०); **отшатнýться** (आत्म पू०) लड़खड़ाना; चकराना।

отшвы́ривать (अपू०), **отшвырнýть** (पू०) फेंकना; पटकना; पाँव से ठोकर मारकर एक ओर कर देना; о. кáмень в стóрону पत्थर एक ओर फेंक देना।

отшéльни||к (पुं०) तापस; संन्यासी; **—ческий** (वि०) отшéльник से वि०; **—чество** (नपुं०) तापसी-जीवन; संन्यास।

отшибáть (अपू०), **отшиби́ть** (पू०) (भवि० отшибý, отшибёшь) १. (चोट मारकर) तोड़ देना; о. рýчку у чáйника चायदानी का हत्था तोड़ देना; २. चोट खाना; о. себé нóгу टाँग/पाँव पर चोट खाना।

отшивáть (अपू०), **отши́ть** (पू०) (भवि० отошью́, отошьёшь) १. उघेड़ना; २. (किसीको) अपने पास से भगा देना; ३. सी चुकना।

отшлёпать (पू०) (कमर या पीठ पर) थप्पड़ मारना।

отшлифóвывать (अपू०), **отшлифовáть** (पू०) (भवि० —фýю) पालिश करना; (रगड़कर) चमकाना।

отшпи́ливать (अपू०), **отшпи́лить** (पू०) (पिन) खोलना।

отшýчиваться (आत्म० अपू०), **отшути́ться** (आत्म० पू०) (भवि० отшучýсь, отшу́тишься) हँसी में टाल देना ।

отщепе́нец (पुं॰) ग़द्दार ; विभीषण ।

отщепля́ть (अपू॰), **отщепи́ть** (पू॰) (भवि॰ отщеплю́, отщепи́шь) छीलना ; पच्चड़ उतारना ।

отъеда́ть (अपू॰), **отъе́сть** (पू॰) (भवि॰ отъе́м, отъе́шь) खा डालना ; खा चुकना ।

отъе́з‖д (पुं॰) प्रस्थान ; रवानगी ; **—жа́ть** (अपू॰), **отъе́хать** (पू॰) (भवि॰ отъе́ду, отъе́дешь) (गाड़ी आदि पर) चले जाना/रवाना होना ।

отъе́сть दे॰ отъеда́ть.

отъе́хать दे॰ отъезжа́ть.

отъя́вленный (वि॰) निरा ; निपट ; पक्का ; о. негодя́й पक्का धूर्त/निपट नीच ।

о́тыгрывать (अपू॰), **отыгра́ть** (पू॰) जीतकर लौटा लेना ; वापस जीत लेना ; **—ся** (आत्म॰) जीतकर लौटा लेना ; वापस जीत लेना ।

о́тыгрыш (पुं॰) (केवल एकवचन) जीतकर लौटाया हुआ धन ; वापस जीता हुआ धन आदि ।

отымённый (वि॰) नाम का ; о. глаго́л नामधातु ।

оты́скивать (अपू॰), **отыска́ть** (पू॰) (भवि॰ отыщу́, оты́щешь) पता लगाना ; तलाश करना ; ढूँढना ; **—ся** (आत्म॰) १. आ जाना ; प्रकट होना ; २. оты́скивать का कर्मवाच्य ।

отэкзаменова́ть (पू॰) (—ну́ю) परीक्षा ले चुकना ।

отягоща́ть (अपू॰), **отяготи́ть** (पू॰) (भवि॰ отягощу́, отяготи́шь) भार डालना ; बोझ लादना ।

отягча́ть(अपू॰), **отягчи́ть** (पू॰) १. (और) गम्भीर करना ; २. भारी बनाना ।

отяжеле́‖лый (वि॰) भारी बना हुआ ; **—ть** (पू॰) भारी होना ।

офице́р (पुं॰) अफ़सर ; о. свя́зи सम्पर्क-अफ़सर ; **—ский** (वि॰) अफ़सर का ; **—ша** (स्त्री॰) अफ़सर की पत्नी ।

официа́льн‖о (क्रि॰ वि॰) सरकारी तौर पर ; अधिकृत रूप से ; **—ый** (वि॰) शासकीय ; सरकारी ।

официа́нт (पुं॰) होटल या रेस्तराँ में खाना परोसनेवाला नौकर ।

официо́зный (वि॰) अर्धसरकारी ।

оформи́тель (पुं॰) सज्जाकार ; मंच-सज्जाकार ।

офо́рмить(ся) दे॰ оформля́ть(ся).

оформле́ние (नपुं॰) १. (क़ानूनी) कार्यवाही पूरी करने की क्रिया ; २. आकार ; रूप ।

оформля́ть (अपू॰), **оформи́ть** (पू॰) (भवि॰ офо́рмлю, офо́рмишь) १. आकार देना ; रूप देना ; २. वैध रूप देना ; ३. पंजीयन करना ; रजिस्टर में दर्ज कराना ; **—ся** (आत्म॰) १. आकार धारण करना ; २. अपना नाम रजिस्टर में दर्ज कराना ; ३. अपनी स्थिति को विधि के अनुकूल करना ; ४. оформля́ть का कर्मवाच्य ।

офтальм‖и́я (स्त्री॰) आँख आना ; आँख की बीमारी ; **—оло́гия** (स्त्री॰) नेत्र-विज्ञान ।

офутерова́ть दे॰ футерова́ть.

ох ! (विस्मय॰) ओह !

оха́ивать (अपू॰), **оха́ять** (पू॰) मानहानि करना ; अपयश फैलाना ।

о́ханье (नपुं॰) कराहना ; क्रन्दन ।

оха́пк‖а (स्त्री॰) भुजाओं में समेटने योग्य ; взять в —у आलिंगन करना ।

охарактеризова́ть (पू॰) (—зу́ю) वर्णन करना ।

о́хать (अपू॰), **о́хнуть** (पू॰) आहें भरना ; कराहना ; क्रन्दन करना ।

оха́ять दे॰ оха́ивать.

охва́т (पू॰) १. कार्य-क्षेत्र ; २. समावेश ; ३. (सेना का) लपेट में आना/घेरे में आना ।

охва́тывать (अपू॰), **охвати́ть** (पू॰) (भवि॰ охвачу́ ; охва́тишь) १. लपेटना ; घेरना ; २. (भावों का) छा जाना ; ३. समझना ; ग्रहण करना ; ४. समावेश करना ; अन्तर्भाव करना ।

охладéть दे० охладевáть.

охладúтель (पुं०) प्रशीतक (अंग्रेज़ी—रेफ़्रीजरेटर)।

охлаждáть (अपू०), **охладúть** (पू०) (भवि० охлажý охладúшь) ठंडा करना ; शीतल करना ; **—ся** (आत्म०) १. ठंडा पड़ना ; ठंडा होना ; २. охлаждáть का कर्मवाच्य ।

охмелéть (पू०) नशे में होना ।

óхнуть दे० óхать.

охолостúть दे० холостúть.

охорáшиваться (आत्म० अपू०) अपने आपको सुन्दर बनाना/चुस्त बनाना ।

охóт||а (स्त्री०) **I**. आखेट ; शिकार ; **II**. इच्छा ; इरादा ; по своéй —е अपनी इच्छा से ; □ о. пýще невóли जहाँ चाह, वहाँ राह ।

охóтиться (आत्म० अपू०) (охóчусь, охóтишься) शिकार करना ।

охóтник (पुं०) **I**. शिकारी ; **II**. प्रेमी ; быть —ом до шáхмат शतरंज का प्रेमी होना ।

охóтнич||ий (वि०) शिकारी- ; —ья собáка शिकारी कुत्ता ।

охóтно (क्रि० वि०) प्रसन्नतापूर्वक ; ख़ुशी-ख़ुशी ; он сдéлает э́то о. वह यह प्रसन्नतापूर्वक करेगा ।

óхра (स्त्री०) गेरू ।

охрáн||а (स्त्री०) १. रक्षा करने/पहरा देने की क्रिया ; सुरक्षा ; २. पहरे की गारद ; रक्षक-दल ; **—éние** (नपुं०) सुरक्षण ; संरक्षण ।

охранúть दे० охраня́ть.

охрáнка (охрáнное отделéние) ओखरानका (ज़ारशाही रूस में ख़ुफ़िया पुलिस-विभाग)।

охраня́ть (अपू०), **охранúть** (पू०) (-से) रक्षा करना ; (-से) बचाव करना ।

охрúплый (वि०) (आवाज़) फटी हुई।

охрúпнуть (पू०) गला बैठ जाना ; आवाज़ फट जाना ।

охромéть (पू०) लँगड़ाना ; लँगड़ाने लगना ।

охýлк||а (स्त्री०) : он —и нá руку не полóжит वह सब समझता है / वह बड़ा सयाना है।

оцарáпать (पू०) खरौंच मारना ; **—ся** (आत्म०) अपने खरौंच मार लेना ।

оцéнивать (अपू०), **оценúть** (पू०) १. मूल्य आँकना ; मूल्य निरूपण करना ; २. मूल्यांकन करना ; प्रशस्ति करना ।

оцéн||ка (स्त्री०) अन्दाज़ा ; मूल्य-निरूपण ; **—очный** (वि०) оцéнка से वि० ; **—щик** (पुं०) मूल्य-निरूपक ।

оцепенéлый (वि०) निश्चेत ; चेतनाशून्य ; (ठंड आदि से) सुन्न ।

оцепенéть दे० цепенéть.

оцепля́ть (अपू०), **оцепúть** (पू०) (भवि० оцеплю́, оцéпишь) घेरा डालना ; войскá оцепúли гóрод सेना ने नगर को घेर लिया ।

очáг (पुं०) १. चूल्हे का फ़र्श ; домáшный о. घरबार ; २. स्रोत ; केन्द्र ।

очаровáние (नपुं०) मन्त्र ; जादू-टोना ; सम्मोहन ।

очарóванный (वि० और कृदन्त) मन्त्रमुग्ध ; सम्मोहित ।

очаровáтельный (वि०) मनोहर ; रमणीय ; जादू करनेवाला ।

очарóвывать (अपू०), **очаровáть** (पू०) (भवि० —рýю) जादू करना ; मन्त्रमुग्ध करना ।

очевúдец (पुं०) प्रत्यक्ष साक्षी ; चश्मदीद गवाह ।

очевúдн||о (क्रि० वि०) स्पष्ट रूप से ; प्रत्यक्ष रूप से ; (कर्तृ-निरपेक्ष) यह स्पष्ट है ; **—ый** (वि०) प्रत्यक्ष ; स्पष्ट ।

очеловéчить (पू०) मानवता का पाठ पढ़ाना ; इंसान बनाना ।

óчень (क्रि० वि०) बहुत ; अधिक ; о. холóдный बहुत ठंडा ; прийтú о. пóздно बहुत देर में आना ; он о. удивлён वह बहुत चकित है ।

очервúветь दे० червúветь.

очереднóй (वि०) १. अगला ; (बारी में) दूसरा ; २. साधारण ।

óчеред||ь (स्त्री०) १. पर्याय ; बारी ; в свою́ о. अपनी-अपनी बारी से ; по —и बारी-बारी से ; २. क़तार ; पंक्ति ; стоя́ть в —и क़तार में खड़े होना ।

о́черк (पुं०) लघु लेख ; रेखाचित्र ; **—и́ст** (पुं०) लघु लेख लिखनेवाला ; रेखाचित्र-लेखक ।

очерни́ть दे० черни́ть.

очерстве́лый (वि०) कठोर ; निर्दयी ।

очерстве́ть दे० черстве́ть.

очерт‖а́ние (नपुं०) रूपरेखा ; **—и́ть** दे० оче́рчивать.

очертя́ (कृदन्त) о. го́лову सिर के बल ।

оче́рчивать (अपू०), **очерти́ть** (पू०) (भवि० очерчу́, очерти́шь) रूपरेखा तैयार करना ; खाका खींचना ।

очини́ть दे० чини́ть.

очи́стить(ся) दे० очища́ть(ся).

очи́стка (स्त्री०) १. सफ़ाई करने की क्रिया ; २. परिशोधन ; परिष्कार ।

очи́стки (बहु०) छिलके ।

очища́ть (अपू०), **очи́стить** (पू०) (भवि० очи́щу, очи́стишь) १. साफ़ करना; खाली करना; о. го́род नगर खाली करना ; о. доро́гу रास्ता साफ़ करना ; २. शुद्ध करना ; परिष्कार करना ; ३. छीलना ; छिलका उतारना ; ४. लूटना ; सफ़ाया करना ; **—ся** (आत्म०) १. अपने आपको साफ़ करना ; २. अपनी सफ़ाई देना/स्पष्टीकरण करना ; ३. очища́ть का कर्मवाच्य ।

очище́ние (नपुं०) १. = очи́стка ; २. ме́сячное о. (स्त्रियों का) मासिक धर्म/ऋतुस्राव ।

очки́ (बहु०) चश्मा ; ऐनक ।

очк‖о́ (नपुं०) १. (नक़्शे आदि में) बिन्दु ; २. अंक ; дать не́сколько —о́в вперёд कुछ अंक पहले से ही देना ; ३. सुराख ; छिद्र ; смотрово́е о. गवाक्ष / झरोखा ।

очковтира́тельство (नपुं०) छल ; कपट ; धोखा ।

очко́в‖ый (वि०) : —ая змея́ फनियर साँप / फणी ।

очну́ться (आत्म० पू०) होश में आना ।

о́чн‖ый (वि०) : —ая ста́вка साक्षात् कराना ।

очуме́‖лый (वि०) सनकी ; **—ть** (पू०) सनक में आना ; что ты —л, что ли ? क्या तुम पागल हो गये हो ?

очути́‖ться (आत्म० पू०) (अचानक) प्रकट होना ; टपक पड़ना ; как он здесь —лся ? वह यहाँ कैसे आ गया / वह यहाँ कैसे आ टपका ?

очу́хаться (आत्म० पू०) होश में आना ।

ошале́лый (वि०) सनकी ।

ошале́ть दे० шале́ть.

ошара́шивать (अपू०), **ошара́шить** (पू०) १. स्तम्भित करना ; २. जोर से मारना ।

ошвартова́ть (पू०) (—ту́ю) (पानी के जहाज़ को बन्दरगाह में रस्सों आदि से) बाँधना/कसना ।

оше́йник (पुं०) गले का पट्टा ; соба́чий о. कुत्ते के गले का पट्टा ।

ошеломля́ть (अपू०), **ошеломи́ть** (पू०) (भवि० ошеломлю́, ошеломи́шь) चकित करना ; स्तम्भित करना ; विस्मित करना ।

ошельмова́ть दे० шельмова́ть.

ошиба́ться (आत्म० अपू०), **ошиби́ться** (आत्म० पू०) त्रुटि करना ; ग़लती करना ।

оши́бка (स्त्री०) त्रुटि ; ग़लती ।

оши́бочн‖о (क्रि० वि०) ग़लती से ; **—ый** (वि०) त्रुटिपूर्ण ; ग़लत ।

оши́кать (पू०) सीटी आदि बजाकर कलाकार के प्रति विरुचि प्रकट करना ।

ошпа́ривать (अपू०), **ошпа́рить** (पू०) (खौलते पानी या भाप से) झुलसाना ; ошпа́рить тарака́нов खौलता पानी डालकर खटमल मारना ; **—ся** (आत्म०) (खौलते पानी या भाप से अपने आपको) झुलसा लेना ।

оштрафова́ть दे० штрафова́ть.

оштукату́рить दे० штукату́рить.

ощени́ться दे० щени́ться.

ощети́ниваться (आत्म० अपू०), **ощети́ниться** (आत्म० पू०) रोमांचित होना ; पुलकित होना ; रोंगटे खड़े होना ।

ощипа́ть दे० щи́пывать और щи́пать.

щи́пывать (अपू०), **ощипа́ть** (पू०) (भवि० ощиплю́, ощи́плешь) तोड़ना ; नोंचना ।

ощýпывать (अपू०), **ощýпать** (पू०) टटोलना ।

óщупь (स्त्री०) идтú на о. टटोलकर चलना ।

óщупью (क्रि० वि०) टटोलकर ; искáть о. टटोलकर ढूँढना ।

ощутú||мый, —тельный (वि०) १. गोचर ; २. मूर्त ; प्रत्यक्ष ।

ощущáть (अपू०), **ощутúть** (पू०) (भवि० ощущý, ощутúшь) अनुभव करना ; о. гóлод भूख महसूस करना/लगना ।

ощущéние (नपुं) चेतना ; ऐन्द्रिय अनुभूति ।

П

па (अ०) (नृत्य में) पद ।

пáва (स्त्री०) मोरनी ।

павиáн (पुं०) लंगूर ।

павили́ка = повили́ка.

павильóн (पुं०) मंडप ; फ़िल्म स्टूडियो ।

павли́н (पुं०) मोर ; **—ий** (वि०) मोर का ।

пáводок (पुं०) बाढ़ ; जल-प्लावन ।

пáгода (स्त्री०) पगोडा (बौद्ध विहार)

пáгуба (स्त्री०) विनाश ।

пáгубный (वि०) घातक ; विनाशकारी ।

пáдаль (स्त्री०) (केवल एकवचन) (बहुधा समू०) १. (पशुओं की) लाशें ; २. (पेड़ों से गिरे) फल ।

плáт||ье (नपुं०) कपड़े ; पोशाक ; вéрхнее п. अँगरखा/ओवरकोट ; **—янóй** (वि०) कपड़ों का ; पोशाक का ; —янóй шкаф कपड़ों की अलमारी ।

плáха (स्त्री०) १. लकड़ी का टुकड़ा ; २. जल्लाद का तख़्ता ।

плац (पुं०) परेड का मैदान ; учéбный п. क़वायद का मैदान ।

плацéнта (स्त्री०) गर्भकमल ।

плацкáрта (स्त्री०) आरक्षित जगह (रिज़र्व सीट) का टिकट ।

плач (पुं०) (केवल एकवचन) १. क्रन्दन ; रोने/चिल्लाने की क्रिया ; २. विलाप-गीत ; **—éвный** (वि०) शोचनीय ; खेदजनक ; —éвное состоя́ние खेदजनक स्थिति ।

плашкó||тный, —утный (वि०) п. мост पान्टून-सेतु ।

плашмя́ (क्रि० वि०) चपटे रुख़ से ; удáрить сáблей п. तलवार के चपटे रुख़ से मारना ।

плащ (पुं०) अँगरखा ; непромокáемый п. बरसाती (कोट) ।

плебе́й (पुं०) जनसाधारण ; **—ский** (वि०) जनसाधारण-सम्बन्धी ।

плебисци́т (पुं०) जनमत ; जनमत-संग्रह ।

плебс (पुं०) (समू०) हुजूम ; भीड़ ।

плева́ (स्त्री०) झिल्ली ; कला ।

плева́тельница (स्त्री०) पीकदान ; उगालदान ।

плева́ть (अपू०), **плю́нуть** (पू०) (वर्त० плюю́, плюёшь) थूकना ; बलग़म निकालना ; **—ся** (आत्म०) थूकना ।

пле́вел (पुं०) अनाज के पौधों में उगनेवाली बेकार की घास (काँस आदि) ।

плево́к (पुं०) थूक ।

пле́вр||а (स्त्री०) प्लूरा ; फुप्फुसावरण ; **—и́т** (पुं०) प्लूरिसी (एक रोग) ।

плёв||ый (वि०) तुच्छ ; मामूली ; —ое де́ло मामूली/तुच्छ बात ।

плед (पुं०) चारख़ानेदार पट्टू ।

племенно́й (वि०) १. क़बीले का ; जनजातीय ; २. (पशु) अच्छी नस्ल का ।

пле́мя (स्त्री०) १. क़बीला ; जनजाति ; २. (पशुओं की) नस्ल ; ३. पीढ़ी ; но́вое п. नयी पीढ़ी ।

племя́н||ник (पुं०) भतीजा ; भानजा ; **—ница** (स्त्री०) भतीजी ; भानजी ।

плен (पुं०) (केवल एकवचन) बन्धन ; कारावास ; क़ैद ; быть в —у́ बन्दी होना ; взять кого́-л. в п. किसीको बन्दी बनाना ।

плена́рн||ый (वि०) पूर्ण ; सम्पूर्ण ; सर्वांगीण ; —ое заседа́ние पूर्ण अधिवेशन ।

плени́тельн||ость (स्त्री०) चित्ताकर्षकता ; मनमोहकता ; **—ый** (वि०) चित्ताकर्षक ; मनमोहक ।

плени́ть(ся) दे० пленя́ть(ся).

плёнка (स्त्री०) (कैमरे आदि की) फ़िल्म ; पतली झिल्ली ।

пле́нни||к (पुं०), **—ца** (स्त्री०) बन्दी ; क़ैदी ।

пле́нный (वि०) १. плен से वि० ; २. (संज्ञा की तरह प्रयुक्त) (वि० रू०) बन्दी ; क़ैदी ; युद्धबन्दी ।

пле́нум (पुं०) भरी सभा ; पूर्ण अधिवेशन ।

пленя́ть (अपू०), **плени́ть** (पू०) बन्दी बनाना ; क़ैद करना ; मोहना ; जादू करना ; **—ся** (आत्म०) बन्दी बनना ; मोहित होना ; फँसना ।

плеон||а́зм (पुं०) अधिकपद-प्रयोग ; भरती के शब्दों का प्रयोग ; **—асти́ческий** (वि०) अधिकपद- ; भरती के शब्दों का ।

плёс (पुं०) (दो टापुओं के बीच में का) पानी का विस्तार ; एक मोड़ से दूसरे मोड़ तक का नदी का का भाग ।

пле́сень (स्त्री०) फफूँदी ।

плеск (पुं०) (केवल एकवचन) (पानी की) लहर ; चढ़ाव ; बौछार ; छींटा ।

плеска́ть (अपू०), **плесну́ть** (पू०) (वर्त० пле́щу, пле́щещь) १. पानी के छींटे देना ; बौछार करना ; २. लहर आना ।

пле́сневеть (अपू०), **за—** (पू०) फफूँदी लग जाना ।

плесну́ть दे० плеска́ть.

плести́ (अपू०), **с—** (पू०) (वर्त० плету́, плетёшь) गूँथना ; (झालर आदि) बुनना ; п. се́ти जाल बुनना ; п. паути́ну (मकड़ी का) जाला बुनना ; п. вено́к हार गूँथना ; □ п. вздор बकवास करना ।

плести́сь (आत्म० अपू०) १. अपने आपको घसीटना ; धीरे-धीरे चलना ; п. в хвосте́ पीछे रह जाना ; २. плести́ का कर्मवाच्य ।

плетёный (वि०) गूँथा हुआ ; बुना हुआ ; п. стул सींक की बुनी कुर्सी ।

плете́нь (पुं०) १. (गूँथने के काम आनेवाली) टहनी ; डाली ; सींक ; २. (सेना०) अवरोध ; रुकावट ।

плеть (स्त्री०) चाबुक ।

плечево́й (वि०) कन्धों का ।

пле́чики (बहु०)(कपड़े टाँगने की) खूँटी ; हैंगर ।

пле́чико (नपुं०) плечо́ का अल्प० ।

плечи́стый (वि०) वृषभस्कन्ध ; पुष्टस्कन्ध ; चौड़े कन्धोंवाला ।

плеч||о́ (नपुं०) कन्धा ; —о́м к —у́ कन्धे से कन्धा मिलाकर ; ☐ у него́ (сло́вно) гора́ свали́лась с плеч उसके सिर से (मानो) बोझ उतर गया ; с плеч доло́й कन्धों पर से बोझ उतरा ; быть не по —у́ кому́-л. किसीकी शक्ति से बाहर होना ।

плеши́в||еть (अपू०), **о—** (पू०) गंजा/खल्वाट होना ; **—ость** (स्त्री०) गंज ; **—ый** (वि०) गंजा ।

плеши́на, плешь (स्त्री०) गंज ।

плея́ды (बहु०) (ज्योतिष) कृत्तिका नक्षत्र ।

пли (सेना०) (आज्ञासूचक) गोली चलाओ !

пли́нтус (पुं०) (निर्माण०) (दीवार की) कुर्सी (अंग्रेज़ी—प्लिन्थ) ।

плис (पुं०) नक़ली मख़मल (अंग्रेज़ी—वैलवैटीन) ।

плита́ (स्त्री०) १. प्लेट ; पट्टिका ; टुकड़ा ; बालू-पत्थर ; पत्थर की चौरस पटिया ; २. (भोजन तैयार करने का) बिजली का चूल्हा ; га́зовая п. गैस-स्टोव ।

пли́тка (स्त्री०) १. टायल ; २. केक आदि ; ३. (भोजन तैयार करने का) बिजली का चूल्हा ; गैस-स्टोव ।

плитня́к (पुं०) पत्थर की चौरस पटिया ; फ़र्श की ईंटें ।

пли́точный (वि०) пли́тка से वि० ।

плов||е́ц (पुं०) तैराक ; **—у́честь** (स्त्री०) प्लवनशीलता ; **—у́чий** (वि०) प्लवमान ; तिरता हुआ ।

плод (पुं०) १. फल ; приноси́ть —ы́ फल देना ; п. многоле́тнего труда́ बहुत वर्षों के परिश्रम का फल ; २. गर्भ ; भ्रूण ; गर्भस्थ शिशु ।

плоди́ть (अपू०) (वर्त० пложу́, плоди́шь) उत्पन्न करना ; पैदा करना ; जनना ।

плодови́т||ость (स्त्री०) उपजाऊपन ; उर्वरता ; **—ый** (वि०) फल देनेवाला ; उपजाऊ ; उर्वर ।

плод||ово́дство (नपुं०) फलोत्पादन ; **—ово́дческий** (वि०) फलोत्पादन- ; फल उगाने का ; **—о́вый** (वि०) плод से वि० ; —о́вое де́рево फलदार पेड़ ; —о́вый са́хар फलों की खाँड ।

плодоно́сный (वि०) फल देनेवाला ; फलदायक ; उर्वर ।

плодоро́д||ие (नपुं०), **—ность** (स्त्री०) उर्वरता ; उपजाऊपन ; **—ный** (वि०) उर्वर ; उपजाऊ ।

плодотво́рн||ость (स्त्री०) उपजाऊपन ; **—ый** (वि०) फलप्रद ; उपजाऊ ; उर्वर ।

пло́мб||а (स्त्री०) १. поста́вить —у दाँत (का खोल) भरना ; २. (सीसे/सिक्के की) मुहर/छाप लगाना ।

пломби́р (पुं०) फलदार आइस-क्रीम ।

пломбирова́ть (अपू०), **за—** (पू०) (वर्त० —ру́ю) १. दाँत (का खोल) भरना ; २. (द्वार आदि को) सीसे की मुहर लगाकर बन्द करना ।

пло́ский (वि०) १. चपटा ; समतल ; साफ़; २. तुच्छ ; मामूली ।

плоского́рье (नपुं०) पठार ।

плоскогу́бцы (बहु०) प्लास ।

плоскодо́н||ка (स्त्री०) चपटे तले की नाव ; **—ный** (वि०) चपटे तले का ।

пло́скост||ь (स्त्री०) १. चपटापन ; २. तल ; सतह ; ३. सामान्य बात ; तुच्छ बात ; ☐ кати́ться по накло́нной —и अवनति की ओर जाना ।

плот (पुं०) (लट्ठों या पीपे का) बेड़ा ।

плотва́ (स्त्री०) (केवल एकवचन) मीठे पानी की एक छोटी मछली ।

плоти́на (स्त्री०) (नदी का) बाँध ।

пло́тни||к (पुं०) बढ़ई ; **—чать** (अपू०) बढ़ईगीरी करना ; **—чий, —чный** (वि०) बढ़ई का ; —чное де́ло बढ़ईगीरी ।

пло́тн||о (क्रि० वि०) कसकर ; भींचकर ; п. заколоти́ть дверь किवाड़ों को कीलें लगाकर कसकर बन्द करना ; п. прижа́ться चिमटना/लिपटना ; п. облега́ть (कपड़े आदि) कसकर आना ; п. пое́сть पेट भरकर खाना ; **—ость** (स्त्री०) घनत्व ; घनता ; घनापन ; दृढ़ता ; —ость населе́ния आबादी का घनापन ; **—ый** (वि०

१. घना ; सघन ; (वस्त्र) तंग ; कसा हुआ ; कसकर आनेवाला ; —ое населе́ние घनी आबादी ; २. —ый обе́д पेट भरकर खाना ३. (व्यक्ति) मोटा ताज़ा ; ४. ठोस ; मज़बूत ।

плотоя́дный (वि०) मांसाहारी (पशु) ।

пло́тский (वि०) शारीरिक ; कायिक ; ऐहिक ।

плоть (स्त्री०) शरीर ; да ра́зве муж и жена́ не́ оди́н дух и одна́ п.? क्या पति और पत्नी एकदेह और एकप्राण नहीं होते ? ; ☐ п. и кровь सगे-सम्बन्धी ।

пло́хо (क्रि० वि०) बुरा ; खराब ; п. себя́ чу́вствовать जी बुरा होना ; э́то п. па́хнет इससे बदबू आ रही है ; п. вести́ себя́ बुरा बर्ताव करना ; конча́ть п. बुरा अन्त होना ।

плохова́тый (वि०) बुरा-सा ; ख़राब-सा ।

плох‖о́й (वि०) बुरा ; ख़राब ; —а́я пого́да ख़राब मौसम ; —о́е настрое́ние क्षुब्ध चित्त ; —о́е пищеваре́ние अपच/बदहज़्मी ।

пло́хонький (वि०) ख़राब-सा ।

плоша́ть (अपू०), **с—** (पू०) लापरवाह होना ; ग़लती करना ; (स्वास्थ्य) बिगाड़ना ।

пло́шка (स्त्री०) १. मिट्टी की तश्तरी ; रकाबी ; २. सकोरा ।

площа́дка (स्त्री०) १. मैदान ; जगह ; спорти́вная п. खेल का मैदान ; строи́тельная п. भवन बनाने के लिए जगह ; २. प्लेटफ़ार्म ।

площадн‖о́й (वि०) —а́я брань गन्दी गालियाँ ।

пло́щадь (स्त्री०) १. क्षेत्रफल ; २. (नगर में) चौक ।

плуг (पुं०) हल ।

плут (पुं०) ठग ; धोखेबाज़।

плута́ть (अपू०) भटकना ।

плути́шка (पुं०) плут का अल्प० ।

плу́тни (बहु०) ठगी ; धोखेबाज़ी ; चालाकियाँ ।

плутова́ть (अपू०), **с—** (पू०) (वर्त० —ту́ю) (नपुं०) ठगी करना ; धोखा देना ।

плутовс‖ко́й (वि०) कपटपूर्ण ; कपटी ; सकपट ; —ка́я улы́бка सकपट मुस्कराहट ; **—тво́** ठगी ; धोखा ; कपट ।

плутокра́т (पुं०) धनिकतन्त्रवादी ; **—ия** (स्त्री०) धनिकतन्त्र ।

плыву́н = плаву́н.

плыву́чий (वि०) प्लवमान ; बहता/तिरता हुआ ।

плыть दे० пла́вать.

плюга́вый (वि०) कमीना ; तुच्छ ; अधम ; नीच ।

плю́нуть दे० плева́ть.

плюрал‖и́зм (पुं०) बहुलवाद ; **—исти́ческий** (वि०) बहुलवादीय ; **—ьный** (वि०) अनेकसंख्यक ; बहुल ; —ьный во́тум बहुलमताधिकार ।

плюс (पुं०) १. (गणित) धन चिह्न (+) ; जमा का निशान ; २. लाभ ।

плюсна́ (स्त्री०) पादशलाका (पैर के पंजे की पाँचों लम्बी हड्डियाँ) ।

плю́хать(ся) (अपू०), **плю́хнуть(ся)** (पू०) धड़ाम से नीचे गिरना ; फड़फड़ाते हुए नीचे गिरना ; п. на дива́н धड़ाम से सोफ़े पर बैठना ; п. в грязь धम/धड़ाम से कीचड़ में गिरना ।

плюш (पुं०) प्लश (एक प्रकार का कपड़ा) ; नक़ली मख़मल ; **—евый** (वि०) प्लश (नक़ली मख़मल) का ।

плющ (पुं०) गुड्डुच ; गुर्च ; सिरपेंचे की बेल ।

плю́щильный (वि०) : п. стано́к चपटा करने की मशीन ।

плю́щить (अपू०), **с—** (पू०) (दबाव डालकर) चपटा करना ; पतला करना ।

пляж (पुं०) स्नानघाट ।

пляс (पुं०) (केवल एकवचन) लोकनृत्य ; नाच ; пусти́ться в п. नाच उठना ।

пляса́ть (अपू०), **по—** (पू०) (वर्त० пляшу́, пля́шешь) (लोक-) नृत्य करना ; नाचना ; ☐ п. под чью-л. ду́дку किसीके इशारों पर नाचना ।

пля́с‖ка (स्त्री०) १. (लोक-) नृत्य करने की क्रिया; २. (लोक-) नृत्य ; п. свято́го Витта दे० ви́ттова Ииррова пля́ска ; **—ова́я** (स्त्री०) (वि०

रू०) लोकनृत्य की ताल ; **—овóй** (वि०) नृत्य- ; नृत्य-सम्बन्धी ; **—ýн** (पुं०), **—ýнья** (स्त्री०) लोकनृत्य करनेवाला/वाली ।

пневмáт‖ика (स्त्री०) वायुशास्त्र ; वायुविज्ञान ; **—ѝческий** (वि०) वायवीय ।

пневмонѝя (स्त्री०) फुफ्फुसदाह ; निमोनिया ।

по (अ०) १. पर ; के साथ-साथ; идтѝ пó полу, по травé फ़र्श पर/घास पर चलना ; éхать по ýлице सड़क पर चलना ; он путешéствовал по всей странé उसने सारे देश का सफ़र किया है ; २. द्वारा ; по пóчте डाक द्वारा ; по вóздуху हवाई जहाज़ द्वारा ; по рáдио, по телефóну रेडियो/टेलीफ़ोन द्वारा ; ३. -के आधार पर ; -के अनुसार ; से ; по приказáнию आज्ञानुसार ; по ѝмени नाम से ; по совéту परामर्श के अनुसार ; по положéнию नियमानुसार/पदानुसार ; ४. से ; -के फलस्वरूप ; -के कारण ; по ошѝбке ग़लती से ; по болéзни रोग के कारण ; ५. को ; по утрáм सुबह (को) ; по ночáм रात्रि को ; ६. (विभाजनसूचक) दो-दो ; по 2 я́блока на человéка प्रति व्यक्ति दो सेब ; ७. तक ; по пóяс कमर तक ; с ию́ня по сентя́брь जून से सितम्बर तक ; ८. पश्चात् ; पर ; по прибы́тии आने पर/आने के पश्चात ; по окончáнии समाप्ति पर ।

по- (क्रिया-उपसर्ग) इसके जोड़ने से क्रिया में निम्नलिखित अर्थ आ जाते हैं : १. क्रियाओं के अपूर्ण रूप को पूर्ण बनाने के लिए ; जैसे гасѝть (बुझाना) से погасѝть ; २. कार्य के आरम्भ के अर्थ में, जैसे полетéть (उड़ना शुरू करना) ; ३. कार्य का अपेक्षाकृत थोड़े समय के लिए होने का अर्थ, जैसे покричáть (थोड़ी देर चिल्लाना) ।

по- (उपसर्ग) १. (क्रिया-विशेषणों के पूर्व) थोड़े/कुछ के अर्थ में ; покорóче थोड़ा/कुछ छोटा ; २. पूरी शक्ति से/यथासम्भव के अर्थ में ; он постарáлся сдéлать э́то полýчше उसने इसको यथासम्भव अच्छी तरह करने की कोशिश की ; ३. 'की भाँति' के अर्थ में ; по-дрýжески मित्र की भाँति/मित्रतापूर्वक ; ४. भाषा बताने के अर्थ में ; по-рýсски रूसी भाषा में ; он говорѝт по-рýсски वह रूसी भाषा बोलता है ।

побагровéть दे० багровéть.

побáива‖ться (आत्म० अपू०) (-से) डरना ; он —ется отцá वह पिता से डरता है ।

побáливать (अपू०), मीठा-मीठा दर्द होना ; कभी-कभी दर्द होना ।

побасёнка (स्त्री०) कथा ; कहानी ।

побéг (पुं०) **I.** (क़ैद आदि से) भागने/बच निकलने की क्रिया ; **II.** अंकुर ; शाखा ; क़लम ।

побéгать (पू०) थोड़ा-सा दौड़ना ।

побегýшк‖и (बहु०) : быть у когó-л. на —ах किसीके इशारे पर चलना ।

побéд‖а (स्त्री०) विजय ; जीत ; одержáть —у (-पर) विजय प्राप्त करना ; (-को) जीतना ।

победѝтель (पुं०), **—ница** (स्त्री०) विजयी ; विजेता/विजेतृ ।

победѝть दे० побеждáть.

побéд‖ный (वि०) विजय- ; विजयी ; विजय का ; —ная песнь विजय-गीत ; **—онóсный** (वि०) विजयी ; विजय- ।

побежáть (पू०) १. दे० бéгать, бежáть ; २. दौड़ पड़ना ।

побеждáть (अपू०), **победѝть** (पू०) (भवि० प्रथम पुरुष का रूप प्रयुक्त नहीं होता, победѝшь) जीतना ; हराना ; विजय पाना ; п. врагá शत्रु पर विजय पाना ।

побелéть दे० белéть.

побелѝть दे० белѝть.

побéлка (स्त्री०) सफ़ेदी करने की क्रिया ।

поберéжье (नपुं०) तट ; सागर या नदी के तट की भूमि ।

поберéчь (पू०) (भवि० поберегý, побережёшь) १. सुरक्षित रखना ; बचाकर रखना ; २. देख-भाल करना ।

побесéдовать (पू०) (—дую) (-से) बातचीत करना ; п. час एक घंटा बातचीत करना ।

побеспоко́ить(ся) दे० беспоко́ить(ся).

побира́ться (आत्म० अपू०) भीख माँगना ; भीख माँगकर जीविका चलाना ।

поби́ть (पू०) १. दे० бить ; (मूसलाधार वर्षा, ओले आदि का) पड़ना ; ☐ п. реко́рд रिकार्ड तोड़ना ; **—ся** (आत्म०) टूटना ।

поблагодари́ть दे० благодари́ть.

побла́жк‖а (स्त्री०) मौन सहमति ; अनिषेध ; देखी-अनदेखी करना ; де́лать —и चश्मपोशी करना / देखी-अनदेखी करना ।

побледне́ть दे० бледне́ть.

поблёкнуть दे० блёкнуть.

поблёскивать (अपू०) जगमगाना ।

побли́зости (क्रि० वि०) (-के) समीप ; (-के) पड़ौस में ; кино́ располо́жено п. от наше́го дома́ सिनेमा हमारे घर के समीप है ।

побожи́ться दे० божи́ться.

побо́и (केवल बहु०) मारना ; पीटना ; следы́ побо́ев मारने/पीटने का चिह्न ।

побо́ище (नपुं०) मार-काट ; हत्याकांड ; रक्तरंजित युद्ध ।

поболта́ть (पू०) (-के विषय में) गपशप लगाना ; बातचीत करना ।

побо́льше -I (वि०) большо́й का तर-प्रत्ययान्त रूप ।

побо́льше -II (क्रि० वि०) мно́го का तर-प्रत्ययान्त रूप ।

побо́рни‖к (पुं०), **—ца** (स्त्री०) हामी ; हिमायती ; पक्षधर ; पृष्ठपोषक/पृष्ठपोषिका ।

поборо́ть (पू०) जीतना ; वशीभूत करना ; क़ाबू में करना ; п. себя́ अपने आप पर क़ाबू पाना / आत्मविजय पाना ।

побо́ры (बहु०) (ज़बर्दस्ती उगाहा जानेवाला) कर ; ऐंठा हुआ धन ; रिश्वत ।

побо́чный (वि०) १. गौण ; आनुषंगिक; सहायक ; —ая рабо́та उपकार्य ; २. अवैध ; п. сын अवैध पुत्र ।

побоя́ться (आत्म० पू०) (-से) डरना ।

побрани́ть (पू०) डाट-डपट करना ; फटकारना ; **—ся** (आत्म०) आपस में लड़ना/झगड़ना ; तू-तू मैं-मैं करना ।

побрата́ться दे० брата́ться.

по-бра́тски (क्रि० वि०) भाई की तरह ; भाईचारे से ।

побре́згать दे० бре́згать.

побрести́ (पू०) (भवि० побреду́, побредёшь) धीरे-धीरे जाना ।

побри́ть(ся) दे० бри́ть(ся).

поброди́ть (पू०) (भवि० поброжу́, побро́дишь) (कुछ समय के लिए) विचरना ; घूमना ।

побروса́ть (पू०) १. (कुछ मात्रा में) फेंकना ; २. त्यागना ; छोड़ना ।

побря́кивать (अपू०), **побря́кать** (पू०) खड़खड़ाना ।

побряку́шка (स्त्री०) खड़खड़ाहट का शब्द ।

побуди́тельн‖ый (वि०) उद्दीपक ; —ая причи́на उद्देश्य/प्रेरक हेतु ।

побуди́ть दे० побужда́ть.

побу́дка (स्त्री०) (प्रातः सिपाहियों को जगाने के लिए बजाया जानेवाला) बिगुल ।

побужд‖а́ть (अपू०), **побуди́ть** (पू०) (भवि० побужу́, побу́дишь) उत्तेजित करना ; प्रोत्साहित करना ; प्रवृत्त करना ; **—е́ние** (नपुं०) प्रेरणा ; उद्दीपन ; по со́бственному —е́нию अपनी इच्छा से/इच्छानुरूप ।

побуре́ть दे० буре́ть.

побыва́‖ть (पू०) जाना ; हो आना ; он —л всю́ду वह सर्वत्र हो आया है ; он —л во Фра́нции वह फ्रांस गया था ।

побы‖вка (स्त्री०) : прие́хать на —вку छुट्टी पर आना/(थोड़े समय) ठहरने के लिए आना ; **—ть** (पू०) (побу́ду, побу́дешь) ठहरना ; रहना ; он по́был у меня́ ме́ньше ча́са वह मेरे पास एक घंटे से कम ठहरा/रहा ।

пова́д‖иться (आत्म० पू०) (भवि० пова́жусь, пова́дишься) आदत पड़ जाना ; ☐ —ился кувши́н по́ воду ходи́ть प्यासा ही कुएँ के पास जाता है ; **—ка** (स्त्री०) आदत ।

пова́дно (क्रि० वि०) чтоб не́ было п. ताकि आदत न पड़ जाये ।

повали́ть(ся) दे० вали́ть(ся).

пова́льн‖о (क्रि० वि०) बिना अपवाद के ; здесь все п. больны́ гри́ппом यहाँ सबको श्लेष्म ज्वर हो गया है ; **—ый** (वि०) निर्विशेष ; सामान्य ; —ый о́быск सबकी तलाशी ; —ая боле́знь महामारी ।

поваля́ть (पू०) उलटना-पलटना ; **—ся** (आत्म०) (चारपाई पर) देर तक लेटना ।

по́вар (पुं०) रसोइया ; **—и́ха** (स्त्री०) по́вар का स्त्री०-रूप ।

пова́ренный (वि०) पाकशाला-सम्बन्धी ; पाकविद्या-सम्बन्धी ; —ая кни́га पाकविद्या की पुस्तक ।

повар‖ёнок (पुं०) (रसोईघर में काम करनेवाला) छोकरा ; चाकर ; **—ско́й** (वि०) रसोइये का ।

по-ва́шему (क्रि० वि०) १. आपकी राय में ; २. आपकी इच्छा के अनुसार ; он сде́лал п. उसने आपकी इच्छा के अनुसार ही किया ।

пове́дать (पू०) बताना ; कहना ; п. та́йну भेद कहना/भेद खोलना ।

поведе́ние (नपुं०) आचरण ; व्यवहार ; дурно́е п. दुराचरण/बुरा व्यवहार ।

повезти́ दे० везти́ और вози́ть.

повел‖ева́ть (अपू०) आदेश देना ; (-पर) राज्य करना ; **—е́ние** (नपुं०) आदेश ; हुक्म ; **—и́тель** (पुं०), **—и́тельница** (स्त्री०) सम्राट/सम्राज्ञी ; **—и́тельный** (वि०) आज्ञासूचक ; —и́тельное наклоне́ние आज्ञार्थक क्रिया ।

повенча́ть(ся) दे० венча́ть(ся).

поверга́ть (अपू०), **пове́ргнуть** (पू०) (-में) धकेलना ; डालना ; поверга́ть кого́-л. в печа́ль शोकग्रस्त करना / ग़म में डुबोना ; поверга́ть кого́-л. в уны́ние हतोत्साह करना ; **—ся** (आत्म०) १. शोकग्रस्त होना ; ग़म में डूबना ; —ся в уны́ние हतोत्साहित होना ; २. поверга́ть का कर्मवाच्य ।

пове́ренный (पुं०) (वि० रू०) मुख्तार ; (अँग्रेज़ी—अटार्नी) ; п. в дела́х कार्यनायक ।

пове́рить दे० ве́рить और поверя́ть.

пове́рк‖а (स्त्री०) १. सत्यापन ; जाँच ; तसदीक़ ; २. (सेना में) हाज़िरी बोलना ; □ на —у वास्तव में ।

поверну́ть(ся) दे० повора́чивать(ся).

пове́рочн‖ый (वि०) : —ые испыта́ния परीक्षाएँ/जाँच ।

пове́рх (अ०) पर ; ऊपर ; п. очко́в ऐनक पर ।

пове́рхностн‖о (क्रि० वि०) सतही तौर पर ; साडम्बर ; बाह्य रूप से ; **—ый** (वि०) सतही ; बाह्य ; खोखला ; —ое зна́ние सतही ज्ञान ।

пове́рхность (स्त्री०) सतह ।

по́верху (क्रि० वि०) सतह पर ; चोटी पर ; ऊपर ।

пове́рье (नपुं०) रूढ़ विश्वास ; अन्धविश्वास ।

поверя́ть (अपू०), **пове́рить** (पू०), **I.** सत्यापन करना ; जाँच करना ; प्रमाणित करना ; तसदीक़ करना ; **II.** सौंपना ; सुपुर्द करना ; हवाले करना ।

пове́са (पुं०) निठल्ला आदमी ; शरारती ।

повесел‖е́ть (पू०) प्रसन्न होना ; हँसी-मज़ाक में समय बिताना ; **—и́ться** (आत्म० पू०) मज़े लूटना ; रंगरेलियाँ करना ।

по-весе́ннему (क्रि० वि०) वसन्त की भाँति ; со́лнце гре́ет п. सूर्य ऐसे तप रहा है जैसे वसन्त में तपता है ।

пове́сить(ся) दे० ве́шать(ся).

пове́сничать (पू०) ठाली बैठना, निठल्ले बैठना; शरारतें करना ।

повествова́‖ние (नपुं०) वर्णन ; **—тельный** (वि०) वर्णनात्मक ।

повествова́ть (पू०) (भवि० —ству́ю) वर्णन करना ।

повести́ I. दे० поводи́ть ; **II.** दे० вести́.

повести́сь (आत्म० पू०): уж так повело́сь ऐसा ही रिवाज है ।

пове́стка (स्त्री०) नोटिस ; सूचना ; विज्ञप्ति ; (अदालत के) समन ; लिखित आदेश ; п. дня कार्यसूची ।

по́весть (स्त्री०) वर्णन ; कथा ; कहानी ।

пове́трие (नपुं०) संक्रामक रोग ।

пове́шение (नपुं०) फाँसी ; казнь че́рез п. फाँसी की सज़ा ; приговори́ть кого́-л. к сме́ртной ка́зни че́рез п. फाँसी की सज़ा देना ।

пове́ять (पू०) (हवा) चलने लगना ।

по-взво́дно (क्रि० वि०) प्लाटूनों में ; गुल्मशः ; गुल्मों में ।

повздо́рить (पू०) झगड़ा करना ; п. из-за пу́стяков मामूली बातों पर झगड़ा करना ।

повзросле́ть (पू०) बढ़ जाना ।

повива́льная ба́бка (स्त्री०) दे० ба́бка.

повида́ть (पू०) मिलना ; **—ся** (आत्म०) दे० вида́ться.

пови́димому (क्रि० वि०) प्रतीयमान रूप से ; बाहर से देखने में ।

пови́дло (नपुं०) (केवल एकवचन) मुरब्बा ; जैम ।

повини́ться दे० вини́ться.

пови́н‖ность (स्त्री०) आभार ; दायित्व ; कर्तव्य ; **—ный** (वि०) अपराधी ; ☐ приноси́ть —ную, явля́ться с —ной अपना अपराध स्वीकार करने के लिए आना ।

повинов‖а́ться (आत्म० अपू० और पू०) (—ну́юсь) कहना मानना ; п. ста́ршим बड़ों का कहना मानना ; **—е́ние** (नपुं०) आज्ञाकारिता ।

повиса́ть (अपू०), **пови́снуть** (पू०) लटकाना ।

повиту́ха (स्त्री०) प्रसाविका ; दाई ।

повле́ч‖ь (पू०) (भवि० повлеку́, повлечёшь) ; १. घसीट ले जाना ; его́ повле́кли к воро́там उसको घसीटकर दरवाज़ों की ओर ले गये ; २. э́то —ёт за собо́й ва́жные после́дствия इसके गम्भीर परिणाम निकलेंगे ।

повлия́ть दे० влия́ть.

по́вод (पुं०) **I.** अवसर ; कारण ; आधार ; п. войне́ युद्ध का (आदि) कारण ; по како́му —у किस सिलसिले में ; по како́му —у вы об э́том вспо́мнили आपने यह किस कारण से याद किया ? ; ☐ дать п. अवसर देना/कारण होना ; по —у (-के) अवसर पर / (-के) विषय में/सम्बन्ध में ; по э́тому —у, по —у э́того इस सम्बन्ध में/इस विषय में ; **II.** (घोड़े की) लगाम ।

поводи́ть (अपू०), **повести́** (पू०) (वर्त० повожу́, пово́дишь ; भवि० поведу́, поведёшь) **I.** हिलाना ; повести́ бровя́ми भौंहे हिलाना ; п. рука́ми हाथ हिलाना ; **II.** (घोड़े को लगाम से पकड़कर) ले जाना ।

поводы́рь (पुं०) पथप्रदर्शक ; अन्धे को राह दिखानेवाला ।

пово́зка (स्त्री०) वाहन ; गाड़ी ।

пово́йник (पुं०) रूसी किसान महिला के सिर का वस्त्र ।

поволо́‖ка (स्त्री०): глаза́ с —кой निस्तेज आँखें ।

поволо́чь (पू०) (भवि० поволоку́, поволо́чешь) घसीटकर ले जाना ; ज़बर्दस्ती ले जाना ।

повора́чивать (अपू०), **поверну́ть** (पू०) मोड़ना ; बदलना ; п. кра́н नल खोलना ; поверну́ть разгово́р बातचीत का विषय बदलना ; п. напра́во दायीं ओर मुड़ना ; **—ся** (आत्म०) १. मुड़ना ; —ся спино́й (к) -की ओर पीठ करना ; २. повора́чивать का कर्मवाच्य ।

поворожи́ть दे० ворожи́ть.

поворо́т (पुं०) मोड़ ; झुकाव ; तबदीली ; второ́й п. напра́во दायीं ओर को दूसरा मोड़ ।

поворо́тлив‖ость (स्त्री०) सहज में मुड़ने की क्षमता ; फुर्तीलापन ; **—ый** (वि०) सहज में मुड़नेवाला ; फुर्तीला ।

поворо́тный (वि०) घूर्णक ; घूर्णन-; घूमनेवाला ; चक्कर खानेवाला ; п. моме́нт निर्णायक अवस्था या स्थिति ।

поворча́ть (पू०) (थोड़ा-थोड़ा) बड़बड़ाना ।

повреди́ть दे० १. вреди́ть ; २. दे० поврежда́ть.

поврежд||а́ть (अपू०), **повреди́ть** (पू०) (भवि० поврежу́, повреди́шь) (मशीन आदि) खराब करना ; हानि पहुँचाना ; (हाथ, पाँव इत्यादि पर) चोट मारना ; घायल करना ; **—де́ние** (नपुं०) हानि ; पीड़ा ; चोट ।

повремени́ть (पू०) कुछ समय के लिए प्रतीक्षा करना ; повремени́те, всё бу́дет гото́во थोड़ी-सी प्रतीक्षा कीजिए, सब-कुछ तैयार हो जायेगा ।

повреме́нн||ый (वि०) १. (नियत समय पर प्रकाशित होनेवाली) पत्रिका ; २. —ая опла́та घंटा/दिन/सप्ताह के हिसाब से वेतन ।

повседне́вн||о (क्रि० वि०) प्रतिदिन ; **—ый** (वि०) दैनिक ; —ая жизнь दैनिक जीवन ।

повсеме́стн||о (क्रि० वि०) सर्वत्र ; **—ый** (वि०) सार्वभौम ; सर्वव्यापक ।

повста́нец (पुं०) विद्रोही ; बाग़ी ।

повстреча́||ть (पू०) मिलना ; **—ся** (आत्म० पू०) मिलना ; ему́ —лся знако́мый उसे एक परिचित मिला ।

повсю́ду (क्रि० वि०) सर्वत्र ।

повтор||е́ние (नपुं०) पुनरावृत्ति ; **—и́тельный** (वि०) बारम्बार दुहरानेवाला ; पुनरावृत्ति का ; —и́тельный курс पुनःप्रशिक्षण-पाठ्यक्रम ।

повтори́ть(ся) दे० повторя́ть(ся).

повто́рный (वि०) दुहराया हुआ ।

повторя́ть (अपू०), **повтори́ть** (पू०) (फिर से) कहना या करना ; दुहराना ; पुनरावृत्ति करना ; **—ся** (आत्म०) दुहराया जाना ; पुनरावृत्ति होना ।

повыша́ть (अपू०), **повы́сить** (पू०) (भवि० повы́шу, повы́сишь) बढ़ाना ; ऊपर उठाना ; ऊँचा करना ; п. вдво́е दुगुना करना ; п. мора́льное состоя́ние नैतिक स्तर ऊँचा करना ; п. производи́тельность उत्पादन बढ़ाना ; □ п. го́лос आवाज़ उठाना ; **—ся** (आत्म०) ऊपर उठना ; ऊँचा होना ; बढ़ना ; повы́ситься в чьём-л. мне́нии किसीकी दृष्टि में ऊँचा उठना ।

повы́ше (क्रि० वि०) высоко́ का तर-प्रत्ययान्त रूप ।

повы́ше (वि०) высо́кий का तर-प्रत्ययान्त रूप ।

повыше́ние (नपुं०) बढ़ोतरी ; वृद्धि ; उन्नति ; तरक़्क़ी ; п. зарпла́ты मज़दूरी/वेतन में बढ़ोतरी/वृद्धि ; он получи́л п. उसकी तरक़्क़ी हो गयी है ।

повяза́ть -I दे० повя́зывать.

повяза́ть -II (पू०) थोड़ा-सा बुनना ।

повяза́ться दे० повя́зываться.

повя́зка (स्त्री०) (घाव पर बाँधने की) पट्टी ।

повя́зывать (अपू०), **повяза́ть** (पू०) (भवि० повя́жу, повя́жешь) बाँधना ; п. го́лову платко́м सिर पर रूमाल बाँधना ; **—ся** (आत्म०) : १. (अपने) बाँधना —ся платко́м (अपने सिर पर) रूमाल बाँधना ; २. повя́зывать का कर्मवाच्य ।

погада́ть दे० гада́ть.

пога́н||ец (पुं०) गुंडा ; बदमाश ; **—ить** (अपू०) दूषित करना ; मलिन करना ; **—ка** (स्त्री०) १. कुकुरमुत्ता ; २. बत्तख ; ३. कुलटा ; छिनाल ; **—ый** (वि०) १. मलिन ; गन्दा ; २. गुंडा ।

погаса́ть (अपू०), **пога́снуть** (पू०) बुझना ; ого́нь пога́с आग बुझ गयी ।

погаш||а́ть (अपू०), **погаси́ть** (पू०) (भवि० погашу́, пога́сишь) १. ऋण उतारना ; अदा कर देना ; २. बुझाना ; погаси́ть пожа́р आग बुझाना ; **—е́ние** (नपुं०) ऋणमुक्ति ; ऋण चुकाने की क्रिया ; (आग आदि) बुझाने की क्रिया ।

погиба́ть (अपू०), **поги́бнуть** (पू०) नष्ट

होना ; बरबाद होना ; цветы́ поги́бли от моро́за पाले के कारण फूल नष्ट हो गये ।

поги́б||ель (स्त्री०) विनाश ; **—ельный** (वि०) विनाशक ; घातक ; **—нуть** दे० погиба́ть.

погла́дить -I दे० гла́дить-२.

погла́дить -II (पू०) (कपड़ों पर) थोड़ी देर लोहा करना ।

поглазе́ть (पू०) १. दे० глазе́ть ; २. नज़र मारना ।

поглоти́тель (पुं०) अवशोषक ।

погло||ти́ть(ся) दे० поглоща́ть(ся) ; **—ща́емость** (स्त्री०) अवशोषण-योग्यता ; **—ща́ть** (अपू०), **поглоти́ть** (पू०) (भवि० поглощу́, поглоти́щь) अवशोषण करना ; हड़प करना ; निगल जाना ; п. рома́н за рома́ном उपन्यास पर उपन्यास पढ़ जाना ; он весь —щён свое́й рабо́той वह काम से दबा पड़ा है/वह अपने काम में डूबा है ; он —щён собо́й वह अपने आपमें मग्न है ; **—ще́ние** (नपुं०) अवशोषण ।

поглуми́ться दे० глуми́ться.

поглупе́ть दे० глупе́ть.

погляде́ть (पू०) १. दे० гляде́ть ; २. नज़र मारना ; **—ся** (आत्म०) —ся в зе́ркало शीशा देखना ।

погля́дывать (अपू०) १. -पर नज़र मारना ; समय-समय पर देखना ; २. देख-भाल करना ; (-पर) आँख रखना ; п. за детьми́ बच्चों की देख-भाल करना ।

погна́ть (पू०) (погоню́, пого́нишь) हाँकना ; (पशुओं को) हाँकना शुरू करना ; **—ся** (आत्म०) -के पीछे दौड़ना ; -की तलाश में चलना ; पीछा करना ।

погни́ть (पू०) (भवि० погнию́, погниёшь) सड़ना ।

погну́ть (पू०) झुकाना ; टेढ़ा करना ; मोड़ना ; **—ся** (आत्म०) झुकना ।

погнуша́ться दे० гнуша́ться.

погова́рива||ть (अपू०) (कर्तृ-निरपेक्ष) —ют, что कहा जाता है कि . . . . . ।

поговори́ть -I दे० говори́ть-२.

поговори́ть -II (पू०) बातचीत करना ; п. два часа́ दो घंटे तक बातचीत करना ।

погово́рка (स्त्री०) कहावत ; मुहावरा ।

пого́да (स्त्री०) मौसम ; хоро́шая п. अच्छा मौसम ।

погоди́ть (पू०) (погожу́, погоди́шь) थोड़ी-सी प्रतीक्षा करना ; धीरज रखना ; погоди́те ! ज़रा ठहरिए ; немно́го погодя́ थोड़ी देर के बाद ।

пого́дки (बहु०) एक-एक वर्ष के पश्चात् उत्पन्न बच्चे ।

пого́дный (वि०) वार्षिक ।

пого́жий (वि०) (मौसम के बारे में) अच्छा ; निरभ्र ; п. день अच्छा दिन ।

пого́ловн||о (क्रि० वि०) प्रत्येक ; सब ; **—ый** (वि०) सबका ; आम ; —ая перепи́сь सामान्य जन-गणना ।

пого́ловье (नपुं०) (केवल एकवचन) पशुधन ।

пого́н (पुं०) (सेना०) स्कन्धपट्टिका ; कन्धे पर का फ़ीता ।

пого́нный (वि०) रेखा का ; п. метр रेखा-मापी ।

пого́нщик (पुं०) (पशुओं को) हाँकनेवाला ; हँकवैया ।

пого́ня (स्त्री०) (केवल एकवचन) पीछा ; तलाश ; п. за приза́ми पुरस्कारों के पीछे भागना ।

погоня́ть (अपू०) हाँकना ; ज़ोर देना ; आग्रह करना ।

погоре́лец (पुं०) आग का शिकार ; जिसका घर-बार जल गया हो ।

погоре́ть (पू०) I. १. (जंगल आदि का) जलना ; जलकर भस्म हो जाना ; २. आग द्वारा सब-कुछ नष्ट हो जाना ; II. थोड़ा-सा जलना/थोड़ी देर के लिए जलना ।

погорячи́ть(ся) दे० горячи́ть(ся).

погóст (पुं०) १. गाँव का क़ब्रिस्तान ; २. गिरजाघर का अहाता जहाँ क़ब्रें हों ।

погости́ть (पू०) (погощý, погости́шь) (-के साथ) थोड़ी देर रहना।

пограни́чн||ик (पुं०) सीमारक्षी ; **—ый** (वि०) सीमा का ; —ая застáва सीमा-चौकी ।

погранохрáна (स्त्री०) सीमारक्षक ।

пóгреб (पुं०) तहख़ाना ।

погреб||áльный (वि०) अन्तिम संस्कार-सम्बन्धी ; **—áть** (अपू०), **погрести́** (पू०) **I.** (भवि० погребý, погребёшь) दफ़नाना ; दवाना ; **—éние** (नपुं०) दफ़नाने/दवाने की क्रिया ।

погребóк (पुं०) १. пóгреб का अल्प० ; २. शराव की दुकान ।

погремýшка (स्त्री०) (बच्चे का) झुनझुना ।

погрести́ -I दे० погребáть.

погрести́ -II (पू०) थोड़ी देर चप्पू चलाना ।

погрешáть (अपू०), **погреши́ть** (पू०) १. पाप करना ; १. ग़लती करना ।

погрéшность (स्त्री०) ग़लती ; त्रुटि ।

погрози́ть दे० грози́ть.

погрóм (पुं०) हत्याकांड ; नरसंहार ; क़त्लेआम ; लूट-मार ; **—и́ть** (पू०) (погромлю́, погроми́шь) नरसंहार करना ; हत्याकांड करना ; क़त्लेआम करना ; लूट-मार करना ; **—щик** (पुं०) हत्याकांड/नरसंहार करनेवाला ; लूटमार करनेवाला ।

погромыхивать (अपू०), **погромыхáть** (पू०) रह-रहकर गरजना ।

погружáть (अपू०), **погрузи́ть** (पू०) (भवि० погружý, погрýзи́шь) १. (पानी, गैस, रेत आदि में) डुवोना ; ग़ोता देना ; п. в вóду पानी में डुवोना ; २. (विचार आदि में) लीन करना ; **—ся** (आत्म०) १. (पानी आदि में) ग़ोता लगाना ; निमज्जन करना ; डूबना ; २. (विचार आदि में) मग्न/लीन होना ; погрузи́ться в рабóту काम में लीन होना ; погрузи́ться в размышлéния विचार में लीन होना ; погрузи́ться в темнотý अँधेरा छा जाना ; ३. погружáть का कर्मवाच्य ।

погружéние (नपुं०) ग़ोता ; डुवाव ; निमज्जन ।

погрýзка (स्त्री०) लदाई ; बोझ/माल लादने की क्रिया ।

погрязáть (अपू०), **погря́знуть** (पू०) १. कीचड़ में धँसना/फँसना ; २. (भद्दी स्थिति में) फँसना ।

погуби́ть दे० губи́ть.

погуля́ть (पू०) १. सैर करना; (नियत समय तक) चलना ; п. немнóго थोड़ी देर सैर करना ; २. मज़े उड़ाना ; रँगरेलियाँ करना ।

под -I (पुं०) अग्निकुंड ; भट्ठी ।

под -II, подо (अ०) १. नीचे ; сидéть п. дéревом पेड़ के नीचे वैठना ; постáвь я́щик п. стол ! वक्स मेज़ के नीचे रख दो ; п. знáменем Лени́на लेनिन के झंडे के नीचे ; २. -के लिए ; की ; помещéние п. контóрой दफ़्तर की जगह ; им нýжно помещéние п. контóру उन्हें दफ़्तर के लिए जगह चाहिए ; ३. के समीप ; (लड़ाई, युद्ध के वारे में) की ; का ; п. Москвóй मास्को के पास ; би́тва п. Сталингрáдом स्तालिनग्राद की लड़ाई/स्तालिनग्राद का युद्ध ; ४. (समय के विषय में) -के आसपास ; -के क़रीब ; -के लगभग ; п. вéчер सायंकाल के लगभग ; емý под сóрок उसकी आयु ४० के आसपास है ; ५. (सुर आदि) पर ; танцевáть п. мýзыку संगीत की ताल पर नाचना ; ६. -की भाँति ; -की नक़ल पर ; э́то сдéлано п. мрáмор यह नक़ली संगमरमर से वना है ; ☐ п. арéстом हिरासत में ; отдáть п. суд अभियोग चलाना ; п. замкóм ताले में ; п. ви́дом, обли́чием -के रूप में ; п. дождём वर्षा में ।

под- (क्रिया-उपसर्ग) इसके जोड़ने से क्रिया में निम्नलिखित अर्थ आ जाते हैं : १. 'नीचे से ऊपर को' का अर्थ, जैसे подня́ть (ऊपर उठाना), подпры́гнуть (ऊपर को उछलना) ; २. 'नीचे' का अर्थ, जैसे подклéить (नीचे चिपकाना) ; подши́ть (नीचे सीना) ; ३. 'समीप आना', 'पहुँचना' का अर्थ, जैसे подойти́ (पहुँचना) ;

подбежа́ть (दौड़कर समीप आ जाना/पहुँच जाना) ४. 'और' का अर्थ, जैसे подмеша́ть (और मिलाना) ; подли́ть (और उँडेलना); ५. 'चोरी से' का अर्थ, जैसे подгляде́ть (चोरी से देखना) ।

подава́льщ||ик (पुं०), **—ица** (स्त्री०) (होटल में) बैरा ।

подава́ть (अपू०), **пода́ть** (पू०) (वर्त० подаю́, подаёшь ; भवि० пода́м, пода́шь) १. देना ; п. ми́лостыню भिक्षा देना / भिक्षा-दान करना ; п. сове́т परामर्श देना ; п. го́лос मत/राय देना ; п. по́мощь सहायता देना ; они́ по́дали друг дру́гу ру́ки उन्होंने एक-दूसरे से हाथ मिलाया ; п. приме́р उदाहरण स्थापित करना ; २. (भोजन आदि) परोसना ; п. на стол मेज़ पर खाना लगाना ; обе́д по́дан खाना परोस दिया गया है ; ३ (घोड़ा, गाड़ी आदि जोतकर) द्वार तक ले आना ; по́езд по́дали на 1-ую платфо́рму गाड़ी प्लेटफ़ार्म नम्बर एक पर लग गयी है ; ४. (प्रार्थना-पत्र आदि) देना ; पेश करना ; п. заявле́ние प्रार्थना-पत्र/अर्ज़ी देना ; п. апелля́цию अपील करना ; п. телегра́мму तार देना ; п. в отста́вку त्याग-पत्र देना / इस्तीफ़ा देना ; **—ся** (आत्म०) १. —ся в сто́рону एक ओर को होना ; २. पीछे हटना ; हथियार डालना ; (स्वास्थ्य का) खराब होना ; ३. подава́ть का कर्मवाच्य ।

подави́ть(ся) दे० подавля́ть(ся).

подавле́ние (नपुं०) दवाव ; दमन ।

пода́вленн||ость (स्त्री०) उदासी ; निरुत्साह ; अवसाद ; **—ый** (वि०) अवसादमय ; सविषाद ; निरुत्साहित ।

подавля́ть (अपू०), **подави́ть** (पू०) (भवि० подавлю́, пода́вишь) (विद्रोह आदि का) दमन करना ; दवाना ; (भावनाओं का) दमन करना ; दवाना ; कुचलना ; दवाव डालना ।

подавля́ющ||ий १. подавля́ть से कृदन्त ; २. —ее большинство́ भारी बहुमत ।

пода́вно (क्रि० वि०) और भी अधिक ।

пода́гра (स्त्री०) (केवल एकवचन) वातरोग ; गठिया ।

пода́льше (क्रि० वि०) не́сколько да́льше का तर-प्रत्ययान्त रूप ।

подари́ть दे० дари́ть.

пода́рок (पुं०) उपहार ; भेंट ; तोहफ़ा ; де́лать п. उपहार देना / भेंट करना ; получи́ть в п. उपहार-रूप में प्राप्त करना ।

пода́тель (पुं०), **—ница** (स्त्री०) १. पत्र-वाहक/पत्रवाहिका ; (पत्र आदि) देनेवाला/वाली ; २. अभ्यर्थी/अभ्यर्थिनी ; निवेदक/निवेदिका ।

пода́тлив||ость (स्त्री०) नमनशीलता ; (व्यक्ति के विषय में) विनम्रता ; **—ый** (वि०) नमनशील ; (व्यक्ति के विषय में) विनम्र ।

податно́й (वि०) कर- ; कर-सम्वन्धी ।

по́дать (स्त्री०) कर ।

пода́ть(ся) दे० подава́ть(ся).

пода́ча (स्त्री०) (प्रार्थना-पत्र आदि) प्रस्तुत करने/देने की क्रिया ; п. го́лоса मतदान ।

пода́чка (स्त्री०) वख़्शीश ; छोटा उपहार ।

подая́ние (नपुं०) दान ; ख़ैरात ।

подбавля́ть (अपू०), **подба́вить** (पू०) (भवि० подба́влю, подба́вишь) और डालना ; п. в пе́чку дров चूल्हे में और लकड़ियाँ डालना ।

подбега́ть (अपू०), **подбежа́ть** (पू०) (भवि० подбегу́, подбежи́шь) (-तक) दौड़ना ।

подби||ва́ть (अपू०), **подби́ть** (पू०) (भवि० подобью́, подобьёшь) १. (कपड़े में) अस्तर लगाना ; п. ме́хом पोस्तीन का अस्तर लगाना ; —тый ва́той रुई से भरा हुआ ; २. (जूते में) फिर से तला लगाना ; ३. (-के लिए) उकसाना ; ४. (केवल पू०) (सेना०) निर्योग्य वनाना ; गिराना ; п. аэропла́н हवाई जहाज गिराना ।

подбира́ть (अपू०), **подобра́ть** (पू०) (भवि० подберу́, подберёшь) १. वटोरना ; п. коло́сья अन्न की वालियाँ वटोरना ; २. सिकोड़ना ; समेटना ; п. под себя́ но́ги टाँगें

समेटना ; ३. चुनना ; छाँटना ; **—ся** (आत्म०) १. (चोरी-चोरी, दबे पाँव) -तक पहुँचना ; २. подбирáть का कर्मवाच्य ।

подбúть दे० подбивáть.

подбодря́ть (अपू०), **подбодрúть** (पू०) प्रोत्साहित करना ; दिल बढ़ाना ; बढ़ावा देना ।

подбóр (पुं०) १. चुनाव ; वरण ; छँटाई ; я́блоки как на п. चुनिन्दा/चुने हुए सेब ; २. в п. (छपाई-सम्बन्धी) आगे ले जाना ।

подборóдок (पुं०) ठोड़ी ।

подбочéниться (आत्म० पू०) कोहनियाँ आगे करके हाथ कमर पर रखना ।

подбр‖áсывать (अपू०), **подбрóсить** (पू०) (भवि० подбрóшу, подбрóсишь) १. ऊपर उछालना/फेंकना ; п. ребёнка (на рукáх) बच्चे को (हाथों पर) उछालना ; २. (-के नीचे) फेंकना ; ३. (चोरी से/चुपके से) रख देना ; धर देना ; п. ребёнка (किसीके द्वार के सामने) बच्चे को छोड़ जाना/त्यागना ; ४. और डालना ; подбрóсить дров в пéчку अँगीठी में और लकड़ियाँ डालना ।

подвáл (पुं०) १. घर का सबसे नीचे का भाग ; तल ; तहख़ाना ; २. (समाचार-पत्र में) विशेष लेख आदि का स्तम्भ ।

подвáливать (अपू०), **подвалúть** (पू०) १. ढेर लगाना ; २. और डालना ।

подвáльный (वि०) подвáл से वि० ।

подвéдомственный (वि०) (-पर) आश्रित ; (-के) कार्यक्षेत्र में ।

подвезтú (पुं०) १. दे० подвозúть ; २. (कर्तृ-निरपेक्ष) емý подвезлó उसका भाग्य अच्छा है ।

подвергáть (अपू०), **подвéргнуть** (पू०) -आस्पद करना ; भाजन बनाना ; п. сомнéнию संशयास्पद करना ; п. штрáфу जुर्माना करना ; п. опáсности ख़तरे का भाजन बनाना ; п. осмóтру निरीक्षण का भाजन बनाना ; п. наказáнию दंड देना ; **—ся** (आत्म०) १. (दंड, सज़ा इत्यादि) भुगतना ; подвéргнуться опáсности ख़तरे में पड़ना ; २. подвергáть का कर्मवाच्य ।

подвёртывать (अपू०), **подвернýть** (पू०) १. पेच कसना ; п. кран नल कसकर बन्द करना ; п. винт पेच कसना ; २. लपेटना ; п. одея́ло कम्बल में लपेटना/कम्बल लपेटना ; ३. मोच आना ; п. нóгу टाँग में मोच आना ; **—ся** (आत्म०) १. (वस्त्र, चादर आदि) लपेटना ; तह लगाना ; २. फिसल जाना ; у негó ногá подвернýлась उसका पाँव फिसल गया ; ३. (सुअवसर) आना ; подвернýлся удóбный слýчай अच्छा अवसर आया ; —ся пóд руку हाथ लगना ; он кстáти подвернýлся वह ठीक समय पर आया ; ४. подвёртывать का कर्मवाच्य ।

подвéс‖ить दे० подвéшивать ; **—ка** (स्त्री०) १. लटकाने की क्रिया ; २. (सजावट के लिए) लटकती हुई झालर आदि ; ३. ब्रैकिट आदि ; **—нóй** (वि०) लटकता हुआ ; —нáя лáмпа लटकता हुआ लैम्प ; —нóй мост निलम्बित सेतु/झूला-पुल ; **—ок** (पुं०) (सजावट के लिए) लटकती हुई झालर आदि ।

подвестú दे० подводúть.

подвéтренный (वि०) अनुवात ; ओट में ।

подвéшивать (अपू०), **подвéсить** (पू०) (भवि० подвéшу, подвéсишь) लटकाना ; подвéсить под потолкóм большýю лáмпу छत पर से एक बड़ा लैम्प लटकाना ।

подвздóшный (वि०) आँतों के नीचे के भाग का ।

подвивáть (अपू०), **подвúть** (पू०) (भवि० подовью́, подовьёшь) (बालों को) कुछ घुँघराले बनाना ।

пóдвиг (पुं०) साहसपूर्ण कृत्य ; चमत्कार ; शौर्यपूर्ण कृत्य ।

подвúгать -I (पू०) थोड़ा-सा आगे को करना/बढ़ाना ।

подвигáть -II (अपू०), **подви́нуть** (पू०) धकेलना ; आगे को करना ; आगे सरकाना ।

подви́гаться -I (आत्म० पू०) थोड़ा-सा आगे को होना/आगे सरकना ।

подвигáться -II (आत्म० अपू०), **подви́нуться** (आत्म० पू०) आगे सरकना ; आगे को होना ; (काम का) प्रगति करना ; п. назáд पीछे हटना ; п. бли́же समीप आना ।

подви́д (पुं०) (पौधों और पशुओं की) उपजातियाँ ।

подви́жник (पुं०) १. तपस्वी ; संन्यासी ; भक्त ; २. वीर ।

подвижн||óй (वि०) १. सुचल ; चलता-फिरता ; सफ़री ; п. блок सफ़री ब्लॉक ; п. состáв रेलगाड़ी के डिब्बे आदि ; २. (मनुष्य के विषय में) चपल ; चंचल ; —ы́е и́гры मैदानी खेल ।

подви́жн||ость (स्त्री०) अस्थिरता ; चंचलता ; चपलता ; **—ый** = подвижнóй.

подвизáться (आत्म० अपू०) п. на пóприще पेशा/धन्धा अपनाना ; п. на юриди́ческом пóприще वकालत का पेशा अपनाना ; п. на литератýрном пóприще लेखक बनना ।

подвинти́ть दे० подви́нчивать.

подви́нуть(ся) दे० подвигáть(ся).

подви́нчивать (अपू०), **подвинти́ть** (भवि० подви́нчу, подвинти́шь) पेच कसना ; कसना ।

подвирáть (अपू०) (तनिक) झूठ बोलना ।

подви́ть दे० подвивáть.

подвлáстный (वि०) (पर) आश्रित/निर्भर ।

подвóд (पुं०) (टेक०) सम्भरण ; सप्लाई ।

подвóда (स्त्री०) घोड़ागाड़ी

подводи́ть (अपू०), **подвести́** (पू०) (वर्त० подвожý, подвóдишь भवि० подведý, подведёшь) १. (-तक) लाना ; २. धोखा देना ; दग़ा करना ; ३. (-नीचे) रखना ; п. дом под кры́шу घर पर छत डालना ; □ п. итóги जोड़ करना / योगफल निकालना ; у негó живóт от гóлода подвелó उसे बहुत भूख लगी है/उसके पेट में चूहे कूद रहे हैं ।

подвóдник (पुं०) पनडुब्बी-चालक ।

подвóдн||ый (वि०) पनडुब्बी का ; —ая лóдка पनडुब्बी ।

подвóз (पुं०) १. परिवहन ; २. सम्भरण ; सप्लाई ; **—и́ть** (अपू०), **подвезти́** (पू०) (वर्त० подвожý, подвози́шь, भवि० подвезý, подвезёшь) (गाड़ी आदि पर बिठाकर) ले जाना ; लाना ; подвези́те меня́ до вокзáла मुझे स्टेशन तक (बिठाकर) ले चलिए ।

подвóрн||ый (वि०) п. спи́сок घरों की सूची ; —ая пéрепись घरों की गणना ; —ая пóдать चूल्हा-कर ।

подворóтня (स्त्री०) दरवाज़े के नीचे रखा तख़्ता ।

подвóх (पुं०) गन्दी चाल ; छल-कपट ।

подвывáть (अपू०) चिल्लाना ।

подвы́пивший (वि०) नशे में ।

подвязáть दे० повя́зывать.

подвя́зка (स्त्री०) (मोज़ा बाँधने का) तस्मा ।

подвя́зывать (अपू०), **подвязáть** (पू०) (भवि० подвяжý, подвя́жешь) -तक बाँधना ।

подгáдить (पू०) (भवि० подгáжу, подгáдишь) किसीका काम ख़राब करना ; गड़बड़ करना ।

подгибáть (अपू०), **подогнýть** (पू०) (भीतर को) मोड़ना ; подогнýть край ли́ста पन्ने का कोना भीतर को मोड़ना ; **—ся** (आत्म०) १. झुकना ; मुड़ना ; у негó подогнýлись нóги उसकी टाँगें काम नहीं करतीं । २. подгибáть का कर्मवाच्य ।

подгля́дывать (अपू०), **подглядéть** (पू०) (भवि० подгляжý, подгляди́шь) १. (चोरी से) देखना ; जासूसी करना ; २. झाँकना ।

подгнивáть (अपू०), **подгни́ть** (पू०) (भवि० подгниıó, подгниёшь) सड़ना ।

подгов||áривать (अपू०), **подговори́ть** (पू०) उकसाना ; उत्तेजित करना ; он —ори́л её на э́то उस (पुरुष/बालक) ने उस (स्त्री/लड़की) को यह करने के लिए उकसाया ।

подголо́сок (पुं०) हाँ में हाँ मिलानेवाला ।

подгоня́ть (अपू०), **подогна́ть** (पू०) (भवि० подгоню́, подго́нишь) १. (घोड़ा आदि) तेज़ चलाना ; ज़ोर देना ; जल्दी करना ; २. ठीक बैठाना ; ठीक करना ।

подгора́ть (अपू०), **подгоре́ть** (पू०) थोड़ा-सा जलना ।

подгота́вливать (अपू०), **подгото́вить** (पू०) (भवि० подгото́влю, подгото́вишь) १. (-के लिए) तैयार करना ; подгото́вить по́чву (-के लिए) पृष्ठभूमि तैयार करना ; २. प्रशिक्षण देना ; ट्रेनिंग देना ; **—ся** (आत्म०) १. (-के लिए) तैयार होना ; २. подгота́вливать का कर्मवाच्य ।

подготови́тельн‖ый (वि०) तैयारी का ; प्रारम्भिक ; —ая рабо́та प्रारम्भिक काम ।

подгото́вить(ся) दे० подгота́вливать(ся).

подгото́вка (स्त्री०) तैयारी ; प्रशिक्षण ; ट्रेनिंग ।

подготовля́ть(ся) = **подгота́вливать(ся)**.

подгру́ппа (स्त्री०) उपसमुदाय ।

подгу́зник (पुं०) बच्चों की ओढ़नी ।

подгуля́‖ть (पू०) १. शराब पीना ; ख़ूब पीना ; नशा करना ; २. कुछ खराब होना ; обе́д —л खाना कुछ खराब हो गया ।

поддава́ть (अपू०), **подда́ть** (पू०) (भवि० поддаю́, поддаёшь, भवि० подда́м, подда́шь) १. (नीचे को) मारना ; पटकना ; (पाँव से) ठोकर मारना ; २. और अधिक तेज़ करना/बढ़ाना ; подда́ть жа́ру आग में घी डालना ; **—ся** (आत्म०) १. (अपने आपको) सौंपना ; अधीन होना ; हथियार न डालना ; मुक़ाबला करना ; дверь поддала́сь किवाड़ खुल ही गये ; २. поддава́ть का कर्मवाच्य ; ☐ не —ся описа́нию वर्णन से बाहर ।

подда́кивать (अपू०), **подда́кнуть** (पू०) हाँ करना ।

по́дданная (स्त्री०) (वि० रू०) नागरिक ; प्रजा ।

по́дданство (नपुं०) नागरिकता ; नागरिकाधिकार ; принима́ть п. नागरिक बनना/नागरिकता ग्रहण करना ।

подда́ть(ся) दे० поддава́ть(ся).

поддева́ть (अपू०), **подде́ть** (पू०) (भवि० подде́ну, подде́нешь) १. नीचे पहनना ; २. (काँटे आदि में फँसाकर किसी चीज़ को) ऊपर को उठाना ; ३. चढ़ाना ।

поддёвка (स्त्री०) पोद्द्योवका (एक प्रकार का रूसी कोट) ।

подде́лать(ся) दे० подде́лывать(ся).

подде́лка (स्त्री०) १. जालसाज़ी करने/मिलावट करने की क्रिया ; कपट-लेखा/जालसाज़ी ; २. (वस्तु) नक़ली ; जाली ; खोटी ।

подде́лыватель (पुं०), **—ница** (स्त्री०) जालसाज़ ; मिलावट करनेवाला/वाली ।

подде́лывать (अपू०), **подде́лать** (पू०) १. जालसाज़ी करना ; कपट-विद्या करना ; п. де́ньги जाली सिक्के तैयार करना ; **—ся** (आत्म०) १. नक़ल करना ; २. किसीका कृपापात्र बनना ।

подде́льн‖ый (वि०) झूठा ; कपटी ; नक़ली ; जाली ; बनावटी ; —ая моне́та जाली/खोटा सिक्का ; п. бриллиа́нт नक़ली हीरा ।

поддёргивать (अपू०), **поддёрнуть** (पू०) ऊपर को खींचना ।

подде́рживать (अपू०), **поддержа́ть** (पू०) १. समर्थन करना ; п. мора́льно नैतिक सहानुभूति देना ; п. резолю́цию प्रस्ताव का समर्थन करना ; २. बनाये रखना ; п. перепи́ску पत्र-व्यवहार बनाये रखना ; п. отноше́ния (с) -से सम्बन्ध बनाये रखना ; п. дру́жбу मित्रता बनाये रखना ; ३. (निर्माण०) (केवल अपू०) सहारा देना ; थूनी देना ।

подде́ржка (स्त्री०) १. समर्थन ; सहायता ; взаи́мная п. परस्पर सहायता ; २. (अवलम्ब) टेक ; खम्भा ; थूनी ।

поддёрнуть दे० поддёргивать.

поддéть दे० поддевáть.

поддóнник (पुं०) तश्तरी ; पिरच ।

поддрáзнивать (अपू०), **поддрáзнить** (पू०) चिढ़ाना ।

поддувáло (नपुं०) वायुछिद्र ; अँगीठी के नीचे हवा आने का सुराख़ ।

поддувáть (अपू०), **поддýть** (पू०) (भवि० поддýю, поддýешь) १. (नीचे से) हवा करना ; поддýй сúльней, а то огóнь погáснет ज़ोर से हवा करो नहीं तो आग बुझ जायेगी ; २. (नीचे से हल्की-हल्की हवा का) आना/चलना ; от óкна поддувáет खिड़की में से हल्की-हल्की हवा आ रही है ।

подéйствовать दे० дéйствовать.

подекáдно (क्रि० वि०) प्रतिदशक ; हर दस दिन ।

подéла||ть (पू०) (केवल सामान्य रूप और नकारात्मक अर्थ बताने के लिए) ничегó не —ешь कुछ नहीं हो सकता ; что бы нам сейчáс п. ? अब हमें क्या करना चाहिए ?

поделúть(ся) दे० делúть(ся)-२.

подéлк||а (स्त्री०) १. फुटकर काम ; २. (बहुधा बहु०) चीज़ें ; सामान ; —и из слонóвой кóсти हाथीदाँत का सामान ।

поделóм (क्रि० वि०) : емý п. वह इसीके योग्य है ।

подéлыва||ть (अपू०) что —ешь ? कैसी गुज़र रही है ?

подёнка (स्त्री०) केवल एक दिन जीनेवाला कीड़ा ।

подённ||о (क्रि० वि०) दिन में ; **—ый** (वि०) दैनिक ; दिन का ; —ая рабóта दैनिक काम ।

подёнщ||ик (पुं०), **—ица** (स्त्री०) रोज़न्दारी का मज़दूर ; रोज़न्दार ।

подёр||гать दे० подёргивать, **—гивание** (नपुं०) (पेशी के) फड़काने की क्रिया ; झटका देने/उचकाने की क्रिया ।

подёргивать (अपू०), **подёргать** (पू०) सहसा झटका देना ; उचकाना ; п. плечóм कन्धे उचकाना ।

подержáние (नपुं०) : взять на п. उधार लेना ; дать на п. उधार देना ।

подéржанн||ый (वि०) पुराना ; पहना हुआ ; —ое плáтье पुराने वस्त्र/पहने हुए वस्त्र ।

подержáть (पू०) (हाथ में) कुछ देर पकड़े रखना ; (अपने पास) रखना ; **—ся** (आत्म०) खड़े रहना ; забóр ещё подéржится मेंड़ कुछ समय तक बनी रहेगी (टूटेगी नहीं) ।

подёрну||ть (पू०) ढँकना ; рéку —ло тóнким слóем льда नदी पर बर्फ़ की पतली तह जम गयी (नदी बर्फ़ की पतली तह से ढँक गयी) ।

подешевéть दे० дешевéть.

поджáри||вать (अपू०), **поджáрить** (पू०) तलना ; भूनना ; सेकना ; п. хлеб टोस्ट सेकना ; **—стый** (वि०) भूना हुआ ; भुरभुरा ।

поджáрый (वि०) दुबला ; पतला ।

поджáть दे० поджимáть.

поджéчь दे० поджигáть.

подживáть (अपू०), **поджúть** (पू०) (भवि० подживý, подживёшь) (घाव आदि का) ठीक होना / भरना ।

поджигáтель (पुं०), **—ница** (स्त्री०) उत्तेजक ; भड़कानेवाला ; दाही ; п. войны́ युद्धोत्तेजक ।

поджигáть (अपू०), **поджéчь** (पू०) (भवि० подожгý, подожжёшь) आग लगाना ; भड़काना ।

поджидáть (अपू०), **подождáть** (पू०) (-के लिए) प्रतीक्षा करना ; (-की) प्रतीक्षा करना ।

поджúлки (बहु०) घुटने के भीतर की नसें ; □ п. трясýтся (भय के कारण अथवा भावावेश में) काँपना ।

поджимáть (अपू०), **поджáть** (पू०) (भवि० подожмý, подожмёшь) भींचना ; सिकोड़ना ; поджáть гýбы ओठ सिकोड़ना ; сидéть поджáв нóги पालथी मारकर बैठना ।

поджи́ть दे० поджива́ть.

поджо́г (पुं०) आगज़नी ; घरों या माल को आग लगाना ।

подзаголо́вок (पुं०) उपशीर्षक ।

подзадо́р‖ивать (अपू०), **подзадо́рить** (पू०) (आत्मरति अथवा दूसरी भावना को उत्तेजित करके) किसीको कार्य में तत्पर करना ; काम पर लगाना ; उकसाना ; он —ил его́ пойти́ туда́ उसने उसे वहाँ जाने के लिए उकसाया ।

подзаты́льник (पुं०) गुद्दी (गर्दन के पिछले भाग) पर थप्पड़ ।

подзащи́тный (पुं०) (वि० रू०) वकील का आसामी ।

подземе́лье (नपुं०) गुफा ; ग़ार ; कालकोठरी ।

подзе́мн‖ый (वि०) भूगर्भ- ; भूगर्भीय ; भूमि के नीचे का ; п. толчо́к भूकम्प का झटका ; —ая желе́зная доро́га भूगर्भीय रेलपथ ।

подзерка́льник (पुं०) शृंगार करने की शीशेवाली मेज़ ।

подзо́р (पुं०) (निर्माण०) कार्निस ।

подзо́рн‖ый (वि०) —ая труба́ दूरबीन ।

подзу́живать (अपू०), **подзуди́ть** (पू०) = подзадо́ривать.

подзыва́ть (अपू०), **подозва́ть** (पू०) (भवि० подзову́, подзовёшь) बुलाना ; पुकारना ; संकेत करना ।

поди́ -I = пойди́.

поди́ -II (विस्मय०) १. शायद ; सम्भवत: ; ты, п., забы́л меня́ तू शायद मुझे भूल गया ; २. п., поспо́рь с ним ज़रा उससे बहस करके तो देख ।

подиви́ться (पू०) (भवि० подивлю́сь, подиви́шься) विस्मित होना ; चकित होना ।

подира́‖ть (अपू०) □ (कर्तृ-निरपेक्ष) моро́з по ко́же —ет शीत के कारण कँपकँपी आ रही है ।

подка́лывать (अपू०), **подколо́ть** (पू०) (भवि० подколю́, подко́лешь) पिन से लगाना ।

подка́пывать (अपू०), **подкопа́ть** (पू०) नीचे से खोदना ; सुरंग लगाना ।

подкарау́ливать (अपू०), **подкарау́лить** (पू०) ताक में रहना ; घात लगाना ; п. дичь на охо́те शिकार के लिए घात लगाना ।

подка́рмливать (अपू०), **подкорми́ть** (पू०) (भवि० подкормлю́, подко́рмишь) भोजन कराना ; (पशु को) चारा खिलाना ।

подка́тывать (अपू०), **подкати́ть** (पू०) (भवि० подкачу́, подка́тишь) १. लुढ़काना ; (सवारी में) जाना ; २. (कर्तृ-निरपेक्ष) у него́ подкати́ло к го́рлу उसका गला रुँध गया है ; **—ся** (आत्म०) १. लुढ़कना ; २. подка́тывать का कर्मवाच्य ।

подка́шивать (अपू०), **подкоси́ть** (पू०) (भवि० подкошу́, подко́сишь) १. (घास) काटना : २. शक्तिहीन करना ।

подки́дывать = подбра́сывать.

подки́нуть = подбро́сить.

подкисля́ть (अपू०), **подкисли́ть** (पू०) (रस०) आम्लिक करना ; खट्टा करना ।

подкла́дк‖а (स्त्री०) अस्तर ; сде́лать —у к пальто́ कोट में अस्तर लगाना ; □ кака́я тут п. ? इसके भीतर क्या है ?

подкла́дывать (अपू०), **подложи́ть** (पू०) १. (-के नीचे) रखना/धरना ; २. अस्तर लगाना ; ३. और डालना ; п. дров और लकड़ियाँ डालना ; □ подложи́ть свинью́ кому́-л. किसीसे छल-कपट करना ।

подкле́ивать (अपू०), **подкле́ить** (पू०) (-के नीचे) गोंद/लेई/सरेस से जोड़ना/चिपकाना ।

подкле́йка (स्त्री०) गोंद/लेई/सरेस से जोड़ने या चिपकाने की क्रिया ।

подко́ва (स्त्री०) (घोड़े के) नाल ।

подко́вывать (अपू०), **подкова́ть** (पू०) (भवि० —ку́ю) (घोड़े के) नाल लगाना ।

подко́жный (वि०) अन्तस्त्वक् ; त्वचा के भीतर का ।

подко́п (पुं०) सुरंग ; **—а́ть(ся)** दे० подка́пывать(ся).

подко́рм (पुं०) अतिरिक्त (अधिक) भोजन या चारा ।

подкорми́ть दे० подка́рмливать.

подко́с (पुं०) १. (घास आदि) काटने की क्रिया ; २. चरागाह जिस पर से घास काट ली गयी हो ; ३. आड़ (विशेषकर वह लकड़ी जो छत आदि को सहारा देने के लिए तिरछी लगायी जाती है)।

подкоси́ть(ся) दे० подка́шивать(ся).

подкра́дываться (आत्म० अपू०), **подкра́сться** (आत्म० पू०) (भवि० подкраду́сь, подкрадёшься) (-तक) चोरी से आ जाना ; दबे पाँव आना।

подкра́шивать (अपू०), **подкра́сить** (पू०) (भवि० подкра́шу, подкра́сишь) रँग देना ; थोड़ा-सा रँग देना ; п. гу́бы ओठों पर सुर्ख़ी लगाना ; **—ся** (आत्म०) १. शृंगार करना ; ओठों पर सुर्ख़ी लगाना ; २. подкра́шивать का कर्मवाच्य।

подкреп||и́ть(ся) दे० подкрепля́ть(ся) ; **—ле́ние** (नपुं०) १. पुष्टि ; для —ле́ния свои́х слов अपनी बात की पुष्टि के लिए ; २. (सेना०) कुमक।

подкреп||ля́ть (अपू०), **подкрепи́ть** (पू०) (भवि० подкреплю́, подкрепи́шь) १. दृढ़ करना ; पक्का करना ; क़िलेबन्दी करना ; पुष्टि करना ; प्रमाणित करना ; он —и́л положе́ние цита́той उसने उद्धरण देकर अपनी बात की पुष्टि की ; २. (सेना०) कुमक भेजना ; **—ся** (आत्म०) १. सुदृढ़ होना ; अपनी स्थिति पक्की करना ; मज़बूत करना ; २. подкрепля́ть का कर्मवाच्य।

подкузьми́ть (पू०) (भवि० подкузьмлю́, подкузьми́шь) धोखा देना ; दग़ा देना ; вы ду́мали нас п. ? आपने हमें धोखा देने की सोची थी ?

по́дкуп (पुं०) रिश्वत ; घूस।

подкуп||а́ть (अपू०), **подкупи́ть** (पू०) (भवि० подкуплю́, подку́пишь) १. रिश्वत देना ; घूस देना ; २. मन जीतना ; всех —и́ла его́ и́скренность उसकी सचाई ने सबका मन जीत लिया।

подла́живаться (आत्म० अपू०), **подла́диться** (आत्म० पू०) (भवि० подла́жусь, подла́дишься) (अपने आपको) अनुकूल बनाना।

подла́мываться (आत्म० अपू०), **подломи́ться** (आत्म० पू०) (भवि० подломлю́сь, подло́мишься) (नीचे से) टूट जाना ; лёд подломи́лся под ло́шадью घोड़े के पाँव के नीचे बर्फ़ टूट गयी।

по́дле (क्रि० वि०) (के) पास ; п. стола́ стоя́л стул मेज़ के पास कुर्सी पड़ी थी ; она́ се́ла п. меня́ वह (स्त्री/लड़की) मेरे पास बैठ गयी।

подлежа́ть (अपू०) (-के) अधीन होना ; -आस्पद होना ; -शील होना ; п. уничтоже́нию विनाशशील होना/(भाग्य में) विनाश बदा होना ; п. ве́дению кого́-л. किसीके अधिकार में होना ; не подлежи́т сомне́нию सन्देहास्पद न होना ; э́то не подлежи́т оглаше́ние यह अभी गोपनीय है।

подлежа́щее (नपुं०) (वि० रू०) (व्या०) कर्म।

подлеза́ть (अपू०), **подле́зть** (पू०) नीचे से रेंग जाना ; п. под забо́р मेंड़ के नीचे से रेंग जाना।

подле́сок (पुं०) (जंगल के) छोटे वृक्ष और झाड़ियाँ।

подлет||а́ть (अपू०), **подлете́ть** (पू०) (भवि० подлечу́, подлети́шь) १. उड़ आना ; го́лубь —е́л к окну́ कबूतर खिड़की के पास उड़ आया ; २. भागकर आना।

подле́ц (पुं०) नीच ; दुष्ट ; लुच्चा।

подле́чивать (अपू०), **подлечи́ть** (पू०) चिकित्सा करना ; इलाज करना ; **—ся** (आत्म०) (अपनी) चिकित्सा कराना ; इलाज कराना।

подлива́ть (अपू०), **подли́ть** (पू०) (भवि० подолью́, подольёшь) (तरल पदार्थ) और अधिक डालना ; ☐ подли́ть ма́сла в ого́нь आग में और तेल छिड़कना।

подли́вка (स्त्री०) रसा ; तरी।

подли́за (उभ०) चापलूस ; टोडी ।

подли́зывать (अपू०), **подлиза́ть** (पू०) (भवि० подли́жу, подли́жешь) चाटना ; **—ся** (आत्म०) चापलूसी करना ।

по́длинник (पुं०) मौलिक ; असल ।

по́длинн||о (क्रि० वि०) वास्तव में ; सचमुच ; он п. наро́дный поэ́т वह सचमुच जन-कवि है ; **—ость** (स्त्री०) वास्तविकता ; मौलिकता ; **—ый** (वि०) १. मौलिक ; असली ; मूल ; п. текст मूलपाठ / मज़मून ; २. सच्चा ।

подли́ть दे० подлива́ть.

по́дличать (अपू०) कमीनापन करना ; नीचता का काम करना ।

подло́г (पुं०) जालसाज़ी ।

подло́дка (подво́дная ло́дка) (स्त्री०) पनडुब्बी ।

подложи́ть दे० подкла́дывать.

подло́жн||ость (स्त्री०) कपट ; छल ; जालसाज़ी ; **—ый** (वि०) बनावटी ; जाली ।

подлоко́тник (पुं०) कोहनी की टेक ।

подломи́ться दे० подла́мываться.

по́дл||ость (स्त्री०) नीचता ; कमीनापन ; नीचता का कार्य ; **—ый** (वि०) नीच ; कमीना ।

подма́зывать (अपू०), **подмаза́ть** (पू०) (भवि० подма́жу, подма́жешь) १. ग्रीज़ आदि लगाना; (पहियों में) तेल देना ; मक्खन लगाना ; २. रिश्वत देना ; घूस देना ; **—ся** (आत्म०) १. मुँह पर पाउडर, सुर्ख़ी आदि लगाना ; २. (ख़ुशामद करके) कृपा-पात्र बनना ; ३. подма́зывать का कर्मवाच्य ।

подманда́тный (वि०) शासनादिष्ट ।

подмасте́рье (नपुं०) शिक्षु (अंग्रेज़ी—अप्रेंटिस) ।

подма́хивать (अपू०), **подмахну́ть** (पू०) १. (बोलचाल की भाषा में प्रयुक्त) जल्दी से हस्ताक्षर करना ; २. जल्दी-जल्दी झाड़ू देना ।

подма́чивать (अपू०), **подмочи́ть** (पू०) (थोड़ा-सा) गीला करना ; भिगोना ।

подме́на (स्त्री०) (असली वस्तु को नक़ली वस्तु से) बदल देना ।

подменя́ть (अपू०), **подмени́ть** (पू०) (-से) बदल देना ।

подмерза́ть (अपू०), **подмёрзнуть** (पू०) थोड़ा-सा जम जाना ।

подмета́ть (अपू०), **подмести́** (पू०) (भवि० подмету́, подметёшь) झाड़ू देना ; साफ़ करना ; п. пол फ़र्श पर झाड़ू देना/साफ़ करना ।

подме́тить दे० подмеча́ть.

подмётка (स्त्री०) १. झाड़ू देने की क्रिया ; २. जूते का नया तला ।

подмётн||ый (वि०) : —ое письмо́ गुमनाम चिट्ठी ।

подмеча́ть (अपू०), **подме́тить** (पू०) (भवि० подме́чу, подме́тишь) (ध्यान से देखकर) पता लगा लेना ; он то́нько подме́тил все недоста́тки кни́ги उसने (ध्यान से देखकर) पुस्तक के सब दोषों का पता लगा लिया ।


половичóк (पुं०) половúк से अल्प० ।

половóдье (नपुं०) जलप्लावन ; बाढ़ ।

полов||óй (वि०) **I.** फ़र्श का ; —áя щётка झाड़ू ; **II.** सेक्स- ; लैंगिक ; यौन-सम्बन्धी ; —ы́е óрганы जननेन्द्रियाँ ; —áя зрéлость प्रौढ़ता / तरुणाई ; —áя связь यौन सम्बन्ध ; **III.** (संज्ञा की तरह प्रयुक्त) (वि० रू०) भृत्य ; सेवक ।

пóлог (पुं०) शैय्या-वितान ।

полóг||ий (वि०) थोड़ा ढलवाँ ; **—ость** (स्त्री०) ढलवाँपन ; ढाल ।

положéни||е (नपुं०) १. स्थिति ; हालत ; दशा ; исхóдное п. प्रारम्भिक स्थिति ; २. रुतबा ; हैसियत ; प्रतिष्ठा ; социáльное п. समाज में रुतबा ; воéнное п. करफ़्यू ; будь он в вáшем —и यदि वह आपके स्थान पर होता / यदि वह आपकी स्थिति में होता... ; человéк с —ем प्रतिष्ठित व्यक्ति ; ३. शोध-प्रबन्ध (थीसिस) ; नियमावली ; धारा ; ४. लिखित विधि ; ☐ быть в —и (स्त्री का) गर्भवती होना ।

полóжим (कर्तृ-निरपेक्ष) मान लीजिए ; फ़र्ज़ करो ; п., что вы прáвы मान लीजिए आप सही हैं ।

положúтельн||о (क्रि० वि०) १. "हाँ" में ; "हाँ" द्वारा ; он отвéтил п. उसने "हाँ" में उत्तर दिया ; २. निश्चित रूप से ; он п. ничегó не знáл वह निश्चित रूप से कुछ नहीं जानता था ; **—ый** (वि०) स्वीकृतिसूचक ; निश्चयात्मक ; —ый отвéт "हाँ" में उत्तर ; —ая стéпень сравнéния (व्या०) विशेषण की प्रकृति जिसमें 'तर' और 'तम' प्रत्यय जोड़े जाते हैं ।

положúть (पू०) दे० класть.

положúться दे० полагáться.

пóлоз (पुं०) (बहु० полóзья) स्लेज का निचला टेढ़ा भाग जिस पर स्लेज सरकती है ।

поло́к (पुं०) **I.** (भाप के ग़ुसलखाने) में बैठने की चौकी ; **II.** नीची बैलगाड़ी ।

поло́льник (पुं०) नलाई करने का खुरपा ।

поло́льщи||к (पुं०), **—ца** (स्त्री०) नलाई करनेवाला/वाली ।

полома́||ть (पू०) तोड़ना ; де́ти —ли все карандаши́ बच्चों ने सब पेंसिलें तोड़ डालीं ।

полома́ться दे० лома́ться.

поло́мка (स्त्री०) १. तोड़ने/फोड़ने की क्रिया ; २. टूट-फूट ।

полоса́ (स्त्री०) १. धारी ; धज्जी ; पट्टी ; (लोहे आदि का) पट्टा ; कोड़े या डंडे की मार का चिह्न ; २. प्रदेश ; чернозёмная п. काली मिट्टी का कटिबन्ध / काली मिट्टी का उर्वर प्रदेश ; ३. समय ; काल ; п. реа́кции प्रतिक्रिया का समय ; ४. खेत ; ५. (छापाखाना-सम्बन्धी) टाइप-पृष्ठ ।

полоса́т||ик (पुं०) धारीदार पीठवाला पशु या कीड़ा ; **—ый** (वि०) धारीदार ।

полоска́ние (नपुं०) १. फींचना ; खँगालना (पानी में डालकर कपड़े से साबुन निकालने की क्रिया) ; ग़रारे करने या कुल्ला करने की क्रिया ; २. कुल्ला ; ग़रारा ।

полоска́тельница (स्त्री०) जूठे प्याले आदि धोने का बर्तन ।

полоска́тельн||ый (वि०) : —ая ча́шка = полоска́тельница.

полоска́ть (अपू०) १. फींचना ; खँगालना (पानी में डालकर कपड़े से साबुन निकालना) ; २. कुल्ला करना ; ग़रारे करना ; п. себе́ го́рло कुल्ला करना ; **—ся** (आत्म०) १. (कम गहरे पानी में) छींटे उड़ाना ; (झंडे आदि का) फरफराना ; फहराना ; लहराना ; २. полоска́ть का कर्मवाच्य ।

полосну́ть (पू०) घोंपना ; п. но́жом по спине́ पीठ में छुरा घोंपना ।

полосов||о́й (वि०) —о́е же́лезо पट्टे का लोहा ।

по́лость (स्त्री०) **I.** पोल ; खोखलापन ; брюшна́я п. पेट / उदर ; **II.** स्लेज पर बैठकर ऊपर ओढ़ने का धुस्सा/कम्बल ।

полоте́нце (नपुं०) तौलिया ।

поло́тнище (नपुं०) (कपड़े का) अर्ज़ ; चौड़ाई ।

полотно́ (नपुं०) १. छालटीन ; सन का बना हुआ कपड़ा ; २. железнодоро́жное п. रेल की पटरी ; ३. (चीरने के) आरे की प्लेट ; ४. (कला-चित्र बनाने के लिए) किरमिच का टुकड़ा ।

полотня́ный (वि०) छालटीन का ; सन से बने कपड़े का ।

поло́ть (अपू०) नलाई करना ।

полоу́мный (वि०) अल्पबुद्धि ; कमअक़्ल ; बुद्धू ।

по́лочка (स्त्री०) по́лка-I का अल्प० ।

полпре́д (पुं०) (полномо́чный представи́тель) पूर्णाधिकारी राजदूत ।

полпути́ (पुं०) आधा रास्ता ।

полти́н||а (स्त्री०), **—ник** (पुं०) १. पचास कौपे का सिक्का ; २. पचास कौपे ; двена́дцать с полти́ной बारह रूबल और पचास कौपे ।

полтор||а́ (गिनती) ड्योढ़ा ; —ы́ ты́сячи डेढ़ हज़ार ; в п. ра́за бо́льше डेढ़ गुना ; п. столе́тия डेढ़ शताब्दी ; полтора́ста डेढ़ सौ ।

полу- (प्रत्यय) अर्ध- ; आधा ।

полубо́г (पुं०) उपदेवता ; देवता-स्वरूप ।

полувеково́й (वि०) अर्धशताब्दी का ।

полугла́сный (वि०) (व्या०) अर्धस्वर ।

полугнило́й (वि०) आधा सड़ा हुआ ।

полуго́дие (नपुं०) आधा वर्ष ; छह मास ।

полугоди́чный, полугодово́й (वि०) छह मास का ; आधे वर्ष का ।

полуго́лый (वि०) अधनंगा ।

полугра́мотный (वि०) अर्धशिक्षित ।

полу́да (स्त्री०) कलई ; राँगा ।

полу́денный (वि०) १. दोपहर का ; २. (काव्य०) दक्षिणी ।

полуживо́й (वि०) अर्धजीवित ।

полузабы́тый (वि०) अर्धविस्मृत ।

полузащи́та (स्त्री०) (समू०) (फ़ुटबाल, हॉ आदि में) दोनों हाफ़-बैक ।

полузащи́тник (पुं०) (फ़ुटबाल, हॉकी का) हाफ़-बैक।

полуколо́ния (स्त्री०) अर्ध-उपनिवेश ; अर्ध-औपनिवेशिक प्रदेश।

полукро́вный (वि०) दुनस्ला ; वर्णसंकर।

полукру́г (पुं०) अर्धवृत्त।

полулежа́ть (अपू०) विश्राम करना ; लेटना।

полумёртвый (वि०) अधमरा ; अर्धमृत।

полуме́сяц (पुं०) अर्धचन्द्र।

полунаго́й (वि०) अधनंगा ; अर्धनग्न।

полуно́чн||ик (पुं०), **—ица** (स्त्री०) आधीरात तक जागनेवाला/वाली ; **—ый** (वि०) अर्धरात्रि का।

полуобнажённый (वि०) अर्ध-अनावृत ; अर्धनग्न ; अधनंगा।

полуоборо́т (पुं०) अर्ध-चक्र ; आधा मोड़।

полуо́стров (पुं०) प्रायद्वीप।

полуотво́ренный (वि०) अधखुला ; आधा खुला हुआ।

полуофициа́льный (वि०) अर्ध-सरकारी।

полупальто́ (नपुं०) छोटा कोट।

полупрозра́чный (वि०) अर्ध-पारदर्शक।

полуразру́шенный (वि०) आधा गिरा हुआ।

полусве́т (पुं०) **I.** सन्ध्यालोक ; गोधूलि का समय ; **II.** चरित्रहीन स्त्रियाँ।

полусерьёзный (वि०) अर्धगम्भीर।

полусло́во (नपुं०) इशारा ; संकेत ; поня́ть с —а इशारा समझना।

полусозна́тельный (वि०) अर्धचेतन।

полусо́н (पुं०) अर्धनिद्रा ; तन्द्रा।

полусу́точный (वि०) बारह घंटे का।

полуте́нь (स्त्री०) उपच्छाया।

полуто́нка (स्त्री०) आधे टन का ट्रक/लॉरी।

полу́торн||ый (वि०) ड्योढ़ा ; в —ом разме́ре डेढ़गुना।

полуфина́л (पुं०) उपान्तिम खेल ; (अंग्रेज़ी—सेमी-फ़ाइनल)।

получа́с (पुं०) आधा घंटा ; в тече́ние —а आधे घंटे में।

получа́тель (पुं०), **—ница** (स्त्री०) प्राप्त-कर्ता/-कर्त्री।

получ||а́ть (अपू०), **получи́ть** (पू०) प्राप्त करना ; ग्रहण करना ; लेना ; —и́ть прика́з आदेश लेना ; п. пре́мию पुरस्कार प्राप्त करना ; п. дово́льствие (सैनिक का) भत्ता प्राप्त करना ; —и́ть на́сморк सर्दी लगना / ठंड लगना ; **—ся** (आत्म०) १. (डाक का) आना ; २. प्राप्त होना ; результа́ты —и́лись блестя́щие परिणाम बहुत अच्छा रहा ; ३. получа́ть का कर्मवाच्य।

получе́ние (नपुं०) प्राप्ति ; पहुँच ; подтверди́ть п. पहुँच स्वीकार करना/पहुँच देना।

полу́чка (स्त्री०) १. = получе́ние ; २. वेतन ; तनख्वाह।

полу́чше : хоро́ший और хорошо́ का तर-प्रत्ययान्त रूप।

полуша́рие (नपुं०) गोलार्ध ; се́верное п. उत्तरी गोलार्ध।

полушерстяно́й (वि०) ऊन और सूत मिला हुआ।

полу́шка (स्त्री०) चौथाई कौपे का सिक्का।

полушу́бок (पुं०) (घुटनों तक का) पोस्तीन का छोटा कोट।

полцены́ : за п. आधे मूल्य पर।

полчаса́ (पुं०) आधा घंटा।

по́лчище (नपुं०) समूह ; भीड़ ; समुदाय।

по́л||ый (वि०) १. खोखला ; पोला ; २. —ая вода́ बाढ़ का पानी।

по́лымя = пла́мя ; □ из огня́ да в п. आकाश से गिरा खजूर में अटका।

полы́нь (स्त्री०) कृमिद्रु ; नागदौना ; अफसन्तीन ; (कड़ुए पत्तोंवाला एक पौधा)।

полынья́ (स्त्री०) बर्फ़ के बीच में बिना जमा हुआ पानी का भाग।

полысе́ть दे० лысе́ть.

полыха́ть (पू०) १. भभकना ; २. प्रज्वलित होना।

по́льз||а (स्त्री०) लाभ ; उपयोगिता ; उपादेयता ; для о́бщей —ы लोकहितार्थ ; в —у (-के) पक्ष में ; приноси́ть —у भला करना ; что —ы об э́том говори́ть ? इसके विषय में बात करने से क्या लाभ ?

по́льзовани||е (नपुं०) प्रयोग ; находи́ться в чьём-л. —и किसीके प्रयोग में होना ।

по́льзовать (अपू०) (—зую) १. किसीको लाभ पहुँचाना ; २. चिकित्सा करना ; इलाज करना ; **—ся** (आत्म० अपू०) (-से) लाभ उठाना ; —ся уваже́нием सम्मान पाना ; —ся слу́чаем अवसर से लाभ उठाना ; не —ся любо́вью प्रेम-पात्र न होना ।

по́лька (स्त्री०) **I.** पोलैंड की स्त्री ; **II.** पोलका (एक प्रकार का नृत्य) ।

по́льский (वि०) पोलैंड का ।

польсти́ть(ся) दे० льсти́ть(ся).

полюби́||ть (पू०) (полюблю́, полю́бишь) प्रेम करने लगना ; चाहने लगना ; **—ся** (आत्म० पू०) (किसीके) हृदय में बस जाना ; Рам Сите́ —лся सीता को राम से प्रेम हो गया ।

полюбова́ться दे० любова́ться.

полюбо́вн||ый (वि०) मैत्रीपूर्ण ; —ое соглаше́ние मैत्रीपूर्ण समझौता ।

полюбопы́тствовать दे० любопы́тствовать.

по́люс (पुं०) ध्रुव ; Се́верный п. उत्तरी ध्रुव ; **—ный** (वि०) ध्रुवीय ; ध्रुव-सम्बन्धी ।

поля́к (पुं०) पोलैंड-निवासी ।

поля́на (स्त्री०) वनावकाश ; जंगल में खुला छोटा मैदान ।

поляриза́ция (स्त्री०) ध्रुवीयण ।

поля́рн||ик (पुं०) ध्रुव-प्रदेश में काम करनेवाला ; **—ость** (स्त्री०) ध्रुवत्व ; **—ый** (वि०) ध्रुवीय ।

пом- : помо́щник का संक्षिप्त रूप ।

пома́да (स्त्री०) पोमेड ; बालों में लगाने का सुगन्धित पदार्थ ; губна́я п. ओठों पर लगाने की सुर्खी (अंग्रेज़ी—लिपस्टिक) ।

пома́дка (स्त्री०) (समू०) एक प्रकार की मिठाई ।

пома́зать (पू०) १. (пома́жу, пома́жешь) पोतना ; चुपड़ना ; п. хлеб ма́слом रोटी पर मक्खन चुपड़ना ; २. п. на ца́рство राज्याभिषेक करना ।

помазо́к (पुं०) छोटा बुरुश ; हजामत का बुरुश ।

помале́ньку (क्रि० वि०) थोड़ा-थोड़ा करके ।

пома́лкивать (अपू०) चुप रहना ।

помани́ть दे० мани́ть.

пома́рка (स्त्री०) धब्बा ; पेंसिल का निशान ।

пома́хива||ть (अपू०) हिलाना ; झुलाना собáка —ет хвосто́м कुत्ता पूँछ हिला रहा है

поме́длить दे० ме́длить.

помеле́ть (पू०) कम गहरा होना ।

помело́ (नपुं०) झाड़ू ; гони́ его́ помело́ उसको झाड़ू मारकर भगा दो ।

поме́ньше : ма́ленький और ма́ло तर-प्रत्ययान्त रूप ।

поменя́ть दे० меня́ть.

помера́нец (पुं०) खट्टा ; खट्टा सन्तरा ।

помере́ть दे० по́мира́ть.

помере́щиться दे० мере́щиться.

помёрз||нуть (पू०) तुषाराहत होना ; (बर्फ़ पड़ने के कारण) नष्ट हो जाना ; पाला मार जाना ; цветы́ —ли फूलों को पाला मार गया ।

поме́рить = приме́рить दे० примеря́ть.

поме́ркнуть दे० ме́ркнуть.

помертве́ть दे० мертве́ть -२.

помести́тельн||ость (स्त्री०) विस्तार ; विशालता ; **—ый** (वि०) विस्तीर्ण ; विशाल ।

помести́ть(ся) दे० помеща́ть(ся).

поме́стн||ый (वि०) : —ое дворя́нство जागीरदार / ज़मींदार ।

поме́стье (नपुं०) १. जागीर ; २. पैतृक सम्पत्ति ।

по́месь (स्त्री०) द्विजातीय ; दुनस्ला ।

поме́сячный (वि०) मासिक ।

помёт (पुं०) १. गोबर : коро́вий п. गाय का गोबर ; २. झोल ; संजातक ; सुअर आदि के एक साथ पैदा हुए बच्चे ।

помéта (स्त्री०) चिह्न ; निशान ।

помéтить दे० помечáть.

помéтка (स्त्री०) चिह्न ; निशान ।

помéх||а (स्त्री०) रुकावट ; अड़चन ; служи́ть —ой रुकावट होना ।

помечáть (अपू०), **помéтить** (पू०) (भवि० помéчу, помéтишь) चिह्न लगाना ; निशान लगाना ; तारीख़ डालना ; он помéтил письмó 15-м декабря́ उसने पत्र पर १५ दिसम्बर की तारीख़ डाली ।

помéш||анный (वि०) १. पगला ; सनकी ; झक्की ; भ्रान्तचित्त ; п. человéк पगला आदमी ; २. помешáть से कृदन्त ; **—áтельство** (नपुं०) पागलपन ; सनक ; झक ; भ्रान्तचित्तता ।

помешáть दे० мешáть.

помешáться (आत्म० पू०) पागल होना ।

помéшивать (अपू०) (शोरबे आदि को) धीरे-धीरे या वार-बार हिलाना ; चलाना ।

помещáть (अपू०), **помести́ть** (पू०) (भवि० помещу́, помести́шь) १. रखना ; धरना ; (व्यापार में) पूँजी लगाना ; पूँजी-निवेश करना ; п. объявлéние विज्ञापन देना ; २. बसाना ; स्थान देना ; **—ся** (आत्म०) (केवल अपू०) १. होना ; बसना ; रहना ; учреждéние помещáется в э́том здáнии संस्था इस भवन में है ; २. (-के लिए) स्थान होना ; в э́том зáле помещáется 200 человéк इस हॉल में २०० व्यक्तियों के लिए स्थान है ; ३. помещáть का कर्मवाच्य ।

помещéние (नपुं०) १. रखने की क्रिया ; पूँजी-निवेशन ; २. वास ; स्थान ; कमरा ; भवन ; здесь большóе п. यहाँ काफ़ी जगह है ।

помéщ||ик (पुं०) भूस्वामी ; ज़मींदार ; **—ица** (स्त्री०) भूस्वामिनी ; ज़मींदारनी ; भूस्वामी की पत्नी ; **—ичий** (वि०) भूस्वामी का ; ज़मींदार का ।

помидóр (पुं०) टमाटर ।

поми́лование (नपुं०) क्षमा ।

поми́лова||ть (पू०) (—лую) क्षमा करना ; быть —нным क्षमा पाना ।

поми́луй ! ईश्वर के लिए ! ; гóсподи —те ! हे ईश्वर कृपा कर !

поми́мо (क्रि० वि० और अ०) १. (-के) अलावा ; (-के) अतिरिक्त ; там бы́ло мнóго нарóду п. них उनके अतिरिक्त वहाँ और भी बहुत लोग थे ; २. किसीकी जानकारी के बिना ; बिना पता हुए ; э́то бы́ло сдéлано п. негó यह उसे बिना बताये किया गया था/यह काम उसकी जानकारी में नहीं किया गया ।

поми́н : лёгок на —е नाम लिया और आ धमके ; егó и в —е нет उसका तो कहीं नाम-निशान भी नहीं ; об э́том и —у нé было इसका ज़िक्र तक नहीं हुआ ।

поминáть (अपू०), **помяну́ть** (पू०) १. चर्चा करना ; ज़िक्र करना ; помяну́ть хорóшим слóвом (किसीकी) प्रशंसा करना ; २. मृतात्मा के लिए प्रार्थना करना ।

поми́нки (बहु०) भोज ; तेरहवीं इत्यादि ।

помину́тно (क्रि० वि०) प्रतिपल ; हर क्षण ।

помирáть (अपू०), **померéть** (पू०) (भवि० помру́, помрёшь) मरना ; ☐ п. có смеху हँसी से लोट-पोट हो जाना ।

помири́ть(ся) दे० мири́ть(ся).

пóмнить (अपू०), **вс—** (पू०) स्मरण करना ; याद करना ; он пóмнит об э́том उसको यह स्मरण है ; **—ся** (आत्म०) ему́ э́то пóмнится उसको यह स्मरण है ; таки́е вéщи дóлго пóмнятся ऐसी चीज़ें बहुत समय तक याद रहती हैं ; (कर्तृ-निरपेक्ष) пóмнится मुझे याद है ।

помнóгу (क्रि० वि०) = мнóго.

помножáть (अपू०), **помножи́ть** (पू०) गुणा करना ; п. два нá три दो को तीन से गुणा करना ।

помогáть (अपू०), **помóчь** (पू०) (भवि०

помогу́, помо́жешь) सहायता करना ; मदद करना ।

по-мо́ему (क्रि॰ वि॰) १. मेरे विचार में ; मेरी राय में ; २. मेरी इच्छा के अनुसार ; जैसा मैं चाहता हूँ ।

помо́и (बहु॰) (धोने के बाद का) गन्दा पानी ; धोवन ।

помо́йка (स्त्री॰) मलगर्त ; कूड़ा-कर्कट डालने का गड्ढा ।

помо́йн||ый (वि॰): —ая я́ма = помо́йка.

помо́л (पुं॰) (केवल एकवचन) पिसाई ।

помо́лв||ить (पू॰) (помолвлю́, помо́лвишь) सगाई करना ; быть —ленным с кем-л. (किसी से) सगाई होना ।

помо́лвка (स्त्री॰) सगाई ।

помоли́ться दे॰ моли́ться.

помоло́гия (स्त्री॰) फल-संवर्धन ; फलकृषि ।

помолоде́ть दे॰ молоде́ть.

помолч||а́ть (पू॰) (कुछ समय के लिए) चुप हो जाना ; —и́те ! चुप होजाइए !

помо́льн||ый (वि॰) पिसाई का ; —ая пла́та पिसाई / पीसनेवाले को दी जानेवाली अनाज या आटे की झरी ।

помо́рщиться (आत्म॰ पू॰) मुँह बनाना ।

помо́рье (नपुं॰) समुद्रतटवर्ती प्रदेश ।

помо́ст (पुं॰) १. मंच ; २. फाँसी का तख्ता ।

по́мочи (बहु॰) तस्मे ।

помочи́ть (पू॰) (थोड़ा-सा) गीला करना ; **—ся** दे॰ мочи́ться-२.

помо́чь दे॰ помога́ть.

помо́щни||к (पुं॰) ; **—ца** (स्त्री॰) सहायक / सहायिका ; सह- ।

по́мощ||ь (स्त्री॰) सहायता ; मदद ; оказа́ть п. सहायता करना ; на п. ! सहायता करो ! /मदद करो ! : при —и, с —ью (-की) सहायता से ; без посторо́нней —и बिना किसी दूसरे की सहायता के/अकेले ।

по́мпа (स्त्री॰) **I.** पम्प ; **II.** (केवल एकवचन) ठाठ-बाट ; आडम्बर ।

помпе́зн||ость (स्त्री॰) ठाठ-बाट ; आडम्बर ; **—ый** (वि॰) ठाठ-बाट का/आडम्बरी ।

помпо́н (पुं॰) टोपी या जूते में लगाने के फ़ीते का गुच्छा ।

помрача́ть (अपू॰), **помрачи́ть** (पू॰) आच्छन्न करना ; धुँधला करना ।

помрачне́ть दे॰ мрачне́ть.

помути́ть(ся) दे॰ мути́ть(ся).

помутне́ние (नपुं॰) गँदला/धुँधला करने की क्रिया ।

помутне́ть दे॰ мутне́ть.

пому́чить (पू॰) (कुछ) पीड़ा देना ; यातना देना ; सताना ; **—ся** (आत्म॰) पीड़ा सहना ; दुःख उठाना ।

помча́ть (पू॰) १. तेज़ी से ले जाना ; २. = помча́ться ; **—ся** (आत्म॰) सरपट दौड़ना ; झपटना ।

помыка́ть (अपू॰) हुक्म चलाना ।

по́мысел (पुं॰) विचार ; मन्तव्य ।

помы́слить दे॰ помышля́ть.

помы́ть(ся) दे॰ мы́ть(ся).

помышле́ние = по́мысел.

помышля́ть (अपू॰), **помы́слить** (पू॰) (-के विषय में) विचार करना ; सोचना ।

помяну́ть दे॰ помина́ть.

помя́ть(ся) दे॰ мя́ть(ся).

понаде́яться (आत्म॰ पू॰) (-पर) भरोसा रखना ।

пона́доби||ться (आत्म॰ पू॰) (пона́доблюсь, пона́добишься) आवश्यकता होना ; ज़रूरत होना ; ему́ э́то мо́жет п. शायद उसको इसकी आवश्यकता पड़े ; е́сли ему́ э́то когда́-ли́бо —тся यदि उसको कभी इसकी आवश्यकता पड़े ; е́сли —тся, он тебе́ позвони́т यदि आवश्यकता पड़ी तो वह तुझे टेलीफ़ोन कर देगा ।

понапра́сну (क्रि॰ वि॰) व्यर्थ ।

по-настоя́щему (क्रि॰ वि॰) उचित ढंग से ; सचमुच ।

понатýжи||ться (आत्म० अपू०) थोड़ा-सा ज़ोर लगाना ।

по-нáшему (क्रि० वि०) १. हमारी राय में ; २. हमारी इच्छा के अनुसार ; ३. हमारे रीति-रिवाज के अनुसार ।

поневóле (क्रि० वि०) अनचाहे ; अनिच्छा से ।

понедéльник (पुं०) सोमवार ।

понедéльн||о (क्रि० वि०) प्रति सप्ताह ; **—ый** (वि०) साप्ताहिक ।

понéжиться (आत्म० पू०) मौज उड़ाना ; चैन की छानना ।

понемнó||гу, —жку (क्रि० वि०) थोड़ा ; थोड़ा-थोड़ा करके ।

понести́ दे० нести́.

понес||ти́сь (आत्म० पू०) १. दे० нести́сь और носи́ться ; २. (-के पीछे) भागना ; он понёсся за ни́ми वह उनके पीछे भागा ; лóшади —ли́сь घोड़े भाग निकले ।

пóни (अ०) टट्टू ।

понижáтельный (वि०) मन्दी का ।

понижáть (अपू०), **пони́зить** (पू०) (भवि० пони́жу, пони́жешь) नीचे करना ; घटाना ; н. цéны मूल्य घटाना ; п. гóлос आवाज़ धीमी करना ; **—ся** (आत्म०) १. नीचे गिरना ; घटना ; २. понижáть का कर्मवाच्य ।

пони́же : ни́зкий और ни́зко का तर-प्रत्ययान्त रूप ।

пониже́ние (नपुं०) नीचा करने की क्रिया ; कमी ; मन्दी ; п. цен मूल्य में कमी ।

пóнизу (क्रि० वि०) नीचे को ।

поникáть (अपू०), **пони́кнуть** (पू०) १. झुकाना ; п. головóй सिर झुकाना ; २. (वनस्पतियों का) मुरझा जाना ।

понимáни||е (नपुं०) समझ ; समझने की शक्ति ; э́то вы́ше моегó —я यह मेरी समझ से बाहर है ।

понимáть (अपू०), **поня́ть** (पू०) (भवि० поймý, поймёшь) समझना ; поня́ть намёк इशारा समझना ; он понимáет мýзыку उसे संगीत की समझ है (अर्थात् उसे संगीत का ज्ञान है) ।

по-нóвому (क्रि० वि०) नये ढंग से ; नयी रीति से ।

поножóвщина (स्त्री०) चाकू-छुरों की लड़ाई ।

понóс (पुं०) अतिसार ; दस्त ।

поноси́ть (पू०) (भवि० поношý, понóсишь) I. अपमान करना ; बदनाम करना ; निन्दा करना ; गाली देना ; II. १. (कुछ देर के लिए) ले जाना ; २. (कपड़े) पहनना ; (कुछ देर के लिए) पहनना ।

понóсн||ый (वि०) अपमानजनक ; निन्दाजनक ; बदनामी का ; गाली का ; —ые словá गालियाँ ।

поноше́ние (नपुं०) मानहानि ; निन्दा ।

нонóшенный (वि०) पुराना ; घिसा हुआ ; पहनकर घिसा हुआ ।

понрáвиться दे० нрáвиться.

понтóн (पुं०) पान्टून ; पुल बनाने की नावें ।

понтóнный (वि०) : п. мост पान्टून-सेतु ; नावों का पुल ।

понуди́тельн||ый (वि०) अनिवार्य ; बाध्यकारी ; —ые мéры अनिवार्य कार्यवाही ।

понуждáть (अपू०), **понýдить** (पू०) (भवि० понýжу, понýдишь) विवश करना ; मजबूर करना ।

понуждéние (नपुं०) विवशता ; मजबूरी ।

понукáть (अपू०) प्रेरित करना ; बढ़ावा देना ; प्रोत्साहित करना ।

понýр||ить (पू०) : п. гóлову हिम्मत हार जाना/हताश होना ; **—ый** (वि०) हताश ।

пóнчик (पुं०) बताशा ।

поны́не (क्रि० वि०) अब तक ।

поню́хать दे० ню́хать.

поня́тие (नपुं०) समझ ; विचार ; कल्पना ।

поня́тлив||ость (स्त्री०) समझ ; बुद्धि ; **—ый** (वि०) तीक्ष्णबुद्धि ; तीव्रबुद्धि ; तुरन्त समझनेवाला ।

поня́тн||о (कर्तृ-निरपेक्ष) поня́тно ? समझे ? ; п, что यह स्पष्ट है कि . . . ./ स्वाभाविक है ; (क्रि० वि०) स्पष्ट रूप से ; साफ़-साफ़ ; सूक्ष्म दृष्टि

से ; **—ость** (स्त्री०) स्पष्टता ; सुबोधता ; **—ый** (वि०) स्पष्ट ; सुबोध ; э́то —о यह स्पष्ट है/यह स्वाभाविक है ।

понято́й (पुं०) (वि० रू०) साक्षी ; गवाह ।

поня́ть दे० понима́ть.

пообе́дать दे० обе́дать.

пообеща́ть दे० обеща́ть.

пообжи́ться (आत्म० पू०) नये वातावरण का अभ्यस्त होना ।

пообноси́ться (आत्म० पू०) (пообношу́сь, пообно́сишься) कपड़ों की कमी होना ।

поо́даль (क्रि० वि०) कुछ दूरी पर ; अलग ।

поодино́чке (क्रि० वि०) एकशः ; एक-एक करके ।

поосмотре́ться (आत्म० पू०) नयें वातावरण का अभ्यस्त होना ।

поочерёдн‖о (क्रि० वि०) बारी-बारी ; बारी-बारी से ; **—ый** (वि०) बारी का ।

поощр‖е́ние (नपुं०) प्रोत्साहन ; बढ़ावा ; **—и́тельнный** (वि०) उत्साहजनक ; बढ़ावा देनेवाला ।

поощря́ть (अपू०), **поощри́ть** (पू०) प्रोत्साहन देना ; बढ़ावा देना ।

поп (पुं०) पुरोहित ।

попада́ние (नपुं०) (लक्ष्य पर) चोट ; прямо́е п. सीधी चोट ।

попада́ть (अपू०), **попа́сть** (पू०) (भवि० попаду́, попадёшь) १. पहुँचना ; आ पहुँचना ; попа́сть на по́езд गाड़ी पकड़ना ; письмо́ попа́ло не по а́дресу पत्र ठीक पते पर नहीं पहुँचा ; попа́сть в плен बन्दी होना ; २. (लक्ष्य पर) लगना ; пу́ля попа́ла ему́ в но́гу गोली उसकी टाँग पर लगी ; не п. в цель लक्ष्य पर न लगना ; попа́сть впроса́к बहुत बड़ी ग़लती करना ; как попа́ло जैसे-तैसे ; где попа́ло जहाँ कहीं ; кому́ попа́ло जिस किसी-को ; **—ся** (आत्म०) १. पकड़ा जाना ; —ся с поли́чным रँगे हाथों पकड़ा जाना ; —ся кому́-л. на глаза́ किसीकी नज़र पड़ना ; २. मिलना ; по доро́ге ему́ попа́лся то́лько оди́н челове́к रास्ते में उसको केवल एक व्यक्ति मिला ।

попадья́ (स्त्री०) पुरोहित-पत्नी ।

попа́рно (क्रि० वि०) जोड़ी से ; दो-दो की जोड़ी में ; учéники шли п. विद्यार्थी दो-दो की जोड़ी में चल रहे थे ।

попа́сть दे० попада́ть.

попа́хива‖ть (अपू०) कुछ गन्ध आना ; здесь —ет ды́мом यहाँ कुछ धुएँ की गन्ध आ रही है ।

попеня́ть दे० пеня́ть.

поперёк (क्रि० वि० और अ०) आर-पार ; перере́зать п. आर-पार काटना ; п. у́лицы सड़क के पार ।

попереме́нно (क्रि० वि०) बारी-बारी ; बारी से ।

попере́чн‖ик (पुं०) व्यास ; **—ый** (वि०) व्यासाभिमुखी ।

поперхну́ться (आत्म० पू०) उच्छू आना ।

попече́ние (नपुं०) देख-रेख ; име́ть п. (о) -की देख-रेख रखना ।

попечи́тель (पुं०), **—ница** (स्त्री०) न्यासधारी/-धारिणी ; अभिभावक/अभिभाविका ; ट्रस्टी ; **—ство** (नपुं०) न्यास ; अभिभावकत्व ; ट्रस्ट ।

попира́ть (अपू०), **попра́ть** (पू०) १. कुचलना ; п. нога́ми पाँवों से कुचलना ; २. उल्लंघन करना ; п. права́ अधिकारों का उल्लंघन करना ।

попирова́ть (पू०) (—ру́ю) खाना-पीना, मौज उड़ाना ।

попи́скивать (अपू०) चीं-चीं करना ।

попи́сывать (अपू०) लिखना ।

по́пка दे० попуга́й.

попла́вать (अपू०) थोड़ा-सा तैरना या जहाज आदि में चलना ।

поплаво́к (पुं०) (मछली पकड़ने की छड़ी का) पानी पर तैरनेवाला भाग ; तैरनेवाला पदार्थ ; तरिन्दा ।

попла́кать (पू०) (попла́чу, попла́чешь) १. (थोड़ा-सा या कुछ समय के लिए) रोना ;

चिल्लाना ; २. दे० плáкать ; **—ся** दे० плáкаться.

поплати́ться दे० плати́ться.

поплёвывать (अपू०) **поплевáть** (भवि० поплюю́, поплюёшь) थूकना ।

попли́н (पुं०) पापलिन (कपड़ा) ।

поплы́ть (पू०) १. दे० плáвать ; २. तैरने लगना ।

поплясáть (पू०) १. दे० плясáть ; २. (कुछ समयं के लिए) नृत्य करना ; नाचना ।

попóвна (स्त्री०) पुरोहित-कन्या ।

попóзже : пóздний और пóздно का तरप्रत्ययान्त रूप ; कुछ देर बाद ।

попóйка (स्त्री०) मद्योत्सव ।

пополáм (क्रि० वि०) आधा-आधा करके ; дели́ть п. आधा-आधा बाँटना ।

поползновéние (नपुं०) शिथिल इच्छा ; कमज़ोर इरादा ।

поползти́ दे० ползти́.

пополнéние (नपुं०) १. और भरना ; डालना ; п. горю́чим, п. тóпливом और ईंधन डालना ; २. (सेना की) कुमक ।

пополнéть दे० полнéть.

пополня́ть (अपू०), **попóлнить** (पू०) १. और डालना/भरना ; (ज्ञान की) वृद्धि करना ; बढ़ाना ; п. горю́чим, п. тóпливом और ईंधन डालना ; २. (सेना०) कुमक भेजना ।

пополоскáть (पू०) १. फींचना ; खँगालना (साबुन निकालने के लिए पानी में धोना) ; २. कुल्ला करना ।

пополу́дни (क्रि० वि०) अपराह्न ; दोपहर के पश्चात् ; два часá п. (दोपहर के बाद) दिन के दो बजे ।

пополу́ночи (क्रि० वि०) आधी रात के बाद ; रात के बारह बजे के बाद ; два часá п. रात के दो बजे ।

попóмн||ить (पू०) १. स्मरण रखना ; २. я тебé э́то —ю मैं तुमसे इसका बदला लूँगा/मैं तुमसे हिसाब चुकता करके रहूँगा ।

попóна (स्त्री०) (घोड़े का) ओहार ।

попóртить = испóртить दे० пóртить.

попóтчевать दे० пóтчевать.

поправéть दे० правéть.

поправи́мый (वि०) परिमार्जनीय ; जो ठीक किया जा सके ।

попра́вить(ся) दे० поправля́ть(ся).

попрáвк||а (स्त्री०) १. आराम ; स्वास्थ्य-लाभ ; २. मरम्मत ; शोधन ; ठीक करना ; ३. (विल आदि में) संशोधन ; शुद्धि ; вноси́ть —у संशोधन करना ।

поправлéние (नपुं०) १. (रोग से) आराम ; स्वास्थ्य-लाभ ; २. संशोधन ।

поправля́ть (अपू०), **попрáвить** (पू०) (भवि० попрáвлю, попрáвишь) १. मरम्मत करना ; ठीक करना ; २. संशोधन करना ; ३. (स्वास्थ्य) ठीक करना ; सुधारना ; он поéхал в дерéвны, чтóбы попрáвить своё здорóвье अपना स्वास्थ्य सुधारने/ठीक करने के लिए वह गाँव गया ; **—ся** १. (आत्म०) रोगमुक्त होना ; चंगा होना ; स्वस्थ होना ; २. अपनी ग़लती ठीक करना ; ३. (काम का) सुधरना ; ४. поправля́ть का कर्मवाच्य ।

попрáвочный (वि०) शोधन- ; п. коэффициéнт शोधन-गुणांक ।

попрáть दे० попирáть.

попрéжнему (क्रि० वि०) पूर्ववत् ; पहले की तरह ।

попрёк (पुं०) डाँट-फटकार ।

попрекáть (अपू०), **попрекну́ть** (पू०) डाँटना ; फटकारना ।

пóприще (नपुं०) कार्य-क्षेत्र ; литерату́рное п. साहित्यिक कार्यकलाप ।

по-прия́тельски (क्रि० वि०) मित्रवत् ; मित्र की भाँति ।

попрóбовать दे० прóбовать.

попроси́ть(ся) दे० проси́ть(ся).

пóпросту (क्रि० वि०) सरलता से ; सादगी से ; ☐ п. говоря́ स्पष्ट कहूँ तो ... ।

попроша́й||ка (उभ०) १. भिखमंगा/भिखमंगिन ; भिखारी/भिखारिन ; २. याचक/याचिका ; निवेदक/निवेदिका ; **—ничать** (अपू०) भीख माँगना ।

попроща́ться १. = прости́ться ; २. दे० проща́ться–१.

попры́г||ать (पू०) कूदना ; उछलना ; **—у́н** (पुं०), **—у́нья** (स्त्री०) उछलनेवाला/वाली ।

попры́скать (पू०) छिड़कना ; п. го́лову одеколо́ном सिर पर ओडीक्लोन छिड़कना ।

попря́тать (पू०) छिपाना ; **—ся** (आत्म०) छिपना ।

попуга́й (पुं०) तोता ।

попу́дрить (पू०) पाउडर लगाना ; **—ся** (आत्म०) अपने मुँह पर पाउडर लगाना ।

популяриза́ция (स्त्री०) लोकप्रिय बनाने की क्रिया ।

популя́рн||ость (स्त्री०) लोकप्रियता ; जनप्रियता ; **—ый** (वि०) लोकप्रिय ।

попусти́тельствовать (अपू०) (वर्तं० —-ствую) देखी-अनदेखी करना ; चश्मपोशी करना ; (किसीकी तरफ़ से) आँखें बन्द करना ।

по́пусту (क्रि० वि०) व्यर्थ ।

попу́тн||о (क्रि० वि०) जाते-जाते ; रास्ते में ; संयोगवश ; साथ ही ; **—ый** (वि०) : —ое замеча́ние यूँ ही कही हुई बात/अचिन्तित उक्ति; —ый ве́тер अनुकूल वायु ।

попу́тчи||к (पुं०), **—ица** (स्त्री०) सहयात्री ; सफ़र का साथी ।

попыта́ть (पू०) आज़माना ; п. сча́стья तक़दीर आज़माना ।

попыта́ться दे० пыта́ться.

попы́тк||а (स्त्री०) यत्न ; प्रयत्न ; де́лать, предпринима́ть —у यत्न करना ; неуда́чная п. असफल प्रयत्न ।

попы́хивать (अपू०) (सिगरेट या, हुक्के का) कश लगाना ।

попя́титься (पू०) दे० пя́титься.

попя́тный (वि०): идти́ на п. अपनी बात से फिर जाना ।

пор||а́ (स्त्री०) १. समय ; ле́тняя п. गर्मी का समय ; २. п. идти́ जाने का समय हो गया ; □ на пе́рвых —а́х पहले-पहल ; в (са́мую) по́ру ठीक समय पर ; до каки́х пор ? कब तक ?; с каки́х, с кото́рых пор ? कब से ?; с э́тих пор उस समय से / तब से ; до сих пор अब तक ; поро́й, —о́ю समय-समय पर/कभी-कभी ।

порабо́тать (पू०) थोड़ा-सा काम करना ।

поработи́тель (पुं०), **—ница** (स्त्री०) दास बनानेवाला/वाली ; विजेता/विजेत्री ।

порабоща́ть (अपू०), **поработи́ть** (पू०) (भवि० порабощу́, поработи́шь) दास बनाना ।

поравня́ться (आत्म० पू०) (-के) बराबर होना ।

поради́ть

поради́ть

пора́нить (पू०) घायल करना ; **—ся** (आत्म०) घायल होना ।

пора́ньше : ра́но का तर-प्रत्ययान्त रूप ; यथासम्भव शीघ्र ।

порастáть (अपू०), **порасти́** (पू०) (भवि० порасту́, порастёшь) (-पर) उगना ।

порвáть (पू०) १. दे० порывáть ; २. рвáть का पू० ; **—ся** (आत्म० पू०) फट जाना ।

поредéть दे० редéть.

порéз (पुं०) दाँता ; कटाव ।

порéза‖ть (पू०) काटना ; он —ал себé пáлец उसने अपनी उँगली काट ली ।

порезви́ться (आत्म० पू०) (भवि० порезвлю́сь, порезви́шься) (कुछ समय के लिए) मन बहलाना ; उछल-कूद करना ।

порéй = лук порéй दे० лук-१.

порекомендовáть दे० рекомендовáть.

пореши́ть दे० решáть-I.

поржáветь दे० ржáветь.

пóрист‖ость (स्त्री०) सरन्ध्रता ; सछिद्रता ; **—ый** (वि०) सरन्ध्र ; छिद्रवाला ।

порицáние (नपुं०) निन्दा ; गर्हा ।

порицáть (अपू०) निन्दा करना ; गर्हा करना ; बुरा-भला कहना ।

пóрка (स्त्री०) **I.** बेंत लगाकर दंड देने की क्रिया ; **II.** (वस्त्र आदि) उधेड़ने की क्रिया ।

пóровну (क्रि० वि०) बराबर-बराबर ; समान भागों में ; дéлить п. बराबर-बराबर बाँटना/समान भागों में बाँटना ।

порóг (पुं०) १. देहली ; द्वार ; стоя́ть на —е смéрти मृत्यु के द्वार पर होना/एक पैर क़ब्र में होना ; २. द्रुतवाह ; वह स्थान जहाँ नदी की धारा बड़े वेग से प्रवाहित होती हो ; ☐ я егó на п. не пущу́ मैं उसे अपनी देहरी पर पाँव नहीं धरने दूँगा ।

порóд‖а (स्त्री०) १. (पशुओं, पौधों आदि की) जाति ; नस्ल ; प्रकार ; той же —ы उसी जाति/नस्ल का ; э́та п. людéй ऐसे लोग ; २. खनिज-चट्टान ।

порóдист‖ость (स्त्री०) जाति ; नस्ल ; **—ый** (वि०) (पशु आदि) अच्छी नस्ल का ।

породи́ть दे० порождáть.

породни́ть(ся) दे० родни́ть(ся).

порóдный (वि०) अच्छी नस्ल का ।

порож‖дáть (अपू०), **породи́ть** (पू०) (भवि० порожу́, породи́шь) जन्म देना ; जनना ; **—дéние** (नपुं०) फल ; परिणाम ।

порóжистый (वि०) द्रुतवाह ।

порóжний (वि०) ख़ाली ; п. я́щик ख़ाली बक्सा ।

порожнякóм (क्रि० वि०) ख़ाली ; बिना सवारी के ।

пóрознь (क्रि० वि०) अलग-अलग ।

порозовéть दे० розовéть.

порóй (क्रि० वि०) समय-समय पर ; कभी-कभी ।

порóк (पुं०) पाप ; बदी ; नुक़्स ; п. рéчи भाषा-दोष ; п. сéрдца हृद्रोग/हृदय का रोग ।

поросёнок (पुं०) सुअर का दुधमुहाँ बच्चा ।

пороси́ться (अपू०), **о—** (पू०) (प्रथम पुरुष का रूप प्रयुक्त नहीं होता, пороси́шься) सुअरी का बच्चा जनना ।

пóросль (स्त्री०) झाड़ियाँ ; लता-गुल्म ।

порося́тина (स्त्री०) सुअर के बच्चे का माँस ।

порóть -I (अपू०), **вы́пороть** (पू०) चाबुक मारना ; कोड़े मारना ।

порóть -II (अपू०), **рас—** (पू०) उधेड़ना ; ☐ п. чушь, ерунду́, вздóр बकवास करना ; **—ся** (आत्म०) १. उधड़ जाना २. порóть-II का कर्मवाच्य ।

пóрох (पुं०) बारूद ; безды́мный п. निर्धूम/बिना धुएँ की बारूद ; ☐ у негó —а не хватáет यह उसके बस की बात नहीं ; **—овóй** (वि०) बारूद का ।

порóчить (अपू०), **о—** (पू०) १. बदनाम करना ; शर्म से लाद देना ; २. अविश्वसनीय बनाना ; п. показáния свидéтелей गवाहों के साक्ष्य को अविश्वसनीय बनाना ।

поро́чн‖ость (स्त्री०) दुराचारिता ; कलुषता ; भ्रष्टता ; **—ый** (वि०) दुराचारी ; भ्रष्ट ।

поро́ша (स्त्री०) पहली बर्फ़ ; नयी गिरी हुई बर्फ़ ।

пороши́нка (स्त्री०) चूर्ण ; धूलि-कण ।

пороши́т‖ь (अपू०) (कर्तृ-निरपेक्ष) пороши́т थोड़ी-थोड़ी बर्फ़ पड़ रही है ।

порошкообра́зный (वि०) चूर्ण-सदृश ।

порошо́к (पुं०) चूर्ण ; पाउडर ; зубно́й п. मंजन ।

поро́ю = поро́й.

порт (पुं०) बन्दरगाह ।

порта́л (पुं०) छोटा द्वार ।

портати́вный (वि०) सुवाह्य ; सहज ही ले जाये जाने योग्य ।

портве́йн (पुं०) पोर्ट (शराब) ।

по́ртер (पुं०) एक प्रकार की बीयर ।

по́ртить (अपू०), **ис—** (पू०) (भवि० по́рчу, по́ртишь) खराब करना ; भ्रष्ट करना ; п. аппети́т स्वाद खराब करना ; испорти́ть желу́док पेट खराब करना/बदहज़मी करना ; **—ся** (आत्म०) १. खराब होना ; भ्रष्ट होना ; सड़ना ; ह्रास होना ; २. по́ртить का कर्मवाच्य ।

портмоне́ (अ०) (नपुं०) बटुआ ; थैली ।

портн‖и́ха (स्त्री०) दर्ज़िन ; **—о́вский** (वि०) दर्ज़ी का ; —о́вские но́жницы दर्ज़ी की कैंची ; **—о́й** (पुं०) (वि० रू०) दर्ज़ी ।

портня́жничать (अपू०) दर्ज़ी बनना ; दर्ज़ीगीरी करना ।

портови́к (पुं०) (बन्दरगाह पर काम करनेवाला) मज़दूर ।

порто́вый (वि०) बन्दरगाह का ।

по́рто-фра́нко (अ०) स्वतन्त्र बन्दरगाह ।

портпле́д (पुं०) बिस्तरबन्द ।

портре́т (पुं०) चित्र ; तस्वीर ; **—и́ст** (पुं०) चित्र/तस्वीर खींचनेवाला ; **—ный** (वि०) चित्र/तस्वीर का ।

портсига́р (पुं०) सिगरेट-केस ; सिगरेट की डिबिया ।

португа́л‖ец (पुं०) पुर्तगाली ; **—ьский** (वि०) पुर्तगाली ।

портула́к (पुं०) लोनी का साग ।

портупе́я (स्त्री०) (कमर पर बाँधने की) तलवार की पेटी ।

портфе́ль (पुं०) पत्राधानिका ; पोर्टफ़ोलियो ; (छात्र का) बस्ता ।

портье́ра (स्त्री०) दरवाज़े या खिड़की का पर्दा ।

портя́нка (स्त्री०) पट्टी ; मोटा कपड़ा जो जुराबों की जगह पाँव पर बाँधा जाता है ।

поруби́ть (पू०) (भवि० порублю́, пору́бишь) १. (थोड़ा-सा, थोड़े समय के लिए) काटना ; २. руби́ть का पू० ।

пору́б‖ка (स्त्री०) जंगल में से नियम-विरुद्ध लकड़ी काटने का अपराध ; अवैध लकड़ी-कटाई ; **—щик** (पुं०) जंगल से नियम-विरुद्ध लकड़ी काटनेवाला ; लकड़ीचोर ।

поруга́ние (नपुं०) १. डाँट-फटकार ; २. पवित्र स्थान को दूषित करना ।

поруга́ть (पू०) १. डाँटना ; फटकारना ; २. पवित्र स्थान को दूषित करना ; **—ся** (आत्म० पू०) (-से) लड़ना ; सम्बन्ध तोड़ना ।

пору́к‖а (स्त्री०) ज़मानत ; प्रतिभूति ; отпуска́ть на —и ज़मानत पर छोड़ना ।

поруч‖а́ть (अपू०), **поручи́ть** (पू०) १. सँभालना ; सौंपना ; आदेश देना ; он —а́ет вам отве́тить на э́ти пи́сьма वह आपको इन पत्रों के उत्तर देने का काम सौंपता है ; мне пору́чено मुझे आदेश मिला है कि... ; २. विश्वास करना ; **—е́ние** (नपुं०) आदेश ; आज्ञा ; सन्देश ; по —е́нию आदेशानुसार ; дать —е́ние आदेश देना/सौंपना ।

по́ручень (पुं०) (सीढ़ी पर से चढ़ने-उतरने के सहारे की लकड़ी आदि का) डँडहरा ।

пору́чик (पुं०) लेफ़्टिनेंट ।

поручи́тель (पुं०), **—ница** (स्त्री०) प्रतिभू ; ज़ामिन ; ज़मानत देनेवाला/वाली ; **—ство** (नपुं०) ज़मानत ।

поручи́ть दे० поруча́ть.

порфи́ра (स्त्री०) शाही चोग़ा (जो ज़मीन पर लटकता रहता है)।

порха́ть (अपू०), **порхну́ть** (पू०) एक स्थान से दूसरे स्थान पर उड़ जाना ; पंख फड़फड़ाना।

порцио́нный (वि०) राशन का ; भत्ते का।

по́рци‖я (स्त्री०) भाग ; (भोजन की) प्लेट ; две, три —и мя́са मांस की दो-तीन प्लेटें ; две —и сала́та दो व्यक्तियों के लिए सलाद।

по́рча (स्त्री०) हानि ; ख़राबी ; बिगाड़।

по́ршень (पुं०) (टेक०) पिस्टन।

поры́в (पुं०) १. प्रचंड वायु ; वर्षा का झोंका ; २. (भाव) आवेश ; हर्षोन्माद ; п. гне́ва क्रोधावेश।

порыва́ть (अपू०), **порва́ть** (पू०) (भवि० порву́, порвёшь) (-से) सम्बन्ध तोड़ना ; я с ним оконча́тельно порва́л मैंने उसके साथ सम्बन्ध बिल्कुल तोड़ दिये हैं ; **—ся** (आत्म०) १. कोशिश करना ; प्रयत्न करना ; २. порыва́ть का कर्मवाच्य।

поры́вист‖ость (स्त्री०) तीव्रता ; प्रचंडता ; **—ый** (वि०) तीव्र ; प्रचंड ; तेज़ ; —ый ве́тер प्रचंड वायु ; —ое движе́ние झटकेदार चाल।

поры́же́лый (वि०) मोरचा खाया हुआ ; ज़ंग लगा हुआ।

поры́ться (आत्म० पू०) १. दे० ры́ться ; २. (थोड़ी देर के लिए) छानबीन करना।

поряди́ться दे० ряди́ться -I.

поря́дков‖ый (वि०) क्रमसूचक ; числи́тельное —ое क्रमसूचक संख्या।

поря́дком (क्रि० वि०) १. कुछ ; он п. уста́л वह कुछ थक गया है ; २. उचित ढंग से ; ठीक तरह से ; он ничего́ п. не сде́лал उसने उचित ढंग से/अच्छी तरह से कुछ भी नहीं किया।

поря́д‖ок (पुं०) १. क्रम ; व्यवस्था ; быть не в —ке क्रम में न होना ; соблюда́ть п., следи́ть за —ком व्यवस्था बनाये रखना ; алфави́тный п. वर्णक्रम ; २. साधन ; उपाय ; в —ке контро́ля अवरोध के रूप में ; в обяза́тельном —ке अवश्य ; все должны́ быть там в обяза́тельном —ке वहाँ सबको अवश्य पहुँचना चाहिए ; в спе́шном —ке शीघ्रतापूर्वक ; пресле́довать зако́нным —ком अभियोग चलाना ; ३. व्यवस्था ; निज़ाम ; ста́рый п. पुरातन व्यवस्था/पुराना निज़ाम ; ४. (सेना०) व्यूह-रचना ; ५. रीति ; रिवाज़ ; п. дня कार्यक्रम ; к —ку ! शान्त हो जाइए ! ; это в —ке веще́й यह स्वाभाविक है।

поря́дочн‖о (क्रि० वि०) १. काफ़ी ; २. ख़ासा ; अच्छा ; ३. ईमानदारी से ; **—ость** (स्त्री०) सत्यवादिता ; ईमानदारी ; **—ый** (वि०) १. ईमानदार ; सच्चा ; २. काफ़ी ; ३. ख़ासा ; अच्छा।

поса́д (पुं०) १. (क्रान्ति-पूर्व) बस्ती ; २. (ऐतिहासिक) (नगर के बाहर) मंडी।

посади́ть दे० сади́ть और сажа́ть.

поса́дка (स्त्री०) १. पौध रोपने की क्रिया ; २. (जहाज़, रेलगाड़ी आदि पर) चढ़ने/बैठने की क्रिया ; п. на по́езд начнётся в три часа́ गाड़ी में लोग तीन बजे बैठना आरम्भ कर सकते हैं ; ३. घोड़े पर चढ़ने की क्रिया ; ४. विमानावतरण ; हवाई जहाज़ का उतरना ; ५. ठीक बैठना ; नाप का होना ; туга́я п. बिल्कुल ठीक नाप का होना।

поса́дочн‖ый (वि०) १. पौधा रोपने का ; २. विमानावतरण- ; —а́я площа́дка हवाई जहाज़ के उतरने का स्थान।

посажён‖ый (वि०) : п. оте́ц विवाह के अवसर पर पिता का प्रतिनिधित्व करनेवाला पुरुष ; —ая мать विवाह के अवसर पर माता का प्रतिनिधित्व करनेवाली स्त्री।

поса́сывать (अपू०) कश लगाना ; चूसना ; п. тру́бку हुक्के का कश लगाना।

поса́харить दे० са́харить.

посва́тать(ся) दे० сва́тать(ся).

посвеже́ть दे० свеже́ть.

посвети́ть (पू०) (भवि० посвечу́, посве́тишь) १. (कुछ देर के लिए) चमकना ; луна́ посве́тила и скры́лась за туча́ми चन्द्रमा कुछ देर के लिए चमका और बादलों में छिप गया ;

२. किसीको रोशनी दिखाना ; он звáл меня́, чтóб я емý посвéтил उसने मुझे बुलाया ताकि मैं उसे रोशनी दिखा दूँ।

посветлéть दे॰ светлéть.

пóсвист (पुं॰) सीटी।

посви́стывать (अपू॰) सीटी बजाना।

по-своéму (क्रि॰ वि॰) स्वेच्छानुसार ; अपनी इच्छा के अनुसार ; अपने ढंग से।

по-свóйски (क्रि॰ वि॰) : १. = по-своéму ; २. परिचित ढंग से।

посвящáть (अपू॰), **посвяти́ть** (पू॰) (भवि॰ посвящý, посвяти́шь) १. समर्पण करना ; п. свою́ жизнь наýке विज्ञान के लिए अपना जीवन समर्पण करना ; २. (पुस्तक आदि) समर्पित करना ; ३. भागी बनाना ; п. когó-л. в тáйну किसीको भेद बताना ; ४. गुरुमन्त्र देना ; दीक्षित करना ; **—ся** (आत्म॰) посвящáть का कर्मवाच्य ; посвящáется пáмяти -की पुण्य-स्मृति में।

посвящéние (नपुं॰) (पुस्तक का) समर्पण ; (रहस्य का) ज्ञाता/भागी बनने की क्रिया।

посéв (पुं॰) १. (क्रिया) बुआई ; २. फ़सल।

посевнáя (स्त्री॰) (वि॰ रू॰) बुआई का समारोह।

посевн‖óй (वि॰) बुआई का ; —áя кампáния बुआई-आन्दोलन।

поседéлый (वि॰) सफ़ेद बालोंवाला (जिसके बाल सफ़ेद हो गये हों)।

поседéние (नपुं॰) बालों का सफ़ेद होना।

поседéть दे॰ седéть.

поселéнец (पुं॰) नया बसनेवाला।

поселéние (नपुं॰) १. बसने की क्रिया ; २. बस्ती।

посели́ть(ся) दे॰ поселя́ть(ся).

посёлок (पुं॰) बस्ती ; рабóчий п. मज़दूरों की बस्ती।

поселя́ть (अपू॰), **посели́ть** (पू॰) १. बसाना ; आबाद करना ; २. प्रेरित करना ; п. врáжду мéжду друзья́ми मित्रों में शत्रुता उकसाना ; **—ся** (आत्म॰) बसना ; आबाद होना

посемý (क्रि॰ वि॰) = **поэ́тому.**

посеребрённый (वि॰) चाँदी का पानी कि हुआ।

посеребри́ть दे॰ серебри́ть.

посереди́не (क्रि॰ वि॰) मध्य में।

посерéть दे॰ серéть.

посети́тель (पुं॰), **—ница** (स्त्री॰) मुला क़ाती ; दर्शक ; अतिथि।

посети́ть दे॰ посещáть.

посéтовать दे॰ сéтовать.

посещ‖áть (अपू॰), **посети́ть** (पू॰) (भवि посещý, посети́шь) मिलने जाना ; दर्शन कर जाना ; (भाषण में) उपस्थित होना ; **—éни** (नपुं॰) भेंट ; मुलाक़ात ; दर्शन ; (भाषण पर उपस्थिति।

посéять दे॰ сéять.

посидéлки (बहु॰) गाँव की युवतियों का रात को इकट्ठे होकर मन बहलाना या सूत आदि कातना।

посидéть (पू॰) (भवि॰ посижý посиди́шь (कुछ समय के लिए) बैठना।

поси́льн‖ый (वि॰) यथाशक्ति ; окáзыват —ую пóмощь यथाशक्ति सहायता करना।

посинéть दे॰ синéть-१.

поскакáть -I दे॰ скакáть.

поскакáть -II (पू॰) १. उछलना ; फुदकना ; २. (घोड़े को) सरपट दौड़ाना।

поскользнýться (आत्म॰ पू॰) फिसलना ; п. на льдý बर्फ़ पर फिसलना।

поскóльку (क्रि॰ वि॰) १. जितना कि- ; п. емý извéстно जितना उसको पता है ; п. э́то касáется егó जितना उसका इससे सम्बन्ध है ; २. क्योंकि ; п. он соглáсен क्योंकि वह सहमत है ; п. он довóлен क्योंकि वह सन्तुष्ट है।

поскорée (क्रि॰ वि॰) скóро का तर-प्रत्ययान्त रूप ; कुछ और जल्दी ; п. ! जल्दी/जल्दी कीजिए !

поскупи́ться दे॰ скупи́ться.

послаблéние (नपुं॰) शिथिलता।

посла́н||ец (पुं०) दूत; **—ие** (नपुं०) १. सन्देश; २. पवित्र सन्देश-पत्र; **—ник** (पुं०) राजदूत।

по́сланный: १. посыла́ть से कृदन्त; २. (संज्ञा की तरह प्रयुक्त) (वि० रू०) दूत; राजदूत।

посла́ть दे० посыла́ть.

по́сле (क्रि० वि०) उपरान्त; बाद में; फिर; мы поговори́м об э́том п. इस बारे में हम फिर (बाद में) बातचीत करेंगे; (अ०) पश्चात्; он придёт п. рабо́ты वह काम करने के पश्चात् आयेगा; п. всех अन्तिम/सबके पश्चात्।

послевое́нный (वि०) युद्धोत्तर।

после́д (पुं०) (शरीर-रचना०) गर्भ-कमल।

после́дки (बहु०) उच्छिष्ट; जूठन; су́пу не оста́лось, он п. дое́л शोरबा बिलकुल नहीं बचा, वह तो जूठन तक खा गया।

после́дн||ий (वि०) १. अन्तिम; पिछला; —ее уси́лие अन्तिम प्रयत्न; в п. раз अन्तिम बार; в —ее вре́мя कुछ समय से; २. नवीनतम; —яя мо́да नवीनतम फ़ैशन; ३. सबसे खराब; п. сорт सबसे खराब (निम्नतम कोटि का); руга́ться —ими слова́ми गालियाँ देना/अभद्र भाषा का प्रयोग करना।

после́дователь (पुं०), **—ница** (स्त्री०) अनुयायी; अनुगामी / अनुगामिनी; **—ность** (स्त्री०) १. अनुक्रम; в стро́гой —ности एकदम अनुक्रम से; २. अनुक्रम का कठोरता से पालन करते हुए; स्थिरता; दृढ़ता; ему́ нехвата́ет —ности उस में दृढ़ता की कमी है; **—ый** (वि०) १. क्रमानुगत; क्रमबद्ध; बारी से; एक के बाद एक; बारी-बारी से; в —ом поря́дке बारी-बारी से; २. दृढ़; स्थिर।

после́довать दे० сле́довать.

после́дстви||е (नपुं०) परिणाम; फल; नतीजा; его́ жа́лоба оста́лась без —й उसकी अपील का कुछ परिणाम नहीं निकला।

после́дующий (वि०) पश्चाद्वर्ती; परवर्ती; अगला।

после́дыш (पुं०) सबसे छोटा बच्चा।

послеза́втра (क्रि० वि०) परसों (जो आयेगी)।

послело́г (पुं०) प्रत्यय; परसर्ग।

послеобе́денный (वि०) (दोपहर के) खाने के बाद का; п. о́тдых (दोपहर के) खाने के बाद का आराम।

послеоктя́брьский (वि०) अक्तूबर-क्रान्ति के बाद का।

послеревоюлцио́нный (वि०) क्रान्ति के बाद का।

послесло́вие (नपुं०) उपसंहार।

посло́виц||а (स्त्री०) मुहावरा; कहावत; войти́ в —у कहावत बन जाना।

послужи́ть दे० служи́ть.

послужно́й (वि०) नौकरी का; п. спи́сок सेवा-वृत्त/नौकरी का विवरण।

послуша́ние (नपुं०) आज्ञाकारिता।

послу́шаться दे० слу́шаться.

по́слушн||ик (पुं०), **—ица** (स्त्री०) १. (मठ में) नया शिष्य/नयी शिष्या; २. सेवक/सेविका।

послу́шный (वि०) आज्ञाकारी।

послы́шаться (आत्म० पू०) दे० слы́шаться.

послюни́ть दे० слюни́ть.

посма́тривать (अपू०) समय-समय पर देखना; नज़र मारना; п. на часы́ समय-समय पर घड़ी देखना।

посме́иваться (आत्म० अपू०) (धीरे-धीरे) हँसना; अस्फुट रूप से हँसना।

посме́нный (वि०) बारी का।

посме́ртн||ый (वि०) मरणोत्तर; пе́рвое —ое изда́ние Пу́шкина पुश्किन की कृति का प्रथम मरणोत्तर संस्करण।

посме́ть दे० сме́ть.

посме́шище (नपुं०) हँसी का पात्र।

посмея́ние (नपुं०) हँसी; отда́ть на п. किसीको हँसी का पात्र बनाना।

посмея́ться दे० смея́ться.

посмотре́ть(ся) दे० смотре́ть(ся).

поснимáть (पू०) उतार देना ; п. все картúны со стéны दीवार पर से सब तस्वीरें उतार देना ।

посóбие (नपुं०) १. सहायतार्थ अनुदान ; उपदान ; २. पाठ्य पुस्तक ।

пособúть (पू०) (भवि० пособлю́, посóбишь) सहायता करना ।

посóбни||к (पुं०), **—ца** (स्त्री०) सहापराधी/सहापराधिनी ; **—чество** (नपुं०) सहापराधिता ।

посóвеститься दे० сóвеститься.

посовéтовать दे० совéтовать.

посодéйствовать दे० содéйствовать.

посóл (पुं०) राजदूत ।

посолúть दे० солúть.

посоловéть (पुं०) (मदिरा पीने के कारण) आँखें कुछ लाल हो जाना ; आँखों में लाल डोरे खिंच जाना ।

посóльский (वि०) राजदूत-सम्बन्धी ; राजदूत का ।

посóльство (नपुं०) दूतावास ।

по-сосéдски (क्रि० वि०) पड़ोसियों की तरह से ।

посóтенно (क्रि० वि०) सौ-सौ करके ।

пóсох (पुं०) गडरिये का लागा ; डंडा ।

посóхнуть (पू०) (पौधों का) मुरझा जाना ; सूख जाना ; цветы́ посóхли फूल मुरझा गये ।

поспáть (पू०) (भवि० посплю́, поспúшь) थोड़ा-सा सोना ।

поспевáть (अपू०), **поспéть** (पू०) **I.** पकना ; **II.** (-कर) सकना ; समय से पहुँच सकना ; поспевáть на пóезд गाड़ी पकड़ना ; не поспéть देर होना/देर से आना ।

поспешúть दे० спешúть.

поспéшн||о (क्रि० वि०) जल्दी में ; जल्दी से ; शीघ्र ; п. возвращáться शीघ्र लौटना ; п. войтú जल्दी में भीतर आना ; **—ость** (स्त्री०) जल्दी ; शीघ्रता ; जल्दबाजी ; उतावलापन ; **—ый** (वि०) जल्दबाज़ ; अविचारी ; उतावला ।

посплéтничать (पू०) (कुछ समय के लिए) परनिन्दा की बातें करना ; बेपर की उड़ाना ।

поспóрить (पू०) १. दे० спóрить ; २. (कु समय के लिए) विवाद करना ; बहस करना ; ३. श लगाना ; п. на сто рублéй सौ रूबल की श लगाना ।

посрам||úть(ся) दे० посрамля́ть(ся) **—лéние** (नपुं०) कलंकित करने की क्रिया ।

посрамля́ть (अपू०), **посрамúть** (पू (भवि० посрамлю́, посрамúшь) कलंकि करना ; लांछन लगाना ; не посрамúм рýсск зéмли ! हम रूसी धरती को कलंकित नहीं करेंगे! **—ся** (आत्म०) कलंकित होना ।

посредú (अ०) -के मध्य में ; बीच में ; п. ýли सड़क के मध्य में ।

посредúне = посредú.

посрéдни||к (पुं०) मध्यस्थ ; बिचौलिया ; बी बिचाव करानेवाला ; **—чать** (अपू०) मध्य बनना ; **—чество** (नपुं०) मध्यस्थता ।

посрéдственн||ый (क्रि० वि०) मध्यम श्रे का ; —ое сýкно मध्यम श्रेणी का कपड़ा ।

посрéдств||о (नपुं०) : при —е -के द्वारा ; - सहायता से ।

посрéдством (क्रि० वि०) (-के) द्वारा;-क उपयोग करके ।

поссóрить(ся) दे० ссóрить(ся).

пост (पुं०) **I.** पद ; быть на своём —ý अपनी जगह पर होना ; **II.** व्रत ।

постáвить दे० стáвить.

постáвка (स्त्री०) सम्भरण ; सप्लाई ।

постав||ля́ть (अपू०) सम्भरण करना ; सप्लाई करना ; **—щик** (पुं०) सम्भरणकर्ता ; सप्लाई करनेवाला ।

постамéнт (पुं०) पादपीठ ; मूर्ति आदि का आधार/चबूतरा ।

постанáвливать = постановля́ть.

постановúть दे० постановля́ть.

постанóвка (स्त्री०) १. निर्माण ; २. (संगीत-सम्बन्धी) п. пáльцев उँगलियों की साधना (ट्रेनिंग) ; п. гóлоса स्वर-साधना ; ३. उपस्थापन; मंचाभिनय ; नाटक-प्रस्तुति ; ☐ п. дéла संगठन ।

постанов||ле́ние (नपुं०) १. निर्णय ; प्रस्ताव ; выноси́ть п. प्रस्ताव पास करना ; п. коми́ссии समिति का निर्णय ; по —ле́нию о́бщего собра́ния सामान्य बैठक के प्रस्ताव के अनुसार ; २. आदेश ; अदालती फ़ैसला ; डिग्री ।

постанов||ля́ть (अपू०), **постанови́ть** (पू०) (भवि० постановлю́, постано́вишь) सामूहिक निर्णय करना ; प्रस्ताव स्वीकार करना ; —ля́ть большинство́м голосо́в बहुमत से प्रस्ताव स्वीकार करना/निर्णय करना ।

постано́в||очный (वि०) (नाटक) प्रदर्शनीय ; भव्य ; शानदार ; —очная пье́са प्रदर्शनीय नाटक ; **—щик** (पुं०) (नाटक-सम्बन्धी) निर्मातानिर्देशक ।

постара́ться दे० стара́ться.

постаре́ть दे० старе́ть.

по-ста́рому (क्रि० वि०) पूर्ववत् ।

постате́йный (वि०) अनुच्छेद / पैरे के अनुसार ।

посте́л||ь (स्त्री०) पलँग ; лежа́ть в —и पलँग पर लेटना ; **—ьный** (वि०) पलँग का ; —ьные принадле́жности पलँग की चीज़ें / बिस्तर आदि ।

постепе́нн||о (क्रि० वि०) क्रमशः ; धीरे-धीरे ; थोड़ा-थोड़ा करके ; **—ость** (स्त्री०) उत्तरोत्तरता; धीरे-धीरे होने का भाव ; **—ый** (वि०) क्रमिक ; उत्तरोत्तर ।

постесня́ться दे० стесня́ться.

постига́ть (अपू०), **пости́гнуть, пости́чь** (पू०) (भवि० пости́гну, пости́гнешь) १. समझना ; जानना ; इन्द्रियों से या मन से ग्रहण करना ; २. (शोक, दुर्भाग्य आदि का) आ घेरना ; आ दबाना ; आ पड़ना ; его́ пости́гло несча́стье उस पर मुसीबत आ पड़ी ।

постиже́ние (नपुं०) समझ-बूझ ।

постила́ть (अपू०), **постла́ть** (पू०) (भवि० постелю́, посте́лешь) बिछाना ; п. ковёр दरी बिछाना ।

постира́ть (पू०) १. = вы́стирать दे० стира́ть ; २. कुछ/थोड़ी धुलाई करना ।

пости́ться (आत्म० अपू०) व्रत रखना ; उपवास करना ।

пости́чь दे० постига́ть.

постла́ть दे० постила́ть और стла́ть.

по́стн||ый (वि०) व्रत का ; ईसाइयों के त्यौहार लैंट का ; —ое ма́сло वनस्पति तेल ; п. са́хар फलों से निकाली हुई खाँड ; п. обе́д (उपवास में) निरामिष भोजन / (दूध, फल आदि का) आहार ।

постово́й (वि०) ड्यूटीवाला ; п. милиционе́р ड्यूटीवाला सिपाही ।

посто́й (पुं०) (सेना०) **I.** पड़ाव ; ठहरने का स्थान ; **II.** посто́й, —те ! ठहरो !/ठहरिए !

посто́льку (अ०) यहाँ तक कि- ।

посторони́ться दे० сторони́ться-१.

посторо́нн||ий (वि०) १. परदेशी ; बाहर का ; दूसरे का ; п. челове́к अजनबी/परदेशी व्यक्ति ; без —ей по́мощи बिना किसी दूसरे की सहायता के ; २. (संज्ञा की तरह प्रयुक्त) (वि० रू०) परदेशी/अजनबी व्यक्ति ; вход —им воспрещён बाहरवालों का भीतर आना मना है ।

постоя́лец (पुं०) ठहरनेवाला ; अतिथि ।

постоя́лый (वि०) : п. двор सराय ।

постоя́нная (स्त्री०) (वि० रू०) (गणित) अचर मात्रा ।

постоя́нн||о (क्रि० वि०) सदा ; लगातार ; **—ый** (वि०) स्थिर ; अचल ; पक्का ; नित्य ; निरन्तर ; —ый а́дрес पक्का पता ; —ый посети́тель निरन्तर आनेवाला व्यक्ति ; —ая величина́ (गणित) अचर मात्रा ; —ый жи́тель निवासी ; —ый ток (बिजली की) दिष्ट धारा (अंग्रेज़ी—डायरेक्ट करैंट) ।

постоя́нство (नपुं०) स्थिरता ; निश्चलता ; दृढ़ता ।

постоя́ть (पू०) थोड़े समय के लिए खड़े होना ।

пострада́вший : १. пострада́ть से कृदन्त ; २. (विपत्ति आदि का) शिकार ।

пострада́ть दे० страда́ть.

постра́ничный (वि०) पृष्ठ-सम्बन्धी ; प्रतिपृष्ठ ।

постра́нствова||ть (पू०) (—ствую) सफ़र करना ; यात्रा करना ; он мно́го —л на своём веку́ उसने अपने जीवन में बड़ी यात्रा की ।

постре́л (पुं०) निर्लज्ज ; बेहया ; दुर्जन ; पाजी ; **—ёнок** (पुं०) दुष्ट बालक ।

постре́ливать (अपू०) गोली चलाना ; निशाना लगाना ।

по́стриг (पुं०) (मसीहियों का) भिक्षुदीक्षा-संस्कार, जिसमें भिक्षु के सिर के बाल मुँडवाये जाते है ।

постригáть (अपू०), **постри́чь** (पू०) (भवि० постригу́, пострижёшь) (ईसाई भिक्षु को) दीक्षित करना (इस संस्कार में भिक्षु के सिर के बाल भी मुँडवाये जाते है) ; **—ся** (आत्म०) दीक्षा लेना ।

постри́чь -I = остри́чь दे० стричь ; **II.** दे० постригáть.

постри́чься -I = остри́чься दे० стри́чься ; **II**. दे० постригáться.

постр||ое́ние (नपुं०) १. निर्माण : п. социали́зма समाजवाद का निर्माण ; २. (सेना०) परेड ; **—о́ечный** (वि०) निर्माण- ; —о́ечный комитéт निर्माण-समिति ।

постро́ить(ся) दे० стро́ить(ся).

постро́йка (स्त्री०) १. निर्माण (क्रिया) ; п. домо́в गृह-निर्माण ; २. भवन ; кáменная п. प्रस्तर-भवन/पत्थर का मकान ।

постро́мка (स्त्री०) (घोड़े की) जोत ।

постро́чн||ый (वि०) प्रति पंक्ति ; पंक्ति के हिसाब से ; —ая плáта प्रति पंक्ति/पंक्ति के हिसाब से अदायगी ।

посту́кивать (अपू०) खटखटाना ; ठपठपाना ।

постулáт (पुं०) मानी हुई बात ; निर्विवाद तत्व ; उपधारणा ।

постули́ровать (अपू०) (वर्त०—рую) उपधारणा होना ; निर्विवाद मान लेना ; मानकर आगे चलना ।

поступáтельн||ый (वि०) प्रगतिशील , —ое движéние प्रगतिशील आन्दोलन ।

поступáть (अपू०), **поступи́ть** (पू०) (भवि० поступлю́, посту́пишь) १. करना ; ему́ не слéдовало так п. उसे ऐसा नहीं करना चाहिए था ; २. व्यवहार करना/बर्ताव करना ; пло́хо с кем-л. п. किसीसे बुरा बर्ताव करना ; ३. दाखिल होना ; п. в шко́лу स्कूल में दाखिल होना ; п. на вое́нную слу́жбу सेना में भरती होना ; ४. सामने होना ; आगे आना ; дéло поступи́ло в суд मामला अदालत के सामने आया ; ☐ п. в произво́дство उत्पादन आरम्भ करना ; **—ся** (आत्म०) त्याग करना ; छोड़ना ; п. свои́ми правáми अपने अधिकारों का त्याग करना / अपने अधिकार छोड़ना ।

поступлéн||ие (नपुं०) १. दाखिला ; प्रवेश ; भरती ; २. (धन की) प्राप्ति ; आमद ; рост —ий в банк बैंक में धन की प्राप्ति में बढ़ोतरी ।

посту́п||ок (पुं०) कार्य ; काम ; смéлый п. वीरतापूर्ण कार्य ; мне не нрáвятся его́ —ки मुझे उसकी बातें अच्छी नहीं लगतीं ।

по́ступь (स्त्री०) चाल ; क़दम ; चरण ; твёрдая п. दृढ़ चरण ।

постучá||ть (पू०) १. खटखटाना ; в дверь —ли द्वार पर खटखट हुई ; २. (कुछ समय के लिए) खटखटाना ; **—ся** (आत्म०) खटखटाना ।

постыди́ться (आत्म० पू०) (भवि० постыжу́сь, постыди́шься) लांछित होना ; शर्मिन्दा होना ।

посты́дный (वि०) लज्जाजनक ; अयशकर ; п. посту́пок लज्जाजनक/अयशकर कार्य ।

посты́лый (वि०) घृणित ; जघन्य ; वितृष्णाजनक ; дом комендáнта стал для меня́ посты́л मुझे कमांडेंट के घर से घृणा हो गयी ।

посу́да (स्त्री०) (समू०) १. प्याले-प्लेट आदि (अंग्रेज़ी—क्रॉकरी) ; २. बर्तन ।

посу́дина (स्त्री०) बर्तन ।

посуди́ть (पू०) (भवि० посужу́, посу́дишь) निर्णय करना ; फ़ैसला करना ।

посу́дный (वि०) посу́да से वि० ।

посу́л (पुं०) १. वायंदा ; वचन ; २. घूस ; रिश्वत ; अवैध उपहार/भेंट ।

посули́ть दे० сули́ть.

посу́точн||о (क्रि० वि०) प्रति चौबीस घंटे ; प्रतिदिन ; **—ый** (वि०) प्रति चौबीस घंटे का ; प्रतिदिन का ।

посчастли́в||иться (आत्म० पू०) भाग्यशाली होना ; फलना-फूलना ; емý —илось доста́ть э́ту кни́гу सौभाग्यवश उसको यह पुस्तक मिल गयी ।

посчита́ть = сосчита́ть दे० счита́ть.

посчита́ться (आत्म० पू०) १. लेखा चुकाना ; हिसाब-किताब बेबाक करना ; २. दे० счита́ться.

посыла́ть (अपू०), **посла́ть** (पू०) (भवि० пошлю́, пошлёшь) भेजना ; п. по по́чте डाक द्वारा भेजना ।

посы́л||ка (स्त्री०) १. भेजने की क्रिया ; २. पार्सल ; отправля́ть —ку पार्सल भेजना ; ३. अवयव ; больша́я п. (दर्शन०) साध्यावयव ; мала́я п. पक्षावयव / पक्षस्थापन ; **—очный** (वि०) पार्सल ; —очная конто́ра पार्सल-दफ़्तर ।

посы́льный (पुं०) (वि० रू०) दूत ; सन्देशवाहक ; सन्देशहर ।

посыпа́ть (अपू०), **посы́пать** (पू०) (भवि० посы́плю, посы́плешь) बुरकना ; छितराना ; फैलाना ; बिछाना ; п. песко́м रेत बिछाना ; п. со́лью नमक बुरकना ।

посы́па||ться (आत्म० पू०) गिरने लगना ; (वर्षा) होने लगना ; —лось уда́ры चोट पर चोट पड़ने लगी ।

посяга́тельство (नपुं०) अतिक्रमण ; अनधिकार हस्तक्षेप ।

посяга́ть (अपू०), **посягну́ть** (पू०) अनधिकार हस्तक्षेप करना ; अतिक्रमण करना ; п. на чью-л. свобо́ду किसीकी स्वतन्त्रता में अनधिकार हस्तक्षेप करना ।

пот (पुं०) पसीना ; स्वेदजल ; холо́дный п. ठंडा पसीना ; облива́ясь —ом पसीने से तरबतर ; в —е лица́ बड़े परिश्रम से ; □ —ом и кро́вью खुन पसीना एक करके ।

пота́йн||ой (वि०) गुप्त ; रहस्यमय ; п. ход गुप्त मार्ग ; —а́я дверь गुप्त द्वार ।

потака́ть (अपू०) मनमानी करने देना ; न रोकना ; п. ребёнку в его́ ша́лостях बच्चे को शरारतें करने से न रोकना ।

потанцева́ть (पू०) (—цу́ю) (कुछ समय के लिए) नृत्य करना ; नाचना ।

потаску́н (पुं०) व्यभिचारी ; **—ья** (स्त्री०) व्यभिचारिणी ; कुलटा ।

потаску́ха, потаску́шка (स्त्री०) दे० потаску́н, потаску́нья.

потасо́вка (स्त्री०) लड़ाई-झगड़ा ; कलह ।

пота́ш (पुं०) (रस०) पोटाश ।

потащи́ть(ся) दे० таска́ть(ся).

по-тво́ему (क्रि० वि०) १. तुम्हारी इच्छा के अनुसार ; २. तुम्हारी राय में ; □ пусть бу́дет по-тво́ему तथास्तु !

потво́рство (नपुं०) मनमानी करने देने का भाव ।

потво́рствовать (पू०) (—ствую) मनमानी करने देना ।

потёмки (बहु०) १. अन्धकार ; (आँखों में) धुँधलापन ; २. मूर्खता ; मूढ़ता ।

потемне́ние (नपुं०) १. अन्धकार होने की क्रिया ; (आँखों में) धुँधलापन ; २. मूर्खता ।

потемне́ть दे० темне́ть.

поте́ние (नपुं०) पसीना आने की क्रिया ।

потенциа́л (पुं०) (भौ०) विभव ; **—ьный** (वि०) शक्ति-गर्भित ; (भौ०) विभव- ।

потенциоме́тр (पुं०) विभवमापी ।

поте́нция (स्त्री०) १. शक्ति ; बल ; सामर्थ्य ; २. (भौ०) विभव ।

потепле́ние (नपुं०) गर्मी बढ़ जाना ; насту́пило п. गर्मी शुरू हो गयी ।

потепле́ть दे० тепле́ть.

потерпе́ть (पू०) (भवि० потерплю́, поте́рпишь) १. धैर्य रखना ; २. सहना ; सहन करना ; п. поте́ри, убы́тки हानि सहना ; п.

поражéние हारना ; он не потéрпит э́того वह इसको सहन नहीं करेगा ।

потёрт‖ый (वि०) जर्जर ; फटा-पुराना ; —ое лицó उतरा हुआ मुँह ।

потéря (स्त्री०) हानि ; क्षय ; नष्ट होने का भाव ; नुकसान ; п. крóви रक्त की हानि ; п. зрéния दृष्टि-क्षय ; п. врéмени समय नष्ट होना ।

потеря́ть(ся) दे० теря́ть(ся).

потесни́ть दे० тесни́ть.

потесни́ться (आत्म० पू०) भिचकर बैठना/खड़े होना ; (भिचकर) किसी दूसरे को स्थान देना ।

пресыща́ть (अपू०), **пресы́тить** (पू०) (भवि० пресы́щу, пресы́тишь) वितृप्त करना ; (भोजन) नाक तक ठूँसना ; **—ся** (आत्म०) अघाना/वितृप्त होना ; (भोजन) नाक तक ठूँसना ।

пресыще́||ние (नपुं०), **—нность** (स्त्री०) तृप्ति ; अघाना ।

претворе́ние (नपुं०) रूपान्तर ; एक पदार्थ को दूसरे में बदलने की क्रिया ।

претворя́ть (अपू०), **претвори́ть** (पू०) १. (-में) बदलना ; परिणत करना ; २. п. в жизнь कार्यान्वित करना ; **—ся** (आत्म०) १. —ся в жизнь कार्यान्वित होना / साकार होना ; его́ мечта́ претвори́лась в жизнь उसके स्वप्न साकार हो गये ; २. претворя́ть का कर्मवाच्य ।

претенд||е́нт (पुं०) व्यपदेशक ; झूठा दावेदार ; **—е́нтка** (स्त्री०) व्यपदेशिका ; झूठी दावेदार ; **—ова́ть** (अपू०) (—ду́ю) व्यपदेश करना ; झूठा दावा करना ।

прете́нз||ия (स्त्री०) १. झूठा दावा ; व्यपदेश ; २. शिकायत ; име́ть —ию शिकायत होना ।

претенцио́зн||ость (स्त्री०) आडम्बर ; दिखावा ; **—ый** (वि०) आडम्बरी ; बाहरी दिखावा करनेवाला ।

претерпева́ть (अपू०), **претерпе́ть** (पू०) (भवि० претерплю́, прете́рпишь) सहन करना ; п. лише́ния कठिनाइयाँ सहन करना ।

прети́||ть (अपू०) (प्रथम और मध्यम पुरुष के रूप प्राय: प्रयोग में नहीं लाये जाते ; प्रायः कर्तृ-निरपेक्ष) वमन या घृणा होना ; мне —и́т मुझे इससे घृणा है।

преткнове́н||ие (नपुं०) ка́мень —ия ठोकर/रोड़ा।

преть (अपू०), **со—, у—** (पू०) १. (сопре́ть पू० के साथ) सड़ना ; २. (упре́ть पू० के साथ) सिझाना ; मन्दी आँच में पकाना।

преувел||иче́ние (नपुं०) अतिरंजन ; п. тру́дносте́й कठिनाइयों का अतिरंजन ; **—и́чивать** (अपू०), **преувели́чить** (पू०) अतिरंजित करना ; बढ़ाकर कहना।

преуменьш||а́ть (अपू०), **преуме́ньшить** (पू०) कम मूल्य आँकना ; कम समझना ; **—е́ние** (नपुं०) कम मूल्यांकन।

преуспева́ть (अपू०), **преуспе́ть** (पू०) १. बहुत सफल होना ; २. (केवल अपू०) फलना-फूलना ; समृद्धि प्राप्त करना ;

префе́кт (पुं०) पूर्ण।

префера́нс (पुं०) (ताश में) प्रेफ़ेंस नामक खेल।

пре́фикс (पुं०) उपसर्ग।

переходя́щ||ий (वि०) नश्वर ; अस्थिर ; всё на све́те —е जीवन में सब-कुछ नश्वर है।

прецеде́нт (पुं०) पूर्व-दृष्टान्त ; मिसाल।

при (उपसर्ग : अ०) १. -के साथवाला ; का ; он живёт при ста́нции वह स्टेशन के साथवाले मकान में रहता है ; би́тва при Сталингра́де स्तालिनग्राद का युद्ध ; २. -की उपस्थिति में ; के सामने ; э́то на́до сде́лать при нём यह उनके सामने करना चाहिए ; ३. -के युग में ; काल में ; समय में ; при Пу́шкине पुश्किन के युग में ; ४. पास ; विषय में ; у него́ при себе́ все бума́ги उसके पास अपने (अपने विषय में) सारे काग़ज़ हैं ; у него́ нет при себе́ де́нег उसके पास पैसा नहीं है ; ५. при электри́честве बिजली के उजाले में ; при дневно́м све́те दिन के उजाले में ; при перехо́де че́рез у́лицу सड़क पार करते हुए ; ६. -के होते हुए ; при тако́м здоро́вье ऐसी सेहत होते हुए ; при всём том इसके अतिरिक्त/इसके साथ ही।

при- (क्रिया-उपसर्ग) इसके जोड़ने से क्रिया में निम्नलिखित अर्थ आ जाते हैं : १. गतिसूचक क्रिया में पूर्णता सूचित करने का अर्थ, जैसे прибы́ть (आ पहुँचना) ; притащи́ть (खींच लाना) ; २. 'समीपता' का अर्थ, जैसे приста́вить стол к само́й стене́ मेज़ को बिल्कुल दीवार के समीप रखना ; ३. 'के साथ जोड़ना या जड़ना' का अर्थ जैसे приде́лать замки́ к две́ри (किवाड़ पर ताला जड़ देना) ; ४. दबाने या भींचने अथवा ऊपर से नीचे को होने का अर्थ, जैसे придави́ть (दबाना), прикати́ть (ऊपर से नीचे को लुढ़काना) ५. क्रियाओं के अपूर्ण रूप को पूर्ण बनाने के लिए, जैसे мири́ть से примири́ть.

приба́в||ить(ся) दे० прибавля́ть(ся) ; **—ка** (स्त्री०) १. वृद्धि ; बढ़ोतरी ; योग ; २. तरक़्क़ी ; उन्नति ; получи́ть —ку तरक़्क़ी मिलना ; **—ле́ние** (नपुं०) १. वृद्धि ; बढ़ोतरी ; —ле́ние семе́йства परिवार में वृद्धि ; २. परिशिष्ट।

прибавля́ть (अपू०), **приба́вить** (पू०) (भवि० приба́влю, приба́вишь) वृद्धि करना ; बढ़ाना ; п. жа́лования वेतन बढ़ाना/तरक़्क़ी देना ; п. ша́гу जल्दी-जल्दी क़दम बढ़ाना ; п. хо́ду चाल तेज़ करना ; **—ся** (आत्म०) १. बढ़ना ; (पानी का) चढ़ना ; день приба́вился दिन लम्बे हो गये ; —ся в ве́се भार बढ़ना ; २. прибавля́ть का कर्मवाच्य।

приба́вочн||ый (वि०) अतिरिक्त ; п. проду́кт अतिरिक्त उपज ; —ая сто́имость अतिरिक्त मूल्य

прибау́тка (स्त्री०) विनोदोक्ति ; चुटकी।

прибега́ть -I (अपू०), **прибе́гнуть** (पू०) भागकर आना ; सहारा लेना ; п. к по́мощи सहायता के लिए भागकर आना ; п. к си́ле बल का सहारा लेना।

прибега́ть -II (अपू०), **прибежа́ть**

(पू०) (भवि० прибегу́, прибежи́шь) दौड़ते हुए आना।

прибе́гнуть दे० прибега́ть-I.

прибедня́ться (आत्म० अपू०), **прибедни́ться** (आत्म० पू०) चेहरे पर दैन्य-भाव दर्शाना; ग़रीब/दीन होने का वहाना करना।

прибежа́ть दे० прибега́ть-II.

прибе́жище (नपुं०) शरण; आश्रय; सहारा।

приберега́ть (अपू०), **прибере́чь** (पू०) (भवि० приберегу́, прибережёшь) सुरक्षित रखना; बचाकर रखना; п. де́нежек на чёрный день आड़े वक्त के लिए धन बचाकर रखना।

прибива́ть (अपू०), **приби́ть** (पू०) (भवि० прибью́, прибьёшь) १. कीलों से ठोकना/गाड़ना; २. (प्रायः कर्तृ-निरपेक्ष) ло́дку прибило к бе́регу नाव तट पर फेंक दी गयी; пыль приби́ло дождём, дождь прибил пыль वर्षा से धूलि दब गयी।

прибира́ть (अपू०), **прибра́ть** (पू०) (भवि० приберу́, поиберёшь) १. क़रीने से रखना; सफ़ाई करना; п. ко́мнату कमरे की सफ़ाई करना; п. посте́ль बिस्तर बिछाना; २. छिपाना; **—ся** (आत्म०) १. सब-कुछ क़रीने से रखना; सफ़ाई करना; २. прибира́ть का कर्मवाच्य।

приби́ть दे० прибива́ть.

приближа́ть (अपू०), **прибли́зить** (पू०) (भवि० прибли́жу, прибли́зишь) समीप लाना; पास लाना; прибли́зить кни́гу к глаза́м पुस्तक को आँखों के समीप लाना; он прибли́зил свой прие́зд उसने अपने पहुँचने का दिन और समीप कर दिया; **—ся** (आत्म०) १. -के पास आना; -के समीप आना; २. (केवल अपू०) -के निकट होना; समीप होना; —ся к и́стине सत्य के निकट होना; ३. приближа́ть का कर्मवाच्य।

приближ‖е́ние (नपुं०) १. समीप आने की क्रिया; २. (गणित) सन्निकटन; **—ённый** (कृदन्त और वि०) १. सन्निकट; स्थूल (चित्र); २. (संज्ञा की तरह प्रयुक्त) (वि० रू०) परिचारक; सेवक।

приблизи́тельн‖о (क्रि० वि०) अनुमान से; मोटे तौर पर; अन्दाज़न; **—ый** (वि०) अनुमानित; अन्दाज़े का।

проблúзить दे० приближа́ть.

прибо́‖й (पुं०) (सागर की) लहर; तरंग; гро́хот —я लहरों का गर्जन।

прибо́р (पुं०) १. उपकरण; औज़ार; отопи́тельный п. तापक/हीटर; २. सैट; ча́йный п. चाय का सैट (अंग्रेज़ी—टी सैट); ३. सामान; पुर्ज़े; око́нный п. खिड़की का सामान; **—ный** (वि०) औज़ारों का; —ная до́ска औज़ारों का तख़्ता।

прибра́ть दे० прибира́ть.

прибре́жный (वि०) सागर-तट; नदी-तट।

прибрести́ (पू०) (भवि० прибреду́, прибредёшь) घिसटते-घिसटते आना।

прибыва́‖ть (अपू०), **прибы́ть** (पू०) (भवि० прибу́ду, прибу́дешь) **I.** आना; पहुँचना; **II.** बढ़ना; (पानी का) चढ़ना; вода́ —ет पानी चढ़ रहा है; ☐ на́шего полку́ при́было हमारी संख्या बढ़ गयी है।

при́быль (स्त्री०) १. लाभ; मुनाफ़ा; валова́я п. कुल लाभ; чи́стая п. शुद्ध लाभ/निवल लाभ; извлека́ть п. (из) -से लाभ उठाना; २. बढ़ोतरी; वृद्धि; (पानी का) चढ़ाव; п. во́ды पानी का चढ़ाव; п. населе́ния आबादी की वृद्धि; **—ный** (वि०) लाभदायक; —ное де́ло लाभदायक काम।

прибы́тие (नपुं०) आगमन; पहुँच; आमद।

прибы́ть दे० прибыва́ть.

прива́л (पुं०) (सेना०) पड़ाव; де́лать п. पड़ाव डालना।

прива́ливать (अपू०), **привали́ть** (पू०) १. (-के) सहारे रखना; टेकना; привали́ть ка́мень к стене́ पत्थर को दीवार के सहारे

रखना/पत्थर को दीवार से टेकना ; २. (कर्तृ-निरपेक्ष) (जहाज़ का) आना ; (लोगों का) समूह में आना/भीड़ का रूप लेकर आना ; привали́ло мно́го наро́ду बहुत लोग आये/लोगों की बड़ी भीड़ आयी ।

прива́ривать (अपू०), **привари́ть** (पू०) १. (भौ०) सन्धान करना ; वेल्डिंग करना ; २. और अधिक उबालना/पकाना ।

прива́рок (पुं०) खाद्य सामग्री ; भोजन ।

прива́т-доце́нт (पुं०) (विश्वविद्यालय का) उपाचार्य ।

прива́тный (वि०) निजी ; व्यक्तिगत ।

приведе́ние (नपुं०) १. लाने की क्रिया ; п. к прися́ге शपथ दिलाना ; २. (गणित) (-के रूप में) लाना ; п. к о́бщему знамена́телю सार्व/सामान्य हर के रूप में लाना ; ३. (तथ्य आदि) सामने रखना ; पेश करना ; п. доказа́тельств प्रमाण पेश करना ; ४. п. в движе́ние गतिवान करना/चलाना ; п. в исполне́ние कार्यान्वित करना ।

привезти́ दे० привози́ть.

приверé‖дливость (स्त्री०) दुस्तोषता ; छोटी-छोटी बात में मीन-मेख करने का भाव ; **—ливый** (वि०) दुस्तोष ; छोटी-छोटी बात में मीन-मेख करनेवाला ; **—ник** (पुं०), **—ница** (स्त्री०) दुस्तोष ; छोटी-छोटी बात में मीन-मेख करनेवाला व्यक्ति ; **—ничать** (अपू०) दुस्तोष होना ; छोटी-छोटी बातों में मीन-मेख करना ।

приве́ржен‖ец (पुं०) अनुपालक ; अनुयायी ; **—ка** (स्त्री०) अनुपालिका ; अनुयायिनी ; **—ность** (स्त्री०) अनुपालन ; अनुगमन ; भक्ति ; **—ный** (वि०) अनुपालक ; अनुगामी ; भक्त ।

приверну́ть (पू०) दे० приве́ртывать.

привертéть दे० привёртывать.

привёртывать (अपू०), **привертéть, приверну́ть** (पू०) १. पेच से कसना ; २. (приверну́ть पू० के साथ) (गैस आदि के नल की) टोंटी खोलना ।

приве́сить दे० приве́шивать.

приве́сок (स्त्री०) १. पासंग ; २. (किसी चीज़ में थोड़ी-सी) बढ़ोतरी ।

привести́(сь) दे० приводи́ть(ся).

приве́т (पुं०) अभिनन्दन ; अभिवादन ; आदर ; मान ; с —ом सादर ; переда́ть п. अभिवादन करना ; ни отве́та, ни —а от него́ उसकी कोई ख़ैर-ख़बर नहीं आयी ; **—ливость** (स्त्री०) सौजन्य ; मिलनसारी ; **—ливый** (वि०) मिलनसार ; **—ственный** (वि०) अभिनन्दन-सम्बन्धी ; —ственный а́дрес अभिनन्दन-पत्र ; **—ствие** (नपुं०) १. अभिनन्दन ; अभिवादन ; बधाई ; नमस्कार ; २. स्वागत-भाषण ; अभिनन्दन-भाषण ; **—ствовать** (अपू०) (वर्त० —ствую) अभिवादन करना ; स्वागत करना ; कुशल-क्षेम पूछना ।

приве́шивать (अपू०), **приве́сить** (पू०) (भवि० приве́шу, приве́сишь) १. लटकाना ; २. फ़ालतू तोलना ।

привива́ть (अपू०), **приви́ть** (पू०) (भवि० привью́, привьёшь) १. टीका लगाना ; २. (वन०) क़लम लगाना ; (विचार आदि का) सन्निवेश करना ; मन में बैठाना ; ☐ п. но́вую мо́ду (на) नया फ़ैशन/ढर्रा चलाना ; **—ся** (आत्म०) १. टीका लगवाना ; (अभिव्यंजना) प्रचलित होना ; (अपनी विचारधारा के) अनुयायी पाना ; विचारों का अपनाया जाना ; о́спа хорошо́ привила́сь चेचक का टीका ठीक लगा ; э́то выраже́ние не привило́сь в ру́сском языке यह अभिव्यंजना अभी रूसी भाषा में नहीं आयी/प्रचलित नहीं हुई ; э́ти взгля́ды не привили́сь इन विचारों को किसीने नहीं अपनाया ; २. привива́ть का कर्मवाच्य ।

приви́вк‖а (स्त्री०) १. टीका ; сде́лать кому́-л. —у किसीके टीका लगाना ; २. (वन०) क़लम ।

приви́вочный (वि०) १. टीके का ; २. (वन०) क़लम का ।

привиде́ние (नपुं०) भूत ; प्रेत ।

привидé‖ться (आत्म० पू०) (कर्तृ-निरपेक्ष) ему́ —лся сон उसको स्वप्न आया ।

привилегиро́ванн||ость (स्त्री०) विशेषाधिकार ; **—ый** (वि०) विशेषाधिकार-प्राप्त ।

привиле́гия (स्त्री०) विशेषाधिकार ।

приви́нчивать (अपू०), **привинти́ть** (पू०) (भवि० привинчу́, привинти́шь) पेच या ढिबरी लगाकर कसना ।

привира́ть (अपू०), **привра́ть** (पू०) (भवि० приврý, приврёшь) बेपर की उड़ाना ; झूठ बोलना ।

приви́ть(ся) दे० прививáть(ся).

при́вкус (पुं०) (किसी चीज़ में) दूसरी तरह का स्वाद आना ।

привлека́тельн||ость (स्त्री०) आकर्षकता ; **—ый** (वि०) आकर्षक ; सुन्दर ; मोहक ; —ая улы́бка आकर्षक मुस्कान ।

привлека́||ть (अपू०), **привле́чь** (पू०) (भवि० привлекý, привлечёшь) १. आकर्षित करना ; खींचना ; п. чьё-л. внимáние किसीका ध्यान आकर्षित करना ; ли́чность, —ющая внимáние आकर्षक व्यक्तित्व ; २. (साझीदार) बनाना ; सहयोगी बनाना ; (काम पर) भरती करना ; п. на свою́ стóрону अपने पक्ष में कर लेना ; ३. п. к судý अदालत में ले आना / अभियोग चलाना ; п. к ответственности उत्तरदायी ठहराना ।

привноси́ть (अपू०), **привнести́** (पू०) (वर्त० привношý, привнóсишь ; भवि० привнесý, привнесёшь) प्रविष्ट करना ; लाना ।

приво́д (पुं०) (टेक०) गीयर ; разобщи́тельный п. कटआउट गीयर ।

приводи́ть (अपू०), **привести́** (पू०) (वर्त० привожý, привóдишь ; भवि० приведý, приведёшь) १. लाना ; что привелó вас сюдá ? कैसे आये ? (आप यहाँ किसलिए आये हैं ?) ; २. परिणाम/फल होना ; э́то привелó к печáльным результáтам इसको बुरा परिणाम निकला ; ३. (गणित) रूपान्तर करना ; (-में) परिणत करना ; п. к óбщему знаменáтелю सार्व/सामान्य हर में परिणत करना ; ४. (तथ्य, प्रमाण आदि) प्रस्तुत करना ; पेश करना ; п. доказáтельство प्रमाण प्रस्तुत करना ; п. что-л. в примéр किसीका उदाहरण प्रस्तुत करना ; ५. п. в востóрг आह्लादित करना ; п. в бéшенство कोपाकुल करना/पागल बना देना ; п. в ýжас भयभीत करना ; п. в затруднéние मुसीबत में डालना ; п. в удивлéние चकित करना ; **—ся** (आत्म०) १. भाग्य में होना ; -पड़ना ; емý привелóсь быть там उसे वहाँ जाना पड़ा ; емý привелóсь испытáть мнóго гóря उसे बहुत दुःख झेलने पड़े ; २. приводи́ть का कर्मवाच्य ।

приво́дка (स्त्री०) (छपाई-सम्बन्धी) रजिस्टर ; छपाई में यह देखने का कार्य कि एक पन्ने की पंक्तियाँ दूसरे पन्ने की पंक्तियों के बराबर आयें ।

приводн||о́й (वि०) चालन- ; —óй ремéнь चालन-पट्टी ।

приво́з (पुं०) १. लाने की क्रिया ; २. आयात ।

привоз||и́ть (अपू०), **привезти́** (पू०) (भवि० привезý, привезёшь) लाना ; —и́ть сюдá यहाँ लाओ ; —и́ть обрáтно वापस लाओ ।

привозн||о́й, —ый (वि०) आयात किया हुआ ; दिसावर से मँगाया हुआ ।

привола́кивать (अपू०), **приволочи́ть, приволо́чь** (पू०) (приволóчь से приволокý, приволочёшь) लाना ; घसीटना ।

приволокну́ться (आत्म० पू०) किसी स्त्री के पीछे फिरने लगना ।

приволочи́ть, приволо́чь दे० приволáкивать.

приво́ль||е (नपुं०) १. स्वतन्त्रता ; жить в п. स्वतन्त्रतापूर्वक रहना ; २. विस्तार ; फैलाव ; **—ный** (वि०) स्वतन्त्र ; —ная жизнь स्वतन्त्र जीवन ।

приворáживать (अपू०), **привороже́ть** (पू०) जादू करना ; मन्त्र चलाना ।

привра́тн||ик (पुं०) द्वारपाल ; दरबान ; **—ица** (स्त्री०) द्वारपालिका ।

привра́ть दे० привира́ть.

привска́кивать (अपू०), **привскочи́ть** (पू०) कूद पड़ना ; उछल पड़ना ।

привстава́ть (अपू०), **привста́ть** (पू०) (वर्त० привстаю́, привстаёшь ; भवि० привста́ну, привста́нешь) १. उठना ; खड़ा होना ; २. (घोड़े की) रफ़्तार धीमी करना ।

прив‖ыка́ть (अपू०), **привы́кнуть** (पू०) (-की) आदत पड़ जाना ; (-का) अभ्यस्त होना ; स्वभाव पड़ जाना ; он уже́ —ы́к к э́тому वह इसका अभ्यस्त हो चुका है ।

привы́ч‖ка (स्त्री०) आदत ; स्वभाव ; по —е स्वभाव से/आदत से ; вы́работать в себе́ —у अपनी आदत बनाना ; он приобрёл —у кури́ть пе́ред сном उसको सोने से पहले तम्बाकू पीने की आदत पड़ गयी ; **—ность** (स्त्री०) अभ्यस्तता ; **—ный** (वि०) अभ्यस्त ; आदी ।

привя́занн‖ость (स्त्री०) आसक्ति ; स्नेह ; लगाव ; प्रेम ; भक्ति ; **—ый** ; १. привяза́ть से कृदन्त ; २. (वि०) आसक्त ; स्नेही ; भक्त ; प्रेमी ।

привяза́ть(ся) दे० привя́зывать(ся).

привя́зка (स्त्री०) топографи́ческая п. (सेना०) सर्वेक्षण ।

привя́зчив‖ость (स्त्री०) १. आसक्ति ; स्नेहशीलता ; वत्सलता ; २. चिपक जाने/पीछे पड़ जाने/उबा देने का भाव ; **—ый** (वि०) १. स्नेहशील ; वत्सल ; २. चिपक जानेवाला ; पीछे पड़ जानेवाला ; उबा देनेवाला ; ३. दु:खद ; कष्टकर ।

привя́зывать (अपू०), **привяза́ть** (पू०) (भवि० привяжу́, привя́жешь) (-से) बाँधना ; (पशु के) पगहा बाँधना ; п. ло́шадь घोड़ा बाँधना ; **—ся** (आत्म०) १. (-से) बँध जाना ; प्रेम में बँध जाना ; २. चिपक जाना ; पीछे पड़ जाना ; что ты к нему́ привяза́лся तू उसके पीछे क्यों पड़ गया है ?

при́вязь (स्त्री०) बन्धन ; (कुत्ते का) पट्टा ; पगहा ; रस्सा ।

пригвожда́ть (अपू०), **пригвозди́ть** (पू०) (भवि० пригвозжу́, пригвозди́шь) कीलों से ठोकना/गाड़ना ; पिन से लगाना ।

пригиба́ть (अपू०), **пригну́ть** (पू०) थोड़ा-सा झुकाना ; **—ся** (आत्म०) १. थोड़ा-सा झुकना ; २. пригиба́ть का कर्मवाच्य ।

пригла́живать (अपू०), **пригла́дить** (पू०) (भवि० пригла́жу, пригла́дишь) समतल करना ; साफ़ करना ; (बालों को) सँवारना ; **—ся** (आत्म०) अपने बाल सँवारना ।

пригласи́тельный (वि०) निमन्त्रण का ; п. биле́т निमन्त्रण-पत्र ।

пригла‖ша́ть (अपू०), **пригласи́ть** (पू०) (भवि० приглашу́, пригласи́шь) १. आमन्त्रित करना ; —ша́ть на ча́шку ча́я चाय पर बुलाना ; —ша́ть на обе́д खाने पर बुलाना / आमन्त्रित करना ; २. (डाक्टर आदि को) बुला भेजना ; ३. उजरत पर रखना ; —ша́ть на рабо́ту काम पर बुलाना/नौकरी देना; **—ше́ние** (नपुं०) १. निमन्त्रण ; बुलावा ; २. उजरत पर रखने की क्रिया ।

приглуша́ть (अपू०), **приглуши́ть** (पू०) (आँच, आवाज़ आदि को) मन्द करना ; п. го́лос आवाज़ मन्द करना ।

пригля́дывать (अपू०), **пригляде́ть** (पू०) (भवि० пригля́жу, пригляди́шь) १. चुनना ; छाँटना ; २. देख-भाल करना ; п. за детьми́ बच्चों की देख-भाल करना ; **—ся** (आत्म०) १. (-का) अभ्यस्त हो जाना ; (-का) आदी होना ; २. ध्यान से देखना ; निरीक्षण करना ; ३. (केवल पू०) जी भर जाना ; ему́ пригляде́лись э́ти карти́ны इन चित्रों से उसका जी भर गया ।

пригляну́ться (आत्म० पू०) किसीकी नज़रों में चढ़ जाना ; п. кра́сивым де́вицам सुन्दर युवतियों की नज़रों में चढ़ जाना ।

пригна́ть दे० пригоня́ть.

пригну́ть(ся) दे० пригиба́ть(ся).

пригова́ривать -I. (अपू०) बार-बार कहना ; दुहराना ; कहते रहना ।

пригова́ривать -II. (अपू०), **пригово́ри́ть** (पू०) दंड देना ; सज़ा देना ; п. к сме́рти मृत्यु-दंड देना ।

пригово́р (पुं०) (अदालती) सज़ा ; दंड ; निर्णय ; сме́ртный п. मृत्यु-दंड ।

пригоди́ться (आत्म० पू०) (भवि० пригожу́сь, пригоди́шься) काम आना ; लाभकर होना ।

пригодн||ость (स्त्री०) लाभकारिता ; **—ый** (वि०) लाभकर ; काम आनेवाला ।

приго́жий (वि०) सुन्दर ।

приголу́бить (पू०) (भवि० приголу́блю, приголу́бишь) लाड़ करना ; प्यार करना ।

приго́н (पुं०) पशुओं को घर हाँककर लाने की क्रिया ।

приго́нка (स्त्री०) फ़िट करने की क्रिया ; समायोजन ; п. по глаза́м (दूरबीन आदि को) फ़ोकस करना ; п. маши́ны इंजन फ़िट करना ।

пригоня́ть (अपू०), **пригна́ть** (पू०) १. (पशुओं को) हाँककर लाना ; २. फ़िट करना ; समायोजन करना ; п. маши́ну इंजन फ़िट करना ।

пригор||а́ть (अपू०), **пригоре́ть** (पू०) जलना ; молоко́ —е́ло दूध जल गया ।

при́город (पुं०) नगरोपान्त ; बाहरी बस्तियाँ ; मुफ़स्सिल ।

при́городный (वि०) नगरोपान्तिक ; नगर के आस-पास का ; मुफ़स्सिल ; п. поезд दे० по́езд.

приго́рок (पुं०) छोटी पहाड़ी ।

при́горшня (स्त्री०) मुट्ठी भर ; अंजुलि भर ।

пригорю́ниваться (आत्म० अपू०), **пригорю́ниться** (आत्म० पू०) उदास होना ; उद्विग्न होना ।

приготови́тельный (वि०) तैयारी का ; प्रारम्भिक ।

пригото́вить(ся) (अपू०) दे० готови́ть(ся).

приготов||ле́ние (नपुं०) तैयारी ; без —ле́ния बिना तैयारी ; **—ля́ть(ся)** = **гото́вить(ся)**.

пригрева́ть (अपू०), **пригре́ть** (पू०) १. (ऊपर से) गर्म करना ; २. पनाह देना ; शरण देना ; सद्व्यवहार करना ; ☐ пригре́ть змею́ на груди́ आस्तीन में साँप पालना ।

пригре́зиться दे० гре́зиться.

пригре́ть दे० пригрева́ть.

пригрози́ть दे० грози́ть.

пригуби́ть (पू०) (भवि० пригу́блю, пригу́бишь) घूँट भरना ; स्वाद चखना ।

придава́ть (अपू०), **прида́ть** (पू०) (वर्त० придаю́, придаёшь, भवि० прида́м, прида́шь) १. जमा करना ; बढ़ाना ; जोड़ना ; २. (सेना०) किसीके अधिकार में देना ; ३. значе́ние чему́-л. किसी वस्तु को महत्व देना ; п. ду́ху बढ़ावा देना/उत्साहित करना ; п. лоск चमकाना/पालिश करना ।

прида́вливать (अपू०), **придави́ть** (पू०) (भवि० придавлю́, прида́вишь) दबाना ; п. ка́мнем पत्थर के नीचे दबाना ।

прида́ни||е (नपुं०) : для —я ему́ си́лы उसको शक्ति देने के लिए ; для —я зако́нной си́лы क़ानून लागू (जारी) करने के लिए ।

прида́ное (पुं०) (वि० रू०) दहेज ।

прпда́то||к (पुं०) परिशिष्ट ; **—чный** (वि०) १. अतिरिक्त ; सहायक ; २. (वन०) अस्थानिक ; —чная по́чка अस्थानिक कलिका ।

прида́ть दे० придава́ть.

прнда́||ча (स्त्री०) : в —чу साथ में/(-के) अतिरिक्त ; в —чу он получи́л ещё одну́ кни́гу साथ में उसे एक पुस्तक मिल गयी ।

придвига́ть (अपू०), **придви́нуть** (पू०) सरकाना ; खींचना ; придви́нуть стол к стене́ मेज़ दीवार की ओर सरकाना/खींचना ; **—ся** (आत्म०) १. सरकना ; समीप/निकल आना ; २. придвига́ть का कर्मवाच्य ।

придво́рный (वि०) १. राजदरबारी ; п. врач राजवैद्य ; २. (संज्ञा की तरह प्रयुक्त) (वि० रू०) दरबारी ।

приде́лывать (अपू०), **приде́лать** (पू०) जड़ना ; приде́лать замо́к к две́ри दरवाज़े पर ताला जड़ना ।

приде́рживать (अपू०), **придержа́ть** (पू०) रोकना ; ☐ придержа́ть язы́к ज़बान को क़ाबू में रखना ।

приде́рживаться (आत्म० अपू०) १. डटे रहना ; दृढ़ रहना ; चिपके रहना ; п. мне́ния अपनी राय पर डटे रहना ; п. пра́вила नियम का पालन करना ; п. те́мы विषय से विचलित न होना ; п. бе́рега किनारे पर रहना ; २. приде́рживать का कर्मवाच्य ।

приди́ра (स्त्री०) (उभ०) छिद्रान्वेषी/छिद्रान्वेषिणी ; दूसरों के दोष ढूँढनेवाला/वाली ।

придира́ться (आत्म० अपू०), **придра́ться** (आत्म० पू०) (भवि० придеру́сь, придерёшься) १. छिद्रान्वेषण करना ; दूसरों के दोष ढूँढना ; नुक़्स निकालना ; २. लाभ उठाना ; придра́ться к слу́чаю अवसर से लाभ उठाना ।

приди́р||ка (स्त्री०) छिद्रान्वेषण ; दूसरों के दोष ढूँढते रहना ; **—чивость** (स्त्री०) छिद्रान्वेषण का भाव ; **—чивый** (वि०) छिद्रान्वेषी ।

придоро́жный (वि०) सड़क के किनारे का ; सड़क के पास का ।

придра́ться दे० придира́ться.

приду́мывать (अपू०), **приду́мать** (पू०) सोच लेना ; आविष्कार करना ; (बात आदि) गढ़ना ।

придуркова́тый (वि०) मूर्ख ; जड़मति ।

при́дур||ь (स्त्री०) : с —ю बेवकूफ़-सा/मूर्ख-सा ।

придуши́ть (पू०) गला घोंटना ।

придыха́ние (नपुं०) श्वास खींचना ।

приеда́ться (आत्म० अपू०), **прие́сться** (आत्म० पू०) (भवि० прие́мся, прие́шься) जी भर जाना ; смý прие́лось э́то кýшанье इस खाने से उसका जी भर गया है ; така́я му́зыка ему́ прие́лась इस प्रकार के संगीत से उसका जी भर गया है ।

прие́зд (पुं०) आगमन ; с —ом स्वागतम् ।

приезжа́ть (अपू०), **прие́хать** (पू०) (भवि० прие́ду, прие́дешь) (किसी सवारी पर) आ जाना ; पहुँचना ।

приезжа́ющий : १. приезжа́ть से कृदन्त ; २. (संज्ञा की तरह प्रयुक्त) (वि० रू०) आगन्तुक ; आनेवाला ।

приём (पुं०) १. (पार्सल की) प्राप्ति ; (अतिथि, दर्शक का) स्वागत ; मिलना ; час(ы́) —а मिलने का समय ; оказа́ть хоро́ший п. अच्छा स्वागत करना ; раду́шный п. हार्दिक स्वागत ; २. (दल, पार्टी आदि में) प्रवेश ; ३. (दवा की) ख़ुराक ; лека́рства оста́лось на два —а दवा की केवल दो ख़ुराकें रह गयी हैं ; ४. ढँग ; лече́бный п. चिकित्सा का ढँग ; ☐ в два три —а दो, तीन क़दमों/डगों में ।

приёмка (स्त्री०) दे० приём-१.

прие́млем||ость (स्त्री०) ग्राह्यता ; स्वीकार्यता ; **—ый** (वि०) ग्राह्य ; स्वीकार्य ।

приёмная (स्त्री०) (वि० रू०) १. प्रतीक्षालय ; २. स्वागत-कक्ष ; बैठक ।

приёмник (पुं०) रेडियो-सैट ।

приёмн||ый (वि०) १. मिलने का ; स्वागत का ; п. день मिलने का दिन ; —ые часы́ मिलने का समय ; —ые испыта́ния प्रवेश-परीक्षा ; २. —ая мать उपमाता/धर्ममाता ; п. сын दत्तकपुत्र/मुतबन्ना ।

приёмочный (वि०) приёмка से वि० ; п. докуме́нт प्राप्ति का दस्तावेज़ ।

приёмщик (पुं०) संग्राही ; प्राप्तकर्ता ।

приёмыш (पुं०) गोद लिया हुआ बच्चा ; दत्तकपुत्र ; मुतबन्ना ।

прие́сться दे० приеда́ться.

прие́хать दे० приезжа́ть.

прижа́ть दे० прижима́ть.

прижа́ться दे० жа́ться-1 और прижима́ться.

приже́чь दे० прижига́ть.

прижива́л||ка (स्त्री०), **—льщик** (पुं०) परजीवी ; टुकड़खोर ।

прижива́ть (अपू०), **прижи́ть** (पू०) (भवि० приживу́, приживёшь) (बच्चे) पैदा करना ; они́ прижи́ли мно́го дете́й उन्होंने बहुत बच्चे पैदा किये ; **—ся** (आत्म०) (किसी स्थान का) अभ्यस्त होना ; अनुकूल होना ; (पौधे आदि का) जड़ पकड़ना ।

прижига́ние (नपुं०) दाग़ने की क्रिया ; झुलसाने की क्रिया ।

прижига́ть (अपू०), **приже́чь** (पू०) (भवि० прижгу́, прижжёшь) दाग़ना ; झुलसाना ; जलाना ।

прижима́ть (अपू०) **прижа́ть** (पू०) (прижму́, прижмёшь) ; १. (-की ओर) दबाना ; (-से) लगाना ; п. к груди́ छाती से लगाना ; २. दबाना ; п. должнико́в कर्ज़ देनेवालों को दबाना ; **—ся** (आत्म०) १. (-के) साथ लगाना ; (-के) समीप लेटना/बैठना ; भिंचकर बैठना/खड़े होना ; २. прижима́ть का कर्मवाच्य ।

прижи́мистый (वि०) कृपण ; कंजूस ; मक्खीचूस ।

прижи́ть(ся) दे० прижива́ть(ся).

приз (पुं०) पुरस्कार ; पारितोषिक ; इनाम ; де́нежный п. (पुरस्कार-रूप में दी गयी) थैली ; получа́ть п. पुरस्कार प्राप्त करना ; присужда́ть п. पुरस्कार देना ।

призаду́мываться (आत्म० अपू०), **призаду́маться** (आत्म० पू०) सोच-विचार में पड़ना ; हिचकिचाना ।

призаня́ть (पू०) उधार लेना ।

призва́ни||е (नपुं०) व्यवसाय ; पेशा ; худо́жник по —ю व्यवसाय से चित्रकार ।

призва́ть दे० призыва́ть.

призе́мист||ый (वि०) गोल-मटोल ; मोटा और नाटा ; —ая фигу́ра गोल-मटोल आदमी ; नाटा और मोटा व्यक्ति ।

приземля́ть(ся) (आत्म० अपू०), **приземли́ться** (आत्म० पू०) (हवाई जहाज़ का) अवतरण ; भूमि पर उतरना ।

призёр (पुं०) पुरस्कार-विजेता ; इनाम जीतनेवाला ।

при́зма (स्त्री०) (गणित) समपार्श्व ; प्रिज़्म ।

признава́ть (अपू०), **призна́ть** (पू०) (वर्त० признаю́, признаёшь ; भवि० призна́ю, призна́ешь) १. अंगीकार करना ; मान लेना ; п. прави́тельство सरकार को अंगीकार करना / मान लेना ; п. свою́ вину́ अपना अपराध मान लेना ; п. свои́ оши́бки अपनी ग़लतियाँ मानना ; п. недействи́тельным रद्द करना ; २. पहचानना ; समझना ; он призна́л во мне ру́сского वह मुझे रूसी समझा ; я вас сра́зу не призна́л मैंने आपको तुरन्त ही नहीं पहचाना ; **—ся** (आत्म०) १. स्वीकार करना ; मानना ; призна́ться во всём सब-कुछ मान जाना ; २. признава́ть का कर्मवाच्य ; □ призна́ться (сказа́ть) सच कहूँ तो... ; на́до призна́ться मानना पड़ेगा कि... ।

при́знак (पुं०) लक्षण ; चिह्न ; निशानी ; п. боле́зни बीमारी का लक्षण ; по —у -के आधार पर ; обнару́живать —и уста́лости थकावट के चिह्न दिखायी देना ।

призна́ние (नपुं०) अंगीकरण ; स्वीकरण ; मानना ।

при́знанный (कृदन्त और वि०) अंगीकृत ; माना हुआ ; п. писа́тель माना हुआ/प्रतिष्ठित लेखक ।

призна́||тельность (स्त्री०) कृतज्ञता ; **—тельный** (वि०) कृतज्ञ ; **—ть(ся)** दे० признава́ть(ся).

призово́й (वि०) приз से वि० ।

призо́р (पुं०) : без —а उपेक्षित ।

при́зрак (पुं०) भूत ; प्रेत ; छाया ; гоня́ться за —ами छायाओं के पीछे भागना ; ужа́сный п. भयंकर भूत ।

при́зрачн||ость (स्त्री०) भ्रान्ति ; **—ый** (वि०) १. भूत प्रेत-सम्बन्धी ; २. भ्रान्तिपूर्ण ।

призрева́ть (अपू०), **призре́ть** (पू०) (दान से) भरण-पोषण करना ।

призре́ни||е (नपुं०) भरण-पोषण ; देख-भाल ; दान ; дом —я бе́дных दरिद्रालय ; खैरातखाना ।

призре́ть दे० призрева́ть.

призы́в (पुं०) १. आह्वान ; आमन्त्रण ; बुलावा ; по —у па́ртии पार्टी के आह्वान पर ; २. (सेना में) सेवा का बुलावा ।

призыва́ть (अपू०), **призва́ть** (पू०) (भवि० призову́, призовёшь) आमन्त्रित करना ; बुलाना ; п. на вое́нную слу́жбу सैनिक सेवा के लिए बुलाना ; п. на по́мощь सहायता के लिए बुलाना ; **—ся** (आत्म०) बुलाया जाना ।

призывн||и́к (पुं०) (सैनिक सेवा के लिए) बुलाया हुआ जवान ; **—о́й** (वि०) : —о́й во́зраст सेना में भरती की आयु ।

призы́вный (वि०) आमन्त्रण का ; बुलावे का ; п клич आमन्त्रण ; बुलावा ।

при́иск (पुं०) खान ; золоты́е —и सोने की खानें ।

прииска́ние (नपुं०) ढूँढने की क्रिया ।

при́искивать (अपू०), **приискáть** (पू०) (भवि० приищу́, прии́щешь) ढूँढना ; तलाश करना ।

при́исковый (वि०) खान-सम्बन्धी ; खान का ।

прийти́(сь) दे० приходи́ть(ся).

прика́з (पुं०) १. आदेश ; हुक्म ; по —у (-के) आदेश से ; отдава́ть п. आदेश देना ; २. विभाग ; दफ़्तर ; **—а́ние** (नपुं०) आदेश ; (अदालत की) निरोधाज्ञा ; **—а́ть** दे० прика́зывать ; **—ный** (वि०) १. दफ़्तर का ; विभाग का ; २. (संज्ञा की तरह प्रयुक्त) (वि० रू०) क्लर्क ; करणिक ; मुंशी ।

прика́зчик (पुं०) १. (दुकान में) बिक्रीकर्त्ता ; २. (जायदाद का) कार्यचालक ; कारिन्दा ; कारकुन ।

прика́||зывать (अपू), **приказа́ть** (पू०) (भवि० прикажу́, прика́жешь) आदेश देना ; हुक्म देना ; что —жете ? क्या आज्ञा है ? ; как —жете जैसी आज्ञा ।

прика́лывать (अपू०), **приколо́ть** (पू०) १. पिन से लगाना ; २. (छुरा आदि घोंपकर) जान से मार देना ।

прика́нчивать (अपू०), **прико́нчить** (पू०) समाप्त कर देना ।

прикарма́нивать (अपू०), **прикарма́нить** (पू०) जेब में डालना ।

прика́рмливать (अपू०), **прикорми́ть** (पू०) (भवि० прикормлю́, прико́рмишь) १. (कबूतर आदि को) दाना डालकर लुभाना ; लासा देना ; २. (केवल अपू०) बच्चे से माँ का दूध छुड़ाना ।

прикаса́ться (आत्म० अपू०), **прикосну́ться** (आत्म० पू०) छूना ।

прика́тывать (अपू०); **прикати́ть** (पू०) (भवि० прикачу́, прика́тишь) १. -तक लुढ़क आना ; २. आ पहुँचना ।

прики́дывать (अपू०), **прики́нуть** (पू०) १. (-में) और डालना/फेंकना ; २. अनुमान करना ; अन्दाज़ा लगाना ; ३. (कपड़ों के नाप की) आज़माइश करना ; п. на веса́х तोलना ; **—ся** (आत्म०) १. (-का) बहाना करना ; прикиды́ваться больны́м बीमार होने का बहाना करना ; २. прики́дывать का कर्मवाच्य ।

прикла́д (पुं०) १. (बन्दूक आदि का) मोटा भारी किनारा ; २. (वस्त्रों की) किनारी ; गोटा ।

прикла́дка (स्त्री०) (बन्दूक का) निशाना बाँधने की क्रिया ।

прикладн||о́й (वि०) उपयोजित ; —ые нау́ки उपयोजित विज्ञान ।

прикла́дывать (अपू०), **приложи́ть** (पू०) १. (-से) जोड़ना ; साथ लगाना ; २. (-के पास) रखना/पर लगाना ; приложи́ть часы́ к у́ху घड़ी कान से लगाना ; приложи́ть к ноге́ пла́стырь टाँग पर पलस्तर चढ़ाना ; ☐ п. печа́ть मुहर लगाना ; п. ру́ку हस्ताक्षर करना ;

приложи́ть всё стара́ние पूरा ज़ोर लगाना ; ума́ не приложу́ मेरी तो समझ में नहीं आता ; **—ся** (आत्म०) १. निशाना साधना ; २. चूमना ; ३. прикла́дывать का कर्मवाच्य ।

прикле́ивать (अपू०), **приклеи́ть** (पू०) (सरेस/गोंद/लेई आदि से) चिपकाना ; **—ся** (आत्म०) १. चिपकना ; २. прикле́ивать का कर्मवाच्य ।

приклёпывать (अपू०), **приклепа́ть** (पू०) धातु के टुकड़ों को दुनोकी कीलों (रिवटों) से जोड़ना ।

приклони́ть (पू०) : он не зна́ет где п. го́лову उसे सिर छिपाने तक को कोई ठिकाना नहीं ।

приключа́ться (आत्म० अपू०), **приключи́ться** (आत्म० पू०) घटित होना ।

приключе́ние (नपुं०) जीवट का काम ; साहसपूर्ण कार्य ।

приключи́ться दे० приключа́ться.

прико́вывать (अपू०), **прикова́ть** (पू०) (भवि०—ку́ю) गढ़ना ; गर्म करके हथौड़े से पीटकर बनाना ; रिवटों (दुनोकी कीलों) से जोड़ना ; □ п. чьё-л. внима́ние किसीका चित्त एकाग्र कराना ।

прикола́чивать (अपू०), **приколоти́ть** (पू०) (भवि० приколочу́, приколо́тишь) कीलें ठोककर गाड़ना/जोड़ना ।

приколо́ть दे० прика́лывать.

прико́нчить दे० прика́нчивать.

прикопи́ть (पू०) (भवि० прикоплю́, прико́пишь) बचाना ; बचाकर रखना ; जमा करना ; п. де́нег धन जमा करना ।

прико́рм (पुं०) (मछली आदि पकड़ने के लिए काँटे पर लगाया गया) कीड़ा ; लासा ; (बच्चों का दूध छुड़ाते समय लालच के लिए दिया गया) खाना ।

прикорми́ть दे० прика́рмливать.

прикорну́ть (पू०) (किसी चीज का सहारा लेकर अथवा असुविधाजनक स्थिति में) झपकी लेना ; सोना।

прикоснове́н‖ие (नपुं०) १. स्पर्श ; при —ии स्पर्श से ; २. (केवल एकवचन) सम्बन्ध ; वास्ता ; **—ность** (स्त्री०) सम्बन्ध ; वास्ता ; он к э́тому не име́л никако́й —ности इससे उसका कोई वास्ता नहीं था ।

прикосну́ться दे० прикаса́ться.

прикра́‖са (स्त्री०) अतिरंजना ; без —с बिना अतिरंजना के / वास्तविक रूप में ।

прикра́шивать (अपू०), **прикра́сить** (पू०) (भवि० прикра́шу, прикра́сишь) अतिरंजित करके बताना ।

прикрепи́ть दे० прикрепля́ть.

прикрепле́ние (नपुं०) १. बाँधने/जोड़ने की क्रिया ; २. (रजिस्टर आदि में) इन्दराज ।

прикрепля́ть (अपू०), **прикрепи́ть** (पू०) (भवि० прикреплю́ прикрепи́шь) १. (-से) पक्का करना ; बाँधना ; लगाना ; п. бума́гу к сто́лу кно́пками मेज़ पर पिनें लगाकर काग़ज़ लगाना ; २. (रजिस्टर आदि में) दर्ज करना ।

прикри́кивать (अपू०), **прикри́кнуть** (पू०) चिल्लाना ; ज़ोर से बोलना ।

прикру́чивать (अपू०), **прикрути́ть** (पू०) (भवि० прикручу́, прикру́тишь) १. (मरोड़कर या बटकर) बाँधना ; п. ру́ки к спи́не मरोड़कर हाथ पीठ पर रखना ; २. (मरोड़कर या घुमाकर) नीचे को करना ; п. фити́ль в ла́мпе लालटैन की बत्ती नीचे को करना ।

прикрыва́ть (अपू०), **прикры́ть** (पू०) (भवि० прикро́ю, прикро́ешь) १. ढँकना ; छिपाना ; (खिड़की, दरवाजा इत्यादि) बन्द करना ; २. बचाव करना ; ढाँपना ; п. глаза́ руко́й (от со́лнца) (सूर्य के प्रकाश से बचने के लिए) आँखों को हाथ से ढाँप लेना ; ३. परिसमापन करना ; **—ся** (आत्म०) १. (अपने आपको) ढाँपना ; छिपाना ; २. परिसमापन होना ; ३. прикрыва́ть का कर्मवाच्य ।

прикры́т‖ие (नपुं०) (सेना०) अनुरक्षण ; मार्गरक्षण ; под —ем -के अनुरक्षण में ।

прикры́ть(ся) दे० прикрыва́ть(ся).

прикупа́ть (अपू०), **прикупи́ть** (पू०) (भवि० прикуплю́, прику́пишь) और अधिक खरीदना ; п. (ещё) са́хару और अधिक खाँड खरीदना ।

прику́ривать (अपू०), **прикури́ть** (पू०) किसी दूसरे की सिगरेट से अपनी सिगरेट सुलगाना ।

прику́с (पुं०) (काटने के लिए) भिंचे हुए दाँतों की स्थिति ; ни́жний п. निचले दाँत/निचला जबड़ा ।

прикуси́ть दे० прику́сывать.

прику́ска (स्त्री०) घोड़ों का दाँतों से तोबड़ा चबाना और साथ ही ज़ोर-ज़ोर से साँस लेना जो उसके स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होता है ।

прику́с||ывать (अपू०), **прикуси́ть** (पू०) (भवि० прикушу́, прику́сишь) दाँतों से काटना ; прикуси́ть (себе́) язы́к अपनी जीभ वश में रखना / मुँह बन्द रखना ।

прила́||вок (पुं०) (दुकान का) बिक्री-पटल (अंग्रेज़ी—काउंटर) ; рабо́тник —вка बिक्रीकर्ता ।

прилага́емый (कृदन्त और वि०) साथ लगा हुआ/जुड़ा हुआ ।

прилага́тельное (वि०) : и́мя п. (व्या०) विशेषण ।

прилага́ть (अपू०), **приложи́ть** (पू०) १. = прикла́дывать-१. ; २. लगाना ; п. уси́лия ज़ोर लगाना / कोशिश करना ।

прила́живать (अपू०), **прила́дить** (पू०) (भवि० прила́жу, прила́дишь) अनुकूल बनाना ; ठीक कर देना ।

приласка́||ть (पू०) लाड़ करना ; आलिंगन करना ; पुचकारना ; **—ться** (आत्म० पू०) (पास आकर, प्रेमवश) लोटना ; ко́шка —лась к хозя́йке बिल्ली मालिकन के पास आकर प्रेमवश लोटने लगी ।

прилега́ть (अपू०), **приле́чь** (पू०) (भवि० приля́гу, приля́жешь) १. (कपड़े आदि का) ठीक बैठना ; २. (केवल अपू०) (-से) लगा होना ; сад прилега́ет к реке́ बाग़ नदी से लगा हुआ है ; ३. (केवल अपू०) थोड़ी देर लेटना/आराम करना ।

прилега́ющий (वि०) १. (वस्त्र आदि) ठीक नाप का ; २. लगा हुआ ; जुड़ा हुआ ; आसन्न ; पार्श्ववर्ती ; समीप का ।

прилежа́ние (नपुं०) परिश्रम ; उद्योग ।

прилежа́щий (वि०) (गणित) आसन्न ।

приле́жн||о (क्रि० वि०) परिश्रम से ; उद्योग से ; **—ый** (वि०) परिश्रमी ; उद्योगी ।

прилепля́ть (अपू०), **прилепи́ть** (पू०) (भवि० прилеплю́, приле́пишь) (गोंद/सरेस/लेई आदि से) चिपकाना ; **—ся** (आत्म०) १. चिपकना ; २. прилепля́ть का कर्मवाच्य ।

прилёт (पुं०) (हवाई जहाज़, पक्षियों का) आगमन ।

прилета́ть (अपू०), **прилете́ть** (पू०) (भवि० прилечу́, прилети́шь) उड़ आना ; हवाई जहाज़ द्वारा आना ; उड़ते आना ; जल्दी से आना ।

приле́чь दे० прилега́ть.

прили́в (पुं०) १. बहाव ; ज्वार ; चढ़ाव ; लहर ; तरंग ; आवेश ; प्रवाह ; волна́ —а ज्वार-भाटे की लहर ; п. го́рдости अभिमान की लहर ; п. гне́ва क्रोधावेश ; п. капита́ла पूँजी का प्रचुर परिमाण में आना/पूँजी का प्रवाह-सा आ जाना ; २. (किसी अंग में रुधिर का) अधिक संचय ; ३. (टेक०) उभार ; गाँठ ।

прилива́ть (अपू०), **прили́ть** (पू०) (भवि० прилью́, прильёшь) (-की ओर) बहना ; (रक्त का) वेग से बहना ।

приливн||о́й, —ый (वि०) ज्वारभाटा-सम्बन्धी ।

прили́зывать (अपू०), **прилиза́ть** (पू०) १. (भवि० прилижу́, прили́жешь) (जीभ से चाटकर) साफ़ करना ; २. (बालों को) चिकना अथवा चमकदार बनाना ।

прилипа́ть (अपू०), **прили́пнуть** (पू०) चिपटना ; चिपकना ।

прили́пчивый (वि०) १. आसंजी ; चिपचिपा ; (व्यक्ति) चिपक जानेवाला ; २. (रोग) स्पर्शज ; संक्रामक ।

прили́стник (पुं०) (वन०) अनुपत्र ; जुड़ा हुआ छोटा पत्ता (अंग्रेज़ी—स्टिप्यूल)।

прили́ть दे० приливáть.

прили́чи||е (नपुं०) १. औचित्य ; २. सौजन्य ; из —я सौजन्यवश।

прили́чн||о (क्रि० वि०) १. औचित्यपूर्वक ; सौजन्य से ; २. अच्छी तरह ; **—ый** (वि०) १. उचित ; सौजन्यपूर्ण ; सुन्दर ; २. अच्छा ; खासा ; —ый перевóд अच्छा अनुवाद।

приложéние (नपुं०) १. (मुहर आदि) लगाने/अंकित करने की क्रिया ; २. (पत्र आदि के साथ भेजा हुआ काग़ज़ आदि) संलग्न-पत्र ; ३. (पत्रिका का) परिशिष्ट ; ४. (व्या०) समानाधिकरण ; ५. (दवा आदि का) लेप।

приложи́ть दे० приклáдывать और прилагáть.

приложи́ться दे० приклáдываться.

прильну́ть दे० льнуть.

примáзываться (आत्म० अपू०), **примáзаться** (आत्म० पू०) (भवि० примажу́сь, примáжешься) चिपकना ; साथ लगे रहना।

примáнивать (अपू०), **примани́ть** (पू०) फुसलाना ; बहकाना।

примáнка (स्त्री०) फुसलावा ; बहकावा ; प्रलोभन।

примáт (पुं०) श्रेष्ठता ; उत्तमता।

примáты (बहु०) प्राईमेट (अपने बच्चों को दूध पिलानेवाले प्राणियों का प्रथम वर्ग)।

примáчивать (अपू०), **примочи́ть** (पू०) गीला करना ; सीला करना।

примелькá||ться (आत्म० अपू०) егó лицó мне —лось उसका चेहरा मेरे लिए परिचित हो गया।

примен||éние (नपुं०) (औषधि का) लेप ; प्रयोग ; находи́ть п. प्रयोग का पता लगा लेना ; **—и́мый** (वि०) प्रयोज्य ; उपयुक्त ; **—и́тельно** (क्रि० वि०) (-के) अनुरूप।

применя́ть (अपू०), **примени́ть** (पू०) प्रयोग में लाना ; लागू करना ; п. на прáктике व्यवहार में लाना ; **—ся** (आत्म०) १. (अपने आपको) अनुकूल बनाना ; अनुरूप ढालना ; २. применя́ть का कर्मवाच्य।

примéр (पुं०) उदाहरण ; привести́ п. उदाहरण देना ; для —а उदाहरण के लिए ; не в п. други́м अपवाद-रूप में ; к —у उदाहरण के तौर पर।

примерзáть (अपू०), **примёрзнуть** (पू०) जमना ; बर्फ़ में परिणत होना।

примéр||ить दे० примеря́ть और мéрить ; **—ка** (स्त्री०) (कपड़े को) पहनकर आज़माइश करने की क्रिया।

примéрн||о (क्रि० वि०) १. आदर्श रूप में ; उत्तम रीति से ; शिष्ट ढँग से ; २. अनुमान से ; अन्दाज़न ; **—ый** (वि०) १. आदर्शभूत ; अनुकरणीय ; २. अनुमान का ; अन्दाज़े का।

примеря́ть (अपू०), **примéрить** (पू०) कपड़े के नाप की आज़माइश करना ; **—ся** (आत्म०) १. लक्ष्य करना ; २. примеря́ть का कर्मवाच्य।

при́месь (स्त्री०) १. मिश्रण ; २. आभा।

примéта (स्त्री०) चिह्न ; निशानी ; —ы प्रत्यक्ष चिह्न।

приметáть दे० примётывать.

примéтить दे० примечáть.

примéтлив||ость (स्त्री०) तीक्ष्णदृष्टि ; तेज़ नज़र ; **—ый** (वि०) तीक्ष्णदृष्टि ; तेज़ नज़रवाला।

примéтный (वि०) १. दृष्टिगोचर ; प्रत्यक्ष ; २. प्रख्यात ; सबसे अलग ज़ाहिर होनेवाला।

примётывать (अपू०), **приметáть** (पू०) टाँका लगाना।

примечáние (नपुं०) टीका-टिप्पणी ; पाद-टिप्पणी ; व्याख्या।

примечáтельн||ость (स्त्री०) स्मर्तव्यता ; नुमायाँपन ; दर्शनीयता ; (विशेषता के लिए) ख्याति ; **—ый** (वि०) स्मर्तव्य ; नुमायाँ ; दर्शनीय ; (विशेषता के लिए) ख्यात।

примечáть (अपू०), **примéтить** (पू०) (भवि० примéчу, примéтишь) ध्यान देना ; प्रत्यक्ष अनुभव करना ।

примéшивать (अपू०), **примешáть** (पू०) मिश्रण करना ; मिलाना ।

приминáть (अपू०), **примя́ть** (पू०) (भवि० примну́, примнёшь) कुचलना ; (पाँव से) रौंदना ; (हाथ से) चपटा करना ।

примирéнец (पुं०) समझौता करानेवाला ; मैत्री करानेवाला ।

примирéние (नपुं०) समझौता ; फ़ैसला ; सुलह ; समन्वय ; सन्तुलन ।

примирéнчество (नपुं०) समझौते की भावना ; समन्वय-भावना ।

примир||и́мый (वि०) समन्वय/समझौता/सुलह कराने योग्य ; **—и́тель** (पुं०), **—и́тельница** (स्त्री०) सुलह या समझौता करानेवाला/वाली ; **—и́тельный** (वि०) समझौता/सुलह करानेवाला ।

примиря́ть (अपू०), **примири́ть** (पू०) समझौता/सुलह कराना ; समन्वय करना ; п. противорéчивые требовáния विरोधी माँगों का समन्वय करना ।

примити́в (पुं०) आदिम ; **—ный** (वि०) आदिम ; मौलिक ।

примкну́ть दे० примыкáть.

примóлкнуть (पू०) चुप हो जाना ।

примóрский (वि०) सागरतटवर्ती ।

примóрье (नपुं०) सागरतटवर्ती प्रदेश ।

примости́ться (आत्म० पू०) (примощу́сь, примости́шься) (आराम से) बैठ जाना ।

примочи́ть दे० примáчивать.

примóчк||а (स्त्री०) (आँख आदि) धोने की दवा ; सिकाई ; п. для глаз आँखों में डालने की दवा ; дéлать —и सिकाई करना ।

при́мула (स्त्री०) अनेक रँग के फूलों का एक पोधा ।

при́мус (पुं०) प्राइमस स्टोव ।

примчáть (पू०) १. जल्दबाज़ी में लाना ; २. = примчáться ; **—ся** (आत्म० पू०) भागते हुए आना ।

примыкáние (नपुं०) १. सान्निध्य ; २. (व्या०) आसत्ति ।

примыкáть (अपू०), **примкну́ть** (पू०) १. -से जोड़ना ; примкну́ть дóски однá с другóй तख्ते एक दूसरे से जोड़ना ; २. लगाना ; जड़ना ; примкну́ть штыки́ ! बन्दूक में किरच/संगीन लगाओ !; ३. (केवल अपू०) के समीप होना ; सीमा पर होना ; ४. (व्या०) आसत्ति होना ।

примя́ть दे० приминáть.

принадлежáть (अपू०) -का होना ; -की सम्पत्ति होना ; (-से) सम्बन्ध रखना ; п. к числу́ संख्या से सम्बन्ध रखना ; п. к пáртии दल से सम्बन्ध रखना ।

пренадлéжност||ь (स्त्री०) १. सम्पत्ति ; सम्बन्ध ; п. к пáртии दल की सदस्यता ; २. (बहु०) सामग्री ; सामान ; бри́твенные —и हजामत का सामान ; пи́сьменные —и लेखन-सामग्री ; рыболóвные —и मछलियाँ पकड़ने का सामान ; □ обрати́ться по —и उपयुक्त व्यक्ति को अर्ज़ी देना ।

прина́лéчь (पू०) (भवि० приналя́гу, приналя́жешь) १. (-का) सहारा लेना ; टेक लेना ; २. जुट जाना ; он приналёг на рабóту वह काम पर जुट गया ।

принаряжáть (अपू०), **принаряди́ть** (पू०) (भवि० принаря́жу, принаря́дишь) (वस्त्र आदि पहनाकर) सजाना ; **—ся** (आत्म०) (वस्त्र आदि पहनकर) सजना ।

приневóл||ивать (अपू०), **принево-ли́ть** (पू०) विवश करना ; मजबूर करना ; он —ил мне сдéлать э́то उसने मुझे यह करने के लिए विवश किया ।

принести́ दे० принос́ить.

принести́сь = примчáться.

принижáть (अपू०), **принизить** (पू०) (भवि० принижу́, прини́зишь) १. अपमान करना ; नीचा दिखाना ; २. गर्व खर्व करना ।

прини́женность (स्त्री०) विनय ; नम्रता ; दीनता ।

прини́зить दे० принижа́ть.

принека́ть (अपू०), **прини́кнуть** (पू०) १. (छिपने के लिए) भूमि के साथ लगकर बैठ जाना ; за́яц прини́к к ку́стам खरगोश झाड़ियों के पीछे ज़मीन के साथ लगकर छिपकर बैठ गया ; п. у́хом (к) (-पर) कान लगाना ; २. चिपट जाना ।

приним||а́ть (अपू०), **приня́ть** (पू०) (भवि० приму́, при́мешь) १. लेना ; ग्रहण करना ; п. лека́рство दवा लेना/औषधि सेवन करना ; п. ва́нну स्नान करना ; п. пи́щу भोजन करना ; п. прися́гу शपथ लेना ; п. ме́ры कार्यवाही करना ; п. уча́стие भाग लेना ; п. реше́ние निर्णय करना ; —ая что-л. во внима́ние किसी बात को ध्यान में रखते हुए ; п. чью-л. сто́рону किसीका पक्ष लेना ; п. за пра́вило नियम बनाना ; п. на себя́ अपने ऊपर लेना ; п. пода́рок उपहार/भेंट स्वीकार करना ; он приня́л Сове́тское гражда́нство उसने सोवियत-नागरिकता ग्रहण कर ली ; п. христиа́нство ईसाई धर्म ग्रहण करना ; э́то так при́нято ऐसा रिवाज़ है ; २. दाखिल करना ; п. в шко́лу स्कूल में दाखिल करना ; ३. स्वीकार करना ; п. предложе́ние प्रस्ताव स्वीकार करना ; п. вы́зов चुनौती स्वीकार करना ; п. резолю́цию प्रस्ताव स्वीकार करना/पास करना ; ४. (अतिथि आदि का) स्वागत करना ; मिलना ; п. раду́шно हार्दिक स्वागत करना ; он сего́дня не —ает वह आज किसीसे नहीं मिलेगा ; ५. धारण करना ; п. вид शक्ल बनाना ; ६. समझना ; он приня́л его́ за това́рища Пе́трова वह उसको साथी पेत्रोव समझा ; за кого́ вы меня́ —аете ? आप मुझे कौन समझ रहे हैं ?/आपने मुझे क्या समझ रखा है ? ; ७. सँभाल लेना ।

приним||а́ться (आत्म० अपू०), **приня́ться** (आत्म० पू०) १. जुट जाना ; लग जाना ; —а́ться за рабо́ту काम पर जुट जाना/लग जाना ; —а́ться петь गाने लगना ; २. किसी काम को हाथ में लेना ; ३. (पौधे का) जड़ पकड़ना ; ४. (आदत) पड़ जाना ; ५. (धन, मुद्रा आदि का) प्रचलित होना ; चलन में होना ; ६. принима́ть का कर्मवाच्य ।

принора́вливать (अपू०), **приноровить** (पू०) (भवि० приноровлю́, приноровя́шь) स्थिति या समय के अनुकूल बनाना ; **—ся** (आत्म०) (अपने आपको) अनुकूल बनाना ।

прино||си́ть (अपू०), **принести́** (पू०) (वर्त० приношу́, прино́сишь ; भवि० принесу́, принесёшь) १. लाना ; п. обра́тно वापस लाना ; २. (फ़सल, लाभ आदि) देना ; लाना ; п. плоды́ फल लाना ; п. по́льзу लाभकर होना ; □ п. в же́ртву बलिदान करना ; п. благода́рность धन्यवाद देना ; п. жа́лобу शिकायत करना ; **—ше́ние** (नपुं०) भेंट ; उपहार ।

принуди́тельный (वि०) अनिवार्य ; आवश्यक ; ज़बर्दस्ती का ।

принуж||да́ть (अपू०), **прину́дить** (पू०) (भवि० прину́жу, прину́дишь) विवश करना ; मजबूर करना ; दबाव डालना ; ज़बर्दस्ती करना ; п. к молча́нию चुप होने के लिए मजबूर करना/ज़बर्दस्ती चुप कराना ; **—де́ние** (नपुं०) विवशता ; मजबूरी ; ज़बर्दस्ती ; по —де́нию विवश होकर/दबाव में आकर ; без —де́ния विना किसी दबाव के ।

принц (पुं०) राजकुमार ; शाहज़ादा ; **—е́сса** (स्त्री०) राजकुमारी ; शाहज़ादी ।

при́нцип (पुं०) सिद्धान्त ।

принципа́л (पुं०) प्रधानाचार्य ; मुखिया ।

принципиа́льн||о (क्रि० वि०) १. सिद्धान्त रूप से ; २. मुख्य रूप से ; **—ый** (वि०) सिद्धान्त का ; —ый вопро́с सिद्धान्त का प्रश्न ।

приню́хаться (आत्म० पू०) १. दे० приню́хиваться ; २. (-की) गन्ध का अभ्यस्त हो जाना ।

приню́хиваться (आत्म॰ अपू॰), **приню́хаться** (आत्म॰ पू॰) (-की ओर) नाक-भौं चढ़ाना ; तिरस्कार का भाव दर्शाना ।

приня́т||ие (नपुं॰) १. ग्रहण करने की क्रिया ; (भोजन) करने की क्रिया ; (ओषधि) सेवन ; (उपहार) स्वीकरण ; (प्रस्ताव) स्वीकरण ; по́сле —ия лека́рства ओषधि-सेवन के पश्चात् ; п. реше́ния निर्णय करना ; п. кома́ндования कमान सँभालना ; २. दाखिला ; प्रवेश ।

при́нят||ый (कृदन्त और वि॰) (प्रस्ताव आदि) स्वीकृत ; पास किया हुआ ; —ая резолю́ция स्वीकृत/पास किया हुआ प्रस्ताव ।

приня́ть(ся) दे॰ принима́ть(ся).

приободря́ть (अपू॰), **приободри́ть** (पू॰) बढ़ावा देना ; दिल बढ़ाना ; **—ся** (आत्म॰) हौसला करना ; साहस करना ।

приобрета́ть (अपू॰), **приобрести́** (पू॰) (भवि॰ приобрету́, приобретёшь) १. प्राप्त करना ; उपार्जन करना ; п. плоху́ю репута́цию बदनामी कमाना/बदनाम होना ; २. खरीदना ।

приобрете́ние (नपुं॰) १. उपार्जन ; क्रय ; खरीद ; २. उपार्जित वस्तु ; खरीदी हुई वस्तु ; सौदा ।

приобща́ть (अपू॰), **приобщи́ть** (पू॰) जोड़ना ; п. к. де́лу (काग़ज़) नत्थी करना ; (ईसाई धर्म के अनुसार) पूजा या संस्कार कराना ; **—ся** (आत्म॰) मिलना ।

приоде́ть (पू॰) (भवि॰ приоде́ну, приоде́нешь) कपड़े पहनाना ; सजाना ; **—ся** (आत्म॰) कपड़े पहनना ; सजना ।

приорите́т (पुं॰) अग्रिमता ; प्राथमिकता ।

приоса́ниться (आत्म॰ पू॰) शान में आना ; अकड़ में आना ।

приостана́вливать (अपू॰), **приостанови́ть** (पू॰) (भवि॰ приостановлю́, приостано́вишь) (थोड़ी देर के लिए) बन्द करना ; रोकना ; п. рабо́ту काम बन्द करना ; **—ся** (आत्म॰) १. (थोड़ी देर के लिए) बन्द होना ; रुकना ; २. приостана́вливать का कर्मवाच्य ।

приостано́вка (स्त्री॰) (थोड़ी देर के लिए) बन्द करने/रोकने की क्रिया ।

приотворя́ть (अपू॰), **приотвори́ть** (पू॰) (धीरे से) खोलना ; आधा खोलना ; (द्वार) आधा खुला छोड़ना ; **—ся** (आत्म॰) १. (धीरे से) खुलना ; आधा खुलना ; २. приотворя́ть का कर्मवाच्य ।

приоткрыва́ть(ся) = **приотворя́ть(ся).**

приоткры́ть(ся) = **приотвори́ть(ся).**

приохо́тить (पू॰) (भवि॰ приохочу́, приохо́тишь) रुचि पैदा करना ; **—ся** (आत्म॰) (-की ओर) रुचि होना ।

припада́ть (अपू॰), **припа́сть** (पू॰) (भवि॰ припаду́, припадёшь) १. नीचे गिरना ; लिपट जाना ; п. к груди́ кого́-л. किसीकी छाती से लिपट जाना ; п. к чьим-л. нога́м किसीके पाँव पड़ना ; п. у́хом कान लगाना ; २. (केवल अपू॰) थोड़ा-सा लँगड़ाना ; п. на пра́вую но́гу दायीं टाँग से लँगड़ाना ।

припа́док (पुं॰) दौरा ; आवेश ; आक्रमण ; п. безу́мии पागलपन का दौरा ; п. бе́шенства क्रोध का आवेश ।

припа́ивать (अपू॰), **припая́ть** (पू॰) टाँका लगाना ; झालना ।

припа́йка (स्त्री॰) टाँका ; झाल ।

припа́рка (स्त्री॰) (फोड़े आदि पर बाँधने की) पुलटिस ।

припаса́ть (अपू॰), **припасти́** (पू॰) (भवि॰ припасу́, припасёшь) बचाकर रखना ; जमा करके रखना ।

припа́сы (बहु॰) जखीरा ; रसद ; съестны́е п. खाद्य सामग्री/रसद ; вое́нные п. गोला-बारूद ।

припая́ть दे॰ припа́ивать.

припе́в (पुं॰) (संगीत) टेक (गीत के बोल जो दुहराये जाते हैं) ; **—а́ть** (अपू॰) मौज में

गाना ; ☐ жить препевáючи ऐश्वर्य-वभव में रहना ।

припёк (पुं०) **I.** रोटी सेकने के बाद आटे के वज़न में होनेवाली बढ़ोतरी ; **II.** на —е धूप में ।

припекá||ть (अपू०) झुलसाना ; сóлнце —ет सूर्य झुलसाये दे रहा है/कड़ाके की धूप है ।

припере́ть दे० припирáть.

припечáтывать (अपू०), **припечáтать** (पू०) १. मुहर लगाना ; सील लगाना ; २. और अधिक छापना ।

припирáть (अपू०), **припере́ть** (पू०) (भवि० припру́, припрёшь) १. भींचना ; толпá нас припёрла к стенé भीड़ ने हमें दीवार के साथ भींच दिया ; २. (किवाड़) बन्द करना ; п. чем л. дверь (कोई भारी वस्तु रखकर) किवाड़ बन्द करना ।

приписáть(ся) दे० припи́сывать(ся).

припи́ска (स्त्री०) १. पुनश्च ; विषय जो चिट्ठी समाप्त कर चुकने के बाद लिखा जाये ; п. к завещáнию वसीयतनामे का अनुलेख ; २. रजिस्ट्री ।

припи́сывать (अपू०), **приписáть** (पू०) (भवि० припишу́, припи́шешь) १. और लिखना ; २. रजिस्ट्री कराना ; ३. -को ज़िम्मेदार ठहराना ; -को श्रेय देना ; **—ся** (आत्म०) १. रजिस्ट्री करना ; रजिस्टर में दर्ज करना ; २. припи́сывать का कर्मवाच्य ।

приплáта = доплáта.

приплати́ть = доплати́ть.

приплести́ दे० приплетáть.

приплести́сь (आत्म० पू०) (भवि० приплету́сь, приплетёшь) गिरते-पड़ते आना ।

приплетáть (अपू०), **приплести́** (पू०) (भवि० приплету́, приплетёшь) १. -में गूँथ लेना ; २. फँसाना ; उलझा लेना ।

приплóд (पुं०) (पशुओं के) शावक ; बच्चे ।

приплывáть (अपू०), **приплы́ть** (पू०) (भवि० приплыву́, приплывёшь) तैर आना ; तैरते आना ; (पोत आदि का) आना ।

приплю́снутый (वि०) चपटा किया हुआ ।

приплю́снуть (पू०) चपटा करना ।

припля́сывать (अपू०) लोकनृत्य करना ; फुदकना ।

приподнимáть (अपू०), **приподня́ть** (पू०) (भवि० приподниму́, приподни́мешь) (थोड़ा-सा) ऊपर को उठाना ; खड़ा करना ; **—ся** (आत्म०) १. थोड़ा-सा ऊपर उठना ; खड़ा होना ; २. приподнимáть का कर्मवाच्य ।

припóй (पुं०) टाँका ; झाल ।

приползáть (अपू०) **приползти́** (पू०) (भवि० приползу́, приползёшь) रेंगते हुए आना ; रेंगकर आना ।

припомин||áть (अपू०), **припóмнить** (पू०) स्मरण करना ; याद करना ; наскóлько —áю जहाँ तक मुझे स्मरण है ; он припóмнил उसे याद आ गया ; ☐ он вам э́то припóмнит वह आपसे इसका बदला लेगा ।

приправá (स्त्री०) छौंक ; मसाला ।

припрáвить दे० приправля́ть.

припрáвка (स्त्री०) छापने से पहले टाइप को समतल करने की क्रिया ।

приправля́ть (अपू०), **припрáвить** (पू०) (भवि० припрáвлю, припрáвишь) १. (सब्जी आदि में) छौंक देना ; मसाला देना ; २. छापने से पहले टाइप को समतल करना ।

припугну́ть (पू०) डराना ; धमकाना ।

припу́дривать (अपू०), **припу́дрить** (पू०) पाउडर लगाना ; बुरकना ; **—ся** (आत्म०) (अपने) पाउडर लगाना ।

припу́ск (पुं०) गुंजाइश ; अवकाश ।

припускáть (अपू०), **припусти́ть** (पू०) (भवि० припущу́, припу́стишь) १. (सीने या कसीदा करने में) बाहर छोड़ देना ; २. जल्दी-जल्दी क़दम बढ़ाना ; गाड़ी तेज़ चलाना ।

припу́тывать (अपू०), **припу́тать** (पू०) -में फँसाना ; उलझा लेना ।

припухáть (अपू०), **припу́хнуть** (पू०) (थोड़ा-सा) सूजना ।

припу́хл||ость (स्त्री०) सूजन ; **—ый** (वि०) सूजा हुआ ।

припу́хнуть दे० припуха́ть.

прираба́тывать (अपू०), **прирабо́тать** (पू०) (और अधिक) कमाना ; अतिरिक्त कमाई करना ।

при́работок (पुं०) अतिरिक्त कमाई ।

прира́внивать (अपू०), **приравня́ть** (पू०) समान स्तर पर रखना ; एकसार समझना ; बराबर करना ।

прира||ста́ть (अपू०), **прирасти́** (पू०) (भवि० прирасту́, прирастёшь) १. तेज़ी से बढ़ना ; п. к ме́сту स्थान/भूमि में जड़ जमाना ; २. बढ़ना ; **—ще́ние** (नपुं०) बढ़ोतरी ; समृद्धि ; तरक़्क़ी ।

приревнова́ть (पू०) (—ну́ю) ईर्ष्या करना ।

приреза́ть (अपू०), **прире́зать** (पू०) (भवि० прире́жу, прире́жешь) **I.** गला काटना ; मार देना ; **II.** बढ़ाना ; п. уча́сток земли́ अतिरिक्त भूमि तैयार करना ।

приро́д||а (स्त्री०) १. प्रकृति ; зако́н —ы प्रकृति का नियम ; на ло́не —ы प्रकृति के आँचल में ; २. स्वभाव ; он лени́в от —ы वह स्वभाव से आलसी है ; э́то в —е веще́й यह स्वाभाविक है ; **—ный** (वि०) १. प्राकृतिक ; —ные бога́тства प्राकृतिक समृद्धि ; २. स्वाभाविक ।

природове́д (पुं०) प्रकृतिविद् ; **—ение** (नपुं०) प्रकृति-विज्ञान ; **—ческий** (वि०) प्रकृतिविज्ञान-सम्बन्धी ।

прирождённый (वि०) जन्मजात ; स्वाभाविक ; सहज ।

приро́ст (पुं०) वृद्धि ; अनेक वस्तुओं की एक साथ वृद्धि ।

прирубе́жный (वि०) सीमान्तवर्ती ।

приуча́ть (अपू०), **приручи́ть** (पू०) (पशुओं को) पालतू बनाना ।

приса́живаться (आत्म० अपू०), **присе́сть** (पू०) (भवि० прися́ду, прися́дешь) बैठना ; приса́живайтесь, прися́дьте ! बैठिए ! ; присе́сть на ко́рточки पंजों के बल बैठना ।

приса́сываться (आत्म० अपू०), **присоса́ться** (आत्म० अपू०) से चिपकना ।

присва́ивать (अपू०), **присво́ить** (पू०) १. आत्मसात् करना ; अपनाना ; पचाना ; п. незако́нно अवैध रूप से हड़प करना ; ग़बन करना ; п. себе́ пра́во अधिकार ग्रहण करना ; २. प्रदान करना ; देना ; п. зва́ние पद प्रदान करना ; п. себе́ и́мя नाम धारण करना ।

при́свист (पुं०) सीत्कार ; सीटी ।

присви́стывать (अपू०), **присви́стнуть** (पू०) सीटी बजाना ।

присвое́ние (नपुं०) हड़प करने की क्रिया ; विनियोजन ; незако́нное п. ग़बन ।

присво́ить दे० присва́ивать.

приседа́ние (नपुं०) (सम्राज्ञी के सामने) घुटने टेककर स्त्रियों के अभिवादन करने की विधि ।

приседа́ть (अपू०), **присе́сть** (पू०) (भवि० прися́ду, прися́дешь) १. घुटनों के बल बैठना ; २. (डर के मारे) सिकुड़कर बैठना ; (स्त्रियों का) घुटनों के बल झुककर अभिवादन करना ।

присе́ст (पुं०) बैठक ; в оди́н п. एक बैठक में ।

присе́сть (पू०) १. दे० прнса́живаться ; २. दे० приседа́ть.

при́сказка (स्त्री०) (कहानी कहनेवाले की) प्रस्तावना ।

прискака́ть (पू०) (भवि० прискачу́, приска́чешь) १. घोड़े को सरपट दौड़ाते हुए आना ; भागते आना ; п. верхо́м на ло́шади घोड़े को सरपट दौड़ाते हुए आना ; २. (एक टाँग पर) फुदकते आना ।

прискорб||ие (नपुं०) दुःख ; खेद ; अफ़सोस ; с душе́вным —ием हार्दिक दुःख के साथ ; **—ный** (वि०) दुःखपूर्ण ; दयनीय ; शोचनीय ।

приску́чи||ть (पू०) जी उकता जाना ; ему́ э́то —ло इससे उसका जी उकता गया है ।

присла́ть दे० присыла́ть.

прислоня́ть (अपू॰), **прислони́ть** (पू॰) १. (-के) सहारे रखना ; टेकना ; п. ле́стницу к стене́ सीढ़ी दीवार के सहारे रखना ; २. पास रखना ; п. стол к стене́ मेज़ दीवार के पास रखना ; **—ся** (आत्म॰) १. (-का) सहारा लेकर बैठना या खड़े होना ; २. прислоня́ть का कर्मवाच्य ।

прислу́га (स्त्री॰) १. सेविका ; नौकरानी ; २. (समू॰) घर के नौकर-चाकर ।

прислу́живать (अपू॰), **прислужи́ть** (पू॰) नौकरी करना ; सेवा करना ; **—ся** (आत्म॰) चापलूसी करना ।

прислу́жник (पुं॰) नौकर ; सेवक ; चापलूस ।

прислу́шиваться (आत्म॰ अपू॰), **прислу́шаться** (आत्म॰ पू॰) ध्यान से सुनना ; कान लगाकर सुनना ; п. к чьему́-л. мне́нию किसीकी राय को ध्यान से सुनना ।

присма́тривать (अपू॰), **присмотре́ть** (पू॰) १. (-की) देख-रेख रखना ; नज़र रखना ; п. за рабо́той काम की देख-रेख करना; २. (-की) तलाश करना ; ढूँढना ; **—ся** (आत्म॰) १. ध्यान से देखना ; २. (-का) अभ्यस्त हो जाना ।

присмире́ть (पू॰) शान्त होना ; शोर बन्द करना ।

присмо́тр (पुं॰) देख-रेख ; निगरानी ; под —ом -की देख-रेख में ।

присмотре́ть(ся) दे॰ присма́тривать(ся).

присни́ться दे॰ сни́ться.

проливáть (अपू०), **проли́ть** (पू०) (भवि० пролью́, прольёшь) उँडेलना ; गिराना ; बहा देना ; ☐ п. слёзы आँसू बहाना ।

проливнóй (वि०) п. дождь मूसलाधार वर्षा ।

проли́тие (नपुं०) п. крóви रक्तपात/रक्तप्रवाह ।

пролóг (पुं०) प्रस्तावना ।

проложи́ть दे० проклáдывать.

пролóм (पुं०) १. सेंध ; २. अस्थिभंग ।

проломáть(ся) दे० прола́мывать(ся).

пролом́ить(ся) दे० прола́мывать(ся).

пром - промы́шленный का संक्षिप्त रूप ।

промáзать (पू०) (промáжу, промáжешь) १. (अच्छी तरह) तेल देना ; पोतना ; २. (निशाना) चूकना ।

промакáтельн||ый (वि०) : —ая бумáга स्याही-सोख ।

промáлывать (अपू०), **промолóть** (भवि० промелю́ промéлешь) (पू०) पीसना ।

промариновáть दे० мариновáть.

промáсливать (अपू०), **промáслить** (पू०) तेल देना ; ग्रीज़ देना ।

промáтывать (अपू०), **промотáть** (पू०) अपव्यय करना ; п. состоя́ние अपने आपको बरबाद कर लेना ; п. дéньги धन बहाना ।

прóмах (पुं०) चूक ; भूल ; ग़लती ; **—ну́ться** (आत्म० पू०) चूकना ; निशाने से चूकना ।

промáчивать (अपू०), **промочи́ть** (पू०) तरबतर करना ; भिगोना ।

промедлéни||е (नपुं०) विलम्ब ; देर ; без —я तुरन्त ।

промéдлить (पू०) विलम्ब करना ; देर करना ।

промéж (अ०) बीच ; मध्य ; п. нас हमारे बीच ।

промежу́то||к (पुं०) अन्तराल ; अवकाश ; (दो वस्तुओं के बीच का) स्थान ; **—чный** (वि०) आन्तरालिक ; अन्तरालगत ; बीच का ।

промелькну́||ть (पू०) १. चमक जाना ; (समय का) तेज़ी से बीत जाना ; २. в егó словáх —ла ирóния उसके शब्दों में व्यंग का पुट था ।

промéнивать (अपू०), **променя́ть** (पू०) विनिमय करना ; बट्टा करना ।

промéр (पुं०) १. (गहराई आदि का) नाप ; सर्वेक्षण ; २. ग़लत नाप ।

промерзáть (अपू०), **промёрзнуть** (पू०) (ठंड के मारे) जम जाना ।

промёрзлый (वि०) (ठंड से) जमा हुआ ।

промёрзнуть दे० промерзáть.

промéривать (अपू०), **промéрить** (पू०) १. (गहराई आदि) नापना ; सर्वेक्षण करना ; २. ग़लत नापना ।

промеси́ть (पू०) (промешу́, проме́сишь) (आटा आदि) अच्छी तरह गूँधना ।

промешка́ть (पू०) विलम्ब करना ; देर करना ।

промо́зглый (वि०) १. (मौसम के बारे में) नमींदार ; २. सड़ाँधवाला ; खराब ।

промо́ина (स्त्री०) (पानी के बहाव से पड़ा हुआ) गड्ढा ; नाली ।

промока́||ть (अपू०), **промо́кнуть** (पू०) **I.** भीगना ; गीला होना ; तरबतर होना ; **II.** (केवल अपू०) जलभेद्य होना ; पानी का बीच में से रिस जाना ; э́тот плащ —ет (от дождя́) (वर्षा में) इस बरसाती (कोट) में से पानी चला जाता है ; **III.** = промака́ть.

промо́кнуть दे० промока́ть -I.

промо́кнуть = промакну́ть.

промо́лвить (पू०) (промо́лвлю, промо́лвишь) कहना ; बोलना ।

промолоти́ть (पू०) (промолочу́, промоло́тишь) अनाज से भूसी अलगाना ; कूटना ।

промоло́ть दे० прома́лывать.

промолча́||ть (पू०) १. молча́ть का पू० ; २. कुछ समय तक चुप रहना ; они́ —ли весь ве́чер वह सारी शाम चुप रहे ।

проморга́ть (पू०) चूकना ; п. удо́бный слу́чай अवसर चूकना ।

промота́ть दे० прома́тывать.

промочи́ть दे० прома́чивать.

промча́ться (पू०) (वेग से) पास से निकल जाना ; (समय का) बीत जाना ; п. стрело́й गोली की तरह पास से निकल जाना ।

промыва́||ние (नपुं०) (अच्छी तरह से) धो डालने की क्रिया ; (घाव को) धोकर साफ़ करना ; **—тельное** (पुं०) (वि० रू०) (चिकि०) अनीमा ; ста́вить —тельное अनीमा देना ।

промыва́ть (अपू०), **промы́ть** (पू०) (भवि० промо́ю, промо́ешь १. अच्छी तरह धोना ; २. (घाव, आँख आदि को) धोकर साफ़ करना ।

промы́вка (स्त्री०) धुलाई ; (घाव को धोकर) साफ़ करने की क्रिया ।

про́мыс||ел (पुं०) १. व्यवसाय ; उद्योग ; куста́рный п. गृह-उद्योग ; ры́бный п. मछली-उद्योग ; मछली पकड़ने का व्यवसाय ; २. (प्रायः बहु०) го́рные —лы खानें ; золоты́е —лы सोने की खानें ।

про́мысл (पुं०) विधाता ; परमेश्वर ।

промысло́в||ый (वि०) व्यावसायिक ; व्यवसाय-सम्बन्धी ; —ое свиде́тельство लाइसेंस ।

промы́ть दे० промыва́ть.

промыча́ть (पू०) १. (गाय आदि का) रँभाना ; २. भिनभिनाना ; ३. мыча́ть का पू०

промы́шленник (पुं०) उद्योगपति ; निर्माण-कर्ता ।

промы́шленн||ость (स्त्री०) उद्योग ; тяжёлая п. भारी उद्योग ; лёгкая п. हल्का उद्योग ; **—ый** (वि०) औद्योगिक ; उद्योग-सम्बन्धी ।

промышля́ть (अपू०) (-से) जीविका कमाना ; व्यवसाय करना ।

промя́млить दे० мя́млить.

пронести́(сь) दे० проноси́ть(ся).

пронза́ть (अपू०), **пронзи́ть** (पू०) (भवि० пронжу́, пронзи́шь) बेधना ; घोंपना ; п. копьём भाला मारना ; ☐ п. взгля́дом नज़रों से बेध डालना ।

пронзи́тельн||о (क्रि० वि०) कर्कश स्वर में ; крича́ть, визжа́ть п. कर्कश चीत्कार करना ; **—ый** (वि०) कर्कश ; तीखा ; —ый крик कर्कश चीत्कार ; —ый взгляд मर्मभेदी दृष्टि ।

пронзи́ть दे० пронза́ть.

прони́зывать (अपू०), **прониза́ть** (पू०) (भवि० пронижу́, прони́жешь) बीच में से घुस जाना ; आर-पार हो जाना ।

проника́ть (अपू०), **прони́кнуть** (पू०) बेधना ; घुसना ; अन्तःप्रवेश करना ; आर-पार हो जाना ; रिसना ; **—ся** (आत्म०) (-से) प्रेरित होना ; ओतप्रोत होना ; —ся любо́вью प्रेम-भावना से ओतप्रोत होना ।

проникнове́ние (नपुं०) १. अन्तःप्रवेश ; २. = проникнове́нность.

проникновéнн||ость (स्त्री०) भावुकता ; बेधन-शक्ति ; **—ый** (वि०) बेधक ; मर्मभेदी ।

прони́кнутый १. проникáть से कृदन्त ; २. (वि०) (-से) अनुप्राणित ; (-से) ओतप्रोत ; (-से) प्रेरित ।

прони́кнуть(ся) दे० проникáть(ся).

пронимáть (अपू०), **проня́ть** (पू०) (भवि० пройму́, проймёшь): егó ничéм не проймёшь वह किसी तरह से भी टस से मस नहीं होता ; хóлод прóнял егó ठंड उसकी हड्डियों तक घुस गयी ।

проницáем||ость (स्त्री०) व्याप्ति ; प्रवेश्यता ; भेद्यता ; **—ый** (वि०) व्याप्य ; प्रवेश्य ; भेद्य ।

проницáтельн||ость (स्त्री०) विदग्धता ; अन्तर्दृष्टि ; तीक्ष्णता ; **—ый** (वि०) भेदक ; अन्तर्द्रष्टा ; अन्तर्दर्शी ; सूक्ष्मबुद्धि ; —ый взгляд अन्तर्दृष्टि ।

проноси́ть -I (अपू०), **пронести́** (पू०) (वर्त० проношу́, пронóсишь ; भवि० пронесу́, пронесёшь) १. (बीच में से/पास से) ले जाना ; २. (कर्तृ-निरपेक्ष) егó пронеслó उसको दस्त होने लगे ।

проноси́ть -II (पू०) १. (कुछ समय तक) लिये फिरना ; он весь день проноси́л э́ту кни́гу वह सारा दिन यह पुस्तक लिये फिरता रहा ; २. (लगातार) पहनना ; он проноси́л пальтó три гóда वह इस कोट को तीन वर्ष पहनता रहा ।

проноси́ться (आत्म० पू०), **пронести́сь** (पू०) १. (वेग से) पास से निकल जाना ; फैलना ; пронёсся слух, что... अफ़वाह है कि... ; २. проноси́ть-I का कर्मवाच्य ।

проны́р||а (उभ०) षड्यन्त्री ; **—ливый** (वि०) षड्यन्त्री ; षड्यन्त्रपूर्ण ।

проню́хивать (अपू०), **проню́хать** (पू०) गन्ध ले लेना ; सूँघ लेना ; (सूँघकर) पता लगा लेना ।

проня́ть दे० пронимáть.

прообраз (पुं०) प्राक्रूप ; मूल रूप ।

пропагáнд||а (स्त्री०) प्रचार ; **—и́ровать** (अपू०) (—рую) प्रचार करना ; **—и́ст** (पुं०), **—и́стка** (स्त्री०) प्रचार-कुशल व्यक्ति ।

пропа||дáть (अपू०), **пропáсть** (पू०) (भवि० пропаду́, пропадёшь) १. खो जाना ; ग़ायब हो जाना ; गुम हो जाना ; (भावनाओं का) लोप होना ; пропáсть бéз вести लापता हो जाना ; २. नष्ट होना ; मरना ; ३. व्यर्थ जाना ; п. дáром व्यर्थ जाना ; весь день пропáл у меня́ मेरा सारा दिन व्यर्थ गया ; ☐ где вы пропáли ? तुम कहाँ ग़ायब हो गये थे ? ; пропади́ он прóпадом ! वह भाड़ में जाये ! ; и́ли пан и́ли пропáл इस पार या उस पार ।

пропáжа (स्त्री०) १. खो जाने या गुम हो जाने की क्रिया ; २. खोई हुई वस्तु ; लापता चीज़ ।

пропáлывать (अपू०), **прополóть** (पू०) नलाई करना ; गुड़ाई करना ।

прóпасть -I (स्त्री०) १. खोह ; नितल ; २. ढेर-सारा ; बहुत ; अपार ; у негó п. дéнег उसके पास बहुत धन है/उसके पास अपार धन है ।

пропáсть -II दे० пропадáть.

пропахáть (पू०) (भवि० попашу́, пропáшешь) हल चलाना ; **I.** १. भूमि जोतना ; **II.** (कुछ समय तक) हल चलाना ।

пропáхнуть (पू०) महक बस जाना ; गन्ध से अन्वित होना ।

пропáшка (स्त्री०) कृषि ; खेती ; जुताई ।

пропáшник (पुं०) कृषक ; किसान ; खेत जोतनेवाला ।

пропáщ||ий (वि०) : э́то —ее дéло यह व्यर्थ है ।

пропекáть (अपू०), **пропéчь** (पू०) (भवि० пропеку́, пропечёшь) अच्छी तरह पकाना ।

пропéллер (पुं०) नोदक ; (जहाज़ या हवाई जहाज़ को आगे बढ़ानेवाला) पंखा ।

пропéть (पू०) १. दे० петь ; २. (सारा समय) गाते जाना ; गाते रहना ; он пропéл всё у́тро वह प्रातःकाल गाता रहा ।

пропеча́тать (पू०) कड़ी आलोचना लिखना ।

пропе́чь दे० пропека́ть.

пропива́ть (अपू०), **пропи́ть** (पू०) (भवि० пропью́, пропьёш) १. शराब में खर्च कर डालना ; пропи́ть де́сять рубле́й दस रूबल की शराब पी जाना ; २. कुछ समय तक शराब पीते रहना ; п. всю ночь सारी रात शराब पीते रहना ; ☐ пропи́ть го́лос शराब पीकर अपनी आवाज़ (अपना गला) खराब कर लेना ।

пропи́л (पुं०) १. (आरे से) किसी निर्दिष्ट विन्दु तक चीरने की क्रिया ; २. (चीरने का) निर्दिष्ट विन्दु ।

пропи́ливать (अपू०), **пропили́ть** (पू०) १. किसी निर्दिष्ट विन्दु तक चीरना ; २. कुछ समय तक चीरते रहना ।

прописа́ть(ся) दे० пропи́сывать(ся).

пропи́ска (स्त्री०) परिचय-कार्ड में निवास-स्थान दर्ज कराने की क्रिया ।

прописн||о́й (वि०) : —ая бу́ква बड़ा अक्षर ; —ая и́стина सर्वतोस्वीकृत सत्य/सामान्य सत्य ।

пропи́сывать (अपू०), **прописа́ть** (पू०) (भवि० пропишу́, пропи́шешь) १. (चिकि०) (नुस्खा) लिखना ; п. лече́ние नुस्खा लिखना ; २. (परिचय-कार्ड में रहने की जगह) लिखना या दर्ज करना ; п. па́спорт पासपोर्ट रजिस्ट्र करना ; п. в домо́вой кни́ге रजिस्टर में दर्ज करना ; **—ся** (आत्म०) १. परिचय-कार्ड में अपने रहने की जगह दर्ज कराना ; २. пропи́сывать का कर्मवाच्य ।

про́пис||ь (स्त्री०) (बहुधा बहु०) ठीक लिखाई के नमूने ; писа́ть —ю (ци́фры) (अंकों को) शब्दों में लिखना ।

пропита́ние (नपुं०) निर्वाह ; зараба́тывать себе́ на п. रोजी कमाना/जीविका कमाना ।

пропита́ть(ся) दे० пропи́тывать(ся).

пропи́тка (स्त्री०) (किसी तरल पदार्थ में) तर करने या भिगोने की क्रिया ।

пропи́тывать (अपू०), **пропита́ть** (पू०) (किसी तरल पदार्थ में) भिगोना ; तर करना ; **—ся** (आत्म०) १. तर होना ; भीगना ; २. пропи́тывать से कर्मवाच्य ।

пропи́ть दे० пропива́ть.

пропи́хивать (अपू०), **пропи́хнуть** **пропиха́ть** (पू०) (किसी तंग जगह में) ज़ोर से धकेलना ; ठूँसना ; दबाना ।

пропища́ть (पू०) १. दे० пища́ть ; २. किकियाना ; चिल्लाना ।

пропла́ва||ть (पू०) कुछ खास समय तक (जीव या प्राणी का) तैरना ; तैरते रहना ; (पोत आदि का) चलना/चलते रहना ; он —л три часа́ वह तीन घंटे तैरता रहा ; кора́бль —л два дня पोत दो दिन चलता रहा ।

проплыва́ть (अपू०), **проплы́ть** (पू०) (भवि० проплыву́, проплывёшь) १. (जीव/प्राणी का) (पास से, बीच में से) तैर जाना ; (पोत आदि का) (पास से, बीच में से) निकल जाना ; २. он проплы́л 2 киломе́тра वह दो किलोमीटर तैर गया ।

пропове́д||ник (पुं०) धर्मोपदेशक ; धर्मप्रचारक; **—овать** (अपू०) (—дую) उपदेश देना ; धर्मप्रचार करना ।

про́поведь (स्त्री०) उपदेश ।

пропо́йца (पुं०) पियक्कड़ ।

пропола́скивать (अपू०), **прополоска́ть** (पू०) (भवि० прополощу́, прополо́щешь) खँगालना ; फींचना (पानी में डुबोकर साबुन अलग करना) ।

прополза́ть (अपू०), **проползти́** (पू०) (भवि० проползу́, проползёшь) रेंगना ; भूमि पर धीरे-धीरे चलना ; घिसटना ।

пропо́лка (स्त्री०) (कृषि०) नलाई ; गुड़ाई ।

прополоска́ть दे० пропола́скивать.

прополо́ть दे० пропа́лывать.

пропорциона́льн||о (क्रि० वि०) समानुपात में ; обра́тно п. प्रतिलोमानुपात में ; **—ый** (वि०) समानुपाती ; आनुपातिक ; —ое представи́тельство आनुपातिक प्रतिनिधित्व ; —ое обложе́ние आनुपातिक कर ।

пропо́рция (स्त्री०) समानुपात ; अनुपात ।

пропоте́ть (पू०) १. पसीना आना ; (कुछ समय तक) पसीना आता रहना ; २. कपड़े का पसीने से तर हो जाना ।

про́пуск (पुं०) १. अनुपस्थिति ; २. भूल ; चूक ; छूट ; ३. रिक्त-स्थान ; खाली जगह ; ४. अनुज्ञा-पत्र ; पास ; परमिट ; ५. प्रवेश ; दाखिला ।

пропус‖ка́ть (अपू०), **пропусти́ть** (पू०) (भवि० пропущу́, пропу́стишь) १. जाने देना ; पास करना ; दाखिल करना ; भीतर आने देना ; बाहर जाने देना ; —ти́те его́ उसको जाने दीजिए ; цензу́ра не —ти́ла его́ статьи́ सेंसर ने उसके लेख पास नहीं किये ; २. (बीच में से) गुज़ारना ; п. мя́со че́рез мясору́бку कीमा बनाना ; ३. छोड़ देना ; —ти́ть стро́чку एक पंक्ति छोड़ जाना ; ४. (अवसर) चूक जाना ; (भाषण में) अनुपस्थित होना ; (गाड़ी से) रह जाना ; ५. रिस जाने देना ; सोखना ; п. воду́ जलसह होना ; э́та бума́га —ка́ет черни́ла यह काग़ज़ स्याही को सोख लेता है ; ☐ п. ми́мо уше́й एक कान से सुनकर दूसरे कान से निकाल देना / सुनी-अनसुनी करना ।

пропускн‖о́й (वि०) : —а́я бума́га स्याही-सोख ; —а́я спосо́бность यातायात-क्षमता ।

пропусти́ть दे० пропуска́ть.

пропыхте́ть दे० пыхте́ть.

пропья́нствова‖ть (पू०) (—ствую) (कुछ समय तक) (शराब) पीते रहना ; он —л це́лую неде́лю वह सप्ताह भर शराब पीता रहा ।

праба́тывать (अपू०), **прорабо́тать** (पू०) १. अध्ययन करना ; п. вопро́с प्रश्न पर विचार करना ; २. नुक्ताचीनी करना ; टीका-टिप्पणी करना ।

прорабо́т‖ать (पू०) (कुछ समय तक) काम करते रहना ; काम में समय बिताना ; он —ал там два го́да उसने वहाँ दो वर्ष काम किया ; он —ал всю ночь वह सारी रात काम करता रहा ।

прорабо́тка (स्त्री०) १. अध्ययन ; विचार ; २. टीका-टिप्पणी ; आलोचना ।

прораста́ние (नपुं०) उगने/फूटने की क्रिया ।

прораста́ть (अपू०), **прорасти́** (पू०) उगना ; फूटना ; अंकुर निकलना ।

про́рва (мно́го का अश्लील रूप) ढेर सारा ; बहुत ।

прорва́ть(ся) दे० прорыва́ть(ся).

проре́живать (अपू०), **прореди́ть** (पू०) (भवि० прорежу́, прореди́шь) (कृषि०) छितरा करना ; छितराना ।

прореза́ть (अपू०), **проре́зать** (पू०) (भवि० проре́жу, проре́жешь) (काटकर) सुराख कर देना ; п. дыру́ सुराख करना ।

проре́заться दे० прореза́ться और ре́заться.

прореза́‖ться (आत्म० अपू०), **проре́заться** (आत्म० पू०) (बच्चे के) दाँत निकलना ; у ребёнка —ются зу́бы बच्चे के दाँत निकल रहे हैं ।

проре́зывание (नपुं०) १. कटाई ; २. (बच्चे के) दाँत निकलने की क्रिया ।

проре́зывать(ся) = прореза́ть(ся).

про́резь (स्त्री०) सुराख ; छेद ।

проре́ха (स्त्री०) (कपड़े आदि में) छेद ; सुराख ; खामी ।

проржа́веть (पू०) सारे में जंग लग जाना ।

проржа́ть दे० ржа́ть.

прорецензи́ровать दे० рецензи́ровать.

прорица́‖ние (नपुं०) पूर्वकथन ; **—тель** (पुं०), **—тельница** (स्त्री०) दैवज्ञ ; भविष्यवक्ता/भविष्यवक्त्री ।

прорица́ть (अपू०) भविष्यकथन करना ; भविष्यवाणी करना ।

проро́к (पुं०) भविष्यवक्ता ; पैग़म्बर ।

пророни́ть (पू०) १. (अनायास) गिरना ; хлеб ест так, что ни кро́шки на зе́млю не проро́нит इस तरह रोटी खाओ कि एक कण भी नीचे न गिरे ; २. (शब्द) बोलना ; не п. ни сло́ва एक भी शब्द मुँह से न निकालना/चुप्पी साधना ।

проро́ч||еский (वि०) भविष्यकथन-सम्बन्धी ; **—ество** (नपुं०) भविष्यकथन ; भविष्यवाणी ; **—чить** (अपू०), **напроро́чить** (पू०) भविष्यकथन करना ; भविष्यवाणी करना ; **—ица** (स्त्री०) भविष्यवक्त्री ।

прорубáть (अपू०), **прорубúть** (पू०) (भवि० проруу́блю, прору́бишь) (कुल्हाड़े आदि से काटकर) सुराख़ करना ; छेद करना ।

пpóрубь (स्त्री०) (नदी या झील के जमे हुए पानी में किया हुआ) सुराख़ ; छेद ।

прору́ха (स्त्री०) भारी भूल ; चूक ; ग़लती ।

проры́в (पुं०) भंग हो जाने की क्रिया ; रुकावट ; बाधा ।

прорывáть -I (अपू०), **прорвáть** (पू०) भंग करना ; तोड़ देना ; п. фронт मोर्चा तोड़ देना ।

прорывáть -II (अपू०), **проры́ть** (पू०) (भवि० проро́ю, проро́ешь) (खाई, नहर आदि) खोदना ।

прорывáться (आत्म० अपू०), **прорвáться** (आत्म० पू०) १. फटकर खुल जाना ; (फोड़े का) फट जाना ; २. (संघर्ष करके) बीच में से अपना रास्ता बनाना ; ३. прорывáть-II का कर्मवाच्य ।

проры́ть दे० прорвáть-II.

прорычáть दे० рычáть.

просáживать (अपू०), **просадúть** (पू०) (भवि० просажу́, просáдишь) अपव्यय करना ; धन बहाना ; просадúть состоя́ние सम्पत्ति लुटाना ।

просáк (पुं०) रस्सी बटने का उपकरण ; ☐ попáсть в п. (प्रमाद से) प्रतिकूल स्थिति में पड़ जाना ।

просáливать -I (अपू०), **просáлить** (पू०) ग्रीज़ देना ; तेल देना ।

просáливать -II (अपू०), **просолúть** (पू०) नमक डालना ।

просáчивание (नपुं०) रिसने / छनने की क्रिया ; टपकने की क्रिया ; (बाहर) चूने की क्रिया ।

просáчиваться (आत्म० अपू०), **просочúться** (आत्म० पू०) (बूँद-बूँद करके) टपकना ; रिसना ; छनना ; छन-छनकर निकलना ; पसीजना ।

просвáтать (पू०) (वधू अथवा वर के परिवार द्वारा) विवाह का वायदा किया जाना ।

просвéрливать (अपू०), **просверлúть** (पू०) छेद करना ; सुराख़ करना ।

просвéт (पुं०) १. आलोक-किरण ; без —а आशा की एक भी किरण के बिना ; २. मोखा ; रोशनी आने के लिए छोटा सुराख़ ; छेद ।

просвет||úтель (पुं०) गुरू ; शिक्षक ; ज्ञानदाता ; **—úтельный** (वि०) शिक्षाप्रद ; ज्ञानवर्धक ; **—úтельство** (नपुं०) प्रबोधन ; ज्ञानलब्धि ; **—úть** (पू०) १. दे० просвещáть ; २. दे० просвéчнвать.

просветлéние (नपुं०) ज्ञान ; बोध ।

просветлéть (पू०) (मौसम का) साफ़ होना ; (विचार आदि का) स्पष्ट होना ; चमक उठना ; п. от рáдости प्रसन्नता से चमक उठना ।

просветля́ть (अपू०), **просветлúть** (पू०) १. प्रकाशमान करना ; स्पष्ट करना ; २. स्पष्टीकरण करना ।

просвéчивание (नपुं०) रेडियो-चिकित्सा ।

просвéчивать (अपू०), **просветúть** (पू०) (भवि० просвечу́, просвéтишь) १. (चिकि०) १. ऐक्स-रे करना ; २. (केवल अपू०) (कपड़ा आदि) पारभासी होना ; ३. (केवल अपू०) पारदर्शक होना ।

просвещ||áть (अपू०), **просветúть** (पू०) (भवि० просвещу́, просветúшь) ज्ञान का प्रसार करना ; शिक्षा देना ; **—éнец** (पुं०) शिक्षाविद् ; शिक्षा-विशारद ; **—éние** (नपुं०) शिक्षा ; нарóдное —éние जन-शिक्षा ; ☐ эпóха —éния ज्ञान-युग ; **—ённость** (स्त्री०) संस्कृति ; **—ённый** (वि०) सुशिक्षित ; प्रबुद्ध ; प्रज्ञावान् ।

просвирá = просфорá.

прóседь (स्त्री०) कहीं-कहीं सफ़ेद बाल होना ।

просéивать (अपू०), **просéять** (पू०) छलनी से छानना या अलगाना ।

про́сека (स्त्री०) (रास्ते के लिए या सीमा सूचित करने के लिए) जंगल काटकर साफ़ किया हुआ भूखंड।

просёлок (पुं०) (गाँव को जानेवाली) पगडंडी।

просёлочн‖ый (वि०) : —ая доро́га = просёлок.

просе́ять दे० просе́ивать.

проси́живать (अपू०), **просиде́ть** (पू०) (भवि० просижу́, просиди́шь) १. (कुछ समय तक) बैठना/बैठे रहना ; बैठकर समय बिताना ; проси́живать часа́ми घंटों बैठना ; просиде́ть ночь за кни́гой पुस्तक पढ़ते हुए सारी रात बैठना ; २. (बैठने से) आसन घिस देना या उसमें छेद कर देना।

про́синь (स्त्री०) (केवल एकवचन) लाजवर्दी रंग।

проси́тель (पुं०), **—ница** (स्त्री०) प्रार्थी ; निवेदक/निवेदिका ; **—ный** (वि०) प्रार्थना/निवेदन-सम्बन्धी।

проси́ть (अपू०), **по—** (पू०), (वर्त० прошу́, про́сишь) १. (किसीसे) प्रार्थना करना ; माँगना ; पूछना ; он проси́л кни́гу उसने पुस्तक माँगी ; п. вре́мени на размышле́ние सोचने के लिए समय माँगना ; п. одолже́ния (у кого́-л.) (किसीसे) कृपा की याचना करना ; п. разреше́ния आज्ञा माँगना ; п. ми́лостыню भीख माँगना ; २. आमन्त्रित करना ; □ про́сят не кури́ть कृपा करके तम्बाकू मत पीजिए ; **—ся** (आत्म०) प्रार्थना करना ; проси́ться в о́тпуск छुट्टी के लिए प्रार्थना करना/छुट्टी माँगना।

просия́ть (पू०) (सूर्य का) चमकना ; п. от ра́дости खुशी से चमक उठना।

проскака́ть (पू०) (भवि० проскачу́, проска́чешь) (पास से, बीच में से) सरपट दौड़ जाना।

проска́кивать (अपू०), **проскочи́ть** (पू०) १. (वेग से) पास से निकल जाना ; २. (त्रुटि या ग़लती) रह जाना।

проска́льзывать (अपू०), **проскользну́ть** (पू०) (ग़लती आदि का) रह जाना ; проскользну́ло мно́го оши́бок बहुत-सी ग़लतियाँ रह गयी हैं।

просквози́‖ть (पू०) (कर्तृ-निरपेक्ष) его́ —ло हवा में बैठने से उसको ठंड लग गयी।

проскользну́ть दे० проска́льзывать.

проскочи́ть दे० проска́кивать.

проскрипе́ть दे० скрипе́ть.

проскри́пци‖я (स्त्री०) ज़ब्ती ; подверга́ть —и ज़ब्त करना।

проскуча́ть (पू०) उकता जाना ; ऊब जाना।

просла́бить दे० сла́бить.

просла́в‖ить(ся) दे० прославля́ть(ся) ; **—ле́ние** (नपुं०) गुणगान ; प्रशंसा के गीत गाना।

прославля́ть (अपू०), **просла́вить** (पू०) (भवि० просла́влю, просла́вишь) गुणगान करना ; प्रशंसा के गीत गाना ; कीर्ति फैलाना ; **—ся** (आत्म०) १. कीर्ति फैलना ; ख्याति पाना ; मशहूर होना ; २. прославля́ть का कर्मवाच्य।

просла́ивать (अपू०), **прослои́ть** (पू०) (बीच में) तह जमाना ; भर देना।

проследи́ть दे० просле́живать.

просле́довать (पू०) (—дую) (राष्ट्रपति आदि की) सवारी निकलना।

просле́живать (अपू०), **проследи́ть** (पू०) (भवि० прослежу́, проследи́шь) १. जासूसी करना ; भेदिये का काम करना ; पता लगाना ; २. उद्भव अथवा विकास का इतिवृत्त जानना ; पता लगाना।

прослези́ться (आत्म० पू०) (прослежу́сь, прослези́шься) दों-चार आँसू बहाना।

прослои́ть दे० просла́ивать.

просло́йка (स्त्री०) १. तह ; रेखा ; धारी ; २. (भूगर्भ०) पतली तह।

прослужи́‖ть (पू०) (निश्चित समय तक) काम करना ; सेवा करना ; नौकरी करना ; он —л де́сять лет उसने दस वर्ष नौकरी की ; э́тот нож

—л не́сколько лет इस चाक़ू ने कई वर्ष काम दिया है।

прослу́шать (पू०) १. दे० прослу́шивать ; २. слу́шать का पू०।

прослу́шивать (अपू०), **прослу́шать** (पू०) १. सुनना ; п. пласти́нки रिकार्ड सुनना ; २. (केवल पू०) न सुनना ; सुन न सकना।

прослы́ть (पू०) (прослыву́, прослывёшь) -के रूप में प्रसिद्ध होना ; समझा जाना ; п. злым челове́ком दुष्ट समझा जाना।

прослы́шать (पू०) (अफ़वाहें, बातें सुनकर) पता लगाना।

просма́ливать (अपू०), **просмоли́ть** (पू०) तारकोल बिछाना।

просма́тривать (अपू०), **просмотре́ть** (पू०) १. देखना ; नज़र मारना ; २. चूकना ; उपेक्षा करना।

просмоли́ть दे० просма́ливать.

просмо́тр (पुं०) सर्वेक्षण ; (काग़ज़ों, फ़िल्म का) परीक्षण।

просмотре́ть दे० просма́тривать.

просну́ться दे० просыпа́ться-II.

про́со (नपुं०) जुआर, बाजरा आदि।

просо́вывать (अपू०), **просуну́ть** (पू०) १. (बीच में से) धकेलना/घुसेड़ना ; वेग से धकेलना ; २. धीरे-से घुसेड़ना।

просоди́ческий (वि०) पिंगल-सम्बन्धी ; छन्द-शास्त्र-सम्बन्धी।

просо́дия (स्त्री०) पिंगल ; छन्द-शास्त्र।

просоли́ть दे० проса́ливать -II.

просо́хнуть दे० просыха́ть.

просочи́ться дे० проса́чиваться.

проспа́ть दे० просыпа́ть-II.

проспа́ться (आत्म० पू०) १. पूरी नींद सोना ; २. सोकर शराब की खुमारी उतारना।

проспе́кт (पुं०) **I.** राजपथ ; चौड़ी सड़क ; **II.** (पाठ्य क्रम आदि की) विवरणिका (अंग्रेज़ी—प्रोस्पेक्टस)।

проспиртова́ть (पू०) (—ту́ю) एलकोहल-युक्त करना।

проспо́рить (पू०) १. (कुछ समय तक) विवाद करना ; विवाद में समय बिताना ; они́ всю ночь проспо́рили वे सारी रात विवाद करते रहे ; २. शर्त हारना।

проспряга́ть दे० спряга́ть.

просро́ч‖ивать (अपू०), **просро́чить** (पू०) —ить вре́мя अवधि से बढ़ जाना ; —ить о́тпуск छुट्टी से अधिक ठहरना ; **—ка** (स्त्री०) विलम्ब ; देर ; (अवधि) बीत जाना।

проставля́ть (अपू०), **проста́вить** (पू०) (भवि० проста́влю, проста́вишь) (नाम, तारीख़, दिनांक आदि) लिखना ; п. да́ту (на) (-पर) तारीख़ डालना।

проста́ивать (अपू०), **простоя́ть** (पू०) १. (कुछ समय तक) खड़े रहना ; खड़े-खड़े समय बिताना ; он простоя́л там два часа́ वह वहाँ दो घंटे खड़ा रहा ; २. बेकार खड़े रहना।

проста́к (पुं०) मूढ़ ; सीधा-सादा व्यक्ति।

простёгивать (अपू०), **простега́ть** (पू०) (तोशक या रज़ाई) भरना ; दो तहों में जोड़ना।

про́стенький (वि०) सरल ; बिल्कुल सादा।

простира́ть -I (अपू०), **простере́ть** (पू०) (भवि० простру́, прострёшь) फैलाना ; बढ़ाना ; आगे करना ; п. ру́ки हाथ फैलाना/हाथ बढ़ाना।

простира́‖ть -II (पू०) धोना ; он —л бельё всю ночь वह सारी रात कपड़े धोता रहा।

простира́ться (आत्म० अपू०), **простере́ться** (आत्म० पू०) फैलना ; पहुँचना।

простирну́ть (पू०) धुलाई करना ; धोना।

прости́тельн‖ый (वि०) क्षम्य ; э́то вполне́ —о यह सर्वथा क्षम्य है।

проститу́‖тка (स्त्री०) वेश्या ; रंडी ; **—ция** वेश्यागमन ; वेश्यावृत्ति।

прости́ть(ся) दे० проща́ть(ся).

про́сто (क्रि० वि०) सरलता से ; मात्र ; केवल ; он п. ничего́ не зна́ет वह रंचमात्र भी नहीं जानता ; п. по привы́чке केवल स्वभाववश/आदत मात्र से ; ☐ а ла́рчик п. открыва́лся हल बहुत आसान था ।

простова́т‖ость (स्त्री०) सरलता ; सरल ; **—ый** (वि०) सरल ; सादा ।

простоволо́сый (वि०) नंगे सिर ।

простоду́ш‖ие (नपुं०) सरलता ; निष्कपटता ; सादगी ; **—ный** (वि०) सरल ; निष्कपट ; सीधा-सादा ।

прост‖о́й (वि०) **I.** १. सहज ; आसान ; २. साधारण ; सामान्य ; सादा ; п. о́браз жи́зни सादा जीवन ; —о́е число́ (गणित) अभाज्य संख्या ; **II.** (संज्ञा) (वि० रू०) ठहराव ; अकर्मण्यता ; वृथा खड़े रहना ; пла́та за п. विलम्ब-शुल्क ।

простоква́ша (स्त्री०) गाढ़ा दही ।

простонаро́дье (नपुं०) जनसाधारण ।

простона́‖ть (पू०) १. (कुछ समय तक) कराहना ; больно́й —л всю ночь रोगी सारी रात कराहता रहा ; २. стона́ть का पू० ।

просто́р (पुं०) विस्तार ; देश ।

простоpе́чие (नपुं०) जनसाधारण की भाषा ।

просто́рн‖о (कर्तृ-निरपेक्ष) здесь п. यहाँ काफ़ी जगह है ; **—ый** (वि०) विशाल ; विस्तृत ; खुला हुआ ; (कपड़ा) ढीला/खुला ।

простосерде́ч‖ие (नपुं०) सरलता ; निष्कपटता ; **—ный** (वि०) सरल ; निष्कपट ।

простота́ (स्त्री०) सरलता ; सादगी ।

простофи́ля (उभ०) मूर्ख ; जड़बुद्धि ।

простоя́ть दे० проста́ивать.

простра́нн‖ость (स्त्री०) १. व्यापकता ; विस्तार ; २. वाक्प्रपंच ; वाग्जाल ; **—ый** (वि०) १. व्यापक ; २. वाक्प्रपंचयुक्त ; अनेक शब्दों के व्यर्थ प्रयोग का ; व्यर्थ ।

простра́нственный (वि०) देश-; देश-सम्बन्धी ; अवकाश- ।

простра́нство (नपुं०) अवकाश ; जगह ; क्षेत्रफल ; безвозду́шное п. निर्वात स्थान ।

простра́ция (स्त्री०) (मानसिक और शारीरिक) निःशक्ति ; क्लान्ति ।

простре́л (पुं०) कटिवात ; वायुजनित कमर दर्द ।

простре́ливать (अपू०), **простpели́ть** (पू०) टीस/कसक उठना ; तीव्र वेदना होना ।

простpочи́ть (पू०) टाँके लगाना ।

просту́д‖а (स्त्री०) ठंड ; सर्दी ; схвати́ть —у ठंड खाना / ठंड लगना ; **—ить(ся)** दे० простужа́ть(ся) ; **—ный** (वि०) कफ़ का ; कफ़-सम्बन्धी ।

простужа́ть (अपू०), **простуди́ть** (पू०) (भवि० простужу́, просту́дишь) ठंड लगाना/लग जाने देना ; он простуди́л ребёнка उसने बच्चे को ठंड लग जाने दी ; **—ся** (आत्म०) ठंड लगना ।

просту́живать(ся) = **простужа́ть(ся).**

проступ‖а́ть (अपू०), **простyпи́ть** (पू०) (भवि० проступлю́, просту́пишь) पसीजना ; चूना ; टपकना ; пот —ил на его́ лбу उसके माथे से पसीना चूने लगा ।

просту́пок (पुं०) दोष ; अपराध ।

просту́шка (स्त्री०) मूढ़ ; सीधा-सादा व्यक्ति ।

простыва́ть (अपू०), **просты́ть** (पू०) (भवि० просты́ну, просты́нешь) ठंडा होना ; ☐ его́ и след просты́л उसका तो नामोनिशान भी नहीं रहा ।

просты́нный (वि०) (पलँग की) चादर का ।

простыня́ (स्त्री०) (पलँग की) चादर ।

просты́ть दे० простыва́ть.

просу́нуть दे० просо́вывать.

просу́шивать (अपू०), **просуши́ть** (पू०) (बिल्कुल) सुखा देना ।

просу́шка (स्त्री०) बिल्कुल सुखा देने की क्रिया ।

просуществова́ть (पू०) (—ву́ю) अस्तित्व में होना ।

просчёт (पुं०) (गिनने में) ग़लती ; चूक ।

просчита́ть -I दे० просчи́тывать.

просчита́||ть -II (पू०) (कुछ समय तक) गिनना ; गिनने में समय लगाना ; он —л всю ночь वह सारी रात गिनता रहा ।

просчи́тывать (अपू०), **просчита́ть** (पू०) गिनना ; **—ся** (आत्म०) (गिनने में) ग़लती करना ; भूल करना ।

просы́п (पुं०) : без —у गहरी नींद ।

просыпа́ть -I (अपू०), **просы́пать** (पू०) (भवि० просы́плю, просы́плешь) बुरकना ; छितराना ; गिराना ; п. соль на ска́терть पलँग की चादर पर नमक गिराना ; **—ся** (आत्म०) गिरना ; बिखरना ।

просыпа́ть -II (अपू०), **проспа́ть** (पू०) (भवि० просплю́, проспи́шь) १. सोना ; проспа́ть три часа́ तीन घंटे सोना ; २. (सोकर) समय पर न उठना ।

просыпа́ться (आत्म० अपू०), **просну́ться** (आत्म० पू०) जाग जाना ।

просыха́ть (अपू०), **просо́хнуть** (पू०) (बिल्कुल) सूख जाना ।

про́сьб||а (स्त्री०) १. प्रार्थना ; आवेदन ; у меня́ к вам п. मेरी आपसे एक प्रार्थना है ; п. не шуме́ть कृपया शोर मत कीजिए ; обраща́ться с —ой प्रार्थना करना / आवेदन करना ; २. प्रार्थना-पत्र ; आवेदन-पत्र ; пода́ть —у प्रार्थना-पत्र देना ; пода́ть —у об отста́вке त्याग-पत्र देना ।

просяно́й (वि०) जुआर/बाजरे का ।

прота́лина (स्त्री०) (बर्फ़ पिघलकर) रिक्त हुआ स्थान ।

прота́лкивать (अपू०), **протолкну́ть** (पू०) आगे धकेलना ; बढ़ाना ; **—ся** (आत्म०) धक्के से आगे होना ; बढ़ना ।

протанцева́||ть (पू०) (—цу́ю) १. (कुछ समय तक) नृत्य करके समय बिताना ; они́ —ли всю ночь वे सारी रात नृत्य करते रहे ; २. नृत्य करना ।

прота́пливать (अपू०), **протопи́ть** (पू०) (भवि० протоплю́, прото́пишь) खूब तपाना ।

прота́птывать (अपू०), **протопта́ть** (पू०) १. (भवि० протопчу́, прото́пчешь) १. पददलित करना ; कुचलना ; २. (जूतों को) घिसा देना ।

протара́нить (पू०) (सेना०) भेदन ; बलपूर्वक प्रवेश करना ; घुस जाना ; п. обо́рону मोर्चा तोड़ना ।

прота́скивать (अपू०), **протащи́ть** (पू०) १. घसीटना ; ज़ोर से घसीटना ; २. जादू करना ; धोखा करना ।

прота́чивать (अपू०), **проточи́ть** (पू०) (कीड़े आदि का) सुराख कर देना ।

протащи́ть दे० прота́скивать.

протеже́ (उभ०) अभिभावित ; संरक्षित व्यक्ति ।

протежи́ровать (अपू०) (—рую) १. संरक्षण करना ; कृपा दिखाना ; २. षड्यन्त्र रचना ।

проте́з (पुं०) नक़ली अंग ; कृत्रिम अंग ; зубно́й п. नक़ली दाँत ; **—ный** (वि०) : —ная мастерска́я नक़ली अंग बनाने का कारख़ाना ।

протеи́н (पुं०) (रस०) प्रोटीन ।

протека́ть (अपू०), **проте́чь** (पू०) (भवि० протеку́, протечёшь) १. (केवल अपू०) शीघ्र बहना ; २. चूना ; ३. (समय) बीतना ; शीघ्र बीतना ; ४. (मुक़दमा) चलना ।

проте́ктор (पुं०) संरक्षक ; अभिभावक ।

протектора́т (पुं०) संरक्षित राज्य ।

протекцио́нный (वि०) संरक्षण ।

проте́кция (स्त्री०) संरक्षण ; हिफ़ाज़त ।

протере́ть(ся) दे० протира́ть(ся).

протесни́ться (आत्म० पू०) (ज़ोर लगाकर या सिकुड़कर) अपना रास्ता बना लेना ।

проте́ст (पुं०) विरोध ; **—ова́ть** (अपू०) (—ту́ю) (-के) प्रति विरोध प्रकट करना ।

проте́чь दे० протека́ть.

прóтив (अ०) १. विरुद्ध ; боро́ться п. чего́-л. किसी बात के विरुद्ध लड़ना ; он п. э́того वह इसके विरुद्ध है ; п. тече́ния प्रतिप्रवाह / बहाव के विरुद्ध ; п. ве́тра प्रतिवात / वायु के विरुद्ध ; २. सामने ; де́рево п. до́ма घर के सामने पेड़ ; он сел п. окна́ वह खिड़की के सामने बैठ गया ; ३. विपरीत ; प्रतिकूल ; п. его́ ожида́ний всё сошло́ хорошо́ उसकी आशा के विपरीत सब-कुछ ठीक हो गया ; ४. (-के) मुक़ाबले में ; рост проду́кции п. про́шлого го́да पिछले साल के मुक़ाबले उत्पादन में बढ़ोतरी ।

про́тивень (पुं०) कढ़ाई (तलने का लोहे का बर्तन) ।

проти́вительный (वि०) विरोधात्मक ।

проти́виться (आत्म० अपू०), **вос—** (आत्म० पू०) (भवि० проти́влюсь, проти́вишься) विरोध करना ; आपत्ति करना ; मुक़ाबला करना ।

проти́вн||ик (पुं०), **—ица** (स्त्री०) १. विरोधी ; विपक्षी ; २. शत्रु ।

проти́вн||о (क्रि० वि०) १. बुरी तरह से ; बेढंगेपन से ; он о́чень п. кричи́т वह बुरी तरह से चिल्लाता है ; २. (अ०) (-के) विरुद्ध ; विरोध में ; де́йствовать п. указа́ниям निर्देश के विरुद्ध काम करना : **—ый** (वि०) १. विरुद्ध ; प्रतिकूल ; सामने का ; —ая сторона́ प्रतिकूल दिशा ; в —ом слу́чае वरन् ; —ый ве́тер सामने की हवा ; २. अरुचिकर ; कुत्सित ; घृणास्पद ; ख़राब ।

противоалкого́льный (वि०) एलकोहल-विरोधी ; п. зако́н एलकोहल-विरोधी क़ानून ।

противове́с (पुं०) प्रतिसन्तुलन ।

противога́з (पुं०) गैस-मुखावरण ; श्वासयन्त्र ; गैस-रक्षी चेहरा ।

противоде́йств||ие (नपुं०) विरोध ; **—овать** (अपू०) (—вую) विरोध करना ; प्रतिकार्य करना ; जवाबी कार्यवाही करना ।

противоесте́ственный (वि०) अस्वाभाविक ; दूषित ।

противозако́нн||ость (स्त्री०) अवैधता ; **—ый** (वि०) अवैध ; —ый посту́пок अवैध कार्य ; जुर्म ।

противозача́точн||ый (वि०) गर्भ-निरोध ; गर्भरोक ; —ое сре́дство गर्भ-निरोध/गर्भरोक ओषधि ।

противолежа́щий (वि०) सामने (स्थित) ; п. у́гол एकान्तर कोण ।

противообще́ственный (वि०) समाज-विरोधी ।

противопоказа́ние (नपुं०) १. विरोधात्मक साक्ष्य ; २. विरोधी लक्षण ।

противополага́ть = противопоставля́ть.

противоположе́ние = противопоставле́ние.

противополо́жн||ость (स्त्री०) भेद ; अन्तर ; उलट ; пряма́я п. बिल्कुल उलट ; в п. -के विपरीत ; **—ый** (वि०) विपरीत ; प्रतिकूल ; प्रतीप ; सामने का ।

противопоста́в||ить दे० противопоставля́ть ; **—ле́ние** (नपुं०) विरोध/अन्तर दिखाने की क्रिया ।

противопоставля́ть (अपू०), **противопоста́вить** (पू०) (भवि० противопоста́влю, противопоста́вишь) विरोध प्रकट करना ; अन्तर दिखाना ; असमानता दर्शाना ।

противоправи́тельственный (वि०) सरकार-विरोधी ; शासन-विरोधी ।

противоречи́в||ость (स्त्री०) विषमता ; भिन्नता ; असंगति ; विरोध ; **—ый** (वि०) विरुद्ध ; प्रतिकूल ; आत्मविरोधी ; परस्पर-विरोधी ; अन्तर्द्वन्द्वात्मक ।

противоре́чи||е (नपुं०) प्रतिवाद ; खंडन ; विरोध ; дух —я विरोध-भावना ।

противоре́чить (पू०) प्रतिवाद करना ; खंडन करना ; п. самому́ себе́ अपने कथन का स्वयं प्रतिवाद करना ; п. друг дру́гу एक-दूसरे का खंडन करना ।

противосамолётный (वि०) हवामार ; वायुयान-ध्वंसक ।

противостáть दे० противостоя́ть.

противостоя́ние (नपुं०) (ज्योतिष) बाधा ।

противотáнковый (वि०) टैंक-मार ।

противостоя́ть (अपू०), **противостáть** (पू०) (भवि० противостáну, противостáнешь) अवरोध करना ; बाधा डालना ; मुक़ाबला करना ।

противочу́мный (वि०) प्लेग-रोक ; प्लेग-विरोधी ।

противоя́дие (नपुं०) विषमार ; विषघ्न ; विषहर (ओषधि) ।

протирáть (अपू०), **протерéть** (पू०) (भवि० протру́, протрёшь) १. (कपड़े का) रिन जाना ; घिसकर फट जाना ; सुराख़ हो जाना ; २. साफ़ करना ; रगड़कर सुखाना ; ३. कद्दूकस पर कसना ; **—ся** (आत्म०) १. (कपड़े का) रिन जाना ; घिसकर फट जाना ; सुराख़ हो जाना ; २. протирáть का कर्मवाच्य ।

проти́ск||иваться (आत्म० अपू०), **проти́скаться** (आत्म० पू०) (ज़ोर से या सिकुड़कर) अपना रास्ता बना लेना ; п. сквозь, чéрез толпу́ भीड़ में से रास्ता बना लेना ।

проткну́ть दे० протыкáть.

протóк (पुं०) १. स्रोत ; नहर ; २. (शरीर-रचना०) वाहिनी ।

протокóл (पुं०) १. रिपोर्ट ; कार्यवाही ; вести́ п. कार्यवाही लिखना ; २. नयाचार (अंग्रेज़ी—प्रोतोकोल) ।

протоколи́ровать (अपू०), **за—** (पू०) (वर्त०—рую) कार्यवाही लिखना ।

протокóльный (वि०) протокóл से वि० ; п. отдéл नयाचार-विभाग ।

протолкáться दे० протáлкиваться.

протолкну́ть(ся) दे० протáлкивать(ся).

протóн (पुं०) (भौ०) प्रोटोन ।

протопи́ть दे० протáпливать.

протоплáзма (स्त्री०) (वनस्पति तथा प्राणियों के जीवन का आधार-तत्त्व) जीविसार ; प्रोटोप्लाज़्म ।

протоптáть दे० протáптывать.

проторговáться (आत्म० पू०), (—гу́юсь) १. (व्यापार में) हानि उठाना ; २. (कुछ समय तक) सौदा करना ।

проторённый (वि०) (रास्ता) ख़ूब चलता हुआ ।

прóтори (बहु०) मुआविज़ा ; क्षतिपूर्ति ।

проторя́ть (अपू०), **протори́ть** (पू०) खोलना ; रास्ता चलाना ।

прототи́п (पुं०) प्राक्‌रूप ; मूल रूप ।

проточи́ть दे० протáчивать.

протóчн||ый (वि०) बहता हुआ ; प्रवाहमान ; —ая водá बहता हुआ पानी ।

протрáв||а (स्त्री०) (रस०) रंगस्थापक ; रंग पक्का करने के लिए प्रयुक्त पदार्थ ; **—ля́ть** (अपू०), **протрáвить** (पू०) (भवि० протравлю́, протрáвишь) रंगस्थापक लगाना ।

протрезвéть = протрезви́ться दे० протрезвля́ть(ся).

протрезвля́ть (अपू०), **протрезви́ть** (पू०) (भवि० протрезвлю́, протрезви́шь) नशा उतारना ; сон протрезви́л пья́ного नींद से शराबी का नशा उतर गया ; **—ся** (आत्म०) नशा उतरना ।

протрещáть दे० трещáть.

протруби́ть दे० труби́ть.

протури́ть (अपू०) मार भगाना ; खदेड़ देना ।

протухáть (अपू०), **протýхнуть** (पू०) गन्दा होना ; खराब होना ।

протýх||нуть दे० протухáть और тýхнуть ; **—ший** (वि०) गन्दा ; सड़ा हुआ ; खराब ।

протыкáть (अपू०), **проткну́ть** (पू०) बेधना ; आर-पार करना ; (मांस में सींक) घुसाना ; तलवार/छुरा घोंपना ।

протя́ги||вать (अपू०), **протяну́ть** (पू०) १. (रस्सी आदि बहुत दूर तक) लगाना ; फैलाना ; телефóнную ли́нию протяну́ли на мнóго километров टेलीफ़ोन का तार कई मील तक

лага दिया गया ; २. आगे करना ; बढ़ाना ; प्रस्तुत करना ; п. рýку हाथ (आगे करना) बढ़ाना ; □ по одёжке —вай нóжки तेते पाँव पसारिए जेती लाँबी सौर (चादर देखकर पाँव पसारिए) ; **—ся** (आत्म०) १. (हाथ आदि का) पहुँचना ; बढ़ना ; २. (स्थान का) विस्तार होना ; ३. (समय का) बीतना ; ४. протя́гивать का कर्मवाच्य ।

протяжéни||е (नपुं०) विस्तार ; फैलाव ; दौरान ; на —и пяти́ километров पाँच किलोमीटर के विस्तार में ; на —и пяти́ дней पाँच दिन में/के लिए ।

протяжённ||ость (स्त्री०) विस्तार ; लम्बाई ; **—ый** (वि०) विस्तृत ; विस्तीर्ण ; लम्बा ।

протя́жн||о (क्रि० वि०) धीरे-धीरे ; मन्द उच्चारण से ; говори́ть п. धीरे-धीरे बोलना ; **—ый** (वि०) धीमा ; मन्द उच्चारण का ।

протяну́ть : १. दे० протя́гивать ; २. тяну́ть का पूर्ण ; он ещё протя́нет वह कुछ समय और खींच जायेगा ।

проучи́||ть (पू०) I. दंड देना ; बुरी तरह ख़बर लेना ; सबक सिखाना ; II. (कुछ समय तक) अध्ययन करना ; (पाठ आदि) याद करना ; он —л урóки весь день वह सारा दिन अपना पाठ याद करता रहा ; **—ся** (आत्म०) पढ़ना ; अध्ययन करना ।

проу́шина (स्त्री०) सुराख़ (जिसमें कुछ ठोका जाता है) ।

проф - профессиона́льный से संक्षिप्त ।

профакти́в (профсою́зный акти́в) (पुं०) श्रमसंघ (ट्रेड यूनियन) के सक्रिय सदस्य ।

профа́н (पुं०) अनाड़ी ; अज्ञानी ; बुद्धू ; **—а́ция** (स्त्री०) (अज्ञान के कारण) निन्दा करने की क्रिया ।

профбилéт (профсою́зный билéт) (पुं०) श्रमसंघ (ट्रेड यूनियन) का कार्ड ।

профдвижéние (префессиона́льное движéние) (नपुं०) श्रमसंघ-आन्दोलन ।

профессиона́л (पुं०), **—ка** (स्त्री०) व्यवसायी / व्यवसायिनी ; **—ьный** (वि०) व्यावसायिक ; व्यवसाय-सम्बन्धी ; —ьный сою́з श्रम-संघ (ट्रेड यूनियन) ।

профéссия (स्त्री०) व्यवसाय ; पेशा ; धन्धा ; какáя егó п. वह क्या काम करता है ?

профéсс||ор (पुं०) प्राध्यापक ; **—орский** (वि०) प्राध्यापक का ; **—у́ра** (स्त्री०) १. प्राध्यापक का पद ; २. प्राध्यापकगण ।

профила́кти||ка (स्त्री०) रोगरोध ; **—и́ческий** (वि०) (रोगादि) रोधक ; —и́ческое срéдство रोगरोधक औषधि ।

профилактóрий (पुं०) चिकित्सालय ; डिस्पेंसरी ।

прóфиль (पुं०) पार्श्वचित्र ; एक ओर से लिया गया चित्र या नक़्शा ।

профильтрова́ть (पू०) छानना ; फ़िल्टर करना ।

профком (профсою́зный комитéт) (पुं०) स्थानीय श्रमसंघ (ट्रेड यूनियन) समिति ।

профорганиза́тор (профсою́зный организа́тор) श्रमसंघ (ट्रेड यूनियन) का संगठनकर्ता ।

профóрма (स्त्री०) औपचारिकता ; दिखावा ; простáя п. केवल दिखावा ।

профрабóта (स्त्री०) श्रमसंघ (ट्रेड यूनियन) का कार्य ।

профсою́з (профессиона́льный сою́з) (पुं०) श्रमसंघ ; ट्रेड यूनियन ; **—ный** (वि०) श्रमसंघ (ट्रेड यूनियन) का ।

профуполномочéнный : श्रमसंघ (ट्रेड यूनियन) का पूर्णाधिकारी प्रतिनिधि ।

проха́живаться (आत्म० अपू०), **пройти́сь** (आत्म० पू०) (भवि० пройду́сь, пройдёшься) टहलना ; सैर करना ; п. по кóмнате कमरे में टहलना ; □ п. на чéй-л. счёт, по чьему́-л. а́дресу किसीकी खिल्ली उड़ाना / मज़ाक करना ।

прохва́тывать (अपू०), **похвати́ть** (पू०) (भवि० прохвачу́, прохва́тишь) १. घुस जाना ; морóз прохвати́л до костéй पाला हड्डी-हड्डी में घुस गया ; २. (कर्तृ-निरपेक्ष)

दस्त होने लगना ; ३. (समाचार-पत्र में) कड़ी आलोचना लिखना ।

прохвор||áть (पू०) (कुछ समय तक) बीमार रहना ; он —áл две недéли वह दो सप्ताह बीमार रहा ।

прохвóст (पुं०) दुरात्मा ; दुष्ट ।

прохлáд||а (स्त्री०) ठंडक ; तरावट ; तरी ; вечéрняя п. सायंकाल की ठंडक/तरी ; **—ец** (पुं०) : рабóтать с —цем मज़े में काम करना / धीरे-धीरे काम करना ; **—ительный** (वि०) ठंडक पहुँचानेवाला; स्फूर्तिदायी; मज़ेदार ; —ительный напиток ठंडक पहुँचानेवाला/मज़ेदार पेय ; **—иться** दे० прохлáждаться ; **—но** (क्रि० वि०) ठंडक से ; (कर्तृ-निरपेक्ष) прохлáдно ठंड पड़ रही है ; **—ность** (स्त्री०) ठंडक ; ताज़गी ; स्फूर्ति ; नयापन ; **—ный** (वि०) ठंडा ; **—ца** (स्त्री०) рабóтать с —цей दे० прохлáдец.

прохлаждáться (आत्म० अपू०), **прохладиться** (आत्म० पू०) (भवि० прохлажýсь, прохладишься) १. ठंडा होना ; ठंडी हवा खाना ।

прохóд (पुं०) रास्ता ; ☐ мне от негó нет —а मैं उससे पीछा नहीं छुड़ा सकता ; не давáть —а पीछा न छोड़ना ।

проходимец (पुं०) दुर्जन ; दुष्ट ; बदमाश ।

проходим||ость (स्त्री०) (रास्ते आदि की) सुगमता ; पारगम्यता ; **—ый** (वि०) (सड़क आदि) सुगम ; पारगम्य ।

проходить -I (अपू०), **пройти** (पू०) (वर्त० прохожý, прохóдишь ; भवि० пройдý, пройдёшь) १. जाना ; (पैदल) चलना ; पार करना ; п. мимо पास से गुज़रना ; п. по мóсту पुल पर से गुज़रना ; дорóга прохóдит чéрез лес सड़क जंगल में से जाती है ; २. (समय) बीतना ; गुज़रना ; не прошлó ещё и гóда एक वर्ष भी न बीता था कि... ; ३. समाप्त होना ; बीत जाना ; егó болéзнь прошлá उसकी बीमारी दूर हो गयी ; лéто скóро пройдёт गर्मी शीघ्र ही बीत जायेगी ; ४. спектáкль прошёл удáчно नाटक ख़ूब सफल रहा ; ☐ э́то не пройдёт इससे काम नहीं चलेगा ।

проходить -II (अपू०), **пройти** (पू०) अध्ययन करना ; п. физику भौतिकी का अध्ययन करना ।

проходить -III (पू०) (कुछ समय तक) चलना ; चलने में समय बिताना ।

проходн||óй (वि०) : п. двор आँगन/सहन ; —áя бýдка प्रवेश-द्वार ।

прохождéние (नपुं०) १. गुज़रने की क्रिया ; २. (गुज़रने का) रास्ता ।

прохóжий (पुं०) (वि० रू०) पथिक ; राही ।

прохрипéть दे० хрипéть.

процвет||áние (नपुं०) समृद्धि ; फलना-फूलना ; **—áть** (अपू०) फलना-फूलना ; समृद्ध होना ।

процедить दे० процéживать और цедить.

процедýра (स्त्री०) कार्य-पद्धति ; कार्य-विधि ।

процéживать (अपू०), **процедить** (पू०) (भवि० процежý, процéдишь) (चलनी आदि में से) छानना ।

процéнт (पुं०) १. प्रतिशत ; फ़ी सदी ; один п. एक प्रतिशत ; २. ब्याज ; прóстые —ы साधारण ब्याज ; слóжные —ы चक्रवृद्धि ब्याज ; **—ный** (वि०) процéнт से वि० ।

процéсс (पुं०) १. प्रक्रिया ; विधि ; पद्धति ; рабóчий п. कार्य-पद्धति ; २. (अदालत की) कार्यवाही ; मुक़दमा ; अभियोग ; ☐ п. в лёгких क्षयरोग ; तपेदिक ; टी० बी० ।

процéссия (स्त्री०) जलूस ।

процессуáльн||ый (वि०) : —ые нóрмы क़ानूनी कार्यवाही ।

процитировать दे० цитировать.

прочёркивать (अपू०), **прочеркнýть** (पू०) (बीच में से) रेखा खींचना ।

прочéрчивать (अपू०), **прочертить**

(पू०) (भवि० прочéрчу, прочертúшь) (कुछ समय तक) चित्रालेखन करना ; रेखाचित्र बनाना ।

прочéсть दे० читáть.

прочёт (पुं०) १. पढ़ने के लिए दी गयी पुस्तक आदि ; २. (गिनने में) ग़लती/भूल ।

прóч||ий (वि०) अन्य ; दूसरा ; □ и —ee इत्यादि ; помúмо всегó —его इसके अतिरिक्त ।

прочúстить दे० прочищáть.

прочитáть (पू०) १. दे० читáть ; २. (कुछ समय तक) पढ़ते रहना ; पढ़ने में समय बिताना ; он прочитáл всю ночь वह सारी रात पढ़ता रहा ।

прóчи||ть (पू०) योजना बनाना ; семья́ —ла егó в юрúсты परिवार ने उसे वकील बनाने की योजना बनायी ।

прочищáть (अपू०), **прочúстить** (पू०) (भवि० прочúщу, прочúстишь) साफ़ करना ; अच्छी तरह से साफ़ करना ।

прóчн||о (क्रि० वि०) दृढ़तापूर्वक ; पक्की तरह ; **—ость** (स्त्री०) दृढ़ता ; शक्ति ; स्थिरता ; (रँग का) पक्कापन ; **—ый** (वि०) स्थायी ; दृढ़ ; पक्का ; स्थिर ; बलवान ; —ый мир स्थायी शान्ति ; —ый фундáмент पक्की नींव ; —ая крáска पक्का रँग ; —ый coióз पक्का मेल ।

прочтéни||е (नपुं०) पठन ; अवलोकन ; по —и पढ़कर ; पढ़ने के पश्चात् ।

прочу́вствовать (पू०) (—ву́ю) बहुत महसूस करना ; हृदय की गहराई से अनुभव करना ।

прочь (क्रि० वि०) दूर ; убрáть п. दूर हो जा ! ; прочь с дорóги ! रास्ते से दूर हट जा ! ; п. с глаз моúх ! मेरी आँखों से दूर हो जा !

прошéдш||ий : १. пройтú से कृदन्त दे० проходúть-I ; २. गत ; पिछला ; —ей зимóй पिछली सर्दियों में ; —ее врéмя (व्या०) भूतकाल ; ३. (संज्ञा की तरह प्रयुक्त) (वि० रू०) अतीत ; भूतकाल ।

прошéние (नपुं०) प्रार्थना-पत्र ; आवेदन-पत्र ; अर्जी ; подáть п. प्रार्थना-पत्र देना ।

прошептáть दे० шептáть.

прошéстви||е (नपुं०) по —и बीतने पर ; по—и пятú лет पाँच वर्ष बीतने पर ।

прошибáть (अपू०), **прошибúть** (पू०) १. प्रहार से तोड़ देना ; кулакóм стеклó прошиб मुक्का मारकर शीशा तोड़ दिया ; २. गहरा असर डालना ; ३. (द्रवित होकर) आँसू बह निकलना ; егó слезá прошúбла उसके आँसू बह निकले ।

прошивáть (अपू०), **прошúть** (पू०) (भवि० прошью́, прошьёшь) १. सीना ; टाँके लगाना ; २. (टेक०) छेदना ।

прошúвка (स्त्री०) (कपड़े पर लेस, गोटा, किनारी आदि की) सिलाई ।

прошипéть दे० шипéть.

прошúть दे० прошивáть.

прошлогóдный (वि०) पिछले वर्ष का ; गत वर्ष का ।

прóшл||ое (नपुं०) (वि० रू०) अतीत ; बीते दिन ; далёком —ом सुदूर अतीत में / बहुत दिन पहले ।

прóшл||ый (वि०) गत ; पिछला ; बीता हुआ ; п. год पिछले वर्ष ; на —ой недéле पिछले सप्ताह ; дéло —ое यह पुरानी बात है ।

прошмы́гивать (अपू०), **прошмыгну́ть** (पू०) खिसक जाना ; चुपके से निकल जाना ; आँख बचाकर निकल जाना ।

прошнурóвывать (अपू०), **прошнуровáть** (पू०) (भवि० —ру́ю) (बीच में से) रस्सी डालना ।

проштрáфиться (आत्म० पू०) (проштрáфлюсь, проштрáфишься) भूल करना ; ग़लती करना ; चूकना ।

проштудúровать दे० штудúровать.

прошумé||ть (पू०) (शोर करते हुए पास से) निकल जाना ; प्रसिद्धि पाना ; егó úмя —ло по всему́ мúру उसका नाम संसार भर में प्रसिद्ध हो गया ।

прощáй, —те! (विदाई का सम्बोधन) अलविदा !

прощáльн||ый (वि०) विदाई का ; —ые словá विदाई के शब्द ।

проща́ть (अपू॰), **прости́ть** (पू॰) (भवि॰ прощу́, прости́шь) क्षमा करना ; прости́те меня́ ! मुझे क्षमा कीजिए ! ; **—ся** (आत्म॰) १. अलविदा कहना ; विदाई लेना ; २. проща́ть का कर्मवाच्य ।

про́ще просто́й वि॰ और про́сто का तर-प्रत्ययान्त रूप ।

прощелы́га (उभ॰) धूर्त ; दुष्ट ।

проще́н||ие (नपुं॰) क्षमा ; проси́ть —ия क्षमा माँगना ।

прощу́пывать (अपू॰), **прощу́пать** (पू॰) (नब्ज़, नाड़ी आदि) देखना ।

проэкзаменова́ть(ся) दे॰ экзаменова́ть(ся).

прояви́тель (पुं॰) (फ़ोटो-सम्बन्धी) आलोकक (अंग्रेजी—डेवेलपर) ।

прояви́ть(ся) दे॰ проявля́т(ся).

проявле́ние (नपुं॰) १. प्रदर्शन ; प्रकटीकरण ; २. (फ़ोटो॰) आलोकित (डेवेलप) करने की क्रिया ।

проявля́ть (अपू॰), **прояви́ть** (पू॰) (भवि॰ проявлю́, проя́вишь) १. स्पष्ट करना ; प्रकट करना ; प्रदर्शित करना ; दिखाना ; п. му́жество वीरता दिखाना ; п. ра́дость प्रसन्नता प्रकट करना ; п. интере́с दिलचस्पी दिखाना ; २. (फ़ोटो॰) आलोकित (डेवेलप) करना ; □ п. себя́ (अकर्मक) अपनी योग्यता दिखाना ; **—ся** (आत्म॰) १. प्रकट होना ; २. проявля́ть का कर्मवाच्य ।

проясне́ние (नपुं॰) साफ़ होना ; निर्मल होना ।

проясне́||ть (पू॰) (मौसम) साफ़ होना ; निर्मल होना ; не́бо —ло आकाश निर्मल हो गया ।

проясня́ться (आत्म॰ अपू॰), **проясни́ться** (आत्म॰ पू॰) १. (मुख) कान्तिमय होना ; चमकना ; २. (मौसम का) साफ़ होना ।

пруд (पुं॰) तालाब ; जलाशय ; **—и́ть** (अपू॰) (वर्त॰ пружу́, пруди́шь) बाँध बनाना ; □ хоть пруд пруди́, их там хоть пруд пруди́ चाहे तालाब भर लो (अर्थात् यह चीज़ वहाँ प्रचुर मात्रा में है) ।

пружи́н||а (स्त्री॰) लचक ; स्प्रिंग ; **—истый** (वि॰) लचकदार ; स्प्रिंगदार ; **—ить** (अपू॰), **—иться** (आत्म॰ अपू॰) लचकदार होना ; स्प्रिंगदार होना ; **—ка** (स्त्री॰) (घड़ी की) कमानी (बहुत छोटा स्प्रिंग) ; **—ный** (वि॰) लचकदार स्प्रिंगदार ।

руса́к (पुं॰) तिलचटा ।

прусса́к (पुं॰) प्रशिया-निवासी ।

пру́сский (वि॰) प्रशिया देश का ।

прут (पुं॰) १. शाखा ; २. छड़ी ।

пру́тик (पुं॰) прут का अल्प॰ ।

прутко́вый (वि॰) : —ое желе́зо सरिये का लोहा ।

прыга́лка (स्त्री॰) (बच्चों के कूदने की) रस्सी ।

пры́гание (नपुं॰) १. उछलने या कूदने की क्रिया ; २. छलाँग ।

пры́г||ать (अपू॰), **пры́гнуть** (पू॰) उछलना ; कूदना ; —ать с шесто́м बल्ली के सहारे कूदना ।

пры́гнуть (पू॰) १. दे॰ пры́гать ; २. छलाँग मारना ।

прыгу́н (पुं॰) उछलनेवाला ; कूदनेवाला ; छलाँग लगानेवाला ।

прыжо́к (पुं॰) छलाँग ; п. с парашю́том हवाई छतरी (पैराशूट) लेकर छलाँग मारना ; п. в во́ду पानी में छलाँग मारना/ग़ोता लगाना ; п. на расстоя́ние लम्बी छलाँग ; п. на высоту́ ऊँची छलाँग ।

пры́скать (अपू॰), **пры́снуть** (पू॰) १. (पानी आदि) छिड़कना ; गिराना ; २. п. со́ смеху खिलखिलाकर हँस पड़ना ।

пры́скаться (आत्म॰ अपू॰) अपने आप पर छिड़कना/छींटे देना ; एक-दूसरे पर छींटे देना ; п. духа́ми (अपने) इत्र-फुलेल लगाना ।

пры́снуть दे॰ пры́скать.

пры́тк||ий (वि॰) क्षिप्र ; स्फूर्तिशील ; सजीव ; **—ость** (स्त्री॰) क्षिप्रता ; स्फूर्तिशीलता ; सजीवता ।

прыть (स्त्री०) वेग ; तेज़ रफ़्तार ; во всю п. पूरे वेग से ।

прыщ (पुं०) १. फुंसी ; मुहाँसा ; २. नन्हाँ-मुन्ना ; **—а́вый** (वि०) फुंसीदार ; **—ева́тый =** прыща́вый.

пря́дать = прясть -II.

пряд||е́ние (नपुं०) कताई ; ручно́е п. हाथ की कताई ; **—и́льный** (वि०) कताई का ; कातने का ; —и́льная маши́на कातने की मशीन ; **—и́льщик** (पुं०), **—и́льщица** (स्त्री०) कातनेवाला/वाली ।

прядь (स्त्री०) (बालों की) लट ।

пря́жа (स्त्री०) (केवल एकवचन) सूत ; धागा ।

пря́жк||а (स्त्री०) बकसुआ ; बकलस ; застегну́ть —у बकसुआ लगाना ।

пря́лка (स्त्री०) टेकुआ ; चर्खा ।

прям||а́я (स्त्री०) (वि० रू०) सीधी रेखा ; расстоя́ние по —о́й नाक की सीध ; **—ёхонько** (क्रि० वि०) सीधे ; नाक की सीध ; **—ико́м** (क्रि० वि०) सीधे ।

пря́мо (क्रि० वि०) १. सीधे ; २. п. сказа́ть साफ़-साफ़ कहना ; बिना लाग-लपेट के कहना ; ३. सचमुच ; я п. поражён मैं सचमुच चकित हूँ ; ४. ठीक ; बिल्कुल ; п. противополо́жно ठीक/बिल्कुल सामने ; आमने-सामने ।

прямоду́ш||ие (नपुं०) खरापन ; सीधापन ; निर्व्याजता ; **—ный** (वि०) खरा ; सीधा ; निर्व्याज ।

прям||о́й (वि०) १. सीधा ; идти́ п. доро́гой सीधे रास्ते जाना ; —а́я ли́ния सरल रेखा/सीधी रेखा ; п. у́гол (गणित) लम्ब/समकोण ; २. सीधा ; по́езд —о́го сообще́ния सीधी गाड़ी (जिसे कहीं बदलना न पड़े) ; ३. प्रत्यक्ष ; सीधा ; —ы́е вы́боры प्रत्यक्ष निर्वाचन ; п. нало́г प्रत्यक्ष कर ; —а́я речь प्रत्यक्ष कथन ; ४. (व्यक्ति) खरा ; सीधा ; सच्चा ; ५. सचमुच का ; वास्तविक ।

прямолине́йный (वि०) १. ऋजुरेखीय ; २. खरा ।

прямота́ (स्त्री०) खरापन ; सीधापन ; निर्व्याजता ।

прямоуго́льн||ик (पुं०) (गणित) आयत ; **—ый** (वि०) आयताकार ।

пря́н||ик (पुं०) अदरक आदि की मसालेदार मीठी रोटी ; **—ичный** (वि०) अदरक आदि की मसालेदार मीठी रोटी का ; **—ость** (स्त्री०) मसाला ।

пря́ный (वि०) मसालेदार ।

прясть (अपू०), **с—** (पू०) (वर्त० пряду́, прядёшь) **I.** कातना ; **II.** п. уша́ми (घोड़े का डर के मारे) कान हिलाना ।

пря́тать (अपू०), **с—** (पू०) (वर्त० пря́чу, пря́чешь) छिपाना ; **—ся** (आत्म०) १. छिपना ; २. пря́тать का कर्मवाच्य ।

пря́тки (बहु०) आँखमिचौनी का खेल ।

пря́ха (स्त्री०) कातनेवाला ।

псало́м (पुं०) भजन ; गीत ।

псалты́рь (स्त्री०) भजन-संग्रह ।

пса́рня (स्त्री०) श्वानगृह ; कुत्तों के रखने का घर ।

псарь (पुं०) शिकारी कुत्तों की देख-भाल करनेवाला नौकर ।

псевдонау́ка (स्त्री०) मिथ्या/छद्म ज्ञान ।

псевдони́м (पुं०) उपनाम ; कल्पित या बनावटी नाम ।

пси́на (स्त्री०) १. कुत्ते का मांस ; २. कुत्ते के मांस की गन्ध ; ३. (उभ०) बड़ा कुत्ता ।

пси́ный (वि०) कुत्ते का ।

психиа́тр (पुं०) मानसरोग-चिकित्सक ; **—и́ческ||ий** (वि०) मानसिक रोग-सम्बन्धी ; मानसिक ; —и́ческая лече́бница मानसिक रोगों का अस्पताल ; **—и́я** (स्त्री०) मानसिक रोगों की चिकित्सा ।

психи́ческ||ий (वि०) मानसिक ; —ая боле́знь मानसिक रोग ।

психоана́лиз (पुं०) मनोविश्लेषण ।

психо́з (पुं०) मानसिक अवस्था ; मानसिक रोग ।

психо́лог (पुं०) मनोवैज्ञानिक ; **—о́гия** (स्त्री०) मनोविज्ञान ।

психопáтия (स्त्री०) मनोविकृति ; मानसिक रोग ।

психотерапи́я (स्त्री०) मनश्चिकित्सा ; रोगों की मनोवैज्ञानिक ढँग से चिकित्सा ।

псóв‖ый (वि०) : —ая охóта कुत्तों द्वारा शिकार ।

птáшка (स्त्री०) छोटा-सा पक्षी ।

птенéц (पुं०) (पक्षी का) बच्चा ।

пти́ца (स्त्री०) पक्षी ; пéвчая п. गानेवाला पक्षी ; перелётная п. उड़ता पक्षी ।

птицевóд (पुं०) पक्षिपालक ; कुक्कुटादि का पालक ; **—ство** (नपुं०) पक्षिपालन ; कुक्कुटादि का पालन ।

пти́чий (वि०) पक्षी का ; п. двор कुक्कुटादि का फ़ार्म ।

пти́ч‖ка (स्त्री०) १. пти́ца का अल्प० ; २. चिह्न ; निशान ; стáвить —и चिह्न लगाना ; **—ник** (पुं०) कुक्कुटादि का फ़ार्म ।

пти́чница (स्त्री०) कुक्कुटादि के फ़ार्म में काम करनेवाली स्त्री/कन्या ।

пуáнт (पुं०) (नाट्य-रूपक में) पाँव के अँगूठों के बल खड़ा होना ।

пýблика (स्त्री०) जनता ; (नाटक-गृह में) प्रेक्षक/दर्शक ।

публикáци‖я (स्त्री०) १. प्रकाशन ; २. विज्ञापन ; дать —ю विज्ञापन देना ।

публиковáть (अपू०), **о—** (पू०) (वर्तं० —кýю) प्रकाशित करना ।

публици́ст (पुं०) समाजकल्याण-सम्बन्धी विषयों का लेखक ।

публи́чн‖о (क्रि० वि०) खुले-आम ; ऐलानिया ; खुल्लमखुल्ला ; **—ость** (स्त्री०) प्रकाशन ; विज्ञापन ; लोक-प्रचार ; **—ый** (वि०) सार्वजनिक ; जन- ; —ая библиотéка सार्वजनिक पुस्तकालय ; ☐ —ый дом वेश्यालय / चकला ; —ые торги́, नीलाम ।

пýгало (नपुं०) बिजूका ; धोखा (खेतों में) चिड़ियों आदि को डराने का पुतला ।

пýган‖ый (वि०) пугáть से कृदन्त ; ☐ —ая ворóна (и) кустá боится दूध का जला छाछ फूँक-फूँककर पीता है ।

пугáть (अपू०), **ис—** (पू०) डराना ; धमकाना ; भयभीत करना ; **—ся** (आत्म०) डरना ; (घोड़े का) बिदकना ; он всегó пугáется वह सबसे डरता है ।

пугнýть (पू०) डराना ।

пугáч (पुं०) १. नक़ली पिस्तौल (खिलौना) ; २. (रात को चीखनेवाला) उल्लू ।

пугли́в‖ость (स्त्री०) डरपोकपन ; भीरुता ; **—ый** (वि०) डरपोक ; भीरु ।

пугнýть दे० пугáть.

пýговица (स्त्री०) बटन ।

пýговичн‖ый (वि०) बटन का ; —ое производство बटन तैयार करने का काम ।

пýговка (स्त्री०) छोटा बटन ।

пуд (पुं०) (एक रूसी तोल) = १६.३८ किलोग्राम अथवा ३६ पाउंड ।

пýдель (पुं०) घुँघराले बालोंवाला छोटा कुत्ता ।

пýдинг (पुं०) पुडिंग ।

пудóвый (वि०) एक पूद (दे० пуд) का ।

пýдр‖а (स्त्री०) पाउडर ; बुकनी ; चूर्ण ; **—еница** (स्त्री०) पाउडर की डिबिया ; **—енный** (वि०) पाउडर लगा हुआ ।

пýдрить (अपू०), **на—** (पू०) पाउडर लगाना ; बुरकना ; **—ся** (आत्म०) १. (अपने) पाउडर लगाना ; २. пýдрить का कर्मवाच्य ।

пузáтый (वि०) तुन्दिल ; बड़े पेटवाला ; (मटका आदि) बड़ा ।

пýзо (नपुं०) (केवल एकवचन) पेट ; उदर ।

пузырёк (पुं०) १. (छोटी) शीशी ; २. बुलबुला ।

пузы́риться (आत्म० पू०) बुलबुले उठना ।

пузы́рник (पुं०) (वन०) सनाय ।

пузы́рь (पुं०) १. बुलबुला ; २. छाला ; फफोला ; ३. हवा-भरा रबड़ का बुलबुला ; ४. (शरीर-रचना०) жёлчный п. पित्ताशय ; мочевóй п. मूत्राशय ; ५. नन्हा (बच्चा) ; ☐ п. со льдом बर्फ़ का थैला ।

пук (पुं०) (फूलों, घास आदि का) गुच्छा ; लच्छा ।

пулемёт (पुं०) मशीनगन ; **—ный** (वि०) मशीनगन का ; **—чик** (पुं०) मशीनगन चलानेवाला ।

пульверизáция (स्त्री०) पीसने/चूरा करने की क्रिया ।

пульверизúровать (अपू०) (—рую) पीसना ; चूरा करना ।

пýлька (स्त्री०) **I.** (बन्दूक की) छोटी गोली ; **II.** (ताश के खेल में) पूल ।

пýльпа (स्त्री०) (शरीर-रचना०) गूदा ।

пульс (पुं०) नाड़ी ; नब्ज़ ; щупáть п. नब्ज़ देखना ।

пульт (पुं०) डैस्क ; (संगीत-निर्देशक की स्वरलिपि रखने का) स्टैंड ।

пýля (स्त्री०) (बन्दूक की) गोली ; (तोप का) गोला ।

пулярка (स्त्री०) मोटी मुर्ग़ी ।

пýма (स्त्री०) पूमा (एक पशु) ।

пункт (पुं०) १. विन्दु ; кульминациóнный п. उत्कर्ष / परिणति-विन्दु ; २. केन्द्र ; स्थान ; медицúнский п. औषधालय / चिकित्सा-केन्द्र ; переговóрный п. टेलीफ़ोन-केन्द्र ; призывнóй п. (सेना०) भरती-केन्द्र ; ३. अनुच्छेद ; पैरा ; मद ; ४. (छपाई-सम्बन्धी) पाइंट ।

пунктúр (पुं०) विन्दु-रेखा ।

пунктуáльн||о (क्रि० वि०) समय पर ; **—ость** (स्त्री०) समयपालन ; समयनिष्ठता ; **—ый** (वि०) समयनिष्ठ ; समयपालक ।

пунктуáция (स्त्री०) (व्या०) विराम-चिह्न ।

пýнкция (स्त्री०) (चिकि०) वेध ; पंकचर ।

пýночка (स्त्री०) बर्फ़ीले स्थानों में रहनेवाला एक पक्षी ।

пунсóн (पुं०) (छपाई-सम्बंन्धी) पंच ।

пунцóвый (वि०) गहरे लाल रँग का ।

пунш (पुं०) पूँश (एक प्रकार की मदिरा) ।

пуп (पुं०) (शरीर-रचना०) नाभि ; नाल ।

пупáвка (वन०) एक प्रकार का शाक ।

пуповúна (स्त्री०) (शरीर-रचना०) नाल ; नार ।

пупóк (पुं०) १. = пуп ; २. (पक्षियों का) दूसरा आमाशय ।

пупы́рышек (पुं०) फुंसी ।

пургá (स्त्री०) (केवल एकवचन) बर्फ़ का तूफ़ान ।

пурúзм (पुं०) विशुद्धतावाद ।

пýрпур (पुं०) वैंगनी रंग ।

пýрпур||ный, —овый (वि०) वैंगनी रँग का ।

пуск (पुं०) (फ़ैक्टरी आदि के विषय में) आरम्भ या चालू होना ; (मशीन/इंजन आदि का) चालू होना ।

пускáй -I пускáть का आज्ञासूचक रूप ; **II** = пусть.

пускáть (अपू०), **пустúть** (पू०) (भवि० пущý, пýстишь) १. अनुमति देना ; (कुछ करने) देना ; п. кудá-л. कहीं जाने देना ; п. детéй гулять बच्चों को सैर करने की अनुमति देना ; п. когó-л. в óтпуск किसीको छुट्टी पर जाने की अनुमति देना ; २. भीतर आने देना ; не п. भीतर मत आने दो ; не пускáйте егó сюдá उसको यहाँ मत आने दीजिए ; ३. गतिशील करना ; (इंजन आदि) चालू करना ; п. вóду पानी छोड़ना ; п. машúну इंजन चालू करना ; п. змéя पतंग उड़ाना ; ४. फेंकना ; п. кáмнем в когó-л. किसी पर पत्थर फेंकना ; ५. फूटना ; п. побéги कोंपलें फूटना ; п. в ход все срéдства पूरा ज़ोर लगाना ; п. слух अफ़वाह फैलाना ; п. ко днý डुबोना ; п. пó миру नष्ट करना ; п. часы́ घड़ी चलाना ; п. пыль в глазá आँखों में धूल झोंकना ; **—ся** (आत्म०) १. आरम्भ करना ; करने लगना ; пустúться бежáть दौड़ना शुरू करना ; दौड़ने लगना ; —ся в подрóбности विस्तार में जाना ; —ся в путь यात्रा आरम्भ करना ; २. пускáть का कर्मवाच्य ।

пусковóй (वि०) चालू करने का ; आरम्भ करने का ; п. перúод завóда फ़ैक्टरी चालू करने का समय ।

пустельгá (स्त्री०) एक प्रकार का छोटा श्येन ; बाज़ ।

пустéть (अपू०), **о—** (पू०) ख़ाली होना ; उजड़ जाना ।

пусти́ть(ся) दे० пуска́ть(ся).

пустова́тый (वि०) १. ख़ाली-सा ; २. (व्यक्ति) बुद्धिहीन ।

пустова́ть (अपू०) (—ту́ю) (भवन आदि का) ख़ाली हो जाना ; (भूमि का) परती होना ।

пустоголо́вый (वि०) अल्पबुद्धि ; मूढ़ ।

пустозво́н (पुं०) गप्पी ; फ़िज़ूल बोलनेवाला आदमी ; प्रलापी ।

пуст||о́й (वि०) १. ख़ाली ; पोला ; उजड़ा हुआ ; на п. желу́док ख़ाली पेट ; २. (बातचीत) निरर्थक ; (व्यक्ति के विषय में) संकुचित ; तुच्छ ; —а́я болтовня́ निरर्थक बातचीत/बकवास ; ३. व्यर्थ ; —ые мечты́ हवाई क़िले ; —ые наде́жды व्यर्थ की आशाएँ ; ☐ перелива́ть из —о́го в поро́жнее निरर्थक बातचीत में समय गँवाना ; с —ы́ми рука́ми ख़ाली हाथ ।

пустоме́ля (उभ०) गप्पी ; प्रलापी ; फ़िज़ूल बोलनेवाला आदमी/औरत ।

пустопоро́жний (वि०) रिक्त ; ख़ाली ।

пустосло́вие (नपुं०) निरर्थक बातचीत ; वाग्विस्तार ; अनेक शब्दों का निरर्थक प्रयोग ।

пустота́ (स्त्री०) १. ख़ालीपन ; २. (भौ०) निर्वात स्थिति ।

пустоте́лый (वि०) पोला ; खोखला ।

пу́стошь (स्त्री०) परती ज़मीन ।

пусты́нн||ик (पुं०) संन्यासी ; वीतराग ; **—ый** (वि०) मरुभूमि का ; रेगिस्तानी ।

пу́стынь (स्त्री०) तपस्या ; संन्यास ; विरक्ति ।

пусты́ня (स्त्री०) मरुभूमि ; रेगिस्तान ।

пусты́рь (पुं०) परती भूमि ।

пусты́шка (स्त्री०) १. तुच्छ मनुष्य ; २. ख़ाली टिकट ; ३. बच्चों के चूसने की रबड़ की घुंडी ।

пусть (अ०) १. пусть он идёт उसे जाने दो ; २. п. по́здно, но я пойду́ भले ही देर हो गयी है, पर मै जाऊँगा ज़रूर ।

пустя́||к (पुं०) मामूली बात ; तुच्छ बात ; छोटी बात ; —ки́ ! बकवास ! ; тра́тить вре́мя по —ка́м छोटी-छोटी बातों पर समय नष्ट करना ; ☐ па́ра —ко́в बच्चों का खेल/बायें हाथ का खेल ; **—ко́вый, —чный** (वि०) मामूली ; तुच्छ ।

пу́тан||ик (पुं०) फूहड़पन से काम करनेवाला ; (मामले को) उलझा देनेवाला ; **—ица** (स्त्री०) व्याकुलता ; व्यग्रता ; गड़बड़ी ; उलझन ; घबड़ाहट ; **—ый** (वि०) व्याकुल ; व्यग्र ; घबड़ाया हुआ ।

пу́тать (अपू०), **с—** (पू०) १. (धागे, रस्सी आदि को) उलझाना ; २. व्यग्र करना ; घबड़ाना ; ३. गड़बड़ी करना ; ४. (घोड़े के पाँव में) पैंकड़ा बाँधना ; ५. (केवल अपू०) मिलाना ; फँसाना ; **—ся** (आत्म०) १. घबड़ा जाना ; व्यग्र होना ; २. (-में) उलझ जाना ; फँस जाना ।

путёвка (स्त्री०) (यात्रा/सफ़र का) पास ।

путе||води́тель (पुं०) मार्गदर्शक/मार्गदर्शिका (व्यक्ति, पुस्तिका) ; गाइड ; **—во́дный** (वि०) मार्गदर्शक- ; **—во́й** (वि०) सफ़र का ; यात्रा का ।

путём (क्रि० वि०) **I.** (-के) द्वारा ; **II.** उचित ढंग से ; ठीक समय पर ; он никогда́ п. не поест वह कभी भी समय पर भोजन नहीं करता ।

путепрово́д (पुं०) रेल (की पटरी पर से गुज़रने) का पुल ।

путеше́ств||енник (पुं०), **—енница** (स्त्री०) यात्री ; मुसाफ़िर ; **—ие** (नपुं०) १. यात्रा ; सफ़र ; २. यात्रा-वर्णन ।

путеше́ствовать (अपू०) (—ствую) यात्रा करना ; भ्रमण करना ; सफ़र करना ।

пути́на (स्त्री०) मछली पकड़ने का मौसम ।

пу́тлище (नपुं०) (घोड़े की) रकाब की पट्टी ।

пу́тни||к (पुं०), **—ца** (स्त्री०) पथिक ; राही ।

пу́тн||ый (वि०) समझदार ; काम का ; п. челове́к काम का आदमी ; он ни на что́ —ое не годи́тся वह किसी काम का नहीं ।

путч (पुं०) (जर्मन शब्द—पूश) विद्रोह ।

пу́ты (बहु०) (घोड़े की टाँगों पर बाँधने का) पैंकड़ा ; बेड़ियाँ ।

пут||ь (पुं०) १. मार्ग ; पथ ; रास्ता ; железнодоро́жный п. रेल-पथ / रेल की पटरी ; во́дным путём जल-मार्ग से/जल द्वारा ; —и сообщéния संचार-साधन ; сбúться с —и पथभ्रष्ट होना / रास्ता भूलना ; млéчный п. आकाशगंगा (असंख्य तारों की चमकती हुई पंक्ति) ; २. यात्रा ; सफ़र ; пустúться в п. यात्रा आरम्भ करना ; в трёх днях —ú तीन दिन का रास्ता/सफ़र ; по —ú रास्ते में/जाते हुए ; обрáтном —ú वापसी में ; счастлúвый п. ! शुभ यात्रा ! ; ३. (शरीर-रचना०) प्रणाली ; ४. साधन ; ढँग ; какúм —ём ? कैसे ? ; мúрным —ём शान्तिपूर्वक ; ☐ совратúть с —ú पथभ्रष्ट करना ; другóго, инóго —ú нет और कोई रास्ता नहीं ।

пуф (पुं०) १. गद्देदार स्टूल ; २. (पाउडर आदि लगाने की) गद्दी ; ३. झाँसा ।

пух (पुं०) पक्षी के कोमल पंख/पर ; मुलायम बारीक ऊन ; лебя́жий п. हंस के पर ।

пýхленький (वि०) गोलमटोल ; फूले चेहरेवाला ।

пýхлый (वि०) फूला हुआ ; गोलमटोल ।

пýхнуть (अपू०) सूजा हुआ ; फूला हुआ ।

пуховúк (पुं०) (परों से भरी पलँग पर बिछाने की) बिछौनी ।

пухóвка (स्त्री०) (पाउडर लगाने की) गद्दी ।

пухóвый (वि०) रुएँदार ; कोमल ।

пучúна (स्त्री०) भँवर ; भँवरजाल ।

пýчить (अपू०) सूजना ; फूलना ।

пýчность (स्त्री०) (भौ०) प्रस्पन्द विन्दु ।

пучóк (पुं०) १. пук का अल्प० ; २. (छोटा) गुच्छा ; लच्छी ; आँटी ; п. цветóв फूलों का गुच्छा ; п. волóс बालों की लट ।

пýшеч||ный (वि०) तोप का ; ☐ —ое мя́со तोप की बलि ।

пушúнка (स्त्री०) रुआँ ।

пушúстый (वि०) रुएँदार ।

пýшка (स्त्री०) तोप ; противотáнковая п. टैंकमार तोप ।

пушкáрь (पुं०) तोपची ।

пушн||úна (स्त्री०) (समू०) पोस्तीन का सामान ; **—óй** (वि०) पोस्तीनवाला ; पोस्तीन का ; п. зверь पोस्तीनवाला जन्तु ; п прóмысел पोस्तीन का व्यापार ।

пýща (स्त्री०) बीहड़ वन ; घना जंगल ।

пýще (क्रि० वि०) (-से) अधिक ; он бои́тся егó п. смéрти वह मृत्यु से भी अधिक उससे डरता है ; п. всегó सबसे अधिक ।

пýщ||ий (वि०) अधिक ; для —ей вáжности अधिक महत्ता के लिए ।

пчелá (स्त्री०) मधुमक्खी ।

пчелúный (वि०) मधुमक्खी का ; п. ýлей मधुमक्खियों का छत्ता ।

пчеловóд (पुं०) मधुमक्खी-पालक ; **—ство** (नपुं०) मधुमक्खी-पालन ।

пчéльник (पुं०) मधुमक्खियों के पालने का स्थान ।

пшенú||ца (स्त्री०) गेहूँ ; **—чный** (वि०) गेहूँ का ; —чный хлеб गेहूँ की रोटी ।

пшенó (नपुं०) जुआर, बाजरा आदि ।

пшóнн||ик (पुं०) जुआर/बाजरे का पुडिंग ; **—ый** (वि०) जुआर/बाजरे का ।

пыж (पुं०) तल्पी ; बन्दूक की डाट (मुलायम पदार्थ का पिंड या नमदे की टिकिया जिससे बन्दूक में बारूद आदि सुरक्षित रखते हैं) (अंग्रेज़ी—वैड) ।

пы́житься (आत्म० अपू०), **на—** (आत्म० पू०) १. फूल जाना ; अकड़ना ; २. पूरा ज़ोर लगाना ।

пыл (पुं०) उत्ताप ; उत्कटता ; उत्साह

пылáть (अपू०) जलना ; प्रज्वलित होना ; भभक उठना ; п. гнéвом क्रोध से भभक उठना ।

пыленепроницáемый (वि०) धूलिसह ।

пылúнка (स्त्री०) धूलि-कण ।

пылúть (अपू०), **на—** (पू०) धूल उड़ाना ; गर्द उड़ाना ।

пы́лкий (वि०) उत्कट ; प्रचंड ; उत्साही ।

пы́лность (स्त्री०) उत्कटता ; प्रचंडता ; उत्साह ।

пыль (स्त्री०) धूल ; गर्द ; (पानी का) छींटा ।

пы́льник (पुं०) १. फूल का परागकेशरवाला भाग ; २. (धूल से बचने के लिए पहना जानेवाला) कोट ।

пы́льн||о (कर्तृ-निरपेक्ष) п. बड़ी गर्द है ; धूल उड़ रही है ; **—ый** (वि०) गर्दवाला ।

пыльца́ (स्त्री०) पराग ; पुष्परज ।

пырну́ть (पू०) घोंपना ; п. ножо́м छुरा घोंपना ।

пыта́ть (अपू०) १. यातना देना ; सन्ताप देना ; २. परखना ; п. сча́стья भाग्य आज़माना ; **—ся** (आत्म०) प्रयास करना ; कोशिश करना ।

пы́тк||а (स्त्री०) उत्पीड़न ; यातना ; подверга́ть —е यातना देना ।

пытли́вый (वि०) जिज्ञासु ; उत्सुक ; п. ум जिज्ञासु मन ।

пы́хать (अपू०), **пы́хнуть** (पू०) (वर्त० пышу́, пы́шешь) ज्वाला का निकलना ; он пы́шет здоро́вьем वह स्वास्थ्य की मूर्ति है ; от пе́чки пы́шет (жа́ром) अँगीठी भभक रही है ।

пыхте́ть (अपू०), **про—** (पू०) (वर्त० пыхчу́ пыхти́шь) साँस फूलना ; हाँफना ।

пы́шн||ость (स्त्री०) भव्यता ; ठाठ-बाट ; तड़क-भड़क ; शान ; **—ый** (वि०) १. भव्य ; ठाठ-बाट का ; शानदार ; २. प्रचुर ; अति समृद्ध ; ३. (वस्त्र, ऊन आदि) रुएँदार ; नर्म ।

пьедеста́л (पुं०) चौकी ; खम्भे या मूर्ति का आधार ।

пье́са (स्त्री०) १. नाटक ; २. संगीत-कृति ।

пьяне́ть (अपू०), **о—** (पू०) १. नशे में आना ; नशा चढ़ना ; я пьяне́ю от одно́й рю́мки मुझे एक प्याले से ही नशा चढ़ जाता है ; २. मस्त होना ; खो जाना ; п. от му́зыки संगीत में खो जाना ।

пьяни́ть (अपू०), **о—** (पू०) नशा चढ़ाना ; मस्त करना ।

пья́н||ица (उभ०) पियक्कड़ ; शराबी ; नशेबाज़ ; **—ка** (स्त्री०) मद्योत्सव ; **—ство** (नपुं०) मद्य-व्यसन ; **—ствова́ть** (अपू०) (वर्त० —ствую) अतिपान ; अधिक नशा करना ; **—чу́га, —чу́жка** (पुं०) पियक्कड़ ; मदोन्मत्त ; मस्त ; **—ый** (वि०) मदोन्मत्त ; नशे में ।

пюпи́тр (पुं०) (स्वर-लिपि अथवा पुस्तक आदि रखने का) स्टैंड ।

пяд||ь (स्त्री०) बालिश्त ; ☐ ни —и सुई की नोक के बराबर भी नहीं ।

пя́лить (अपू०) कसकर खींचना/फैलाना ; п. глаза́ (на) आँखें फाड़-फाड़कर देखना ; घूरना ।

пя́льцы (बहु०) कशीदा काढ़ने का फ्रेम ।

пясть (स्त्री०) (शरीर-रचना०) हथेली ।

пята́ (स्त्री०) १. एड़ी ; ☐ по пята́м पद-चिह्नों पर ।

пята́к (पुं०) पाँच कौपे का सिक्का ।

пятачо́к (पुं०) १. = пята́к ; २. (सूअर का) थूथुन ।

пятёрка (स्त्री०) १. पंचा ; २. पाँच रूबल का नोट ।

пятерно́й (वि०) १. पाँच गुना ; २. पाँच भागों का ।

пятерня́ (स्त्री०) पंजा ; पाँचों उँगलियाँ ।

пя́теро (नपुं०) पाँच ; нас бы́ло п. ; हम पाँच थे ।

пяти- पंच- ; शब्द-विन्यास में पाँच का अर्थ देनेवाला उपसर्ग ; пятидне́вный पाँच दिन का ।

пятиалты́нный (पुं०) (वि० रू०) पन्द्रह कौपे का सिक्का ।

пятигра́нник (पुं०) पंचभुज ।

пятидесятиле́тний (वि०) पचासवर्षीय ।

пятидеся́тый (वि०) पचासवाँ ।

пятидне́вка (स्त्री०) पाँच दिन का समय ।

пятиконе́чный (वि०) पंचभुजी ।

пятикра́тный (वि०) पाँच तहोंवाला ।

пятиле́т||ие (नपुं०) पाँच वर्ष की अवधि ; **—ка** (स्त्री०) पंचवर्षीय योजना ; **—ний** (वि०) पंचवर्षीय ; —ний план = пятиле́тка ; —ний ребёнок पाँच वर्ष का बच्चा ।

пятиме́сячный (वि०) पाँच मास का ।

пятирублёвка (स्त्री०) पाँच रूबल का नोट ।

пятисо́тый (वि०) पाँचसौवाँ ।

пятиты́сячный (वि०) पाँच हज़ारवाँ ।

пя́титься (आत्म० अपू०), **по—** (आत्म० पू०) (वर्त० пя́чусь, пя́тишься) पीछे हटना ।

пятиуго́льн||ик (पुं०) पंचकोण ; पंचभुज ; **—ый** (वि०) पंचभुजी ; पाँच भुजाओं का ।

пятиэта́жный (वि०) पँचमहला ; पाँच मंज़िल का (मकान) ।

пя́тк||а (स्त्री०) एड़ी ; ☐ лиза́ть кому́-л. —и किसीके जूते चाटना/चापलूसी करना ; от головы́ до пя́ток सिर से पाँव तक ; удира́ть так что —и сверка́ют दुम दबाकर भागना ।

пятнадцатиле́тний (वि०) पन्द्रहवर्षीय ।

пятна́дцат||ый (वि०) पन्द्रहवाँ ; —ое февраля́ पन्द्रह फ़रवरी ।

пятна́дцать (स्त्री०) पन्द्रह ।

пятн||а́ть (अपू०) धब्बे डालना ; दाग़ लगाना ; **—а́шки** (बहु०) गेंदतड़ी (बच्चों का एक खेल जिसमें भागते हुए खिलाड़ी के गेंद मारी जाती है अथवा उसे छुआ जाता है) ; **—и́стый** (वि०) धब्बेदार ; चितकबरा ।

пя́тница (स्त्री०) शुक्रवार ; ☐ у него́ семь пя́тниц на неде́ле वह सदा अपना इरादा बदलता रहता है ।

пятно́ (नपुं०) धब्बा ; दाग़ ; लांछन ; роди́мое п. तिल / मस्सा ; выводи́ть пя́тна धब्बे हटाना ; э́то п. на его́ репута́ции यह उसकी क़ीर्ति पर लांछन है ।

пято́к (पुं०) पंचा ; п. я́блок सेबों का पंचा (पाँच सेब) ।

пя́тый (वि०) पाँचवाँ ; п. но́мер पाँचवाँ नम्बर ।

пять (गिनती) पाँच ।

пятьдеся́т (गिनती) पचास ।

пятьсо́т (गिनती) पाँच सौ ।

Р

раб (पुं०) दास ; ग़ुलाम ।

раба́ (स्त्री०) दासी ; ग़ुलाम औरत ।

рабовлад||е́лец (पुं०), **—е́лица** (स्त्री०) स्वामी/स्वामिनी ; दास रखनेवाला/वाली ; ग़ुलाम रखनेवाला / वाली ; **—е́льческий** (वि०) दासप्रथा-सम्बन्धी ।

рабовладе́ние (नपुं०) दास-प्रथा ।

раболе́пие = раболе́пство.

раболе́пный (वि०) दासवृत्ति का ; नीच ; चापलूस ।

раболе́пство (नपुं०) दासता; ग़ुलामी; चापलूसी ।

раболе́пствовать (अपू०) (—ствую) चापलूसी करना ; दासवृत्ति दिखाना ।

рабо́т||а (स्त्री०) १. कार्य ; काम ; क्रिया ; лёгкая р. सहज काम ; тру́дная р. कठिन काम ; обще́ственная р. समाज-कार्य ; сельскохозя́йственные —ы कृषि-कर्म / खेती ; иска́ть —у काम ढूँढना ; быть без —ы, не име́ть —ы बेकार होना ; пи́сьменная р. लिखाई का काम ; дома́шняя р. घर का काम ; २. (बहु०) ка́торжные —ы (क़ैदी के लिए) कठोर काम ।

рабо́та||ть (अपू०) १. काम करना ; р. по на́йму भाड़े पर काम करना ; р. усе́рдно उत्साह से काम करना / परिश्रम करना ; р. вёслами चप्पू चलाना ; २. (किसी संस्था आदि का) खुला रहना ; библиоте́ка —ет до 5 часо́в पुस्तकालय पाँच बजे तक खुला रहता है ; **—ться** (आत्म०) (कर्तृ-निरपेक्ष) сего́дня хорошо́ —ется आज काम ठीक हो रहा है ।

рабо́тник (पुं०) श्रमिक ; कर्मचारी ; कार्यकर्ता ; нау́чный р. वैज्ञानिक कार्यकर्ता ; парти́йный р. दल का कार्यकर्ता ।

рабо́тница (स्त्री०) काम करनेवाली ; कार्यकर्त्री ; до́ма́шняя р. (घरेलू) नौकरानी ।

работода́тель (पुं०) काम देनेवाला ; मालिक ।

работорго́вля (स्त्री०) दास-व्यापार ; दास खरीदने तथा बेचने का व्यवसाय ।

работоспосо́бн||ость (स्त्री०) कार्य-क्षमता ; कुशलता ; **—ый** (वि०) कार्यक्षम ; कुशल ।

работя́||га (उभ०) परिश्रमी व्यक्ति ; **—щий** (वि०) परिश्रमी ।

рабо́ч||ий (पुं०) (वि० रू०) १. श्रमिक ; मज़दूर ; (वि०) श्रमिक का ; मज़दूर का ; р. класс श्रमिक-वर्ग ; —ее движе́ние श्रमिक-आन्दोलन ; २. कामगार ; कमेरा ; р. мураве́й कमेरी चींटी ; р. скот भारवाही पशु ; —ая пчёла कमेरी मधुमक्खी ; ३. рабо́та से वि० ; —ее вре́мя काम का समय ; —ее пла́тье काम करते समय पहने जानेवाले कपड़े ; ४. (टेक०) —ее колесо́ चालक-चक्र ; □ —ая си́ла जनबल/जनशक्ति ।

рабск||ий (वि०) १. दास- ; р. труд दास-श्रम ; २. दासोचित ; दास-सदृश ; —ое подража́ние दासोचित अनुकरण ।

ра́бств||о (नपुं०) दासत्व ; दासता ; ग़ुलामी ; отме́на —а दासता-उन्मूलन/समापन ।

рабфа́к (पुं०) (рабо́чий факульте́т) श्रमिकों का उच्च शिक्षालय ।

рабы́ня (स्त्री०) दासी ; ग़ुलाम औरत ।

равви́н (पुं०) यहूदी धर्माधिकारी ।

равели́н (पुं०) क़िले का बाहरी भाग ।

ра́венств||о (नपुं०) समता ; समानता ; р. голосо́в मतों की समानता ; знак —а गणित में 'बराबर है' का चिह्न (=) ।

равне́ние (नपुं०) १. सिधाई ; समरेखण ; २. समान करने की क्रिया ।

равни́н||а (स्त्री०) मैदान ; **—ный** (वि०) मैदान का ; р. жи́тель मैदान का निवासी ।

равно́ -I (कर्तृ-निरपेक्ष) всё р. एक ही बात है ; □ всё р. फिर भी ; он всё р. придёт फिर भी वह आयेगा ; **II.** (क्रि० वि०) १. समान ;

समान रूप से ; एक-सा ; он поступа́ет р. со всéми वह सबसे समान व्यवहार करता है / वह सबसे एक-सा बर्ताव करता है ; २. а равнó и और... भी ; он думает о Сите, а равнó и о Камле वह सीता और कमला दोनों के बारे में सोचता रहता है ; равнó как (и) (नकारात्मक वाक्य के पश्चात्) он от вас ничегó не трéбует, равнó как и от вáшего брáта वह न तो आपसे कुछ माँगता है और न आपके भाई से ही ।

равнобéдренный (वि०) (गणित) समद्विबाहु ; р. треугóльник समद्विबाहु त्रिभुज/त्रिकोण ।

равновели́к||ий (वि०) समपरिमाण ; (गणित) समतुल्य ; —ие плóщади समतुल्य क्षेत्रफल ; —ие треугóльники समतुल्य त्रिभुज/त्रिकोण ।

равновéсие (नपुं०) सन्तुलन ; полити́ческое р. (राजनीतिक) शक्ति-सन्तुलन ।

равнодéйствующая (स्त्री०) (वि० रू०) (गणित और भौ०) परिणमित/फलित (शक्ति) ।

равнодéнственный (वि०) (ज्योतिष) विषुवीय ; दिन तथा रात बराबर होनेवाले दिन का ।

равнодéнствие (नपुं०) विषुवीय (२१ मार्च तथा २३ सितम्बर जब दिन और रात बराबर होते हैं) ।

равнодýш||ие (नपुं०) उपेक्षा-भाव ; उदासीनता ; **—но** (क्रि० वि०) उपेक्षा-भाव से ; उदासीनता से ; **—ый** (वि०) अन्यमनस्क ; उदासीन ; निरपेक्ष ।

равнознáч||ащий, —ный (वि०) समान ; बराबर ; समतुल्य ।

равномéрн||о (क्रि० वि०) एकरूपता से ; **—ость** (स्त्री०) एकरूपता ; **—ый** (वि०) एकरूप ; एकसार ; समान ।

равнопрáв||ие (नपुं०) अधिकारों की समानता ; пóлное р. अधिकारों की पूर्ण समानता ; **—ный** (वि०) समाधिकारी ; समान अधिकारोंवाला ।

равноси́льный (वि०) सम ।

равносторóнний (वि०) (गणित) समबाहु ; р. треугóльник समबाहु त्रिभुज/त्रिकोण ।

равноцéнный (वि०) समान मूल्य का ।

рáвн||ый (वि०) समान ; बराबर ; —ое коли́чество समान परिमाण ; —ой длины́ बराबर लम्बाई का ।

равня́||ть (अपू०), **с—** (पू०) १. समान करना ; बराबर करना ; तुल्य करना ; **—ся** (आत्म०) १. बराबर होना ; समतुल्य होना ; никтó не мóжет —ся с ним उसकी कोई बराबरी नहीं कर सकता ; двáжды три —ется шéсти दो गुणा तीन, बराबर है छह (२×३=६) ; २. равня́ть का कर्मवाच्य ।

рад (विधेय) प्रसन्न ; он р. वह प्रसन्न है ; р. вас видéть आपसे मिलकर बड़ी प्रसन्नता हुई ।

рáда (स्त्री०) यूक्रेन की विधान-सभा ।

радéние (नपुं०) १. उत्साह ; जोश ; २. (धार्मिक) उत्सव ।

радéть (अपू०), **по—** (पू०) १. किसीकी देख-भाल करने में सहायता देना ; उत्साह दिखाना ; २. (धार्मिक) उत्सव मनाना ।

рáджа (पुं०) राजा ।

рáди (अ०) खातिर ; वास्ते ; -के लिए ; р. негó उसकी खातिर/उसके लिए ; чегó р. किसके लिए/क्यों ? ; □ р. бóга ! ईश्वर के लिए !

радиáльн||ый (वि०) (भौ०) किरणाभ ।

радиá||тор (पुं०) (भौ०) विकिरक ; रेडियेटर ; **—ция** (स्त्री०) (भौ०) विकिरण ।

рáдий (पुं०) (रस०) रेडियम ।

радикáл (पुं०) **I.** (गणित) करणी ; (रस०) मूलक ; **II.** (राजनीतिक) आमूल परिवर्तनवादी ।

радикáльн||ость (स्त्री०) १. (राजनीति) आमूल परिवर्तनवाद ; २. (चिकित्सा आदि की) प्रभाविता ; **—ый** (वि०) १. (राजनीति) उग्र ; आमूल परिवर्तनवादी ; २. आमूल- ; —ые измéнéния आमूल परिवर्तन ; —ые мéры उग्र कार्यवाही/कड़ी कार्यवाही ।

рáдио (नपुं०) रेडियो ; передавáть по р. रेडियो द्वारा प्रसारित करना ।

радиоакти́вн||ость (स्त्री०) रेडियमधर्मिता ; विकिरणशीलता ; **—ый** (वि०) रेडियमधर्मी ; विकिरणशील ।

радио||аппара́т (पुं०) रेडियो-सैट ; **—веща́ние** (नपुं०) (रेडियो द्वारा) प्रसारण ; **—гра́мма** (स्त्री०), **—донесе́ние** (नपुं०) रेडियोग्राम ; रेडियो-तार ; **—нау́шники** (बहु०) कर्ण-ध्वनक ; रेडियो कनटोपी (अंग्रेज़ी—ईअरफ़ोन) ; **—обору́дование** (नपुं०) रेडियो का साज़-सामान ; **—переда́тчик** (पुं०) रेडियो-प्रेषी ; रेडियो-प्रेषित्र ; **—переда́ча** (स्त्री०) रेडियो-प्रसारण ; **—приёмник** (पुं०) रेडियो-सैट ; **—сигна́л** (पुं०) रेडियो-सन्देश ; बेतार-सन्देश ; **—слу́шатель** (पुं०) रेडियो-श्रोता ; रेडियो सुननेवाला ; **—ста́нция** (स्त्री०) आकाशवाणी-केन्द्र ; रेडियो स्टेशन ; **—терапи́я** (स्त्री०) रेडियम-चिकित्सा ; **—те́хник** (पुं०) रेडियो-मिस्त्री ।

радиоустано́вка (स्त्री०) रेडियो-सैट ।

радиофици́ровать (अपू० और पू०) (—рую) रेडियो की व्यवस्था करना ।

радиоце́нтр (पुं०) रेडियो-केन्द्र ।

ради́ст (पुं०) रेडियो-परिचालक ।

ра́диус (पुं०) त्रिज्या ; व्यासाध ।

ра́довать (अपू०), **об—, по—** (पू०) (—дую) प्रसन्न करना ; э́то его́ о́чень ра́дует इससे वह बहुत प्रसन्न होगा ; **—ся** (आत्म०) १. प्रसन्न होना ; २. (пора́доваться पू० के साथ) खुशी मनाना ; душа́ ра́дуется मन हर्ष से भर उठता है ।

ра́достн||ый (वि०) प्रसन्नता का ; हर्षजनक ; प्रसन्नतापूर्ण ; р. крик हर्षध्वनि / किलकारी ; —ое изве́стие हर्षजनक समाचार/खुशखबरी ।

ра́дост||ь (स्त्री०) प्रसन्नता ; हर्ष ; с —ю प्रसन्नतापूर्वक ।

ра́дуга (स्त्री०) इन्द्रधनुष ।

ра́дужн||о (क्रि० वि०) प्रसन्नतापूर्वक ; आनन्द से ; **—ый** (वि०) १. दुग्धाभ ; इन्द्रधनुषी रँग का ; रंगबिरंगा ; २. आनन्दपूर्ण ; —ые надёжды रंगीन आशाएँ ; □ —ая оболо́чка आँख की पुतली (अंग्रेज़ी—आइरिस) ।

раду́ш||ие (नपुं०) मित्र-भाव ; सौजन्य ; **—но** (क्रि० वि०) मित्र-भाव से ; **—ный** (वि०) हार्दिक ; मित्रतापूर्ण ; р. приём हार्दिक स्वागत ।

раёк (पुं०) (थियेटर की) गैलरी ; वीथि ।

раж (पुं०) क्रोध ; क्रोधावेश ; приходи́ть в р. क्रोध में आना ।

раз (पुं०) **I.** १. बार ; на э́тот р. इस बार ; во второ́й р. दूसरी बार ; в сле́дующий р. अगली बार ; ещё р. एक बार और ; в после́дний р. अन्तिम बार ; р. в день दिन में एक बार ; вся́кий р. हर बार ; мно́го р. बहुत बार ; ни —у एक बार भी नहीं ; не р. कई बार ; २. (गिनती आरम्भ करते समय) एक ; раз, два, три एक, दो, तीन ; как раз बिल्कुल ठीक ; **II.** (क्रि० वि०) एक बार ; **III.** (अ०) क्योंकि ; р. он не пойдёт, они́ оста́нутся здесь वे यहीं ठहरेंगे क्योंकि वह नहीं जा रहा है ।

раз- (разо-, разъ-, рас-) (क्रिया-उपसर्ग) इसके जोड़ने से क्रिया में निम्नलिखित अर्थ आ जाते हैं ; १. अंशों में विभाजित या टुकड़े-टुकड़े हो जाने का अर्थ, जैसे разби́ть (तोड़कर टुकड़े-टुकड़े कर देना) ; २. दो शाखाओं में विभाजित करने का अर्थ ; जैसे распахну́ть две́ри (किवाड़ खोल देना) ; раздви́нуть врозь ноги́ (टाँगें चौड़ी करना) ; ३. भागों अथवा स्थानों के अनुसार बाँटना, जैसे разда́ть (बाँटना) ; расстави́ть часовы́х (विभिन्न स्थानों पर सन्तरी नियुक्त करना); ४. —ся (—сь) में अन्त होनेवाली क्रियाओं में गति सूचित करने का अर्थ, जैसे разбежа́ться (विभिन्न दिशाओं में भागना) ; разойти́сь (विभिन्न दिशाओं में जाना); ५. क्रिया या स्थिति की चरम सीमा सूचित करने का अर्थ, जैसे расста́ять बिल्कुल पिघल जाना ; ६. क्रिया के किसी वस्तु के सारे ऊपरी हिस्से पर होने का अर्थ, जैसे разма́зать (सारा पोत डालना) ; ७. क्रिया की पूर्ण समाप्ति अथवा 'छोड़ देना' का अर्थ ; जैसे разлюби́ть (प्रेम करना छोड़ देना) ;

८. क्रियाओं के अपूर्ण रूप को पूर्ण रूप बनाने के लिए, जैसे будúть (जगाना) से разбудúть.

разбавля́ть (अपू०), **разба́вить** (पू०) (भवि० разба́влю, разба́вишь) तनूकरण ; पतला करना ; р. водóй पानी मिलाना / पनीला करना ; р. молокó दूध को पनीला करना ।

разбаза́ривать (अपू०), **разбаза́рить** (पू०) अपव्यय करना ; धन बहाना ।

разба́ливаться (आत्म० अपू०), **разболе́ться** (आत्म० पू०) १. (केवल पू०) (मनुष्य का) बीमार पड़ना ; रोगग्रस्त होना २. (अंगों में) (बहुत देर तक या सख्त) पीड़ा होना ; दर्द होना ; (у меня́) рукá разболéлась मेरे हाथ में सख्त दर्द है ।

разба́лтывать (अपू०), **разболта́ть** (पू०) **I**. (घोलने के लिए) हिलाना ; **II**. बक देना ; (भेद) खोल देना ; р. секрéт भेद खोलना ; **—ся** (आत्म०) १. (पेच आदि का) ढीला हो जाना ; हिल जाना ; (मनुष्य का) हाथ से निकल जाना ; २. (हिलाने से) घुल जाना ; мукá хорошó разболтáлась в водé आटा पानी में अच्छी तरह घुल गया है/मिल गया है ।

разбе́г (पुं०) दौड़ ; перескочúть ров с —у दौड़कर खाई पर से कूद जाना ; прыжóк с —а दौड़कर लगायी हुई छलाँग ।

разбе́гаться -I (आत्म० पू०) इधर-उधर भाग-दौड़ करना ।

разбе||га́ться -II (आत्म० अपू०), **разбежа́ться** (आत्म० पू०) (भवि० разбегу́сь, разбежúшься) (भागकर) इधर-उधर बिखर जाना ; □ у негó глазá —жáлись उसकी आँखें चौंधिया गयीं ।

разбежа́ться (आत्म० पू०) (разбегу́сь, разбежúшься) १. दे० разбегáться ; २. (कूदने आदि के लिए) दौड़ना ।

разбереди́ть दे० бередúть.

разбива́ть (अपू०), **разби́ть** (पू०) (भवि० разобью́, разобьёшь) १. तोड़ना ; р. чáшку प्याला तोड़ना ; २. बाँटना ; अलग-अलग करना ; р. на грýппы मंडलियाँ बनाना ; ३. सीमा निर्धारित करना ; रूपरेखा तैयार करना ; ४. खेमा गाड़ना ; ५. हराना ; ६. बुरी तरह घायल करना ; р. гóлову सिर तोड़ना / सिर को बुरी तरह क्षत-विक्षत करना ; ७. (छपाई-सम्बन्धी) टाइप के बीच जगह छोड़ना ; अन्तर्पंक्ति छोड़ना ; он разбúт параличóм उसको लकवा मार गया है ; **—ся** (आत्म०) १. टूटना ; २. बँट जाना ; ३. घायल होना ; ४. разбивáть का कर्मवाच्य ।

равби́вка (स्त्री०) १. रूपरेखा तैयार करने या निशान लगाकर सीमा निर्धारित करने की क्रिया ; (छपाई-सम्बन्धी) अन्तर्पंक्ति देना/छोड़ना ।

разбинто́вывать (अपू०), **разбинтова́ть** (पू०) (भवि० —ту́ю) (घाव पर बँधी) पट्टी उतारना ; **—ся** (आत्म०) १. पट्टी उतर जाना ; рукá разбинтовáлась हाथ की पट्टी उतर गयी ; २. разбинтóвывать का कर्मवाच्य ।

разбира́тельство (नपुं) न्याय-विचार ; पड़ताल ।

разбир||а́ть (अपू०), **разобра́ть** (पू०) (भवि० разберу́, разберёшь) १. ले लेना ; ख़रीद लेना ; все кнúги разобрáли सब पुस्तकें ले ली गयीं/बिक गयीं ; २. (मशीन को खोलकर) पुर्जे अलग करना ; (दीवार आदि को) गिराना ; ३. चुनना ; बीनना ; ४. (मामले की) पड़ताल करना ; ५. (व्या०) पदच्छेद करना ; खंड करना ; ६. (लिखे को) पढ़ने का प्रयास करना ; समझना ; разбирáл, но не мог разобрáть पढ़ने / समझने का प्रयास किया परन्तु व्यर्थ ; он не разобрáл егó вопрóса वह उसका प्रश्न न समझ सका ; ७. (-से) विभोर होना ; (-के) वशीभूत होना ; егó разбирáли сомнéния वह सन्देह से अभिभूत हो गया ; ८. (केवल अपू०) दुस्तोष होना ; **—ся** (आत्म०) १. माल खोलना ; गट्ठर खोलना ; брать не —ая बिना छाँटे लेना ; २. पड़ताल करना ; परीक्षण करना ; समझ लेना ; ३. разбирáть का कर्मवाच्य ।

разбитно́й (वि०) हँसमुख ; रसिक ; р. ма́лый रसिक ।

разби́т||ый разби́ть से कृदन्त : टूटा हुआ ; чу́вствовать себя́ —ым अपने आपको टूटा-टूटा महसूस करना ।

разби́ть(ся) दे० разбива́ть(ся).

разбла́говестить दे० бла́говестить.

разбогате́ть दे० богате́ть.

разбо́й (पुं०) डकैती ; दस्यु-कर्म ; **—ник** (पुं०) डाकू ; दस्यु ।

разбо́йнич||ать (अपू०) डाके डालना ; **—еский** (वि०) разбо́йник से वि० ; डाकू का ; —еское нападе́ние डाकुओं का हमला ; **—ий** (वि०) разбо́йник से वि० ; —ья ша́йка डाकुओं का गिरोह ।

разбо́йн||ый (वि०) १. разбо́й से वि० ; —ое де́ло डकैती ; २. डांका डालने का ; —ое су́дно दस्युपोत ।

разболе́ться दे० разба́ливаться.

разболта́ть(ся) दे० разба́лтывать(ся).

разбомби́ть दे० бомби́ть.

разбо́р (पुं०) १. विश्लेषण ; आलोचना ; न्याय-विचार ; परीक्षण ; २. पदच्छेद ; पदनिर्देश ; ३. आलोचना ; ४. छाँटना ; без —а बिना छाँटे ; с —ом छाँटकर ; ५. कोटि ; бума́га пе́рвого —а प्रथम कोटि का काग़ज़ ; ☐ к ша́почному —у तमाशा खत्म होने के बाद पहुँचना ।

разбо́р||ка (स्त्री०) १. (माल आदि की) छँटाई ; २. मशीन आदि को खोलकर पुर्ज़े अलग करना ; **—ный** (वि०) वियोजनीय ; उठाये जाने योग्य ; जिसके अलग-अलग टुकड़े किये जा सकें ; р. мо́ст वियोजनीय/हिस्सों को जोड़कर बनाया गया पुल ।

разбо́рчив||ость (स्त्री०) १. लिखाई की सुपाठ्यता ; २. छोटी-छोटी बातों में मीन-मेख करने की आदत ; **—ый** (वि०) १. (लिखाई) स्पष्ट ; सुपाठ्य ; २. (मनुष्य) नकचढ़ा ; बहुत मीन-मेख करनेवाला ।

разбрани́ть (पू०) खूब फटकारना ; बुरा-भला कहना ; **—ся** (आत्म०) तू-तू मैं-मैं करना ; झगड़ना ; लड़ना ।

разбра́сывать (अपू०), **разброса́ть, разбро́сить** (पू०) (भवि० разбро́шу, разбро́сишь) इधर-उधर फेंकना ; बखेरना ; р. наво́з खाद बखेरना ; ☐ р. де́ньги на ве́тер धन बहाना / अपव्यय करना ; **—ся** (आत्म०) १: अपनी शक्ति को विभिन्न कामों में लगाकर नष्ट करना ; не разбра́сывайся एक ही समय बहुत कामों में हाथ मत डालो ! (अर्थात् एक समय पर एक ही काम करो) ; २. разбра́сывать का कर्मवाच्य ।

разбреда́ться (आत्म० अपू०), **разбрести́сь** (आत्म० पू०) (भवि० разбреду́сь, разбредёшься) तितर-बितर होना ; बिखर जाना ; р. в ра́зные сто́роны विभिन्न दिशाओं में तितर-बितर होना ।

разбро́д (पुं०) १. दुर्व्यवस्था ; в разбро́д = вразбро́д ; २. तितर-बितर होने की क्रिया ।

разброса́ть, разбро́сить दे० разбра́сывать.

разбры́згивать (अपू०), **разбры́згать** (पू०) छींटे देना ; छिड़कना ।

разбуди́ть दे० буди́ть.

разбуха́ние (नपुं०) सूजन ।

разбуха́ть (अपू०), **разбу́хнуть** (पू०) सूजना ; फूलना ।

разбу́хнуть दे० разбуха́ть और бу́хнуть.

разбушева́ться (आत्म० पू०) (—шу́юсь) १. (तूफ़ान आदि का) आना ; प्रचंड होना ; (सागर में) ज्वार आना ; २. (मनुष्य का) क्रोधावेश में आना ।

разва́жничаться (आत्म० पू०) शेखी में आना ; अहंकार करना ।

разва́л (पुं०) १. विघटन ; गिरने या टूटने की क्रिया ; २. दुर्व्यवस्था ; अव्यवस्था ; ३. खुली मंडी (जहाँ माल को भूमि पर रखकर बेचा-खरीदा जाये) ।

разва́ливать (अपू०), **развали́ть** (पू०)

१. (मकान आदि को) गिराना ; तोड़ गिराना ; २. (काम आदि को) खराब करना ; गोलमाल करना ; **—ся** (आत्म०) १. गिरना ; टूटकर गिरना ; टुकड़े-टुकड़े हो जाना ; २. आलस्य में समय गँवाना ; आराम से लेटना ; ३. развáливать का कर्मवाच्य ।

развáлина (स्त्री०) खँडहर ।

развали́ть(ся) दे० развáливать(ся).

развáривать (अपू०), **развари́ть** (पू०) (बिल्कुल नर्म होने तक अथवा अच्छी तरह) उबालना ; **—ся** (आत्म०) १. (बिल्कुल नर्म होने तक अथवा अच्छी तरह) उबालना ; २. развáривать का कर्मवाच्य ।

разварнóй (वि०) अच्छी तरह उबाला हुआ ; р. картóфель अच्छी तरह उबाले हुए आलू ।

рáзве (अ०) १. सचमुच ; он там был. Р. ? वह वहाँ था ! सचमुच ? ; २. (प्रश्नसूचक) р. он приéхал ? क्या वह आ गया ? ; р. он их не ви́дел ? क्या उसने उनको नहीं देखा ?; ३. "शायद···अच्छा हो" के अर्थ में ; р. пойти́ (емý) к дóктору शायद उसके लिए डाक्टर के पास जाना अच्छा हो ; ४. "यदि ···न हुआ तो" के अर्थ में ; он непремéнно э́то сдéлает, р. (тóлько) заболéет यदि बीमार न हुआ तो वह यह अवश्य करेगा ; ५. -के अतिरिक्त ; никтó не знáет э́того, р. тóлько он उसके अतिरिक्त इस बात का किसीको पता नहीं ।

развевá‖ть (अपू०), १. (हवा में) इधर-उधर उड़ा देना ; उड़ाकर चारों ओर फेंक देना ; २. вéтер —ет знáмя झंडा हवा में लहरा रहा है ; **—ться** (आत्म०) (हवा में) लहराना ; उड़ना ; с —ющимися знамёнами लहराते हुए झंडों के साथ ; гóрдо —ться अकड़ना ।

развéдать दे० развéдывать.

разведéние (नपुं०) **I.** १. (पशु) प्रजनन ; २. खेती ।

развéд‖ка (स्त्री०) १. चर-सेवा ; खुफ़िये/भेदिये का काम ; २. (सेना) टोह ; पर्यवेक्षण ; शत्रु के क्षेत्र की पहले से ही जांच कर लेना ; ३. (भू-गर्भ०) जाँच करना ; **—чик** (पुं०) १. (सेना०) टोह लेनेवाला ; पर्यवेक्षक ; जासूस ; खुफ़िया / भेदिया (अफ़सर) ; २. टोह-विमान ; शत्रु-प्रदेश पर उड़कर टोह लेनेवाला हवाई जहाज़ ; **—чица** (स्त्री०) जासूस औरत ; भेदिया स्त्री ।

развéдывательн‖ый (वि०) (सेना०) १. टोह- ; पर्यवेक्षण- ; २. खुफ़िया ; भेदिया ; —ая рабóта (सेना०) टोह लेने का काम ; शत्रु के प्रदेश की जाँच करने का काम ; जासूसी ; भेदिये का काम ।

развéдывать (अपू०), **развéдать** (पू०) १. पता लगाना ; मालूम करना ; २. (सेना०) टोह लेना ; शत्रु-प्रदेश की जाँच करना ; ३. (भू-गर्भ०) जाँच करना ।

развезти́ दे० развози́ть.

развéивать (अपू०), **развéять** (पू०) उड़ाकर इधर-उधर फेंक देना ; вéтер развéял óблака हवा ने बादल इधर-उधर उड़ा दिये ; **—ся** (आत्म०) हवा में इधर-उधर उड़ जाना ।

равéнчивать (अपू०), **развенчáть** (पू०) सिंहासनच्युत करना ; राजगद्दी से उतारना ।

разверзáть (अपू०), **развéрзнуть** (पू०) (कविता में प्रयुक्त) (मुँह) बा देना ; खोलना ; ýжас развёрз её ýста डर के मारे उसका मुँह खुला का खुला रह गया ; **—ся** (आत्म०) खुलना ; (मुँह) खुला का खुला रह जाना ।

разверну́ть(ся) दे० развёртывать(ся).

разверстáть दे० развёрстывать.

развёрстка (स्त्री०) नियतन ; संविभाजन ; (कर) निर्धारण ।

развёрстывать (अपू०), **разверстáть** (पू०) नियतन करना ; संविभाजन करना ; (कर) निर्धारण करना ।

развéрст‖ый : разверзну́ть से कृदन्त ; खुला या फैला हुआ ; —ая пасть звéря हिंसक पशु का फैला हुआ जबड़ा ।

развёртка (स्त्री०) १. (गणित) उद्विकासन ; २. छेद चौड़ा करने का औज़ार ।

развёртывание (नपुं॰) १. (लपेटे हुए को अथवा तह को) खोलनी ; बिछाना ; २. विकास ; ३. फैलाव ।

развёртывать (अपू॰), **разверну́ть** (पू॰) १. (लपेटे हुए को/बांधे हुए को) खोलना ; फैलाना ; р. ковёр दरी बिछाना ; р. письмо́ पत्र खोलना ; р. паке́т पैकिट खोलना/पार्सल खोलना ; २. प्रदर्शन करना ; р. свои́ си́лы अपनी शक्ति का प्रदर्शन करना ; ३. विकास करना ; फैलाना ; р. социали́стическое строи́тельство समाजवादी स्पर्धा/प्रतियोगिता का प्रसार करना ; ४. (सेना॰) तैनात करना ; मोर्चे पर पंक्तियों में खड़ा करना ; युद्ध में योग देना ; **—ся** (आत्म॰) १. (लपेटी हुई वस्तु/पार्सल आदि का) खुलना ; फैलना ; २. (अपना) प्रदर्शन करना ; ३. फैलना ; ज़ोर पकड़ना ; широко́ разверну́лось социалисти́ческое соревнова́ние समाजवादी स्पर्धा/प्रतियोगिता खूब ज़ोर पकड़ गयी/सर्वत्र फैल गयी ; ४. (सेना॰) तैनात होना ; पंक्तियाँ बनाना ; बढ़ना ; ५. развёртывать का कर्मवाच्य ।

разве́с (पुं॰) तोल ; в. р. तोल के हिसाब से ।

развесели́ть(ся) दे॰ развеселя́ть(ся).

развесёлый (वि॰) रँगीला ; हँसमुख ; प्रफुल्ल ।

развеселя́ть (अपू॰), **развесели́ть** (पू॰) प्रसन्न करना ; प्रमुदित करना ; **—ся** (आत्म॰) प्रसन्न होना ; प्रमुदित होना ।

развёсистый (वि॰) शाखादार ।

разве́сить दे॰ разве́шивать.

разве́ска (स्त्री॰) १. तुलाई ; तोलने की क्रिया ; २. (नक़्शे आदि को दीवार पर) लटकाने की क्रिया ।

развесно́й, разве́сный (वि॰) तोल से बिकनेवाला ।

разве́сочн||ый (वि॰) तुलाई का ; —ое отделе́ние (कारखाने में) तुलाई करने का विभाग ।

развести́(сь) दे॰ разводи́ть(ся).

разветви́ть(ся) दे॰ разветвля́ть(ся).

разветвле́ние (नपुं॰) (रास्ते का) दो दिशाओं में विभक्त होना ; अलग होना ; द्विभाजन ।

разветвля́||ть (अपू॰), **разветви́ть** (पू॰) (भवि॰ разветвлю́, разветви́шь) कई शाखाओं में विभाजित करना ; **—ся** (आत्म॰) (रास्ता) अलग होना ; доро́га —лась रास्ता अलग दिशाओं में विभक्त हो गया ।

разве́шать दे॰ разве́шивать.

разве́шивать (अपू॰), **разве́шать, разве́сить** (पू॰) (भवि॰ разве́шу, разве́сишь) १. तोलना ; २. (разве́сить पू॰ के साथ) शाखाओं का फैलना ; ३. (नक़्शे आदि) टाँगना ; लटकाना ; □ разве́сить у́ши कौतूहलवश और श्रद्धापूर्वक सुनना ।

разве́ять(ся) दे॰ разве́ивать(ся).

развива́ть (अपू॰), **разви́ть** (पू॰) (भवि॰ разовью́, разовьёшь) १. (गुँथे हुए/लपेटे हुए को) खोलना ; २. विकसित करना ; बढ़ाना ; р. па́мять स्मरण-शक्ति का विकास करना ; р. промы́шленность उद्योग का विकास करना ; р. ско́рость रफ़्तार बढ़ाना/पकड़ना ; **—ся** (आत्म॰) १. (गुँथे हुए का) खुलना ; २. विकसित होना ; बढ़ना ।

разви́лина (स्त्री॰) १. जेली ; घास आदि हिलाने की दो भुजावाली लकड़ी ; २. रास्ते आदि का अलग होना ।

разви́нчивать (अपू॰), **развинти́ть** (पू॰) (भवि॰ развинчу́, развинти́шь) (पेच खोलकर) अलग-अलग कर देना ; **—ся** (आत्म॰) (पेच खुलकर) अलग-अलग हो जाना ।

разви́тие (नपुं॰) विकास ; р. промы́шленности उद्योग का विकास ।

развито́й (वि॰) १. विकसित ; २. (व्यक्ति) प्रबुद्ध ; बुद्धिमान ।

разви́ть(ся) दे॰ развива́ть(ся).

развлека́ть (अपू॰), **развле́чь** (पू॰) (भवि॰ развлеку́, развлечёшь) (किसीका) मनोरंजन करना ; मन बहलाना ; **—ся** (आत्म॰) (अपना) मनोरंजन करना ; मन बहलाना ।

развлече́ние (नपुं॰) मनोरंजन ; मनबहलाव ।

разво́д -I (पुं॰) १. विवाह-विच्छेद ; तलाक़; они́ в —е उनका विवाह-विच्छेद हो गया है / उनका तलाक़ हो गया है ; дава́ть р. кому́-л. किसी-को तलाक़ देना ; २. р. часовы́х पहरेदार नियुक्त करना ; ३. (बहु॰) नमूने ।

разво́д -II = разведе́ние, доставля́ть на р. नस्ल सुधारने/प्रजनन के लिए उपलब्ध करना ।

разводи́ть (अपू॰), **развести́** (पू॰) (वर्त॰ развожу́, разво́дишь ; भवि॰ разведу́, разведёшь) **I.** १. (सबको) अपने-अपने स्थान पर ले जाना ; р. по дома́м लोगों को उनके घर ले जाना ; госте́й развели́ по их ко́мнатам अतिथियों को उनके अपने-अपने कमरों में ले जाया गया ; २. नियुक्त करना ; तैनात करना ; р. часовы́х पहरेदार नियुक्त करना ; ३. (विपरीत दिशाओं में) अलग करना ; р. ве́тки शाखाएँ अलग कर देना ; ४. तनूकरण ; पतला करना ; ५. तलाक़ देना ; ६. (आग) जलाना ; р. костёр अलाव जलाना ; **II.** (पशु) प्रजनन करना ; नस्ल सुधारना ; (बाग़ आदि) लगाना ; **—ся** (आत्म॰) **I.** १. तलाक़ देना ; तलाक़ दिया जाना ; २. разводи́ть -I का कर्मवाच्य ; **II.** १. (पशु) प्रजनन; नस्ल-सुधार ; २. разводи́ть -II का कर्मवाच्य ।

разво́дка (स्त्री॰) १. दे॰ разведе́ние ; २. परित्यक्ता/जिसे तलाक़ दे दिया गया हो ।

разво́дная (स्त्री॰) (वि॰ रू॰) तलाक़नामा ; विवाहविच्छेद-पत्र ।

развоева́ться (आत्म॰ पू॰) गरजना ; शोर करना ।

разво́з (पुं॰) ढुलाई ; परिवहन ; गाड़ी द्वारा ले जाकर वितरण करना ।

развози́ть (अपू॰), **развезти́** (पू॰) (वर्त॰ развожу́, развози́шь ; भवि॰ развезу́, развезёшь) (गाड़ी आदि से) ले जाना ; परिवहन ; р. това́ры विभिन्न स्थानों पर माल पहुँचाना ।

развози́||ться (आत्म॰ अपू॰) उत्पात मचाना ; ऊधम करना ; де́ти —лись в саду́ बच्चे बाग़ में ऊधम मचा रहे थे ।

разво́зка (स्त्री॰) १. परिवहन ; २. वितरण ।

разволнова́ть (पू॰) (—ну́ю) जोश दिलाना; उत्तेजित करना ; **—ся** (आत्म॰ पू॰) उत्तेजित होना ।

развора́чивать (अपू॰), **развороти́ть** (पू॰) (भवि॰ разворочу́, разворо́тишь) १. तबाही मचाना ; (उलट-पुलट करके) इधर-उधर फेंक देना ; р. ку́чу камне́й ढेर के ढेर पत्थरों को इधर-उधर फेंक देना ; २. (तोड़कर) टुकड़े-टुकड़े कर देना ; ३. दरारें डाल देना ; жа́ром до́ску разворoти́ло गर्मी के कारण तख्ते में दरारें पड़ गयीं ।

развора́чиваться (आत्म॰ अपू॰), **развернýться** (आत्म॰ पू॰) १. = развёртываться ; २. इधर-उधर हिचकोले खाना ; डोलना ; ३. развора́чивать का कर्मवाच्य ।

разворо́вывать (अपू॰), **разворова́ть** (पू॰) (भवि॰ —ру́ю) (एक-एक करके) सब चुरा लेना ; дрова́ разворова́ли सब लकड़ियाँ चुरा ली गयीं ।

разворо́т (पुं॰) १. मोड़ ; २. विकास ; वृद्धि ; р. сове́тской торго́вли रूसी व्यापार की वृद्धि ।

развороти́ть दे॰ развора́чивать.

развороши́ть (पू॰) पलटना ; р. сено́ (सुखाने के लिए) घास पलटना ।

развра́т (पुं॰) कामुकता ; दुराचारिता ; भ्रष्टता ; विलासिता ; предава́ться —у विषयरत रहना/विलासितापूर्ण जीवन बिताना ।

разврати́тель (पुं॰), **—ница** (स्त्री॰) विषयोपभोगी/-भोगिनी ; दुराचारी/दुराचारिणी ।

разврати́ть(ся) दे॰ развраща́ть(ся).

развра́тник (पुं॰) दुराचारी ; भ्रष्ट-चरित्र ; व्यसनी ।

развра́тница (स्त्री॰) कुलटा ; दुराचारिणी ।

развра́тный (वि॰) कामुक ; दुराचारी ; भ्रष्ट ; व्यसन्नी ।

развраща́ть (अपू॰), **разврати́ть** (पू॰) (भवि॰ развращу́, разврати́шь) दूषित करना ; भ्रष्ट करना ; सतीत्व नष्ट करना ; **—ся**

(आत्म०) १. कामुक होना ; दुराचारी बनना ; विषयरत होना ; भ्रष्ट होना ; २. развращáть का कर्मवाच्य ।

развращённ||ость (स्त्री०) भ्रष्टता ; दुराचारिता ; विषयरति ; विषयासक्ति ; **—ый** (वि०) भ्रष्ट ; दुराचारी ; विषयासक्त ; विषयरत ।

развью́чивать (अपू०), **развью́чить** (पू०) (घोड़े या ऊँट की पीठ पर से) बोझा उतारना ।

развязáть(ся) दे० развя́зывать(ся).

развя́зк||а (स्त्री०) १. (कथा, उपन्यास आदि का) उपसंहार ; निगति ; р. ромáна उपन्यास का उपसंहार ; २. नाट्य-कथा की चरम परिणति ; дéло идёт к —е बात साफ़ होती जा रही है ।

развя́зно (क्रि० वि०) बेतकल्लुफ़ी से ; держáть себя́ р. बेतकल्लुफ़ी से पेश आना ।

развя́зный (वि०) बेतकल्लुफ़ ।

развя́зывать (अपू०), **развязáть** (पू०) (भवि० развяжý, развя́жешь) १. खोलना ; ढीला करना ; р. комý-л. рýки किसीके हाथ खोलना ; २. सुलझाना ; हल करना ; **—ся** (आत्म०) १. (पट्टी, गाँठ आदि का) खुलना ; २. (-से) पीछा छुड़ाना ; □ у негó язы́к развязáлся उसकी ज़बान बेलगाम हो गयी है ।

разгадáть दे० разгáдывать.

разгáдка (स्त्री०) (पहेली का) हल ।

разгáдывать (अपू०), **разгадáть** (पू०) (पहेली) बूझना/हल करना ; р. загáдку पहेली बूझना ।

разгáр (पुं०) **I.** १. पराकाष्ठा ; चरम उत्कर्ष ; वेग ; в —е ज़ोरों पर ; рабóта в пóлном —е काम पूरे ज़ोरों पर है ; **II.** (टेक०) क्षार ; काट ।

разгибáть (अपू०), **разогнýть** (पू०) (मुड़े हुए को) सीधा करना ; р. спи́ну पीठ सीधी करना ; □ не разгибáя спины́ अविराम / बिना रुके ; **—ся** (आत्म०) (मुड़े हुए का) सीधा होना ।

разгильдя́й (पुं०) गँवार आदमी ; मैला अथवा अस्तव्यस्त मनुष्य ।

разглагóльствование (नपुं०) वाग्विस्तार; वाक्प्रपंच ; अनेक शब्दों का निरर्थक प्रयोग ।

разглáживать (अपू०), **разглáдить** (पू०) (भवि० разглáжу, разглáдишь) १. साफ़ करना ; सलवटें निकालना ; २. (कपड़े पर) लोहा करना ।

разглашáть (अपू०), **разгласи́ть** (पू०) (भवि० разглашý, разгласи́шь) ढिंढोरा पीटना ; भेद खोलना ; सबको बता देना ।

разглашéние (नपुं०) भेद खोलने की क्रिया ; р. воéнной тáйны (सेना०) भेद खोलना / भेद देना ।

разглядéть (पू०) (разгляжý, разгляди́шь) १. टटोल लेना ; २. भाँप लेना ; समझ जाना ।

разгля́дывать (अपू०) ध्यान से देखना ; परीक्षण करना ; р. со всех сторóн सब पहलुओं से देखना ।

разгнéвать (पू०) बहुत क्रुद्ध करना ; उत्तेजित करना ।

разгнéваться दे० гнéваться.

разговáривать (अपू०) (-से) बातचीत करना ; बोलना ; довóльно р. ! बोलना बन्द कीजिए !/चुप हो जाइए ! ; не хочý с вáми р. ! मैं आपसे बोलना नहीं चाहता ! ; не стóит и р. об э́том इसके विषय में बात करना भी व्यर्थ है ; р. по-немéцки जर्मन भाषा में बातचीत करना/बोलना ।

разговля́ться (आत्म० अपू०), **разговéться** (आत्म० पू०) व्रत खोलना ; उपवास खोलना ।

разговóр (पुं०) वार्तालाप ; बातचीत ; завя́зывать р. (किसीसे) बातचीत शुरू करना ; перемени́ть р. बातचीत का विषय बदलना ; и —а нé было об э́том इसकी तो बात ही नहीं हुई ।

разговори́||ться (आत्म० पू०) १. (किसीसे) बातचीत छेड़ना ; они́ —лись वे बातचीत करने लगे ; २. (बातचीत से आकर्षित होकर) अपने विषय पर सोत्साह बोलना ।

разгово́рник (पुं॰) संवादबोधिनी ; बोलचाल सीखने की पुस्तक ।

разгово́рный (वि॰) बातचीत का ।

разгово́рчив||ость (स्त्री॰) वृथाभाषिता ; बकवास करने की आदत ; **—ый** (वि॰) वृथाभाषी ; बकवासी ।

разго́н (पुं॰) १. (भीड़ आदि का) तितर-बितर होना ; २. (दौड़ में) वेग ; गतिमात्रा ; ३. फ़ासला ।

разгоня́ть (अपू॰), **разогна́ть** (पू॰) (भवि॰ разгоню́, разго́нишь) १. मार भगाना ; (भीड़ को) तितर-बितर करना ; २. पूरे वेग से दौड़ना ; ३. (छपाई-सम्बन्धी) टाइप में जगह छोड़ना ; **—ся** (आत्म॰) १. पूरे वेग से आना ; २. разгоня́ть का कर्मवाच्य ।

рагора́живать (अपू॰), **разгороди́ть** (पू॰) (भवि॰ разгорожу́, разгороди́шь) (कमरे आदि का) विभाजन करना ; **—ся** (आत्म॰) १. (कमरे का) विभाजन होना ; २. разгора́живать का कर्मवाच्य ।

разгор||а́ться (आत्म॰ अपू॰), **разгоре́ться** (आत्म॰ पू॰) प्रज्वलित होना ; भभक उठना ; костёр —е́лся अलाव प्रज्वलित हो गया ; —е́лся спор गर्मागर्म बहस चल पड़ी ; стра́сти —е́лись भावनाएँ उग्र हो उठीं ; у неё щёки —е́лись उसके गालों पर लाली छा गयी ; □ глаза́ (и зу́бы) разгоре́лись (на что) मुँह में पानी भर आया ।

разгороди́ть(ся) दे॰ разгора́живать(ся).

разгорячи́ть दे॰ горячи́ть.

разгорячи́||ться (आत्म॰ पू॰) लाल हो जाना ; он —лся от вина́ शराब पीकर उसकी आँखें लाल हो गयीं ।

разгра́бить (पू॰) (разгра́блю, разгра́бишь) लूट-मार करना ; नष्ट करना ।

разграбле́ние (नपुं॰) लूट-मार ।

разгражда́ть (अपू॰), **разгради́ть** (पू॰) (भवि॰ разгражу́, разгради́шь) बाधाएँ दूर करना ; रुकावटें दूर करना ।

разграниче́ние (नपुं॰) १. विभेद ; २. सीमा-निर्धारण ; हदबन्दी ।

разграни́чивать (अपू॰), **разграни́чить** (पू॰) १. विभेद करना ; २. सीमा-निर्धारण करना ; हदबन्दी करना ; **—ся** (आत्म॰) हदबन्दी का किया जाना ।

разграфля́ть (अपू॰), **разграфи́ть** (पू॰) दे॰ графи́ть.

разгреба́ть (अपू॰), **разгрести́** (पू॰) (भवि॰ разгребу́, разгребёшь) १. हेंगी चलाना ; २. (फावड़े आदि से) मिट्टी या कोयला हटाना ।

разгро́м (पुं॰) १. घोर पराजय ; पूर्ण पराजय ; २. विनाश ; गड़बड़ी ; भगदड़ ।

разгроми́ть दे॰ громи́ть.

разгружа́ть (अपू॰), **разгрузи́ть** (पू॰) (भवि॰ разгружу́, разгру́зи́шь) माल उतारना ; भार उतारना ; (चिन्ता, भार आदि से) निवृत्त करना ; **—ся** (आत्म॰) (माल) उतारा जाना ; भार उतरना ; (-से) निवृत्ति पाना ।

разгру́зка (स्त्री॰) माल/भार के उतारने की क्रिया ।

разгруппиро́вывать (अपू॰), **разгруппирова́ть** (पू॰) (भवि॰ —ру́ю) दलों में विभाजित करना ।

разгрыза́ть (अपू॰), **разгры́зть** (पू॰) (भवि॰ разгрызу́, разгрызёшь) (दाँतों से) तोड़ना ; р. орех (दाँतों से) अखरोट तोड़ना ।

разгу́л (पुं॰) १. पानोत्सव ; २. धमाचौकड़ी ; हल्ला-गुल्ला ।

разгу́ливать (अपू॰) टहलना ; **—ся** (आत्म॰ अपू॰), **разгуля́ться** (आत्म॰ पू॰) १. खूब टहलना ; २. अत्यधिक मद्यपान करना ; रंगरेलियाँ मनाना ; मदिरा-पान करके निर्बन्ध हो जाना ; ३. (बहुत खुशी में आकर) नींद का टल जाना ; ४. (मौसम का) साफ़ हो जाना ; день разгуля́лся दिन साफ़ हो गया है ; ५. चल पड़ना ; शुरू होना ; प्रचंड होना ; непого́да разгуля́лась तूफ़ान आ गया/प्रचंड हो उठा ।

раздава́ть (अपू०), **разда́ть** (पू०) (वर्त० раздаю́, раздаёшь ; भवि० разда́м, разда́шь) बाँटना ; р. мылосты́ни भिक्षा बाँटना ; **—ся** (आत्म०) **I.** १. सुनायी पड़ना ; गूँजना ; разда́лся крик चीख़ सुनायी दी ; разда́лся стук (в дверь) दरवाज़े पर खटखट हुई ; **II.** १. पीछे हटना ; रास्ता देना ; толпа́ раздала́сь भीड़ पीछे हट गयी ; भीड़ ने रास्ता दे दिया ; २. फैलना ; मोटा होना ।

раздави́ть (पू०) (раздавлю́, разда́вишь) कुचलना ; रौंदना ।

разда́ривать (अपू०), **раздари́ть** (पू०) उपहार-रूप में देना ।

разда́точный (वि०) बाँटने का ; वितरण ; р. пункт वितरण-केन्द्र ।

разда́тч‖ик (पुं०), **—ица** (स्त्री०) बाँटनेवाला/वाली ; वितरण करनेवाला/वाली ।

разда́ть(ся) दे० раздава́ть(ся).

разда́ча (स्त्री०) बाँटने की क्रिया ; р. за́рплаты वेतन बाँटना ।

раздва́ивать (अपू०), **раздвои́ть** (पू०) समद्विभाजन करना ; दो बराबर भागों में बाँटना ।

раздвига́ть (अपू०), **раздвину́ть** (पू०) (हिलाकर) अलग कर देना ; खींचकर अलग कर देना ; दूर खिसका देना ; р. но́ги पैर फैलाना ; **—ся** (आत्म०) अलग हो जाना ; दूर खिसक जाना ; толпа́ раздви́нулась भीड़ छँट गयी ।

раздвижно́й (वि०) विस्तारणीय ; जो (इधर-उधर) फैलाया जा सके ; р. стол फैल जानेवाली मेज़ ।

раздви́нуть(ся) दे० раздвига́ть(ся).

раздвое́ние (नपुं०) समद्विभाजन/दो बराबर हिस्सों में बाँटने की क्रिया ।

раздвои́ть(ся) दे० раздва́ивать(ся).

раздева́‖лка, —льная (स्त्री०) कपड़े बदलने का कमरा (अंग्रेज़ी— क्लोक-रूम) ।

раздева́ние (नपुं०) कपड़े उतारने की क्रिया ।

раздева́ть (अपू०), **разде́ть** (पू०) (भवि० разде́ну, разде́нешь) कपड़े उतारना ; **—ся** (आत्म०) अपने कपड़े उतारना ; अपना कोट उतारना ; —ся догола́ बिल्कुल नंगा होना/नंगधड़ंग होना ।

разде́л (पुं०) १. बँटवारा ; विभाजन ; р. иму́щества सम्पत्ति का बँटवारा ।

разде́лать(ся) दे० разде́лывать(ся).

разделе́ние (नपुं०) बँटवारा ; विभाजन ; р. тру́да काम का बँटवारा ।

раздели́мый (वि०) विभाज्य ; बाँटे जाने योग्य ।

раздели́тельный (वि०) विभाजक ; विच्छेदक ।

раздели́ть(ся) दे० дели́ть और разделя́ть(ся).

разде́лывать (अपू०), **разде́лать** (पू०) १. तैयार करना ; (रँग करके) दानेदार बनाना ; р. шкаф под дуб अलमारी को (रँग करके) बलूत की तरह दानेदार बनाना ; раздела́ть пе́чную трубу́ चूल्हे की चिमनी बनाना ; २. छेद करना ; बड़ा करना ; ☐ разде́лать под оре́х बुरी तरह झाड़ना/झिड़कना ; **—ся** (आत्म०) (नौकरी से) अलग कर देना ; हिसाब कर देना ; हिसाब बेबाक करना ।

разде́льн‖ый (वि०) १. разде́л से वि० ; р. акт बँटवारे का क़ानून ; २. अलग ; ३. स्पष्ट ; —ое произноше́ние स्पष्ट उच्चारण ।

разделя́ть (अपू०), **раздели́ть** (पू०) १. विभाजित करना ; बाँटना ; २. पृथक् करना ; अलग करना ; ३. सहमत होना ; **—ся** (आत्म०) १. बँट जाना ; мне́ния раздели́лись राय अलग-अलग हो गयी / मत अलग-अलग हो गये ; २. अलग होना ; पृथक् होना ३. (केवल पू०) (पूरा) विभाजित होना ; э́то число́ разде́лится на три यह संख्या तीन से विभाजित होगी ; ४. разделя́ть का कर्मवाच्य ।

раздёргивать (अपू०), **раздёрнуть** (पू०) खींचकर अलग कर देना ; हटाना ; раздёрнуть занаве́ски पर्दे हटा देना ।

разде́ть(ся) दे० раздева́ть(ся).

раздира́ть (अपू०), **разодра́ть** (पू०) (भवि० раздеру́, раздерёшь) १. फाड़ डालना ; २. (केवल अपू०) (हृदय) विदीर्ण करना ; टुकड़े-टुकड़े करना ; **—ся** (आत्म०) १. फटना ; २. раздира́ть का कर्मवाच्य ।

раздобре́ть दे० добре́ть.

раздо́бриться (आत्म० पू०) उदार होना ; कृपालु बनना ।

раздобыва́ть (अपू०), **раздобы́ть** (पू०) (भवि० раздобу́ду, раздобу́дешь) उपार्जन करना ; परिश्रम से उपार्जन करना ; раздобы́ть де́нег धन उपार्जन करना ।

раздо́лье (नपुं०) १. खुला मैदान ; २. स्वतन्त्रता ; им тепе́рь без ста́рших р. ! बुजुर्गों की अनुपस्थिति में वे अपनी मर्ज़ी के मालिक हैं ! ।

раздо́льн||ый (वि०) ; —ая жизнь निश्चिन्त जीवन/स्वतन्त्र जीवन ।

раздо́р (पुं०) फूट ; कलह ; жить в —е कलह में रहना ; ☐ се́ять р. फूट के बीज बोना ।

раздоса́довать (पू०) (—дую) गुस्सा दिलाना ; परेशान करना ; बेचैन करना ।

раздража́ть (अपू०), **раздражи́ть** (पू०) नाराज़ करना ; गुस्सा दिलाना ; परेशान करना ; **—ся** (आत्म०) नाराज़ होना ; गुस्से होना ; परेशान होना ; —ся из-за пустяко́в, по пустяка́м मामूली बात पर चिढ़ जाना ।

раздраже́ние (नपुं०) नाराज़गी ; गुस्सा ; झल्लाहट ।

раздражи́тельный (वि०) चिड़चिड़ा ; он о́чень раздражи́телен वह बहुत चिड़चिड़ा है ।

раздразни́ть (पूं०) १. चिढ़ाना ; तंग करना ; २. р. чей-л. аппети́т किसीकी भूख जगाना ।

раздроби́ть(ся) दे० дроби́ть(ся) और раздробля́ть(ся).

раздробля́ть (अपू०), **раздроби́ть** (पू०) (भवि० раздроблю́, раздроби́шь) १. टुकड़े-टुकड़े करना ; (भूमि का) विभाजन करना ; २. (गणित) (-में) परिणत करना ; बदलना ; р. ме́тры в сантиме́тры मीटरों को सेंटीमीटरों में परिणत करना / बदलना ; **—ся** (आत्म०) १. टूटना ; टुकड़े-टुकड़े होना ; २. раздробля́ть का कर्मवाच्य ।

раздува́ние (नपुं०) १. (आग को फूँक मारकर या पंखे से) प्रज्वलित करना ; चेताना ; २. अतिरंजन ; तिल का ताड़ बनाना/राई का पहाड़ बनाना ।

раздува́ть (अपू०), **разду́ть** (पू०) (भवि० разду́ю, разду́ешь) १. (आग को फूँक मारकर या पंखे से) चेताना ; प्रज्वलित करना ; २. उत्तेजित करना ; ३. गाल बजाना ; हल्ला-गुल्ला करना ; ४. (कर्तृ-निरपेक्ष) у него́ разду́ло щёку उसके गाल फूल गये है ; ५. अतिरंजित करना ; तिल का ताड़ बनाना ; ६. (केवल अपू०) उड़ाना ; ве́тер раздува́ет знамёна हवा झंडों को उड़ा रही है / झंडे हवा में लहरा रहे हैं ; **—ся** (आत्म०) १. उड़ाया जाना ; पंखा किया जाना ; फूल जाना ; щека́ разду́лась गाल फूल गया ; २. раздува́ть से कर्मवाच्य ।

разду́ма||ть (पू०) विचार बदलना ; इरादा बदलना ; он хоте́л пойти́ туда́ но —ал वह वहाँ जाना चाहता था लेकिन इरादा बदल दिया ।

разду́мыва||ть (अपू०) १. चिन्तन करना ; विचार करना ; २. हिचकिचाना ; не —ая बिना हिचकिचाहट के ।

разду́мь||е (नपुं०) १. चिन्तन ; विचारमग्नता ; २. हिचकिचाहट ; в глубо́ком —е गहरे विचार में ; его́ взяло́ р. वह हिचकिचाता है ।

разду́ть(ся) दे० раздува́ть(ся).

разева́ть (अपू०), **рази́нуть** (पू०) चौड़ा करना ; खोलना ; р. рот मुँह खोलना / जँभाई लेना ; рази́нуть рот от изумле́ния आश्चर्य से मुँह खोलना ।

разжа́лобить (पू०) (разжа́лоблю, разжа́лобишь) द्रवित करना ; करुणार्द्र करना ; сто́ны твои́ никого́ не разжа́лобят तुम्हारे कराहने से किसीके भी मन में दया उत्पन्न नहीं

होती ; **—ся** (आत्म० पू०) द्रवित होना ; करुणार्द्र होना ।

разжа́ловать (पू०) (—лую) पदह्रास करना ; पद नीचा करना ; अवनति करना ; р. офице́ра в солда́ты अफ़सर की अवनति करके उसे सिपाही बना देना ।

разжа́ть(ся) दे० разжима́ть(ся).

разжёвывать (अपू०), **разжева́ть** (पू०) (भवि० —жую́) चबाना ; दाँतों से कुचलना ; э́то мя́со тру́дно разжева́ть यह मांस चबाना बड़ा कठिन है ।

разжига́ть (अपू०), **разже́чь** (पू०) (भवि० разожгу́, разожжёшь) (ज्योति) जगाना ; प्रज्वलित करना ; जागृत करना ; р. ого́нь अग्नि प्रज्वलित करना ; р. стра́сти लालसाएँ जागृत करना ; **—ся** (आत्म०) १. प्रज्वलित होना ; जागृत होना ; २. разжига́ть का कर्मवाच्य ।

разжижа́ть (अपू०), **разжиди́ть** (पू०) (भवि० разжи́жу, разжи́дишь) तनूकरण करना ; पतला करना ; पनीला करना ।

разжима́‖ть (अपू०), **разжа́ть** (पू०) (भवि० разожму́, разожмёшь) (भिंची हुई चीज़ को) खोलना ; स्प्रिंग को ढीला करना ; р. ру́ки हाथ की मुट्ठी खोलना ; не —я губ अपने ओठ खोले बिना ; **—ся** (आत्म०) (भिंची हुई चीज़ का) खुलना ; кула́к разжа́лся मुट्ठी खुल गयी ; гу́бы разжа́лись ओठ खुल गये ।

раззадо́ривать (अपू०), **раззадо́рить** (पू०) (इच्छा आदि) उत्तेजित करना ; प्रज्वलित करना ; भड़का देना ; **—ся** (आत्म०) उत्तेजित होना ।

раззва́нивать (अपू०), **раззвони́ть** (पू०) ढिंढोरा पीटना ; он раззвони́л об э́том повсю́ду उसने इसका सब जगह ढिंढोरा पीट दिया ।

раззнако́миться (आत्म० पू०) (раззнако́млюсь, раззнако́мишься) (मित्रता का) सम्बन्ध तोड़ना ।

рази́нуть दे० разева́ть.

рази́ня (उभ०) आलस्य में पड़ा हुआ जँभाई लेनेवाला आदमी ।

рази́тельный (वि०) अद्भुत ; विलक्षण ; विशिष्ट ; गहरा असर डालनेवाला ; р. приме́р विशिष्ट उदाहरण ।

рази́ть (अपू०), **с—** (पू०) (वर्त० ражу́, рази́шь) **I.** आघात करना ; चोट मारना ; **II.** (कर्तृ-निरपेक्ष) от него́ рази́ло вино́м उसके मुँह से शराब की तीव्र गन्ध आ रही थी ।

разлага́ть (अपू०), **разложи́ть** (पू०) १. (रस०) विघटन करना ; (गणित) विस्तार करना ; (भौ०) विभेदन करना ; р. во́ду на кислоро́д и водоро́д पानी को ऑक्सीजन और हाइड्रोजन में विघटित करना ; р. число́ на множи́тели संख्या का गुणनखंडों में विस्तार करना ; २. ह्रास करना ; सड़ाना ; ३. भ्रष्ट करना ; हतोत्साह करना ; मनोबल क्षीण करना ; हौस्ला पस्त करना ; р. а́рмию проти́вника शत्रु-सेना का मनोबल क्षीण करना/हौसला पस्त करना ; **—ся** (आत्म०) १. (रस०) विघटित होना ; (गणित) विस्तार होना ; (भौ०) विभेदित होना ; २. सड़ना ; труп разложи́лся लोथ सड़ गयी ; ३. भ्रष्ट होना ; मनोबल क्षीण होना ; हतोत्साह होना ; ४. разлага́ть का कर्मवाच्य ।

разла́д (पुं०) फूट ; कलह ; вноси́ть р. फूट डालना ।

разла́живать (अपू०), **разла́дить** (पू०) (भवि० разла́жу, разла́дишь) क्रम भंग करना ; व्यतिक्रम उत्पन्न करना ; अस्तव्यस्त करना ; **—ся** (आत्म०) १. (काम, मामले का) गड़बड़ हो जाना ; २. разла́живать का कर्मवाच्य ।

разла́комить (पू०) (разла́комлю, разла́комишь) जी ललचा देना ; प्रबल इच्छा उत्पन्न करना ; **—ся** (आत्म०) मुँह में पानी भर आना ; जी ललचाना ।

разла́мывать (अपू०), **разлома́ть, разломи́ть** (पू०) (भवि० разломлю́, разло́мишь) १. (разлома́ть पू० के साथ)

तोड़कर गिरा देना ; ढाह देना ; р. па́лку छड़ी तोड़ देना ; р. дом घर गिरा देना ; २. (разломи́ть पू० के साथ) तोड़ना ; (तोड़कर) टुकड़े टुकड़े करना ; р. хлеб रोटी तोड़ना अथवा टुकड़े बनाना ; ३. (разломи́ть पू० के साथ) (कर्तृ-निरपेक्ष) его́ всего́ разломи́ло उसकी हड्डी-हड्डी में दर्द है/उसकी हड्डी-हड्डी टूट रही है ।

рассмея́ться (आत्म० पू०) हँसने लगना।

рассмотре́||ние (नपुं०) निरीक्षण ; (प्रस्ताव, योजना आदि पर) सोच-विचार ; छानबीन ; सूक्ष्म परीक्षण ; पड़ताल ; बहस ; представля́ть что-л. на чьё-л. р. किसी मामले को किसीके आगे निर्णय के लिए/विचारार्थ प्रस्तुत करना ; оставля́ть жа́лобу без —ния अपील पर कोई सोच-विचार न करना ; अपील नामंज़ूर करना।

рассмотре́ть दे० рассма́тривать.

рассо́вывать (अपू०), **рассова́ть** (पू०) (भवि० —су́ю) ठूँसना ; р. ве́щи по карма́нам जेबों में चीज़ें ठूँसना।

рассо́л (पुं०) १. लवण-जल ; खारी पानी ; २. (अचार आदि का) रस।

рассо́рить (पू०) झगड़ा कराना ; **—ся** (आत्म०) झगड़ा करना ; लड़ना।

рассортиро́вывать (अपू०), **рассортирова́ть** (पू०) (भवि० —ру́ю) चुनना ; छाँटना।

рассоса́ться दे० расса́сываться.

рассо́хнуться दे० рассыха́ться.

расспра́шивать (अपू०), **расспроси́ть** (पू०) (भवि० рассспрошу́, расспро́сишь) पूछताछ करना ; सवाल पर सवाल करना ; प्रतिप्रश्न करना।

расспро́с||ы (बहु०) प्रश्न ; надоеда́ть с —ами सवाल पर सवाल करते जाना ; प्रश्न करके तंग करना।

рассредото́чение (नपुं०) विकेन्द्रीकरण ; पृथक्करण।

рассредото́чивать (अपू०), **рассредото́чить** (पू०) विकेन्द्रित करना ; बिखेरना।

рассро́чивать (अपू०), **рассро́чить** (पू०) (ऋण की अदायगी की) क़िस्त करना ; р.

работу на неделю काम को एक सप्ताह में बाँटना ; р. погашéние дóлга ऋण को क़िस्तों में अदा करने के लिए अनुमति देना ।

рассрóчк||а (स्त्री०) क़िस्त ; в —у क़िस्तों में ; क़िस्तों पर ।

расставá||ние (नपुं०) वियोग ; जुदाई ; при —нии वियोग के समय ; बिछुड़ने पर ।

расставáться (आत्म० अपू०), **расстáться** (आत्म० पू०) (वर्त० расстаю́сь, расстаёшься ; भवि० расстáнусь, расстáнешься) (से) вियोग होना ; (देश, घर) छोड़ना ; р. с мы́слью मस्तिष्क से विचार निकाल देना ; р. с привы́чкой आदत छोड़ना ।

расставля́ть (अपू०), **расстáвить** (पू०) (भवि० расстáвлю, расстáвишь) १. रखना ; धरना ; नियुक्त करना ; लगाना ; р. часовы́х पहरेदार नियुक्त करना ; р. сéти जाल लगाना ; २. (भिन्न दिशाओं में) फैलाना ; अलग करना ; р. нóги टाँगें चौड़ी करके खड़ा होना ; ३. (वस्त्र आदि के बीच में कुछ रखकर) चौड़ा करना ; р. спи́ну пиджáка कोट की पीठ चौड़ी करना ।

расстанáвливать = расставля́ть.

расстанóвк||а (स्त्री०) विन्यास ; р. слов शब्द-विन्यास ; □ говори́ть с —ой ठहर-ठहरकर बोलना/अटक-अटककर बोलना ।

расстáться दे० расставáться.

расстегáй (पुं०) रास्तेगाइ (मछली और चावल का एक प्रकार का समोसा) ।

расстёгивать (अपू०), **расстегну́ть** (पू०) (बँधे हुए को) खोलना ; बटन खोलना ; हुक निकालना ; बकसुआ खोलना ।

расстúл (पुं०) बिछाने की क्रिया ; р. льна सन बिछाना ।

расстилáть (अपू०), **разостлáть** (पू०) (भवि० расстелю́, расстéлешь) फैलाना ; बिछाना ; р. ковёр दरी बिछाना ; **—ся** (आत्म०) १. फैलना ; २. расстилáть का कर्मवाच्य ।

расстоя́ни||е (नपुं०) फ़ासला ; दूरी ; на нéкотором —и (от) -से कुछ फ़ासले पर/कुछ दूरी पर ; на далёком —и (от) -से काफ़ी फ़ासले पर ; काफ़ी दूरी पर ।

расстрáивать (अपू०), **расстрóить** (पू०) १. अस्तव्यस्त करना ; गड़बड़ करना ; २. नष्ट करना ; р. своё здорóвье अपना स्वास्थ्य नष्ट करना ; ३. व्यवस्था भंग करना ; (किसी काम की) पूर्ति में बाधा डालना ; р. плáны योजनाएँ पूरी होने में बाधा डालना ; ४. (वाद्ययन्त्र) बेसुरा करना ; ५. घबरा देना ; **—ся** (आत्म०) १. (योजना) असफल होना ; २. (वाद्ययन्त्र का) बेसुरा होना ; ३. घबराना ; ४. расстрáивать का कर्मवाच्य ।

расстрéл (पुं०) गोली से मार देने का दंड ; (भीड़ पर) गोलियों की वर्षा ।

расстрéливать (अपू०), **росстреля́ть** (पू०) १. (दंड) गोली से मार देना ; (भीड़ पर) गोलियों की वर्षा करना ; मशीनगन चलाना ; २. (चलाकर) गोलियाँ समाप्त कर देना/प्रयोग में लाना ।

расстри́га (पुं०) पदच्युत पुरोहित/पादरी ।

расстрóить(ся) दे० расстрáивать(ся).

расстрóйств||о (नपुं०) अव्यवस्था ; अस्तव्यस्तता ; गड़बड़ी ; (योजना की) असफलता ; बदहज़मी ; घबराहट ; быть в —е घबराहट में होना ; душéвное р. मानसिक अव्यवस्था ।

расступ||áться (आत्म० अपू०), **расступи́ться** (आत्म० पू०) (भवि० расступлю́, расстýпишь) पीछे हटना ; толпá —и́лась, чтóбы пропусти́ть нас भीड़ हमें रास्ता देने के लिए पीछे हट गयी ।

рассуди́тельн||ость (स्त्री०) विवेकशीलता ; विवेक ; **—ый** (वि०) विवेकशील ; बुद्धिसंगत ; विवेकपूर्ण ; —ый человéк विवेकशील व्यक्ति ; —ое решéние विवेकपूर्ण निर्णय ।

рассуди́||ть (पू०) (рассужу́, рассýдишь) १. न्याय करना ; निर्णय करना ; —те нас हमारा न्याय कीज़िए ; २. (अकर्मक) निर्णय करना ; सोचना ; он —и́л что емý лýчше уéхать

उसने सोचा (निर्णय किया) कि उसके लिए चला जाना ही श्रेयस्कर है ।

рассу́д‖ок (पुं॰) विवेक ; समझ ; बुद्धि ; अक़्ल ; го́лос —ка विवेक का स्वर ; теря́ть р. विवेक खोना ।

рассу́дочный (वि॰) विवेकपूर्ण ; बुद्धिसंगत ।

рассужда́ть (अपू॰) १. विचार करना ; २. बहस करना ।

рассужде́ние (नपुं॰) युक्ति ; बहस ; विवाद ; в р. сего́ इसीलिए ; अतः ।

рассу́чивать (अपू॰), **рассучи́ть** (पू॰) (लपेटे हुए को) खोलना ; (चढ़ी हुई आस्तीनें) नीची करना ।

рассчи́тывать (अपू॰), **рассчита́ть, расче́сть** (पू॰) (расче́сть से разочту́, разочтёшь) १. हिसाब लगाना ; गणना करना ; р. сто́имость зда́ния भवन बनाने की लागत का हिसाब लगाना ; २. हिसाब करना ; (नौकरी से) बरखास्त करना ; ३. (केवल अपू॰) विचार रखना ; он рассчи́тывал сде́лать э́то ве́чером उसका इसे सायंकाल करने का विचार था ; ४. निर्भर होना ; आसरे होना ; **—ся** (आत्म॰) १. हिसाब बराबर करना ; २. рассчи́тывать का कर्मवाच्य ।

рассыла́ть (अपू॰), **разосла́ть** (पू॰) (भवि॰ разошлю́, разошлёшь) १. (विभिन्न दिशाओं को) भेजना ; नोटिस/समन आदि बाँटना ; २. सबको भेज देना ।

рассы́льный (पुं॰) (वि॰ रू॰) हरकारा ; (पत्र आदि का) वाहक ।

рассыпа́ть (अपू॰), **рассы́пать** (पू॰) (वर्त॰ рассыпа́ю, рассыпа́ешь ; भवि॰ рассы́плю, рассы́плешь) छितराना ; बिखेरना ; **—ся** (आत्म॰) १. (रेत आदि) बिखेरना ; २. तितर-बितर होना ; ३. टुकड़े-टुकड़े होना ; पूरा हो जाना ।

рассыпно́й (वि॰) १. नगों के हिसाब से बेचा जानेवाला ; २. अलग-अलग ।

рассы́пчат‖ый (वि॰) भुरभुरा ; खस्ता ; —ое пече́нье भुरभुरा/खस्ता पकवान ।

рассыха́ться (आत्म॰ अपू॰), **рассо́хнуться** (आत्म॰ पू॰) (सूखकर) दरार पड़ फट जाना ।

раста́лкивать (अपू॰), **растолка́ть** (पू॰) १. इधर-उधर धकेलना ; २. (सोते को जगाने के लिए) झकझोरना ।

раста́пливать (अपू॰), **растопи́ть** (पू॰) (भवि॰ растоплю́, расто́пишь) १. (अँगीठी आदि) जलाना ; तपाना ; २. (मोम आदि) पिघलाना ।

раста́птывать (अपू॰), **растопта́ть** (पू॰) (भवि॰ растопчу́, расто́пчешь) कुचल डालना ।

раста́скивать (अपू॰), **растаска́ть, растащи́ть** (पू॰) १. इधर-उधर घसीटना ; अलग-अलग करना ; २. चुराना ; उठाईगीरी करना ।

растая́ть दे॰ та́ять.

раство́р (पुं॰) **I.** फैलाव ; р. две́ри द्वार ; **II.** घोल ; विलयन ; цеме́нтный р. सिमिंट का घोल ।

раствор‖и́мый (वि॰) विलेय ; घुल जाने योग्य ; **—и́тель** (पुं॰) (रस॰) घोलनेवाला ।

растворя́ть (अपू॰), **раствори́ть** (पू॰) **I.** (खिड़की आदि) खोलना ; **II.** घोलना ; विलय करना ; **—ся** (आत्म॰) **I.** खुलना ; खोला जाना ; **II.** घुलना ; विलय होना ; растворя́ть का कर्मवाच्य ।

растека́ться (आत्म॰ अपू॰), **расте́чься** (आत्म॰ पू॰) (भवि॰ растеку́сь, растечёшься) (किसी तरल पदार्थ का) इधर-उधर बिखरकर फैल जाना ।

расте́ние (नपुं॰) पौधा ।

растере́ть(ся) दे॰ растира́ть(ся).

растерза́ть (पू॰) (फाड़कर) टुकड़े-टुकड़े कर देना ; विदीर्ण करना ; р. се́рдце кому́-л. किसीके दिल के टुकड़े करना/हृदय विदीर्ण करना ।

расте́рянн‖ость (स्त्री॰) गड़बड़ी ; आकुलता ;

व्यग्रता ; घबराहट ; **—ый** १. растеря́ть से कृदन्त ; २. (वि०) आकुल ; व्यग्र ; घबराया हुआ ।

растеря́ть (पू०) खो देना ; **—ся** (आत्म०) १. खो जाना ; २. आकुल होना ; घबराना ।

расте́чься दे० растека́ться.

расти́ (अपू०) (वर्त० расту́, растёшь) १. (पौधों, सब्ज़ी आदि का) उगना ; (बच्चों का) बढ़ना ; २. वृद्धि होना ; आगे बढ़ना ; нау́ка растёт विज्ञान आगे बढ़ रहा है ।

растира́ние (नपुं०) १. पिसाई ; पीसने की क्रिया ; २. रगड़ने की क्रिया ।

растира́ть (अपू०), **растере́ть** (पू०) (भवि० разотру́, разотрёшь) १. पीसना ; महीन करना ; बुकनी करना ; २. पोतना ; он растёр грязь по лицу́ उसने मुँह पर कीचड़ पोत दिया ; ३. रगड़ना ; मालिश करना ; **—ся** (आत्म०) १. महीन होना ; पिस जाना ; २. (अपने ऊपर) रगड़ना ; मालिश करना ; ३. растира́ть का कर्मवाच्य ।

расти́тельн||ость (स्त्री०) १. हरीतिमा ; हरियाली ; лишённый —ости ऊसर/बंजर ; २. (मुँह के) बाल ; **—ый** (वि०) वनस्पति का ; —ое ма́сло वनस्पति घी/तेल ; —ая жизнь वनस्पति-जीवन ।

расти́ть (अपू०) (वर्त० ращу́, расти́шь) वृद्धि करना ; उगाना ; उपजाना ; बढ़ाना ; पोषण करना ; р. бо́роду दाढ़ी रखना ।

растлева́ть (अपू०), **растли́ть** (पू०) १. (किसी नाबालिग़ लड़की से) बलात्कार करना ; २. शीलभ्रष्ट करना ।

растолка́ть दे० раста́лкивать.

растолко́вывать (अपू०), **растолкова́ть** (पू०) (भवि०—ку́ю) किसीको कुछ समझाना ; स्पष्टीकरण करना ।

растоло́чь दे० толо́чь.

растолсте́ть (पुं०) बहुत हृष्ट-पुष्ट होना ; मोटा-ताज़ा होना ।

растопи́ть दे० раста́пливать.

расто́пка (स्त्री०) अँगीठी आदि जलाने की क्रिया ।

растопта́ть दे० раста́птывать.

растопы́ривать (अपू०), **ростопы́рить** (पू०) चौड़ा करना ; फैलाना ; р. но́ги टाँगें फैलाना ।

расторга́ть (अपू०), **расто́ргнуть** (पू०) (समझौता आदि) निरस्त करना ; मन्सूख़ करना ; रद्द करना ; р. брак विवाह रद्द करना ।

расторже́ние (नपुं०) मन्सूख़ी ; रद्द किया जाना ।

растoро́пн||ость (स्त्री०) फुर्ती ; स्फूर्ति ; तत्परता ; कुशलता ; **—ый** (वि०) फुर्तीला ; तत्पर ; अविलम्बकारी ; कुशल ।

расточа́ть (अपू०), **расточи́ть** (पू०) १. अपव्यय करना ; (धन) लुटाना ; р. де́ньги धन लुटाना ; २. (केवल अपू०) दिल खोलकर देना ; भरमार करना ; वर्षा करना ; р. похвалы́ तारीफ़ के पुल बाँधना ।

расточе́ние (नपुं०) अपव्यय ।

расточи́тель (पुं०). **—ница** (स्त्री०) अपव्ययी ; ख़र्चीला/ख़र्चीली ।

расточи́тельн||ость (स्त्री०) अपव्ययिता ; ख़र्चीलापन ; **—ый** (वि०) अपव्ययी ; ख़र्चीला ।

расточи́ть -I : १. दे० расточа́ть ; **II.** छेद करना ; р. отве́рстие छेद करना ।

растравля́ть (अपू०), **растрави́ть** (पू०) (भवि० растравлю́, растра́вишь) १. (घाव में) जलन पैदा करना ; р. ра́ну घाव पर नमक छिड़कना ; २. छेड़ना ; चिढ़ाना ; р. соба́ку कुत्ते को छेड़ना ।

растранжи́рить दे० транжи́рить.

растра́та (स्त्री०) ग़बन ; अपव्यय ; अपहरण ।

растра́тить दे० растра́чивать.

растра́тч||ик (पुं०), **—ица** (स्त्री०) अपहर्ता/अपहर्त्री ; ग़बन करनेवाला/वाली ।

растра́чивать (अपू०), **растра́тить** (पू०) (भवि० растра́чу, растра́тишь) व्यय करना ; ख़र्च करना ; अपव्यय करना ; अपहरण करना ; ग़बन करना ; नष्ट करना ; растра́тить своё состоя́ние (अपव्यय करके) अपनी जायदाद खा जाना ; растра́тить здоро́вье अपना स्वास्थ्य नष्ट करना ।

растрево́жи||ть (पू०) चौंका देना ; э́то сообще́ние его́ совсе́м —ло इस सूचना से वह एकदम चौंक पड़ा ; **—ться** (आत्म०) चौंक पड़ना ।

растрезво́нить दे० трезво́нить.

растрёпа (उभ०) बिखरेहाल ; अस्तव्यस्त धजावाला/वाली ; बिखरे बालोंवाला/वाली ।

растрепа́ть (पू०) (बालों को) बिखेरना ; (पुस्तक के पन्ने) बिखेरना ; р. во́лосы ко́му-л. किसीके बाल बिखेरना ; **—ся** (आत्म०) (बालों का) बिखर जाना ; (पुस्तक के पन्नों का) अलग-अलग हो जाना ; बिखर जाना ।

растре́скаться (पुं०) तड़कना ; कड़कना ; दरार आ जाना ; р. от жары́ (भूमि आदि का) गर्मी के मारे तड़क जाना ।

растро́гать (पू०) द्रवित करना ; р. до слёз अश्रुविगलित करना ; **—ся** (आत्म० पू०) पसीजना ; द्रवित होना ।

растру́б (पुं०) (नल की) गर्त ; सॉकेट ।

раструби́ть (पू०) (раструблю́, раструби́шь) ढिंढोरा पीटना ।

растряс||ти́ (पू०) (растрясу́, растрясёшь) १. (घास आदि) छितराना ; बिखेरना ; р. се́но по́ двору для просу́шки सुखाने के लिए घास सहन में बिखेरना ; २. (कर्तृ-निरपेक्ष) (गाड़ी आदि में) हिचकोले लगना ; его́ —ло उसको (गाड़ी में) हिचकोले लगे ; ३. अपव्यय करना ।

растушёвывать (अपू०), **растушева́ть** (पू०) (भवि० —шу́ю) हल्का-हल्का काला रंग भरना ।

растя́гивать (अपू०), **растяну́ть** (पू०) १. (खींचकर) फैलाना ; तानना ; растяну́ть себе́ му́скул पुट्ठा उतर जाना ; २. (अवधि) लम्बी करना ; बढ़ाना ; **—ся** (आत्म०) १. फैलना ; तनना ; २. लम्बा हो जाना ; बढ़ना ; ३. растя́гивать का कर्मवाच्य ।

растяж||е́ние (पुं०) तनाव ; **—и́мый** (वि०) विस्तार्य ; फैलाने या तानने योग्य ।

растя́жка (स्त्री०) (खींचकर) फैलाने की क्रिया ; तनाव ।

растя́нут||ость (स्त्री०) अतिविस्तार ; फैलाव ; **—ый** растяну́ть से कृदन्त ; (खींचकर) फैलाया हुआ ।

растяну́ть(ся) दे० растя́гивать(ся).

растя́па (उभ०) फूहड़ व्यक्ति ; बुद्धू ।

расформиро́вывать (अपू०), **расформи́ровать** (पू०) (भवि० —рую) भंग करना ; तोड़ना ।

расха́живать (अपू०) टहलना ; р. по ко́мнате कमरे में टहलना ।

расхва́ливать (अपू०), **расхвали́ть** (पू०) तारीफ़ के पुल बाँध देना ।

расхва́рываться (आत्म० अपू०), **расхвора́ться** (आत्म० पू०) बीमार पड़ना ।

расхва́статься (आत्म० पू०) आत्मश्लाघा करना ; शेख़ी बघारना ; डींग मारना ।

расхва́т दे० нарасхва́т.

расхва́тывать (अपू०), **расхвата́ть** (पू०) १. ख़रीद लेना ; २. सब छीन लेना ।

расхвора́ться दे० расхва́рываться.

расхити́тель (पुं०) लुटेरा ; ठग ।

расхища́ть (अपू०), **расхи́тить** (पू०) (भवि० расхи́щу, расхи́тишь) लूटना ; ठगना ।

расхлёбывать (अपू०), **расхлеба́ть** (पू०) १. (घूँट भरकर) सब पी जाना ; р. щи गोभी का शोरबा सारा पी जाना ; २. सुलझाना ।

расхля́банн||ость (स्त्री०) अनुशासन का अभाव ; अनुशासनहीनता ; **—ый** (वि०) अनुशासनहीन ।

расхо́д (पुं०) १. व्यय ; ख़र्च ; р. электри́чества बिजली का ख़र्च ; де́ньги на карма́нные —ы जेब-ख़र्च ; прихо́д и р. आय और व्यय ।

расходи́ться (आत्म० अपू०), **разойти́сь** (आत्म० पू०) (वर्त० расхожу́сь, расхо́дишься; भवि० розойду́сь, разойдёшься) १. (विभिन्न

दिशाओं को) चले जाना ; तितर-बितर होना ; अलग हो जाना ; २. (रेखाओं का) भिन्न दिशाओं को जाना ; (शाखाओं का) फूटना ; विकिरण ; (किरणों का) केन्द्र से फैलना ; (रास्ता) फटना ; अलग-अलग दिशाओं को जाना ; (राय आदि का) भिन्न होना ; полови́цы разошли́сь लकड़ी के फ़र्श की फट्टियाँ अलग हो गयीं (अथवा निकल आयीं) ; на́ши пути́ разошли́сь हमारे रास्ते अलग-अलग हो गये ; мне́ния расходя́тся मुंडे-मुंडे मति-भिन्ना/अक़्ल अपनी-अपनी ; ३. अलग होना ; जुदा होना ; तलाक़ देना ; они́ разошли́сь друзья́ми वे मित्रों की तरह अलग हो गये ; он разошёлся со свое́й жено́й उसने अपनी पत्नी को तलाक़ दे दिया ; ४. भिन्न होना ; р. во мне́нии मत भिन्न होना ; ५. घुल जाना ; (मक्खन आदि का) पिघलना ; ६. बिक जाना ; खर्च हो जाना ; кни́га разошла́сь पुस्तक बिक चुकी है ; все де́ньги разошли́сь सारा धन खर्च हो चुका हैं ; ७. ग़ुस्से से आगबबूला होना ।

расхо́дн||ый (वि०) расхо́д से वि० ; —ая кни́га व्यय-खाता ।

расхо́дование (नपुं०) खर्च ; व्यय ।

расхо́довать (अपू०) (—дую) ख़र्च करना ; **—ся** (आत्म०) खर्च होना ; ख़र्च किया जाना ।

расхожде́ние (नपुं०) विविधता ; भिन्नता ; भेद ; р. во мне́ниях मतभेद ।

расхола́живать (अपू०), **расхолоди́ть** (पू०) (भवि० расхоложу́, расхолоди́шь) (किसीका उत्साह) ठंडा करना ।

расхорохо́риться (आत्म० पू०) हवा में रहना ; शेख़ी बघारना ; बढ़-बढ़कर बातें करना ।

расхоте́||ть (पू०) (расхочу́, расхо́чешь) और अधिक न चाहना ; он —л спать वह और अधिक सोना नहीं चाहता ; **—ться** (आत्म०) (कर्तृ-निरपेक्ष) ему́ —лось спать वह और अधिक सोना नहीं चाहता ।

расхохота́ться (आत्म० पू०) (расхохочу́сь, расхохо́чешься) ठहाका मारकर हँसना ।

расхрабри́ться (आत्म० पू०) साहस करना हिम्मत करना ।

расцара́пывать (अपू०), **расцара́пать** (पू०) जगह-जगह खरोंच डालना ।

расцвести́ दे० расцвета́ть.

расцве́т (पुं०) समृद्धि ; यौवन ; बहार ; р. промы́шленности उद्योग की समृद्धि ; р. литерату́ры साहित्य का स्वर्ण-युग ।

расцвета́ть (अपू०), **расцвести́** (पू०) (भवि० расцвету́, расцветёшь) खिलना ; फलना-फूलना ; समृद्ध होना ।

расцвети́ть दे० расцве́чивать.

расцве́тка (स्त्री०) रँग ; я́ркая р. мате́рии कपड़े का शोख़/चटक रँग ।

расцве́чивать (अपू०), **расцвети́ть** (पू०) (भवि० расцвечу́, расцвети́шь) रँग भरना ।

расцелова́ть (पू०) (—лу́ю) बार-बार/बहुत चुम्बन करना ; **—ся** (आत्म० पू०) परस्पर चुम्बन करना ।

расце́нива||ть (अपू०), **расцени́ть** (पू०) मूल्यांकन करना ; как вы —ете его́ выступле́ние उसके भाषण के विषय में आपका क्या विचार है ?

расце́нка (स्त्री०) १. मूल्यांकन करने की क्रिया ; २. मूल्य ; भाव ।

расце́ночный (वि०) मूल्य/भाव-सम्बन्धी ।

расцепи́ть(ся) दे० расцепля́ть(ся).

расцепле́ние (नपुं०) (हुक, कुंडी आदि) खोलने की क्रिया ; (ज़ंजीर) खोलने की क्रिया ।

расцепля́ть (अपू०), **расцепи́ть** (पू०) (भवि० расцеплю́, расце́пишь) (हुक आदि) खोलना ; (ज़ंजीर आदि) खोलना ; **—ся** (आत्म०) (हुक/ज़ंजीर का) खुल जाना ।

расчеса́ть(ся) दे० расчёсывать(ся).

расчёска (स्त्री०) १. (कंघे से) ऊन साफ़ करने की क्रिया ; बालों में कंघी करने की क्रिया ; २. कंघी ।

расчéсть(ся) दे० рассчи́тывать(ся).

расчёсывание (नपुं०) १. (बालों में) कंघी करने की क्रिया ; २. ऊन या पटुआ साफ़ करने की क्रिया ; ३. खरोंचने की क्रिया ।

расчёсывать (अपू०), **расчесáть** (पू०) (भवि० расчешу́, расчéшешь) १. (बालों में) कंघी करना ; ऊन या पटुए को (कंघे से) साफ़ करना ; расчесáть вóлосы на пробóр माँग डालना ; २. खरोंचना ; **—ся** (आत्म०) १. (अपने बालों में) कंघी करना ; २. (अपने आपको) खरोंचना ; ३. расчёсывать का कर्मवाच्य ।

расчёт (पुं०) १. गणना ; अनुमान ; हिसाब ; из —а по 5 рублéй на человéка पाँच रूबल प्रति व्यक्ति के हिसाब से ; принимáть в р. हिसाब में लेना ; по егó —у उसके अनुसार ; २. हिसाब का भुगतान ; लेखा ; производи́ть р. लेखा करना ; за нали́чный р. नक़द ; ४. हिसाब करने या नौकरी से हटाने की क्रिया ; давáть р. नौकरी से हटाना ; брать р. त्याग-पत्र देना ।

расчётлив||о (क्रि० वि०) किफ़ायतशआरी से ; मितव्ययिता से ; жить р. मितव्ययिता से रहना ; मितव्यय करना ; **—ость** (स्त्री०) मितव्यय ; किफ़ायत ; **—ый** (वि०) मितव्ययी ; किफ़ायतशआर ।

рассчётн||ый (वि०) : —ая таблúца गणना-सारिणी ; —ая вéдомость तनख़्वाह का चिट्ठा ।

расчúстить(ся) दे० расчищáть(ся).

расчúстка (स्त्री०) सफ़ाई करने की क्रिया ।

расчихáться (आत्म० पू०) लगातार छींकते रहना ।

расчищáть (अपू०), **расчúстить** (पू०) (भवि० расчи́щу, расчи́стишь) साफ़ करना ; **—ся** (आत्म०) १. (आकाश आदि का) निर्मल होना ; निरभ्र होना ; साफ़ होना ; २. расчищáть का कर्मवाच्य ।

расчлéнение (नपुं०) भागों में बाँटने की क्रिया ; अंगविच्छेद ।

расчленя́ть (अपू०), **расчлени́ть** (पू०) भागों में बाँटना ; अंग-विच्छेद करना ; **—ся** (आत्म०) भागों में बँटना ; अंग-विच्छेद होना ।

расчу́вствоваться (आत्म० पू०) (—ствуюсь) अतिद्रवित होना ; भाव-विभोर होना ।

расшали́ться (आत्म० पू०) उत्पात करना ; बहुत शरारत करना ।

расшáркиваться (आत्म० अपू०), **расшáркаться** (आत्म० पू०) (रगड़कर पाँव मिलाते हुए) झुकना/नमस्कार करना ; (किसीके सामने) विनीत भाव दिखाना ; विनय दर्शाना ।

расшáтывать (अपू०), **расшатáть** (पू०) १. (हिलाकर) ढीला करना ; р. зуб (हिलाकर) दाँत ढीला करना ; २. अनुशासन ढीला करना ; खराब करना ; **—ся** (आत्म०) १. ढीला होना ; स्वास्थ्य नष्ट होना ; २. расшáтывать का कर्मवाच्य ।

расшвы́ривать (अपू०), **расшвыря́ть** (पू०) इधर-उधर फेंकना ; बिखेरना ।

расшевели́ть (पू०) १. (छेड़कर, छूकर) हिलने के लिए बाध्य करना ; झकझोरना ; जागृत ; करना ; р. муравéйник बाँबी को छेड़ना ; २. उत्तेजित करके क्रियाशील बनाना ।

расшибáть (अपू०), **расшиби́ть** (पू०) १. चोट मारना ; р. ру́ку हाथ पर चोट मारना ; २. टुकड़े-टुकड़े कर देना ; चूर-चूर कर देना ; р. чáйник चायदानी तोड़ देना ; **—ся** (आत्म०) चोट खाना ।

расшивáть (अपू०), **расши́ть** (पू०) (भवि० разошью́, разошьёшь) १. कसीदा करना ; २. (सिले हुए को) उधेड़ना ।

расширéние (नपुं०) १. चौड़ा करने की क्रिया ; विस्तार देने की क्रिया ; २. विस्तार ; प्रसार ।

расши́ритель (पुं०) प्रसारणशील पेशी ; फैलनेवाला पुट्ठा ।

расширя́ть (अपू०), **расши́рить** (पू०) विस्तार देना ; प्रसार करना ; चौड़ा करना ।

расши́ть दे० расшивáть.

расшифрóвывать (अपू॰), **расшифровáть** (पू॰) (भवि॰ —рýю) गूढ़ाक्षरों को स्पष्ट करना।

расшнурóвывать (अपू॰), **расшнуровáть** (पू॰) (भवि॰ —рýю) रस्सी खोलना।

расшумéться (आत्म॰ पू॰) (расшумлю́сь, расшуми́шься) बहुत शोर मचाने लगना।

расщéдриться (आत्म॰ पू॰) बहुत उदार होना।

расщéлина (स्त्री॰) दरार ; तरेड़।

расщепи́ть(ся) दे॰ расщепля́ть(ся).

расщеплéние (नपुं॰) विदलन ; विदीरण ; फटना।

расщепля́ть (अपू॰), **расщепи́ть** (पू॰) (भवि॰ расщеплю́, расщéпишь) (लम्बे रुख़) दो या दो से अधिक टुकड़े कर देना ; р. пáлку छड़ी के दो टुकड़े कर देना ; **—ся** (आत्म॰) (लम्बे रुख़ में) दो या दो से अधिक टुकड़े हो जाना।

ратификáция (स्त्री॰) सत्यंकार ; अनुसमर्थन।

ратифици́ровать (अपू॰ और पू॰) (—рую) सत्यंकार ; अनुसमर्थन करना।

рáтник (पुं॰) योद्धा ; सिपाही।

рáтный (वि॰) सेना-; सेना-सम्बन्धी ; युद्ध-; युद्ध-सम्बन्धी।

рáтовать (अपू॰) (—тую) (-के) लिए लड़ना ; (-की) रक्षा करना।

рáтуша (स्त्री॰) नगरपालिका-भवन।

рать (स्त्री॰) (काव्य॰) सेना।

рафинáд (पुं॰) मिसरी ; खाँड का ढेला।

рафини́ровать (अपू॰ और पू॰) (—рую) शोधना ; साफ़ करना।

рахи́т (पुं॰) (बच्चों का) सूखा रोग ; अस्थिवक्रता।

рациóн (पुं॰) राशन ; जिंस ; भत्ता।

рационал||изáция (स्त्री॰) बुद्धिसंगत बनाने की क्रिया ; वैज्ञानिक संगति देने की क्रिया ; **—изи́ровать** (अपू॰ और पू॰) (—рую) बुद्धिसंगत बनाना ; वैज्ञानिक संगति देना ; **—и́зм** (पुं॰) बुद्धिवाद ; युक्तिवाद ; **—и́ст** (पुं॰) बुद्धिवादी ; युक्तिवादी ; **—ьный** (वि॰) बुद्धिवादी ; युक्तिमूलक ; बुद्धिमूलक।

рáция (स्त्री॰) (рáдио стáнция से संक्षिप्त) आकाशवाणी-केन्द्र ; रेडियो-स्टेशन।

рáчий (वि॰) केकड़े का।

рачи́тельн||ость (स्त्री॰) उत्साह ; जोश ; **—ый** (वि॰) उत्साहपूर्ण ; जोशीला।

рáшкуль (पुं॰) (चित्रकार की) कोयले की पेंसिल।

рáшпиль (पुं॰) मोटी रेती।

рванý||ть (पू॰) १. झटकना ; झटका देना ; он рванýл меня́ за рукáв उसने मेरी आस्तीन को झटका ; २. лóшади —ли с мéста घोड़े झटके के साथ चल पड़े।

рвань (स्त्री॰) (केवल एकवचन) १. चीथड़े ; २. (समू॰) उत्पाती दल ; उपद्रवी मनुष्यों का समूह।

рвать -I (अपू॰) (рву, рвёшь) १. फाड़ना ; फाड़कर टुकड़े-टुकड़े कर देना ; р. пи́сьма पत्र फाड़ देना ; р. отношéния सम्बन्ध विच्छेद करना ; р. на себé одéжду अपने कपड़े फाड़ना ; २. (फूल आदि) चुनना ; बीनना ; तोड़ना ; ३. (खींचकर) बाहर निकालना ; उखाड़ना ; р. зýбы दाँत उखाड़ना ; р. с кóрнем जड़ से उखाड़ना ; □ р. и метáть क्रोध से भभक उठना ; р. на себé вóлосы अपने बाल नोंचना।

рвать -II (अपू॰), **вы́рвать** (पू॰) (कर्तृनिरपेक्ष) उलटी आना ; क़ै होना ; मतली आना ; егó рвáло उसे उलटी आ गयी।

рвáться (आत्म॰ अपू॰) १. टूट जाना ; फूट जाना ; (कपड़े आदि का) फट जाना ; २. -के लिए उतावला होना ; बेचैन होना ; (-के लिए) तड़पना।

рвач (पुं॰) स्वार्थी ; ख़ुदग़र्ज़ ; **—ество** (नपुं॰) स्वार्थ ; ख़ुदग़र्ज़ी।

рвéние (नपुं॰) उत्साह ; प्रचंडता ; जोश।

рвóт||а (स्त्री॰) उलटी ; क़ै ; वमन ; **—ный** (वि॰) वमन/क़ै करानेवाला।

рдеть (अपू॰) लाल होना ; चमकना।

реабилитáция (स्त्री॰) पुनर्वास।

реабилити́ровать (अपू० और पू०) (—рую) पुनर्वास करना ।

реаги́ровать (अपू०) (वर्त० (—рую) प्रतिक्रिया होना ।

реакционе́р (पुं०) प्रतिक्रियावादी ; प्रतिगामी ; **—ный** (वि०) प्रतिक्रियात्मक ; प्रतिगामी ।

реа́кция (स्त्री०) प्रतिक्रिया ।

реа́л (पुं०) १. स्पेन का एक सिक्का ; २. (छापेखाने में) कम्पोज़ करने का चौखटा ।

реализа́ция (स्त्री०) १. कार्यान्विति ; पूरा करने की क्रिया ; २. बेचने/बेचकर पैसे वसूल करने की क्रिया ।

реализи́ровать = реализова́ть.

реали́зм (पुं०) यथार्थवाद ; वस्तुवाद ।

реализова́ть (अपू० और पू०) (—зу́ю) १. कार्यान्वित करना ; पूरा करना ; р. своё жела́ние अपनी इच्छा पूरी करना ; २. बेचना ; बेचकर पैसे वसूल करना ; р. ме́бель फ़र्नीचर बेचना ।

реали́ст (पुं०) यथार्थवादी ; वस्तुवादी ; **—и́ческий** (वि०) यथार्थवाद / वस्तुवाद-सम्बन्धी ।

реа́льн||ость (स्त्री०) यथार्थता ; **—ый** (वि०) १. यथार्थ ; वास्तविक ; २. व्यवहार्य ; कार्यान्वित करने योग्य ।

ребёнок (पुं०) (बहु० ребя́та) शिशु ; बच्चा ; грудно́й р. दुधमुँहा/दूध-पीता बच्चा ।

рёберный (वि०) पसली-सम्बन्धी ।

ребо́рд||а (स्त्री०) : колесо́ с —ой (रेल का) उभरे हुए किनारेवाला पहिया ।

ребро́ (नपुं०) १. पसली ; २. छोर ; किनारा ।

ребя́та ребёнок का बहु० ।

ребяти́шки (बहु०) छोटे बच्चे ।

ребя́ческий (वि०) बच्चे का ; р. крик बच्चे की चीख़ ।

ребя́чество (पुं०) बचपना ; लड़कपन ।

ребя́читься (आत्म० अपू०) बच्चे की तरह व्यवहार करना ; लड़कपन करना ।

рёв (पुं०) दहाड़ ; चीख़ ।

рева́нш (पुं०) जवाबी मैच ; हारने के बाद जीतने की आशा से खेला जानेवाला मैच ।

реввоенсове́т (революцио́нный вое́нный сове́т) क्रान्तिकारी युद्ध-परिषद् ।

ревера́нс (पुं०) आदर ; सम्मान ; де́лать р. सम्मान करना ।

реве́ть (अपू०) दहाड़ना ; चीख़ना ; चिल्लाना ; р. в три ручья́ फूट-फूटकर रोना ।

ревизиони́зм (पुं०) पुनर्विचारवाद ।

ревизио́нн||ый (वि०) पुनर्विचारवादीय ; —ая коми́ссия पुनर्विचार-आयोग ।

реви́зия (स्त्री०) १. निरीक्षण ; २. पुनर्विचार ।

ревизова́ть (अपू० और पू०) (—зу́ю) निरीक्षण करना ; पुनर्विचार करना ।

ревизо́р (पुं०) निरीक्षक ; इंस्पेक्टर ।

ревм||ати́зм (पुं०) (चिकि०) गठिया ; **—ати́ческий** (वि०) गठिया का ; वातुल ; वात-सम्बन्धी ।

ревни́в||ец (पुं०) ईर्ष्यालु पुरुष ; **—ица** (स्त्री०) ईर्ष्यालु स्त्री ।

ревни́тель (पुं०), **—ница** (स्त्री०) उत्साही पुरुष/स्त्री ।

ревнова́ть (अपू०) (वर्त० —ну́ю) ईर्ष्या करना ।

ре́вностный (वि०) उत्साही ; जोशीला ।

ре́вность (स्त्री०) १. ईर्ष्या ; २. जोश ; उत्साह ।

револьве́р (पुं०) रिवाल्वर ; पिस्तौल ।

революционе́р (पुं०) क्रान्तिकारी ।

революционизи́ровать (अपू० और पू०) (—рую) क्रान्ति लाना ।

революцио́нн||о (क्रि० वि०) क्रान्तिकारी ढँग से ; **—ость** (स्त्री०) क्रान्तिकारिता ; **—ый** (वि०) क्रान्तिकारी ; क्रान्ति का ; —ое движе́ние क्रान्ति-आन्दोलन ।

револю́ция (स्त्री०) क्रान्ति ; Вели́кая Октя́брьская Социалисти́ческая р. अक्तूबर की महान् समाजधादी क्रान्ति ।

реву́н (पुं०) एक तरह का अमरीकी बन्दर ।

регáлии (बहु०) राजलक्ष्म ; राजचिह्न ; शाही निशान ।

регенерáция (स्त्री०) पुनर्जीवन ; नया जीवन ।

рéгент (पुं०) १. रीजेंट ; २. (चर्च में) भजन-मंडली का नेता ।

регионáльный (वि०) प्रादेशिक ।

регистр||áтор (पुं०) रजिस्ट्रार ; रजिस्ट्री-क्लर्क ; **—áция** (स्त्री०) पंजीयन ; रजिस्ट्री ; **—ѝроваться** (आत्म० अपू० और पू०) (—рѝруюсь) अपने आपको पंजीयित कराना ; रजिस्ट्री कराना ।

реглáмент (पुं०) १. विनियम ; नियमावली ; २. अवधि ; कालावधि ; устанáвливать р. अवधि नियत करना ; **—ация** (स्त्री०) विनियम ।

регламентѝровать (अपू० और पू०) (—тѝрую) नियमन करना ; नियमित करना ।

регрéсс (पुं०) १. प्रतीप गति ; उल्टी गति ; २. (ज्योतिष) (किसी नक्षत्र की) वक्र गति ।

регрессѝровать (अपू० और पू०) (—сѝрую) प्रतीप गति करना ; उल्टी गति करना ।

регулѝровать (अपू० और पू०) (—рую) नियमित करना ; (समस्या) सुलझाना ; हल करना ।

рéгулы (बहु०) स्त्रियों का मासिक धर्म ; ऋतुस्राव ।

регуля́рн||ость (स्त्री०) नियमितता ; **—ый** (वि०) नियमित ; नित्य ; —ые войскá नियमित सेना/सैनिक ।

регуля́тор (पुं०) नियामक ।

редактѝрова||ние (नपुं०) सम्पादन ; **—ть** (अपू० और पू०) (—рую) सम्पादन करना ।

редáктор (पुं०) सम्पादक ; глáвный р. प्रधान सम्पादक ; **—ский** (वि०) सम्पादक का ।

редакциóнный (वि०) सम्पादकीय ।

редáкц||ия (स्त्री०) १. सम्पादक का कार्यालय ; २. सम्पादन ; под —ей -के सम्पादन में ।

редéть (अपू०), **по—** (पू०) (पेड़ों, बालों आदि का) विरल हो जाना ; छितरा जाना ।

редѝс (पुं०), **—ка** (स्त्री०) मूली ।

рéдкий (वि०) १. विरल ; छितरा ; (जो घना न हो) ; २. अलभ्य ; नायाब ; असामान्य ; अनूठा ।

рéдко (क्रि० वि०) १. बहुत फ़ासले पर ; домá стоя́ли óчень р. मकान बहुत दूर-दूर थे ; २. कदाचित् ।

редколлéгия (स्त्री०) (редакциóнная коллéгия) सम्पादक-मंडल ।

рéдкостный = рéдкий-२.

рéдкость (स्त्री०) १. विरलता ; दुर्लभ वस्तु ; २. अपूर्व वस्तु ; अनूठी वस्तु ।

редýкция (स्त्री०) ह्रास ; घटाव ; कमी ।

редуцѝровать (अपू० और पू०) (—рую) घटाना ; कम करना ।

рéдьк||а (स्त्री०) सहजना की जड़ ; ☐ надоéло э́то емý хýже гóрькой —и इसके मारे उसकी नाक में दम है ।

режѝм (पुं०) राज्य ; शासन ; शासन-पद्धति ; (टेक०) स्थिति ; दर ; температýрный р. ताप-स्थिति ।

реéстр (पुं०) सूची ; रजिस्टर ।

режиссёр (पुं०) (रंगमंच का) निर्देशक ; निर्माता ।

резáк (पुं०) चाक़ू ; छुरी ।

рéзальн||ый (वि०) —ая машѝна कर्तन-यन्त्र ; काटने की मशीन ।

рéзать (अपू०), **раз—, за—, вы́резать, с—** (पू०) १. (разрéзать पू० के साथ) १. काटना ; छेदना ; आपरेशन करना ; २. (केवल अपू०) (चाक़ू आदि से) काटना ; нож не рéжет चाक़ू चलता (काटता) नहीं ; ३. зарéзать पू० के साथ) (चाक़ू, छुरे से) क़त्ल कर डालना ; किसीका गला काटना ; ४. (вы́резать पू० के साथ) खुदाई का काम करना ; संगतराशी करना ; नक़्क़ाशी करना ; ५. (केवल अपू०) верёвка рéжет пáльцы रस्सी से उँगलियाँ कट गयी हैं ; у негó рéжет в животé उसके पेट में दर्द हो रहा है ; ६. (срéзать पू० के साथ) (परीक्षा में) असफल होना ; विफल होना ☐ р. прáвду в глазá खरी-खरी सुनाना ; **—ся**

(आत्म० अपू०), **порéзаться** (आत्म० पू०) १. у негó рéжутся зýбы उसके दाँत निकल रहे हैं ; २. जोश से या सोत्साह खेलना ; ३. рéзать १, २, ३, का कर्मवाच्य ।

резвúться (आत्म० अपू०) खेलना-कूदना ; дéти резвúлись пóсле урóка पाठ के बाद बच्चे खेलते कूदते रहे ।

рéзвость (स्त्री०) १. फुर्तीलापन ; चंचलता ; р. ребёнка बच्चे की चंचलता ; р. умá बुद्धि की चंचलता ; २. (घोड़े की) रफ़्तार ।

рéзвый (वि०) १. फुर्तीला ; चंचल ; २. तेज़ (घोड़ा) ।

резéрв (पुं०) प्रारक्षित सेना ; **—ный** (वि०) प्रारक्षित ।

резервуáр (पुं०) जलाशय ।

резéц (पुं०) १. (टेक०) कर्तक ; काटनेवाला ; छेनी ; २. राजदंत (आगे का काटनेवाला चौड़ा दाँत) ।

резидéнт (पुं०) निवासी ।

резидéнция (स्त्री०) निवास ।

резúна (स्त्री०) रबड़ ।

резúнка (स्त्री०) लचकदार तस्मा ।

резúновый (वि०) रबड़ का ।

рéзка (स्त्री०) कटाई ।

рéзк‖ий (वि०) तीखा ; तेज़ ; प्रचंड ; р. вéтер प्रचंड वायु ; —ие словá तीखे शब्द ; —ие тонá तेज़ रँग ; —ая крúтика तीखी आलोचना ; कड़ी आलोचना ।

рéзк‖о (क्रि० वि०) तीखेपन से ; तेज़ी से ; एकाएक ; **—ость** (स्त्री०) १. तीखापन ; तेज़ी ; २. तीखे बोल ; धृष्टता ।

резнóй (वि०) नक़्क़ाशी किया हुआ ; खोदा हुआ ।

резня́ (स्त्री०) वध ; हत्या ; नर-संहार ।

резолю́ц‖ия (स्त्री०) प्रस्ताव ; принимáть —ию प्रस्ताव पास करना ।

резóн (पुं०) युक्ति ; तर्क ।

резонáнс (पुं०) अनुनाद ; प्रतिध्वनि ।

резонáтор (पुं०) अनुनादक ।

резонéр (पुं०) कुतर्की ; तर्कप्रिय ।

резонёрствовать (अपू०) (वर्त० —ствую) तर्क करना ; बहस करना ।

резонúровать (अपू०) (—рую) प्रतिध्वनि करना ; अनुनाद करना ।

резóнный (वि०) युक्तिपूर्ण ; तर्कपूर्ण ।

результáт (पुं०) फल ; परिणाम ; в —е परिणामतः ।

рéзчик (पुं०) (लकड़ी, धातु पर) खुदाई का काम करनेवाला ; नक़्क़ाश ।

резь (स्त्री०) शूल ।

резьбá (स्त्री०) (लकड़ी आदि पर) नक़्क़ाशी या खुदाई का काम ।

резюмé (अ०) सारांश ; अनुवृत्त ; संक्षेप ।

рей (पुं०) (नौचालन०) गज़ ।

рейд (पुं०) **I.** लंगरगाह ; नौकाश्रय ; **II.** हवाई हमला ।

рéйка (स्त्री०) तख्ते की पट्टी ; फट्टा ।

рейс (पुं०) चर्क ; मार्ग ; खेप ; (पानी के जहाज का) एक ओर का सफ़र ।

рейсфéдер (पुं०) आलेखनी ।

рейсшúна (स्त्री०) टी-स्क्वेयर ।

рейтýзы (बहु०) (घुड़सवारी की) बिरजिस ।

рекá (स्त्री०) नदी ।

рекапитуля́ция (स्त्री०) संक्षेपावृत्ति ।

рéквием (पुं०) (मृतात्मा की शान्ति के लिए) ईश्वर से प्रार्थना ।

реквизúровать (अपू० और पू०) (—рую) (सरकार द्वारा कोई स्थान, कारखाना आदि) अधिग्रहण करना ।

реквизúция (स्त्री०) अधिग्रहण ।

реклáма (स्त्री०) विज्ञापन ; इश्तहार ।

рекламúровать (अपू० और पू०) (—рую) विज्ञापन देना ; इश्तहार देना ।

рекогносцúровать (अपू० और पू०) (—рую) टोह लेना ; पर्यवेक्षण करना ; शत्रु की गतिविधि की पड़ताल करना ।

рекогносцирóвщик (पुं०) टोह लेनेवाला ; पर्यवेक्षक ।

рекомендáтельн‖ый (वि०) рекомендáция से वि० ; सिफ़ारिशी ; —ое письмó सिफ़ारिशी चिट्ठी ।

рекомендáция (स्त्री०) सिफ़ारिश ।

рекоменд‖овáть (अपू० और पू०) (—дýю) १. सिफ़ारिश करना ; २. सलाह देना ; **—ся** (आत्म०) सिफ़ारिश किया जाना ; वांछनीय होना ; такóй спóсоб не —ýется यह ढंग वांछनीय नहीं/यह ढंग अपनाने की सिफ़ारिश नहीं की जाती ।

реконструúровать (अपू० और पू०) (—рую) पुनर्निर्माण करना ।

реконстрýкция (स्त्री०) पुनर्निर्माण ।

рекóрд (पुं०) रिकार्ड ; побúть р. रिकार्ड तोड़ना ।

рекордсмéн (पुं०) रिकार्ड तोड़नेवाला ।

рéкрут (पुं०) रँगरूट ; **—úровать** (अपू० और पू०) (—рую) रँगरूट भरती करना ; **—ский** (वि०) रँगरूट का ; —ский набóр रँगरूटों की भरती ।

ректификáция (स्त्री०) संशोधन ; परिशोधन ।

рéктор (पुं०) (विश्वविद्यालय में) अधिशिक्षक ; रेक्टर ।

релé (नपुं०) (टेक०) योजन ; योजित्र ।

религиóзн‖ость (स्त्री०) धर्मनिष्ठा ; **—ый** (वि०) धार्मिक ; धर्म ; —ые вóйны धर्म-युद्ध ।

релúгия (स्त्री०) धर्म ।

релúквия (स्त्री०) अवशेष ।

релúктовый (वि०) अवशेष का ; अवशेष ।

рельéф (पुं०) (चित्रकला) उत्कीर्ण कृति ।

рельéфно (क्रि० वि०) उत्कीर्ण रूप से ।

рельéфн‖ый (वि०) (चित्रकला) उत्कीर्ण ; —ая рабóта उत्कीर्ण कृति ।

рельс (पुं०) रेल की पटरी ; сходúть с —ов पटरी से उतर जाना ।

рéльсов‖ый (वि०) р. путь रेल की पटरी ; —ая сеть रेल की पटरियों का जाल ।

релятивúзм (पुं०) सापेक्षवाद ।

ремáрка (स्त्री०) मंच-निर्देशन ।

ремённ‖ый (वि०) (चमड़े के) पट्टे का ; с —ым привóдом (चमड़े के) पट्टे से खींचा जानेवाला ।

ремéнь (पुं०) पट्टा ; पेटी ; пояснóй р. (कमर पर बाँधने की चमड़े की) पेटी ।

ремéсленн‖ик (पुं०) कारीगर ; शिल्पी ; **—ичество** (नपुं०) दस्तकारी ; कारीगरी ; शिल्प-कौशल ; **—ый** (वि०) दस्तकारी का ; शिल्प- ।

ремеслó (नपुं०) व्यवसाय ; कारोबार ; दस्तकारी ; शिल्प ।

ремешóк (पुं०) (चमड़े की) छोटी पेटी ; तस्मा ; (घड़ी बाँधने का) फ़ीता ।

ремúз (पुं०) (ताश में) जुर्माना ; постáвить р. जुर्माना देना ।

ремилитаризáция (स्त्री०) पुनःसैन्यीकरण ।

реминисцéнция (स्त्री०) संस्मरण ।

ремóнт (पुं०) १. मरम्मत ; संधारण ; быть в —е जिसकी मरम्मत की जा रही हो ; २. = ремонтúрование-२ ; **—úрование** (नपुं०) १. = ремóнт ; २. (सेना०) पुनरुपस्करण ; फिर से लैस करना ; **—úровать** (अपू० और पू०) (—рую) मरम्मत करना ; **—ный** (वि०) १. मरम्मत का ; —ная мастерскáя मरम्मत की दुकान/कारख़ाना ; २. (सेना०) घुड़सवार ।

ренегáт (पुं०), **—ка** (स्त्री०) ग़द्दार ; स्वधर्मत्यागी ; स्वधर्मद्रोही/द्रोहिणी ; अपने धर्म को बदलनेवाला/वाली ; अपने पक्ष या दल का त्याग करनेवाला/वाली ; **—ство** (नपुं०) ग़द्दारी ; स्वधर्म-परित्याग ; धर्म बदलने की क्रिया ; अपने पक्ष या दल का त्याग ।

реномé (नपुं० अ०) ख्याति ; यश ।

рéнта (स्त्री०) किराया ; लगान ; भाड़ा ।

рентáбельн‖ость (स्त्री०) लाभदायिता ; लाभप्रदता ; **—ый** (वि०) लाभदायक ; लाभप्रद ।

рентгенизúровать (अपू० और पू०) (—рую) एक्स-रे करना ।

рентге́новский (वि०) एक्स-रे का ।

реорганиз||а́ция (स्त्री०) पुनर्गठन ; **—ова́ть** (अपू० और पू०) (—зу́ю) पुनर्गठन करना ।

ре́па (स्त्री०) शलजम ।

репара́ция (स्त्री०) (युद्ध) क्षतिपूर्ति ; तावान ; हर्जाना ।

репатриа́ция (स्त्री०) देश-प्रत्यावर्तन ; देश वापस भेजना ।

репертуа́р (पुं०) (किसी नाट्य-संस्था द्वारा तैयार की गयी) नाटक-सूची ।

репети́ровать (अपू०) (—рую) १. (नाटक का) पूर्वाभिनय करना ; रिहर्सल करना ; २. (केवल अपू०) (विद्यार्थी को) पढ़ाना ।

репети́тор (पुं०) शिक्षक ।

репети́ция (स्त्री०) (नाटक का) पूर्वाभिनय ; रिहर्सल ।

ре́плика (स्त्री०) १. उत्तर ; प्रतिकथन ; २. (नाटक०) अन्त्य वचन ; किसी पात्र की उक्ति के अन्तिम शब्द ।

репoло́в (पुं०) एक प्रकार की गानेवाली चिड़िया ।

репорта́ж (पुं०) विवरण ।

репортёр (पुं०) संवाददाता ; विवरण देनेवाला ।

репресса́лии (पुं०) (बहु०) बदला ; प्रतिशोध ।

репресси́вный (वि०) दमनकारी ; दबानेवाला ।

репре́ссия (स्त्री०) दमन ; दबाव ।

репроду́ктор (पुं०) ध्वनिवर्धक ; (अंग्रेज़ी—लाउड-स्पीकर) ।

репроду́кция (स्त्री०) जनन ।

репти́лия (स्त्री०) उरग ; रेंगकर चलनेवाले जन्तु ।

репута́ция (स्त्री०) ख्याति ।

ре́пчатый (वि०) शलजम-जैसा ; р. лук प्याज़ ।

рескри́пт (पुं०) शाही फ़रमान [किसी बड़े आदमी के नाम सम्राट् का पत्र जिसमें उसकी सेवाओं के लिए उसे धन्यवाद दिया गया हो और किसी पुरस्कार की घोषणा की गयी हो ।]

ресни́ца (स्त्री०) बरौनी ; पलक के किनारे के बाल ।

респекта́бельн||ость (स्त्री०) मान्यता ; प्रतिष्ठा ; कुलीनता ; **—ый** (वि०) मान्य ; प्रतिष्ठित ; आदरणीय ।

респу́блика (स्त्री०) गणराज्य ।

республика́н||ец (पुं०), **—ка** (स्त्री०) अमरीका में रिपब्लिकन पार्टी का सदस्य/सदस्या ।

рессо́ра (स्त्री०) (गाड़ी के) स्प्रिंग ।

рес(с)урс (पुं०) साधन ।

реставра́ция (स्त्री०) पुनःस्थापन ; यथास्थापन ।

реставри́ровать (अपू० और पू०) (—рую) पुनःस्थापन करना ; यथापूर्व स्थापन करना ।

рестора́н (पुं०) रेस्तराँ ।

ресу́рс = рессу́рс.

рети́в||о (क्रि० वि०) जोश से ; सोत्साह ; उत्साहपूर्वक ; **—ость** (स्त्री०) जोश ; उत्साह ; **—ый** (वि०) जोशीला ; उत्साही ; उत्साहपूर्ण ।

рети́на (स्त्री०) रेटीना ; आँख के पिछले भाग का चित्रपट ।

ретирова́ться (आत्म० अपू० और पू०) (—руюсь) पीछे हटना ; मैदान छोड़ना ।

ретрибу́ция (स्त्री०) प्रतिकार ।

ретрогра́д (पुं०), **—ка** (स्त्री०) प्रतिगामी ; प्रतिक्रियावादी पुरुष/स्त्री ।

ретроспекти́вный (वि०) पूर्वव्याप्ति-सहित ; पिछली तारीख़ से लागू होनेवाला ; р. взгляд सिंहावलोकन ।

ретуши́ровать (अपू० और पू०) (—рую) (चित्र आदि) सुधारना ; दोष-निवारण करना ।

рефера́т (पुं०) निबन्ध ।

рефере́ндум (पुं०) जनमत-संग्रह ।

рефле́ксия (स्त्री०) (भौ०) परावर्तन ; प्रतिबिम्ब ।

рефле́ктор (पुं०) (भौ०) परावर्तक ।

рефо́рм||а (स्त्री०) सुधार ; производи́ть —у सुधार करना ; **—а́тор** (पुं०) सुधारक ; **—а́ция** (स्त्री०) सुधार-कार्य ।

реформи́зм (पुं०) सुधारवाद ।

реформи́ст (पुं०) सुधारवादी ।

рефракто́метр (पुं०) वर्तनांकमापी ।

рефра́ктор (पुं०) (भौ०) वर्तक ।

рефра́кция (स्त्री०) (भौ०) वर्तन ।

рефре́н (पुं०) (संगीत) टेक ।

рефрижера́тор (पुं०) प्रशीतक (अंग्रेज़ी—रेफ़्रीजरेटर) ।

рехну́ться (आत्म० पू०) पागल होना ।

рецензе́нт (पुं०) समीक्षक ।

рецензи́ровать (अपू०), **про—** (पू०) (—рую) समीक्षा करना ।

реце́нзия (स्त्री०) समीक्षा ।

реце́пт (पुं०) नुस्खा ।

реце́пция (स्त्री०) अगवानी ; स्वागत ।

рецproducts (पुं०)

рецеди́в (पुं०) (रोग का) प्रत्यावर्तन ; फिर से आ जाना ; **—и́зм** (पुं०) प्रत्यावर्तिता ; **—и́ст** (पुं०), **—и́стка** (स्त्री०) प्रत्यावर्ती / प्रत्यावर्तिनी ; फिर से जुर्म करनेवाला/वाली ।

речево́й (वि०) वाचिक ; वाणी-सम्बन्धी ।

речи́стый (वि०) वाचाल ।

ре́чка (स्त्री०) छोटी नदी ; नाला ।

речно́й (वि०) नदी का ; р. песо́к नदी का रेत ।

реч||ь (स्त्री०) १. भाषा ; родна́я р. मातृभाषा ; २. वाणी ; дар —и वाणी का वरदान ; ३. उच्चारण ; отчётливая р. स्पष्ट उच्चारण ; ४. गोष्ठी ; चर्चा ; о чём р. ? किस बात की चर्चा हो रही है ? ; р. идёт о том प्रश्न यह है कि..., об э́том не́ было и —и इसका तो ज़िक्र ही नहीं आया ; ५. भाषण ; приве́тственная р. स्वागत-भाषण ; ६. (व्या०) пряма́я р. प्रत्यक्ष कथन ; वक्ता के अपने शब्द ; ко́свенная р. परोक्ष कथन ; ча́сти —и विवेचन-पद ।

реша́ть (अपू०), **реши́ть, пореши́ть** १. (-का) निर्णय करनां ; फ़ैसला करना ; он реши́л е́хать उसने जाने का निर्णय कर लिया ; २. (реши́ть पू० के साथ) हल करना ; э́то реша́ет вопро́с इससे प्रश्न हल हो जाता है ।

реша́ться (आत्म० अपू०), **реши́ться** (आत्म० पू०) १. इरादा कर लेना ; फ़ैसला करना ; २. реша́ть का कर्मवाच्य ।

реша́ющий १. реша́ть से कृदन्त ; २. (वि०) निर्णायक ; निर्णयात्मक ।

реше́ние (नपुं०) १. फ़ैसला ; संकल्प ; २. (प्रश्न का) हल ; निष्कर्ष ।

решётка (स्त्री०) जंगला ; जाली ।

решето́ (नपुं०) चलनी ; протира́ть сквозь р. चलनी में छानना ।

реши́мость (स्त्री०) संकल्प-शक्ति ; दृढ़ता ।

реши́тельн||о (क्रि० वि०) १. दृढ़तापूर्वक ; निश्चयपूर्वक ; он р. про́тив э́того वह दृढ़ता से इसका विरोध करता है ; २. निश्चित रूप से ; ३. बिल्कुल ; он р. ничего́ не де́лает वह बिल्कुल कुछ नहीं करता ; **—ость** (स्त्री०) संकल्प-शक्ति ; दृढ़ता ; **—ый** (वि०) १. निर्णायक ; निर्णयात्मक ; —ая борьба́ निर्णयात्मक संघर्ष ; २. निश्चयात्मक ; दृढ़ ; पक्का ; —ая похо́дка पक्का क़दम ; —ым о́бразом निश्चित रूप से ।

реши́ть(ся) दे० реша́ть(ся).

ре́шка (स्त्री०) : орёл или р. चित्त या पट्ट ।

решо́тка = решётка.

ре́я (नौचालन०) = рей.

ре́ять (अपू०) मँडराना ; हवा में घूमना ; पंख फड़फड़ाना ।

ржа (स्त्री०) १. मोरचा ; ज़ंग ; २. (पौधों का) काला रोग ।

ржа́веть (अपू०), **по—** (पू०) मोरचा लग जाना ; ज़ंग लगना ।

ржа́вость (स्त्री०) मोरचा ; ज़ंग ।

ржа́вчин||а (स्त्री०) १. मोरचा ; ज़ंग ; изъе́денный —ой मोरचा खाया हुआ ; ज़ंग लगा हुआ ; २. (पौधों का) काला रोग ।

ржа́вый (वि०) मोरचा खाया हुआ ; ज़ंग लगा हुआ ।

ржа́ние (नपुं०) घोड़े की हिनहिनाहट ।

ржа́нка (स्त्री०) एक प्रकार की बुलबुल जैसी चिड़िया ।

ржан||о́й (वि०) : —а́я му́ка रई (नाम के अनाज) का आटा ।

ржать (अपू०) १. (घोड़े का) हिनहिनाना ; २. घोड़े की हिनहिनाहट की तरह हँसना ।

ри́га (स्त्री०) खलिहान ।

ридикю́ль (पुं०) स्त्रियों का जालीदार बटुआ ।

ри́за (स्त्री०) चैज्यूबल (पादरी की धार्मिक त्यौहार पर पहनने की वर्दी) ।

рикоше́т (पुं०) टप्पा ; भूमि, अथवा जल पर तोप के गोले का टप्पा खाकर गिरना ; —ом टप्पा खाने पर ।

ри́млян||ин (पुं०), **—ка** (स्त्री०) रोम-निवासी/निवासिनी ; रोमी ।

ри́мский (वि०) रोम का ; रोमी ; р. па́па पोप ।

ри́нуться (आत्म० पू०) वेग से दौड़ना ।

ри́пер (पुं०) (टेक०) चीरने/फाड़ने का औज़ार ।

рис (पुं०) चावल ; धान ।

риск (पुं०) खतरा ; जोखिम ; с —ом для жи́зни जान जोखिम में डालकर ।

рискну́ть (पू०) १. दे० рискова́ть ; २. साहस करना ।

рискова́ть (अपू०), **рискну́ть** (पू०) (वर्त० —ку́ю) जोखिम में डालना ; खतरा मोल लेना ; साहस करना ; р. жи́знью जान जोखिम में डालना ।

рисова́льн||ый (वि०) आलेखन-; चित्रकला-सम्बन्धी ; ड्राइंग का ; —ая бума́га ड्राइंग का काग़ज ; आलेखन-पत्र ।

рисова́ние (नपुं०) चित्रकला ; आलेखन ; ड्राइंग ।

рисова́ть (अपू०), **нарисова́ть** (पू०) (वर्त० рису́ю, рису́ешь) १. चित्र खींचना ; २. आलेखन करना ; चित्रित करना ; **—ся** (आत्म०) चित्रित होना ; विशिष्ट आकृति धारण करना ।

ри́совый (वि०) चावल का ।

рису́нок (पुं०) चित्र ; (कढ़ाई का) नमूना ।

ритм (नपुं०) ताल ; लय ; **—и́ческий** (वि०) ताल का ; लय का ।

ри́тор (पुं०) अलंकार-शास्त्रज्ञ ।

ритори́ческий (वि०) आलंकारिक ।

ритуа́л (पुं०) संस्कार ।

риф (पुं०) **I** बाँछा ; बादबान-पर्दा ; **II.** पथरीला तट ।

ри́фма (स्त्री०) अन्त्यानुप्रास ; क़ाफ़िया ।

рици́н (पुं०) अरिंड (वृक्ष) ।

рици́нов||ый (वि०) अरिंड का ; —ое ма́сло अरिंड का तेल ।

робе́ть (अपू०) भीरुता / डरपोकपन दिखाना ।

ро́бкий (वि०) भीरु ; डरपोक ।

ро́бость (स्त्री०) भीरुता ; डरपोकपन ।

ров (पुं०) खाई ।

рове́сник (पुं०) समसामयिक ; समकालीन ; समवयस्क ।

ро́вно (क्रि० वि०) १. बराबर ; एक जैसे ; २. ठीक ; р. 10 рубле́й ठीक दस रूबल ; р. (в) 2 часа́ ठीक दो बजे ; ३. बिल्कुल ; р. ничего́ не понима́ть बिल्कुल कुछ न समझना ; ४. नियमित रूप से ; се́рдце би́лось р. हृदय नियमित गति से धड़क रहा था ।

ро́вн||ый (वि०) १. एकसार ; समतल ; हमवार ; चौरस ; —ая доро́га हमवार सड़क ; २. р. го́лос समस्वर ; समप्रवाही स्वर ; р. кли́мат एक जैसी जलवायु ; ☐ р. счёт बराबर लेखा ; लेन-देन बराबर ।

ровня́ (उभ०) बराबर ; он тебе́ не р. वह तेरे बराबर का नहीं ।

ровня́ть (अपू०), **с—** (पू०) बराबर करना ।

рог (पुं०) १. सींग ; २. (बजाने की) सींगी ; बिगुल ।

рога́стый (वि०) बड़े सींगोंवाला ।

рога́т||ина (स्त्री०) रीछ मारने की बर्छी ; **—ка** (स्त्री०) १. घुमौवा फाटक ; २. गुलेल ।

рога́тый (वि०) सींगोंवाला ; кру́пный р. скот ढोर ; मवेशी ।

рогови́ца (स्त्री०) आँख की पुतली (अंग्रेजी—कौर्निया) ।

рогов‖óй (वि०) सींग का ; —áя гребёнка सींग की कंघी ; —áя оболóчка आँख की पुतली (अंग्रेज़ी—कौर्निया) ।

рогóжа (स्त्री०) (पेड़ आदि के छिलके की बनी) चटाई ।

рогонóсец (पुं०) व्यभिचारिणी स्त्री का पति ; परकीया-पति ।

род (पुं०) १. परिवार ; सम्बन्धी ; नातेदार ; जन्म ; उद्गम ; नस्ल ; без —у, без плéмени बिना (किसी) सगे-सम्बन्धी के ; он хорóшего —а वह अच्छे परिवार की है ; २. जाति ; वर्ग ; गण ; человéческий р. मानव-जाति ; ३. प्रकार ; всякого —а товáры सब प्रकार का माल ; ४. (व्या०) लिंग ; мужскóй р. पुल्लिंग ; жéнский р. स्त्रीलिंग ; срéдний р. नपुंसकलिंग ; ☐ в некóтором —е कुछ हद तक ; емý 8 лет óт —у वह आठ वर्ष का है / उसकी आयु आठ वर्ष है ; емý на —ý напи́сано यह उसके भाग्य में लिखा है ।

рóдий (पुं०) (रस०) रोडियम ।

роди́льн‖ица = рожéница ; —ый (वि०) : р. дом प्रसूति-गृह ; ज़च्चाखाना ; —ая горя́чка प्रसव-ज्वर ।

роди́мчик (पुं०) बालाक्षेपक ; ऐंठन (बच्चों का एक रोग जिसमें उसका शरीर काँपता है और बेहोशी होती है) ।

роди́м‖ый = роднóй ; —ое пятнó तिल ; मस्सा ।

рóдина (स्त्री०) मातृभूमि ।

рóдинка (स्त्री०) तिल ; मस्सा ।

роди́ны (बहु०) प्रसव-पीड़ा ।

роди́те‖ли (बहु०) माता-पिता ; **—ль** (पुं०) पिता ; **—льница** (स्त्री०) माता ।

роди́тельный (वि०) р. падéж (व्या०) सम्बन्धकारक-रूप ।

роди́тельский (वि०) माता-पिता का ।

роди́ть(ся) दे० рождáть(ся).

рóдич = рóдственник.

родни́к (पुं०) सोता ; चश्मा ।

родникóв‖ый (वि०) सोते का ; चश्मे का —ая водá सोते का जल ।

родни́ть (अपू०), **по—, с—** (पू०) १. (сродни́ть पू० के साथ) समीप लाना ; २. (породни́ть पू० के साथ) सम्बन्धी बनाना ; **—ся** (आत्म०) सम्बन्धी बनना ।

родничóк (पुं०) चाँद ; बच्चे की कपाल की हड्डी की दरार (जो जुड़ी नहीं होती) ।

родн‖óй (वि०) १. सगा ; सम्बन्धी ; они́ —ые брáтья वे सगे भाई हैं ; э́то егó р. дя́дя यह उसका चचा है ; २. देशी ; —áя странá स्वदेश ; —áя земля́ मातृभूमि ; р. гóрод अपना नगर ; ३. (सम्बोधन में प्रयुक्त) प्रिय ! / मेरा प्यारा ! ; ४. (संज्ञा की तरह प्रयुक्त) (वि० रू०) (बहु०) सम्बन्धी ; रिश्तेदार ; नातेदार ; ☐ р. язы́к मातृभाषा ।

родня́ (स्त्री०) (केवल एकवचन) (समू०) सम्बन्धी ; रिश्तेदार ; नातेदार ; бли́зкая р. निकट सम्बन्धी ; он мне р. वह मेरा रिश्तेदार है ।

родови́т‖ость (स्त्री०) रक्त ; ख़ून ; **—ый** (वि०) अभिजात ; कुलीन ; खानदानी ।

родов‖óй (वि०) **I.** १. पैतृक ; —ое имýщество, имéние पैतृक सम्पत्ति ; बपौती ; २. जनजातीय ; क़बीले का ; ३. जातीय ; वर्गीय ; ४. (व्या०) लिंग-सम्बन्धी ; **II.** प्रसव-सम्बन्धी ; —ые потýги प्रसव-पीड़ा ।

рóдом (क्रि० वि०) जन्म से ; он р. нéмец जन्म से वह जर्मन है ।

родоначáльник (पुं०) १. पूर्वज ; २. पिता ।

родословная (स्त्री०) (वि० रू०) वंशावली ; वंशनामावली ।

родослóвн‖ый (वि०) वंश-सम्बन्धी ; आनुवंशिक ; —ое дéрево वंशावली ।

рóдственн‖ик (पुं०), **—ица** (स्त्री०) सम्बन्धी ; रिश्तेदार ; नातेदार ; бли́зкий р. निकट सम्बन्धी ; **—ость** (स्त्री०) १. साम्य ; २. (सम्बन्धों की) घनिष्ठता ; **—ый** (वि०) १.

सम्बन्धी का; नाते का; रिश्ते का; —ые свя́зи नाते के बन्धन; रिश्तेदारी के बन्धन; २. —ые наро́ды परस्पर सम्बन्धित जातियाँ; —ые языки́ सहपारिवारिक भाषाएँ; एक परिवार की भाषाएँ; ३. सुपरिचित।

родство́ (नपुं॰) सम्बन्ध; रिश्ता; नाता; кро́вное р. ख़ून का रिश्ता।

ро́ды (बहु॰) प्रसव-पीड़ा।

рое́ние (नपुं॰) मधुमक्खियों का एकत्रित होना।

ро́ж||а (स्त्री॰) **I.** भद्दा मुँह; बूथा; стро́ить —и मुँह बनाना; **II.** (चिकि॰) अरुणाचर्म।

рожа́ть (अपू॰) जनना।

рожда́емость (स्त्री॰) जन्म की दर।

рожда́ть (अपू॰), **роди́ть** (पू॰) (भवि॰ рожу́, роди́шь) जनना; जन्म देना; она́ родила́ сына́ उस (स्त्री) ने बालक/पुत्र को जन्म दिया; **—ся** (आत्म॰) १. जन्म लेना; उत्पन्न होना; у него́ роди́лся сын उसके बालक/पुत्र ने जन्म लिया; २. (विचार आदि का) सूझना; ३. उगना; फलना-फूलना; пшени́ца роди́лась хорошо́ в э́том году́ इस वर्ष गेहूँ की फ़सल अच्छी है।

рожде́ни||е (नपुं) जन्म; प्रसव; день —я जन्मदिन।

рожде́ственский (वि॰) क्रिसमस का।

рождество́ (नपुं॰) क्रिसमस।

роже́ница (स्त्री॰) प्रसविनी; प्रसू; जच्चा।

рожо́к (पुं॰) १. рог का अल्प॰; २. (बच्चे को दूध पिलाने की) शीशी/बोतल; ३. जूता पहनने का चम्मच।

рожо́н (पुं॰): лезть на р. ऊखली में सिर देना।

рожь (स्त्री॰) रई नाम का एक अनाज।

ро́за (स्त्री॰) गुलाब का फूल; गुलाब का पौधा।

роза́н (पुं॰) १. गुलाब का फूल; २. गुलाब का पौधा।

ро́звальни (बहु॰) रोज़वालनी (एक प्रकार की नीची चौड़ी स्लेज)।

ро́зга (स्त्री॰) (बच्चों को मारने का) बेंत; нака́зывать —ми बेंत से पीटने की सज़ा देना; बेंत लगाना।

розмари́н (पुं॰) केशवास (एक प्रकार का सुगन्धित पौधा)।

ро́зниц||а (स्त्री॰) फुटकर; в —у फुटकर में।

ро́зничный (वि॰) फुटकर का; р. магази́н फुटकर बिक्री की दुकान।

ро́зно (क्रि॰ वि॰) अलग से।

рознь (स्त्री॰) १. मतभेद; फूट; २. अन्तर; ☐ се́ять р. फूट के बीज बोना; челове́к челове́ку р. संसार में भाँति-भाँति के लोग हैं; मनुष्य मनुष्य में अन्तर है।

розова́тый (वि॰) गुलाबी-सा।

розове́ть (अपू॰), **по—** (पू॰) गुलाबी होना।

ро́зовый (वि॰) १. गुलाबी रँग; २. ро́за से वि॰।

ро́зыгрыш (पुं॰) १. (लॉटरी आदि) निकालना; २. बराबर मैच/खेल।

ро́зыск (पुं॰) तलाशी।

рои́ться (आत्म॰ अपू॰) मधुमक्खियों का एकत्रित होना।

рой (पुं॰) मधुमक्खियों का दल।

рок (पुं॰) (केवल एकवचन) भाग्य; злой р. दुर्भाग्य।

роково́й (वि॰) घातक।

ро́кот (पुं॰) दहाड़; गड़गड़ाहट।

рокота́ть (अपू॰) दहाड़ना; गड़गड़ाना।

ро́лик (पुं॰) १. बेलन; २. (मेज़ आदि के नीचे) छोटा-सा पहिया; коньки́ на —ах रोलर-स्केट।

роль (स्त्री॰) (नाटक की) भूमिका; पार्ट; игра́ть р. Га́млета हैमलेट की भूमिका करना।

ром (पुं॰) रम (एक प्रकार की शराब)।

рома́н (पुं॰) १. उपन्यास; २. (स्त्री और पुरुष के बीच) प्रेम-सम्बन्ध।

романи́ст -I (पुं॰) उपन्यासकार; **II.** रोमी भाषा-विज्ञ; रोमी भाषाओं का ज्ञाता।

романи́стика (स्त्री॰) रोमीभाषा-विज्ञान।

романи́ческ||ий—ое (वि॰) रोमानी; —ое приключе́ние रोमानी साहस कार्य।

рома́нс (पुं०) प्रेम-गीत।

рома́нск||ий (वि०) —ие языки́ रोमीय भाषाएँ।

романти́зм (पुं०) रोमानवाद।

рома́нтик (पुं०) रोमानवादी।

романти́ческий (वि०) रोमानवादी।

рома́шка (स्त्री०) बाबूना; कर्पूर पुष्प।

ромб (पुं०) (ज्यामिति) राम्बस।

роня́ть (अपू०), **у—** (पू०) १. गिराना; २. (केवल अपू०) (पत्तों का, पंखों का) गिराना; ३. हानि पहुँचाना।

ро́пот (पुं०) १. कलकल शब्द; २. बड़बड़ाहट।

ропта́ть (अपू०) (ропщу́, ро́пщешь) १. कलकल शब्द करना; २. बड़बड़ाना।

роса́ (स्त्री०) ओस; появля́ется р. ओस पड़ रही है।

роси́нк||а (स्त्री०) ओस की बूँद; ☐ у него́ ма́ковой —и во рту́ не́ было उसके पेट में तो रोटी का एक कौर भी नहीं गया था।

роси́стый (वि०) ओसदार।

роско́шный (वि०) शानदार; ठाठ-बाट का।

ро́скошь (स्त्री०) शान-बान; ठाठ-बाट; तड़क-भड़क।

ро́слый (बि०) लम्बा-तगड़ा; लम्बे क़द का; क़द्दावर।

ро́сный (वि०) ओस का।

ро́спись (स्त्री०) (केवल एकवचन) (समू०) भित्ति-चित्र।

ро́спуск (पुं०) भंग करने की क्रिया; (सदन, बैठक आदि का) विसर्जन।

росси́йский (वि०) रूस का।

ро́сказни (बहु०) कल्पित कथाएँ।

ро́ссыпь (स्त्री०) खान; золота́я р. सोने की खान।

рост (पुं०) १. वृद्धि; बढ़ोतरी; उन्नति; २. क़द; ऊँचाई; большо́го —а क़द्दावर; (क़द का) लम्बा; —ом 175 сантиме́тров (क़द में) १७५ सेंटीमीटर लम्बा; ☐ дава́ть де́ньги в р. ब्याज पर रुपया चलाना।

ростовщи́||к (पुं०) सूदख़ोर; ब्याज पर रुपया चलानेवाला; **—чество** (नपुं०) सूदख़ोरी।

росто́к (पुं०) शाखा; अंकुर।

ро́счерк (पुं०) (लिखाई में) पुँछल्ला; ☐ одни́м —ом пера́ लेखनी की एक चोट से।

рот (पुं०) मुँह; дыша́ть ртом मुँह से साँस लेना; име́ть шесть ртов в семье́ परिवार में छह जीव (व्यक्ति) होना; рази́нув р. आश्चर्य से मुँह खोले हुए / आश्चर्यचकित; не брать в р. मुँह से न लगाना; он вина́ в р. не берёт वह शराब छूता भी नहीं।

ро́та (स्त्री०) (सेना०) कम्पनी; р. свя́зи सिगनल-कम्पनी; стрелко́вая р. राइफ़ल-कम्पनी।

ротацио́нн||ый (वि०) घूर्णक-; घुमानेवाला; —ая маши́на घूर्णक यन्त्र।

ро́тмистр (पुं०) (घुड़सवार सेना में) कप्तान।

ро́тный (वि०) (सेना०) १. कम्पनी का; २. कम्पनी-कमांडर।

ротозе́й (पुं०) आवारा; निठल्ला; वृथा समय नष्ट करनेवाला।

рото́нда (स्त्री०) १. गोलाकार भवन; २. स्त्रियों के पहनने का बिना आस्तीनों का ऊनी अँगरखा।

ро́тор (पुं०) (बिजली का) घूर्णक।

ро́хля (स्त्री० (उभ०) रेढ़ी; वृथा नष्ट करनेवाला।

ро́ща (स्त्री०) कुंज; वृक्षवाटिका।

роял||и́зм (पुं०) राजवाद; **—и́ст** (पुं०) राजवादी।

роя́л||ь (पुं०) पियानो; игра́ть на —е पियानो बजाना।

рту́тный (वि०) पारे का।

ртуть (स्त्री०) पारा; पारद।

руба́ка (पुं०) तलवार का धनी।

руба́нок (पुं०) (बढ़ई का) रन्दा।

руба́ха (स्त्री०) (मोटे कपड़े की) कमीज़।

руба́шка (स्त्री०) १. (पुरुष की) कमीज़; (स्त्री की) कमीज़; ночна́я р. (पुरुष की रात को पहनने की) कमीज़; (स्त्री का) गाउन; २. (टेक०) जाकेट; ३. (घोड़े, कुत्ते आदि का) रंग; ४. (ताश के पत्ते की) उलटी ओर।

рубе́ж (पुं०) सीमा ; за —о́м विदेश ।

рубе́ц (पुं०) **I.** १. सींवन ; २. मग़ज़ी ; ३. घाव का चिह्न ; दाग़ ; ४. कोड़े या डंडे की मार का निशान ; **II.** १. उदर ; पेट ; तोंद ; २. पशुओं का पेट ।

руби́льник (पुं०) (बिजली का) बड़ा स्विच ।

руби́н (पुं०) लालमणि ; माणिक ।

руби́новый (वि०) लालमणि/माणिक का ।

руби́ть (अपू०) (рублю́, ру́бишь) १. (पेड़ काटकर) गिराना ; २. (लकड़ियाँ) काटना ; (माँस आदि का) कीमा बनाना ; ३. (तलवार आदि से) काटना ; **—ся** (आत्म०) १. तलवारों से लड़ना ; २. руби́ть का कर्मवाच्य ।

ру́бище (नपुं०) (केवल एकवचन) चीथड़ा ।

ру́бка (स्त्री०) **I.** पेड़ काटकर गिराने की क्रिया ; कटाई ; कीमा बनाने की क्रिया ; **II.** (जहाज़ में) डेक-केबिन ।

рублёв‖ка (स्त्री०) एक रूबल का नोट ; **—ый** (वि०) एक रूबल का ।

ру́бленый (वि०) काटा हुआ ; कीमा बना हुआ ।

рубль (पुं०) रूबल (रूसी सिक्का) ; ☐ копе́йка р. бережёт बूँद-बूँद सों घट भरै ।

ру́брика (स्त्री०) (अध्याय आदि का) शीर्षक ।

ру́гань (स्त्री०) गाली ; अपशब्द ।

руга́тель‖ный (वि०) गालियों/अपशब्दों से भरा हुआ ; **—ство** (नपुं०) गाली ; भर्त्सना ; फटकार ।

руга́ть (अपू०), **выругать, ругну́ть** (पू०) १. गाली देना ; अपशब्द कहना ; झाड़ना ; २. आलोचना करना ; **—ся** (आत्म०) १. अपशब्द कहना ; गाली देना ; फटकारना ; २. (एक-दूसरे को) गाली देना ।

ругну́ть(ся) दे० руга́ть(ся).

руда́ (स्त्री०) अयस्क ; कच्ची धातु ।

рудиме́нт (पुं०) (किसी विषय का) मूल/आधारभूत तत्त्व ; **—арный** (वि०) मूल ; अविकसित ; प्राथमिक ।

рудни́к (पुं०) खान ।

ру́дный (वि०) руда́ से वि० ।

ру́дня (स्त्री०) खान ।

рудоко́п (पुं०) खनिक ; खान में काम करनेवाला ।

рудоподъёмник (पुं०) अयस्क उत्थापक (कच्ची धातु उठानेवाली मशीन) ।

руже́йный (वि०) बन्दूक का ; राइफ़ल का ।

ружь‖ё (नपुं०) बन्दूक ; стреля́ть из —я́ बन्दूक चलाना ।

руи́на (बहु०) खँडहर ।

рук‖а́ (स्त्री०) १. हाथ ; बाँह ; уме́лые —и́ कुशल हाथ ; Мохан взял Си́ту по́д руку मोहन ने सीता की बाँह में बाँह डाल ली ; вести́ за́ руку हाथ पकड़कर ले जाना ; маха́ть —о́й हाथ हिलाना ; пожима́ть ру́ку हाथ दबाना/मिलाना ; —а́ми не тро́гать कृपया हाथ से न छुएँ ; २. लिखाई ; दस्तख़त ; чёткая р. साफ़ लिखाई ; ☐ брать в свои́ ру́ки अपने हाथ में लेना ; дава́ть ру́ку на отсече́ние शपथ लेना/जान की बाज़ी लगाना ; ему́ и кни́ги в ру́ки वह ख़ूब जानता है ; махну́ть —о́й (на) (-का) विचार छोड़ना ; нажи́ть ру́ку कुशलता प्राप्त करना ; наложи́ть на себя́ ру́ки आत्मघात करना ; он на ру́ку нечи́ст उसको चोरी की आदत है ; у него́ ру́ки опуска́ются वह बिल्कुल हताश है ; от рук отби́ться हाथ से निकल जाना ; под —о́й पहुँच में/समीप ; разводи́ть —а́ми चकित होना ; ру́ки прочь हाथ मत लगाइए ; сиде́ть сложа́ ру́ки हाथ पर हाथ धरकर बैठना ; сон в ру́ку स्वप्न सत्य निकलना ; шить на —а́х हाथ से सीना ।

рука́в (पुं०) १. आस्तीन ; बाँह ; २. (नदी की) शाखा ; ३. पौधों पर पानी छिड़कने की नली ; ☐ де́лать что-л. спустя́ —а́ किसी काम को मन से न करना ।

рукави́ца (स्त्री०) १. (बिना उँगलियों का) दस्ताना ; २. लोहे का दस्ताना ।

рука́вчик (पुं०) १. छोटी आस्तीन ; (कमीज़ के) कफ़ ।

рукоблу́дие (नपुं०) हस्तमैथुन ।

руководи́тель (पुं०) १. अग्रणी ; अगुआ ; नेता ; २. शिक्षक ; अध्यापक ; кла́ссный р. कक्षा-अध्यापक ।

руководи́ть (अपू०) (руковожу́, руково́дишь) १. नेतृत्व करना ; अगुआई करना ; मार्ग-प्रदर्शन करना ; २. निर्देशन करना ।

руково́дство (नपुं०) १. (क्रिया) मार्ग-प्रदर्शन ; नेतृत्व ; २. (समू०) नेतागण ; ३. पुस्तिका ; मार्ग-दर्शिनी ; गाइड ।

руково́дствоваться (आत्म० अपू०) (वर्त० —ствуюсь) अनुसरण करना ; р. указа́ниями निर्देशों का अनुसरण करना ।

руководя́щ||ий (कृदन्त और वि०) प्रमुख ; अग्र ; —ая иде́я प्रमुख विचार ; —ая статья́ अग्रलेख/सम्पादकीय ; —ие अधिकारी ।

рукоде́лие (नपुं०) कढ़ाई ; हाथ का काम ।

рукоде́льница (स्त्री०) कढ़ाई का काम करनेवाली ।

рукомо́йник (पुं०) (हाथ धोने की) चिलमची ।

рукопа́шная (स्त्री०) (वि० रू०) हाथापाई ; गुत्थमगुत्था ।

рукопа́шный (वि०) : р. бой हाथापाई ; हाथाबाँही ।

рукопи́сный (वि०) हस्तलिखित ।

ру́копись (स्त्री०) हस्तलेख ; हस्तलिखित प्रति ; पांडुलिपि ।

рукоплеска́ние (नपुं०) तालियाँ बजाने की क्रिया ।

рукоплеска́ть (अपू०) (वर्त० рукоплещу́, рукопле́щешь) तालियाँ बजाना ।

рукопожа́т||ие (नपुं०) : обме́ниваться —ием हाथ मिलाना ।

рукоя́||тка, —ть (स्त्री०) हत्था ; दस्ता ; मूठ ।

рулево́й (वि०) १. (पोत या नाव में) सुकान का ; पतवार-सम्बन्धी ; २. (पोत या नाव में) कर्णधार ; पतवरिया ।

руле́тка (स्त्री०) नापने का फ़ीता ।

руль (पुं०) (पोत का) सुकान ; पतवार ; (वायुयान का) चालक-पहिया ।

румб (पुं०) (कुतुबनुमा) विन्दु ।

румы́н (पुं०), **—ка** (स्त्री०) रुमानिया-निवासी/निवासिनी ; **—ский** (वि०) रुमानिया का ; р. язы́к रुमानिया की भाषा ।

румя́на (स्त्री०) गालों पर लगाने की सुर्ख़ी ; गाज़ा ।

румя́н||ец (पुं०) गालों की (स्वाभाविक) लाली/सुर्ख़ी ; (लज्जा की) लाली ; залива́ться —цем लजाना / (लज्जा के मारे) मुँह लाल हो जाना ।

румя́нить (अपू०), **на—** (पू०) (गालों पर) सुर्ख़ी लगाना ; **—ся** (आत्म०) (अपने) गालों पर सुर्ख़ी लगाना ।

румя́ный (वि०) गुलाबी ; सुर्ख़ (गालों पर का रँग) ।

руно́ (नपुं०) (भेड़ की) ऊन ।

ру́пор (पुं०) (ग्रामोफ़ोन आदि का) धूतू ; भोंपू ।

руса́к (पुं०) (शरद ऋतु का भूरे रँग का) खरहा ।

руса́л||ка (स्त्री०) जलपरी ; **—очий** (वि०) जलपरी का ।

ру́сло (नपुं०) (नदी का) पाट ।

ру́сский (वि०) १. रूसी ; р. язы́к रूसी भाषा ; २. (संज्ञा की तरह प्रयुक्त) (वि० रू०) रूसी (व्यक्ति) ।

ру́сый (वि०) गोरा मनुष्य जिसके बाल गहरे काले न हों बल्कि सुनहरे हों ।

ру́та (स्त्री०) सदापहा (एक प्रकार का सुगन्धित पौधा) ।

руте́ний (पुं०) (रस०) रुथेनियम ।

рути́на (स्त्री०) नितचर्या ; नित्यक्रम ।

рутинёр (पुं०), **—ка** (स्त्री०) अनुदार ; पुराणपन्थी ।

рути́нный (वि०) नित्यक्रम का ; नितचर्या- ।

ру́хлядь (स्त्री०) (समू०) काठ-कबाड़ ।

рухля́к (पुं०) खतीली मिट्टी ।

ру́хну||ть (पू०) ढह जाना ; गिर पड़ना ; नष्ट होना ; पानी फिर जाना ; все его́ пла́ны —ли उसकी सब योजनाओं पर पानी फिर गया ।

руча́тельство (नपुं॰) ज़मानत ; ज़िम्मेदारी ; गारंटी ; часы́ с —м गारंटी वाली घड़ी ।

руча́||ться (आत्म॰ अपू॰), **поручи́ться** (आत्म॰ पू॰) (किसी वस्तु की) प्रतिभूति करना ; गारंटी करना ; (किसी मनुष्य की) प्रतिभूति करना ; ज़मानत करना ; ज़िम्मेदारी लेना ; я —юсь, что сде́лаю э́то मैं यह करने की ज़िम्मेदारी लेता हूँ।

руче́й (पुं॰) नाला ; स्रोत ; छोटी नदी ।

ручеёк (पुं॰) руче́й का अल्प॰ ।

ру́чка (स्त्री॰) १. рука́ का अल्प॰ ; २. हत्थी ; р. две́ри द्वार की हत्थी ; २. (कुर्सी, सोफ़े की) बाँह ; ३. होल्डर ; डंडी ; автомати́ческая р. फाउंटेन-पैन ।

ручни́к (पुं॰) १. शिल्पी ; हाथ के काम में दक्ष/कारीगर ; २. हथौड़ी ।

ручн||о́й (वि॰) **I.** १. हाथ का ; बाँह का ; —ы́е часы́ हाथ की घड़ी ; २. हाथों द्वारा किया हुआ ; р. труд हाथ का काम ; ३. हाथ से चलनेवाला ; —а́я пила́ हाथ की आरी ; **II.** सधाया हुआ ; पालतू ।

ру́шиться (आत्म॰ अपू॰ और पू॰) ढह जाना ; गिर जाना ।

ры́б||а (स्त्री॰) मछली ; уди́ть —у मछली पकड़ना ।

рыба́к (पुं॰) मछेरा ; माहीगीर ।

рыба́||цкий, —чий (वि॰) मछली पकड़ने का ; मछेरे का ; —чья ло́дка मछलियाँ पकड़ने की नाव ।

рыба́чить (अपू॰) मछलियाँ पकड़ना ।

рыба́чка (स्त्री॰) १. मछलियाँ पकड़नेवाली औरत ; २. मछेरे की पत्नी ।

рыбёшка (स्त्री॰) छोटी मछली ।

ры́б||ий, —ный (वि॰) मछली का ।

рыбово́д (पुं॰) मत्स्यपालक ; मछलियाँ पालनेवाला ; **—ство** (नपुं॰) मत्स्यपालन ; मछली-पालन ; **—ческий** (वि॰) मछलीपालन-सम्बन्धी ।

рыболо́в (पुं॰) मछलियाँ पकड़नेवाला ; मछेरा ; **—ный** (वि॰) मछलियाँ पकड़ने का ; —ное су́дно मछलियाँ पकड़ने की छोटी नाव ; **—ство** (नपुं॰) मछली-उद्योग ।

рыбопромы́шленность (स्त्री॰) मछली-उद्योग ।

Ры́бы (ज्योतिष॰) मत्स्य ।

рыв||о́к (पुं॰) झटका ; —ка́ми झटकों से ।

рыга́ть (अपू॰), **рыгну́ть** (पू॰) डकार लेना ।

рыда́ние (नपुं॰) सिसकी लेने की क्रिया ।

рыда́ть (अपू॰) सिसकी लेना ; आहें भरना ।

рыжеборо́дый (वि॰) लाल दाढ़ीवाला ।

рыжева́тый (वि॰) लाल-सा ; लोहित ।

рыже́ть (अपू॰), **по—** (पू॰) लाल-सा होना ; लोहित होना ।

ры́жий (वि॰) १. लाल-सा ; लाल बालोंवाला ; २. (संज्ञा की तरह प्रयुक्त) (वि॰ रू॰) विदूषक ।

рыка́ть (अपू॰) दहाड़ना ।

ры́ло (नपुं॰) (सूअर आदि का) थूथुन ।

ры́льце (नपुं॰) १. ры́ло का अल्प॰ ; २. कुक्षि ; पुष्पकेशर का अग्रभाग ।

ры́нд||а (स्त्री॰) **I.** चौदहवीं—सत्रहवीं शताब्दी के ज़ारों का अंगरक्षक ; **II.** (पोत का) घंटा ; бить —у दोपहर का (बारह बजे का) घंटा बजाना ; गजर बजाना ।

ры́н||ок (पुं॰) मंडी ; बाज़ार ; **—очный** (वि॰) मंडी का ; बाज़ार का ; по —очой цене́ मंडी के भाव पर ।

рыса́к (पुं॰) दुलकी चलनेवाला घोड़ा ।

ры́сий (वि॰) १. рысь से वि॰ ; २. (नेत्रों के विषय में) तीक्ष्ण ; भेदक ।

рыси́ст||ый (वि॰) —ая ло́шадь दुलकी चलनेवाला घोड़ा ।

ры́скать (अपू॰) (ры́скаю, ры́скаешь और ры́щу, ры́щешь) घूमना ; विचरना ; इधर-उधर भागना ; в лесу́ ры́щут во́лки जंगल में भेड़िये घूम रहे हैं ।

рысца́ (स्त्री॰) दुलकी चाल ।

рысь (स्त्री॰) **I.** वनबिलाव ; बिल्ली की तरह का एक जंगली पशु ; **II.** (घोड़े की) दुलकी चाल ।

ры́твина (स्त्री०) लीक ; चक्रमार्ग ; घारी ।

рыть (अपू०) (वर्त० ро́ю, ро́ешь) खोदना ; सुरंग खोदना ; कुरेदना ; (घोड़े का खुर से) ज़मीन कुरेदना ; (सूअर का थूथुन से) भूमि खोदना ।

рытьё (नपुं०) खुदाई ।

ры́ться (आत्म० अपू०), **по—** (आत्म० पू०) (वर्त० ро́юсь, ро́ешься) खोदना ; (खँडहर आदि) खोदना ; छान मारना ।

рыхли́ть (अपू०) (भूमि) पोली करना ; नर्म करना ; भुरभुरी बनाना ।

ры́хл||ость (स्त्री०) भुरभुरापन ; पोलापन ; **—ый** (वि०) (भूमि) पोली ; नर्म ; भुरभुरी ।

ры́царский (वि०) सरदार का ।

ры́царь (पुं०) सरदार (अंग्रेज़ी—नाइट) ; р. стра́нствующий साहसी राजराणक ; मुहिम-जो-बाँका ।

рыча́г (पुं०) (टेक०) उत्तोलक ; लीवर ।

рыча́ние (नपुं०) गर्जन ; ग़ुर्राहट ।

рыча́ть (अपू०), **про—** (पू०) गरजना ; ग़ुर्राना ।

рья́н||о (क्रि० वि०) उत्साहपूर्वक ; जोश से ; **—ость** (स्त्री०) उत्साह ; जोश ; **—ый** (वि०) उत्साही ; जोशीला ।

ряби́на (स्त्री०) **I.** एक तरह की रसभरी ; **II.** (चेचक आदि का) दाग़ ।

ряб||и́ть (अपू०), **за—** (पू०) (भवि० ряблю́, ряби́шь) १. (केवल अपू०) (पानी आदि का) छलछलाना ; कलकल करना ; २. दाग़ पड़ना ; о́спа ряби́т лицо́ चेचक से मुँह पर दाग पड़ जाते हैं ; ३. (कर्तृ-निरपेक्ष) у него́ —и́т в глаза́х उसकी आँखें चौंधिया गयी हैं ।

ря́бник (पुं०) तामड़े रँग की मुर्ग़ी ।

рябь (स्त्री०) (केवल एकवचन) (पानी की) लहर ; छलछलाहट ; (आँखों की) चौंधियाहट ।

ря́вкать (अपू०), **ря́вкнуть** (पू०) दहाड़ना ; रँभाना ।

ряд (पुं०) १. पंक्ति ; р. за —ом पंक्तियों में ; पंक्ति पर पंक्ति ; २. माला ; शृंखला ; सिलसिला ।

ряди́ться -I (आत्म० अपू०), **по—** (पू०) (वर्त० ряжу́сь, ряди́шься) (मूल्य का) सौदा करना ।

ряди́ться -II (आत्म० अपू०), **на—** (आत्म० पू०) (वस्त्र पहनकर) सजना ; वस्त्र पहनना ।

рядко́м = ря́дом.

рядово́й (वि०) १. सामान्य ; साधारण ; २. साधारण सिपाही ।

ря́дом (क्रि० वि०) १. बाज़ू में ; पहलू में ; साथ में ; сиде́ть р. с кем-л. किसीके बाज़ू में बैठना ; २. साथ का ; он живёт р. वह साथ के मकान में रहता है ; сплошь и р. बहुधा ; प्रायः ।

ря́са (स्त्री०) पादरियों का चोग़ा ।

ря́ска (स्त्री०) कारंड घास (काँसा आदि) ।

С

с, со (अ०) १. साथ ; समेत ; और ; он приéхал с детьми́ वह बच्चों समेत आ गया ; чай с молокóм दूध की चाय ; с улы́бкой मुस्कराहट के साथ/मुस्कराकर ; с интерéсом दिलचस्पी के साथ ; кни́га с карти́нками सचित्र पुस्तक ; брат с сестрóй ушли́ भाई और बहन चले गये ; мы с тобóй, мы с вáми मैं और तुम/मैं और आप ; ☐ с рабóтой всё хорошó काम ठीक चल रहा है ; что с тобóй ? तुझे क्या हो गया ? ; с годáми, с вóзрастом э́то пройдёт समय/उम्र के साथ-साथ यह भी चला जायेगा ; с кáждым днём दिन-प्रतिदिन ; с послéдним пóездом अन्तिम गाड़ी से ; २. से ; पर से ; упáсть с кры́ши छत पर से गिर जाना ; снять кольцó с пáльца उँगुली से अँगूठी उतारना ; вернýться с рабóты काम से लौटना ; рисовáть портрéт с когó-л. किसीका चित्र खींचना ; с рáдости प्रसन्नतापूर्वक ; ३. से (समय-सूचक) ; с сентября́ по декáбрь सितम्बर से दिसम्बर तक ; с трёх до пяти́ तीन से पाँच तक ; ☐ с пéрвого взгля́да देखते ही ; с головы́ дó ног सिरे से पाँव तक ; со сна अधजगा / अधसोया ; с вáшего соглáсия आपकी अनुमति से ; с ви́ду देखने में ; ४. जितना ; के बराबर ; लगभग ; प्राय: ; с булáвочную голóвку पिन के सिरे जितना ; с вас рóстом आपके क़द का ; тудá бýдет с киломéтр यहाँ से लगभग एक किलोमीटर होगा ।

с -(со-, съ-) (क्रिया-उपसर्ग) इसके जोड़ने से क्रिया में निम्नलिखित अर्थ आ जाते हैं : १. विभिन्न दिशाओं से एक ही विन्दु की ओर गति तथा मिलना सूचित करने का अर्थ ; जैसे сходи́ться (विभिन्न दिशाओं से आकर मिलना) ; соединя́ть (जोड़ना) ; २. ऊपर से नीचे को जाने का अर्थ, जैसे слезть (नीचे उतरना) ; склони́ть (झुकाना) ; ३. बिल्कुल अलग कर देने का अर्थ, जैसे срéзать (काटकर अलग कर देना) ; сорвáть (फाड़ देना) ; ४. कार्य की पूर्ति का अर्थ, जैसे сжечь (जला देना) ।

сáбельный (वि०) खड्ग/तलवार का ।

сáбля (स्त्री०) खड्ग ; तलवार ।

сабот‖áж (पुं०) अन्तर्ध्वंस ; दुष्टतामूलक अपकरण ; तोड़फोड़ ; **—áжник** (पुं०), **—áжница** (स्त्री०) अन्तर्ध्वंसक ; तोड़-फोड़ करनेवाला/वाली ; दुष्टतामूलक अपकरण करनेवाला/वाली ; **—áжничать, —и́ровать** (अपू० और पू०) (—рую) अन्तर्ध्वंस करना ; तोड़-फोड़ करना ; दुष्टतामूलक अपकरण करना ; शरारत से हानि पहुँचाना ।

сабýр (पुं०) (वन०) घीकुँआर ; ग्वारपाठा ।

сáван (पुं०) १. कफ़न ; मृतक को उढ़ाने की चादर ; २. आवरण ।

саврáсый (वि०) (घोड़े के विषय में) लालीमाइल भूरा ।

сáга (स्त्री०) आल्हा ; वीर-कथा ।

сагити́ровать (पू०) (—рую) अपने पक्ष में कर लेना ।

сáго (नपुं०) साबूदाना ।

сад (पुं०) उपवन ; बाग़ ।

сад‖и́зм (पुं०) पीडनतोष ; एक प्रकार की मानसिक यौन रुग्णता जिसमें व्यक्ति परपीडन में आनन्द लेता है ; **—и́ст** (पुं०) पीडनतोष ; **—и́стский** (वि०) पीडनतोष ।

сади́ть (अपू०), **по—** (पू०) (वर्त० сажý, сади́шь) पौधा लगाना ।

сади́ться (आत्म० अपू०), **сесть** (आत्म० पू०) (वर्त० сажýсь, сади́шься ; भवि० ся́ду, ся́дешь) **I.** १. बैठना ; उठ बैठना ; он сел на стул वह कुर्सी पर बैठ गया ; он сел в постéли वह (उठकर) चारपाई पर बैठ गया ; २.

(गाड़ी आदि पर) बैठना ; चढ़ना ; он сел на пóезд в Москвé वह मास्को में गाड़ी पर बैठ गया ; емý нáдо сесть на э́тот трамвáй उसको इस ट्राम में बैठना चाहिए ; ३. (पक्षी का स्वतन्त्रतापूर्वक) बैठना ; (धुन्ध आदि का) पड़ना ; ४. (सूर्य, चन्द्रमा का) अस्त होना ; II. (कपड़े का) सिकुड़ जाना ।

сáднить (अपू०) (घाव आदि में) जलन होना ।

садóвник (पुं०) माली ; बाग़बान ।

садовóд (पुं०) औद्यानिकीविद् ; बाग़बानी का जानकार ; **—ство** (नपुं०) औद्यानिकी ; बाग़बानी ; **—ческий** (वि०) औद्यानिकीय ; बाग़बानी-सम्बन्धी ।

садóв||ый (वि०) १. औद्यानिक ; उपवन-सम्बन्धी ; बाग़ का ; २. —ые цветы́ (बग़ीचे के) फूल ।

садóк (पुं०) १. मछली पालने का कुंड/तालाब ; २. पशु पालने का बाड़ा ; ३. (हिंसक जन्तुओं को पकड़ने का) स्थान-विशेष ; (बड़ा) पिंजड़ा ।

сáжа (स्त्री०) (धुएँ की) कालिख ; काजल ।

сажáть (अपू०), **посади́ть** (पू०) (भवि० посажý, посади́шь) १. आरोहित करना ; बिठाना ; с. на трон सिंहासन पर बिठाना ; с. в тюрьмý जेल में डालना/क़ैद करना ; с. под арéст हिरासत में लेना ; с. кýрицу на я́йца मुर्ग़ी को अंडों पर बिठाना ; २. с. хлеб в печь भट्टी में रोटी लगाना ; ३. (पौधा) लगाना ।

сáженец (पुं०) (एक जगह से उखाड़कर दूसरी जगह लगाया हुआ) छोटा पौधा ।

сáжень (स्त्री०) साझ़ेन (एक रूसी नाप = ७ फुट या २१३ सेंटीमीटर ।

сазáн (पुं०) मीठे पानी की एक मछली ।

сáйка (स्त्री०) डबल रोटी ।

сак (पुं०) १. बोरी ; थैला ; २. स्त्रियों का ढीला और चौड़ा कोट ।

саквоя́ж (पुं०) सफ़री थैला ।

сáкля (स्त्री०) साक्ल्या (काकेशस-निवासियों का घर) ।

сакраментáльный (वि०) धार्मिक ; पवित्र ।

салáзки (बहु०) (हाथ से खींची जानेवाली) स्लेज ।

салáка (स्त्री०) एक प्रकार की मछली ।

салáт (पुं०) सलाद ।

сáло (नपुं०) १. चर्बी ; २. बर्फ़ की पतली परत ।

салóн (पुं०) १. बड़ी बैठक ; २. नाई की दुकान ।

салóп (पुं०) स्त्रियों का चौड़ा कोट ।

салфéтка (स्त्री०) नेपकिन ; (खाने के मेज़ पर का) रुमाल ।

сáльдо (नपुं०) शेष ; बक़ाया ।

сáльн||ость (स्त्री०) अश्लीलता ; **—ый** (वि०) १. चर्बी का बना हुआ ; —ая свечá चर्बी की बनी मोमबत्ती ; २. (शरीर-रचना०) चर्बी का ; ३. चिकनाई का ; —ое пятнó चिकनाई का धब्बा ; ४. अश्लील ।

сальтомортáле (नपुं०) कलाबाज़ी ; कुलांच ।

сам (पुं०), **самá** (स्त्री०), **самó** (नपुं०) **сáми** (बहु०) स्वयं ; я с. себé хозя́ин मैं अपनी मर्ज़ी का मालिक हूँ ; онá —á виновáта वह स्वयं क़ुसूरवार है ।

сам-дрýг (अ०) एक-दूसरे के साथ ।

самéц (पुं०) नर ।

сáмка (स्त्री०) मादा ।

самоанáлиз (पुं०) आत्मनिरीक्षण ।

самобичевáние (नपुं०) आत्मपीडन ; आत्मयन्त्रणा ।

самобы́тн||ость (स्त्री०) मौलिकता ; **—ый** (वि०) मौलिक ।

самовáр (पुं०) सामोवार ।

самовлáст||ие (नपुं०) निरंकुशता ; **—ный** (वि०) निरंकुश ।

самовнушéние (नपुं०) स्वकल्पना ।

самовозбуждéние (नपुं०) आत्मोत्तेजन ।

самовóлие (नपुं०) स्वच्छन्दता ; स्वेच्छाचारिता ।

самовóльничать (अपू०) स्वेच्छा से करना ।

самовóльн||ый (वि०) स्वेच्छाचारी ; बिना आज्ञा का ; बिना अधिकार का ; —ая отлýчка बिना आज्ञा के अनुपस्थिति ।

самохвалéние (नपुं०) आत्मश्लाघा ।

самого́н (पुं०) (चोरी से बनाया और बेचा जानेवाला) प्रतिषिद्ध / ग़ैर-कानूनी वोदका ।

самодви́жущийся (कृदन्त) स्वचालित ।

самоде́йствующий (वि०) स्वयंकर्मी ; स्वयं काम करनेवाला ।

самоде́льный (वि०) घर में बना हुआ ।

самоде́льщина (स्त्री०) घर बनी हुई वस्तु ।

самодержа́в||ие (नपुं०) निरंकुशता ; **—ный** (वि०) निरंकुश ।

самоде́ржец (पुं०) निरंकुश ।

самоде́ятельн||ость (स्त्री०) १. स्वतःस्फूर्त क्रिया / कार्य ; २. (अव्यावसायिक) शौक ; **—ый** (वि०) १. अव्यावसायिक ; शौकीनी का ; २. आत्मनिर्भर ।

самодисципли́на (स्त्री०) आत्म-अनुशासन ।

самодовле́ющий (वि०) आत्मपूर्ण ; आत्मनिर्भर ।

самодово́льный (वि०) आत्मतुष्ट ; अपने ही में प्रसन्न ; अपने ही में सन्तुष्ट ।

самоду́р (पुं०) अक्खड़ ; मनमौजी ; मनमानी करनेवाला ; स्वेच्छाचारी ; **—ство** (नपुं०) अक्खड़पन ; स्वेच्छाचारिता ; मनमानी करने का भाव ।

самозабве́ние (नपुं०) आत्मविस्मरण ।

самозажига́ние (नपुं०) स्वयंदाह ; अपने आप आग लग जाना ।

самозака́лка (स्त्री०) अपने आप कड़ा होना ।

самозащи́та(स्त्री०) आत्मरक्षा ।

самозва́н||ец (पुं०) प्रवंचक ; धोखेबाज़ ; झूठा दावेदार ; **—ный** (वि०) प्रवंचक ; धोखेबाज ; झूठा दावेदार ।

самоинду́кция (स्त्री०) (भौ०) आत्मप्रेरण ।

самоистяза́ние (नपुं०) आत्मपीड़न ।

самока́т (पुं०) (सेना०) बाइसिकिल ।

самоконтро́ль (पुं०) आत्मनिग्रह ; आत्मसंयम ।

самокри́тика (स्त्री०) आत्मालोचन ; अपनी आलोचना ।

самолёт (पुं०) वायुयान ; हवाई जहाज ; **—остро́ение** (नपुं०) वायुयान-निर्माण ।

самоли́чно (क्रि० वि०) स्वयं ।

само||люби́вый (वि०) स्वाभिमानी ; अहम्मन्य ; गर्विष्ठ ; **—лю́бие** (नपुं०) स्वाभिमान ; गर्व ।

самомне́ние (नपुं०) अहम्मन्यता ; अहंकार ।

самонаблюде́ние (नपुं०) आत्मनिरीक्षण ।

самонаде́янн||ость (स्त्री०) आत्मनिर्भरता ; **—ый** (वि०) आत्मनिर्भर ।

самообвине́ние (नपुं०) आत्माभियोजन ; अपने ऊपर अभियोग लगाना ।

самооблада́ние (नपुं०) आत्मनिग्रह ; आत्मसंयम ।

самообличе́ние (नपुं०) आत्माभियोजन ।

самообма́н (पुं०) आत्मछल ।

самообожа́ние (नपुं०) आत्मस्तुति ; आत्मपूजा ।

самооборо́на (स्त्री०) आत्मरक्षा ।

самообразова́ние (नपुं०) आत्मशिक्षा ।

самообслу́живание (नपुं०) आत्मसेवा ।

самоограниче́ние (नपुं०) आत्मनिग्रह ।

самоопределе́ние (नपुं०) आत्मनिर्णय ; स्वयं निर्णय करने का भाव ; пра́во на́ций на с. राष्ट्रों का आत्मनिर्णय का अधिकार ।

самоопределя́ться (आत्म० अपू०), **самоопредели́ться** (आत्म० पू०) आत्मनिर्णय करना ।

самоотверже́ние = **самоотве́рженность.**

самоотве́рженн||ость (स्त्री०) निःस्वार्थता ; स्वार्थहीनता ; **—ый** (वि०) निःस्वार्थ ; स्वार्थहीन ।

самоотво́д (पुं०) (पद, नामज़दगी आदि) स्वीकार न करना ; अपनी पद-नियुक्ति की अस्वीकृति ।

самоотрече́ние (नपुं०) आत्मनिषेध ; आत्मत्याग ।

самоохра́на (स्त्री०) आत्मरक्षण ।

самооце́нка (स्त्री०) आत्म-मूल्यांकन ।

самоочеви́дный (वि०) स्वतः सिद्ध ; स्वयंसिद्ध ।

самопи́шущ||ий (वि०) स्वयंलेखी ; अपने आप लिखनेवाला ; —ее перó फ़ाउंटेन पैन ।

самопожéртвование (नपुं०) आत्म-बलिदान ।

самопознáние (नपुं०) आत्मज्ञान ।

самопóмощь (स्त्री०) स्वावलम्बन ।

самопровéрка (स्त्री०) आत्मनिरीक्षण ।

самопроизвóльн||ость (स्त्री०) सहजता ; स्वत:स्फूर्तता ; **—ый** (वि०) सहज ; स्वत:स्फूर्त ।

самопря́лка (स्त्री०) स्वचालित चर्खा ।

самореклáма (स्त्री०) आत्म-विज्ञापन ; अपनी इश्तहारबाज़ी ।

саморóдный (वि०) (धातु) प्राकृतिक ; (प्रतिभा) जन्मजात ।

саморóдок (पुं०) १. प्राकृतिक धातु ; с. зóлота सोने की डली ; २. जन्मजात प्रतिभा ।

самосáдочн||ый (वि०) —ая соль झील से निकाला हुआ नमक ।

самосовершéнствование (नपुं०) आत्म-पूर्णता ।

самосознáние (नपुं०) आत्मचेतना ।

самосохранéни||е (नपुं०) आत्मरक्षा ; чýвство —я आत्मरक्षा की भावना ।

самостоя́тельн||о (क्रि० वि०) आत्मनिर्भरता से ; **—ый** (वि०) स्वतन्त्र ; आत्मनिर्भर ; अपने पांव पर आप खड़ा होनेवाला ।

самострéльный (वि०) स्वत:चालित (बन्दूक आदि) ।

самосýд (पुं०) लिंच-विधान ; लोगों का स्वयं किसीको प्राणदंड देना ।

самотёком (क्रि० वि०) स्वतः ; अपने आप ; बिना किसी दबाव के ।

самоуби́й||ство (नपुं०) आत्महत्या ; खुदकुशी ; кончáть —ством आत्महत्या करना ; **—ца** (उभ०) आत्महत्यारा / -हत्यारी ; आत्मघाती / आत्मघातिनी ।

самоуважéние (नपुं०) आत्मसम्मान ।

самоувéренн||о (क्रि० वि०) आत्मविश्वास से **—ость** (स्त्री०) आत्मविश्वास ; **—ый** (वि०) आत्मविश्वासी ।

самоуни||жéние, —чижéние (नपुं०) आत्म-अवज्ञा ; आत्म-अवमानना ; आत्म-तिरस्कार ।

самоуничтожéние (नपुं०) आत्मनाश ।

самоуправлéние (नपुं०) स्वशासन ; स्वराज्य ।

самоуправля́ющийся (वि०) स्वशासित ।

самоупрáвн||ость (स्त्री०) मनमानापन ; **—ый** (वि०) मनमाना ।

самоусовершéнствование = само-совершенствовáние.

самоуспокóенн||ость (स्त्री०) आत्म-परितोष ; हाथ पर हाथ धरे बैठे रहने का भाव ; **—ый** (वि०) आत्मपरितुष्ट ; हाथ पर हाथ धरे बैठा रहनेवाला ।

самоустраня́ться (आत्म० अपू०), **само-устрани́ться** (आत्म० पू०) अलग रहना ।

самоучи́тель (पुं०) स्वयंशिक्षक ।

самоýчк||а (स्त्री०) स्वयंशिक्षित व्यक्ति ; ऐसा व्यक्ति जिसने बिना गुरू के ही विद्यार्जन किया हो ; **—ой** (वि०) : вы́учиться чемý-л. —ой बिना गुरू के सीखना ।

самохвáльство (नपुं०) आत्मश्लाघा ; शेखी ।

самохóдный (वि०) स्वचालित ; अपने आप चलनेवाला ।

самоцвéт, —ный кáмень बहुमूल्य पत्थर ।

самоцéль (स्त्री०) परम साध्य ।

самочи́нный (वि०) मनमाना ।

самочýвствие (नपुं०) : имéть плохóе с. जी खराब होना ।

сам-пя́т अपने समेत पाँच (चार और के साथ) ।

сам-сём अपने समेत सात (छह और के साथ) ।

сáм||ый (वि०) १. ठीक ; बिल्कुल ; ऐन ; в —ом цéнтре ठीक बीच में ; в —ом начáле बिल्कुल शुरू में ; до —ого вéчера ऐन रात तक ; २. тот же с. (что, котó-рый), такóй же с. (как) ठीक वही (जो) ;

тот с. (котóрый) ठीक वही (जो) ; э́тот же с. यही ; в то же —ое врéмя, когдá उसी समय जबकि... ; ३. अत्यधिक ; बहुत ; बेहद ; с. интерéсный बेहद/बहुत दिलचस्प ; □ в —ом дéле वस्तुत: ; सचमुच ।

сан (पुं०) रुतबा ।

санатóр||ий (पुं०), **—ия** (स्त्री०) स्वास्थ्यप्रद स्थान ।

сангви́на (स्त्री०) १. (चित्रकार की) हल्के लाल रँग की पेंसिल ; २. ऐसी पेंसिल से बना चित्र ।

сангви́ник (पुं०) ज़िन्दादिल ; जानदार ; उमंगों-भरा ।

сандáл (पुं०) संदल/चन्दन की लकड़ी ।

сандáлия (बहु०) सैंडिल (जूते) ।

сандáловый (वि०) संदल/चन्दन की लकड़ी का ।

сандарáк (पुं०) वार्निश बनाने की एक प्रकार की लाह ।

сáн||и (बहु०) स्लेज ; éхать на, в —я́х स्लेज पर जाना ।

санитáр (पुं०) १. आरोग्य-सिद्धान्तों का प्रवर्तक ; अस्पताल का परिचारक ; (अस्पताल में) डाक्टर का अर्दली ; (रोगियों की) टिकठी उठानेवाला ; **—ия** (स्त्री०) स्वच्छता ; सफ़ाई ; आरोग्य-व्यवस्था ; **—ка** (स्त्री०) (अस्पताल की) नर्स ; **—ный** (वि०) स्वास्थ्य-सम्बन्धी ; चिकित्सा-सम्बन्धी ; —ный врач सफ़ाई का डाक्टर ; सफ़ाई-निरीक्षक ; —ный пóезд अस्पताल-(रेल) गाड़ी ।

сáнки (बहु०) = сáни.

санкциони́ровать (अपू० और पू०) (—рую) स्वीकृति देना ; मंज़ूरी देना ।

сáнкция (स्त्री०) मंज़ूरी ।

сáнный (वि०) स्लेज का ।

санóвник (पुं०) पदवीधारी ; रुतबेदार ।

сáночки сáнки का अल्प० ।

санскри́т (पुं०) संस्कृत भाषा ; **—ский** (त्रि०) संस्कृत (भाषा)-सम्बन्धी ।

сантиментáльн||ичать, —ый = **сентиментáльничать, сентиментáльный.**

сантимéтр (पुं०) सेंटीमीटर ।

санчáсть (स्त्री०) (санитáрная часть) सफ़ाई-विभाग ; स्वास्थ्य-विभाग ।

сап (पुं०) घोड़ों का एक संक्रामक कंठ-रोग ।

сáпа (स्त्री०) (सेना०) एक प्रकार का मोर्चा ।

сапёр (पुं०) सफ़रमैना का सिपाही/अफ़सर ।

сапнóй (वि०) сап से वि० ।

сапóг (पुं०) बूट ; (घुटने तक के ऊँचे) बूट ; जूते ।

сапóжн||ик (पुं०) मोची ; **—ичать** (अपू०) मोची का काम करना ; **—ый** (वि०) जूते का ; —ая щётка जूते का बुरुश ; —ая вáкса जूते की पालिश ।

сарáй (पुं०) छप्पर ; छादन ; शैड ।

саранчá (स्त्री०) टिड्डी ।

сарафáн (पुं०) साराफ़ान (रूसी किसान स्त्रियों के पहनने की बिना बाज़ुओं की लम्बी कमीज़ जिसपर कमर के पास पेटी बाँधी जाती है) ।

сарди́н||а (स्त्री०), **—ка** (स्त्री०) एक प्रकार की छोटी मछली ।

сардони́кс (पुं०) गोमेदक ; एक रत्न ।

сáржа (स्त्री०) (कपड़ा) सरज ।

саркáзм (पुं०) आक्षेप ; ताना ।

саркасти́ческий (वि०) आक्षेपपूर्ण ; ताने का ।

сарпи́нка (स्त्री०) छींट ; दरेस ।

сатанá (पुं०) (केवल एकवचन) शैतान ।

сатели́т (पुं०) १. (ज्योतिष) उपग्रह ; २. अनुचारी ; पिछलग्गू ।

сати́р (पुं०) यूनानी मद्य-देवता (जिसका आधा शरीर घोड़े का और आधा शरीर मनुष्य का होता है) ।

сати́р||а (स्त्री०) व्यंग्य ; **—ик** (पुं०) व्यंग्यकार ; **—и́ческий** (वि०) व्यंग्यात्मक ।

Сатýрн (पुं०) शनिग्रह ।

сатурнáлии (बहु०) (प्राचीन रोम में) आनन्दोत्सव ।

сафóй (पुं०) एक प्रकार की बन्दगोभी ।

сафья́н (पुं०) बकरे का कमाया हुआ बढ़िया चमड़ा ।

са́хар (पुं०) शक्कर ; खाँड ।

са́харить (अपू०), **по—** (पू०) शक्कर/खाँड डालना ।

са́харница (स्त्री०) शक्कर/खाँड रखने का बर्तन ।

са́харн‖ый (वि०) शक्कर/खाँड का ; с. тростни́к ईख ; —ая свёкла चुकन्दर ; с. заво́д खाँड का कारखाना ।

сахароваре́ние (नपुं०) खाँड साफ़ करने की क्रिया ।

сахарово́дчик (पुं०) खाँड-कारखाने का मालिक ।

сачо́к (पुं०) जाल ; с. для ры́бы मछली पकड़ने का जाल ।

сба́вить दे० сбавля́ть.

сба́вка=ски́дка.

сбавля́ть (अपू०), **сба́вить** (पू०) (भवि० сба́влю, сба́вишь) कम करना ; घटाना ; с. це́ны मूल्य कम करना ।

сбаланси́ровать दे० баланси́ровать.

сбе́гать (पू०) भागना ; сбе́гай за до́ктором भागकर डाक्टर को बुला लाओ ।

сбега́ть (अपू०), **сбежа́ть** (पू०) (भवि० сбегу́, сбе́жишь) १. (ऊपर से नीचे को) भागना ; с. с горы́ पहाड़ी पर से नीचे को भागना; он бы́стро сбежа́л с ле́стницы वह भागकर सीढ़ियों से नीचे उतर आया ; २. भाग जाना ; соба́ка сбежа́ла от хозя́ина कुत्ता मालिक के पास से भाग गया ; ☐ кра́ска сбежа́ла с его́ лица́ उसके मुँह का रँग उतर गया ; उसका मुँह फीका हो गया ; **—ся** (आत्म०) दौड़कर आना ; एकत्रित होना ; сбежа́лся наро́д लोग एकत्रित हो गये ।

сберега́тельн‖ый (वि०) : —ая ка́сса दे० ка́сса.

сберега́ть (अपू०), **сбере́чь** (पू०) (भवि० сберегу́, сбережёшь) १. बचाना ; रक्षा करना ; сбере́чь библиоте́ку पुस्तकालय की रक्षा करना ; २. (धन आदि) बचाकर रखना ; जमा करना ; ☐ с. на чёрный день आड़े वक्त के लिए बचाकर रखना ।

сбереже́ние (नपुं०) १. देख-भाल ; с. ору́жия हथियार की रक्षा/देख-भाल ; २. किफ़ायत ; बचत ।

сбере́чь दे० сберега́ть और бере́чь.

сберка́сса=сберега́тельная ка́сса दे० ка́сса.

сбива́ть (अपू०), **сбить** (पू०) (भवि० собью́, собьёшь) १. (मारकर) नीचे गिराना ; (पेड़ से सेब आदि) नीचे गिराना ; с. самолёт हवाई जहाज़ को गोली से गिराना ; २. संभ्रम में डालना ; परेशान करना ; он счита́л, а вы его́ сби́ли वह गिन रहा था परन्तु आपने उसको संभ्रम में डाल दिया ; с. с то́лку кого́-л. किसीको संभ्रम में डाल देना ; ३. ठोकना ; сби́ть я́щик из досо́к (कीलों से) तख़्ते ठोककर बक्सा बनाना ; ४. मथना ; ५. с. каблуки́ जूते की एड़ियाँ घिसा देना ; **—ся** (आत्म०) १. रास्ता भूल जाना ; भटक जाना ; इधर-उधर हो जाना ; २. एक ओर को हो जाना ; шля́па сби́лась на́ бок टोपी एक ओर को सरक गयी ; ३. (जूते की) एड़ियाँ घिस जाना ; ४. сбива́ть का कर्मवाच्य ।

сби́вчив‖ость (स्त्री०) हड़बड़ाहट ; संभ्रम की स्थिति ; **—ый** (वि०) संभ्रम में डाल देनेवाला ; चकरानेवाला ।

сбить(ся) दे० сбива́ть(ся).

сближа́ть (अपू०), **сбли́зить** (पू०) (भवि० сближу́, сбли́зишь) निकट लाना ; समीप लाना ; **—ся** (आत्म०) १. निकट आना ; समीप आना ; २. घनिष्ठ मित्र बनना ।

сближе́ние (नपुं०) १. सन्निकटन ; समीप आने की क्रिया ; २. घनिष्ठता ।

сбо́ку (क्रि० वि०) एक ओर से ; एक ओर को ; посмотре́ть с. एक ओर से देखना ।

сболта́ть दे० болта́ть.

сболти́ть दे० сбо́лчивать.

сболтну́ть (पू०) कह बैठना ; बक देना ।

сбо́лчивать (अपू०), **сболти́ть** (पू०) (भवि० сболчу́, сболти́шь) कावले लगाकर जोड़ना ।

сбор (पुं०) १. संग्रह ; संकलन ; с. урожа́я संगृहीत अन्न ; फ़सल ; с. нало́гов कर-संग्रह ; २. जनसमूह ; быть в —е एकत्रित होना ; सभा करना ; ३. संगृहीत धन ; (थियेटर में) टिकट-बिक्री का धन ; ४. कर ; टैक्स ; शुल्क ; ५. (बहु०) तैयारियाँ; **—и́ще** (नपुं०) सभा ; भीड़ ; जनसमूह ।

сбо́рка (स्त्री०) (टेक०) मशीन के कल-पुर्ज़ों को जोड़ना ।

сбо́рки (बहु०) (वस्त्र पर पड़ी) प्लेट, सलवट आदि ।

сбо́рник (पुं०) संग्रह ; संकलन ; с. расска́зов कहानी-संग्रह ।

сбо́рный (वि०) १. वह मशीन आदि जिसके कल-पुर्ज़े अलग किये जा सकें ; २. विभिन्न भागों से बना ; चुनिन्दा ; —ая кома́нда चुनिन्दा (विभिन्न टीमों में से चुनी हुई) टीम ; ३. सम्मिलन-स्थान ; एकत्र होने का स्थान ।

сбо́рщик (पुं०) १. संग्रहकर्ता ; с. нало́гов करसंग्रहकर्ता ; टैक्स कलैक्टर ; २. इंजन-फ़िटर ।

сбра́сывать (अपू०), **сбро́сить** (पू०) (भवि० сбро́шу, сбро́сишь) १. नीचे फेंकना ; गिराना ; конь сбро́сил седока́ घोड़े ने सवार को नीचे गिरा दिया ; с. снег с кры́ши छत से बर्फ़ नीचे गिराना ; २. (पत्ते, खाल आदि) झाड़ना ; उतारना ; ३. (वस्त्र, जूते आदि) उतारना ।

сбрива́ть (अपू०), **сбрить** (पू०) दाढ़ी बनाना ; हजामत बनाना ।

сброд (पुं०) (समू०) अव्यवस्थित लोगों का समूह ; रेल-पेल ; भीड़-भड़क्का ।

сбро́сить दे० сбра́сывать.

сбру́я (स्त्री०) (घोड़े का) साज ; काठी ।

сбыва́ть (अपू०), **сбыть** (पू०) (भवि० сбу́ду, сбу́дешь) १. बेच डालना ; मंडी में बेच डालना ; २. छुटकारा पाना ; पीछा छुड़ाना ; **—ся** (आत्म०) १. सच होना ; २. होना ; что с ним сбыло́сь ? उसको क्या हो गया ? ; ३. сбыва́ть का कर्मवाच्य ।

сбыт (पुं०) बिक्री ; име́ть хоро́ший с. अच्छी बिक्री होना ।

сбы́ть(ся) दे० сбыва́ть(ся).

сва́дебный (वि०) वैवाहिक ; विवाह-सम्बन्धी ।

сва́дьб||а (स्त्री०) विवाह ; быть на —е विवाह पर उपस्थित होना ।

сва́йный (वि०) खम्भों के सहारे पर बना (पुल, मकान आदि) ।

сва́ливать (अपू०), **свали́ть** (पू०) १. गिराना ; ढेर लगाना ; свали́ть де́рево पेड़ (काटकर) गिराना ; с. дрова́ в ку́чу लकड़ियाँ काटकर ढेर लगाना ; २. पटकना ; उलटाना ; ☐ свали́ть вину́ на кого́-л. किसी पर अपराध थोपना ; **—ся** (आत्म०) १. (टूटकर) नीचे गिरना ; де́рево свали́лось पेड़ टूटकर गिर पड़ा ; २. बीमार पड़ना ।

свали́ть दे० сва́ливать और вали́ть ; **—ся** दे० сва́ливаться.

сва́лка (स्त्री०) १. घूरा ; कूड़ा-कर्कट फेंकने की जगह ; २. झगड़ा ।

сваля́ть दे० валя́ть.

сва́ривать (अपू०), **свари́ть** (पू०) (भौ०) सन्धान करना ; वेल्डिंग करना ।

свари́ть(ся) दे० вари́ть(ся) और сва́ривать.

сварли́в||ость (स्त्री०) कलहप्रियता ; झगड़ालूपन ; **—ый** (वि०) कलहप्रिय ; झगड़ालू ।

сварно́й (वि०) सन्धानित ; वेल्डिंग किया हुआ ।

сва́рочный (वि०) सन्धान-सम्बन्धी ; वेल्डिंग का ।

сват (पुं०) १. (विवाह-सम्बन्ध करानेवाला) मध्यस्थ ; बिचौलिया ; २. समधी ।

сва́тать (अपू०), **по—, со—** (पू०) विवाह करने के लिए कहना ; पत्नी या पति-रूप में माँगना ।

сватовство́ (नपुं०) (मध्यस्थ द्वारा) विवाह पक्का कराना ।

сва́ха (स्त्री०) विवाह-सम्बन्ध करानेवाला ; मध्यस्थ ; बिचौलिया ।

свáя (स्त्री०) (पुल आदि का आधार) खम्भा; थम्मी।

свéдени||е (नपुं०) १. सूचना; वृत्त; २. ज्ञान; по мои́м —ям जहाँ तक मुझे पता है; □ доводи́ть до —я सूचना देना।

сведéние (नपुं०) १. कमी; с. счётов लेखा बराबर करना; हिसाब बेबाक़ करना; २. (चिकि०) सिकुड़न; संकोच।

свéдущий (वि०) प्रवीण; ज्ञानी।

свежевáть (अपू०), **о—** (पू०) (वर्त० —жу́ю) (मरे हुए पशु की) खाल उतारना और आँतें निकालकर साफ़ करना।

свежевы́беленный (वि०) अभी-अभी सफ़ेदी किया हुआ।

свéжесть (स्त्री०) १. ताज़गी; २. ठंडक।

свежé||ть (अपू०), **по—** (पू०) ताज़ा होना; ठंडा होना; на у́лице —ет बाहर ठंड हो रही है।

свéж||ий (वि०) ताज़ा; —ая ры́ба ताज़ी मछली; —ие нóвости ताज़ी ख़बरें; □ —ая рáна ताज़ा घाव।

свезти́ दे० свози́ть.

свёкла (स्त्री०) चुकन्दर।

свекло||ви́ца (स्त्री०) चुकन्दर; **—ви́чный** (वि०) चुकन्दर का; **—вóдство** (नपुं०) चुकन्दर-उत्पादन।

свекóльн||ик (पुं०) चुकन्दर का शोरबा; **—ый** (वि०) चुकन्दर का।

свёкор (पुं०) ससुर।

свекрóвь (स्त्री०) सास।

свергáть (अपू०), **свéргнуть** (पू०) १. नीचे फेंकना; २. तख़्ता पलटना; छुटकारा पाना; свéргнуть цáрское прави́тельство ज़ार-सरकार का तख़्ता पलटना; **—ся** (आत्म०) १. तेज़ी से ऊपर से नीचे आना/गिर पड़ना; २. свергáть का कर्मवाच्य।

свержéние (नपुं०) (से) छुटकारा पाने/तख़्ता पलटने की क्रिया; с. цáрского прави́тельства ज़ार सरकार का तख़्ता पलटना।

свéрить दे० сверя́ть.

свéрка (स्त्री०) (मौलिक प्रति से प्रतिलिपि का) मिलान।

сверкáние (नपुं०) चमक; जगमगाहट; कौंध।

сверкá||ть (अपू०) चमकना; जगमगाना; कौंधना; мóлния —ет बिजली कौंध रही है।

сверкну́||ть (पू०) कौंधना; —ла мóлния बिजली कौंध गयी।

сверлéние (नपुं०) छेद करना।

сверли́льный (वि०) छिद्रण-; छेद करने का; с. станóк छेद करने की मशीन।

сверли́ть (अपू०) छेद करना।

сверлó (नपुं०) छिद्रक।

сверлóвщик (पुं०) छिद्रक; छेद करनेवाला।

сверну́ть(ся) दे० свёртывать(ся).

сверстáть दे० свёрстывать और верстáть.

свéрстни||к (पुं०) समवयस्क; हमउम्र; мы́ с ним —ки हम समवयस्क हैं।

свёрстывать (अपू०), **сверстáть** (पू०) (छपाई-सम्बन्धी) पन्नों में विभाजित करके टाइप फ़र्मे पर बैठाना।

свёрток (पुं०) बंडल; पैकिट; पार्सल; с. бумáг काग़ज़ों का (बेलनाकार) बंडल।

свёртывание (नपुं०) १. लपेटने की क्रिया; २. कम करने की क्रिया; с. произвóдства उत्पादन कम करना; ३. (दूध आदि) जमाने की क्रिया।

свёртывать (अपू०), **сверну́ть** (पू०) १. (बेलनाकार) लपेटना; с. ковёр दरी लपेटना; २. कम करना; с. произвóдство उत्पादन कम करना; ३. मोड़ना; मरोड़ना; с. в стóрону एक ओर को मोड़ना; сверну́ть шéю кому́-л. किसीकी गर्दन मरोड़ना; **—ся** (आत्म०) १. (बेलनाकार) लिपटना; (साँप का) गेंडुरी बनाना; २. (दूध आदि का) जमना; ३. свёртывать का कर्मवाच्य।

свéрх (अ०) १. ऊपर; २. (-के) अतिरिक्त; (-के) परे; बाहर; с. (вся́кого) ожидáния

आशातीत ; с. прогрáммы कार्यक्रम के अतिरिक्त ; с. сил शक्ति के परे/शक्ति से बाहर ।

сверхмóщный (वि०) अतिशक्तिवान् ।

сверхсмéтный (वि०) बजट से ऊपर का ।

свéрху (क्रि० वि०) (अ०) ऊपर से ; चोटी पर से ; चोटी पर ; вид с. ऊपर से (नीचे का) दृश्य/नज़ारा ; свет пáдает с. प्रकाश ऊपर से आ रहा है ; с. дóнизу ऊपर से नीचे तक ; положи́те кни́гу с. पुस्तक को ऊपर रख दीजिये ।

сверхурóчн||ый (वि०) समयोपरि ; अतिरिक्त समय का ; सवाई ; —ая рабóта समयोपरि काम ; सवाई (अंग्रेज़ी—ओवरटाइम) ।

сверхчеловéк (पुं०) अतिमानव ।

сверхчу́вственный (वि०) अतीन्द्रिय ; इन्द्रियातीत ।

сверхчувстви́тельный (वि०) अतिसंवेदनशील ; अतिसंवेदनात्मक ।

сверхштáтный (वि०) अधिसंख्यक ; नियत गिनती से ऊपर का ।

сверхъестéственный (वि०) अतिप्राकृत ।

сверчóк (पुं०) झींगुर ।

свершáть, сверши́ть = совершáть, соверши́ть.

свершáться (आत्म० अपू०), **сверши́ться** (आत्म० पू०) पूरा हो जाना ; (आशाओं आदि का) फलीभूत होना/सत्य सिद्ध होना ।

сверя́ть (अपू०), **свéрить** (पू०) प्रतिलिपि का मौलिक प्रति के साथ मिलान करना ।

свес (पुं०) अलिन्द ; छज्जा ; (छत आदि का) आगे निकला हुआ भाग ।

свéсить(ся) दे० свéшивать(ся).

свести́(сь) दे० своди́ть(ся).

свет (पुं०) **I** प्रकाश ; आलोक ; дневнóй с. दिन का प्रकाश ; при —е प्रकाश में ; □ бросáть с. (на) प्रकाश डालना ; чуть с. पौ फटते समय ; **II.** १. संसार ; нóвый с. नया संसार ; по всему́ —у संसार भर में ; २. समाज ; вы́сший с. उच्च समाज ; □ выпускáть в свет प्रकाशित करना ; появля́ться в с. जन्म लेना ; тот с. परलोक ; он на том —е, его́ нет на —е उसका देहान्त हो गया है ।

светá||ть (कर्तृ-निरपेक्ष) —ет, начинáет с. पौ फट रही है ।

свети́ло (नपुं०) ज्योतिर्पिण्ड ; प्रकाश-पुंज ; नक्षत्र (सूर्य, चन्द्रमा, तारागण आदि) ।

свети́||ть (अपू०) (свечу́, свéтишь) चमकना ; प्रकाश डालना ; сóлнце свéтит सूर्य चमक रहा है ; на нéбе —ли звёзды आकाश में तारे चमक रहे थे ; **—ться** (आत्म०) चमकना ; на нéбе —лись звёзды आकाश में तारे चमक रहे थे ।

светлéть (अपू०), **по—** (पू०) प्रकाशमय होना ; (आकाश का) निर्मल होना ।

светл||ó (क्रि० वि०) सालोक ; चमकते हुए ; चमक से ।

свéтл||о- हल्का ; —оголубóй हल्का नीला ; **—ый** (वि०) रोशनीदार ; प्रकाशयुक्त ; आलोकित; —ая кóмната प्रकाशयुक्त कमरा ।

светля́||к, —чок (पुं०) जुगनू ; पटबीजना ।

световóй (वि०) प्रकाशयुक्त ; आलोकित ; चमकीला ; с. сигнáл प्रकाशयुक्त संकेतक/सिग़नल ।

светолечé||бница (स्त्री०) सूर्यरश्मि-चिकित्सालय ; सूर्य की किरणों द्वारा चिकित्सा करने का अस्पताल ; **—ние** (नपुं०) सूर्यरश्मि चिकित्सा ; सूर्य की किरणों द्वारा चिकित्सा ।

светомаскирóвка (स्त्री०) अँधेरा-घुप करने की क्रिया ।

свéтопись (स्त्री०) फ़ोटोग्राफ़ी ; छायाकारी ।

светопреставлéние (नपुं०) प्रलय ।

светофóр (पुं०) प्रकाशयुक्त संकेतक/सिगनल ।

свéточ (पुं०) लालटैन ; लैम्प ।

свéтск||ий (वि०) १. धर्म-निरपेक्ष ; लौकिक ; सांसारिक ; भौतिक ; दुनियावी ; —ое образовáние धर्म-निरपेक्ष शिक्षा ; २. सामाजिक ; समाजप्रेमी ; —ая жéнщина समाजप्रेमी महिला ; —ое óбщество समाज ; **—ость** (स्त्री०) सद्व्यवहार ; शिष्टता ।

свеч||á (स्त्री०) १. मोमबत्ती ; प्रकाश ; २. दवा की बत्ती जो दस्त लाने के लिए गुदा में चढ़ायी जाती

है ; ३. कैंडल-शक्ति ; ла́мпочка в 30 —е́й तीस कैंडल-शक्ति का बल्ब ।

све́чка = свеча́ -१, २.

свечно́й (वि०) मोमबत्ती का ; с. заво́д मोमबत्ती बनाने का कारखाना ।

све́шать दे० ве́шать.

све́шивать (अपू०), **све́сить** (पू०) (भवि० све́шу, све́сишь) (और नीचे को) लटकाना ; све́сить верёвку रस्सी और नीचे को करना ; сиде́ть све́сив но́ги टाँगें लटकाकर बैठना ; **—ся** (आत्म०) १. टेकना ; (-पर) सहारा लेना/झुकना ; लटकना ।

свива́льник (पुं०) पोतड़ा (नवजात शिशु के लपेटने का कपड़ा) ।

свива́ть (अपू०), **свить** (पू०) (भवि० совью́, совьёшь) १. गूँथना ; (रस्सी आदि) बटना ; свить вено́к हार गूँथना ; свить гнездо́ घोंसला बनाना ; с. верёвку रस्सी बटना ; २. (केवल अपू०) (बच्चे को) पोतड़े में कसकर लपेटना ; **—ся** (आत्म०) १. लिपटना ; २. свива́ть का कर्मवाच्य ।

свида́ние (नपुं०) भेंट ; □ до свида́ния फिर मिलेंगे (विदाई का अभिवादन) ।

свиде́т‖ель (पुं०), **—ельница** (स्त्री०) साक्षी ; गवाह ; быть —елем साक्षी होना ; गवाह होना ; **—ельский** (वि०) साक्षी/गवाह-सम्बन्धी ; **—ельство** (नपुं०) १. साक्ष्य ; गवाही ; २. प्रमाण-पत्र ; सार्टिफ़िकेट ; медици́нское —ельство डाक्टरी सार्टिफ़िकेट ।

свиде́тельствовать (अपू०), **о—** (पू०) (वर्त० —ствую) १. (केवल अपू०) गवाही देना ; २. प्रमाणित करना ; तसदीक़ करना ; ३. (освиде́тельствовать पू० के साथ) निरीक्षण करना ।

сви́деться (आत्म० पू०) (भवि० сви́жусь, сви́дишься) (-से) मिलना ।

свилева́тый (वि०) गँठीला ; गाँठदार ।

свиль (स्त्री०) गाँठ ।

свина́рка (स्त्री०) शूकरपालिका ; सूअर पालनेवाली ।

свина́рник (पुं०) सूअरों का बाड़ा ।

свине́ц (पुं०) सीसा ; सिक्का ।

свини́на (स्त्री०) सूअर का मांस ।

сви́нка (स्त्री०) १. свинья́ का अल्प० ; २. (चिकि०) कनपेड़ (अंग्रेज़ी—मम्प्स) ।

свиново́д‖ство (नपुं०) सूअर-पालन ; शूकर-पालन ; **—ческий** (वि०) शूकरपालन-सम्बन्धी ।

свин‖о́й (वि०) सूअर का ; —о́е мя́со सूअर का माँस ।

свинопа́с (पुं०) सूअरों का झुंड ।

сви́нс‖кий (वि०) सूअर जैसा ; **—тво** (नपुं०) सूअरपन ।

свинти́ть दे० сви́нчивать.

свинцо́вый (वि०) सीसे का ; सिक्के का ।

сви́нчивать (अपू०), **свинти́ть** (पू०) (भवि० свинчу́, свинти́шь) १. पेच कसकर जोड़ना ; २. पेच निकालना/अलग करना ।

свинья́ (स्त्री०) सूअर ।

свире́ль (स्त्री०) (एक प्रकार की) बाँसुरी या मुरली ।

свирепе́ть (अपू०), **о—** (पू०) रोष/क्रोधावेश में आना ; (पाला, प्लेग आदि का) ज़ोर पकड़ना ; प्रचंड होना ; क्रूरता दिखाना ।

свире́п‖ость (स्त्री०) १. प्रचंडता ; २. क्रोधावेश ; क्रूरता ; दया का अभाव ; **—ый** (वि०) १. प्रचंड ; ज़ोर का ; —ый моро́з ज़ोर का पाला ; २. कोपाकुल ; रोषमय ; ३. क्रूर ; निर्दय ; —ый пала́ч निर्दय वधिक ।

свиса́ть (अपू०), **сви́снуть** (पू०) लटकना ; ве́тви свиса́ют शाखाएँ लटक रही हैं ।

свист (पुं०) सीटी ; (वायु आदि का) सायँ-सायँ का शब्द ।

свиста́ть (अपू०), **свисте́ть** (पू०) (वर्त० свищу́, свисти́шь) सीटी बजाना : (पक्षियों का) चहकना ; (हवा आदि का) सायँ-सायँ करना ।

сви́стну‖ть (पू०) १. (एक बार) सीटी बजाना ; २. चुराना ; у меня́ —ли- часы́ मेरी घड़ी चोरी हो गयी ।

свисто́к (पुं०) सीटी ।

свисту́лька (स्त्री०) (बच्चों के बजाने की) सीटी ; अलग़ोज़ा ।

свисту́н (पुं०), **—ья** (स्त्री०) सीटी बजाना पसन्द करनेवाला/वाली ।

сви́та (स्त्री०) १. परिजन ; २. नौकर-चाकर ; ३. (सम्राट आदि का) अमला ।

сви́тер (पुं०) स्वैटर ; ऊनी बनियान ।

сви́ток (पुं०) (काग़ज़ों का) बंडल ।

сви́ть दे० вить और свива́ть ; **—ся** दे० свива́ться.

свихну́ть = вы́вихнуть ; **—ся** (आत्म०) १. बुद्धिभ्रष्ट होना ; २. पथभ्रष्ट होना ।

свищ (पुं०) भगन्दर ; नासूर ; (अखरोट आदि में कीड़े द्वारा बनाया गया) छेद ।

свобо́д||а (स्त्री०) स्वातन्त्र्य ; आज़ादी ; с. сло́ва भाषण-स्वातन्त्र्य ; с. печа́ти मुद्रण-स्वातन्त्र्य ; с. торго́вли व्यापार-स्वातन्त्र्य ; с. со́вести विवेक-स्वातन्त्र्य ; с. во́ли इच्छा स्वातन्त्र्य ; выпуска́ть на —у स्वतन्त्र करना ।

свобо́дн||о १. (क्रि० वि०) स्वतन्त्रतापूर्वक ; सहज ही ; आसानी से ; он с. мо́жет доста́ть э́ту кни́гу в любо́м магази́не यह पुस्तक उसे किसी भी दुकान पर असानी से मिल सकती है ; २. (वस्त्र आदि) ढीलेपन से ; **—ый** (वि०) १. स्वतन्त्र ; उन्मुक्त ; सहज ; आसान ; —ая торго́вля उन्मुक्त व्यापार ; —ый до́ступ सहज पहुँच ; २. अव्यस्त ; निठल्ला ; ३. (वस्त्र आदि) ढीला ; खुला ; ४. फ़ालतू ; в —ые мину́ты अपने फ़ालतू समय में ; □ —ые иску́сства ललित कलाएँ ।

свободо||люби́вый (वि०) स्वातन्त्र्य-प्रेमी ; **—лю́бие** (नपुं०) स्वातन्त्र्य-प्रेम ।

свободомы́сл||ие (नपुं०) स्वतन्त्र विचार ; स्वतन्त्र विचार-पद्धति ; **—ящий** (वि०) स्वतन्त्र मनीषी ; स्वतन्त्र विचारक ।

свод (पुं०) **I.** (निर्माण) महराब ; **II.** (विधि) संग्रह ; संहिता ।

своди́ть -I (अपू०), **свести́** (पू०) (वर्त० свожу́, сво́дишь ; भवि० сведу́, сведёшь) १. (नीचे को) ले जाना ; с. с горы́ पहाड़ से नीचे को ले जाना ; २. मिलाना ; судьба́ свела́ нас भाग्य ने हमें मिला दिया है ; ३. कम करना ; с. на-не́т नहीं के बराबर कर देना ; ४. हटाना ; ५. (कर्तृ-निरपेक्ष) у него́ свело́ ногу́ उसके पैर में मोच आ गयी है ; □ с. концы́ с конца́ми बड़ी कठिनाई से जीविका चलाना ; с. с ума́ पागल कर देना ; с. счёты с кем-л. किसीके साथ हिसाब बराबर करना ; свести́ дру́жбу मित्रता करना ।

своди́ть -II (पू०) ले जाना ; он своди́л дете́й в кино́ वह बच्चों को सिनेमा ले गया ।

своди́ться (आत्म० अपू०), **свести́сь** (आत्म० पू०) १. अर्थ होना ; э́то сво́дится к тому́ же са́мому यह तो एक ही बात हुई ; с. к. нулю́ नहीं के बराबर होना ; २. (फ़ोटो, चित्र आदि का) ठीक आ जाना ; карти́нка хорошо́ свела́сь चित्र अच्छा आया है ; ३. своди́ть-I का कर्मवाच्य ।

сво́дка (स्त्री०) १. अनुचयन ; संक्षेप ; सारांश ; операти́вная с. विज्ञप्ति ; २. (छापाखाना-सम्बन्धी) दोहराने की क्रिया ।

сво́дни||к (पुं०), **—ца** (स्त्री०) बुरे काम में सहायता देनेवाला/वाली ।

сво́дн||ый (वि०) १. संक्षिप्त ; —ая табли́ца संक्षिप्त सारिणी ; २. सौतेला ; —ые бра́тья सौतेले भाई ; —ые сёстры सौतेली बहनें ।

сво́дня = сво́дница.

своевла́стный (वि०) निरंकुश ।

своево́л||ие (नपुं०) स्वच्छन्दता ; **—ьный** स्वच्छन्द ; मनमौजी ।

своевре́менн||о (क्रि० वि०) ठीक समय पर ; **—ый** (वि०) ठीक समय का ।

своекоры́ст||ие (नपुं०) स्वार्थ ; स्वहित ; **—ный** (वि०) स्वार्थी ।

своенра́в||ие (नपुं०), **—ность** (स्त्री०) हठ ; मनमानापन ; **—ный** (वि०) हठी ; मनमानी करनेवाला ।

своеобра́з||ие (नपुं०) **—ность** (स्त्री०) मौलिकता ; विलक्षणता ; **—ный** (वि०) अपने ही ढंग का ; मौलिक ; विलक्षण ।

свози́ть (अपू०), **свезти́** (पू०) (वर्त० свожу́, сво́зишь ; भवि० свезу́, свезёшь) १. ले जाना ; पहुँचाना ; свози́ ребя́т в Москву́ ! बच्चों को मास्को ले जाओ ! ; २. (एक स्थान पर) इकट्ठा करना ; ३. नीचे ले जाना ; с. с горы́ पहाड़ से नीचे ले जाना ।

свой (सर्वं०) अपना ; я потеря́л свою́ шля́пу मेरी टोपी खो गयी है ; он зна́ет своё де́ло वह अपना काम जानता है ; он живёт в своём до́ме वह अपने घर में रहता है ; ☐ здесь все свои́ ये सब अपने ही हैं ; пойти́ к свои́м अपनों के यहाँ जाना ; он сам не свой वह आपे में नहीं है ; свой своему́ понево́ле брат अपना अपना ही होता है ।

сво́йственник (पुं०) (पत्नी की ओर का) सम्बन्धी ; रिश्तेदार ।

сво́йственн||ый (वि०) (-की) विशेषता का ; челове́ку —о ошиба́ться भूल मानव-स्वभाव की विशेषता है/इन्सान ग़लती करता ही है ।

сво́йство (नपुं०) १. सम्पत्ति ; २. (मनुष्य की) विशिष्टता ।

свойство́ (नपुं०) (विवाह द्वारा) सम्बन्ध ; रिश्ता ।

свола́кивать (अपू०), **своло́чь** (पू०) (भवि० сволоку́, сволочёшь) घसीटना ।

сво́лочь (स्त्री०) (समू०) निम्नवर्ग के लोग ; नीच ; बदमाश ।

сво́ра (स्त्री०) १. (शिकारी कुत्ते की) रस्सी ; २. शिकारी कुत्तों का झुंड ।

сворáчивать (अपू०), **свороти́ть** (पू०) (भवि० сворочу́, сворóтишь) १. (स्थान से) हटाना ; विस्थापित करना ; он с трудо́м свороти́л ка́мень उसने बड़ी कठिनता से पत्थर हटाया ; २. मुड़ना ; с. напра́во दायें हाथ को मुड़ना ; ३. केवल अपू० = свёртывать.

своровáть (पू०) (—ру́ю) चुराना ।

свороти́ть दे० сворáчивать.

своя́к (पुं०) साढ़ू ; हमज़ुल्फ़ ।

своя́ченица (स्त्री०) साली ।

свыкáться (आत्म० अपू०), **сво́кнуться** (आत्म० पू०) आदत पड़ जाना ; अभ्यस्त हो जाना ।

свысокá (क्रि० वि०) उद्दंडतापूर्वक ; смотре́ть на кого́-л. с. किसीको तिस्कारपूर्वक देखना ।

сво́ше (क्रि० वि०) **I.** ऊपर से ; आकाश से ; **II.** (अ०) अधिक ; ऊपर ; с. 30-ти челове́к ३० से ऊपर/अधिक (व्यक्ति) ।

связáть दे० свя́зывать और вязáть.

связáться दे० свя́зываться.

связи́ст (पुं०) (सेना०) संकेतक ; सिगनल देनेवाला व्यक्ति ।

свя́зка (स्त्री०) १. पुलिन्दा ; गुच्छा ; с. бумáг काग़ज़ों का पुलिन्दा ; с. ключе́й तालियों का गुच्छा ; २. (शरीर में के) महीन तन्तु ; बन्धनी ; संयोजक अवयव ; голосо́вые —и वाक्तन्तु ; ३. (भाषा-विज्ञान) глаго́л-свя́зка संयोजक क्रिया ।

связно́й (पुं०) (वि० रू०) (सेना०) पास की टुकड़ियों से सम्पर्क रखने के लिए भेजा गया अफ़सर ।

свя́зн||ость (स्त्री०) सम्बद्धता ; **—ый** (वि०) सम्बद्ध ।

свя́зочный (वि०) свя́зка से वि० ।

свя́зывание (नपुं०) बाँधने की क्रिया ।

свя́зывать (अपू०), **связáть** (पू०) (свяжу́, свя́жешь) (साथ) बाँधना ; जोड़ना ; с. концы́ верёвки रस्सी के सिरों को बाँधना ; с. в у́зел गठरी बाँधना ; связáть обещáнием वायदा लेकर बाँधना ; **—ся** (आत्म०) १. बातचीत करना ; भेजना ; संचार करना ; свя́зываться по телефо́ну टेलीफ़ोन द्वारा बातचीत करना ; теснéе связáться с мáссами जनता से गहरा सम्बन्ध स्थापित करना ; २. не свя́зывайся с ним उससे कोई सम्बन्ध मत रखो ।

связ‖ь (स्त्री०) १. सम्बन्ध ; बन्धन ; стоя́ть в те́сной —и गहरा सम्बन्ध होना ; в —и с чем-л. किसी (वस्तु) के सम्बन्ध में ; в —и с э́тим, в э́той —и इस सम्बन्ध में ; дру́жеская с. मित्रता का सम्बन्ध ; २. (केवल एकवचन) (रेल, टेलीफ़ोन आदि द्वारा) संचार ; слу́жба —и (सेना०) संचार-सेवा ।

святи́лище (नपुं०) मन्दिर ; देवालय ।

свя́тки (बहु०) ख्रिस्तकाएँ (एक विशेष त्यौहार—क्रिसमिस से छह जनवरी तक) ।

свя́то (क्रि० वि०) पवित्रता से ।

свят‖о́й (वि०) १. पावन ; पवित्र ; с. долг पावन कर्तव्य ; २. (संज्ञा की तरह प्रयुक्त) (वि० रू०) पुण्यात्मा ; सन्त ; □ —ая (неде́ля) ईस्टर का सप्ताह ।

свя́тость (स्त्री०) पवित्रता ; पावनता ।

святота́тство (नपुं०) अपवित्रीकरण ; देवालय को अपवित्र करना ।

свя́точный (वि०) свя́тки से वि० ।

свято́ша (उभ०) पाखंडी ; धर्माभिमानी ।

свя́тцы (बहु०) चर्च-कलैंडर ।

святы́ня (स्त्री०) पवित्र वस्तु ।

свяще́нн‖ик (पुं०) पुरोहित ; पादरी ; **—ический** (वि०) पुरोहित/पादरी-सम्बन्धी ; धर्माचार्य-सम्बन्धी ; **—ый** (वि०) पावन ; पवित्र ।

свяще́нство (नपुं०) (समू०) पुरोहित/पादरी-वर्ग ।

сгиб (पुं०) झुकाव ; मोड़ ।

сгиба́ть (अपू०), **согну́ть** (पू०) झुकाना ; मोड़ना ; टेढ़ा करना ; **—ся** (आत्म०) झुकना ; मुड़ना ; टेढ़ा होना !

сги́нуть (पू०) ग़ायब होना ; сгинь ! दफ़ा हो !/भाग जा !

сгла́живать (अपू०), **сгла́дить** (पू०) (भवि० сгла́жу сгла́дишь) साफ़ करना ; **—ся** (आत्म०) साफ़ होना ; साफ़ किया जाना ।

сгла́зить (पू०) (भवि० сгла́жу, сгла́зишь) (बुरी) नज़र लगाना ।

сглупи́ть दे० глупи́ть.

сгнива́ть = гнить.

сгнои́ть दे० гнои́ть.

сгова́риваться (आत्म० अपू०), **сговори́ться** (आत्म० पू०) समझौता कर लेना ; तय कर लेना ; с ним тру́дно сговори́ться उससे समझौता करना बड़ा कठिन है ; он сговори́лся встре́титься со мно́й на ста́нции उसने मुझसे स्टेशन पर मिलने की बात तय कर ली ।

сго́вор (पुं०) १. समझौता ; वचनबन्ध ; २. मँगनी ; सगाई ।

сговори́ться (दे०) сгова́риваться.

сгово́рчив‖ость (स्त्री०) आशुतोषता ; सहज ही मान जाने का भाव ; **—ый** (वि०) आशुतोष ; जिसको सहज ही मनाया जा सके ।

сгоня́ть (अपू०), **согна́ть** (पू०) (भवि० сгоню́, сго́нишь) १. (स्थान से) भगा देना ; हाँक देना ; २. एक स्थान पर हाँककर इकट्ठा करना ; □с. со двора́ घर से बाहर निकाल देना ।

сгора́ние (नपुं०) दहन ; जलाने की क्रिया ।

сгора́ть (अपू०), **сгоре́ть** (पू०) जलकर समाप्त हो जाना ; जल जाना ; дом сгоре́л मकान जल गया है ; свеча́ сгоре́ла मोमबत्ती जल चुकी है ; с. от стыда́ शर्म से पानी-पानी हो जाना ।

сго́рбить(ся) दे० го́рбить(ся).

сгоре́ть दे० сгора́ть.

сгоряча́ (क्रि० वि०) आवेश में ; जोश में ।

сгреба́ть (अपू०), **сгрести́** (पू०) (भवि० сгребу́, сгребёшь) १. हेंगी या फावड़े से एक स्थान पर इकट्ठा करना ; с. сено́ हेंगी से घास इकट्ठी करना ; २. (फावड़े से इकट्ठा करके) फेंकना ; गिराना ; с. снег с кры́ши छत पर से बर्फ़ फेंकना ।

сгружа́ть (अपू०), **сгрузи́ть** (पू०) (भवि० сгружу́, сгру́зишь) माल उतारना ।

сгруппирова́ть दे० группирова́ть.

сгрыза́ть (अपू०), **сгрызть** (पू०) (कुरकुर) चबाना ; с. оре́хи अखरोट आदि चबाना/खाना ।

сгуби́ть (पू०) (сгублю́, сгу́бишь) नष्ट करना ; बरबाद करना ।

сгусти́ть(ся) दे॰ сгуща́ть(ся).

сгу́сток (पुं॰) पिंड ; लौंदा ; थक्का ; с. кро́ви खून का लौंदा/थक्का ।

сгуща́емость (स्त्री॰) संघननीयता ; संघनन-योग्यता ।

сгуща́ть (अपू॰), **сгусти́ть** (पू॰) (भवि॰ сгущу́, сгусти́шь) गाढ़ा करना ; संघनित करना ; **—ся** (आत्म॰) गाढ़ा होना ; संघनित होना ; (रक्त का) पिंड बनना ; लौंदा बनना ।

сгуще́ние (नपुं॰) संघनन ।

сда́бривать (अपू॰), **сдо́брить** (पू॰) छौंक लगाना ; मसाला डालना ।

сдава́ть (अपू॰), **сдать** (पू॰) (वर्त॰ сдаю́, сдаёшь ; भवि॰ сда́м, сда́шь) १. देना ; सँभालना ; с. ве́щи в бага́ж सामान ब्रेक के डिब्बे में रखना ; с. бага́ж на хране́ние सामान क्लोक-रूम में रखना ; с. внаём किराये पर चढ़ाना ; २. (दुर्ग, नगर आदि को) समर्पित करना ; शत्रु के हवाले करना ; हथियार डालना ; ३. (ताश के पत्ते) बाँटना ; кому́ с. ? किसकी बारी है ? ; ४. (रेजगारी) देना ; он сда́л мне 3 рубля́ उसने मुझे तीन रूबल की रेज़गारी दी ; ५. दुर्बल होना ; он о́чень сдал по́сле боле́зни बीमारी के बाद वह बहुत दुर्बल हो गया है ; ☐ с. экзаме́н परीक्षा देना ; इम्तहान पास करना ।

сдава́ться -I (आत्म॰ अपू॰), **сда́ться** (आत्म॰ पू॰) १. हथियार डालना ; आत्मसमर्पण करना ; сда́ться в плен बन्दी बनाये जाने के लिए अपने आपको समर्पित करना ; २. сдава́ть का कर्मवाच्य ।

сдава́ться -II (आत्म॰ अपू॰) (कर्तृ-निरपेक्ष) ему́ сдаётся उसको दिखायी पड़ रहा है कि... ।

сда́вливать (अपू॰), **сдави́ть** (पू॰) (भवि॰ сдавлю́, сда́вишь) भींचना ; कुचलना ; он сдави́л мне ру́ку उसने मेरा हाथ भींच दिया ।

сдать(ся) दे॰ сдава́ть(ся).

сда́ч||а (स्त्री॰) १. (दुर्ग, नगर आदि का) समर्पण ; शत्रु के हवाले किया जाना ; २. दिया जाना ; с. в наём किराये पर दिया जाना ; ३. (ताश में) बारी ; ва́ша с. आपकी बारी है ; ४. रेज़गारी ; пять рубле́й —и पाँच रूबल की रेज़गारी ।

сдва́ивание (नपुं॰) दुगुना करने की क्रिया ।

сдва́ивать (अपू॰), **сдвои́ть** (पू॰) दुगुना करना ।

сдвиг (पुं॰) विस्थापन ; (काम आदि में) सुधार ; तरक़्क़ी ।

сдвига́ть (अपू॰), **сдви́нуть** (पू॰) १. (अपने स्थान से) हटाना ; हिलाना ; सरकाना ; он не мог сдви́нуть стол (с ме́ста) वह मेज़ को हिला न सका ; сдвига́ть шля́пу на заты́лок अपनी टोपी पीछे को सरका लेना ; २. (सरकाकर) एक जगह कर देना ; इकट्ठा कर देना ; он сдви́нул два стола́ उसने दोनों मेज़ों को सरकाकर एक जगह कर दिया ; ☐ сдви́нуть бро́ви भृकुटि चढ़ाना ; **—ся** (आत्म॰) १. हिलना ; सरकना ; हटना ; он не сдви́нулся с ме́ста वह अपने स्थान से हिला नहीं ; २. इकट्ठे होना ; ३. сдвига́ть का कर्मवाच्य ।

сдвои́ть दे॰ сдва́ивать.

сде́лать(ся) दे॰ де́лать(ся).

сде́лк||а (स्त्री॰) १. सौदा ; २. समझौता ; войти́ в —у सौदा करना ।

сде́ль||но (क्रि॰ वि॰) काम से ; **—ный** (वि॰) खंडशः ; उजरती ; —ая пла́та उजरती/खंडशः काम की मज़दूरी ; **—щик** (पुं॰) उजरत पर/खंडशः काम करनेवाला ; **—щина** (स्त्री॰) उजरती/खंडशः काम ।

сдёргивать (अपू॰), **сдёрнуть** (पू॰) खींचना ; (खींचकर) उतार देना ; сдёрнуть ска́терть со стола́ मेज़पोश (खींचकर) उतार देना ; они́ сдёрнули с него́ ша́пку उन्होंने उसकी टोपी उतार ली ।

сде́ржанн||о (क्रि॰ वि॰) निग्रहपूर्वक ; संयम से ; **—ость** (स्त्री॰) निग्रह ; संयम ; **—ый** : १. сде́рживать से कृदन्त ; २. (वि॰) संयमी ; निग्रही ।

сде́рживать (अपू॰), **сдержа́ть** (पू॰) रोकना ; प्रतिरोध करना ; संयत रखना ; ☐ сдержа́ть своё сло́во, обеща́ние अपना

वचन पूरा करना ; **—ся** (आत्म०) अपने ऊपर संयम रखना ।

сдёрнуть दे० сдёргивать.

сдира́ть (अपू०), **содра́ть** (पू०) (भवि० сдеру́, сдерёшь) १. चमड़ी/छिलका उतारना ; с. кору́ с берёзы भूर्जवृक्ष से छिलका उतारना ; с. ко́жу с живо́тного पशु की चमड़ी उधेड़ना ; २. (केवल पू०) содра́ть втри́дорога с кого́-л. (किसीसे) बहुत मूल्य लेना/चमड़ी उतार लेना ।

сдо́ба (स्त्री०) (समू०) (दूध और घी मिले आटे से बनी) डबल रोटी ।

сдо́бный (वि०) दूध और घी मिलाकर गूँधा हुआ (आटा) ।

сдо́брить दे० сда́бривать.

сдо́брова́ть (अपू०) : ему́ не с. यह उसके लिए बुरा सिद्ध होगा/उसे इसका फल भुगतना होगा ।

сдружи́ться (आत्म० पू०) मित्र बनना ।

сдува́ть (अपू०), **сдуть** (पू०) (भवि० сду́ю, сду́ешь) (फूँक मारकर) उड़ा देना ; он сдул пе́пел с папиро́сы उसने फूँक मारकर सिगरेट पर से राख उड़ा दी ।

сду́ру (क्रि० वि०) मूर्खतापूर्वक ; मूर्खता से ।

сдуть दे० сдува́ть.

сеа́нс (पुं०) (सिनेमा) प्रदर्शन/शो ; пе́рвый с. पहला प्रदर्शन/शो ।

себесто́имость (स्त्री०) निवल मूल्य ।

себя́ (सर्व०) स्वयं ।

себялю́б||ец (पुं०) आत्मप्रेमी (व्यक्ति) ; **—и́вый** (वि०) आत्मप्रेमी ।

сев (पुं०) बुआई ।

се́вер (पुं०) उत्तर (दिशा) ; к —у (от) (-से) उत्तर को ; **—ный** (वि०) उत्तरी ; उत्तर का ।

се́веро-восток : उत्तर-पूर्व ।

северовосто́чный (वि०) उत्तर-पूर्वीय ।

се́веро-за́пад : उत्तर-पश्चिम ।

североза́па́дный (वि०) उत्तर-पश्चिमी ।

северя́нин (पुं०) उत्तरवासी ।

севооборо́т (पुं०) सस्यावर्तन ; फ़सलों की हेर-फेर ।

сегме́нт (पुं०) (गणित) वृत्त-खंड ।

сего́дня (क्रि० वि०) आज ; с. у́тром आज प्रात:काल ; с. ве́чером आज सायंकाल ।

сегодня́шний (वि०) आज का ; на с. день आज के दिन ; आज ।

седа́лищ||е (नपुं०) १. (शरीर-रचना०) नितम्ब ; चूतड़ ; २. आसन ; कुर्सी ; **—ный** (वि०) चूतड़ों का ; आसन-सम्बन्धी ।

седе́льный (वि०) седло́ से वि० ; с. ма́стер घोड़े की काठी या साज़ बनानेवाला ।

седе́ть (अपू०), **по—** (पू०) बालों का सफ़ेद हो जाना ।

седина́ (स्त्री०) सफ़ेद बाल ।

седла́ть (अपू०), **о—** (पू०) (घोड़ी पर) काठी या साज़ कसना ।

седло́ (नपुं०) (घोड़े की) काठी ; ज़ीन ।

седоборо́дый (वि०) श्वेतश्मश्रु ; सफ़ेद दाढ़ी-वाला ।

седова́тый (वि०) सफ़ेद-सा ।

седовла́сый (वि०) श्वेतकेश ; सफ़ेद बालोंवाला ।

седо́й (वि०) सफ़ेद ; भूरा ।

седо́к (पुं०) घुड़सवार ।

седьм||о́й (वि०) सातवाँ ; —о́е ма́я सात मई ; страни́ца —а́я सातवाँ पृष्ठ ।

сеза́м (पुं०) शीशम ।

сезо́н (पुं०) १. ऋतु ; मौसम ; काल ; २. दिन ; мертвый с. मन्दी के दिन ।

сезо́нный (वि०) сезо́н से वि० ; с. биле́т अवधि-टिकट ; सीज़न-टिकट ।

сей (सर्व०), **сия́** (स्त्री०), **сие́** (नपुं०), **сии́** (बहु०) (सर्व०) इस (एकवचन) ; इन (बहु०) ; на с. раз इस बार ; до сих пор अब तक ; сего́ го́да इस वर्ष का ; сего́ ме́сяца इस मास का ; что сие́ зна́чит ? इसका क्या अर्थ है ? ; сим удостоверя́ется प्रमाणित किया जाता है/तसदीक़ किया जाता है ; при сём прилага́ется इस (पत्र आदि) के साथ भेजा जा रहा है ; сию́ мину́ту इसी पल ; अभी ।

сейм (पुं०) (पोलैंड की) विधान-सभा ; सेइम ।

сейн||а (स्त्री०) मछलियाँ पकड़ने का जाल ; **—ер** (पुं०) मत्स्यपोत ; मछलियाँ पकड़ने का पोत ।

сейсмóграф (पुं०) भूकम्पलेखी ।

сейф (पुं०) तिजोरी ; सेफ़ ।

сейчáс (क्रि० वि०) १. अब ; अभी ; где он с. живёт ? अब वह कहाँ रहता है ? ; сдéлайте э́то с. इसे अभी कीजिए ; тóлько с. अभी-अभी ; он тóлько с. ушёл वह अभी-अभी गया है ; २. तुरन्त ; сейчáс ! अभी !

сéканс (पुं०) (गणित) छेदिका ।

секвéстр (पुं०) (अदालत द्वारा) अस्थायी ज़ब्ती ।

секи́ра (स्त्री०) कुठार ; गँडासा ; फरसा ।

секрéт (पुं०) भेद ; रहस्य ; по —у गुप्त रीति से ; вы́дать, разболтáть с. भेद खोलना ; с. успéха सफलता का रहस्य ; ☐ с. полишинéля खुला रहस्य / व्यक्त रहस्य ; **II.** स्राव ।

секретариáт (पुं०) सचिवालय ।

секретáрство (नपुं०) सचिव-पद ।

секрет||áрша (स्त्री०), **—áрь** (पुं०) सचिव ; सैक्रेटरी ; ли́чный —áрь दे० ли́чный.

секрéтн||о (क्रि० वि०) गुप्त रीति से ; **—ость** (स्त्री०) गोपनीयता ; **—ый** (वि०) गुप्त ।

секретóрный (वि०) स्रावी ।

секрéция (स्त्री०) स्राव ।

сексуáльн||ость (स्त्री०) लिंगमूलकता ; यौनता ; लैंगिकता ; लिंगमूलक भेद ; **—ый** (वि०) लिंगमूलक ; यौन ; स्त्री-पुरुष के भेद का ; भोग-वासना-विषयक ।

сéкта (स्त्री०) मत ; सम्प्रदाय ; पन्थ ।

сектáнт (पुं०) मतान्ध ; मताग्रही ; संकीर्ण विचारोंवाला ; किसी सम्प्रदाय का कट्टर अनुयायी ; **—ский** (वि०) साम्प्रदायिक ; सम्प्रदायमूलक ; **—ство** (नपुं०) साम्प्रदायिकता ; संकीर्णता ।

сéктор (पुं०) खंड ।

секуляризáция (स्त्री०) धर्म-निरपेक्ष करने का भाव ; लौकिकीकरण ; लौकिक बनाना ।

секýнд||а (स्त्री०) सैकिंड ; **—ный** (वि०) सैकिंड का ; —ная стрéлка सैकिंड की सुई ।

секýщая (स्त्री०) (गणित) छेदिका ।

секциóнный (वि०) विभागीय ।

сéкция (स्त्री०) १. अनुभाग ; २. अंश ; तराश ; छेदन ।

селёдка = сельдь.

селёдочный (वि०) हैरिंग मछली का ।

селезёнка (स्त्री०) (शरीर-रचना०) प्लीहा ; तिल्ली ।

сéлезень (पुं०) (नर) हंस ; बत्तख ।

селéн (पुं०) (रस०) सेलेनियम ।

селени́т (पुं०) चन्द्रकान्त मणि ।

селенографи́я (स्त्री०) चन्द्रवर्णन ; चन्द्रमा के वर्णन की विद्या ।

сели́тра (स्त्री०) (रस०) शोरा ।

сели́ться (आत्म० अपू०) बसना ; निवास बनाना ।

сел||ó (नपुं०) गाँव ; बस्ती ; ☐ э́то ни к —ý, ни к гóроду यह न यहाँ है, न वहाँ ।

сельдерéй (पुं०) जंगली चौलाई ।

сельдь (स्त्री०) हैरिंग मछली ।

сéльск||ий (वि०) गाँव का ; जानपद ; देहाती ; —ая жизнь देहाती जीवन ; —ое хозя́йство कृषि ; с. учи́тель गाँव का अध्यापक ।

сельскохозя́йственный (वि०) कृषि- ; कृषि-सम्बन्धी ।

сельсовéт (पुं०) (сéльский совéт) ग्राम-सोवियत ।

сéльтерская водá (स्त्री०) जर्मनी के सेलत्सर नामक स्थान का खनिज जल ; सोडावॉटर ।

семáнтика (स्त्री०) शब्दार्थ-विज्ञान ; अर्थ-विचार ।

семасиолóгия (स्त्री०) अर्थ-विचार ; भाषा-विज्ञान का वह विभाग जिसमें शब्दों के अर्थ-विकास का विवेचन-विश्लेषण किया जाता है ।

сёмга (स्त्री०) सेमगा या सामन् मछली ।

семéйн||ый (वि०) १. घरेलू ; पारिवारिक ; —ая жизнь घरेलू जीवन ; पारिवारिक जीवन ;

—ые свя́зи पारिवारिक बन्धन ; २. परिवार-वाला ; с. челове́к परिवारवाला व्यक्ति ।

семе́й‖ственность (स्त्री०) कुनबापरस्ती ; **—ственный** (वि०) घरेलू ; पारिवारिक ; **—ство** (नपुं०) परिवार ।

семена́ се́мя का बहु० ।

семени́ть (अपू०) (छोटे-छोटे क़दमों से) चलना ।

семенн‖и́к (पुं०) १. अंडकोष ; २. (वन०) बीजकोष ; फली ; **—о́й** (वि०) १. बीज का ; २. वीर्य–; शुक्र-सम्बन्धी ।

семери́чный (वि०) सप्तक ; सात ।

семёрка (स्त्री०) सत्ता ।

семерно́й (वि०) सतगुना ।

се́меро (नपुं०) सातों ।

семе́стр (पुं०) विश्वविद्यालय में छह महीने का अध्ययन-क्रम/अवधि ।

се́мечко (नपुं०) се́мя का अल्प० ।

семидесятиле́т‖ие (नपुं०) सत्तरवीं वर्षगाँठ ; **—ний** (वि०) सत्तर वर्ष का ; सत्तरवर्षीय ।

семидеся́т‖ый (वि०) सत्तरवाँ ; страни́ца —ая सत्तरवाँ पृष्ठ ।

семикра́тный (वि०) सात गुना ।

семиле́тка (स्त्री०) १. सप्तवर्षीय स्कूल ; २. सप्तवर्षीय बच्चा ; ३. सप्तवर्षीय ; सात वर्ष का ।

семина́р (पुं०) १. परिगोष्ठी ; सेमिनार ; परिसवांद ; २. धार्मिक विद्यापीठ / सेमीनारी का स्नातक ; **—и́ст** (पुं०) धार्मिकविद्यापीठ (सेमीनारी) में शिक्षा प्राप्त करनेवाला ; **—ия** (स्त्री०) धार्मिकविद्यापीठ ; सेमीनारी **—ский** (वि०) семина́р और семинари́ст से वि० ।

семисо́тый (वि०) सातसौवाँ ।

семи́т (पुं०) सामी ; **—и́ческий** (वि०) सामीय ।

семиуго́льн‖ик (पुं) सप्तभुज ; **—ый** (वि०) सप्तभुजीय ।

семна́дцат‖ый (वि०) सत्रहवाँ ; страни́ца —ая सत्रहवाँ पृष्ठ ।

семна́дцать (गिनती) सत्रह ।

семь (गिनती) सात ।

се́мьдесят (गिनती) सत्तर ।

се́мьсот (गिनती) सात सौ ।

се́мью (क्रि० वि०) सतगुना ।

семь‖я́ (स्त्री०) परिवार ; из хорошей —и́ अभिजात ; कुलीन ; अच्छे परिवार से ।

семьяни́н (पुं०) परिवारवाला मनुष्य ।

се́мя (स्त्री०) (बहु० семена́) बीज ; शुक्र ।

сена́т (पुं०) सैनिट ; **—ор** (पुं०) सैनिटर ; **—орский** (वि०) सैनिटर का ।

се́ни (बहु०) ड्योढ़ी ।

сенни́к (पुं०) चटाई ।

сенно́й (वि०) सूखी घास का ; चारे का ; с. ры́нок घासमंडी ।

се́но (नपुं०) सूखी घास ; चारा ।

сенова́л (पुं०) सूखी घास का ढेर ।

сеновороши́лка (स्त्री०) सूखी घास फैलाने की हैंगी ।

сеноко́с (पुं०) (सूखी) घास की कटाई ।

сенокоси́лка (स्त्री०) (सूखी) घास काटने की मशीन ।

сенсацио́нн‖ый (वि०) सनसनीदार ; सनसनीखेज ; —ое собы́тие सनसनीदार/सनसनीखेज घटना ।

сенса́ция (स्त्री०) १. सनसनी ; २. संवेदन ।

сенсуа́льный (वि०) १. सनसनीदार ; २. ऐन्द्रिक ; संवेदनापरक ; संवेदनात्मक ।

сентенцио́зный (वि०) सूत्रबद्ध ; छोटे वाक्यों का ।

сенте́нция (स्त्री०) वाक्य ; सूत्र ; सिद्धान्त ।

сентимент‖али́зм (पुं०) भावुकता ; **—а́льный** (वि०) भावुक ।

сентя́брь (पुं०) सितम्बर (मास) ; **—ский** (वि०) सितम्बर का ।

сень (स्त्री०) आच्छादन ; चँदोवा ; शामियाना ।

сепарат‖и́зм (पुं०) विच्छेदवाद ; विविक्तिवाद ; पृथकतावाद ; **—и́ст** (पुं०), **—и́стка** (स्त्री०) विच्छेदवादी ; पृथक्‌तावादी ; विविक्तिवादी ।

сепара́тный (वि०) पृथक ; अलग ।

се́пия (स्त्री०) १. रँगसाज़ या चित्रकार का स्याही-माइल भूरा रँग ; २. उक्त रँग से तैयार किया गया चित्र ।

се́псис (पुं०) किसी अंग का विषाक्त होना ।

септи́ческий (वि०) विषाक्त ; रुधिर को विषैला करनेवाला ।

се́ра (स्त्री०) (रस०) गन्धक ।

сера́ль (पुं०) तुर्किस्तान के सुल्तान का महल ; अन्तःपुर ।

серафи́м (पुं०) (मसीही धर्म के अनुसार) सर्वोच्च श्रेणी का छह पंखोंवाला देवदूत ।

серб (पुं०) सर्बिया देश का निवासी ; **—ский** (वि०) सर्बियाई ।

серви́з (पुं०) : सैट ; обеде́нный с. खाने का सैट ; ча́йный с. चाय का सैट ।

сервирова́ть (अपू० और पू०) (—ру́ю) परोसना ; с. стол मेज़ पर खाना लगाना ।

сервиту́т (पुं०) दासत्व ; दासता ; ग़ुलामी ।

серде́чник (पुं०) १. (टेक०) केन्द्रक ; (अंग्रेज़ी—कोर) ; २. हृदय के रोगों का विशेषज्ञ ; ३. с. лугово́й एक प्रकार का फूल ।

серде́чн||ость (स्त्री०) हार्दिकता ; सौहार्द ; मैत्री ; **—ый** (वि०) १. हृदय का ; हार्दिक ; २. सच्चा ; प्रेमी ।

серди́т||ый (वि०) १. (-पर) क्रुद्ध ; быть —ым (на) -पर क्रुद्ध होना ; २. (सिरके या सरसों के तेल आदि का) तेज़ होना ; तीक्ष्ण होना ।

серди́ть (अपू०) (сержу́, се́рдишь) ग़ुस्सा दिलाना ; क्रोध दिलाना ; **—ся** (आत्म०) -पर क्रुद्ध होना ; क्रोध करना ।

сердобо́лие (नपुं०) कोमलहृदयता ; दयालुता ।

сердобо́льный (वि०) कोमलहृदय ; दयालु ।

се́рдц||е (नपुं०) हृदय ; दिल ; до́брое, мя́гкое с. कृपालु/कोमलहृदय ; ка́менное с. पाषाण-हृदय ; скрепя́ с. अनिच्छापूर्वक ; поро́к —а हृदय-रोग ; в —а́х क्रोधावेश में ; по —у दिल से ; с глаз доло́й, из —а вон नज़र से दूर, दिल से दूर ।

сердцебие́ние (नपुं०) हृदय की धड़कन ।

сердцеве́д (पुं०) हृद्विद ; मन की बात जाननेवाला

сердцеви́на (स्त्री०) (वन०) १. गूदा ; गिरी ; с. берёзы भुर्ज वृक्ष का गूदा ; с. оре́ха (अखरोट आदि की) गिरी ; २. केन्द्र ; मुख्य भाग ।

сердцее́д (पुं०) कामिनी-रमण ; स्त्रियों के मन को मोह लेनेवाला ।

сере́бреник (पुं०) **I.** सुनार ; सर्राफ़ ; **II.** चाँदी का सिक्का ।

серебри́ст||ость (स्त्री०) शुभ्रता ; सफ़ेदी ; **—ый** (वि०) रजत-शुभ्र ; चाँदी के सदृश श्वेत ।

серебри́ть (अपू०), **по—** (पू०) चाँदी का मुलम्मा करना ।

серебро́ (नपुं०) १. चाँदी ; २. चाँदी की चीज़ें ।

сере́брян||ый (वि०) चाँदी का ; —ая посу́да चाँदी का बर्तन ।

середи́н||а (स्त्री०) मध्य ; в —е मध्य में ; **—ный** (वि०) मध्य का ; केन्द्रीय ।

серёдка = середи́на.

середня́к (पुं०) मध्यम श्रेणी का किसान ।

середня́цкий (वि०) середня́к से वि० ।

серёжка (स्त्री०) १. एक प्रकार का पौवा ; २. =серьга́.

серена́да (स्त्री०) सेरेनादा (प्रेमी का सान्ध्य गीत) ।

се́ренький (वि०) भूरा-सा ; धुँधला ।

сере́ть (अपू०), **по—** (पू०) भूरा हो जाना ; धुँधला हो जाना ।

сержа́нт (पुं०) (सेना०) सारजेंट ।

сери́йный (वि०) क्रमबद्ध ; धारावाहिक ।

се́ристый (वि०) (रस०) सलफ़्यूरियस ।

се́рия (स्त्री०) माला ; शृंखला ।

се́рна (स्त्री०) साबर (जंगली पहाड़ी हिरन) ।

серни́стый (वि०) (रस०) सलफ़्यूरियस ; सलफ़री ।

сернова́тистый (वि०) (रस०) थायोसलफ़्यूरिक ।

серноки́сл||ый (वि०) ; —ая соль सल्फ़ेट ।

се́рн||ый (वि०) (रस०) सलफ़्यूरिक ; —ая кислота́ सलफ़्यूरिक ऐसिड ; गन्धक अम्ल ।

серова́тый (वि०) भूरा-सा ।

сероводоро́д (पुं०) (रस०) हाइड्रोजन सल्फ़ेट ।

сероглáзый (वि०) भूरी आँखोंवाला ।

серп (पुं०) हँसिया ।

серпанти́н (पुं०) रंग-बिरंगा, लम्बा और पतला फ़ीता ।

серпенти́н (पुं०) सर्पिज ; एक प्रकार का सब्ज़ रँग का खनिज पदार्थ ।

серсо́ (नपुं०) (अ०) सेरसो—एक विशेष खेल जिसमें लोहे का घेरा छड़ी पर घुमाकर ऊपर फेंका जाता है और फिर उसे अपनी-अपनी छड़ी पर रोकने की कोशिश की जाती है ।

се́рум (पुं०) लसी ; रक्त में जल का अंश ।

се́рый (वि०) भूरा ; मटियाला ।

серьга́ (स्त्री०) १. (कान में पहनने का) काँटा ; झुमका ; बाली ; २. (टेक०) अलगनी ।

серьёзн||о (क्रि० वि०) गम्भीरतापूर्वक ; लगन से ; ईमानदारी से ; серьёзно ? सचमुच ? ; **—ость** (स्त्री०) गम्भीरता ; लगन ; ईमानदारी ; **—ый** (वि०) गम्भीर ; लगनवाला ; ईमानदार ।

се́ссия (स्त्री०) बैठक ; अधिवेशन ।

сестра́ (स्त्री०) बहन ; медици́нская с. नर्स ।

се́стрин, —ский (वि०) बहन का ।

сестр||и́ца, —и́чка (स्त्री०) сестра́ का अल्प० ।

сесть दे० сади́ться.

се́тка (स्त्री०) जाल ; जाली ; с. для ло́вли мух मक्खियाँ आदि पकड़ने का जाल ।

се́точный (वि०) जाल का ।

се́товать (अपू०), **по—** (पू०) (—тую) विलाप करना ।

се́ттер (पुं०) एक प्रकार का शिकारी कुत्ता ।

сетча́тка (स्त्री०) आँख के पिछले भाग का चित्रपट (अंग्रेज़ी—रेटीना) ।

се́тчат||ый (वि०) : —ая гла́за दे० сетча́тка.

сет||ь (स्त्री०) १. जाल ; मछलियाँ आदि पकड़ने का जाल ; попа́сть в —и जाल में फँसना ; расставля́ть —и जाल बिछाना ; २. (रेल की पटरियों आदि का) जाल ।

се́ча (स्त्री०) (काव्य०) युद्ध ; हत्याकांड ; नरसंहार ।

сече́ние (नपुं०) १. चाबुक लगाने / कोड़ा लगाने की क्रिया ; २. तराश ; काट ; छेद ।

се́чка (स्त्री०) १. (सब्ज़ी काटने का) चाक़ू ; छुरी ; २. (चारे की) कुटी ; टोका ।

сечь (अपू०), **вы́сечь** (पू०) (वर्त० секу́, сечёшь) १. चाबुक से मारना ; कोड़ा मारना ; वेंत मारना ; २. (केवल अपू०) (काटकर) छोटे-छोटे टुकड़े करना ; कुटी करना ; टोका करना ; **—ся** (आत्म०) (बालों का) बिखर जाना ; (रेशमी कपड़े का ज़्यादा दिन पहनने से) तार-तार हो जाना ; रिन जाना ।

се́ялка (स्त्री०) वपन-यन्त्र ; बीज बोने की मशीन ।

се́ятель (पुं०) वपनकर्त्ता ; बीज बोनेवाला ।

се́ять (अपू०), **по—** (पू०) १. बीजवपन ; बीज बोना ; с. вражду́ (ме́жду) (के बीच) शत्रुता के बीज बोना ; २. खोना ; ☐ что посе́ешь, то и пожнёшь जैसा बोओगे, वैसा काटोगे / जसी करनी, वैसी भरनी ।

сжа́литься (आत्म० पू०) दया करना ।

сжа́рить (पू०) भूनना ।

сжа́тие (नपुं०) दबाने/भींचने की क्रिया ; दबाव ; с. во́здуха हवा का दबाव ।

сжа́тость (स्त्री०) १. (गैस आदि का) दबाव ; संपीड़न ; २. संक्षिप्तता ।

сжать(ся) दे० сжима́ть(ся) और жать.

сжечь दे० жечь और сжига́ть.

сжива́ть (अपू०), **сжить** (पू०) (भवि० сживу́, сживёшь) जीना दूभर कर देना ; он стара́лся сжит меня́ с кварти́ры उसने मकान में मेरा रहना दूभर करने की कोशिश की ; с. со све́та जान ले लेना ; **—ся** (आत्म०) (साथ रहते-रहते) एक दूसरे से घुल-मिल जाना ।

сжига́ть (अपू०), **сже́чь** (पू०) (भवि० сожгу́, сожжёшь) जला डालना ; दाह करना ; (मुर्दा) जलाना ।

сжижа́ть (अपू०), **сжиди́ть** (पू०) (भवि० сжижу́, сжиди́шь) तरलीकरण ; तरल करना ।

сжима́ть (अपू०) **сжа́ть** (पू०) (भवि० сожму́, сожмёшь) निचोड़ना ; भींचना ; с. ру́ку в кула́к घूँसा पेरना ; दबाना ; с. ру́ку кому́-л. किसीका हाथ ऐंठना/दबाना ; **—ся** (आत्म०) भिंचना ; सिकुड़ना ; इकट्ठा होना ।

сжи́ть(ся) दे० сжива́ть(ся).

сза́ди (क्रि० वि०) पीछे से ; पीछे ; पिछले सिरे से ; посмотре́ть с. पीछे से देखना ; вид с. पीछे से दिखायी पड़नेवाला दृश्य ; пя́тый ваго́н с. पिछले सिरे से पाँचवाँ डिब्बा ; (अ०) पीछे ; с. до́ма घर के पीछे ।

сзыва́ть (अपू०), **созва́ть** (पू०) (भवि० созову́, созовёшь) बुलाना ; (अतिथियों को) इकट्ठा करना ।

сибиля́нт (पुं०) (भाषा-विज्ञान) ऊष्म वर्ण ; [रूसी वर्णमाला में ж, з, с, ш— ये ऊष्म वर्ण हैं ।]

сиби́рский (वि०) साइबेरिया का ।

сибир‖я́к (पुं०), **—я́чка** (स्त्री०) साइबेरिया-निवासी/निवासिनी ।

сиви́лла (स्त्री०) (कल्पित) जादूगरनी ।

си́вка (उभ०) भूरा (घोड़ा) ।

сиву́ха (स्त्री०) (कच्ची) ब्रांडी ।

си́вый (वि०) भूरा ।

сиг (पुं०) एक प्रकार की मछली ।

сига́ра (स्त्री०) सिगार ।

сигар‖е́та, —е́тка (स्त्री०) सिगरेट ।

сига́рный (वि०) सिगार का ।

сигна́л (पुं०) संकेत ; सिगनल ; **—иза́тор** (पुं०) संकेत-यन्त्र ; **—изи́ровать** (अपू० और पू०) (—рую) संकेत देना ; **—ьный** (वि०) संकेत का ; **—ьщик** (पुं०) संकेतक (व्यक्ति) ।

сигнату́р‖а (स्त्री०), **—ка** (स्त्री०) १. अनुपान ; दवा सेवन करने की विधि ; २. हस्ताक्षर ।

сиде́лка (स्त्री०) (रोगी की देख-भाल करनेवाली) नर्स ।

сиде́ни‖е (नपुं०) बैठने की क्रिया ; он уста́л от до́лгого —я वह बहुत देर बैठने के कारण थक गया ।

сиде́ние (नपुं०) आसन ; बठने की क्रिया ।

сиде́ть (अपू०) (वर्त० сижу́, сиди́шь) १. बैठना ; с. поджа́в но́ги चौकड़ी मारकर बैठना ; оста́ться с. बैठे रहना ; с. на я́йцах (मुर्ग़ी का) अंडों पर बैठना/अंडे सेना ; २. с. в тюрьме́ जेल भुगतना ; с. под аре́стом हिरासत में होना ; с. без де́ла बेकार बैठना ; с. сложа́ ру́ки हाथ पर हाथ धरकर बैठना ; ३. (कपड़े का) ठीक बैठना ; ठीक नाप का होना ; **—ся** (आत्म०) (कर्तृ-निरपेक्ष) ему́ не сиди́тся до́ма वह घर पर नहीं बैठ सकता / वह घर पर रहना पसन्द नहीं करता ; ему́ не сиди́тся на ме́сте वह एक स्थान पर टिककर नहीं बैठ सकता ।

сидр (पुं०) सिद्र (एक प्रकार की ब्रांडी) ।

сидя́ч‖ий (वि०) बैठा हुआ ; в —ей по́зе बैठे हुए ।

сие́на (स्त्री०) रँग बनाने के काम में आनेवाली भूरी-सी मिट्टी ।

си́зый (वि०) फ़ाख़्ता के रँग का ।

сикомо́р (पुं०) मिस्र का एक प्रकार का अंजीर का पेड़ ।

си́л‖а (स्त्री०) १. शक्ति ; बल ; ज़ोर ; по́лный сил शक्तिवान्/शक्तिशाली ; изо всех сил पूरी शक्ति से ; —ой बलपूर्वक / ज़बर्दस्ती ; брать —ой बलपूर्वक लेना ; ходи́ть че́рез —у कठिनाई से चल सकना ; вы́биться из сил अशक्त हो जाना ; с. во́ли इच्छा-शक्ति ; २. (टेक०) शक्ति ; лошади́ная с. अश्व-शक्ति ; ३. (सेना०) बल ; शक्ति ; вое́нно-возду́шные —ы विमान-बल ; हवाई शक्ति ; ४. (क़ानून-सम्बन्धी) входи́ть в —у लागू होना ।

сила́ч (पुं०) व्यायामिक ; कसरती आदमी ।

силика́т (पुं०) (रस०) सिलीकेट ।

си́литься (आत्म० अपू०) ज़ोर लगाना ; शक्ति लगाना ;कोशिश करना ; я си́лился не пла́кать मैंने न रोने की कोशिश की ।

силко́м (क्रि० वि०) बलपूर्वक ।

силов||о́й (वि०) —а́я ста́нция बिजलीघर ।

си́лой (क्रि० वि०) बलपूर्वक ।

сило́к (पुं०) फन्दा ; जाल ।

силу́эт (पुं०) तिमिर-चित्र (केवल बाह्य रेखा दर्शानेवाला छाया-चित्र) ।

си́льно (क्रि० वि०) बलपूर्वक ; ज़बर्दस्ती ; दृढ़ता से ; ज़ोर से ; प्रचंडता से ; быть с. привя́занным (к) दृढ़तापूर्वक बँध जाना ; с. де́йствовать ज़ोर से कार्य करना ; с. уда́рить ज़ोर से मारना ; с. занемо́чь बहुत बीमार होना ; с. нужда́ться (в чём-л.) (किसी वस्तु की) बहुत आवश्यकता होना ; с. разбогате́ть बहुत धनी बन जाना ; с. чу́вствовать तीव्रता से अनुभव करना ; с. пить बहुत (शराब) पी लेना ; с. поте́ть पसीना-पसीना हो जाना ; □ с. ска́зано आप हद से बढ़ रहे हैं ।

сильноде́йствующий (वि०) (विष या दवा के बारे में) बहुत असर करनेवाला/वाली ; तीखा/तीखी ।

си́льн||ый (वि०) १. बलवान ; शक्तिशाली ; (गर्मी आदि) तेज़ ; (भूख आदि) सख्त ; (इच्छा आदि) तीव्र ; उद्दाम ; с. за́пах तीव्र गन्ध ; —ая во́ля दृढ़ संकल्प ; २. सिद्धहस्त ; निष्णात ; си́лен в матема́тике गणित में निष्णात ।

сильф (पुं०) (लोक-साहित्य) गगनदेव ।

си́мвол (पुं०) प्रतीक ; संकेत ; लक्षण ; **—и́зм** (पुं०) प्रतीकवाद ।

симво́лика (स्त्री०) संकेत-विद्या ।

символ||исти́ческий, —и́чный (वि०) प्रतीकात्मक ; प्रतीक-सम्बन्धी ।

симметри́||ческий, —чный (वि०) संमित ; सुडौल ।

симметри́я (स्त्री०) संमिति ; सुडौलपन ।

симони́я (स्त्री०) धर्मपदविक्रय ; धर्मपद बेचने या मोल लेने का अपराध ।

симпат||изи́ровать (अपू०) ; (—рую) समवेदना प्रकट करना ; सहानुभूति दिखाना ; **—и́ческий** (वि०) समवेदना ; सहानुभूति ; **—и́чный** (वि०) सहज आकर्षणयुक्त ; आकर्षक ; सुन्दर ।

симпа́тия (स्त्री०) समवेदना ; सहानुभूति ।

симпто́м (पुं०) लक्षण ; निदान ।

симптомати́ч||еский, —ный (वि०) लक्षण /निदान-सम्बन्धी ।

симул||и́ровать (अपू० और पू०) (—рую) बहाना करना ; с. негодова́ние क्रोध जताना ; с. безу́мие पागल होने का बहाना करना ; **—я́нтка** (स्त्री०) छल करनेवाली ; **—ля́ция** (स्त्री०) बहाना / छल करने की क्रिया ।

синаго́га (स्त्री०) यहूदी-देवालय ।

синдикал||и́зм (पुं०) शिल्पसंघवाद ; सिंडीकेलिज़्म ; **—и́ст** (पुं०) शिल्पसंघवादी ; सिंडीकेलिस्ट ; **—и́стский** (वि०) शिल्पसंघवादीय ।

синдика́т (पुं०) शिल्पसंघ ; व्यवसाय-संघ ; (अंग्रेज़ी—सिंडिकेट) ।

синева́ (स्त्री०) (स्याही माइल) गहरा नीला रंग ।

синева́тый (वि०) नीला-सा ।

сине́кдоха (स्त्री०) उपादान लक्षण (जिसमें अंगी के लिए अंग अथवा अंग के लिए अंगी का प्रयोग होता है) ।

синеку́ра (स्त्री०) विना किसी कार्य-भार के लाभ या प्रतिष्ठा का पद ; मौज की नौकरी ।

синеро́д (पुं०) (रस०) सिनोजेन ।

сине́ть (अपू०), **по—** (पू०) नीला हो जाना ।

си́ний (वि०) नीला ।

сини́льн||ый (वि०) (रस०) —ая кислота́ हाइड्रोसियेनिक एसिड ।

сини́ть (अपू०), **под—** (पू०) नीला करना ।

сини́ца (स्त्री०) फुदकी ; एक प्रकार का पक्षी ।

сино́д (पुं०) पादरियों की सभा ; **—а́льный, —ский** (वि०) धर्मसभा का ; धर्मसभा-सम्बन्धी ।

сино́л||ог (पुं०), चीनवेत्ता ; चीनी भाषा, साहित्य और संस्कृति आदि का ज्ञाता ; **—о́гия** (स्त्री०) चीनज्ञान ; चीनी भाषा, साहित्य और संस्कृति आदि का ज्ञान ।

сино́ним (पुं०) पर्याय ; समानार्थवाचक शब्द ; **—и́ческий** (वि०) पर्यायवाची ।

сино́птик (पुं०) मौसम के विषय में भविष्यवाणी करनेवाला ।

си́нтаксис (पुं०) (वाक्य) विन्यास; वाक्य-रचना ।

си́нте||з (पुं०) संश्लेषण ; समन्वय ; **—ти́ческий** (वि०) १. си́нтез से वि० ; २. (रस०) सांश्लेषिक ; संश्लिष्ट ; कृत्रिम ।

синхрон||изи́ровать (अपू० और पू०) (—рую) एक ही समय होना ; समक्रमण होना ; **—и́зм** (पुं०) समक्रमिकता ; **—и́я** = син-хрони́зм.

синхро́нный (वि०) समक्रमिक ; एक ही समय घटित होनेवाले ।

синь = **синева́.**

си́нька (स्त्री०) १. नील ; २. (किसी योजना की) मूल रूपरेखा ; मूलयोजना ।

синя́к (पुं०) खरोंच ; झरीट ; खरोंच का निशान ; नील ।

сион||и́зм (पुं०) यहूदीवाद ; **—и́ст** (पुं०), **—и́стка** (स्त्री०) यहूदीवादी ।

сипа́й (पुं०) सिपाही ।

си́плый (वि०) (आवाज़) फटी ; भर्रायी ।

си́пнуть (अपू०) (आवाज़ का) फट जाना ; भर्राना ।

сире́на (स्त्री०) भोंपू ।

сире́невый (वि०) (वन०) बकाइन का ।

сире́нь (स्त्री०) (वन०) बकाइन ।

сири́||ец (पुं०) सीरिया-निवासी ; **—йский** (वि०) सीरिया का ।

Си́риус (पुं०) लुब्धक (एक नक्षत्र-विशेष) ।

сиро́п (पुं०) चाशनी ; शर्बत ।

сирот||а́ (उभ०) अनाथ ; मातृपितृविहीन बालक ; оста́ться —о́й अनाथ हो जाना ; **—ли́вый** (वि०) (काव्य०) एकाकी ।

сиро́тс||кий (वि०) अनाथ का ; **—тво** (नपुं०) अनाथता ; मातृपितृविहीनता ।

систе́ма (स्त्री०) प्रणाली ; पद्धति ; व्यवस्था ; तन्त्र ; ка́рточная с. राशन-पद्धति ।

системати́ческ||и (क्रि० वि०) पद्धति या क्रम के अनुसार ; व्यवस्थित ढँग से ; **—ий** (वि०) यथाक्रम ; व्यवस्थित ; क्रम के अनुसार ।

систе́рна = цисте́рна.

си́стола (स्त्री०) प्रकुंचन (हृदय या धमनी का सिकुड़ना) ।

си́тец (पुं०) छींट ; दरेस ; छपा हुआ कपड़ा ।

си́течко (नपुं०) си́то का अल्प० ।

си́тник (पुं०) **I.** छाने हुए आटे की सफ़ेद डबल रोटी ; **II.** सरहरी (एक प्रकार का पौधा) ।

си́тный (वि०) с. хлеб = си́тник-I.

си́то (नपुं०) छलनी ।

ситуа́ция (स्त्री०) स्थिति ।

си́тцевый (वि०) छींट का ; दरेस का ।

си́филис (पुं०) उपदंश रोग ; गर्मी ।

сифо́н (पुं०) (भौ०) साइफ़न ।

сия́ние (नपुं०) कान्ति ; प्रकाश ; चमक ।

сия́||ть (अपू०) चमकना ; со́лнце —ет सूर्य चमक रहा है ।

скабрёзн||ость (स्त्री०) अश्लीलता ; अशिष्टता ; **—ый** (वि०) अश्लील ; अशिष्टतापूर्ण ; —ый ра́ссказ अश्लील कहानी ।

сказ (पुं०) कथा ; ☐ вот тебе́ и весь с. बस कहानी ख़त्म हुई !/बस, इतनी ही कहानी है ।

сказа́ние (नपुं०) कथा ; गल्प ।

сказа́ть दे० говори́ть ; ☐ ле́гче с. чем сде́лать करने से कहना सहज है/कहना सहज है करना कठिन ; ска́зано - сде́лано कहा और हुआ ; **—ся** दे० ска́зываться.

сказа́тель (पुं०) लोक-कथाएँ कहनेवाला ।

ска́зк||а (स्त्री०) कथा ; कहानी ; расска́зывать —и कहानियाँ कहना/सुनाना ; э́то с. यह गप्प है ।

ска́зочный (वि०) १. परियों की कहानी का ; २ अद्भुत ; अविश्वसनीय ; अलौकिक ।

ска́зывать (अपू०) कहानी सुनाना ।

ска́з||ываться (आत्म० अपू०) **сказа́ться** (भवि० скажу́сь, ска́жешься) (आत्म० पू०) १. बतलाना ; २. बुरा प्रभाव डालना ; दुष्प्रभाव डालना ; боле́знь си́льно —а́лась на нём ; बीमारी का उस पर बुरा प्रभाव पड़ा ; ३. (अपने

विषय में) सूचना देना ; —а́ться больны́м अपनी बिमारी की सूचना देना ; ४. प्रकट होना ।

скака́лка (स्त्री०) बच्चों के उछलने की रस्सी ।

скака́ть (अपू०), **по—** (पू०) (वर्त० скачу́, ска́чешь) १. कूदना ; पारी-पारी से एक पैर पर भार देकर चलना ; फुदकना ; २. घोड़े को सरपट दौड़ाना ।

скаков||о́й (वि०) दौड़ का ; —а́я ло́шадь घुडदौड़ का घोड़ा ; —а́я доро́жка घुडदौड़-पथ (अंग्रेज़ी-रेसकोर्स) ।

скаку́н (पुं०), **—ья** (स्त्री०) कूदनेवाला/वाली ; फुदकनेवाला/वाली ।

скал||а́ (स्त्री०) चट्टान ; **—и́стый** (वि०) पथरीला ; चट्टानोंवाला ।

ска́лить (अपू०), **о—** (पू०) с. зу́бы दाँत निकाल कर हँसना ।

ска́лка (स्त्री०) (रोटी आदि बेलने का) बेलना ; (कपड़े धोने का) मोगरा ।

ска́лывать (अपू०), **сколо́ть** (पू०) (भवि० сколю́, ско́лешь) १. (-से) फोड़ना ; तोड़ना ; с. лёд с. тротуа́ра पटरी पर से बर्फ़ तोड़ना ; २. पिनों से जोड़ना/लगाना ।

скальки́ровать दे० кальки́ровать.

скалькули́ровать दे० калькули́ровать.

скальп (पुं०) खोपड़ी ; मस्तक की त्वचा और बाल ।

скальпи́ровать (अपू० और पू०) (—рую) सिर/खोपड़ी उतारना ; с. уби́того врага́ मारे हुए शत्रु की खोपड़ी/सिर उतार लेना ।

скам||е́ечка (स्त्री०) छोटा बेंच ; **—е́йка, —ья́** (स्त्री०) बेंच ।

сканда́л (पुं०) लोकापवाद ; कलंक ; तोहमत ; **—и́ст,** (पुं०), **—и́стка** (स्त्री०) अपवादी/अपवादिनी ; तोहमत लगानेवाला / वाली ; **—ьный** (वि०) कलंकित ; दग़ीला ।

ска́ндий (पुं०) (रस०) स्कैंडियम ।

сканди́ровать (अपू० और पू०) (—рую) छन्द की प्रत्येक मात्रा का पूर्ण और स्पष्ट उच्चारण करना ।

скандова́ть = сканди́ровать.

ска́пливать (अपू०), **скопи́ть** (पू०) (भवि० скоплю́, ско́пишь) संचय करना ; जमा करना ; बचाकर रखना ; **—ся** (आत्म०) १. जमा होना ; इकट्ठा होना ; संचित होना ; (लोगों की) भीड़ होना ; २. ска́пливать का कर्मवाच्य ।

скарабе́й (पुं०) प्राचीन मिस्र का पवित्र माना जानेवाला गुबरीला (कीड़ा) ।

скарб (पुं०) (केवल एकवचन) घर-गृहस्थी का सामान ।

ска́ред (पुं०), **—а** (उभ०) कंजूस ; मक्खीचूस ; कृपण ; хозя́йка была стра́шная ска́реда मालकिन बहुत ही कंजूस थी ; **—ничать** (अपू०) कंजूसी करना ; **—ность** (स्त्री०) कंजूसी ; कृपणता ; **—ный** (वि०) कंजूस ; कृपण ।

скарлати́на (स्त्री०) स्कारलेट-ज्वर ।

ска́рмливать (अपू०), **скорми́ть** (पू०) (भवि० скормлю́, ско́рмишь) भोजन कराना ।

скат (पुं०) **I.** ढाल ; ढलवान ; с. кры́ши छत का ढाल/छत की ढलवान ; **II.** एक प्रकार की समुद्री मछली ।

ската́ть(ся) दे० ска́тывать(ся).

ска́терть (स्त्री०) मेज़पोश ; □ —ю доро́га रास्ता खुला है/तुम्हें रोकता कौन है !

скати́ть दे० ска́тывать(ся).

ска́тывать -I (अपू०), **ската́ть** (पू०) १. लपेटना ; с. па́рус बादबान लपेटना ; २. नक़ल मारना ; **—ся** (आत्म०) लिपटना ; लिपट जाना ।

ска́тывать -II (अपू०), **скати́ть** (पू०) (भवि० скачу́, ска́тишь) नीचे लुढकाना ; с. с горы́ पहाड़ से नीचे लुढ़काना ; **—ся** (आत्म०) १. नीचे लुढ़काना २. ска́тывать का कर्मवाच्य ।

скафа́ндр (पुं०) पानी में गोता लगाने की पोशाक जिसमें साँस लेने और पानी में काम करने के उपकरण होते हैं ।

ска́чка (स्त्री०) १. (केवल एकवचन) (घोड़े की) सरपट चाल ; २. (बहु०) घुड़दौड़ ।

скачообра́зный (वि०) पत्ते के सदृश ; पत्ते जैसा ।

скачо́к (पुं०) छलाँग ।

ска́шивать (अपू०), **скоси́ть** (पू०) (भवि० скошу́, ско́сишь) **I.** घास काटना ; **II.** तिरछी नजर से देखना ; कटाक्ष करना ; **III.** तिरछा बनाना ; ढलवाँ बनाना ।

сква́ж||ина (स्त्री०) खाँचा ; दरार ; सुराख ; छेद ; замо́чная с. ताली का छेद ; **—истость** (स्त्री०) दरारदार होने का भाव ; खाँचेदार होने का भाव ; **—истый** (वि०) खाँचेदार ; दरारदार ।

скве́р (पुं०) चौक ।

скве́рно (क्रि० वि०) बुरी तरह से ; с. па́хнуть दुर्गन्ध आना/बुरी गन्ध आना ; пальто́ с. сиди́т на нём कोट उसके ठीक नहीं आता ; его́ дела́ иду́т с. उसका काम खराब हो रहा है ; поступа́ть с. по отноше́нию к кому́-л. किसीसे बुरा बर्ताव करना ।

скверносло́в (पुं०) गाली देनेवाला ; अपभाषी ; **—ие** (नपुं०) गाली-गलौज ; अश्लील भाषा ; अपभाषा ।

сквернослови́ть (अपू०), **на—** (पू०) (वर्त० сквернoсло́влю, сквернoсло́вишь) अश्लील बातें कहना ; गालियाँ देना ।

скве́рный (वि०) बुरा ; नीच ; с. челове́к बुरा आदमी ; с. посту́пок बुरा काम ।

сквита́ться (आत्म० पू०) (-से) हिसाब चुकाना ; लेखा बराबर करना ।

сквози́||ть (अपू०) (कर्तृ-निरपेक्ष) १. здесь —и́т यहाँ हवा का झोंका आता है/यहाँ हवा लगती है ; २. आर-पार दिखायी पड़ना ; свет —и́т че́рез занаве́ску प्रकाश पर्दे के बीच में से आ रहा है ; ३. (कपड़े का) पारदर्शी होना ।

сквозно́й (वि०) आर-पार ; बीचोंबीच का ; с. прохо́д आर-पार रास्ता ; с. ве́тер = сквозня́к.

сквозня́к (पुं०) (कमरे में आमने-सामने दरवाजा या खिड़की होने के कारण आनेवाला) हवा का झोंका ।

сквозь (अ०) (बीच) में से ; आर-पार ; с. дыру́ छेद में से ; говори́ть с. зу́бы दाँत भींचकर बोलना ; □ смотре́ть с. па́льцы (на что-л.) देखी-अनदेखी करना/चश्मपोशी करना ।

скворе́ц (पुं०) मैना ।

скворе́чн||ик (पुं०), **—ица** (स्त्री०) (छत या पेड़ पर पक्षी के लिए बनाया गया) घोंसला ।

скеле́т (पुं०) ढाँचा ; पंजर ; अस्थि-पंजर ।

скéп||сис (पुं०) (तत्त्वज्ञानियों का) अविश्वास ; सन्देह ; शंका ; **—тик** (पुं०) सन्देहवादी ; शंकालु ; अविश्वासी ; **—тици́зм** (पुं०) सन्देहवाद ।

скепти́ческий (वि०) सन्देहात्मक ; सन्दिग्ध ।

ски́дка (स्त्री०) छूट ; बट्टा ।

ски́дывать (अपू०), **ски́нуть** (पू०) १. फेंक देना ; २. (कपड़े) उतारना ; ३. मूल्य कम करना/घटाना ।

ски́петр (पुं०) राजदंड ।

скипида́р (पुं०) तारपीन ; очи́щенный с. तारपीन का तेल ; **—ный** (वि०) तारपीन का ।

скирд (पुं०), **—а́** (स्त्री०) भूसे या कटी हुई फ़सल का ढेर ; टाल ।

скирдова́ть (अपू०), **за—** (पू०) (वर्त० —ду́ю) भूसे का ढेर लगाना ; टाल लगाना ।

скиса́ть (अपू०), **ски́снуть** (पू०) खट्टा हो जाना ।

скит (पुं०) कुटिया ; आश्रम ।

скита́лец (पुं०) घुमक्कड़ ; पर्यटक ।

скита́ться (आत्म० अपू०) घूमना ; विचरना ; पर्यटन करना ।

склад (पुं०) **I.** गोदाम ; भंडार ; **II.** बनावट ; स्वरूप ; अवस्था ; с. ума́ मानसिक अवस्था ।

скла́дка (स्त्री०) (मुँह पर) झुर्री ; (कपड़े की) सलवट ; प्लेट ; तह ; शिकन ; с. на брю́ках पतलून की सलवट ।

скла́дно (क्रि० वि०) भली प्रकार से ।

складно́й (वि०) तह किये जाने योग्य ।

склáдн||ость (स्त्री०) समन्वय ; समस्वरता ; सामंजस्य ; **—ый** (वि०) समन्वित ; समस्वर ; समंजस ।

склáдочн||ый (वि०) —ое помещéние = склад-I ; —ое мéсто काठ-कबाड़ रखने का गोदाम ।

складскóй (वि०) गोदाम का ।

склáдчатый (वि०) बहुत सलवटोंवाला (कपड़ा आदि) ।

склáдчина (स्त्री०) संचय करने की क्रिया ।

склады́ (बहु०) वर्ण ; अक्षर ; मात्रा (सिलेबल) ।

склáдывать (अपू०), **сложи́ть** (पू०) १. इकट्ठा करना ; ढेर लगाना ; с. вéщи пéред отъéздом (जाने से पहले) सामान बाँधना ; २. (गणित) जोड़ लगाना ; जोड़ना ; с. два и четы́ре दो और चार का जोड़ लगाना ; ३. (पद्य आदि की) रचना करना ; ४. उठा लेना ; сложи́ кни́ги со столá मेज़ पर से पुस्तकें उठा लो ; ५. तह करना ; с. вдвóе दुहरा करना ; с. газéту समाचार-पत्र की तह बनाना ; □ сидéть сложá рýки हाथ पर हाथ धरकर बैठना ; с. орýжие हथियार डालना ; **—ся** (आत्म०) १. इकट्ठा होना ; संचित होना ; २. बनना ; (स्थिति) पैदा होना ; обстоя́тельства сложи́лись благоприя́тно स्थिति अनुकूल हो गयी ; ३. склáдывать का कर्मवाच्य ।

склéивать (अपू०), **склеи́ть** (पू०) (गोंद/लेई आदि से) चिपकाना ; **—ся** (आत्म०) १. चिपकना ; २. склéивать का कर्मवाच्य ।

склéйка (स्त्री०) (गोंद या लेई से) चिपकाने की क्रिया ।

склеп (पुं०) महराबदार मक़बरा ।

склепáть दे० склёпывать.

склёпка (स्त्री०) रिवेट (दुनोकी कील) से जोड़ने की क्रिया ।

склёпывать (अपू०), **склепáть** (पू०) रिवेट (दुनोकी कील) से जोड़ना ।

скликáть (अपू०), **скли́кать** (पू०) (भवि० скли́чу, скли́чешь) (चिल्लाकर) बुला लेना/इकट्ठा कर लेना ; хозя́йка скли́кала кур मालकिन ने आवाज़ देकर सब मुर्ग़ियाँ इकट्ठी कर लीं ।

склóка (स्त्री०) झगड़ा ।

склон (पुं०) ढाल ; ढलवान ।

склонéние (नपुं०) १. नमन ; नति ; झुकाव ; २. कारक-रूप/धातु-रूप ।

склони́ть(ся) दे० склоня́ть(ся).

склóнн||ость (स्त्री०) झुकाव ; प्रवणता ; रुझान ; с. к воéнной слýжбе सिपाही बनने की प्रवृत्ति/फ़ौज में नौकरी करने की प्रवृति ; **—ый** (वि०) नत ; प्रवृत्त ; झुका हुआ ।

склоня́ть (अपू०), **склони́ть** (पू०) १. झुकाना ; मोड़ना ; склони́ть гóлову सिर झुकाना ; २. मनाना ; मनाने की कोशिश करना ; (केवल अपू०) (व्या०) कारक-रूपों/धातु-रूपों की रचना करना ; गर्दानें करना ; **—ся** (आत्म०) १. प्रवृत्ति होना ; झुकाव होना ; मान जाना ; २. -पर झुकना ; —ся над колыбéлью पालने पर झुकना ; ३. (केवल अपू०) (व्या०) कारक-रूपों/धातु-रूपों की रचना होना ।

склóчн||ик (पुं०), **—ица** (स्त्री०) कलहप्रिय ; झगड़ा करनेवाला/वाली ।

скля́нка (स्त्री०) १. शीशी ; २. बालूघड़ी ; ३. (नौचालन०) आधा घंटा ।

скобá (स्त्री०) शिकंजा ।

скóбель (पुं०) उस्तरा ।

скóбк||а (स्त्री०) १. скобá का अल्प० ; २. कोष्ठक या बन्धनी का चिह्न ( ) ; в —и, в —ах कोष्ठकों में ; बन्धनियों में ; २. बालों की छँटाई ; माथे और गुद्दी पर से बालों की छँटाई ।

скобли́ть (पू०) १. खरोंचना ; २. रन्दा करना ; ३. (जर्राही में) चमड़ी छेदना या काटना ।

скобян||óй (वि०) : с. товáр, —ые издéлия लोहे की बनी चीज़ें ।

сковáть दे० скóвывать.

сковородá (स्त्री०) कड़ाही ।

скóвородень (पुं०) (टेक०) соединéния в с. फ़ाख़्ता की दुम की-सी चूल या जोड़ ।

сковоро́дка = сковорода́.

ско́вывать (अपू०), **скова́ть** (पू०) (वर्त० скую́, скуёшь) १. गढ़ना ; (लोहे आदि को) गर्म करके हथौड़े से कूटकर बनाना ; २. कूटकर जोड़ना ; ३. ज़ंजीर से बाँधना ; बेड़ी लगाना ; ३. बर्फ़ से ढँक देना ; лёд скова́л ре́ку नदी जम गयी है ।

скола́чивать (अपू०), **сколоти́ть** (पू०) (भवि० сколочу́, сколо́тишь) ठोककर बनाना ; इकट्ठे करना ; संगठन करना ; сколоти́ть я́щик из досо́к कीलें ठोककर तख़्तों का बक्स बनाना ।

ско́лок (पुं०) १. प्रतिरूप ; २. (कढ़ाई का) नमूना ।

сколоти́ть दे० скола́чивать.

сколо́ть दे० ска́лывать.

скольже́ние (नपुं०) फिसलन ।

скользи́ть (अपू०) फिसलना ।

ско́льзкий (वि०) पिच्छल ; फिसलना ।

скользну́ть (पू०) फिसल जाना ।

ско́лько (क्रि० वि०) कितना ; с. э́то сто́ит इसका कितना मूल्य है ? ; с. у вас книг ? आपके पास कितनी पुस्तकें हैं ?

скома́ндовать (पू०) (—дую) आदेश देना ; हुक्म देना ।

скомбини́ровать दे० комбини́ровать.

ско́мкать दे० ко́мкать.

скоморо́||х (पुं०) विदूषक ; ठिठोलिया ; **—шество** (नपुं०) विदूषकता ; ठिठोलियापन ।

скомпили́ровать दे० компили́ровать.

скомпонова́ть दे० компонова́ть.

скомпромети́ровать दे० компромети́ровать.

сконструи́ровать दे० конструи́ровать.

сконфу́зить(ся) दे० конфу́зить(ся).

сконча́ться (पू०) (काव्य०) स्वर्ग सिधारना ; मर जाना ।

скопе́ц (पुं०) नपुंसक ; हिजड़ा ।

скопидо́м (पुं०) संचयशील ; किफ़ायतशआर ; जोड़ू ; पैसा जमा करनेवाला ; **—ство** (नपुं०) संचयशीलता ; किफ़ायतशआरी ; पैसा जमा करने का स्वभाव ।

скопи́ровать दे० копи́ровать.

скопи́ть-I दे० ска́пливать.

скопи́ть-II = оскопля́ть.

скопи́ться दे० ска́пливаться.

ско́пище (नपुं०) भीड़ ; जमघट ।

скопле́ние (नपुं०) १. संचय ; २. (लोगों की) भीड़ ; जमघट ।

скопля́ть(ся) = ска́пливать(ся).

ско́пом (क्रि० वि०) भीड़ में ; जमघट में ।

скорбе́ть (पू०) शोक मनाना ; दुःख मनाना ।

ско́рбный (वि०) शोकपूर्ण ; दुःखद ।

скорбу́т (पुं०) एक प्रकार का रक्त-रोग (अंग्रेज़ी—स्कर्वी) ।

скорбь (स्त्री०) शोक ; दुःख ।

скоре́||е, —й १. ско́ро और ско́рый का तर-प्रत्ययान्त रूप ; २. он с. умрёт чем сда́стся समर्पण करने से पहले वह प्राण दे देगा/वह मर जायेगा परन्तु समर्पण नहीं करेगा ।

скорлупа́ (स्त्री०) छिलका ; खोल ; с. оре́ха अखरोट का छिलका ; с. яйца́ अंडे का खोल ।

скорми́ть दे० ска́рмливать.

скорня́||к (पुं०) पोस्तीन का व्यापारी ; पोस्तीन लगानेवाला ।

ско́ро (क्रि० वि०) शीघ्रतापूर्वक ; जल्दी से ; शीघ्र ।

скороговóрк||а (स्त्री०) शीघ्रभाषण ; सर्राटे से बोलने की क्रिया ।

скоро́мн||ый (वि०) चर्बी का ; माँस का ; —ые дни मांसाहार-दिवस (जब धर्म के अनुसार माँस खाना वर्जित नहीं होता ।)

скоропали́тельный (वि०) जल्दबाज़ ; उतावला ; हड़बड़िया ।

ско́ропись (स्त्री०) घसीट ।

скоропо́ртящи||йся (कृदन्त और वि०) जल्दी ख़राब होनेवाली चीज़ ; क्षयशील वस्तु ; —еся това́ры, проду́кты क्षयशील वस्तुएँ ।

скоропости́жн||ый (वि०) आकस्मिक ; ая смерть आकस्मिक मृत्यु ।

скоропреходя́щий (वि०) क्षणिक ; क्षणस्थायी ।

скороспе́лый (वि०) अकालपक्व ; अकालपरिणत ; समय से पहले पकनेवाला ।

скоростно́й (वि०) अतिवेगवान ; तेज़ रफ़्तार का ।

ско́рост||ь (स्त्री०) वेग ; गति ; रफ़्तार ; со —ью 100 киломе́тров в час १०० किलोमीटर प्रति घंटे की रफ़्तार से ; коро́бка —ей (टेक०) गियर बक्स ।

скорота́ть दे० корота́ть.

скороте́чный (वि०) अस्थिर ; क्षणिक ; थोड़े काल का ।

скорохо́д (पुं०) द्रुतगामी ।

скорпио́н (पुं०) बिच्छू ।

ско́рчить दे० ко́рчить ; **—ся** (आत्म०) १. दे० ко́рчиться ; २. ऊपर को मोड़ दिया जाना ; ऊपर को सिकुड़ जाना ।

ско́р||ый (वि०) १. तेज़ ; तीव्र ; द्रुत ; с. шаг तेज़ क़दम ; २. आगामी ; आसन्न ; в —ом вре́мени बहुत शीघ्र ; ☐ с. по́езд तेज़रफ़्तार रेलगाड़ी ; —ая по́мощь प्राथमिक उपचार/चिकित्सा ।

скос (पुं०) ढलान ; ढाल ।

скоси́ть दे० коси́ть और ска́шивать-I.

скости́ть (पू०) (скощу́, скости́шь) (ऋण) छोड़ देना ; (मूल्य में) कमी कर देना ।

скот (पुं०) पशु ; ढोर ; मवेशी ।

скоти́на (स्त्री०) (समू०) = скот.

ско́тн||ик (पुं०), **—ица** (स्त्री०) अहीर/अहीरिन ; चरवाहा ।

ско́тный (वि०) : с. двор पशुओं का बाड़ा ; गौंड़ा ।

скотобо́йня (स्त्री०) बूचड़ख़ाना ।

скотово́д (पुं०) पशुप्रजननवेत्ता ; पशुओं की नस्ल सुधारनेवाला ; **—ство** (नपुं०) पशुप्रजनन ; पशुपालन ; **—ческий** (वि) पशुप्रजनन-सम्बन्धी ; पशुपालन-सम्बन्धी ।

скотоло́ж||ец (पुं०) पशुओं से मैथुन करनेवाला ; **—ство** (नपुं०) पशुओं से मैथुन ।

скотоприго́нный (वि०) पशुओं के लिए उपयुक्त ; с. двор पशुओं का बाड़ा ।

скотопромы́шленн||ик (पुं०) पशुओं का व्यापारी ; **—ость** (स्त्री०) पशुओं का व्यापार ।

ско́тский (वि०) १. पाशविक ; २. पशु-सदृश ; जंगली ; गँवार ।

скра́дывать (अपू०) १. चुराना ; २. छिपाना ।

скра́шивать (अपू०), **скра́сить** (पू०) (भवि० скра́шу, скра́сишь) मधुर बनाना ; (बुराई/कमी को) ढँक लेना ; с. разлу́ку वियोग को मधुर बनाना ; прекра́сная игра́ актёров скра́сила недоста́тки пье́сы कलाकारों के अच्छे अभिनय ने नाटक की कमियों को ढँक लिया ।

скребни́ца (स्त्री०) (घोड़े पर फेरने का) खरहरा ।

скребо́к (पुं०) खुरचनी ; खुरचने का औज़ार ।

скре́жет (पुं०) दाँत पीसना ; दाँत किटकिटाना ।

скрежета́ть (अपू०) (скрежещу́, скреже́щешь) दाँत पीसना ; दाँत किटकिटाना ।

скре́п||а (स्त्री०) १. (टेक०) पाहू ; कोनिया ; २. प्रतिहस्ताक्षर/प्रमाणित करने की क्रिया ; за —ой секретаря́ सचिव के प्रतिहस्ताक्षरों के साथ ; सचिव द्वारा प्रमाणित किये जाने पर ।

скре́пер (पुं०) खुरचने का औज़ार ।

скрепи́ть दे० скрепля́ть.

скре́пка (स्त्री०) (काग़ज़ों का) क्लिप ।

скрепле́ние (नपुं०) १. दृढ़/पुष्ट करने की क्रिया ; (बाँधकर) पक्का करने की क्रिया ; २. = скре́па-१ ; ३. प्रतिहस्ताक्षर ।

скреп||ля́ть (अपू०), **скрепи́ть** (पू०) (भवि० скреплю́, скрепи́шь) १. बाँधना ; (बाँधकर) पक्का करना ; —ля́ть була́вкой बकसुए से बाँधना ; २. शिकंजे (क्लैम्प) से पकड़कर कसना ; ३. प्रतिहस्ताक्षर करना ; ☐ скрепя́ се́рдце अनिच्छापूर्वक ।

скрести́ (अपू०) (वर्त० скребу́, скребёшь) खुरचना।

скрести́ть(ся) दे० скре́щивать(ся).

скреще́ние (नपुं०) १. आड़ा/खड़ा रखने की क्रिया ; २. दुनस्ला करने की क्रिया।

скре́щивать (अपू०), **скрести́ть** (पू०) (भवि० скрещу́, скрести́шь) १. आड़ा/खड़ा रखना ; скрести́ть шпа́ги/ме́чи तलवार से तलवार टकराना ; २. दुनस्ला करना।

скриви́ть(ся) दे० криви́ть(ся).

скрижа́ль (स्त्री०) प्रस्तर-पटल (जिस पर इंजील आदि के उद्धरण लिखे हों)।

скрип (पुं०) किकियाहट ; (किवाड़ों आदि का) चीं-चीं का शब्द ; चर्र-मर्र।

скрипа́ч (पुं०), **—ка** (स्त्री०) वायलिनवादक/-वादिका।

скрипе́ние = скрип.

скрипе́ть (अपू०), **по—** (पू०) (वर्त० скриплю́, скрипи́шь) (किवाड़ों, पहियों का) चीं-चीं का शब्द करना ; चर्र-मर्र करना с. зуба́ми दाँत पीसना ; दाँत किटकिटाना।

скрипи́чный (वि०) वायलिन-सम्बन्धी।

скри́пк||а (स्त्री०) वायलिन ; игра́ть на —е वायलिन बजाना।

скри́пнуть (पू०) (किवाड़ आदि से एकबारगी) चीं-चीं का शब्द होना ; चर्र-मर्र करना।

скрои́ть दे० крои́ть.

скро́мн||ик (पुं०), **—ица** ((स्त्री०) विनीत पुरुष/स्त्री ; **—ичать** (अपू०) विनय दिखाना ; **—ость** (स्त्री०) विनीत भाव ; विनय ; **—ый** (वि०) १. विनीत ; сли́шком —ый अति-विनीत ; २. मामूली ; —ый за́работок मामूली वेतन।

скрупулёз||ость (स्त्री०) दुस्तोषता ; बाल की खाल उतारने का भाव ; छोटी-छोटी बात पर मीन-मेख करने का भाव ; **—ый** (वि०) दुस्तोष ; बाल की खाल उतारनेवाला ; छोटी-छोटी बात पर मीन-मेख करनेवाला।

скру́чивать (अपू०), **скрути́ть** (पू०) (भवि० скручу́, скру́тишь) १. (रस्सी ; धागे आदि को) बटना ; काग़ज़ में तम्बाकू लपेटकर सिगरेट बनाना ; २. बाँधना ; с. ру́ки кому́-л. किसी-के हाथ बाँधना।

скрыва́ть (अपू०), **скрыть** (पू०) (भवि० скро́ю, скро́ешь) १. छिपाना ; с. престу́пника अपराधी को छिपाना ; с. свой гнев अपने क्रोध को छिपाना ; **—ся** (आत्म०) १. अपने आपको छिपाना ; छिपना ; со́лнце скры́лось за ту́чами सूर्य बादलों में छिप गया ; २. बच निकलना ; छिपना ; скры́ться от кредито́ров लेनदारों से छिप जाना।

скры́тн||ость (स्त्री०) गोपन-स्वभाव ; घुन्नापन ; किसीको अपनी बातें या भेद न बताने का भाव ; **—ый** (वि०) गोपन-स्वभाव (व्यक्ति) ; घुन्ना ; किसीको अपनी बातें न बतानेवाला।

скры́т||ый скрыва́ть से कृदन्त ; छिपाया हुआ ; (वि०) गुप्त ; —ая теплота́ गुप्त ऊष्मा।

скрыть(ся) दे० скрыва́ть(ся).

скрю́ч||ивать (अपू०), **скрю́чить** (पू०) टेढ़ा करना ; его́ —ило от бо́ли वह पीड़ा के कारण इँठा जा रहा था।

скря́||га (उभ०) कृपण ; कंजूस ; मक्खीचूस ; **—жничество** (नपुं०) कृपणता ; कंजूसी।

скуде́ть (पू०), **о—** (पू०) कम हो जाना ; विरल हो जाना।

ску́д||ный (वि०) विरल ; कम ; थोड़ा ; **—ость** (स्त्री०) अभाव ; कमी।

скудоу́мный (वि०) मेधाविहीन ; जड़मति ; मूर्ख।

ску́ка (स्त्री०) उकताहट ; ऊब जाने का भाव।

скула́ (स्त्री०) कपोलास्थि।

скули́ть (अपू०) कराहना ; बच्चों की तरह रोना/ठुनकना।

скулово́й (वि०) गंडास्थि- ; कपोलास्थि-।

ску́льпт||ор (पुं०) मूर्तिकार ; प्रतिमाकार ; **—у́ра** (स्त्री०) मूर्तिकला ; **—у́рный** (वि०) मूर्तिकला-सम्बन्धी।

ску́мбрия (स्त्री०) एक प्रकार की मछली।

скупа́ть (अपू०), **скупи́ть** (पू०) (भवि० скуплю́, ску́пишь) सब खरीद लेना ; अधिक मात्रा में खरीदना ।

скупердя́й (पुं०) कंजूस ; कृपण ।

скупе́ц (पुं०) कंजूस ; मक्खीचूस ; कृपण ।

скупи́ть दे० скупа́ть.

скупи́ться (आत्म० अपू०), **по—** (आत्म० पू०) (भवि० скуплю́сь, скупи́шься) कंजूसी करना ; मुट्ठी बँधी रखना ।

ску́пка (स्त्री०) (अधिक मात्रा में) खरीदने की क्रिया ; जखीरा करना ।

ску́по (क्रि० वि०) कंजूसी से ; लोभ से ।

скуп‖ова́тый (वि०) कंजूस-सा ; लोभी-सा ; **—о́й** (वि०) कंजूस ; लोभी ।

ску́пость (स्त्री०) कंजूसी ; लोभ ।

ску́пщик (पुं०) क्रेता ; खरीदनेवाला ।

скуча́ть (अपू०) उचाट होना ; ऊब जाना ; उकता जाना ; जी न लगना ।

ску́ченн‖о (क्रि० वि०) सटकर ; भिड़े-भिड़े ; सघनता से ; भिचकर ; **—ость** (स्त्री०) घनापन ; सघनता ; जनाकीर्णता ; **—ый** (वि०) (आबादी) घनी ; जनाकीर्ण ।

ску́чиваться (आत्म० अपू०), **ску́читься** (आत्म० पू०) (थोड़े स्थान में बहुत से लोगों का) जमा होना ; भिचकर इकट्ठे होना ।

ску́чн‖о (क्रि० वि०) उचाट होकर ; उकताकर ; ऊबकर ; (कर्तृ-निरपेक्ष) здесь с. यहाँ जी नहीं लगता ; **—ый** (वि०) १. उकता देनेवाला ; उबा देनेवाला ; २. उकता जानेवाला ; ऊब जानेवाला ।

ску́шать (पू०) खा जाना ।

слабе́ть (अपू०), **о—** (पू०) दुर्बल होना . (वायु आदि का वेग) कम होना/धीमा पड़ना ।

слабина́ (स्त्री०) १. (तनी हुई चीज़ पर) ढीली जगह ; रस्सी का ढीला भाग ; २. कमज़ोर जगह ।

слаби́тельное (नपुं०) (वि० रू०) रेचक ; दस्तावर दवा ।

сла́би‖ть (अपू०), **про—** (पू०) (भवि० сла́блю, сла́бишь) (कर्तृ-निरपेक्ष) **—т** उसको दस्त हो रहे हैं ।

сла́бо (क्रि० वि०) धीरे से ; कमज़ोरी से ; он чу́вствует себя́ с. वह कमज़ोरी महसूस कर रहा है ; **—ва́тый** (वि०) दुर्बल-सा ।

слабово́л‖ие (नपुं०) शिथिल संकल्प ; दुर्बल इच्छा ; **—ьный** (वि०) शिथिलसंकल्प (व्यक्ति) ; दुर्बल इच्छावाला ।

слабоси́л‖ие (नपुं०) दुर्बलता ; कमज़ोरी ; **—ьный** (वि०) दुर्बल ; कमज़ोर ।

сла́бость (स्त्री०) दुर्बलता ; कमज़ोरी ।

слабоу́м‖ие (नपुं०) बुद्धि की दुर्बलता ; क्षीण बुद्धि ; **—ный** (वि०) बुद्धि का दुर्बल ; क्षीणबुद्धि ; कुन्दज़हन ।

сла́б‖ый (वि०) १. दुर्बल ; (शब्द आदि) धीमा ; ढीला ; मन्दबुद्धि ; с. ребёнок कमज़ोर बच्चा ; с. го́лос धीमी आवाज़ ; —ые глаза́ कमज़ोर आँखें ; с. у́зел ढीली गाँठ ; २. निकृष्ट ; घटिया ; नीचे दर्जे का ; с. ора́тор निकृष्ट वक्ता ; с. пол अबला जाति ; स्त्री जाति ।

сла́в‖а (स्त्री०) ख्याति ; प्रसिद्धि ; कीर्ति ; यश ; всеми́рная с. विश्वव्यापी प्रसिद्धि ; дости́гнуть —ы ख्याति प्राप्त करना ; дурна́я с. बुरा नाम/कुख्याति ; □ с. бо́гу ! ईश्वर का धन्यवाद !

слави́ст (पुं०) स्लाव-भाषाओं का अध्येता ।

слави́стика (स्त्री०) स्लाव-भाषाएँ और साहित्य ।

сла́вить (अपू०) (сла́влю, сла́вишь) गौरवान्वित करना ; यश फैलाना ; गुणगान करना ; **—ся** (आत्म० अपू०) (-के) लिए विख्यात होना/प्रसिद्ध होना ।

сла́вн‖о (क्रि० वि०) बढ़िया तरीक़े से ; अच्छे ढंग से ; भली प्रकार से ; **—ый** (वि०) १. विख्यात ; प्रसिद्ध ; २. अच्छा ; भला ।

славосло́в‖ие (नपुं०) गुणगान ; प्रशंसा ; **—ить** (अपू०) (славосло́влю, славосло́вишь) गुणगान करना ; यश फैलाना ।

слазяни́зм (पुं०) स्लाववाद ।

славянове́д = слави́ст.

славянове́дение = слави́стика.

славя́нский (वि०) स्लाव-।

слага́емое (नपुं०) (वि० रू०) (गणित) मद ; रक़म ।

слага́ть (अपू०), **сложи́ть** (पू०) १. (पद्य) रचना करना ; с. стихи́ पद्य रचना ; २. छोड़ देना ; त्यागना ; с. с себя́ обя́занности पद त्याग करना ; **—ся** (आत्म०) १. -का होना ; (-में) समाविष्ट होना ; २. слага́ть का कर्मवाच्य ।

слад (पुं०) : с ним —у нет उसको वश में रखना कठिन है/वह क़ाबू से बाहर है ।

сла́денький (वि०) मीठा-सा ।

сла́дить (पू०) १. दे० сла́живать ; २. क़ाबू में करना ; वश में करना ; он не мо́жет с. с э́тим де́лом यह काम करना उसके बस की बात नहीं ।

сла́дк‖ий (वि०) मीठा ; मधुर ; —ое вино́ मीठी शराब ; с. го́лос मधुर स्वर ; с. сон मधुर स्वप्न ।

сладкова́тый (वि०) मीठा-सा ।

сла́дкое (पुं०) (वि० रू०) १. भोज के अन्त में फल अथवा मिष्टान्न ; २. = сла́сти.

сладкое́жка (उभ०) = сластёна.

сладкозву́чный (वि०) मधुर ; मीठा ।

сладкоречи́вый (वि०) मधुरभाषी ; मिठबोला ।

сла́достный (वि०) मधुर ; मीठा ।

сладостра́ст‖ие (नपुं०) कामुकता ; कामलिप्सा ; विलासिता ; व्यभिचारिता ; **—ный** कामुक ; विलासी ; व्यभिचारी ।

сла́дость (स्त्री०) मधुरता ; मिठास ।

сла́живать (अपू०), **сла́дить** (पू०) (भवि० сла́жу, сла́дишь) प्रबन्ध करना ; ठीक करना ।

сла́зить (पू०) (сла́жу, сла́зишь) १. (कोई चीज लाने या कुछ करने के लिए) नीचे उतरना ; २. (कोई चीज़ लाने या कुछ करने के लिए) ऊपर चढ़ना ; слази́ть на кры́шу для почи́нки मरम्मत करने के लिए छत पर चढ़ना ।

сла́нец (पुं०) एक प्रकार का पत्थर ; स्लेट ।

сластёна (उभ०) मिष्ठान्नप्रिय ; मिठाई का शौक़ीन ।

сла́сти (बहु०) मिठाइयाँ ।

сластолю́б‖ец (पुं०) विलासी/भोगी (मनुष्य) ; कामुक ; **—и́вый** (वि०) कामुक ; भोगी ; विलासी ।

слать (अपू०), **по—** (पू०) (वर्त० шлю, шлёшь) भेजना ।

слаща́вый (वि०) मीठा ।

сла́ще сладкий का तर-प्रत्ययान्त रूप ।

сле́ва (क्रि० वि०) बायीं ओर से ; बायीं ओर को ; с. был лес बायीं ओर जंगल था ।

слегка́ (क्रि० वि०) कुछ ; थोड़ा-सा ; मामूली ; он с. уста́л वह कुछ थक गया है ।

след (पुं०) लीक ; चिह्न ; पद-चिह्न ; चरण-चिह्न ; खोज ; идти́ по —а́м पदचिह्नों पर चलना ; —ы труда́ श्रम के चिह्न ।

следи́ть -I (अपू०) (वर्त० слежу́, следи́шь) १. नज़र रखना ; निगरानी करना ; पीछा करना ; जासूसी करना ; समझना ; внима́тельно с. ध्यानपूर्वक देखना ; он слишком бы́стро говори́т, о́чень тру́дно с. за ним वह बहुत जल्दी बोलता है, उसकी बात समझना बड़ा कठिन है ; २. देख-भाल करना ; с. за детьми́ बच्चों की देख-भाल करना ।

следить -II (अपू०), **на—** (पू०) पद-चिह्न छोड़ना ; खोज छोड़ना ।

сле́довани‖е (नपुं०) : по́езд да́льнего —я लम्बे सफ़र की गाड़ी ।

сле́дователь (पुं०) जाँच-अधिकारी ; तहक़ीक़ात करनेवाला अफ़सर या जज ।

сле́довательно (क्रि० वि०) अतः ; इसलिए ।

сле́дова‖ть (अपू०), **по—** (पू०) (—дую) १. पीछा करना ; अनुसरण करना ; за ним —али उसका पीछा किया जा रहा था ; २. बाद में आना ; अनुसरण करना ; ле́то сле́дует за весно́й वसन्त के बाद गर्मी आती है ; ३. во всём с. отцу́ सब बातों में पिता का अनुसरण

करना ; ४. с. мóде फ़ैशन अपनाना ; फ़ैशन का अनुसरण करना ; ५. (-तक) जाना ; пóезд слéдует до Москвы́ यह गाड़ी मास्को तक जाती है ; ६. फल होना ; из э́того слéдует, что इसका फल यह है कि...; ७. (कर्तृ-निरपेक्ष) емý слéдует сдéлать э́то немéдленно इसको यह तुरन्त करना चाहिए ; слéдует пóмнить स्मरण रखना चाहिए ; э́того слéдовало ожидáть ऐसी आशा ही थी / यही आशा थी ; ८. емý слéдует с вас 100 рублéй उसके तुम्हारी तरफ़ १०० रूबल निकलते हैं (अर्थात् तुम्हें उसके १०० रूबल देने हैं) ; ☐ как слéдует उचित रीति से ; सम्यक्तया ।

слéдом (क्रि० वि०) एकदम बाद ; तुरन्त पश्चात् ; पीछे-पीछे ; прийти́ с. за кем-л. किसीके पीछे-पीछे आना ।

следопы́т (पुं०) खोजों से शिकार का पीछा करनेवाला शिकारी ।

слéдственн||о = слéдовательно ; **—ый** (वि०) जाँच-; तफ़्तीशका ; तहक़ीक़ात का ; —ый материáл गवाही ; —ая коми́ссия जाँच-समिति ।

слéдствие (नपुं०) १. परिणाम ; उपसिद्धि ; причи́на и с. कार्य और कारण ; २. (केवल एकवचन) जाँच ; तफ़्तीश ; तहक़ीक़ात ।

слéдуем||ый (वि०) १. देय ; प्राप्तव्य ; —ые емý дéньги उसका प्राप्तव्य धन ; २. (संज्ञा की तरह प्रयुक्त) (वि० रू०) देय ।

следующ||ий (वि०) आगामी ; अगला ; с. день अगले दिन ; в с. раз अगली बार ; —им óбразом निम्न प्रकार से ।

слёживаться (आत्म० अपू०), **слежáться** (आत्म० पू०) (माल का गोदाम में) पड़े-पड़े ख़राब हो जाना ।

слезá (स्त्री०) अश्रु ; आँसू ; разрази́ться, зали́ться —ми आँसू बहाना ; плáкать гóрькими —ми फूट-फूटकर रोना ; осуши́ть слёзы आँसू पोंछना ।

слезáть (अपू०), **слезть** (पू०) (-से) नीचे उतरना ; слезть с дéрева पेड़ से नीचे उतरना ; (रँग आदि का) छूटना ; उतर जाना ।

слези́ться (आत्म० अपू०) (प्रथम पुरुष का रूप प्रयुक्त नहीं होता ; слези́шься) (आँखों का) आँसुओं से परिपूर्ण होना ; глазá слезя́тся от ды́ма धुएँ के कारण आँखों से आँसू आने लगते हैं ।

слезли́вый (वि०) रुदनशील ; रोउना ; с. ребёнок रुदनशील बालक ; रोउना बच्चा ।

слёзн||о (क्रि० वि०) आँसू बहाते हुए ; **—ый** (वि०) १. अश्रुओं का ; २. दीन ; विनम्र ; —ая прóсьба विनम्र प्रार्थना ।

слезотечéние (नपुं०) आँखों से पानी बहने का रोग ।

слезть दे० слезáть.

слепéнь (पुं०) गोमक्षी ; घोड़ामक्खी ।

слепéц (पुं०) अन्धा (आदमी) ।

слепи́ть -I (अपू०) (слеплю́, слепи́шь) अन्धा करना ।

слепи́ть -II दे० лепи́ть.

слепи́ть -III दे० слепля́ть.

слепля́ть (अपू०), **слепи́ть** (पू०) (भवि० слеплю́, слéпишь) चिपकाना ।

слéпнуть (अपू०) अन्धा होना ।

слéпо (क्रि० वि०) १. अन्धे होकर ; आँखें मूँदकर ; २. अस्पष्टता से ।

слепóй (वि०) १. अन्धा ; с. на оди́н глаз काना (एक आँखवाला) ; २. अन्धा आदमी ।

слéпок (पुं०) (प्रतिमा आदि का) प्रतिरूप ; साँचा ; नक़ल ; с. со стáтуи प्रतिमा का प्रतिरूप ।

слепорождённый (वि०) जन्मान्ध ; जन्म का अन्धा ।

слепотá (स्त्री०) अन्धापन ।

слепы́ш (पुं०) छछूँदर ।

слесáрн||ичать (अपू०) लुहार का काम करना ; **—ый** (वि०) लुहार का ; —ое дéло लुहार का काम ।

слесáрня (स्त्री०) लुहार की दुकान ।

сле́сарь (पुं०) लुहार ।

слёт (पुं०) १. उड़ान ; २. सम्मेलन/समारोह ।

слета́ть -I (पू०) उड़कर जाना और तुरन्त वापस लौट आना ।

слета́ть -II (अपू०), **слете́ть** (पू०) (भवि० слечу́, слети́шь) १. (-से) नीचे उड़ आना ; воробе́й слете́л с кры́ши चिड़िया छत से नीचे उड़ आयी ; २. उड़ जाना ; ба́бочка слете́ла с цветка́ तितली फूल पर से उड़ गयी ; **—ся** (आत्म०) इकट्ठे उड़ जाना ।

слечь (पू०) (भवि० сля́гу, сля́жешь) खाट पकड़ना ; बीमार होकर (पलँग पर) लेट जाना ।

сли́ва (स्त्री०) आलूबुख़ारा (फल या पेड़) ।

слива́ть (अपू०), **слить** (पू०) (भवि० солью́, сольёшь) १. उँडेलना ; २. (मिलाकर) एक कर देना ; слить две шко́лы в одну́ दो स्कूलों को मिलाकर एक कर देना ; ३. (धातु को) गलाना ; संगलन करना ; **—ся** (आत्म०) (नदियों का) इकट्ठा बहना ; (संस्थाओं का मिलकर) एक हो जाना ; —ся воеди́но मिलकर एक हो जाना ।

сли́вки (बहु०) मलाई ; снима́ть с. मलाई उतारना ।

сли́вовый (वि०) आलूबुख़ारे का ।

сли́вочн||ик (पुं०) मलाई रखने का बर्तन ; **—ый** (वि०) मलाईदार ; —ое моро́женое आइस-क्रीम ।

сливя́нка (स्त्री०) आलूबुखारे की शराब ।

слиза́ть दे० сли́зывать.

сли́зистый (वि०) श्लेष्मा, कफ़ इत्यादि से युक्त ।

слизну́ть दे० сли́зывать.

слизня́к (पुं०) घोंघा ; खोलरहित शुम्बुक ।

сли́зывать (अपू०), **слиза́ть, слизну́ть** (पू०) चाट लेना ।

слизь (स्त्री०) आंव, श्लेष्मा ।

слиня́ть (पू०) (रँग) फीका पड़ जाना ।

слипа́ться (आत्म० अपू०), **сли́пнуться** (आत्म० पू०) (एक-दूसरे के साथ) चिपक जाना ; листы́ кни́ги сли́пились पुस्तक के पृष्ठ चिपक गये हैं ।

сли́тн||о (क्रि० वि०) इकट्ठे ; मिलकर ; **—ый** (वि०) संयुक्त ; मिले हुए ; इकट्ठे ; —ое написа́ние э́тих слов ча́сто встреча́ется यह शब्द प्रायः इकट्ठे/मिलाकर लिखे जाते हैं ।

сли́ток (पुं०) (धातु की) सिल ; पिंड ; (सोने आदि की) छड़ ।

сли́ться दे० слива́ться.

слича́ть (अपू०), **сличи́ть** (पू०) मिलान करना ; с. что-л. с оригина́лом प्रतिलिपि का मूल से मिलान करना ।

сличе́ние (नपुं०) मिलान ।

сличи́ть दे० слича́ть.

сли́шком (क्रि० वि०) अति ; बहुत ; э́то с. до́рого यह बहुत महँगा है ; с. ма́ло बहुत थोड़ा ।

слия́ние (नपुं०) १. (नदियों का) संगम ; (रँगों का) मिलान ; एकीकरण ; (संस्थाओं का एक-दूसरे से मिलकर) एक हो जाना ; विलय ; २. (स्थान) संगम ।

слоб||ода́, —о́дка (स्त्री०) नगरोपान्त ; उपान्त-प्रदेश ।

слова́рь (पुं०) शब्दकोश ।

слове́сн||ик (पुं०) शब्द-शास्त्री ; **—ость** (स्त्री०) १. साहित्य ; у́стная —ость लोक-साहित्य ; २. भाषा-विज्ञान ; शब्दव्युत्पत्ति-शास्त्र ; **—ый** (वि०) १. मौखिक ; २. भाषाविज्ञान-सम्बन्धी ।

слове́чко (नपुं०) сло́во का अल्प० ।

сло́вник (पुं०) शब्दकोश ; शब्दावली ।

сло́вно (अ०) मानो ; -की भाँति ; с. он знал मानो वह जानता था ; он поёт с. солове́й वह बुलबुल की भाँति गाता है ।

сло́в||о (नपुं०) १. शब्द ; ла́сковое с. प्रिय शब्द ; сдержа́ть с. वचन का पालन करना ; дава́ть (че́стное) с. वचन देना ; други́ми слова́ми दूसरे शब्दों में ; —ом и де́лом वचन और कर्म से ; игра́ слов शब्दक्रीड़ा/शब्दों का खेल ; по его́ —а́м उसके अनुसार ; २. भाषण ; свобо́да —а भाषण-स्वातन्त्र्य ।

словоизвержéние (नपुं०) शब्द-प्रवाह।

слóвом (क्रि० वि०) एक शब्द में ; संक्षेप में।

словообразовáние (नपुं०) पद-रचना।

словоохóтлив||ость (स्त्री०) वाचालता ; **—ый** (वि०) वाचाल ; बातूनी।

словопрéние (नपुं०) झगड़ा ; विवाद।

словопроизвóдство (नपुं०) शब्द-व्युत्पत्ति ; निरुक्ति।

словоупотреблéние (नपुं०) शब्द-प्रयोग।

словц||ó (नपुं०): для крáсного —á विनोद के लिए।

слог (पुं०) १. वर्ण ; अक्षर ; मात्रा ; सिलेबल ; २. शैली ; **—овóй** (वि०) वर्ण का ; अक्षर का ; मात्रा का ; सिलेबल का।

слоёный (वि०) परतदार (मिठाई आदि)।

сложéни||е (नपुं०) १. (गणित) योग ; जोड़ ; २. (शरीर की) गठन ; крéпкого —я सुगठित/सुदृढ़ शरीर।

сложи́ть दे० склáдывать, слагáть और класть ; **—ся** दे० склáдываться और слагáтьея.

слóжно (क्रि० वि०) जटिलता से ; पेचीदगी से।

слóжн||ость (स्त्री०) जटिलता ; पेचीदगी ; ☐ в óбщей —ости समस्त: ; **—ый** (वि०) १. जटिल ; पेचीदा ; —ый вопрóс जटिल प्रश्न ; —ое числó जटिल संख्या ; २. —ое слóво समस्त पद।

слои́стый (वि०) परतदार ; तहदार।

слой (पुं०) परत ; तह।

слóйка (स्त्री०) परतदार मिठाई।

слом (पुं०) टूटन ; तोड़ने की क्रिया।

сломáть(ся) दे० ломáть(ся).

сломи́ть (पू०) १. (तोड़कर) नष्ट कर देना ; бýря сломи́ла дéрево तूफ़ान ने पेड़ जड़ से उखाड़ फेंका ; २. с. сопротивлéние प्रतिरोध नष्ट करना ; с. чьё-л. упóрство किसीकी अकड़ तोड़ना ; **—ся** (आत्म०) टूटना।

слон (पुं०) हाथी ; ☐ дéлать из мýхи —á राई का पहाड़ बनाना ; **—ёнок** (पुं०) हाथी का बच्चा ; **—и́ха** (स्त्री०) हथिनी ; **—óвый** (वि०) हाथी का ; —óвая кость हाथीदाँत।

слоня́ться (आत्म० अपू०) आवारागर्दी करना।

слóпать दे० лóпать.

слугá (पुं०) सेवक ; नौकर।

слýги (बहु०) (समू०) नौकर-चाकर ; घर के नौकर।

служáка (पुं०) अनुभवी/उत्साही नौकर या सिपाही।

служáнка (स्त्री०) नौकरानी।

служáщий -I. служи́ть से कृदन्त ; -के काम आनेवाला ; прибóр, с. для зажигáния आग जलाने का उपकरण ; **II.** (संज्ञा की तरह प्रयुक्त (वि० रू०) कर्मचारी ; कामकर ; नौकर।

слýжб||а (स्त्री०) १. सेवा ; काम ; नौकरी ; воéнная с. सेना में नौकरी ; караýльная с. पहरा ; искáть —у नौकरी ढूँढना ; काम की तलाश करना ; идти́ на —у काम पर जाना ; २. (गिरजे में) प्रार्थना ; उपासना ; ☐ не в —у, а в дрýжбу ! केवल मित्रता के नाते !

слýжбы (बहु०) (कोठी के बाहर बने) नौकरों के क्वार्टर।

служéбный (वि०) १. слýжба से वि० ; २. सहायक।

служ||éние (नपुं०) सेवा ; नौकरी ; **—и́вый** (पुं०) (वि० रू०) सैनिक ; सिपाही ; **—и́лый** (वि०) : —и́лые лю́ди, —и́лое сослóвие (प्राचीन रूस में) सैन्य-वर्ग ; **—и́тель** (पुं०) १. (अस्पताल में) अर्दली ; २. परिचारक।

служи́ть (अपू०), **по—, от—** (पू०) १. सेवा करना ; с. комý-л. вéрой и прáвдой किसीकी निष्ठापूर्वक सेवा करना ; с. искýству कला की सेवा करना ; २. नौकरी करना ; काम करना ; с. в áрмии सेना में नौकरी करना ; с. секретарём मन्त्री के पद पर काम करना ; ३. होना ; с. примéром उदाहरण होना ; ४. काम आना ; э́та кóмната слýжит емý кабинéтом यह कमरा उसके अध्ययन के काम आता है ;

५. प्रयोग में होना ; э́то пальто́ слу́жит ему́ 2 го́да यह कोट उसके पास दो वर्ष से है ; ६. (отслужи́ть पू॰ के साथ) (गिरजाघर में) प्रार्थना या उपासना करना ; ७. (केवल अपू॰) (कुत्ते का कुछ माँगने के लिए) पिछली दो टाँगों पर खड़े होना ; ☐ чем могу́ с. ? मैं आपकी क्या सेवा कर सकता हूँ ?

слу́жка (पुं॰) मठ का शिष्य-सेवक ।

слука́вить दे॰ лука́вить.

слупи́ть दे॰ лупи́ть.

слух (पुं॰) १. कान ; श्रवणेन्द्रिय ; श्रवण ; о́рган —а श्रवणेन्द्रिय ; то́нкий с. तेज़ कान ; २. जनप्रवाद ; अफ़वाह ; सुनी-सुनायी बात ; किवदन्ती ; по —ам किंवदन्तियों के अनुसार ; пусти́ть с. अफ़वाह फैलाना ; есть с. что अफ़वाह है कि... ; ☐ ни —у, ни ду́ху (о) -की कोई ख़ैर-खबर नहीं/कोई कुशल-समाचार नहीं ।

слуха́ч (पुं॰) (सेना॰) रेडियो पर संकेत सुननेवाला ।

слухово́й (वि॰) सुनने का ।

слу́ча||й (पुं॰) १. अवसर ; स्थिति ; हालत ; в (тако́м) —е (ऐसी) स्थिति में ; в не́которых —ях कुछ स्थितियों में ; в проти́вном —е वरन् ; воспо́льзоваться удо́бным —ем अवसर से लाभ उठाना ; упусти́ть удо́бный с. अवसर चूकना/अवसर खोना ; при —е अवसर मिलने पर/यदि अवसर मिला ; २. घटना ; несча́стный с. दुर्घटना ।

случа́йн||о (क्रि॰ वि॰) १. अवसर से ; अकस्मात् ; संयोगवश ; я с. был там संयोगवश मैं वहाँ था ; २. вы с. не ви́дели това́рища Ивано́ва आपने कहीं श्री इवानोव को तो नहीं देखा ?

случа́йн||ость (स्त्री॰) १. अवसर ; по счастли́вой —ости सौभाग्यवश ; по несча́стной —ости दुर्भाग्यवश ; २. दैवयोग ; संयोग ; с. встре́чи मिलन/मिलने का संयोग ; **—ый** (वि॰) आकस्मिक ; सांयोगिक ।

случа́ть (अपू॰), **случи́ть** (पू॰) १. समीप ले आना ; मेल बढ़ाना ; २. (नर और मादा पशु को) मिलाना ।

случ||а́ться (आत्म॰ अपू॰), **случи́ться** (आत्म॰ पू॰) **I.** १. घटित होना ; होना ; —и́лось что ऐसा हुआ कि...; что —и́лось? क्या हुआ ? ; как бу́дто ничего́ не —и́лось जैसे कुछ हुआ ही न हो ; २. (कर्तृ-निरपेक्ष) мне —и́лось встре́титься с ним मुझे उससे मिलने का अवसर मिला ; **II.** (नर और मादा पशुओं का) मिलना ।

слу́чка (स्त्री॰) (पशुओं के) मिलने की क्रिया ।

случно́й, слу́чный (वि॰) (नर और मादा पशु को) मिलाने/मिलने का ; с. сезо́н नर और मादा पशुओं के मिलने का मौसम ।

слу́шание (नपुं॰) श्रवण ; सुनने की क्रिया ; सुनवाई ; с. де́ла मुक़दमे की सुनवाई ।

слу́шатель (पुं॰), **—ница** (स्त्री॰) १. श्रोता/श्रोत्री ; सुननेवाला/वाली ; २. विद्यार्थी ; ३. (समू॰) श्रोतागण ।

слу́шать (अपू॰), **по—** (पू॰) १. सुनना ; с. с напряжённым внима́нием ध्यानपूर्वक सुनना ; २. (भाषणों में) उपस्थित होना ; सुनना ; ३. आज्ञा मानना ; आज्ञापालन करना ; **—ся** (आत्म॰) १. आज्ञापालन करना ; सुनना ; ребёнок никого́ не слу́шается बच्चा किसीका कहना नहीं मानता ; २. слу́шать का कर्मवाच्य ।

слыть (अपू॰) (слыву́, слывёшь) (-के लिए) प्रसिद्ध होना ; माना जाना ; он слывёт учёным челове́ком वह विद्वान् माना जाता है ।

слыха́||ть (अपू॰) (किसीके बारे में) सुनना ; —ли ли вы об э́том ? क्या आपने इसके विषय में सुना है ?

слы́шать (अपू॰), **у—** (पू॰) १. सुनना ; он слы́шал плач ребёнка उसने बच्चे का रोना सुना ; здесь нас никто́ не (у)слы́шит यहाँ हमारी कोई नहीं सुनता ; २. (केवल अपू॰) (अकर्मक) सुनना ; не с. सुनायी न देना/सुनायी न पड़ना ; **—ся** (आत्म॰) सुनायी पड़ना ; सुना

जाना ; за стенóй слы́шалось пéние दीवार के पीछे से गाने का शब्द सुनायी पड़ रहा था ।

слы́шим||ость (स्त्री०) श्रव्यता ; कर्णगोचरता ; **—ый** (वि०) श्रव्य ; कर्णगोचर ।

слы́шн||о (विधेय) १. (कर्तृ-निरपेक्ष) с., как он читáет वह पढ़ता सुनायी देता है ; емý с. उसको सुनायी देता है ; २. с. он приéхал कहा जाता है कि वह आ गया है ; что с. ? क्या समाचार है ? ; **—ый** (वि०) श्रव्य ; कर्णगोचर ।

слюд||á (स्त्री०) अभ्रक ; **—янóй** (वि०) अभ्रक का ।

слюнá (स्त्री०) (केवल एकवचन) लार ।

слю́ни (बहु०) लार ; пускать с. मुँह से लार बहाना ।

слюни́ть (अपू०), **по—** (पू०) लार से मैला करना ।

слю́н||ки (बहु०) у негó с. текýт उसके मुँह में पानी भर आया ; **—ный** (वि०) लार का ।

сля́котный (वि०) पंकिल ; कीचड़दार ।

сля́коть (स्त्री०) पंक ; कीचड़ ।

смáзать दे० смáзывать.

смáзка (स्त्री०) १. स्नेहन . ग्रीज़ देने/तेल देने की क्रिया ; २. स्नेहक ; चिकनाई (ग्रीज़, तेल आदि) ।

смазли́в||ый (वि०) सुन्दर ; —ое ли́чико सुन्दर मुखड़ा ।

смáзочн||ый (वि०) स्नेहक ; —ое мáсло स्नेहक तेल ।

смáзчик (पुं०) स्नेह/तेल आदि देनेवाला ।

смáзывание (नपुं०) १. (गले में ओषधि आदि) लगाना ; लेप करना ; २. लीपा-पोती ; с. вопрóса प्रश्न पर लीपा-पोती करना / प्रश्न को घुटाले में डालना ।

смáзывать (अपू०), **смáзать** (पू०) (भवि० смáжу, смáжешь) १. ग्रीज़ देना ; स्नेहक/चिकनाई देना ; चुपड़ना ; с. иóдом आयोडीन लगाना ; २. घूस देना ; रिश्वत देना ; ३. लीपा-पोती करना ; смáзать вопрос प्रश्न पर लीपा-पोती करना ; प्रश्न को घुटाले में डालना ।

смак (पुं०) (केवल एकवचन) स्वाद ; रस ।

смáлец (पुं०) सूअर की चर्बी ।

смáнивать (अपू०), **смани́ть** (पू०) लुभाना ; फुसलाना ।

смарáгд (पुं०) मरकत मणि ।

смастери́ть दे० мастери́ть.

смáтывать (अपू०), **смотáть** (पू०) लपेटना ; с. в клубóк गोला बनाना ; ☐ с. ýдочки सिर पर पाँव रखकर भाग जाना ।

смáхивать (अपू०), **смахнýть** (पू०) **I.** (बुरुश/झाड़ू आदि से) हटाना ; झाड़ना ; पोंछना ; с. пыль (с) -से गर्द झाड़ना ; смахнýть слезý आँसू पोंछना ; **II.** (-के) सदृश होना ; आकृति मिलना ।

смáху (क्रि० वि०) झट ; तुरन्त ; с. сдéлал дéло झट काम कर दिया ।

смáчивать (अपू०), **смочи́ть** (पू०) गीला करना ।

смáчн||о (क्रि० वि०) स्वाद से ; चटखारे लेकर ; **—ый** (वि०) स्वाद ।

смежáть (अपू०), **смежи́ть** (पू०) (आँखें आदि) बन्द कर लेना ; с. глазá आँखें बन्द कर लेना ।

смéжн||ость (स्त्री०) सान्निध्य ; आसन्नता ; सामीप्य ; **—ый** (वि०) पार्श्ववर्ती ; आसन्न ; समीप का ।

смекáлистый (वि०) तीक्ष्णबुद्धि ; प्रत्युत्पन्नमति ; हाज़िरजवाब ।

смекáть (अपू०), **смекнýть** (पू०) अर्थ ग्रहण करना ; झट से समझ जाना ।

смелéть (अपू०), **о—** (पू०) साहस करना ।

смéл||о (क्रि० वि०) साहस से, निडरता से ; говори́ть с. निडरता से बोलना ; я могý с. сказáть मैं यह कहने का साहस कर सकता हूँ ; **—ость** (स्त्री०) साहस ; निडरता ; दिलेरी ; **—ый** (वि०) साहसी ; दिलेर ; निडर ।

смельчáк (पुं०) बेधड़क ; दिलेर ।

смéна (स्त्री०) १. बदलने की क्रिया ; बदली ; с. караýла पहरेदारों की बदली ; २. (फ़ैक्टरी आदि में मज़दूरों की) पारी ; शिफ़्ट ।

сме́нный (वि०) बदलने का ; शिफ़्ट अर्थात् पारी का ।

смени́ть(ся) दे० сменя́ть(ся).

сменя́ем||ость (स्त्री०) प्रतिस्थापन ; बदले जाने का भाव ; **—ый** (वि०) प्रतिस्थापनीय ; जो बदला जा सके ।

сменя́ть (अपू०), **смени́ть** (पू०) १. बदलना ; смени́ть лошаде́й घोड़े बदलना ; с. мото́р(ы) इंजन बदलना ; २. किसीका स्थान लेना ; **—ся** (आत्म०) १. पारी बदलना ; शिफ़्ट बदलना ; २. बदल जाना ; परिणत हो जाना ; испу́г смени́лся ра́достью भय प्रसन्नता में बदल गया/परिणत हो गया ; ३. сменя́ть का कर्मवाच्य ।

смерза́ться (आत्म० अपू०), **смёрзнуться** (आत्म० पू०) जमकर एक हो जाना ; два куска́ льда́ смёрзлись बर्फ़ के दो टुकड़े जमकर एक हो गये ।

сме́рить दे० мери́ть.

смерка́||ться (आत्म० अपू०), **сме́ркнуться** (आत्म० पू०) (कर्तृ-निरपेक्ष): —ется अँधेरा छा रहा है ।

смерте́льн||о (क्रि० वि०) घातक रूप से ; **—ый** (वि०) घातक ; प्राणान्तक ; —ый враг जानी दुश्मन ।

сме́ртник (पुं०) प्राणदंड-प्राप्त बन्दी ।

сме́рт||ность (स्त्री०) मृत्यु-संख्या ; मर्त्यता ; मृत्युवशता ; **—ный** (वि०) १. मर्त्य ; विनाशी ; челове́к —ен मनुष्य मर्त्य है ; २. मृत्यु का ; —ное ло́же मृत्यु-शय्या ; —ный пригово́р प्राणदंड ; मृत्युदंड ।

смертоно́сн||ость (स्त्री०) घातकता ; **—ый** (वि०) घातक ; प्राणान्तक ; —ое ору́жие घातक हथियार ।

сме́рт||ь (स्त्री०) मृत्यु ; голо́дная с. भूख से मृत्यु ; он у́мер —ью геро́я उसने वीरगति पायी ; быть ме́жду жи́знью и —ью जीवन और मरण के बीच ; ☐ в когтя́х —и मृत्यु के मुँह में ; вопро́с жи́зни и —и जीवन और मरण का प्रश्न ; до са́мой —и मृत्यु पर्यन्त ।

смерч (पुं०) १. बवंडर ; बबूला ; २. भँवर ।

смеси́тель (पुं०) (टेक०) मिश्रण करने/मिलाने का यन्त्र ।

смеси́ть दे० меси́ть.

смести́ दे० смета́ть-I.

смести́ть(ся) दे० смеща́ть(ся).

смесь (स्त्री०) मिश्रण ।

сме́т||а (स्त्री०) अनुमान ; प्राक्कलन ; составля́ть —у प्राक्कलन/अनुमान लगाना ।

смета́на (स्त्री०) (खट्टी) मलाई ।

смета́ть -I (अपू०), **смести́** (पू०) (भवि० смету́, сметёшь) (झाड़ू देकर) साफ़ कर देना ; झाड़ना ।

смета́ть -II दे० мета́ть और смётывать.

смётка (स्त्री०) तीक्ष्ण बुद्धि ; प्रत्युत्पन्नमतित्व ; हाज़िरजवाबी ।

сме́тлив||ость (स्त्री०) बुद्धि की तीक्ष्णता ; प्रत्युत्पन्नमतित्व ; हाज़िरजवाबी ; **—ый** (वि०) तीक्ष्णबुद्धि ; प्रत्युत्पन्नमति ।

сме́тный (वि०) आनुमानिक ; प्राक्कलन का ।

смётывать (अपू०), **смета́ть** (पू०) टाँका लगाना ।

сме||ть (अपू०), **посме́ть** (पू०) साहस करना ; —ю сказа́ть मैं यह कहने का साहस करता हूँ ! не сме́йте э́того де́лать ! ऐसा करने का साहस मत करो !

смех (पुं०) हँसी ; подави́ть в себе́ с. अपनी हँसी दबाना ; поднима́ть кого́-л. на́ с. किसीकी हँसी उड़ाना ; —а ра́ди हँसी में/मज़ाक में ।

смехотво́рный (वि०) हास्यजनक ; हँसी दिलानेवाला ।

смеша́ть(ся) दे० сме́шивать(ся).

смеше́ние (नपुं०) १. गड़बड़झाला ; २. (रँगों की) मिलावट ।

сме́шивание (नपुं०) मिश्रण ; मिलाने की क्रिया ।

сме́шивать (अपू॰), **смеша́ть** (पू॰) १. मिश्रण करना ; मिलाना ; २. इकट्ठा करना ; गड़बड़ी फैलाना ; ☐ смеша́ть кого́-л. с грязью́ किसी पर कीचड़ उछालना ; **—ся** (आत्म॰) १. मिश्रित होना ; मिलना ; २. घबराना ; ३. сме́шивать का कर्मवाच्य ।

смеши́ть (अपू॰) हँसाना ।

смешли́в||ость (स्त्री॰) हँसोड़पन ; (सहज में) हँसने का भाव ; मामूली-सी बात पर हँस पड़ने का भाव ; **—ый** (वि॰) हँसोड़ ; (सहज में) हँस पड़नेवाला ; मामूली-सी बात पर हँस पड़नेवाला ।

смешн||о́ (क्रि॰ वि॰) मज़ाकिया तौर से ; हास्यास्पद रूप से ; (कर्तृ-निरपेक्ष) сме́шно यह हास्यास्पद है ; **—о́й** (वि॰) हास्यास्पद ; अभिहस्य ; उपहस्य ; भद्दा ।

смешо́к (पुं॰) (मुँह बन्द करके) हँसी ।

смеща́ть (अपू॰), **смести́ть** (पू॰) (भवि॰ смещу́, смести́шь) १. विस्थापन करना ; २. (नौकरी से) हटाना ; बरतरफ़ करना ; с. заве́дующего प्रबन्धकर्ता को हटा देना ; **—ся** (आत्म॰) १. विस्थापित होना ; २. हटना ; ३. смеща́ть का कर्मवाच्य ।

смеще́ние (नपुं॰) १. विस्थापन ; २. नौकरी से हटाये जाने की क्रिया ; ३. उथल-पुथल ; अव्यवस्था ।

смея́ться (आत्म॰ अपू॰), **по—** (पू॰) १. हँसना ; २. हँसी उड़ाना ; मज़ाक करना ।

сми́ловаться (आत्म॰ अपू॰) दया करना ।

смире́н||ие (नपुं॰) विनय ; नम्रता ; **—ник** (पुं॰) विनीत ; नम्र ; **—но** (क्रि॰ वि॰) विनयपूर्वक ; नम्रतापूर्वक ; **—ность** (स्त्री॰) विनय ; विनीत भाव ; नम्रता ; **—ный** (वि॰) विनीत ; नम्र ।

смири́ть(ся) दे॰ смиря́ть(ся).

сми́рн||о (क्रि॰ वि॰) शान्तिपूर्वक ; сиде́ть с. शान्ति से बैठना ; **—ый** (वि॰) शान्त ।

смиря́ть (अपू॰), **смири́ть** (पू॰) दबाना ; वशीभूत करना ; (भावनाओं को) संयत रखना ; **—ся** (आत्म॰) अधीन या वशीभूत होना ।

смо́ква (स्त्री॰) १. अंजीर का फल ; २. (पेड़) = смоко́вница.

смоко́вница (स्त्री॰) अंजीर का पेड़ ।

смола́ (स्त्री॰) तारकोल ।

смолка́ть (अपू॰), **смо́лкнуть** (पू॰) चुप होना ; (शब्द का) सुनायी पड़ना बन्द होना ।

смолова́рня = смолоку́рня.

смо́лоду (क्रि॰ वि॰) युवावस्था से ।

смолоку́р (पुं॰) तारकोल बिछानेवाला ।

смолоку́рня (स्त्री॰) तारकोल का कारखाना ।

смолоти́ть दे॰ молоти́ть.

смоло́ть दे॰ моло́ть.

смолча́ть (पू॰) चुप्पी साधना ; चुप रहना ।

смоль (स्त्री॰) чёрный, как с. काला स्याह/गहरे काले रँग का ।

смоляно́й (वि॰) смола́. से वि॰ ।

смонти́ровать दे॰ монти́ровать.

сморгну́ть (पू॰): гла́зом не с. बिल्कुल न घबराना ; он соврёт и гла́зом не сморгнёт वह झूठ बोलते हुए बिल्कुल भी नहीं घबराता ।

сморка́ть (अपू॰), **вы́сморкать** (पू॰): с. нос नाक साफ़ करना ; **—ся** (आत्म॰) अपनी नाक साफ़ करना ।

сморо́дина (स्त्री॰) एक प्रकार की झरबेरी ।

сморо́зить (पू॰) (сморо́жу, сморо́зишь) मूर्खता की बात कह देना ; बक देना ।

сморчо́к (पुं॰) १. (एक प्रकार की खाने की) गुच्छी/कुकुरमत्ता ; २. (व्यक्ति के विषय में) नाटा और कमज़ोर ।

смо́рщить(ся) दे॰ мо́рщить(ся).

смота́ть दे॰ сма́тывать.

смотр (पुं॰) (परेड आदि का) निरीक्षण ।

смотре́ть (अपू॰), **по—** (पू॰) १. (अकर्मक) देखना ; (на) देखना ; с. при́стально टकटकी बाँधकर देखना ; с. в окно́ खिड़की में से देखना ; с. вперёд आगे देखना ; २. (पुस्तक, समाचार-पत्र आदि पर) नज़र दौड़ाना ; ३. (रोगी का) परीक्षण

करना ; (सेना का) निरीक्षण करना ; पर्यावलोकन करना ; ४. निगाह रखना ; चौकसी रखना ; с. за рабóтами काम पर निगाह रखना ; ५. (किसीका) अनुसरण करना , ६. (केवल अपू०) झाँकना : ७. (केवल अपू०) (के सदृश) दिखायी पड़ना ; он смóтрит победи́телем वह विजयी दिखायी पड़ता है ; смотри́ !, смотри́те ! देखना ! देखिए ! ; смотря́ по -के अनुसार ; смотря́ по обстоя́тельствам परिस्थिति के अनुसार ; как вы на э́то смóтрите ? आपका इसके विषय में क्या विचार है ? ; с. в óба दोनों आँखें खुली रखना/चौकन्ना रहना ; **—ся** (आत्म०) १. अपने आपको देखना ; —ся в зéркало शीशा देखना ; २. смотрéть का कर्मवाच्य ।

смотри́ны (बहु०) प्राचीन रूस में दुलहिन का वर के माता-पिता आदि से परिचय प्राप्त करने की रस्म ।

смотри́тель (पुं०), **—ница** (स्त्री०) अवेक्षक (सुपरवाइज़र) ; निरीक्षक (इंसपेक्टर) ।

смочи́ть दे० сма́чивать.

смочь (पू०) (भवि० смогу́, смóжешь) -सकना ; он не смог прийти́ вчера́ वह कल न आ सका ।

смошéнничать दे० мошéнничать.

смрад (पुं०) दुर्गन्ध ; बदबू ; **—ный** (वि०) दुर्गन्धयुक्त ; बदबूदार ।

смуглова́тый (वि०) कुछ साँवले रँग का ।

сму́гл||ый (वि०) साँवला ; **—я́нка** (स्त्री०) साँवली लड़की ।

сму́т||а (स्त्री०) राजद्रोह ; उथल-पुथल ; сéять —у फूट डालना/राजद्रोह के बीज बोना ।

смути́ть(ся) दे० смуща́ть(ся).

сму́тн||о (क्रि० वि०) अस्पष्टता से ; धुँधलेपन से ; सन्दिग्ध रूप से ; **—ый** (वि०) अस्पष्ट ; सन्दिग्ध ; धुँधला ; —ое представлéние अस्पष्ट/सन्दिग्ध विचार ।

смутья́н (पुं०), **—ка** (स्त्री०) राजद्रोही/राजद्रोहिणी ।

смуща́ть (अपू०), **смути́ть** (पू०) (भवि० смущу́, смути́шь) घबरा देना ; औसान खता करना ; आकुल करना ; (शान्ति आदि) भंग करना ; с. покóй शान्ति भंग करना ; **—ся** (आत्म०) १. घबरा जाना ; आकुल होना ; सकुचाना ; झेंपना ; २. смуща́ть का कर्मवाच्य ।

смущéние (नपुं०) घबराहट ; झेंप ।

смыва́ть (अपू०), **смыть** (पू०) (भवि० смóю, смóешь) १. धो डालना ; २. बहा ले जाना ; **—ся** (आत्म०) १. (धुलाई में) उतर जाना/छूट जाना ; २. смыва́ть का कर्मवाच्य ।

смыка́ть (अपू०), **сомкну́ть** (पू०) १. (बिल्कुल) मिला देना ; एक कर देना ; २. बन्द करना ; मूँदना ; сомкну́ть глаза́ आँखें बन्द करना ; आँखें मूँदना ; **—ся** (आत्म०) १. मिल जाना ; एक हो जाना ; २. बन्द होना ।

смысл (पुं०) १. भावार्थ ; अर्थ ; प्रयोजन ; имéть с. अर्थ होना ; с. жи́зни जीवन का प्रयोजन ।

смы́слить (अपू०) समझना ।

смыслово́й (वि०) смысль से वि० ।

смы́ть(ся) दे० смыва́ть(ся).

смы́чка (स्त्री०) १. बिलकुल मिल जाने/एक हो जाने की क्रिया ; २. मिलने का स्थान ; с. свóдов महराबों के मिलने का स्थान ; ३. (हितों और कार्य का) ऐक्य ।

смычкóвый (वि०) धनुषाकार ।

смы́чный (वि०) स्पर्श (व्यंजन) ।

смычóк (पुं०) कमान ; (सारंगी आदि बजाने का) गज़ ; कमानी ।

смышлён||ость (स्त्री०) चातुर्य ; चतुराई ; **—ый** (वि०) चतुर ।

смягча́ть (अपू०), **смягчи́ть** (पू०) नर्म करना ; कम करना ; ढीला करना ; с. гнев क्रोध कम करना ; **—ся** (आत्म०) नर्म होना ; (रोग का) कम होना ; ढीला पड़ना ।

смятéние (नपुं०) गड़बड़ी ; दुर्व्यवस्था ; धाँधली ; приводи́ть в с. गड़बड़ी फैलाना/धाँधली मचाना ।

смять (पू०) (сомну́, сомнёшь) १. (कपड़े या

काग़ज़ में) सलवटें डालना ; शिकन डालना ; (घास) रौंदना ; २. (सेना०) कुचलना ।

смя́ться (आत्म० पू०) सलवटें पड़ना ।

снабж||а́ть (अपू०), **снабди́ть** (पू०) (भवि० снабжу́, снабди́шь) सम्भरण करना ; उपलब्ध / मुहैया करना ; (-से) युक्त करना ; (-से) सुसज्जित करना ; **—е́ние** (नपुं०) रसद ; सम्भरण (क्रिया) ।

сна́добье (नपुं०) (जड़ी-बूटियों से तैयार की हुई) ओषधि ; दवा ।

снару́жи (क्रि० वि०) बाहर ; बाहर से ।

снаря́д (पुं०) १. प्रक्षेपित असना ; गोला ; २. (टेक०) गियर ।

снаряди́ть(ся) दे० снаряжа́ться.

снаря́дный (वि०) снаря́д से वि० ।

снаряжа́ть (अपू०), **снаряди́ть** (पू०) (भवि० снаряжу́, снаряди́шь) सुसज्जित करना ; (-से) युक्त करना ; लैस करना ; **—ся** (आत्म०) १. सुसज्जित होना ; -से युक्त होना ; २. снаряжа́ть का कर्मवाच्य ।

снаряже́ние (नपुं०) साज-सामान ; सामग्री ।

снасть (स्त्री०) (बहुधा एकवचन समू०) उपकरण ; साज़-सामान ; सामान ; рыболо́вная с. मछलियाँ पकड़ने का सामान ।

снача́ла (क्रि० वि०) आरम्भ से ; फिर से ; नये सिरे से ।

снег (पुं०) हिम ; बर्फ़ ; идёт с. बर्फ़ पड़ रही है ; поля́ покры́ты —ом खेत बर्फ़ से ढँके हैं ; **—ово́й** (वि०) हिम– ; बर्फ़ का ; —ова́я вода́ हिमजल ; बर्फ़ का पानी ।

снегу́рка, снегу́рочка (स्त्री०) हिमकन्या; हिमकुमारी ।

снеда́||ть (अपू०) खा जाना ; его́ —ет раска́яние पश्चात्ताप उसको खाये जा रहा है ।

снедь (स्त्री०) (केवल एकवचन) भोजन ; खाद्य पदार्थ ।

снежи́нка (स्त्री०) बर्फ़ का गाला ।

сне́жн||ый (वि०) हिममय ; बर्फ़ीला ; —ая зима́ बर्फ़ीली शरद् ऋतु ।

снеж||о́к (पुं०) १. हल्की बर्फ़ ; २. बर्फ़ का गाला; игра́ть в —ки बर्फ़ के गाले मार-मारकर खेलना/एक-दूसरे के बर्फ़ के गाले मारना ।

снести́ दे० сноси́ть.

снести́сь दे० сноси́ться और нести́сь.

снето́к (पुं०) एक प्रकार की मछली ।

снижа́ть (अपू०), **сни́зить** (पू०) (भवि० сни́жу, сни́жешь) १. नीचे को करना ; २. घटाना ; कम करना ; с. тре́бования माँग कम करना ; ३. पदावनति करना ; (पद में) नीचा कर देना ; ☐ с. тон स्वर धीमा करना ; **—ся** (आत्म०) १. नीचे होना ; नीचे उतरना ; २. घटना ; कम होना ; (मूल्य का) गिर जाना ।

сниже́ние (नपुं०) नमन ; पतन ; कमी ; с. себесто́имости उत्पादन-मूल्य में कमी ।

снизойти́ दे० снисходи́ть.

сни́зу (क्रि० वि० और अ०) नीचे से ; तल से ; नीचे ; посмотре́ть с. नीचे से देखना ; положи́те кни́гу с. पुस्तक नीचे रख दीजिए ।

снима́ть (अपू०), **снять** (पू०) (भवि० сниму́, сни́мешь) १. उतारना ; हटाना ; с. шля́пу टोपी उतारना ; с. сли́вки с молока́ दूध पर से मलाई उतारना ; с. урожа́й फ़सल काटना ; с. с кого́-л. отве́тственность किसीको ज़िम्मेदारी से मुक्त करना ; с. с кого́-л. показа́ния किसीकी गवाही लेना ; с. своё предложе́ние अपना प्रस्ताव वापस लेना ; с. ме́рку с кого́-л. किसीका नाप लेना ; २. (फ़ोटो) उतारना ; खींचना ; ३. किराये पर लेना ; ☐ как руко́й сня́ло मानो जादू से ग़ायब हो गया हो ; **—ся** (आत्म०) १. —ся с учёта हिसाब में से काट देना ; २. अपनी फ़ोटो खिंचवाना/उतरवाना ; ३. снима́ть का कर्मवाच्य ।

сни́мок (पुं०) फ़ोटो ; छाया-चित्र ।

сниска́ть (पू०) (भवि० снищу́, сни́щешь) प्राप्त करना ; पाना ; с. сла́ву ख्याति पाना ।

снисходи́тельн||ость (स्त्री०) शिष्टता ; विनय ; मुलायमियत ; नर्मी ; कृपालुता ; **—ый** (वि०) विनयशील ; मुलायम ; नर्म ; कृपालु ।

снисходи́ть (अपू०), **снизойти́** (पू०) (वर्त० снисхожу́, снисхо́дишь ; भवि० снизойду́, снизойдёшь) विनयशील होना ; नर्मी से काम करना ।

снисхожде́ние (नपुं०) विनय ; नर्म ; कृपा ; मुलायमियत ।

сни́‖ться (आत्म० अपू०), **при—** (आत्म० पू०) स्वप्न देखना ; ему́ —лось, что उसे स्वप्न आया कि . . . . ; ему́ —лся сон उसे स्वप्न आया ।

сно́ва (क्रि० वि०) पुनः ; फिर से ; начина́ть с. पुनः आरम्भ करना ; с. расска́зывать फिर से कहना ।

снова́льн‖ый (वि०) ताना तानने का ; —ая маши́на ताना तानने की मशीन ।

снова́льщи‖к (पुं०), **—ца** (स्त्री०) ताना ताननेवाला/वाली ।

снова́ть (अपू०) (сную́, снуёшь) १. आगे-पीछे जाना ; тепе́рь по Во́лге парохо́ды взад и вперёд сную́т अब वोल्गा नदी में जहाज़ आगे-पीछे जा रहे हैं ; २. आँखों के सामने फिरना ; ३. ताना तानना ।

сновиде́ние (नपुं०) स्वप्न ।

сногсшиба́тельный (वि०) स्तब्ध करनेवाला ।

сноп (पुं०) पूला ; गट्ठा ; पुलिन्दा ।

сноро́вк‖а (स्त्री०) प्रवीणता ; कुशलता ; चतुराई ; име́ть —у в чём-л किसी काम में कुशल होना ।

снос (पुं०) **I.** с. тече́нием धारा में बह जाना ; **II.** ढाहना ; дом прода́н на с. मकान ढ़ाहने के लिए बेच दिया गया है ; **III.** э́тому —у нет (कपड़ा आदि) यह बहुत चलेगा/यह बहुत चलाऊ है ।

сноси́ть -I. (अपू०), **снести́** (पू०) (वर्त० сношу́, сно́сишь ; भवि० снесу́, снесёшь) १. ले जाना ; (एक स्थान पर लाकर) एकत्रित कर देना ; ढेर लगाना ; (ऊपर से नीचे कों) लाना ; २. (हवा, आँधी का) उड़ाकर ले जाना ; (पानी का) बहाकर ले जाना ; бу́ря снесла́ кры́шу आँधी से छत उड़ गयी ; ३. ढाहना ; (दीवार आदि) तोड़कर गिरा देना ; ४. सहन करना ; **II.** (कर्तृ-निरपेक्ष) ему́ не с. головы́ यह उसको बहुत महँगा पड़ेगा ; **—ся(сь)** (आत्म०) १. पत्र-व्यवहार करना ; с. друг с. друго́м एक-दूसरे से पत्र-व्यवहार करना ; २. сноси́ть का कर्मवाच्य ।

сно́ска (स्त्री०) पाद-टिप्पणी ।

сно́сн‖о (क्रि० वि०) कामचलाऊ तौर से ; **—ый** (वि०) मामूली ; कामचलाऊ ; खासा ।

снотво́рн‖ый (वि०) १. निद्राकारी ; नींद लानेवाला ; —ое сре́дство नींद लानेवाली ओषधि ; २. उकता देनेवाला ।

сноха́ (स्त्री०) पुत्रवधू ; पतोहू ।

сноше́ни‖е (नपुं०) संसर्ग ; व्यवहार ; सम्बन्ध ; дру́жеские —я मित्रता का व्यवहार ; прерыва́ть —я с кем-л. किसीसे सम्बन्ध विच्छेद करना ।

сня́тие (नपुं०) उतारने/उठाने/हटाने की क्रिया ; с. урожа́я फ़सल की कटाई ; с. с рабо́ты काम से हटा दिया जाना ; с. взыска́ния (जुर्माना, कर आदि की) उगाही से मुक्ति ।

снят‖о́й (वि०) —о́е молоко́ सपरेटा ; मक्खन निकाला हुआ दूध ।

сня́ть(ся) दे० снима́ть(ся).

со = с

соа́втор (पुं०) सहलेखक ।

соба́ка (स्त्री०) कुत्ता ।

соба́‖чий (वि०) कुत्ते का ; —чья жизнь कुत्ते का जीवन ।

соба́чка (स्त्री०) १. पिल्ला ; छोटा कुत्ता ; २. (बन्दूक का) घोड़ा ।

собесе́дн‖ик (पुं०), **—ица** (स्त्री०) सहभाषी/सहभाषिणी ।

собесе́дование (नपुं०) सहभाषण ; वार्तालाप ।

собира́тель (पुं०), **—ница́** (स्त्री०) संग्रहकर्ता/संग्रहकर्त्री ; с. книг पुस्तक-संग्रहकर्ता ।

собира́тельн‖ый (वि०) समूहवाचक ; —ое существи́тельное समूहवाचक / समुदायवाचक संज्ञा ।

собира́ть (अपू०), **собра́ть** (पू०) (भवि०

соберу́, соберёшь) १. इकट्ठे करना ; चुनना ; с. цветы́ फूल चुनना ; с. ка́мешки कंकड़ इकट्ठे करना ; с. де́ньги धन संचय करना ; २. (सभा आदि) बुलाना ; ३. (मशीन के पुर्ज़ों का) संयोजन करना ; ४. (यात्रा के लिए) सुसज्जित/तैयार करना ; ५. с. на стол मेज़ पर भोजन परोसना ; с. со стола́ मेज़ से भोजन उठाना ; **—ся** (आत्म०) १. एकत्रित होना ; इकट्ठे होना ; собрало́сь мно́го наро́да बहुत-से लोग एकत्रित हो गये ; २. इच्छा रखना ; इरादा करना ; он собира́ется е́хать в Москву́ उसका मास्को जाने का इरादा है ; ३. собира́ть का कर्मवाच्य ।

соблаговоли́ть (पू०) अनुमति देना ; कृपा करना ; с. дать отве́т उत्तर देने की कृपा करना ।

собла́зн (पुं०) प्रलोभन ; लालच ; вводи́ть в с. प्रलोभन देना ; **—и́тель** (पुं०), **—и́тельница** (स्त्री०) प्रलोभयिता/प्रलोभयित्री ; प्रलोभक ; फुसलानेवाला/वाली ; शीलहर्ता/हर्त्री ; **—и́тельность** (स्त्री०) प्रलोभन ; फुसलाहट ; **—и́тельный** (वि०) फुसलानेवाला ; लुभानेवाला ।

соблазня́ть (अपू०), **соблазни́ть** (पू०) प्रलुब्ध करना ; फुसलाना ; फँसाना ; **—ся** (आत्म०) प्रलोभन में आना ; फुसलाहट में आना ।

соблюда́ть (अपू०), **соблюсти́** (पू०) (भवि० соблюду́, соблюдёшь) (क़ानून, प्रथा आदि का) पालन करना ; с. поря́док व्यवस्था रखना ।

соблюде́ние (नपुं०) (क़ानून, प्रथा आदि का) पालन ।

соболе́знование (नपुं०) समवेदना ; выража́ть кому́-л своё с. किसीसे समवेदना प्रकट करना ।

соболе́зновать (अपू०) (—ную) समवेदना प्रकट करना ।

собо́лий (वि०) सेबल (दे० со́боль) का ।

со́боль (पुं०) सेबल (एक प्रकार का जन्तु) ।

собо́р (पुं०) १. बड़ा गिरजाघर ; २. समिति ; सभा ।

собо́ю : себя́ का करणकारक-रूप ; само́ с. (разуме́ется) यह स्पष्ट है कि...; сам с. स्वयं/अपने आप ; он хоро́ш с. वह बहुत सुन्दर है ; оно́ дви́жется само́ с. वह (यन्त्र आदि) अपने आप चलता है ।

собра́ние (नपुं०) १. सभा ; बैठक ; о́бщее с. साधारण बैठक ; законода́тельное с. विधान-सभा ; २. संग्रह ।

собра́т (पुं०) साथी ; सहकर्मी ; सहयोगी ; सहकारी ; с. по ремеслу́ धन्धे में सहकारी ।

собра́ть(ся) दे० собира́ть(ся).

со́бственник (पुं०) स्वामी ; मालिक ; земе́льный с. ज़मींदार ।

со́бственн||о (क्रि० वि०) с. говоря́ ठीक-ठीक कहा जाये तो- ; э́то с. не совсе́м так ठीक-ठीक कहा जाये तो यह ऐसा नहीं है ; с. го́род शहर ख़ास ; **—ость** (स्त्री०) सम्पत्ति ; स्वामित्व ; जायदाद ; обще́ственная —ость सामाजिक सम्पत्ति ; ли́чная —ость निजी सम्पत्ति ; о́бщая —ость साझी / सामान्य सम्पत्ति ; **—ый** (वि०) अपना ; व्यक्तिगत ; в —ые ру́ки अपने हाथों में ; —ое и́мя (व्या०) व्यक्तिवाचक संज्ञा ।

собуты́льник (पुं०) हम-प्याला ।

собы́тие (नपुं०) घटना ।

сова́ (स्त्री०) उल्लू ।

сова́ть (पू०), **су́нуть** (पू०) (वर्त० сую́, суёшь) (में) ठूँसना ; डालना ; с. что-л. в карма́н कोई वस्तु जेब में डालना ; с. ру́ки в карма́н जेब में हाथ डालना ; **—ся** (आत्म०) हस्तक्षेप करना ; दख़ल देना ।

соверша́ть (अपू०), **соверши́ть** (पू०) १. पूरा करना ; सम्पन्न करना ; (हत्या, पाप आदि) करना ; с. оши́бку ग़लती करना ; **—ся** (आत्म०) घटित होना ; होना ; २. पूर्ण होना ; ३. соверша́ть का कर्मवाच्य ।

совершéние (नपुं०) सिद्धि ; पूरा होना ; (हत्या, पाप आदि का) होना ।

совершéнно (क्रि० वि०) पूर्णतया ; सर्वथा ; बिल्कुल ; с. вéрно बिल्कुल ठीक ; с. гóлый बिल्कुल नंगा ।

совершеннолéт||ие (नपुं०) वयस्कता ; वयस्कता-प्राप्त ; बालिग़पन ; достигáть —ия वयस्कता को प्राप्त होना ; **—ний** (वि०) वयस्क ; बालिग़ ; быть —ним वयस्क होना/बालिग़ होना ।

совершéнн||ый (वि०) सम्पूर्ण ; परम ; पूरा ; —ая прáвда परम सत्य ।

совершéнств||о (नपुं०) पूर्णता ; достигáть —а पूर्णता को प्राप्त करना ।

совершéнствовать (अपू०), **у—** (पू०) (—ствую) सम्पूर्ण बनाना ; विकास करना ; с. свой талáнт अपनी प्रतिभा का विकास करना ; **—ся** (आत्म०) १. सम्पूर्णता को प्राप्त करना ; २. совершéнствовать का कर्मवाच्य ।

совершúть(ся) दे० совершáть(ся).

сóвеститься (आत्म० अपू०), **по—** (आत्म० पू०) (भवि० сóвещусь, сóвестишься) लज्जित होना ; शर्मिन्दा होना ।

сóвестлив||ость (स्त्री०) सत्यनिष्ठता ; ईमानदारी ; **—ый** (वि०) सत्यनिष्ठ ; ईमानदार ।

сóвестно (कर्तृ-निरपेक्ष) емý с. сдéлать э́то वह ऐसा करने के लिए लज्जित है ; как вам не с. ! आपको लज्जा नहीं आती !

сóвесть (स्त्री०) अन्तरात्मा ; अन्त:करण ।

совéт (पुं०) **I.** सोवियत ; Верхóвный Совет СССР सोवियत संघ की सर्वोच्च सोवियत ; Совéт Национáльностей जातीय सोवियत ; Совéт Сою́за संघ-सोवियत ; **II.** परिषद् ; Совéт минúстров मन्त्रि-परिषद् ; Совет Безопáсности सुरक्षा-परिषद् ; **III.** परामर्श ; सम्मति ; मन्त्रणा ; सलाह ; राय ; по егó —у उसकी सम्मति में ; он дал мне хорóший с. उसने मुझे अच्छी सलाह दी ।

совéтник (पुं०) सलाहकार ; मन्त्रणाकार ; परामर्शदाता ।

совéтовать (अपू०), **по—** (पू०) (वर्त० —тую) परामर्श/सलाह देना ; **—ся** (आत्म०) सम्मति लेना ; सलाह करना ।

совéтск||ий (वि०) सोवियत- ; Совéтский Сою́з सोवियत-संघ ; —ая власть सोवियत-सत्ता ; —ое государство सोवियत-सरकार ।

совéт||чик (पुं०), **—чица** (स्त्री०) सम्मति देनेवाला/वाली ; सलाहकार ।

совещáние (नपुं०) सम्मेलन ; सभा ; बैठक ।

совещáтельный (वि०) परमार्शदातृ- ; मन्त्रणा- ; विमर्शी ; विचारात्मक ; с. оргáн परमार्शदातृ- समिति ; с. голóс विमर्शी-मत ।

совещáться (आत्म० अपू०) (किसीसे) विचार-विमर्श करना ; परामर्श करना ; सलाह-मशवरा करना ।

совúный (वि०) उल्लू का ।

совладáть (अपू०) वशीभूत करना ; क़ाबू में करना ; с. с собóй अपने आपको वश में रखना ।

совладé||лец (पुं०) संयुक्त स्वामी ; **—ние** (नपुं०) संयुक्त/सम्मिलित सम्पत्ति ; संयुक्त स्वामित्व ।

совлекáть (अपू०), **совлéчь** (पू०) (भवि० совлекý, совлечёшь) डिगाना ; हटाना ; с. с путú úстинного धर्मपथ से डिगाना ।

совместúм||ость (स्त्री०) अनुरूपता ; अविरुद्धता ; **—ый** (वि०) अनुरूप ; अविरुद्ध ।

совместúтельств||о (नपुं०) बहुलवाद ; अनेकवाद ; рабóтать по —у = совместúтельствовать ; **—овать** (अपू०) (—ствую) अनेक पद धारण करना ।

совместúть(ся) दे० совмещáть(ся).

совмéстн||о (क्रि० वि०) एक साथ मिलकर ; सम्मिलित रूप से ; **—ый** (वि०) संयुक्त ; सम्मिलित ; —ое заседáние संयुक्त बैठक ; —ая рабóта सम्मिलित काम ।

совмещáть (अपू०), **совместить** (पू०) (भवि० совмещý, совместúшь) १. संयुक्त

करना ; с. рабо́ту машини́стки и секретаря́ टाइपिस्ट और वैयक्तिक सहायक का काम संयुक्त करना ; २. = совмести́тельствовать ; **—ся** (आत्म०) १. संयुक्त होना ; मिलना ; २. (गणित) सम्पात होना ।

совмеще́ние (नपुं०) १. मिल जाना ; संयुजन ; २. एक व्यक्ति के एक समय में बहुत से पद धारण करने की क्रिया ; ३. (गणित) सम्पात ।

совнарко́м (Сове́т Наро́дных Комисса́ров) जन-कमिसार (जन-प्रतिनिधि) सोवियत ।

сово́к (पुं०) (छोटा) बेलचा ।

совокупи́ться दे० совокупля́ться.

совокупле́ние (नपुं०) मैथुन ।

совокупля́ться (आत्म० अपू०), **совокупи́ться** (आत्म० पू०) (भवि० совокуплю́сь, совокупи́шься) मैथुन करना ।

совоку́пн‖о (क्रि० वि०) सम्मिलित रूप से ; **—ость** (स्त्री०) समुदाय ; जोड़ ; в —ости जोड़ में ; **—ый** (वि०) सम्मिलित ; संयुक्त ।

совпада́ть (अपू०), **совпа́сть** (पू०) (भवि० совпаду́, совпадёшь) सम्पात होना ; सम्मत होना ; एक ही समय होना ; не с. सम्मत न होना ।

совпаде́ние (नपुं०) सम्पात ; सम्मत होने का भाव ; संयोग ।

совпа́сть दे० совпада́ть.

соврати́тель (पुं०), **—ница** (स्त्री०) (फुसलाकर) पथभ्रष्ट करनेवाला/वाली ।

соврати́ть(ся) दे० совраща́ть(ся).

совра́ть दे० врать.

совраща́ть (अपू०), **соврати́ть** (पू०) (भवि० совращу́, соврати́шь) (फुसलाकर) पथभ्रष्ट करना ; **—ся** (आत्म०) पथभ्रष्ट होना ।

совраще́ние (नपुं०) शीलहरण ; पथभ्रष्ट करने की क्रिया ।

совреме́нн‖ик (पुं०) समकालीन ; समसामयिक; **—ость** (स्त्री०) १. समकालीनता ; २. समसामयिकता ; २. नवीनता ; आधुनिकता ; **—ый** (वि०) १. समकालीन ; समसामयिक ; २. नवीन ; वर्तमान ; आधुनिक ; —ая литерату́ра आधुनिक साहित्य ; —ое положе́ние वर्तमान स्थिति ।

совсе́м (क्रि० वि०) सर्वथा ; पूर्ण रूप से ; बिल्कुल ; он с. молодо́й वह सर्वथा युवक है ; он с. разорён वह सर्वथा नष्ट हो चुका है ; мне э́то с. не нра́вится यह मुझे बिल्कुल नहीं भाता ।

совхо́з (पुं०) राजकीय फ़ार्म ; **—ный** (वि०) राजकीय फ़ार्म का ।

согбе́нный (वि०) झुका हुआ ; नत ।

согла́си‖е (नपुं०) १. सहमति ; स्वीकृति ; дава́ть своё с. अपनी स्वीकृति देना ; २. ऐकमत्य; मित्रता ; मेलजोल ; жить в —и मित्रतापूर्वक रहना ; मेलजोल से रहना ।

согласи́тельн‖ый (वि०) सन्धि ; सुलह कराने का ; —ая коми́ссия सन्धि-आयोग ।

согласи́ться दे० соглаша́ться.

согла́сн‖о (क्रि० वि०) १. सामंजस्य में ; सामंजस्य रखते हुए ; मेल-जोल से ; २. -के अनुसार ; с. конститу́ции विधान के अनुसार ; с. с реше́нием комите́та समिति के निर्णय के अनुसार ; **—ость** (स्त्री०) १. समस्वरता ; २. ऐकमत्य ; **—ый** (वि०) I. १. सहमत ; एकमत ; быть —ым सहमत होना ; он с ва́ми не согла́сен वह आपसे सहमत नहीं है ; २. समस्वर ; II. (व्या०) १. व्यंजन का ; व्यंजन-सम्बन्धी ; २. (संज्ञा की तरह प्रयुक्त) (वि० रू०) व्यंजन (अक्षर) ।

соглас‖ова́ние (नपुं०) १. सामंजस्य ; सहमति ; २. एकता ; मेल ; **—о́ванность** (स्त्री०) सामंजस्य ; तालमेल ।

согласо́вывать (अपू०), **согласова́ть** (पू०) (भवि० —су́ю) तालमेल रखना ; सामंजस्य रखना ; समस्वर करना ; **—ся** (आत्म०) १. सामंजस्य होना ; समस्वर होना ; मेल खाना ; -के अनुसार होना ; २. согласо́вывать का कर्मवाच्य ।

соглаша́тель (पुं०) (राजनीतिक) अवसरवादी ; **—ство** (स्त्री०) अवसरवाद ।

соглаша́ться (आत्म० अपू०), **согласи́ться** (आत्म० पू०) (भवि० соглашу́сь, согласи́шься) सहमत होना ; мы согласи́лись уéхать вмéсте हम मिलकर/इकट्ठे जाने के लिए सहमत हो गये ; все согласи́лись с ора́тором वक्ता से सब सहमत थे ।

соглашéн||ие (नपुं०) १. समझौता ; приходи́ть к —ию, достига́ть —ия समझौता करना ; २. अनुबन्ध ; करार ; संविदा ।

соглята́тай (पुं०) जासूस ; खुफ़िया ; भेदिया ।

согна́ть दे० сгоня́ть.

согну́ть(ся) दे० гнуть(ся) और сгиба́ть(ся).

сограждани́н (पुं०) सहनागरिक ।

согрева́ние (नपुं०) तपाने/गर्म करने की क्रिया ।

согрева́ть (अपू०), **согрéть** (पू०) तपाना ; गर्मी पहुँचाना ; согрéть ру́ки हाथ तापना ; अपने हाथों को गर्मी पहुँचाना ; **—ся** (आत्म०) १. तापना ; अपने आपको गर्मी पहुँचाना ; २. согрева́ть का कर्मवाच्य ।

согреша́ть (अपू०), **согреши́ть** (पू०) पाप करना ।

содéйствие (नपुं०) सहयोग ; सहायता ; оказа́ть с. кому́-л. किसीकी सहायता करना ।

содéйствовать (अपू० और पू०) (—ствую) सहायता करना ; सहयोग देना ; с. преступлéнию अपराध में साथ देना ।

содержа́н||ие (नपुं०) १. निर्वाह ; संधारण ; देख-रेख ; रख-रखाव ; с. под арéстом हिरासत ; расхóды по —ию निर्वाह-व्यय ; быть на —ии когó-л. निर्वाह के लिए किसी पर आश्रित होना ; २. (पुस्तक की) विषय-सूची ; ३. द्रव्य ; фóрма и с. रूप और द्रव्य ; ४. मात्रा ; с. кислорóда в вóздухе हवा में आक्सीजन की मात्रा ; с. письма́ पत्र की विषय-वस्तु ; с. кни́ги पुस्तक की विषय-सूची/पुस्तक का विषय ।

содержа́нка (स्त्री०) रखैल ।

содержа́тель (पुं०), **—ница** (स्त्री०) (होटल आदि का) स्वामी/स्वामिनी ; ग़ालिक/मालकिन ।

содержа́тельн||ость (स्त्री०) सारगर्भितता/भाव-वस्तु की समृद्धता ; **—ый** (वि०) सारगर्भित ; समृद्ध भाव-वस्तु का ; —ая кни́га सारगर्भित पुस्तक ; —ый человéк ठोस आदमी ।

содержа́ть (अपू०) १. (किसीका) भरण-पोषण करना ; निर्वाह-खर्च देना ; с. семью́ परिवार का भरण-पोषण करना ; २. -में होना ; -में समाना ; буты́лка содéржит литр молока́ बोतल में एक लिटर दूध आता है ; ३. रखना ; с. в. поря́дке व्यवस्थित रूप से रखना ; с. в тюрьмé क़ैद में रखना ; **—ся** (आत्म०) १. -में होना ; в э́той кни́ге содéржится мнóго полéзных свéдений इस पुस्तक में बहुत-सी उपयोगी बातें हैं ; २. содержа́ть का कर्मवाच्य ।

содержи́мое (नपुं०) (वि० रू०) विषय-वस्तु ।

сóдовый (वि०) सोडे का ।

содокла́д (पुं०) १. सह-भाषण ; २. सह-प्रतिवृत्त ; सह-रिपोर्ट ।

содокла́дч||ик (पुं०), **—ица** (स्त्री०) सहवक्ता, सहवक्त्री ।

содóм (पुं०) शोर-गुल ; गुल-गपाड़ा ; (अत्यधिक) अव्यवस्था ।

содра́ть दे० содира́ть.

содрога́ние (नपुं०) कम्पन ; приводи́ть когó-л. в с. किसीको कम्पायमान करना ।

содрога́ться (आत्म० अपू०), **содрогну́ться** (आत्म० पू०) काँपना ; थर्राना ।

содру́жество (नपुं०) सामंजस्य ; मेल-जोल ; मित्रता ।

сóевый (वि०) सोयाबीन का ।

соединéние (नपुं०) १. जोड़ने/संयुक्त करने की क्रिया ; जोड़ ; २. (सेना०) यूनिट ; टुकड़ी ।

соединённ||ый (कृदन्त और वि०) संयुक्त ।

соедини́тельн||ый (वि०) जोड़ने के काम आनेवाला ; —ые материа́лы जोड़ने के काम आनेवाली चीज़ें (गोंद, लेई आदि) ।

соединя́ть (अपू०), **соедини́ть** (पू०) जोड़ना ; संयुक्त करना ; मिलाना ; **—ся** (आत्म०) १. मिलना ; २. соединя́ть का कर्मवाच्य ।

сожалéн||ие (नपुं०) १. खेद ; अफ़सोस ; к сожалéнию अफ़सोस है कि...; २. दया ; करुणा ; из —ия दया करके ; возбуждáть с. в ком-л. किसीमें दया-भाव जागृत करना ।

сожалéть (अपू०) १. खेद प्रकट करना ; अफ़सोस करना ; २. (किसी पर) दया करना ।

сожжéние (नपुं०) जलन ; दाह ।

сожи́тель (पुं०) १. सहवासी ; साथ रहनेवाला ; २. जार ; प्रेमी ; **—ница** (स्त्री०) १. सहवासिनी ; साथ रहनेवाली ; २. प्रेमिका ; रखैल ; **—ство** (नपुं०) १. सहवास ; साथ रहना ; २. मैथुन ; **—ствовать** (अपू०) (वर्त० —ствую) १. इकट्ठे रहना ; २. मैथुन करना ।

сожрáть दे० жрать.

созвáниваться (आत्म० अपू०), **созвони́ться** (आत्म० पू०) टेलीफ़ोन पर बात करना ; टेलीफ़ोन पर बुलाना ।

созвáть दे० созывáть और сзывáть.

созвéздие (नपुं०) तारामंडल ।

созвони́ться दे० созвáниваться.

созву́ч||ие (नपुं०) सामंजस्य ; एकलय ; समस्वरता ; **—ный** (वि०) अनुरूप ; समस्वर ; —ный эпóхе समय के अनुरूप ।

создавáть (अपू०), **создáть** (पू०) (वर्त० создаю́, создаёшь ; भवि० создáм, создáшь) सृष्टि करना ; रचना करना ; बनाना ; (सिद्धान्त आदि की) स्थापना करना ; उद्भावना करना ; создáть услóвия для рабóты काम के लिए परिस्थितियाँ पैदा करना ; он не сóздан для э́того वह इसके लिए नहीं बना है ; **—ся** (आत्म०) १. उत्पन्न होना ; बनना ; создалóсь óстрое положéние गम्भीर स्थिति उत्पन्न हो गयी ; २. создавáть का कर्मवाच्य ।

создáние (नपुं०) १. सृष्टि ; सृजन ; निर्माण ; उद्भव ; २. कृति ; ३. प्राणी ।

создáтель (पुं०) स्रष्टा ; उत्पादक ; ब्रह्मा ; विधाता ; (सिद्धान्त आदि का) उद्भावक ; जन्मदाता ; **—ница** (स्त्री०) создáтель का स्त्री०-रूप ।

создáть दे० создавáть और созидáть ; **—ся** दे० создавáться.

созерцáние (नपुं०) चिन्तन ; ध्यान ।

созерцáтель (पुं०), **—ница** (स्त्री०) चिन्तक/चिन्तिका ; चिन्तन करनेवाला/वाली ; ध्यान करनेवाला/वाली ।

созерцáть (अपू०) चिन्तन करना ; भली भाँति सोचना ।

созидáние (नपुं०) सृष्टि ; सृजन ; निर्माण ।

созидáтель (पुं०) स्रष्टा ; उत्पादक ; ब्रह्मा ; विधाता ।

созидáть (अपू०), **создáть** (पू०) सृजन करना ; निर्माण करना ; उत्पन्न करना ।

сознавáть (अपू०), **сознáть** (पू०) (वर्त० сознаю́, сознаёшь ; भवि० сознáю, сознáешь) १. पता होना ; जानना ; он не сознаёт, что дéлает वह नहीं जानता कि वह क्या कर रहा है ; २. पहचानना ; मानना ; с. свою́ вину́ अपना अपराध मानना ; с. свой долг अपना धर्म पहचानना ; **—ся** (आत्म०) १. स्वीकार करना ; मानना ; तस्लीम करना ; нельзя́ не сознáться, нáдо сознáться यह मानना पड़ेगा/यह स्वीकार करना पड़ेगा ; २. сознавáть का कर्मवाच्य ।

сознáние (नपुं०) १. चेतना ; जागृति ; клáссовое с. वर्ग-चेतना ; терять с. चेतनाशून्य होना/बेहोश होना ; २. स्वीकरण ; तस्लीम करने की क्रिया ।

сознáтельн||ость (स्त्री०) १. चेतना ; २. विचार ; इरादा ; **—ый** (वि०) १. जागरूक ; चेतनाशील ; सचेत ; —ый рабóчий वर्ग-सचेत श्रमिक ; человéк существó —ое मनुष्य चेतना-सम्पन्न प्राणी है ; २. जान-बूझकर किया हुआ ; विचारित ; —ый постýпок जान-बूझकर किया हुआ काम ।

сознáть(ся) दे० сознавáть(ся).

созревáние (नपुं०) पकने की क्रिया ; प्रौढ़ता प्राप्त करना ; половóе с. यौवनागम/जवानी ।

созрева́ть (अपू०), **созре́ть** (पू०) पकना ; परिपक्व/प्रौढ़ होना ; его́ тала́нт созре́л उसकी प्रतिभा परिपक्व हो गयी है ।

созре́вший : १. созрева́ть से कृदन्त ; २. परिपक्व ; पका हुआ ।

созре́ть दे० созрева́ть.

созы́в (पुं०) (सभा आदि) बुलाने की क्रिया ; संयोजन ; с. заседа́ния बैठक बुलाना ।

созыва́ть (अपू०), **созва́ть** (पू०) (भवि० созову́, созовёшь) (सभा, संसद आदि) बुलाना ; (अतिथियों को) आमन्त्रित करना ।

соизволе́ние (नपुं०) स्वीकृति ; मंज़ूरी ।

соизволя́ть (अपू०), **соизво́лить** (पू०) कृपा करना ; наконе́ц он соизво́лил отве́тить на письмо́ आख़िरकार उसने पत्र का उत्तर देने की कृपा की ।

соизда́тель (पुं०) सहप्रकाशक ।

соизмери́м||ость (स्त्री०) अनुरूपता ; सादृश्य ; **—ый** (वि०) अनुरूप ; तुल्य ; सदृश ।

соиска́ние (नपुं०) प्रतियोगिता ।

соиска́тель (पुं०) प्रतियोगी ; प्रतियोगिता में भाग लेनेवाला ।

со́йка (स्त्री०) नीलकंठ (पक्षी) ।

сойти́(сь) दे० сходи́ть(ся).

сок (पुं०) (फल या वनस्पति का) रस ।

со́кол (पुं०) १. बाज़ ; २. सुन्दर युवक ; ३. व्यायामशाला का सदस्य ; ☐ гол как с. अकिंचन ; बहुत ग़रीब ।

соко́л||ик (पुं०) со́кол का अल्प० ; **—и́ный** (वि०) बाज़ का ।

сокраща́ть (अपू०), **сократи́ть** (पू०) (भवि० сокращу́, сократи́шь) १. छोटा करना ; संक्षिप्त करना ; घटाना ; कम करना ; с. расхо́ды ख़र्च घटाना ; २. बर्ख़ास्त करना ; नौकरी से हटाना ; ३. (गणित) काटना ; ४. (शरीरक्रिया-सम्बन्धी) सिकोड़ना ; संकुचन ; **—ся** (आत्म०) १. छोटा होना ; дни сократи́лись दिन छोटे हो गये हैं ; २. (गणित) कट जाना ; дробь $\frac{4}{8}$ мо́жет сократи́ться на 2, $\frac{४}{८}$ २ से कट जाता है ; ३. (शरीरक्रिया-सम्बन्धी) सिकुड़ना ; संकुचन ; ४. (केवल पू०) ख़र्च घटाना ; придётся сократи́ться ख़र्च घटाना पड़ेगा ।

сокраще́н||ие (नपुं०) १. छोटा/कम/संक्षिप्त करने की क्रिया ; घटाने की क्रिया ; с —ями संक्षिप्त ; с. вре́мени समय घटाना ; २. नौकरी से अलग करने की क्रिया ; बर्ख़ास्तगी ; छँटनी ; ३. (गणित) काटा ; (शरीरक्रिया-सम्बन्धी) संकोच ; सिकुड़न ।

сокращённ||о (क्रि० वि०) संक्षेप में ; संक्षिप्त रूप में ; **—ый** (वि०) १. сокраща́ть से कृदन्त ; २. (वि०) संक्षिप्त ; छोटा किया हुआ ।

сокрове́нн||ость (स्त्री०) गोपनीयता ; रहस्य ; **—ый** (वि०) गोपनीय ; गुप्त ; रहस्यपूर्ण ; निहित ।

сокро́вищ||е (नपुं०) कोष ; ख़ज़ाना ; **—ница** (स्त्री०) कोषागार ; ख़ज़ाना ; निधि ; —ница зна́ний ज्ञान-निधि ।

сокруша́ть (अपू०), **сокруши́ть** (पू०) १. टुकड़े-टुकड़े करना ; तहस-नहस करना ; नष्ट करना ; с. наде́жды आशाएँ नष्ट करना ; २. पीड़ित करना ; दुःख देना ।

сокруша́ться (आत्म० अपू०) १. (-के लिए) पीड़ित होना ; दुःखी होना ; २. сокруша́ть का कर्मवाच्य ।

сокруше́ние (नपुं०) १. टुकड़े-टुकड़े/नष्ट करने की क्रिया ; २. पीड़ा ; दुःख ; क्लेश ।

сокруши́тельный (वि०) विनाशकारी ; सत्यानाशी ; टुकड़े-टुकड़े कर देनेवाला ; नष्ट कर देनेवाला ।

сокруши́ть दे० сокруша́ть.

сокры́тие (नपुं०) १. छिपाव ; गोपन ; २. चुरायी हुई वस्तु प्राप्त करने/चोरी का माल लेने की क्रिया ।

сокры́тый (वि०) निहित ; गुप्त ; छिपाया हुआ ।

сокры́ть (पू०) छिपाना ; **—ся** (आत्म०) छिपना ।

солга́ть दे० лгать.

солда́т (पुं०) सिपाही ; सैनिक ; слу́жить в —ах सिपाही बनना ; **—ик** (पुं०) १. नन्हाँ सिपाही ; २. (खिलौना) सिपाही ; **—ка** (स्त्री०) सिपाही की पत्नी ; **—ский** (वि०) सिपाही का ; **—чина** (स्त्री०) १. भर्ती ; २. सिपाहीगीरी ।

солева́р (पुं०) १. नमक बनानेवाला मज़दूर ; २. नमक बनाने में विशेषज्ञ ; **—енный, —ный** (वि०) नमक बनाने का ; с. заво́д नमक बनाने का कारखाना ; **—ня** (स्त्री०) नमक बनाने का कारखाना ।

соле́ние (नपुं०) १. नमक डालने की क्रिया ; २. अचार डालने की क्रिया ; ३. (बहुधा बहु०) अचार आदि ।

солён||ый (वि०) नमकीन ; —ая ры́ба नमकीन ।

солепромы́шленность (स्त्री०) नमक-उद्योग ।

солеци́зм (पुं०) च्युत्संस्कारिता ; व्याकरण या मुहावरे की अशुद्धि ।

солида́рн||о (क्रि० वि०) सम्मिलित रूप से ; संगठित रूप से ; एकता से ; **—ость** (स्त्री०) संगठन ; एकता ।

соли́дн||ость (स्त्री०) १. घनता ; ठोसपन ; २. विश्वसनीयता ; **—ый** (वि०) १. ठोस ; —ые зна́ния ठोस ज्ञान ; २. विश्वसनीय ; —ый челове́к विश्वसनीय मनुष्य ; ३. बड़ा ; —ая су́мма ठोस रक़म ।

соли́ст (पुं०), **—ка** (स्त्री०) एकाकी वादक ; अकेला ही गाने या वाद्ययन्त्र बजानेवाला/वाली ।

солите́р (पुं०) १. एक हीरे का आभूषण ; २. केंचुआ ; पेट का कीड़ा ।

соли́ть (अपू०), **по—** (पू०) नमक डालना ; अचार डालना ।

со́лка (स्त्री०) नमक डालने की क्रिया ; अचार डालने की क्रिया ।

со́лнечн||ый (वि०) सूर्य का ; с. свет सूर्य का प्रकाश ; —ое затме́ние सूर्यग्रहण ।

со́лнце (नपुं०) सूर्य ; на с. धूप में ।

солове́й (पुं०) बुलबुल ।

соло́вый (वि०) (घोड़े का) हल्का कुम्मैत रंग ।

соловьи́ный (वि०) बुलबुल का ।

со́лод (पुं०) (जौ आदि का) शीरा जो शराब बनाने के काम आता है ; **—о́венный** (वि०) —о́венный заво́д शीरे का कारखाना ।

соло́м||а (स्त्री०) भूसा ; फूस ; **—енный** (वि०) соло́ма से वि० ।

соло́минк||а (स्त्री०) तिनका ; ☐ хвата́ться за —у डूबते को तिनके का सहारा ।

соломоре́зка (स्त्री०) कुट्टी करने की मशीन ।

солони́на (स्त्री०) नमक डालकर परिरक्षित मांस ।

соло́нка (स्त्री०) नमकदानी ।

со́лоно (कर्तृ-निरपेक्ष) ему́ с. пришло́сь उसकी खूब गत बनी ; уходи́ть не с. хлеба́вши निराश होकर जाना ।

солонча́к (पुं०) क्षार-दलदल ; खारी दलदल ।

соль (स्त्री०) नमक ; ☐ с. земли́ नरपुंगव ।

солян||о́й (वि०) नमक का ; —а́я копь नमक की खान ; —о́е произво́дство नमक-उद्योग ।

соля́рий (पुं०) (रस०) सोलेरियम ।

сом (पुं०) एक प्रकार की मछली ।

соматѝческий (वि०) शारीरिक ; दैहिक ।

сомкну́ть(ся) दे० смыка́ть(ся).

сомнамбули́зм (पुं०) निद्राटन ; सोते हुए चलना ।

сомнева́||ться (आत्म० अपू०) सन्देह करना ; शक करना ; —юсь в его́ и́скренности मुझे उसकी सचाई पर सन्देह है ; мо́жете не с. विश्वास रखिए ।

сомне́н||ие (नपुं०) सन्देह ; शक ; в э́том нет —ия इसमें कोई सन्देह नहीं ; без —ия, вне —ия निःसन्देह ; подверга́ть что-л. —ию किसी बात पर सन्देह करना ।

сомни́тельн||о (विधेय) (कर्तृ-निरपेक्ष) с. इसमें सन्देह है कि...; **—ость** (स्त्री०) संशय ; सन्दिग्धता ; **—ый** (वि०) १. सन्देहजनक ; २. सन्दिग्ध ।

сомно́житель (पुं०) (गणित) गुणनखंड ।

сон (पुं०) १. निद्रा ; नींद ; во сне निद्रा में ; его́ кло́нит ко сну उसको नींद आ रही है ; २. स्वप्न ; ви́деть с. स्वप्न देखना ; мне э́то и во сне не сни́лось ! मुझे तो इसका स्वप्न में भी ख्याल नहीं आया था ! ; ☐ засну́ть ве́чным сно́м चिरनिद्रा में सोना/मरना।

сонасле́дник (पुं०) सह-उत्तराधिकारी।

сонли́в||ость (स्त्री०) निद्रालुता ; **—ый** (वि०) निद्रालु ; निद्राग्रस्त।

сонм (पुं०) जमघट ; भीड़

со́нник (पुं०) स्वप्न-विषयक पुस्तक।

со́нный (वि०) १. निद्राकारी ; निद्रा लानेवाला ; —ые ка́пли निद्राकारी/निद्रा लानेवाली ओषधि ; २. निद्रामय ; नींद का।

соно́рный (वि०) सुस्वन ; ज़ोर की आवाज़वाला।

со́ня (स्त्री०) गिलहरी की तरह का एक छोटा जानवर।

сообража́ть (अपू०), **сообрази́ть** (पू०) (भवि० соображу́, сообрази́шь) १. विचार करना ; सोचना ; २. समझना।

соображе́н||ие (नपुं०) १. विचार ; २. समझ ; ३. कारण ; по семе́йным —иям पारिवारिक कारणों से।

сообрази́тельн||ость (स्त्री०) प्रत्युत्पन्न-मतित्व ; समझ ; **—ый** (वि०) प्रत्युत्पन्नमति ; समझदार।

сообрази́ть दे० сообража́ть.

сообра́зн||о (क्रि० वि०) (-के) अनुसार ; (-के) अनुरूप ; **—ость** (स्त्री०) अनुरूपता ; अनुकूलता ; **—ый** (वि०) अनुरूप ; अनुकूल।

сообразова́ть (अपू० और पू०) (—зу́ю) अनुरूप बनाना ; अनुकूल बनाना ; с. расхо́ды с дохо́дами व्यय को आय के अनुकूल बनाना ; **—ся** (आत्म०) अनुरूप होना ; अनुकूल होना।

сообща́ (क्रि० वि०) सम्मिलित रूप से ; मिलकर।

сообща́ть (अपू०), **сообщи́ть** (पू०) बताना ; सूचना देना ; सूचित करना ; с. изве́стие सूचना देना।

сообща́ться (आत्म० अपू०) १. मिलना ; सम्बन्ध रखना ; २. संचार / बातचीत करना ; ३. сообща́ть से कर्मवाच्य।

сообще́н||ие (नपुं०) १. सूचना ; प्रतिवृत्त/रिपोर्ट ; официа́льное с. सरकारी सूचना ; २. संचार ; пути —ия संचार-साधन।

соо́бщество (नपुं०) १. सभा ; समाज ; २. कम्पनी।

сообщи́ть दे० сообща́ть.

соо́бщн||ик (पुं०), **—ица** (स्त्री०) सहकर्मी/सहकर्मिणी ; सहापराधी/सहापराधिनी ; **—ичество** (नपुं०) सहापराधिता।

сооружа́ть (अपू०), **сооруди́ть** (पू०) (भवि० сооружу́, сооруди́шь) १. निर्माण करना ; बनाना ; с. зда́ние भवन बनाना ; २. (बात) गढ़ना।

сооруже́ние (नपुं०) १. निर्माण करने/बनाने की क्रिया ; २. भवन ; गृह।

соотве́тственн||о (क्रि० वि०) १. तदनुसार ; २. (-के) अनुसार ; (-के) अनुरूप ; **—ый** (वि०) अनुरूप ; अनुकूल।

соотве́тствовать (अपू०) (—ствую) -के अनुरूप होना ; अनुकूल होना।

соотве́тствующий : १. соотве́тствовать से कृदन्त ; २. (वि०) अनुरूप ; अनुकूल ; ३. उचित।

соотече́ственник (पुं०) देशभाई ; हमवतन।

соотноси́тельный (वि०) अन्योन्याश्रित ; एक दूसरे पर निर्भर।

соотноше́ние (नपुं०) अन्योन्य-सम्बन्ध ; परस्पर सम्बन्ध।

сопе́ние (नपुं०) खुर्राटा ; नाक से 'घर-घर' का शब्द।

сопе́рн||ик (पुं०), **—ица** (स्त्री०) प्रतिद्वन्द्वी ; विपक्षी ; विरोधी ; **—ичать** (अपू०) प्रतिद्वन्द्विता होना ; स्पर्धा करना ; **—ичество** (नपुं०) प्रतिद्वन्द्व।

сопе́ть (अपू०) (соплю́, сопи́шь) नाक से 'घर-घर' का शब्द करना।

со́пка (स्त्री०) १. टीला ; छोटी पहाड़ी ; चट्टान ; २. ज्वालामुखी।

соплеме́нн||ик (पुं०) सह-क़बायली ; एक ही क़बीले का सदस्य ; **—ый** (वि०) सह-क़बायली ; एक ही क़बीले का ; सह-जनजातीय ।

со́пли (बहु०) रेंट ; नाक का मल ।

сопло́ (नपुं०) (नल की) टोंटी ।

соподчине́ние (नपुं०) (व्या०) समन्वय ।

сопостави́мый (वि०) तुलनीय ; तुलना करने योग्य ।

сопоста́в||ить दे० сопоставля́ть ; **—ле́ние** (नपुं०) तुलना करने/समकक्ष रखने की क्रिया ।

сопоставля́ть (अपू०), **сопоста́вить** (पू०) (भवि० сопоста́влю, сопоста́вишь) तुलना करना ; समकक्ष रखना ।

сопреде́льный (वि०) आसन्न ; पास का ; पार्श्ववर्ती ।

сопре́ть दे० преть.

соприкаса́ться (आत्म० अपू०), **соприкосну́ться** (आत्म० पू०) मिला हुआ होना ; पार्श्ववर्ती होना ; संलग्न होना ; सम्पर्क में होना ।

соприкоснове́н||ие (नपुं०) सम्पर्क ; पार्श्ववर्तिता ; सान्निध्य ; **—ный** (वि०) सम्पृक्त ; पार्श्ववर्ती ; सन्निध ; जुड़ा हुआ ।

соприкосну́ться दे० соприкаса́ться.

соприча́стный (वि०) सहभागी ; हिस्सेदार ।

сопроводи́тельн||ый (वि०) साथ का ; —ое письмо́ साथ का पत्र ।

сопровожда́ть (अपू०), **сопроводи́ть** (पू०) (भवि० сопровожу́, сопроводи́шь) साथ देना ; (रक्षा के लिए) साथ जाना ; **—ся** (आत्म०) сопровожда́ть का कर्मवाच्य ।

сопровожде́ние (नपुं०) १. साथ ; २. रक्षण ; सहरक्षण ।

сопротивле́ние (नपुं०) (केवल एकवचन) प्रतिरोध ; विरोध ; с. вла́сти सत्ता का विरोध ।

сопротивля́ться (आत्म० अपू०) प्रतिरोध करना ; विरोध करना ; с. проти́внику शत्रु का सामना करना ।

сопряжённый (वि०) १. э́то сопряжено́ с больши́ми затрудне́ниями इसमें बड़ी कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा ; २. सम्बद्ध ।

сопу́тствовать (अपू०) (—ствую) साथ देना ।

сор (पुं०) कूड़ा-कर्कट ।

соразме́рить दे० соразмеря́ть.

соразме́рн||о (क्रि० वि०) समानुपात से ; **—ость** (स्त्री०) समानुपातिकता ; **—ый** (वि०) समानुपातिक ।

соразмеря́ть (अपू०), **соразме́рить** (पू०) अनुरूप करना ; समन्वित करना ; अनुकूल करना ।

сора́тник (पुं०) सहयोद्धा ; साथी सिपाही ।

сорване́ц (पुं०) उपद्रवी ; ऊधमी ; शरारती ।

сорва́ть(ся) दे० срыва́ть(ся).

сорви́-голова́ (पुं०) १. उपद्रवी ; ऊधमी ; शरारती ; २. धुआँधार (आदमी) ; बेधड़क ।

сорганизова́ть (पू०) (—зу́ю) संगठन करना ।

соревнова́ние (नपुं०) प्रतियोगिता ।

соревнова́ться (आत्म० अपू०) (—ну́юсь) (-से) प्रतियोगिता करना ; स्पर्धा करना ।

сори́нка (स्त्री०) धूलिकण ।

сори́ть (अपू०), **на—** (पू०) गन्दगी फैलाना ; कूड़ा-कर्कट बिखेरना ; □ сори́ть деньга́ми धन बहाना/अपव्यय करना ।

со́рн||ый (वि०) १. धूलि का ; कूड़े-कर्कट का ; २. —ая трава́, —ое расте́ние घास-पात ; (काँस, मोथा आदि) ।

сорня́к (पुं०) (गेहूँ आदि में उगा हुआ) काँस, मोथा आदि ।

соро́дич (पुं०) १. सम्बन्धी ; रिश्तेदार ; он мне с. по ба́бушке वह दादी की तरफ़ से मेरा रिश्तेदार है ।

со́рок (पुं०) चालीस ।

соро́ка (स्त्री०) मैना ।

сорокале́т||ие (नपुं०) चालीसवीं वर्षगाँठ ; **—ний** (वि०) चालीस वर्ष का ।

сороков‖óй (वि०) चालीसवाँ ; страни́ца —áя चालीसवाँ पृष्ठ ।

сороконóжка (स्त्री०) कनखजूरा ।

сорокопу́т (स्त्री०) किरोला ; लटेरा (एक प्रकार की चिड़िया) ।

сорóчк‖а (स्त्री०) १. (पुरुषों के पहनने की) कमीज़ ; (स्त्रियों के पहनने की) सेमीज ; २. (शरीर-रचना०) आँवल ; □ роди́ться в —е भाग्य का धनी ।

сорт (पुं०) प्रकार ; क़िस्म ; कोटि ; вы́сший с. उच्चतम/श्रेष्ठतम कोटि ; пе́рвый с. प्रथम कोटि ।

сортáмент (पुं०) अलग-अलग छँटी हुई चीज़ें ; वर्गीकृत वस्तुएँ ।

сортиме́нт = сортáмент.

сортировáть (अपू०) (—ру́ю) छाँटना ; वर्ग-क्रम से छाँटना ।

сóртный (वि०) उच्च-कोटि का ; बढ़िया ; с. товáр बढ़िया माल ।

сортов‖óй (वि०) —óе зернó बढ़िया अनाज ।

сосáние (नपुं०) चूसना ।

сосáть (अपू०) चूसना ; स्तनपान करना ; с. грудь स्तनपान करना ।

сосвáтать दे० свáтать.

сосéд (पुं०), **—ка** (स्त्री०) पड़ोसी/पड़ोसिन ; **—ний** (वि०) पड़ोस का ; साथ का ; पार्श्ववर्ती ; —няя кóмната साथ का कमरा ; —ние стрáны पार्श्ववर्ती देश ; **—ский** (वि०) पड़ोसी का ; **—ство** (नपुं०) पड़ोस ; по —ству पड़ोस में ।

соси́ска (स्त्री०) सासेज ।

сóска (स्त्री०) चुसनी ; बच्चों के चूसने की रबड़ ।

текýщ||ий (वि०) चालू ; वर्तमान ; в —ем годý चालू वर्ष में ; т. момéнт वर्तमान स्थिति ; т. ремóнт मामूली मरम्मत ।

телеви́||дение (नपुं०) दूरवीक्षण ; टेलीविज़न ; **—зиóнный** (वि०) दूरवीक्षण- ; टेलीविज़न-सम्बन्धी ।

телéга (स्त्री०) छकड़ा ; गाड़ी ।

телегрáмм||а (स्त्री०) तार ; вызывáть когó-л. —ой किसीको तार देकर बुलाना ।

телегрáф (पुं०) १. तारप्रेषण ; तार ; беспрóволочный т. बेतार-प्रणाली ; २. по —у तार द्वारा ; вызывáть когó-л. по —у किसीको तार देकर बुलाना ; ३. तारघर ; **—и́ровать** (अपू० और पू०) (—рую) तार देना ; **—и́я** (स्त्री०) तार-प्रणाली ; **—ный** (वि०) तार का ; —ный столб तार का खम्भा ; —ный áдрес तार का पता ।

телéжка (स्त्री०) १. छोटा छकड़ा ; छोटी गाड़ी ; (हाथ से खींची जानेवाली) एक पहिये की गाड़ी ; २. ट्रक ।

телёнок (पुं०) बछड़ा ।

телепередáча (स्त्री०) टेलीविज़न-प्रसारण ।

телескóп (पुं०) दूरबीन ; **—и́ческий** (वि०) दूरबीन का ।

телéсн||ый (वि०) शारीरिक ; शरीर-सम्बन्धी ; —ое наказáние शारीरिक दंड ।

телефóн (पुं०) टेलीफ़ोन ; говори́ть по —у टेलीफ़ोन पर बात करना ; позвони́ть комý-л. по —у किसीको टेलीफ़ोन करना ।

телефóн-автомáт (पुं०) सार्वजनिक टेलीफ़ोन ; टेलीफ़ोन करने का सार्वजनिक स्थान ।

телефони́ровать (अपू०) (—рую) टेलीफ़ोन करना ।

телефони́ст (पुं०), **—ка** (स्त्री०) टेलीफ़ोन-परिचालक ।

телефóнный (वि०) टेलीफ़ोन का ; т. разговóр टेलीफ़ोन की बातचीत ।

телефоногрáмма (स्त्री०) टेलीफ़ोन-सन्देश ; टेलीफ़ोन-तार ।

телéц (पुं०) १. बछड़ा ; २. (ज्योतिष) वृष-राशि ।

телецéнтр (पुं०) दूरवीक्षण (टेलीविज़न)-केन्द्र ।

тели́ться (आत्म० अपू०), **о—** (आत्म० पू०) (गाय का) बियाना ; (हरिण आदि पशुओं का) बच्चा जनना ।

тёлка (स्त्री०) बछिया ।

теллýр (पुं०) (रस०) टेल्युरियम ।

тéл||о (नपुं०) शरीर ; देह ; твёрдое т. (भौ०) ठोस पदार्थ ; жи́дкое т. (भौ०) तरल पदार्थ ; дрожáть всем —ом थरथर काँपना ; быть в —е स्थूल होना/मोटा होना ; спасть с —а दुबला होना/पतला होना ; нагуля́ть т. मोटा होना ; ☐ быть прéданным душóй и —ом तन-मन अर्पण करना ; держáть в чёрном —е पृष्ठभूमि में रहना ।

телогрéйка (स्त्री०) गरम वास्कट ।

телодвижéние (नपुं०) (शारीरिक) गति ; हरकत ।

телосложéние (नपुं०) डीलडौल ; शरीर का गठन ।

телохрани́тель (पुं०) अंगरक्षक ।

телýшка (स्त्री०) बछिया ।

тéльный (वि०) शारीरिक ; शरीर का ; दैहिक ।

тéльце (नपुं०) १. тéло का अल्प० ; २. कणिका ; ज़र्रा ।

теля́тина (स्त्री०) बछड़े का मांस ।

теля́чий (वि०) १. телёнок से वि० ; २. बछड़े के मांस का ।

тем -I दे० тот.

тем -II (सम्बन्धसूचक अ०) १. чем больше, т. лýчше जितना अधिक, उतना अच्छा ; जितना गुड़ डालो उतना ही मीठा ; २. т. лýчше और भी अच्छा ; ☐ т. не мéнее तो भी ।

тéма (स्त्री०) विषय ; प्रकरण ।

темáтика (स्त्री०) (केवल एकवचन) विषय ; वस्तु ; मूल भाव ।

темати́ческий (वि०) विषय-सम्बन्धी ; वस्तु/मूलभाव-सम्बन्धी ।

теменн||óй (वि०) पार्श्विका- ; शरीर के बाहरी भाग का ; —áя кость पार्श्विका (हड्डी) ।

тéмень (स्त्री०) अँधेरा ।

тéми दे० тот.

темля́к (पुं०) (सेना०) तलवार पर लगा हुआ हाथ में डालने का फुँदनेदार तस्मा ।

темнé||ть (अपू०), **по—, с—** (पू०) १. (потемнéть पू० के साथ) अँधेरा हो जाना ; (रँगों का) गहरा हो जाना ; у негó потемнéло в глазáх उसकी आँखों के आगे अँधेरा छा गया ; २. (стемнéть पू० के साथ) (कर्तृ-निरपेक्ष) темнéет अँधेरा हो रहा है ; ३. (केवल अपू०) = темнéться.

темнé||ться (आत्म० अपू०) दिखायी पड़ना ; вдали́ что-то —ется दूर कुछ काला-काला दिखायी पड़ रहा है ।

темни́ца (स्त्री०) कालकोठरी ; अँधेरी कोठरी ।

темнó (कर्तृ-निरपेक्ष) т. в глазáх आँखों के आगे अँधेरा छा गया ; т., хоть глаз вы́коли हाथ को हाथ नहीं सूझता ।

темновáтый (वि०) काला-सा ; कुछ काला ।

темноси́ний (वि०) गहरा नीला ।

темнот||á (स्त्री०) १. अँधेरा ; в —é अँधेरे में ; २. अज्ञान ; ३. अस्पष्टता ।

тёмн||ый (वि०) १. अन्धकारमय ; (रँग) गहरा ; काला ; —ая ночь अँधेरी रात ; २. अस्पष्ट ; धुँधला ; ३. उदास ; विषण्ण ; खिन्न ; ४. सन्दिग्ध ; सन्देहजनक ; —ое дéло सन्देहजनक बात/मामला ; ५. अज्ञानी ; अज्ञ ; ☐ —ым темнó अँधेरा-घुप ।

темп (पुं॰) वेग ; गति ; तेज़ी ।

тéмпера (स्त्री॰) १. एक विशेष प्रकार का रँग ; २. ऐसे रँग में चित्रित चित्र ।

темперáмент (पुं॰) प्रकृति ; स्वभाव ; **—ный** (वि॰) स्वाभाविक ; प्राकृतिक ; चिड़चिड़ा ; (शीघ्र ही) उत्तेजित होनेवाला ।

температýр||а (स्त्री॰) ताप ; तापांक ; तापमान ; т. кипéния क्वथनांक ; т. замерзáния हिमांक ; у негó повы́шенная т. उसे ज्वर है ; мéрить —у तापांक लेना ; **—ный** (वि॰) ताप का ; ताप-सम्बन्धी ; तापांक का ; तापमान का ।

темь (स्त्री॰) अन्धकार ।

тéмя (स्त्री॰) शीर्ष ; सिर का ऊपरी भाग ; चोटी ; शिखर ; т. горы́ पर्वत-शिखर ।

тенáкль (पुं॰) (छपाई-सम्बन्धी) कापीहोल्डर ; कम्पोज़ करते समय पांडुलिपि सँभालकर रखने का स्टैंड ।

тенденциóзн||ость (स्त्री॰) उद्देश्यमूलकता ; पक्षपातिता ; पूर्वाग्रहयुक्त होने का भाव ; **—ый** (वि॰) उद्देश्यमूलक ; पक्षपातपूर्ण ; पूर्वाग्रहयुक्त ।

тендéнц||ия (स्त्री॰) १. (उपन्यास आदि का) उद्देश्य ; основнáя т. मूल उद्देश्य ; ромáн с. —ей सोद्देश्य उपन्यास ; २. प्रवृत्ति ; проявля́ть —ию प्रवृत्ति दिखाना ।

тéндер (पुं॰) १. रेल के इंजन के साथ की कोयले-पानी की गाड़ी ; २. जहाज़ के साथ की छोटी नाव ।

теневóй (वि॰) छायादार ।

тенёта (बहु॰) (जंगली जानवरों को पकड़ने का) जाल ; फन्दा ; папáсть в т. फन्दे में फँसना ।

тени́стый (वि॰) छायादार ।

тéннис (पुं॰) टेनिस (खेल) ।

теннис́ист (पुं॰), **—ка** (स्त्री॰) टेनिस का खिलाड़ी ।

тен||ь (स्त्री॰) १. छाया ; छाँह ; свет и т. प्रकाश और छाया ; сидéть в —и́ छाया में बैठना ; २. परछाईं ; ३. लेश ; अणु ; कण ; ни —и прáвды सत्य का लेश भी नहीं ।

теогóния (स्त्री॰) देवताओं की वंशावली ।

теодоли́т (पुं॰) उँचाई तथा कोण नापने का यन्त्र ।

теокрáтия (स्त्री॰) धर्मतन्त्र ; धर्म को ही विधान माननेवाला राज्य ।

теолóгия (स्त्री॰) धर्मतन्त्र ।

теорéма (स्त्री॰) (गणित) प्रमेय ।

теорéтик (पुं॰) सिद्धान्तवादी ।

теорети́ческ||и (क्रि॰ वि॰) सिद्धान्त रूप से ; **—ий** (वि॰) सैद्धान्तिक ।

теорети́чный (वि॰) केवल सैद्धान्तिक ।

теóрия (स्त्री॰) सिद्धान्त ।

теосóфия (स्त्री॰) ब्रह्मविद्या ।

тепéрешн||ий (वि॰) अब का ; वर्तमान- ; в —ее врéмя वर्तमान समय में ; आजकल ।

тепéрь (क्रि॰ वि॰) अब ; वर्तमान समय में ; э́то нáдо сдéлать т. же यह अभी किया जाना चाहिए ।

тёпленьк||ий (वि॰) गुनगुना ; नीम गर्म ; थोड़ा गर्म ; □ —ое местéчко = тёплое местéчко दे॰ тёплый.

теплéть (अपू॰), **по—** (पू॰) गर्म होना ; नीम गर्म होना ।

тéпли||ться (आत्म॰ अपू॰) चमकना ; प्रभा ; द्युति ; в нём ещё —тся надéжда उसे अब भी आशा है ।

тепли́||ца (स्त्री॰) काँचगृह (कोमल वनस्पतियों को गर्म रखने का काँच का मकान) ; **—чный** (वि॰) कोमल वनस्पतियों को गर्म रखने के काँचगृह का ।

тепл||ó -I. (नपुं॰) उष्णता ; गर्माई ; गर्मी ; 16 грáдусов —á सोलह दर्जे तापांक ; пéчка не даёт никакóго —á अँगीठी में बिल्कुल आँच नहीं ; держáть в —é गर्म रखना ।

теплó.-II. (क्रि॰ वि॰) भावोष्णता से ; हार्दिकता से ; उत्साहपूर्वक ; जोश से ; одевáться т. गर्म कपड़े पहनना ; т. встрéтить когó-л. किसीका हार्दिक स्वागत करना ।

тепловáт||ость (स्त्री०) गुनगुनापन ; थोड़ी गरमाई ; **—ый** (वि०) गुनगुना ; नीम गरम ; थोड़ा गरम ।

тепловóз (पुं०) रेल का इंजन ।

теплов́ой (वि०) उष्मीय ; ताप- ।

теплоёмкость (स्त्री०) उष्माधारिता ; удéльная т. विशिष्ट उष्मा ।

тепломéр (पुं०) उष्मामापी ; कलरीमापी ।

теплопровóдн||ость (स्त्री०) उष्मा-चालकता ; **—ый** (वि०) उष्मा-चालक ।

теплотá (स्त्री०) १. उष्णता ; भावोष्णता ; स्नेह ; हार्दिकता ; जोश ; т. вóздуха वायु की उष्णता ; душéвная т. भावोष्णता ; अनुरागपूर्णता ; २. (भौ०) उष्मा ; скрытая т. गुप्त उष्मा ; удéльная т. विशिष्ट उष्मा ।

теплотвóрный (वि०) उष्मीय ।

теплохóд (पुं०) इंजन से चलनेवाला जहाज़ ।

теплоцентрáль (स्त्री०) केन्द्रीय तापन-संयन्त्र ।

теплýшка (स्त्री०) १. (जाड़ों में खेल के मैदान या काम करने की जगह पर) तापने का स्थान ; २. (तपाया हुआ) मालगाड़ी का डिब्बा ।

тёпл||ый (वि०) गर्म ; मित्रतापूर्ण ; हार्दिक ; अनुरागपूर्ण ; पुरजोश ; т. приём हार्दिक स्वागत —ые словá भावदीप्त शब्द/अनुरागपूर्ण शब्द ; □ —ое местéчко ऐसा पद जहाँ ऊपर की आमदनी हो ; —ая компáния एक ही थैली के चट्टे-बट्टे/चंडाल-चौकड़ी ।

теплы́нь (स्त्री०) गर्म मौसम ।

терапéвт (पुं०) ओषधिशास्त्रवेत्ता ; **—и́ческий** (वि०) ओषधिशास्त्र-सम्बन्धी ।

терапи́я (स्त्री०) ओषधि-विज्ञान ।

тéрбий (पुं०) (रस०) टर्बियम ।

тереби́ть (अपू०) (тереблю́, тереби́шь) १. खींचना ; (बाल) नोंचना ; (उँगली से) छूना ; т. вóлосы बाल नोंचना ; २. तंग करना ।

тéрем (पुं०) अटारी ; अट्टालिका ।

терéть (अपू०) (वर्त० тру, трёшь) १. मलना ; т. глазá आँखें मलना ; २. पालिश करना ; चमकाना ; ३. (रगड़ से) घाव करना ; (घिसकर) नष्ट कर देना ; ४. कद्दूकस पर कसना ; कसना ; **—ся** (आत्म०) १. अपनेआप को रगड़ना/मलना ; २. терéть का कर्मवाच्य ।

терзáние (नपुं०) यातना ; वेदना ; सन्ताप ।

терзáть (अपू०), **ис—** (पू०) १. विदीरण ; विदीर्ण करना ; चीरकर टुकड़े-टुकड़े कर देना ; волк —ет овцý भेड़िया बकरी को चीर दे रहा है ; २. यातना देना ; पीड़ा देना ; **—ся** (आत्म०) १. अपनेआप को यातना देना ; कष्ट सहना ; २. терзáть का कर्मवाच्य ।

тёрк||а (स्त्री०) कद्दूकस ; натерéть на —е कद्दूकस पर कसना ।

тéрмин (पुं०) अवधि ।

терминолóгия (स्त्री०) पारिभाषिक शब्दावली ; परिभाषा ।

терми́т (पुं०) **I**. (रस०) थेरमाइट ; **II.** दीमक ।

терми́ческ||ий (वि०) उष्मीय ; —ая обрабóтка उष्मीय उपचार/उष्मा-सेवन ।

термогрáф (पुं०) तापलेखी ।

термодинáмика (स्त्री०) उष्मागतिकी ।

термóметр (पुं०) तापमापी ; थर्मामीटर ।

термопáра (स्त्री०) तापीय युग्म ।

тéрмос (पुं०) थर्मस ।

термостáт (पुं०) तापस्थापी ।

термоэлектри́чество (नपुं०) तापविद्युत् ।

тёрн (पुं०) एक प्रकार का जंगली बेर ।

тéрнии (बहु०) काँटे ।

терни́стый (वि०) काँटेदार ; कँटीला ; т. путь काँटेदार रास्ता ।

тернóвник (पुं०) एक प्रकार का जंगली बेर ।

терпели́в||о (क्रि० वि०) धैर्यपूर्वक ; सब्र से ; **—ость** (स्त्री०) धैर्य ; सब्र ; सहनशीलता ; सन्तोष ; **—ый** (वि०) धीर ; सहनशील ; सहिष्णु ।

терпéни||е (नपुं०) १. धैर्य ; सहिष्णुता ; सब्र ; выводи́ть когó-л. из —я किसीका धीरज तोड़ना ; २. तत्परता ; लगन ।

терпенти́н (पुं०) तारपीन ; **—ный, —овый** (वि०) तारपीन का ; —овое ма́сло तारपीन का तेल ।

терпе́ть (अपू०) (терплю́, те́рпишь) १. सहन करना ; बरदाश्त करना ; т. боль पीड़ा सहना ; т. пораже́ние हारना ; т. хо́лод सर्दी सहना ; он не мо́жет бо́льше терпе́ть тако́й бо́ли वह इस पीड़ा को अधिक नहीं सह सकता ; २. (अकर्मक) धैर्य रखना ; सन्तोष रखना ; ☐ вре́мя те́рпит बहुत समय है ; вре́мя не те́рпит समय बहुत कम है/समय निकल रहा है ; **—ся** (आत्म०) (कर्तृ-निरपेक्ष) ему́ не те́рпится वह बहुत उतावला है ।

терпи́м‖о (क्रि० वि०) १. सहनशीलता से ; सब्र से ; २. खासा ; **—ость** (स्त्री०) सहनशीलता ; **—ый** (वि०) १. सहनशील ; २. सहन करने योग्य ।

те́рпк‖ий (वि०) तेज़ ; —ое вино́ तेज़ शराब ।

терпу́г (पुं०) सोहन ; मोटी रेती ।

террако́та (स्त्री०) १. भूरे लाल रँग की मिट्टी जिससे बर्तन, मूर्त्तियाँ आदि बनायी जाती है ; २. (समू०) इस मिट्टी से बने बर्तन, मूर्त्तियाँ आदि ।

терра́са (स्त्री०) चबूतरा ।

территориа́льн‖ый (वि०) प्रादेशिक ; —ая а́рмия प्रादेशिक सेना ।

террито́рия (स्त्री०) देश ; प्रदेश ; भू-भाग ।

терро́р (पुं०) आतंक ; भय ; **—изи́ровать** (अपू० और पू०) (—рую) आतंकित करना ; **—и́зм** (पुं०) आतंकवाद ; **—исти́ческий** (वि०) терро́р और террори́зм से वि० ; **—и́ст** (पुं०), **—и́стка** (स्त्री०) आतंकवादी ।

тёртый : १. тере́ть से कृदन्त ; २. (रँग आदि) पिसा हुआ ।

те́рция (स्त्री०) १. (संगीत) मध्यम ; २. (गणित) तीसरा ; (छपाई-सम्बन्धी) १८ पौइंट ।

терье́р (पुं०) एक प्रकार का कुत्ता ।

теря́ть (अपू०), **по—** (पू०) खोना ; (पत्ते, सींग आदि) गिर जाना ; झड़ जाना ; т. кого́-л. и́з виду किसीका ध्यान न रखना ; не т. и́з виду ध्यान में रखना / नज़र रखना ; т. в. ве́се भार कम होना ; не т. му́жества हिम्मत न हारना ; т. вре́мя समय खोना/गँवाना ; т. си́лу शक्ति खोना ; दुर्बल होना ; **—ся** (आत्म०) १. खो जाना ; अदृश्य हो जाना ; ग़ायब हो जाना ; २. आपे से बाहर होना ; ३. теря́ть का कर्मवाच्य ।

тёс (पुं०) (समू०) (लकड़ी के) पतले तख़्ते ; फट्टियाँ ।

теса́к (पुं०) (सेना०) खाँडा ; चौड़े फलवाली तलवार ।

теса́ть (अपू०) (वर्त० тешу́, те́шешь) काटना ; ☐ ему́ хоть кол на голове́ теши́ चाहे उसका सिर काट दो ।

тесёмка (स्त्री०) тесьма́ का अल्प० ।

тесо́мочный (वि०) тесёмка से वि० ।

тесёмчат‖ый (वि०) : —ые глисты́ चिपटे आकार के केंचुए ।

теси́на (स्त्री०) (लकड़ी का) पतला तख़्ता ; फट्टी ।

тесло́ (नपुं०) (बढ़ई का) बसूला ; तेसा ।

тесни́на (स्त्री०) दर्रा ; करिका ; पर्वत के बीच का संकुचित मार्ग ।

тесни́ть (अपू०), **с—, по—** (पू०) १. दबाना ; पीछे हटाना ; т. непри́ятеля शत्रु पर दबाव डालना / पीछे हटाना ; २. (стесни́ть पू० के साथ) दबाना ; भींचना ; ३. (केवल अपू०) दमन करना ; पीड़ा देना ; **—ся** (आत्म०) १. भीड़ करना ; धक्का-मुक्की करना ; २. भींचकर/सटकर बैठना ।

те́сно -I (कर्तृ-निरपेक्ष) здесь т. यहाँ भीड़ है ; в ваго́не бы́ло о́чень т. रेलगाड़ी का डिब्बा खचाखच भरा था ; **II.** (क्रि० वि०) सटकर ; कसकर ; भींचकर ; घनेपन से ; идти́ т. в ряд कन्धे से कन्धा मिलाकर चलना ; т. сиде́ть भिचकर/सटकर बैठना ।

теснова́тый (वि०) कुछ तंग ; कुछ कसा हुआ ; कुछ छोटा ।

теснота́ (स्त्री०) संकीर्णता ; संकुचितता ।

те́сн‖ый (वि०) १. भिचा हुआ ; (स्थान, गली, रास्ता आदि) संकीर्ण ; तंग ; (वस्त्र, बूट, जूता

आदि) तंग ; छोटा ; २. कसकर वँधा हुआ ; घना ; समीप का ; идти́ —ым стро́ем कन्धे से कन्धा मिलाकर चलना ; —ая дру́жба घनिष्ठ मित्रता ; —ая связь निकट सम्बन्ध ।

тесо́вый (वि०) लकड़ी के तख्तों का ; फट्टियों का ।

те́сто (नपुं०) साना हुआ आटा ; (पेस्ट्री आदि के लिए तैयार किया हुआ) आटा ; **—меси́лка** (स्त्री०) आटा साननेवाला ; पेस्ट्री आदि के लिए आटा तैयार करनेवाला ।

тесть (पुं०) ससुर ।

тесьма́ (स्त्री०) तस्मा ; फ़ीता ।

те́танус (पुं०) दाढ़ का चिपक जाना और न खुलना ।

тётенька (स्त्री०) चाची ।

те́терев (पुं०) कुक्कुट ; जंगली मुर्ग़ा ।

тетёрка (स्त्री०) भूरी मुर्ग़ी ।

тете́ря (स्त्री०) जंगली मुर्ग़ी ; □ глуха́я т. बहरा ।

тетива́ (स्त्री०) १. (धनुष की) प्रत्यंचा ; डोरी ; २. धरन (जिसमें सीढ़ी का डंडा लगाया जाता है) ।

тётка (स्त्री०) चाची ; मामी ; फूफी ; बुआ ; मौसी ।

тетра́дка, тетра́дь (स्त्री०) (लिखने की) कापी ; тетра́дь для рисова́ния ड्राइंग की कापी ।

тетра́эдр (पुं०) (गणित) चतुष्फलक ।

тётушка (स्त्री०) (प्यार का शब्द) चाची ।

тётя (स्त्री०) चाची ।

тех दे० тот.

тех- : техни́ческий से संक्षिप्त ।

те́хник (पुं०) प्राविधिक ; शिल्पी ; कारीगर ; मिस्त्री ।

те́хника (स्त्री०) प्रविधि ; टेकनीक ।

те́хникум (पुं०) प्राविधिक् स्कूल ; टेकनीकल स्कूल ।

техни́ческий (वि०) प्राविधिक ; टेक़नीकल ।

техно́лог (पुं०) प्रविधिज्ञ ; प्राविधिक ; कारीगर ।

технол́огия (स्त्री०) प्राविधिकी ; टेकनोलोजी ।

тече́ние (नपुं०) १. प्रवाह ; धारा ; т. ре́чи वाक्प्रवाह/वाक्धारा ; в т. дня दिन में ; в т. всего́ дня सारा दिन ; в т. неде́ли सप्ताह के दौरान में/एक सप्ताह में ; с —м вре́мени समय में/यथासमय ; २. धारा ; प्रवाह ; бы́строе т. तेज़ धारा ; ३. प्रवृत्ति ।

те́чка (स्त्री०) (केवल एकवचन) पशुओं की ऋतुगत कामोत्तेजना/गर्म होना ।

теч‖ь -I (अपू०) (वर्त० теку́, течёшь) १. बहना ; (लोगों का) ताँता बँधना ; (समय) बीतना ; река́ —ёт नदी बह रही है ; у него́ кровь —ёт и́з носу उसके नकसीर फूट रही है/उसकी नाक से खून बह रहा है ; у него́ и́з носу —ёт उसकी नाक बह रही है ; с него́ —ёт пот उसके पसीना बह रहा है/वह पसीने से तरबतर है ; вре́мя —ёт бы́стро समय भागा ज़ा रहा है ; २. चूना ; रिसना ।

течь -II (स्त्री०) : रिसना ; дать т. चूने लगना ; रिसने लगना ।

те́шить (अपू०), **по—** (पू०) मन बहलाना ; प्रसन्न करना ; सन्तुष्ट करना ; т. взор नज़रों को भरमाना/बहलाना ; **—ся** (आत्म०) १. अपना मन बहलाना ; २. (над) खिल्ली उड़ाना ।

тёшка (स्त्री०) सुखायी हुई नमकीन मछली ।

тёща (स्त्री०) सास ।

тиа́ра (स्त्री०) मुकुट ।

тибе́тский (वि०) तिब्बत का ।

ти́гель (पुं०) (भौ०) (धातु गलाने की) घड़िया ।

тигр (पुं०) चीता ; **—ёнок** (पुं०) चीते का बच्चा ; **—и́ца** (स्त्री०) चीते की मादा ; **—о́вый** (वि०) चीते का ; —о́вая шку́ра चीते की खाल ।

тик (पुं०) **I.** मुख की पेशियों की सिकुड़न ; **II.** गद्दा बनाने का मोटा कपड़ा ; **III.** सागौन का पेड़ ; सागौन की लकड़ी ।

ти́канье (नपुं०) टिक्-टिक् का शब्द ।

ти́кать (अपू०) टिक्-टिक् का शब्द करना ।

ти́ковый (वि०) тик, २, ३ से वि० ।

тими́ан (पुं०) एक प्रकार का सुगन्धित पत्तियों का पौधा ।

тимпáн (पुं॰) १. (संगीत) ढोलक ; २. कान का पर्दा ; ३. द्वार का छज्जा जिस पर सजावट के लिए चित्रकारी की जाती है ।

тимья́н = тимиáн.

ти́н‖а (स्त्री॰) (केवल एकवचन) पंक ; लिसलिसी मिट्टी ; कीचड़ ; करैली मिट्टी ; **—истый** (वि॰) पंकिल ; कीचड़दार ।

тинкту́ра (स्त्री॰) : т. иóда टिंकचर आयोडिन ।

тип (पुं॰) प्रकार ; नमूना ; **—и́ческий, —и́чный** (वि॰) प्रारूपगत ; विशिष्ट ; अनन्य-सामान्य ; नमूने का ।

типовóй (वि॰) प्रारूप- ; मानक ; प्रतिमानात्मक ; नमूने का ; आदर्श ; т. договóр आदर्श समझौता ।

типóграф (पुं॰) १. मुद्रक ; छापनेवाला ; २. छापने की मशीन ।

типогрáф‖ия (स्त्री॰) मुद्रणालय ; छापाखाना ; **—ский** (वि॰) छापने का ; —ское искýсство मुद्रण-कला ।

типу́н (पुं॰) पक्षियों का एक रोग ; □ т. тебé на язы́к ! आग लगे तुम्हारी ज़बान को !

тир (पुं॰) चाँदमारी ; निशानेबाज़ी का अभ्यास करने की जगह ।

тирáда (स्त्री॰) लम्बा लैक्चर ; लम्बी कड़ी फटकार ।

тирáж (पुं॰) १. (लाटरी का) निकाला जाना ; २. (पत्र-पत्रिका का) प्रचारण ; बिक्री की संख्या ; (पुस्तक का) संस्करण ।

тирáн (पुं॰) निरंकुश शासक ; स्वेच्छाचारी ; **—ить** (अपू॰) निरंकुश शासन करना ; स्वेच्छाचारिता से काम लेना ; यातना देना ; **—и́ческий** (वि॰) क्रूर ; अत्याचारी ; **—и́я** (स्त्री॰) अत्याचार ; क्रूरता ; ज़ुल्म ; **—ство** (नपुं॰) क्रूरता ; अत्याचार ; **—ствовать** (अपू॰) (—ствую) -पर अत्याचार करना ; क्रूरता से काम लेना ; ज़ुल्म करना ।

тирé (नपुं॰) डैश का चिह्न (—) ।

тис (पुं॰) एक सदाबहार वृक्ष ।

ти́скальщик (पुं॰) छापे की मशीन पर काम करनेवाला ।

ти́скать (अपू॰), **ти́снуть** (पू॰) (केवल अपू॰) १. दबाना ; भींचना ; २. (छपाई-सम्बन्धी) छापना ; प्रूफ़ या कापी निकालना ।

тиски́ (बहु॰) शिकंजा ; зажáть в т. शिकंजे में कसना ।

тиснéние (नपुं॰) १. भींचने की क्रिया ; २. छापा ।

ти́снуть दे॰ ти́скать-२.

титáн (पुं॰) **I.** दानव ; दैत्य ; **II.** (रस॰) टिटैनियम ; **III.** बायलर ; वाष्पित्र ; **—и́ческий** (वि॰) दानवीय ; दैत्योचित ; **—овый** (वि॰) (रस॰) टिटैनियम का ।

ти́тло (नपुं॰) १. शीर्षक ; २. उपाधि ।

титр (पुं॰) १. (रस॰) टाइटर ; २. (फ़िल्म का) शीर्षक/नाम ।

ти́тул (पुं॰) १. उपाधि ; पदवी ; ख़िताब ; २. अधिकार ; **—овáть** (अपू॰ और पू॰) (—лýю) उपाधि देना ; पदवी देना ; ख़िताब देना ।

ти́тульный (वि॰) : т. лист (पुस्तक का) मुखपृष्ठ ।

титуля́рный (वि॰) पदवीधारी ; т. совéтник पदवीधारी सलाहकार (ज़ार-राज्य में एक पदवी) ।

тиф (पुं॰) टाइफ़स (एक संक्रामक ज्वर) ; брюшнóй т. मियादी बुख़ार ।

тифóзн‖ый (वि॰) : —ая лихорáдка मियादी बुख़ार ।

ти́х‖ий (वि॰) १. शान्त ; निश्चल ; धीमा ; निःशब्द ; —ая ночь शान्त रात्रि ; т. стон धीमी कराह ; говори́ть —им гóлосом धीमे बोलना ; २. शान्तिपूर्ण ; —ая жизнь शान्तिपूर्ण जीवन ; Ти́хий океáн प्रशान्त सागर ।

ти́хо (क्रि॰ वि॰) १. चुपके से ; धीरे ; धीमे स्वर में ; т. говори́ть धीरे बोलना ; २. शान्तिपूर्वक ; चुपचाप ; жить т. शान्तिपूर्वक रहना ।

тихомóлком (क्रि॰ वि॰) चुपचाप ।

тихóня (क्रि॰ वि॰) धीरे से ; धीमे स्वर में ।

тихóня (उभ०) शान्त ; गम्भीर ।

тихоокеáнский (वि०) प्रशान्त सागर का ।

тихохóд (पुं०) अमरीका देश का एक चौपाया जो धीरे-धीरे चलता है ।

тихохóдный (वि०) धीरे-धीरे चलनेवाला ; मन्दगति ।

тихóхонько (क्रि० वि०) बहुत धीरे-धीरे ।

тúше १. тúхо का तर-प्रत्ययान्त रूप ; २. चुप ! ख़ामोश ! ; ख़बरदार !

тишин‖á (स्त्री०) चुप्पी ; मौन ; ख़ामोशी ; शान्ति ; соблюдáть —ý शान्त रहिए ; нарушáть —ý शान्ति भंग करना ।

тишь = тишинá.

ткáный (वि०) बुना हुआ ।

ткань (स्त्री०) १. कपड़ा ; २. (जीव-विज्ञान) ऊतक ; मांस-तन्तु ; ३. (केवल एकवचन) तत्त्व ; सार ।

тканьё (नपुं०) १. बुनाई ; २. कपड़ा ।

ткать (अपू०), **со—** (पू०) (тку, ткёшь) बुनना ; т. паутúну जाला बुनना ।

ткáцк‖ий (वि०) बुनने का ; बुनाई का ; т. станóк करघा ; —ое дéло बुनाई का काम ।

ткацкопрядúльный (वि०) कपड़ा- ; वस्त्र-निर्माण का ।

ткач (पुं०) बुनकर ; जुलाहा ; **—úха** (स्त्री०) बुननेवाली ; जुलाहिन ।

ткнýть दे० тыкать-I ; **—ся** दे० тыкаться.

тлéн‖ие (नपुं०) १. विघटन ; सड़ाँध ; २. (कोयलों का) सुलगना ; **—ность** (स्त्री०) क्षयशीलता ; नश्वरता ; **—ный** (वि०) भंगुर ; नश्वर ।

тлетвóрный (वि०) १. हानिकर ; हानि करनेवाला ; अपकारक ; २. उग्र गन्ध का ; सड़ा हुआ ।

тлеть (अपू०) १. सड़ना ; दुर्गन्धयुक्त होना ; क्षय होना ; २. सुलगना ; **—ся** (आत्म० अपू०) सुलगना ।

тля (स्त्री०) पौधों का चीचड़ ।

тмин (पुं०) (वन०) १. अजमोद ; २. अजवायन ।

тмúнный (वि०) अजमोद का ।

то -I दे० тот ; то, что वह जो ; он узнáл то, что емý нáдо वह जो चाहता था, जान गया ; □ то есть अर्थात् ; не тó वरना / नहीं तो ; приезжáй вó-время, (а) не тó уéду без тебя́ समय पर आना वरना मैं तेरे बिना ही चला जाऊँगा ।

то -II (सम्बन्धसूचक अ०) १. तो ; éсли вы не пойдёте, то я пойдý यदि आप नहीं जायेंगे तो मैं चला जाऊँगा ; २. то...то कभी... कभी ; то тут, то там कभी यहाँ, कभी वहाँ ; не то... не то या... या ; не то по неóпытности, не то по небрéжности अनुभवहीनता के कारण या लापरवाही से ; не то снег, не то дождь मिली-जुली बर्फ़ और वर्षा ; आधी बर्फ़, आधी वर्षा ; то ли... то ли या... या ।

-то : तो ; в том-то и дéло यही तो बात है ; э́того-то я и хотéл यही तो मैं चाहता था ।

тó-бишь = тó есть (दे० то-I.)

тобóю दे० ты.

товáр (पुं०) पण्य ; माल ; хóдкий т. बिकाऊ माल / पण्य ।

товáрищ (पुं०) १. साथी ; मित्र ; т. по рабóте काम का साथी ; шкóльный т. पाठशाला का साथी ; т. дéтства बचपन का साथी ; т. по клáссу सहपाठी ; २. सहायक ; उप- ; товáрищ-минúстра उपमन्त्री ।

товáрище‖ский (वि०) मित्रतापूर्ण ; मित्रता का ; т. обéд प्रीति-भोजन ; с —ским привéтом ! (पत्र के अन्त में) मित्रतापूर्ण शुभकामनाएँ ! ; **—ство** (नपुं०) १. साथी होने का भाव ; मित्रता ; २. समाज ; कम्पनी ; —ство по совмéстной обрабóтке землú कृषि-समाज ; —ство на пая́х संयुक्त पूँजी-कम्पनी ।

товáрка (स्त्री०) товáрищ का स्त्री०-रूप ; सखी ; सहेली ।

товáрн‖ость (स्त्री०) पण्य/माल के उत्पादन और समग्र उत्पादन में अनुपात ; **—ый** (वि०) माल का ; —ый знак व्यापार-चिह्न / ट्रेड मार्क ;

—ый склáд मालगोदाम ; —ый пóезд मालगाड़ी ।

товарове́д (पुं०) १. पण्यविद् ; पण्य-विशेषज्ञ ; माल का जानकार ; २. माल-मैनेजर ।

товаро||обмéн (पुं०) वस्तु-विनिमय ; माल की अदला-बदली ; **—оборóт** (पुं०) वस्तु-चक्रण ; **—отправи́тель** (पुं०) प्रेषक ; माल भेजनेवाला ; **—получáтель** (पुं०) आप्रेषी/प्रेषिती ; जिसको माल भेजा जाये ; **—производи́тель** (पुं०) माल का उत्पादक ।

тóга (स्त्री०) चोग़ा ; लबादा ।

тогдá (क्रि० वि०) १. तब ; उस समय ; т. же तभी/उसी समय ; २. (अ०) т. как अतः/अतएव ।

тогдáшний (वि०) उस समय का ; तत्कालीन ।

тогó दे० тот.

тождéственн||ость (स्त्री०) तादात्म्य ; तद्रूपता ; अनन्यता ; **—ый** (वि०) तदात्म ; तद्रूप ; समान ; वही ।

тóждество (नपुं०) तादात्म्य ; तद्रूपता ; अनन्यता ।

тóже (क्रि० वि०) भी ; он т. пойдёт वह भी जायेगा ; он т. не знáет वह भी नहीं जानता ; у меня́ т. нет मेरे पास भी नहीं ।

тожéственный = тождéственный.

тóжество = тóждество.

ток (पुं०) **I.** (पानी की) धारा ; (हवा का) झोंका ; **II.** मेमों की एक प्रकार की टोपी ; **III.** (नर और मादा पक्षियों के) मिलने का स्थान ; **IV.** खलिहान ; अनाज कूटने का स्थान ।

токáй, —ское винó तोके/नाम की शराब ।

токáрн||ый (वि०) खराद का ; —ая мастерскáя खराद का कारखाना ; т. станóк खराद ।

токáрня (स्त्री०) खराद-कारखाना ।

тóкарь (पुं०) खरादिया ; खराद पर काम करनेवाला ।

токовá||ние (नपुं०) (पक्षियों की) हेला-ध्वनि ; **—ть** (अपू०) (—кýю) (पक्षियों का) हेला-ध्वनि करना ।

токсиколóгия (स्त्री०) विष-विद्या ।

токси́н (पुं०) एक प्रकार का विष ; टाक्सीन ।

токси́ческий (वि०) विष का ; विषैला ।

тóлевый (वि०) (निर्माण०) काग़ज़ की दफ़्ती का ।

толк (पुं०) १. अर्थ ; उपभोग ; लाभ ; с —ом बुद्धिमत्ता से ; бéз —у निरर्थक/फ़िज़ूल ; говори́ть бéз —у बकवास करना ; сбить с —у घबरा देना ; २. रुझान ; प्रवृत्ति ; ३. (बहु०) अफ़वाह ; किम्वदन्ती ; идýт —и о том, что अफ़वाह है कि . . . /कहा जाता है कि . . . □ взять в т. समझना ।

толкáть (अपू०), **толкнýть** (पू०) १. धक्का देना ; धकेलना ; т. лóктем (ध्यान आकर्षित करने के लिए) कोहनी से धक्का देना ; २. आगे को करना; उकसाना ; भड़काना ; **—ся** (आत्म०) १. धक्का-मुक्की करना ; एक-दूसरे को धक्का देना ; २. (किसीके) किवाड़ खटखटाना ; ३. (केवल अपू०) बेकार घूमना ; टहलना ।

толкáч (पुं०) १. मूसल ; लोढ़ा ; २. (रेल का डिब्बा आदि) धकेलनेवाला ; ३. (व्यक्ति) उद्यमी ; ४. चलता-पुर्ज़ा ; धूर्त ।

толкнýть(ся) दे० толкáть(ся).

толковá||ние (नपुं०) व्याख्या ; टीका ; **—тель** (पुं०) व्याख्याता ; व्याख्याकार ; टीकाकार ।

толковáть (अपू०) (—кýю) १. व्याख्या करना ; भाष्य करना ; टीका करना ; т. закóн क़ानून की व्याख्या करना ; २. स्पष्टीकरण करना ; समझाना ; скóлько емý не толкýй, он ничегó не понимáет उसको कितना ही समझाओ परन्तु उसकी समझ में कुछ नहीं आता ; ३. बातचीत करना ; что тут мнóго т. इसके विषय में बातचीत करना व्यर्थ है ; толкýют, бýдто... कहा जाता है कि... ; कहते हैं कि... ।

толкóвый (वि०) १. सुबोध ; सुगम ; स्पष्ट ; २. (व्यक्ति) समझदार ; बुद्धिमान ; ३. व्याख्यात्मक ; т. словáрь व्याख्यात्मक शब्दकोश ।

тóлком (क्रि० वि०) १. स्पष्ट रूप से ; साफ़-साफ़ ; २. गम्भीरतापूर्वक ; सच्चे मन से ।

толкотня́ (स्त्री०) भीड़-भड़क्का ।

толку́чий (वि०) : т. рынок कबाड़ी-बाज़ार ।

толку́чка : १. **= толкотня́ = толку́чий рынок** दे० толку́чий.

толма́ч (पुं०) व्याख्याता ; टीकाकार ।

толокно́ (नपुं०) जई का आटा ।

толоко́нный (वि०) जई के आटे का ; ☐ т. лоб मूर्ख ।

толо́чь (अपू०), **рас—** (पू०) (वर्त० толку́, толчёшь) दलना ; पीसना ; चूर्ण करना ; बुकनी करना ; **—ся** (आत्म०) १. टहलना ; इधर-उधर घूमना ; २. толо́чь का कर्मवाच्य ।

толп‖а́ (स्त्री०) भीड़ ; **—и́ться** (आत्म० अपू०) (толплю́сь, толпи́шься) भीड़ करना ; भीड़ में एकत्रित होना ; **—о́й** (क्रि० वि०) भीड़ से ; जमघट से ।

то́лстенький (वि०) मोटा ; स्थूलकाय ।

толсте́ть (अपू०), **по—** (पू०) मोटा होना ।

толсти́ть (अपू०) मोटा करना ।

толстова́тый (वि०) मोटा-सा ; स्थूल-सा ;

толсто́вец (पुं०) ताल्स्ताय का अनुयायी ।

толсто́вка (स्त्री०) **I.** толсто́вец का स्त्री०-रूप ; ताल्स्ताय की अनुयायिनी ; **II.** तोलस्तोवका (एक प्रकार की पुरुषों की कमीज़) ।

толсто́вство (नपुं०) ताल्स्तायवाद ।

толстогу́бый (वि०) मोटे ओठोंवाला ।

толстоко́жий (वि०) (जन्तु) मोटी खालवाला ; (फल आदि) मोटे छिलकेवाला ।

толстосу́м (पुं०) (धन रखने की) थैली ।

толсту́ха (स्त्री०) मोटी या गोलमटोल स्त्री/लड़की ।

толсту́шка (स्त्री०) मोटी/गोलमटोल स्त्री या लड़की ।

то́лст‖ый (वि०) मोटा ; स्थूल ; गोलमटोल ; —ые щёки फूले हुए गाल ; —ая па́лка मोटी छड़ी ; —ое сукно́ मोटा कपड़ा ; ☐ т. журна́л साहित्यिक मासिक ।

толстя́к (पुं०) मोटा/गोलमटोल आदमी या लड़का ; मोट्ट ।

толче́ние (नपुं०) दलने/बुकनी करने की क्रिया ; चूर्ण करने की क्रिया ।

толчея́ (स्त्री०) भीड़-भड़क्का ।

толчо́к (पुं०) १. धक्का ; झटका ; २. उत्तेजना ; प्रेरणा ; बढ़ावा ; дава́ть т. чему́-л. किसी काम को चलाना/आरम्भ करना ।

то́лща (स्त्री०) मुटापा ; मुटाई ।

то́лще : то́лстый का तर-प्रत्ययान्त रूप ।

толщина́ (स्त्री०) मुटापा ; मुटाई ।

толь (पुं०) (छत पर लगाने का) काग़ज़ या दफ़्ती ; (दीवारों पर चिपकाने का) काग़ज़ ।

то́лько (क्रि० वि०) १. केवल ; एकमात्र ; он т. хоте́л узна́ть वह केवल जानना चाहता था ; т. потому́, что केवल इसलिए कि.... ; २. परन्तु ; он согла́сен, т. име́йте в виду́, что वह सहमत है परन्तु ध्यान रखिए कि... ; ☐ т. что अभी ; अभी-अभी ; то́лько ? बस ? ; лишь т., как т. जैसे ही/ज्योंही ; лишь т. он вошёл ज्योंही वह अन्दर आया ; каки́х т. книг он не чита́л ! उसने कौन-सी पुस्तक नहीं पढ़ी ! ; поду́майте т. तनिक सोचिए तो !

том (पुं०) (पुस्तक की) जिल्द ; भाग ।

тома́т (पुं०) टमाटर ; **—ный** (वि०) टमाटर का ।

то́мик (पुं०) पुस्तिका ; छोटी पुस्तक ।

томи́тельн‖ость (स्त्री०) वेदना ; दुःख ; सन्ताप ; **—ый** (वि०) क्लान्तिजनक ; थकानेवाला ; अत्यन्त क्लेशकर ; दुःखद ; —ая жара́ सख़्त गर्मी ।

томи́ть (अपू०) (томлю́, томи́шь) १. थकाना ; तंग करना ; दुःख या पीड़ा देना ; सताना ; यातना देना ; т. кого́-л. в тюрьме́ किसीको जेल में यातना देना ; т. кого́-л. го́лодом и жа́ждой किसीको भूख-प्यास से सताना ; т. кого́-л. расспро́сами प्रश्न पर प्रश्न करके किसीको तंग करना ; २. सिमेंट से पक्का करना या जोड़ देना ;

३. (माँस आदि को) मन्दी/धीमी-धीमी आँच पर पकाना ; **—ся** (आत्म०) १. तड़पना ; तरसना ; —ся ожида́ния प्रतीक्षा में तड़पना ; —ся жа́ждой प्यास से तड़पना ; —ся тоско́й विरहाग्नि में जलना ; २. томи́ть का कर्मवाच्य ।

томле́ние (नपुं०) १. तड़प ; तरस ; २. (सिमेंट से) पक्का करने या जोड़ने की क्रिया ।

томлён||ый (वि०) १. मन्दी/धीमी-धीमी आँच पर पका हुआ (मांस आदि) ; २. —ая сталь सिमेंट लगा इस्पात ।

то́мность (स्त्री०) तड़प ; झूरने का भाव ।

тому́ दे० тот.

тон (पुं०) लहजा ; लय ।

тона́льность (स्त्री०) (संगीत) तालिका ।

то́ненький (वि०) बहुत पतला ; महीन ; बारीक ; т. го́лос महीन आवाज़ ।

тонзу́ра (स्त्री०) मुंडन ।

то́ника (स्त्री०) मूल स्वर ।

тонина́ (स्त्री०) क्षीणता ; पतलापन ।

тони́ческий (वि०) पौष्टिक/बलवर्धक (ओषधि) ।

то́нк||ий (वि०) १. पतला ; बारीक ; महीन ; т. слой पतली तह ; т. лист бума́ги पतला काग़ज़ ; —ая пыль महीन धूल ; т. шёлк महीन रेशम ; —ие ни́тки बारीक धागे ; —ие па́льцы पतली उँगलियाँ ; т. го́лос महीन आवाज़ ; २. स्वादिष्ट ; कोमल ; नाज़ुक ; т. ужи́н स्वादिष्ट (रात्रि का) खाना ; —ая рабо́та नाज़ुक काम ; ३. पैना ; तेज़ ; т. слух तेज़ कान ; ४. सूक्ष्म ; т. намёк सूक्ष्म संकेत ; т. вопро́с सूक्ष्म प्रश्न ; —ое разли́чие सूक्ष्म अन्तर/भेद ; т. знато́к सूक्ष्म चिह्न ; т. кри́тик सूक्ष्मदर्शी समीक्षक/विवेकी आलोचक ; т. худо́жник सूक्ष्मदर्शी कलाकार ; т. ум सूक्ष्मबुद्धि ; ५. चतुर ; धूर्त ; т. поли́тик चतुर राजनीतिज्ञ ।

то́нко (क्रि० वि०) १. т. очи́ненный каранда́ш बारीक बनायी हुई पेंसिल ; т. наре́занные ло́мтики хле́ба डबलरोटी के पतले काटे हुए टुकड़े (पतले स्लाइस) ; २. सूक्ष्मता से ; बारीकी से ।

тонко||зерни́стый (वि०) बारीक दानेदार ; **—ко́жий** (वि०) पतली खालवाला ।

то́нкос||ть (स्त्री०) १. पतलापन ; बारीकी ; महीन होने का भाव ; सूक्ष्मता ; т. ума́ बुद्धि की सूक्ष्मता ; २. सूक्ष्म ब्यौरा ; вдава́ться в —ти बाल की खाल निकालना ।

то́нна (स्त्री०) (तोल) टन ।

тонна́ж (पुं०) टन-भार ; टनों में जहाज़ का वज़न ।

тонне́ль = тунне́ль.

то́нный (वि०) (व्यंग्य का शब्द) डून की हांकनेवाला ।

-тонный : двадцатито́нный बीस टन का ।

то́нус (पुं०) स्वर ।

тону́ть (अपू०), **по—, у—** (पू०) डूब जाना ; धँसना ; т. в снегу́ बर्फ़ में धँसना ; в дела́х काम में डूब जाना/मग्न हो जाना ।

то́ньше : то́нкий का तर-प्रत्ययान्त-रूप ।

то́ня (स्त्री०) १. मत्स्य-केन्द्र ; मछली पकड़ने का स्थान ; २. एक बार डाला हुआ जाल ।

топа́з (पुं०) पुखराज ।

то́пать (अपू०), **то́пнуть** (पू०) पाँव पटकना ; पाँव से ठपठपाना ।

топи́ть (अपू०) (वर्त० топлю́, то́пишь) **I.** तपाना ; आग जलाना ; т. печь अँगीठी तपाना ; **II.** पिघलाना ; т. лёд बर्फ़ पिघलाना ; ☐ т. молоко́ खूब औटाया हुआ दूध ।

топи́ть -III (अपू०), **по—, у—** (पू०) डुबोना ; т. су́дно जहाज़ डुबोना ।

топи́ться -I (आत्म० अपू०) (अँगीठी का) तपना ; जलना топи́ть-I का कर्मवाच्य ।

топи́ться -II (आत्म० अपू०) पिघलना ; पिघलाया जाना ।

топи́ться -III (आत्म० अपू०), **у—** (आत्म० पू०) डूब जाना ।

то́пка (स्त्री०) **I.** १. तपाने/आँच देने की क्रिया ; २. भट्टी ; अँगीठी ; **II.** पिघलाने की क्रिया ।

то́пк||ий (वि०) दलदली ; दलदलवाला ;

—ость (स्त्री०) दलदल से युक्त होने का भाव ; दलदलापन ।

топлён‖ый (वि०) तपाया/गर्म किया हुआ ; पिघलाया हुआ ; —ое мáсло घी ; —ое сáло पिघलायी हुई चर्बी ।

тóпливо (नपुं०) (केवल एकवचन) ईंधन ; жи́дкое т. तेल का ईंधन ।

тóпнуть दे० тóпать.

топóграф (पुं०) तल-मानचित्रकार ।

топогрáфия (स्त्री०) तल-मानचित्र ; तलरूप ।

тóполевый (वि०) चिनार (वृक्ष) का ।

тóполь (पुं०) चिनार का वृक्ष ।

топóр (पुं०) कुठार ; कुल्हाड़ा ; удáр —óм कुठाराघात ; **—ик** (पुं०) १. топóр का अल्प० ; २. कुल्हाड़ी ; **—и́ще** (नपुं०) कुल्हाड़े का दस्ता ।

топóрн‖ый (वि०) भद्दा ; खुरदरा ; —ая рабóта भद्दा काम ।

топóрщить (अपू०), **вс—** (पू०) (मूँछों पर) ताव देना ; (धागा आदि बटकर) खड़ा करना ; т. ýсы मूँछों को ताव देना ।

тóпот (पुं०) (पाँव की) ठपठप ; पद-चाप ।

топотáть (अपू०) (पाँव से) 'ठपठप' का शब्द करना ।

тóпочный (वि०) अँगीठी का ।

топтáть (अपू०) (топчý, тóпчешь) १. (पाँव से) रौंदना ; т. трáву घास रौंदना ; т. гли́ну गारा रौंदना ; २. (पाँव से) मलिन करना ; गन्दा करना ; **—ся** (आत्म० अपू०) पदक्षेप करना ; पाँव मारना ; т. на мéсте मन्द पदक्षेप करना ; т. без дéла (बिना काम के) टहलना ; इधर-उधर घूमना ।

Топты́гин (पुं०) (मज़ाक का शब्द) भालू ।

топчáк (पुं०) पाँवचक्की (सीढ़ियों पर पाँव रखने से चलनेवाली चक्की जो जेल में क़ैदियों से चलवायी जाती है) ।

топь (स्त्री०) दलदल ; कच्छ भूमि ।

тóрба (स्त्री०) तोबड़ा (घोड़े को दाना खिलाने का थैला) ।

торг (पुं०) १. सौदा ; २. मंडी ; ३. (बहु०) नीलामी ; продавáть с —ов नीलाम करना ; **—áш** (पुं०) फुटकर व्यापारी ।

торговáть (अपू०) (-—гýю) १. व्यापार करना ; बेचना ; т. óптом थोक में बेचना ; т. в рóзницу फुटकर में बेचना ; магази́н торгýет до 8 часóв вéчера दुकान रात के आठ बजे तक खुली रहती है ; २. सौदा करना ; मोल-भाव करना ; **—ся** (आत्म०) १. सौदा करना ; मोल-भाव करना ; २. (अकर्मक) तर्क करना ; बहस करना ।

торгóв‖ец (पुं०) सौदागर ; व्यापारी ; крýпный т. थोक व्यापारी ; ýличный т. फेरीवाला ; **—ка** (स्त्री०) सौदा बेचनेवाली ।

торгóвля (स्त्री०) वाणिज्य ; व्यापार ; государственная т. राज्य-व्यापार ; свобóдная т. मुक्त व्यापार/निर्बन्ध व्यापार ; меновáя т. वस्तु-विनिमय ; óптовая т. थोक व्यापार ; рóзничная т. फुटकर व्यापार ।

торгóвый (वि०) торгóвля से वि० ; т. капитáл व्यापार-पूँजी ; —ая поли́тика वाणिज्य-नीति ।

торгпрéд (पुं०) (торгóвый представи́тель) वाणिज्य-प्रतिनिधि ।

торéц (पुं०) १. (सड़क पर फ़र्श लगाने का) लकड़ी का चौरस तख़्ता ; २. (केवल एकवचन) लकड़ी की बनी पटरी ।

торжéственн‖ость (स्त्री०) १. उत्सवता ; धूमधाम ; २. गम्भीरता ; **—ый** (वि०) १. पर्व- ; त्यौहार का ; धूम-धाम का ; —ый день त्यौहार का दिन ; उत्सव ; २. गम्भीर भाव से किया हुआ ; —ая кля́тва दृढ़ (गम्भीर) प्रतिज्ञा ।

торжеств‖ó (नपुं०) १. उत्सव ; पर्व ; октя́брьские —á अक्तूबर-क्रान्ति का उत्सव ; २. (केवल एकवचन) विजय ; जीत ; т. справедли́вости न्याय की विजय ; ३. (केवल एकवचन) परम आनन्द ; परम हर्ष ; उल्लास ; हुलास ; сказáть что-л. с —óм सोल्लास/सहर्ष कहना ।

торжествовáть (अपू॰) (—ствýю) १. उत्सव मनाना ; т. побéду विजयोत्सव मनाना ; २. (-पर) विजय पाना ; ३. उल्लसित होना ; खुशियाँ मनाना ।

тóри (पुं॰) (ब्रिटेन की राजनीतिक पार्टी) टोरी ।

тóрий (पुं॰) (रस॰) थोरियम ।

тормáшк||и (बहु॰) १. вверх т., вверх —ами कलाबाज़ी ; २. उलट-पुलट ।

торможéние (नपुं॰) ब्रेक लगाने की क्रिया ।

тóрмоз (पुं॰) ब्रेक ; रुकावट ; अवरोध ।

тормози́ть (अपू॰) (торможý, тормози́шь) ब्रेक लगाना ; रुकावट डालना ।

тормоши́ть (अपू॰) १. खींचना ; छेड़ना ; т. ребёнка बच्चे को छेड़ना ; २. तंग करना ; परेशान करना ; पीछे पड़ना ।

тóрн||ый (वि॰) घिसा-पिटा ; साफ़ (रास्ता) ; пойти́ по —ой дорóге घिसे-पिटे रास्ते पर चलना ; लीक-लीक चलना ।

торовáт||ость (स्त्री॰) उदारता ; **—ый** (वि॰) उदार ।

тороп́ить (अपू॰), **по—** (पू॰) (वर्त॰ торoплю́, торóпишь) जल्दी करना ; т. когó-л. (с) -के लिए जल्दी कराना ; он торóпит меня́ с отвéтом वह उत्तर के लिए मुझ पर ज़ोर डाल रहा है ; **—ся** (आत्म॰) जल्दी करना ; जल्दबाज़ी करना ; —ся на рабóту काम पर जाने की जल्दी करना ; вам нáдо —ся आपको जल्दी करनी चाहिए ; торопи́тесь ! जल्दी कीजिए ! ; он торóпится кóнчить рабóту वह काम समाप्त करने की जल्दी में है ।

торопли́в||о (क्रि॰ वि॰) उतावलेपन से ; शीघ्रता से ; जल्दबाज़ी से ; **—ость** (स्त्री॰) उतावलापन ; शीघ्रता ; जल्दबाज़ी ; **—ый** (वि॰) उतावला ; जल्दबाज़ ; जल्दी करनेवाला ।

тóрос (पुं॰) हिमखंड ; बर्फ़ का ढेला ; **—иться** (आत्म॰ अपू॰) (торошýсь, тороси́шься) बर्फ़ का ढेला बनना ।

торпéда (स्त्री॰) तारपीडो ; अन्तर्ध्वंसक ।

торс (पुं॰) रुंड ; मूर्ति का धड़ ।

торт (पुं॰) केक ।

торф (पुं॰) दलदल का कोयला ।

торф||одобывáние (नपुं॰), **—одобыча** (स्त्री॰) दलदल का कोयला निकालने की क्रिया; **—оразрабóтки** (बहु॰), **—яни́к** (पुं॰) दलदल का कोयला निकालने का स्थान ; **—яни́стый** (वि॰) दलदल के कोयले से युक्त ; **—янóй** (वि॰) दलदल के कोयले का ; —янóе болóто कोयलेवाला दलदल ; —янáя промышленность दलदल से कोयला निकालने का व्यवसाय ।

торцóв||ый (वि॰) : —ая мостовáя लकड़ी के तख़्तों की बनी सड़क की पटरी ।

торчáть (अपू॰) १. (ऊपर को) निकलना ; उभकना ; २. т. пéред глазáми सदा आँखों के सामने रहना ; т. где-л. день सारा दिन कहीं लगे रहना ।

торч||кóм, —мя (क्रि॰ वि॰) (बाहर को) निकाला हुआ ; ýсы т. ताव दी हुई मूँछें ।

тоск||á (स्त्री॰) १. अवसाद ; वेदना ; पीड़ा ; предсмéртная т. मृत्यु-वेदना ; невыноси́мая т. असह्य पीड़ा/वेदना ; २. उदासी ; मन उचाट होना ; ऊबना ; там такáя т. वहाँ मन ऊब जाता है ; эта кни́га, однá т. यह मन उबानेवाली पुस्तक है ; ३. विरह-वेदना ; तड़पन ; испы́тывать —ý по ком-л. किसीके विरह में जलना ; т. любви́ प्रेम की पीर ।

тоскли́в||о (क्रि॰ वि॰) उचाट होकर ; ऊबकर ; नीरसता से ; शोक से ; विषाद से ; емý т. वह बड़ा उदास है/वह ऊब गया है ; **—ость** (स्त्री॰) अवसाद ; विषाद ; मन ऊबना ; उदासी ; **—ый** (वि॰) उदास ; शोकग्रस्त ; उबानेवाला ; नीरस ; —ое настроéние उदासी ; —ая жизнь नीरस जीवन ; —ая погóда ख़राब मौसम ।

тоск||овáть (अपू॰), (—кýю) झूरना ; अवसन्न रहना ; (वियोग में) तड़पना ; он —ýет по дрýгу वह अपने मित्र के वियोग में तड़प रहा है ।

тост (पुं॰) टोस्ट ; провозглашáть т. (за)

(किसीके लिए) जामे-सेहत पीना/किसीके स्वास्थ्य के लिए टोस्ट का प्रस्ताव करना।

тот (सर्वं०) (पुं०), **та** (स्त्री०), **то** (नपुं०), **те** (बहु०) १. वह ; (बहु०) वे ; да́йте мне тот каранда́ш मुझे वह पेंसिल दीजिए ; где те кни́ги ? वे पुस्तकें कहाँ हैं ? ; тот же वही ; в ту же мину́ту उसी पल ; с. того́ вре́мени с тех пор तब से ; २. अन्य ; दूसरा ; на той стороне́ दूसरी ओर ; ३. वही ; वह (जिसकी आवश्यकता थी) ; э́то не тот по́езд यह वह गाड़ी नहीं है/यह ग़लत गाड़ी है ; ४. उस ; э́то употребля́ется в том слу́чае, кото́рый был опи́сан вы́ше यह उक्त स्थिति में प्रयोग किया जाता है ; ☐ до того́, что यहाँ तक कि- ; по ме́ре того́, как इतना कि . . . ; по́сле того́, как (-के) पश्चात् ; пе́ред тем, как (-के) पूर्व ; с тем, что́бы ताकि ; несмотря́ на то́, что -के बावजूद ; вме́сте с тем इसके साथ-साथ ; кро́ме того́ (-के) अतिरिक्त ; тем вре́менем, между те́м इतने में ; со всем тем इस सबके होते हुए ; и тому́ подо́бное इत्यादि ; к тому́ же इसके अतिरिक्त ; мно́го лет тому́ наза́д (बहुत) कई वर्ष हुए ; ни с того́, ни с сего́ अकारण ही।

тоталита́рный (वि०) सर्वाधिकारी।

тота́льный (वि०) योगफल ; जोड़ का।

тоте́м (पुं०) गणचिह्न ; किसी जन-जाति का कुल चिह्न (पशु या पौधा)।

то́-то (क्रि० वि०) १. कितना ; то́-то он удиви́тся वह कितना चकित होगा ? ; क्या उसको अचम्भा नहीं होगा ? ; २. देखा !

то́тчас (क्रि० वि०) तुरन्त ; एकदम।

точи́лка (स्त्री०) सान ; चाक़ू आदि तेज़ करने की सिल्ली।

точи́ло (नपुं०) सान ; औज़ार तेज़ करने की सिल्ली।

точи́льный (वि०) तेज़ करने का ; धार बाँधने का ; т. бруco̗к ка́мень = точи́лка ; т. стано́к सान।

точи́льщик (पुं०) सानगर ; चाक़ू आदि की धार बाँधनेवाला।

точи́ть -I (अपू०), **на—** (पू०) १. तेज़ करना ; धार बाँधना ; т. каранда́ш पेंसिल बनाना ; २. खरादना ; ☐ т. зу́бы на кого́-л. किसी पर दाँत पीसना/किटकिटाना।

точи́ть -II (अपू०) खा जाना ; कुतर डालना ; मोरचा खा जाना ; काट देना ; вода́ то́чит ка́мень पानी पत्थर को काट देता है।

точи́ть -III (अपू०) टपकाना ; т. слёзы आँसू बहाना ; т. смолу́ (पेड़ काटकर) गन्दा बिरोजा निकालना।

точи́ться : точи́ть-I और II का कर्मवाच्य।

то́чка -I (स्त्री०) १. बिन्दु ; अंक ; т. кипе́ния क्वथनांक ; т. замерза́ния हिमांक ; т. опо́ры (भौ०) आलम्ब ; २. (व्या०) पूर्ण विराम ; т. с запято́й अर्धविराम (;) ; ☐ т. зре́ния दृष्टिकोण ; то́чка ! बस !

то́чка -II (स्त्री०) १. तेज़ करने या धार बाँधने की क्रिया ; २. खरादने की क्रिया।

то́чно -I (क्रि० वि०) यथावत् ; ठीक-ठीक ; ठीक समय पर ; वस्तुत: ; सचमुच ; т. в пять часо́в ठीक पाँच बजे ; т. переводи́ть ठीक-ठीक अनुवाद करना ; так т. बिल्कुल ठीक है।

то́чно -II (सम्बन्धसूचक अ०) मानों ; जैसे ; सदृश ; т. он чита́ть не уме́ет मानों वह पढ़ ही नहीं सकता ; он т. поме́шанный वह पागलों जैसा है।

то́чн||ость (स्त्री०) १. अन्वर्थता ; परिशुद्धता ; यथार्थता ; सहीपन ; २. समयानुपालन ; в —и यथार्थ में ; ठीक समय पर ; वस्तुत: ; т. перево́да अनुवाद की अन्वर्थता/यथार्थता।

то́чн||ый (वि०) १. ठीक ; यथार्थ ; शुद्ध ; अन्वर्थ ; २. समयनिष्ठ ; समयानुपालक ; —ый перево́д शुद्ध/अन्वर्थ अनुवाद ; —ое вре́мя ठीक समय।

точь-в-точь (क्रि० वि०) ठीक-ठीक ; अक्षरश:।

тошн||и́ть (अपू०) (कर्तृ-निरपेक्ष) меня́ —и́т मेरा जी मतला रहा है।

то́шно (विधेय) (कर्तृ-निरपेक्ष) мне т. मेरा जी मतला रहा है ; मुझे क़ आ रही है ।

тошно||та́ (स्त्री०) वमन ; मतलाहट ; **—тво́рный** (वि०) जी मतला देनेवाला ; कुत्सित ; घृणाजनक ।

то́шный (वि०) १. मतली पैदा करनेवाला ; २. थका देनेवाला ; ३. उबा देनेवाला ।

тоща́ть (अपू०), **о—** (पू०) दुर्बल होना ; क्षीण होना ।

то́щий (वि०) १. दुबला-पतला ; क्षीण ; २. खाली ; कम ; थोड़ा ; на т. желу́док खाली पेट ; т. у́голь कच्चा कोयला ।

тпру! (विस्मय०) पुचकार ! (घोड़े को ठहराने का शब्द) ।

трав||а́ (स्त्री०) घास ; तिनका ; तृण ; со́рная т. मोथा ; лека́рственные целе́бные тра́вы जड़ी-बूटियाँ ; лежа́ть на —е́ घास पर लेटना ।

трави́нка (स्त्री०) तिनका ।

трави́ть (अपू०) (травлю́ тра́вишь) **I.** १. (शिकार) खदेड़ना ; २. क्लेश देना ; पीड़ा देना ; т. соба́ками (-पर) कुत्ते छोड़ना ; **II.** १. विष देना ; т. крыс विष देकर चूहे मारना ; २. धातु-पत्र पर तेज़ाब आदि से खुदाई करना ।

трави́ть -III (अपू०), **по—** (पू०) पाँव से कुचलना ; रौंदना ।

трави́ться -I (आत्म० अपू०) трави́ть I, III का कर्मवाच्य ।

трави́ться -II (आत्म० अपू०) १. विष खाना ; २. трави́ть-II का कर्मवाच्य ।

травле́ние (नपुं०) (अम्ल या तेज़ाब से धातु पर चित्र की) खुदाई ।

тра́вля (स्त्री०) (शिकार) खदेड़ना ; पीछा करना ।

травоя́дн||ый (वि०) घास खानेवाला ; —ое живо́тное घास खानेवाला पशु ।

травян||и́стый (वि०) १. घासवाला ; २. बेस्वाद ; **—о́й** (वि०) घास का ; —о́й за́пах घास की गन्ध ; —о́й цвет (घास के सदृश) हरा रँग ।

траге́дия (स्त्री०) त्रासदी ; दुःखान्त नाटक ; दुर्घटना ।

тра́гик (पुं०) त्रासदीकार ; दुःखान्त नाटककार या अभिनेता ।

трагикоме́дия (स्त्री०) कारुणिक कामदी ; त्रासिककामदी ; दुखान्त-सुखान्त नाटक ।

траги́ческ||и (क्रि० वि०) करुण रूप से ; दुःखान्त रूप से ; око́нчиться т. करुण अन्त होना ; दुःखान्त होना ; **—ий** (वि०) त्रासदीय ; कारुणिक ; दुःखान्त- ; —ий актёр त्रासदी-अभिनेता ; दुःखान्त नाटक का अभिनेता ; —ое зре́лище करुण दृश्य ।

траги́чно = траги́чески.

траги́чн||ость (स्त्री०) कारुणिकता ; दुःखान्तता ; दुःखद घटना ; **—ый** (वि०) दुःखान्त ।

традицио́нн||ость (स्त्री०) परम्परागत स्वभाव ; परम्परागत आचरण ; **—ый** (वि०) परम्परागत ।

тради́ция (स्त्री०) परम्परा ।

траекто́рия (स्त्री०) किसी गतिशील वस्तु का वक्र-मार्ग ।

тракт (पुं०) १. बड़ी सड़क ; राजमार्ग ; २. रास्ता ।

тракта́т (पुं०) १. (अन्तर्राष्ट्रीय) सन्धि ; २. (वैज्ञानिक) कृति ; रचना ।

тракти́р (पुं०) सराय ; शराबख़ाना ; ढाबा ; **—щик** (पुं०), **—щица** (स्त्री०) सराय का स्वामी / की स्वामिनी ; ढाबे का मालिक / की मालकिन ; शराबख़ाने का स्वामी/की स्वामिनी ।

трактова́ть (अपू०) (—ту́ю) १. बहस करना ; तर्क करना ; २. व्याख्या करना ; (विषय का) विवेचन करना ; **—ся** (आत्म०) ☐ о чём тракту́ется в э́той кни́ге इस पुस्तक का विषय क्या है ? ; трактова́ть का कर्मवाच्य ।

тракто́вка (स्त्री०) (विषय) विवेचन ; व्याख्या ; बहस ।

тра́ктор (पुं०) ट्रैक्टर ; **—и́ст** (पुं०), **—и́стка** (स्त्री०) ट्रैक्टर चलानेवाला/वाली ;

—ный (वि०) ट्रैक्टर का ; **—остроéние** (नपुं०) ट्रैक्टर-निर्माण ।

трал (पुं०) १. (मछलियाँ पकड़ने का बोरी जैसा) जाल ; २. (बारूद की) सुरंगें साफ़ करने का साधन ; **—ер** (पुं०) जालपोत (जाल से मछलियाँ पकड़ने का जहाज़) ।

трáлить (अपू०) बड़े जाल से मछलियाँ पकड़ना ।

трáловый (वि०) (पानी में) सुरंगें साफ़ करने का ।

трáльщик (पुं०) (पानी में) सुरंगें साफ़ करनेवाला जहाज़ ।

трамб‖овáть (अपू०), (—бýю) (मोगरी/मुगदर आदि से कूटकर) समतल करना ; т. зéмлю (मोगरी आदि से) भूमि एकसार करना ; **—óвка** (स्त्री०) १. (मोगरी/मुगदर आदि से कूटकर) समतल करने की क्रिया ; २. मोगरी ; मुगदर ।

трамв‖áй (पुं०) ट्राम ; ट्राम की पटरी ; éхать на —áе ट्राम में जाना ; сесть на т. ट्राम में बैठना ; вы́йти из —áя ट्राम से उतरना ; **—áйный** (वि०) ट्राम का ; —áйный билéт ट्राम का टिकट ।

трамвáйщик (पुं०) ट्राम पर काम करनेवाला ।

трампли́н (पुं०) छलाँग लगाने में सहायता देने का लचकदार तख़्ता ।

транжи́р‖а (उभ०) अतिव्ययी ; मुक्तहस्त ; खर्चीला ; **—ить** (अपू०) अतिव्यय करना ; धन लुटाना ।

транзи́т (पुं०) (रास्ते में) चलता हुआ माल ।

транзи́тн‖ый (वि०) : —ая ви́за पारवहन-वीज़ा ।

транс (पुं०) मूर्च्छा ; अचेत अवस्था ।

трансаркти́ческий (वि०) उत्तरी ध्रुव के पार का ।

трансгрéссия (स्त्री०) अतिक्रमण ।

транскри́пция (स्त्री०) नक़ल ; प्रतिलेख ।

трансли́ровать (अपू० और पू०) (—рую) (रेडियो द्वारा) प्रसारित करना ।

транслитерáция (स्त्री०) लिप्यन्तरण ; दूसरी लिपि में लिखना ।

трансляциóнный (वि०) (रेडियो द्वारा) प्रसारित करने का ।

трансля́ция (स्त्री०) (रेडियो द्वारा) प्रसारण ।

трансокеáнский (वि०) सागर-पार का ।

транспарáнт (पुं०) १. पारदर्शक वेल-बूटेदार कपड़ा ; २. (काली सतरोंवाला) पारदर्शक काग़ज़ ।

транспирáция (स्त्री०) निःश्वास (अंग्रेज़ी—ट्रांसपिरेशन) ।

трансплантáция (स्त्री०) पौध लगाने की क्रिया ।

транспози́ция (स्त्री०) स्थान-विनिमय ; जगह बदलने की क्रिया ; एक जगह से उठाकर दूसरी जगह पर रखने की क्रिया ।

транспони́р‖овать (अपू० और पू०) (—рую) स्थान बदलना ; **—овка** (स्त्री०) स्थान-विनिमय ।

трáнспорт (पुं०) १. यातायात ; т. грýзов माल का यातायात ; २. (माल का) भेजा जाना ; ३. परिवहन ।

транспóртер, транспортёр (पुं०) वाहक ; ले जानेवाला ।

транспорти́р (पुं०) चाँदा (अंग्रेज़ी—प्रोट्रैक्टर) (कोण नापने या बनाने का उपकरण) ।

транспорти́ровать (अपू० और पू०) (—рую) १. (माल) भेजना ; २. ले जाना ।

трансформáтор (पुं०) (भौ०) परिवर्तक (अंग्रेज़ी—ट्रांसफ़ार्मर) ।

трансформáция (स्त्री०) रूपान्तरण ।

трансформи́ровать (अपू० और पू०) (—рую) रूपान्तर करना ।

трансцендентáльный (वि०) (दर्शन०) सर्वातीत ; देशकालातीत ।

трансцендéнтный (वि०) (दर्शन०) सर्वातिशायी सिद्धान्त-सम्बन्धी ; सर्वातीतवादीय ; सर्वातीत-सिद्धान्त का ।

траншéйный (वि०) (सेना०) ~~खाई का ।~~

траншéя (स्त्री०) खाई ; खन्दक ।

трап (पुं०) १. पोत की सीढ़ी २. (फ़र्श पर पानी निकलने का) छोटा छेद्र ; नाली ।

трáпез||а (स्त्री०) १. मठ में सार्वजनिक भोजन करने की मेज़ ; сидéть за —ой मठ में खाने की मेज़ पर वैठना ; २. भोजन ।

трáпезная (स्त्री०) भोजन-कक्ष ।

трапéция (स्त्री०) १. (गणित) समलम्ब ; २. (कसरत करने का) झूला ।

трапецóид (पुं०) समलम्ब चतुर्भुज (जिसकी केवल दो भुजाएँ समानान्तर होती हैं) ।

трáсса (स्त्री०) १. रेखा-चित्र ; खाका ; ढांचा ; २. पथ ; воздýшная т. वायु-मार्ग ; हवाई पथ ।

трассáнт (पुं०) हुंडी-प्रेषक ; हुंडी लिखनेवाला ।

трассáт (पुं०) वह पक्ष जिसके नाम हुंडी भेजी जाये ।

трасси́ровать (अपू० और पू०) (—рую) रेखा-चित्र या खाका तैयार करना ।

трáта (स्त्री०) व्यय ; खर्च ।

трáтить (अपू०), **ис—, по—** (पू०) (वर्त० трáчу, трáтишь) व्यय करना ; खर्च करना ; व्यर्थ नष्ट करना ; **—ся** (आत्म०) १. खर्च होना ; २. трáтить का कर्मवाच्य ।

трáтта (स्त्री०) हुंडी ।

трáулер = трáлер.

трáур (पुं०) मृत्यु-शोक ; मातम ।

трáурница (स्त्री०) तितली ।

трáурный (वि०) मृत्युशोक का ; मातमी ।

трафарéт (पुं०) स्टेंसिल ; раскрáшивать, распи́сывать по —у स्टेंसिल करना ; **—ный** (वि०) १. स्टेंसिल किया हुआ ; २. घिसा-पिटा ; दक़ियानूसी ; सामान्य ।

трах (विस्मय०) धड़ाम ।

трахеи́т (पुं०) श्वासपथ का शोथ/सूजन ।

трахéйный (वि०) श्वासप्रणाली-सम्बन्धी ।

трахéя (स्त्री०) श्वासप्रणाली ।

трáхнуть (पू०) तड़ाक से मारना ; पीटना ; т. когó-л. по головé किसीके सिर पर तड़ाक से मारना ।

трахóма (स्त्री०) कुकरे ; रोहे (आँखों का एक रोग) ।

трéба (स्त्री०) १. (धार्मिक) सृष्टि ; २. बलि ; ३. आवश्यकता ; об э́том т. подýмать इसके विषय में सोचने की आवश्यकता है ।

трéбован||ие (नपुं०) १. माँग ; अनुरोध ; आवश्यकता ; दावा ; по —ию когó-л. किसीके अनुरोध पर/किसीके कहने पर/किसीके आदेश से ; настоя́тельное т. आवश्यक प्रार्थना/माँग ; удовлетвори́ть чьи-л. —ия किसीकी माँगें पूरी करना ; выдвигáть —ия माँगें पेश करना/दावा पेश करना ; २. उमंगें ; स्पृहा ; इच्छा ; человéк без вся́ких —ий निःस्पृह व्यक्ति ।

трéбовательн||ость (स्त्री०) कठोरता से काम निकालने का भाव ; दूसरे से कसकर काम लेने का भाव ; सख़्ती ; изли́шняя т अनुचित सख़्ती/कठोरता ; **—ый** (वि०) १. दूसरे से कसकर काम लेनेवाला ; सख़्त ; कठोर ; —ый начáльник कठोर अधीक्षक ; २. आवश्यक ।

трéбовать (अपू०), **по—** (पू०) (वर्त० —бую) १. माँग करना ; माँगना ; т. объяснéния किसीसे अपनी सफ़ाई पेश करने के लिए कहना या ज़ोर देना ; २. आवश्यकता होना ; ज़रूरत होना ; э́то трéбует специáльных знáний इसके लिए विशेष ज्ञान की आवश्यकता है ; больнóй трéбует покóя रोगी को आराम की आवश्यकता है ; ३. (केवल अपू०) (-से) आशा रखना ; ४. (अदालत का) समन भेजना ; बुलाना ; **—ся** (आत्म०) १. आवश्यकता होना ; на э́то трéбуется мнóго врéмени इसके लिए बहुत समय की आवश्यकता है ; २. трéбовать का कर्मवाच्य ।

требухá (स्त्री०) (केवल एकवचन) १. (मारे हुए पशु का) भीतरी भाग—पेट, आँतड़ियाँ आदि ; २. कूड़ा-कर्कट ।

тревóг||а (स्त्री०) १. आशंका ; बेचैनी ; चिन्ता ; खतरे का आभास ; быть в —е चिन्ता होना/बेचैन होना ; २. खतरे की सूचना ; खतरे की चेतावनी ; подня́ть —у गुहार करना/दुहाई देना ।

тревóжить (अपू०), **по—**, **вс—** (पू०) १. (потревóжить पू० के साथ) तंग करना; शान्ति भंग करना; т. протúвника शत्रु की शान्ति भंग करना; २. (встревóжить पू० के साथ) चिन्तित करना; आकुल करना; दुःखी करना; बेचैन करना; परेशान करना; егó тревóжат всякие слýхи वह हर तरह की अफ़वाहों से चिन्तित/बेचैन हो उठता है।

тревóж‖иться (आत्म० अपू०), **потревóжиться** (आत्म० पू०) १. अपनेआप को दुःख देना; कष्ट उठाना; आकुल होना; चिन्तित होना; परेशान होना; напрáсно вы —ились आपने व्यर्थ कष्ट उठाया; २. тревóжить का कर्मवाच्य।

тревóжн‖ость (स्त्री०) चिन्ता; बेचैनी; व्याकुलता; परेशानी; **—ый** (वि०) १. चिन्तित; व्याकुल; बेचैन; परेशान; दुःखी; २. व्याकुल करनेवाला; चिन्ताजनक; ३. ख़तरे की सूचना का; —ый сигнáл ख़तरे की चेतावनी।

треволнéние (नपुं०) हलचल।

трéзвенник (पुं०) नशे से परहेज़ करनेवाला; संजीदा; संयत; धीर।

трезвéть (अपू०) नशे से परहेज़ करना; संयत होना; संजीदा होना।

трéзво (क्रि० वि०) संयत रूप से; संजीदगी/धीरता से; समझदारी से; смотрéть на вéщи т. हर एक वस्तु को संयत दृष्टि से देखना।

трезвóн (पुं०) १. घंटी का शब्द; टनटन; २. गपशप; अफ़वाह।

трезвóнить (अपू०), **рас—** (पू०) १. (केवल अपू०) (घंटी) बजाना; २. (अफ़वाह) फैलाना; ढिंढोरा पिटवाना; т. по всемý гóроду सारे नगर में ढिंढोरा पिटवाना/सारे नगर में अफ़वाह फैलाना।

трéзвость (स्त्री०) १. संजीदगी; नशे से परहेज़; संयतता; २. सुचेतता; बाहोशी।

трезвýчие (नपुं०) (संगीत) त्रय; त्रिक।

трéзвый (वि०) संजीदा; नशे से परहेज़ करनेवाला; धीर; संयत; т. человéк संयत मनुष्य/संजीदा आदमी।

трезýбец (पुं०) त्रिशूल।

трек (पुं०) धावन-पथ; रेसकोर्स।

трель (स्त्री०) (स्वर का) कम्पन।

трельяж (पुं०) १. लकड़ी की जाली; झिंझरी; जाफ़री; २. त्रिपक्षी शीशा।

трéнер (नपुं०) (खेलों का) शिक्षक।

трéнзель (पुं०) पतले दहाने की लगाम।

трéние (नपुं०) १. घर्षण; रगड़; २. संघर्ष; अनबन; मुठभेड़; झड़प।

тренировáть (अपू०) (—рýю) प्रशिक्षण देना; ट्रेनिंग देना; **—ся** (आत्म० अपू०) **натренировáться** (आत्म० पू०) प्रशिक्षण लेना; ट्रेनिंग लेना।

тренирóвка (स्त्री०) प्रशिक्षण; ट्रेनिंग।

тренирóвочный (वि०) प्रशिक्षण का; ट्रेनिंग का।

тренóжить (अपू०), **с—** (पू०) पैंकड़ा बाँधना; (पशुओं का भागना बन्द करने के लिए) पिछली टाँगें बाँधना; पिछाड़ी डालना।

тренóжник (पुं०) तिपाई; तीन टाँगोंवाली मेज़।

трéнькать (अपू०) सितार आदि के तारों को झंकृत करना।

трепáк (पुं०) त्रेपाक (एक प्रकार का नृत्य)।

трепáлка (स्त्री०), **трепáло** (नपुं०) पटुआ या सन पीटने की मोगरी।

трепáль‖ный (वि०): —ная машúна पटुआ या सन पीटने की मशीन; **—щик** (पुं०), **—щица** (स्त्री०) पटुआ या सन पीटनेवाला/वाली।

язычко́вый (वि०) १. अतिजिह्वा (गले की घंटी)-सम्बन्धी ; २. नरकट का बना हुआ ; я. инструме́нт नरकट का बना हुआ वाद्ययन्त्र ।

язы́чный (वि०) जिह्वा/जीभ-सम्बन्धी ।

язычо́к (पुं०) १. язы́к का अल्प० ; २. अतिजिह्वा ; गले की घंटी ; ३. नरकट ।

язь (पुं०) एक प्रकार की मछली ।

я́ичко (नपुं०) १. छोटा अंडा ; २. अंडकोष ।

я́ичник (पुं०) अंडकोष ।

я́ичница (स्त्री०) अंडे का आमलेट ।

я́ичный (वि०) अंडे का ; я. желто́к अंडे की ज़र्दी ; я. порошо́к अंडे का पाउडर ।

яйла́ (स्त्री०) (केवल एकवचन) (क्रीमिया में) पहाड़ी चरागाह ।

яйце||ви́дный (वि०) अंडे के सदृश ; अंडाकार ; **—кладу́щий** (वि०) अंडा देनेवाला ; **—ро́дный** (वि०) अंडों से बच्चा पैदा करनेवाला ।

яйцо́ (नपुं०) अंडा ; डिम्भ ; डिम्ब ; स्त्रियों का अंडरज ; я. всмя́тку थोड़ा उबला हुआ अंडा ; я. в мешо́чек पोच अंडा ; я. вкруту́ю, круто́е я. पूरा उबला हुआ अंडा ; я́йца из-под ку́рицы बिल्कुल ताज़े अंडे ; ☐ я́йца ку́рицу не у́чат बूढ़े तोते राम-राम नहीं सीखते ।

як (पुं०) चामर ; सुरागाय ।

я́кобы (क्रि० वि०) मानो ; जैसे ; он я. всё по́нял जैसे उसने सब-कुछ समझ लिया हो ।

я́корный (वि०) (नौचालन०) लंगर का ।

якорце́пь (स्त्री०) (नौचालन०) लंगर डालने का लोहे का रस्सा या ज़ंजीर ।

я́корь (पुं०) (नौचालन०) लंगर ।

якша́ться (आत्म० अपू०) मेल-मिलाप करना ; मैत्री करना ।

я́лик (पुं०) छिछली नाव ; दो या चार चप्पुओं-वाली नाव ।

я́личник (पुं०) छोटी नाव चलानेवाला ।

я́лов||ость (स्त्री०) (कृषि-सम्बन्धी) बंजरपन ; खुश्की ; **—ый** (वि०) परती ; बंजर ; खुश्क ; —ая коро́ва सूखी गाय (ऐसी गाय जिसने दूध देना बन्द कर दिया हो) ।

я́ма (स्त्री०) गड्ढा ; ☐ рыть кому́-л. я́му किसीके लिए गड्ढा खोदना ; не рой друго́му я́мы, сам в неё попадёшь दूसरों के लिए गड्ढा मत खोदो, तुम स्वयं उसमें गिरोगे ।

яма́йский (वि०) जमाइका देश का ।

я́мка (स्त्री०) я́ма का अल्प० ।

я́мочка (स्त्री०) (ग़ाल का) गड्ढा ।

ямщи́к (पुं०) कोचवान ।

янва́рский (वि०) जनवरी (मास) का ।

янва́рь (पुं०) जनवरी (मास) ।

янта́рный (वि०) १. अम्बर का ; २. अम्बरी (रंग) का ।

янта́рь (पुं०) अम्बर ।

япо́н||ец (पुं०), **—ка** (स्त्री०) जापान-निवासी/निवासिनी ; **—ский** (वि०) जापानी ; —ский язы́к जापानी भाषा ।

яр (पूं०) (नदी का) ढलवाँ तट ।

ярд (पुं०) गज़ ।

яре́мн||ый (वि०) : —ая ве́на ग्रीवाशिरा ।

я́ркий (वि०) चमकदार ; चटकदार ; я. цвет चटकदार रँग ।

я́рко (क्रि० वि०) चमक से ; दीप्त होकर ।

ярлы́к, **ярлычо́к** (पुं०) नामपत्र ; लेबल ।

я́рмар||ка (स्त्री०) मेला ; **—очный** (वि०) मेले का ।

ярмо́ (नपुं०) (घोड़े आदि को जोतने का) जुआ ।

я́ро (क्रि० वि०) चाव से ; जोश से ।

яров||о́й (वि०) (कृषि-सम्बन्धी) वसन्त का ; —ы́е хлеба́ वसन्त का अनाज ।

я́ростн||ый (वि०) प्रचंड ; तीव्र ; ज़ोरदार ; —ая ата́ка प्रचंड आक्रमण /ज़ोरदार हमला ।

я́рост||ь (स्त्री०) रोष ; क्रोध ; उग्रता ; आवेश ; привести́ в я. कुपित करना ; прийти́ в я. कुपित होना ; вне себя́ от —и गुस्से में आपे से बाहर ।

я́рус (पुं०) १. (नाटक-गृह में) वर्तुलाकार अलिन्द (अंग्रेज़ी—सर्कल) ; २. तह ; स्तर ।

я́рый (वि०) प्रचंड ; उत्कट ।

я́сень (पुं०) अखरोट की तरह का एक वृक्ष (अंग्रेज़ी—ऐश) ।

я́сли (बहु०) १. चरनी ; (पशुओं के लिए) चारे की नाँद ; २. दिन में बच्चों को सँभालने का स्थान जब उनके माँ-बाप काम में लगे होते हैं ।

я́сно (क्रि० वि०) १. स्पष्टता से ; स्पष्ट ; ко́ротко и я. संक्षिप्त और स्पष्ट ; я. говори́ть स्पष्ट बोलना ; (कर्तृ-निरपेक्ष) я. यह स्पष्ट है ।

ясновид||ение (नपुं०) योग-दृष्टि ; परोक्ष तथा भविष्य देखने की शक्ति ; **—ец** (पुं०) योगद्रष्टा ; **—ящий** (वि०) योगबल से देखने की शक्ति सम्बन्धी ।

я́сн||ость (स्त्री०) स्पष्टता ; внести́ я. स्पष्ट करना ; **—ый** (वि०) स्पष्ट ; साफ़ ।

я́ства (बहु०) जीवनोपयोगी भोज्य पदार्थ ; पक्वान्न इत्यादि ।

я́стреб (पुं०) बाज़ ; **—ный** (वि०) १. बाज़ का २. पैनी दृष्टिवाला ।

ястребо́к (पुं०) लड़ाकू वायुयान (फ़ाइटर) ।

ять (पुं०) : на я. ख़ूब अच्छी तरह ; знать что-л. на ять किसी बात को अच्छी तरह जानना/पूर्ण ज्ञान होना ।

я́хонт (पुं०) लालमणि ; माणिक ; **—ный** (वि०) लालमणि का ; माणिक का ।

я́хта (स्त्री०) एक प्रकार की नाव ।

яче́йка (स्त्री०) १. कोष्ठिका ; २. (जाल आदि की) कड़ी ।

ячме́нн||ый (वि०) जौ का ; я. отва́р जौ का पानी ; —ое зерно́ जौ ।

ячме́нь (पुं०) १. जौ ; २. गुहेरी ; आंख की बिलनी ।

я́чнев||ый (वि०) : —ая крупа́ जौ का महीन आटा ।

я́шм||а (स्त्री०) सूर्यकान्त मणि ; **—овый** (वि०) सूर्यकान्त मणि का ।

я́щер (पुं०) मोर खानेवाला एक जन्तु ।

я́щерица (स्त्री०) एक प्रकार की छिपकली ।

я́щик (पुं०) १. डिब्बा ; बक्सा ; почто́вый я. पत्रपेटी/लेटरबक्स ; २. (मेज़ आदि की) दराज़ ; ☐ откла́дывать что-л. в до́лгий я. खटाई में डालना (अनिश्चित काल के लिए उठा रखना) ।

я́щур (पुं०) एक प्रकार का पशु-रोग ।

भौगोलिक नाम

Австра́лия ऑस्ट्रेलिया ।
А́встрия ऑस्ट्रिया ।
Аддис-Абе́ба अदीस अबाबा ।
А́ден अदन ।
А́зия एशिया ।
Алба́ния अल्बानिया ।
Алжи́р अल्जियर्स ।
Алжи́рия अल्जीरिया ।
Аля́ска अलास्का ।
Амстерда́м एम्स्टरडम ।
А́нглия इंगलैंड ।
Андама́нские о-ва́ अंदमान द्वीप ।
Анкара́ अंनक़रा ।
Ара́вия अरब ।
Аргенти́на अर्जेन्तीना ।
Атланти́ческий океа́н अटलांटिक महासागर ।
Афганиста́н अफ़ग़ानिस्तान ।
Афи́ны एथन्स ।
А́фрика अफ्रीक़ा ।
Бага́мские о-ва́ बहामा द्वीपसमूह ।
Багда́д बग़दाद ।
Бангко́к बैंगकॉक ।
Барбадо́с बारबेडोस ।
Бейру́т बेरुत ।
Белгра́д बेलग्राड ।
Белуджиста́н बलोचिस्तान ।
Белору́ссия बाइलोरूस, श्वेत रूस ।
Бе́льгия बेल्जियम ।
Бена́рас वाराणसी ।
Бенга́лия बंगाल ।
Берли́н बर्लिन ।
Берму́дские о-ва́ बरमूदा द्वीपसमूह ।
Берн बर्न
Би́рма बर्मा ।
Болга́рия बल्गेरिया ।
Боли́вия बोलिविया ।
Бомбе́й बम्बई ।
Бонн बॉन ।
Борне́о बोर्नियो ।
Брази́лия ब्राज़ील ।
Брамапу́тра ब्रह्मपुत्र ।
Брюссе́ль ब्रसेल्स ।
Будапе́шт बुडापेस्ट ।
Бута́н भूटान ।
Бухаре́ст बुख़ारेस्त ।
Буэ́нос-А́йрес बुअनोस आइरेज़ ।
Варша́ва वारसा ।
Вашингто́н वाशिंगटन ।
Великобрита́ния ग्रेट ब्रिटेन ।
Ве́ллингтон वेलिंग्टन ।
Ве́на वियना ।
Ве́нгрия हंगरी ।
Венесуэ́ла वेनीज़ुएला ।
Вест-И́ндия पश्चिमी-हिन्द द्वीपसमूह ।
Во́лга वोल्गा ।
Вьетна́м वियतनाम ।
Гаа́га हेग ।
Гава́йские о-ва́ हवाई द्वीपसमूह ।
Гаи́ти हेती ।
Га́на घाना ।
Ганг गंगा ।
Гангто́к गंगतोक ।
Гватема́ла ग्वातेमाला ।
Гвиа́на गिआना ।

Генýя जेनोआ ।
Гермáния जर्मनी ।
Гибралтáр जिब्राल्टर ।
Гималáи हिमालय ।
Голлáндия हालैंड ।
Гондурáс होंदरस ।
Гонкóнг हांगकांग ।
Гонолýлу होनोलुलु ।
Гренлáндия ग्रीनलैंड ।
Грéция यूनान ।
Гуáм ग्वाम ।
Дакáр डाकार ।
Дамáск दमिश्क ।
Дáния डेन्मार्क ।
Дéли दिल्ली ।
Джакáрта जकार्ता ।
Джибýти जिबूती ।
Доминикáнская Респýблика, Респýблика Сан-Доми́нго डोमिनिकन गणराज्य ।
Еврóпа यूरोप ।
Еги́пет मिस्र ।
Золотóй Бéрег गोल्ड कोस्ट ।
Иерусали́м यरूशलम ।
Изрáиль इसराईल ।
Инд सिन्धु (नदी) ।
Инди́йский океáн हिन्द महासागर ।
И́ндия भारत ।
Индокитáй हिन्दचीन ।
Индонéзия हिंदेशिया ।
Иордáн जोर्दन ।
Ирáк ईराक़ ।
Ирáн ईरान ।
Ирлáндия आयरलैंड दे० Эйре.
Ислáндия आइसलैंड ।
Испáния स्पेन ।
Итáлия इटली ।
Йемéн यमन ।
Кабýл काबुल ।
Каи́р क़ाहिरा ।
Калькýтта कलकत्ता ।
Камбóджа कम्बोडिया ।
Камерýн केमरून ।
Канáда कनाडा ।
Канбéрра कनबेरा ।
Карáчи कराची ।
Кароли́нские о-вá करोलिन द्वीपसमूह ।
Катмандý काठमांडू ।
Кашми́р काश्मीर ।
Кéния कीनिया ।
Кипр साइप्रस ।
Китáй चीन ।
Колóмбо कोलम्बो ।
Колýмбия कोलम्बिया ।
Комóрин мыс कुमारी अंतरीप, रास कुमारी ।
Кóнго कांगो ।
Копенгáген कोपनहागन ।
Корéя कोरिया ।
Кóрсика कॉर्सिका ।
Кóста-Ри́ка कोस्टा रिका ।
Крым क्रीमिया ।
Кýба कूबा ।
Лаккади́вские о-вá लक्कदीव द्वीपसमूह ।
Лаóс लाओस ।
Ленингрáд लेनिनग्राद ।
Либéрия लाइबेरिया ।
Ливáн लबनान ।
Ли́вия लीबिया ।
Ли́ма लीमा ।
Лиссабóн लिज़बन ।
Лóндон लन्दन ।
Люксембýрг लक्समबर्ग ।
Мадагáскар मदग़ास्कर ।
Мадрáс मद्रास ।
Мадри́д मेड्रिड ।
Малáйя मलय ।
Мáльта माल्टा ।
Мани́ла मनीला ।

Мариáнские о-вá मेरिआना द्वीपसमूह ।
Марóкко मराकश ।
Мартини́ка मार्टिनिक ।
Маршáльские о-вá मार्शल द्वीपसमूह ।
Мéкка मक्का ।
Мéксика मेक्सिको ।
Минск मिंस्क ।
Мозамби́к मोज़ाम्बिक ।
Монáко मोनाको ।
Монгóлия मंगोलिया ।
Монтевидéо मॉन्तेविदेओ ।
Москвá मास्को ।
Непáл नेपाल ।
Ни́гер नाइजर ।
Нигéрия नाइजीरिया ।
Нидерлáнды (Голлáндия) नीदरलैंड्स ।
Никарагуá निकारागुआ ।
Никобáрские о-вá निकोबार द्वीपसमूह ।
Нилги́ри नीलगिरी ।
Нóвая Гвинéя न्यू गिनी ।
Нóвая Зелáндия न्यूज़ीलैंड ।
Нóвые Гибри́ды न्यू हेब्रिडिज़ ।
Норвéгия नॉर्वे ।
Нью-Йóрк न्यूयार्क ।
Нью-Фаундлéнд न्यूफ़ाउन्डलैंड ।
Оркнéйские о-вá ऑर्कनी द्वीपसमूह ।
Óсло ओस्लो ।
Оттáва ओटावा ।
Пакистáн पाकिस्तान ।
Палести́на फ़िलस्तीन ।
Панáма पनामा ।
Панджáб पंजाब ।
Парагвáй पाराग्वाई ।
Пáпуа पापुआ ।
Пари́ж पेरिस ।
Пеки́н पीकिंग ।
Пéру पेरू ।
Пóльша पोलैंड ।
Португáлия पुर्तगाल ।
Прáга प्राग ।
Пхенья́н प्योंगयांग ।
Рангýн रंगून ।
Рéйкьявик रेक्याविक ।
Респýблика Сан-Доми́нго दे॰ Доминикáнская Респýблика.
Ри́га रीगा ।
Рим रोम ।
Ри́о де-Жанéйро रियो द जनेरिओ ।
Росси́я रूस ।
Румы́ния रूमानिया ।
Саáр सार ।
Сальвадóр साल्वादोर ।
Самóа सामोआ ।
Сан-Сальвадóр सां साल्वादोर ।
Сант-Я́го सन्तियागो ।
Сарди́ния सार्डीनिया ।
Саýдовская Арáвия सऊदी अरब ।
Сахáра सहारा ।
Святóй Елéны (óстров) सेन्ट हेलेना ।
Севастóполь सेवास्तोपोल ।
Сéверная Амéрика उत्तरी अमरीका ।
Сеýл सिऊल ।
Сиби́рь साइबेरिया ।
Сикки́м सिक्किम ।
Сингапýр सिंगापुर ।
Си́рия सीरिया ।
Сици́лия सिसिली ।
Соединённые Штáты Амéрики संयुक्त राज्य अमरीका ।
Соломóновы о-вá सुलेमान द्वीपसमूह ।
Сомали́ सोमालीदेश ।
Софи́я सोफ़िया ।
Сою́з Совéтских Социалисти́ческих Респýблик (СССР) सोवियत समाजवादी गणराज्य संघ ।
Средизéмное мóре भूमध्य सागर ।
Сталингрáд स्तालिनग्राद ।
Стамбýл इस्तंबूल ।

Стокго́льм स्टॉकहोम ।
Суда́н सूडान ।
Сума́тра सुमात्रा ।
Суэ́цкий кана́л स्वेज़ नहर ।
Таила́нд थाईदेश ।
Тайва́нь ताइवान ।
Танже́р तानजिएर ।
Тасма́ния ताज़मानिया ।
Ташке́нт ताशकंद ।
Тегера́н तेहरान ।
Тибе́т तिब्बत ।
Тира́на तिराना ।
Ти́хий океа́н प्रशान्त महासागर ।
То́кио टोकियो ।
Трие́ст त्रीस्त ।
Три́поли त्रीपोली ।
Туни́с तूनिस ।
Ту́рция तुर्की ।
Уга́нда उगान्दा ।
Украи́на यूक्रेन ।
Ула́н-Ба́тор उलान बातोर ।
Уругва́й उरुग्वाई ।
Фалькле́ндские о-ва́ फॉकलैंड द्वीपसमूह ।
Фи́джи о-ва́ फिजी द्वीपसमूह ।
Филиппи́нские о-ва́ फ़िलिपीन द्वीपसमूह ।
Финля́ндия फ़िनलैंड ।
Формо́за फ़ारमोसा ।
Фра́нция फ्रांस ।
Ха́йберский перева́л दर्रा खैबर ।
Хано́й हनोइ ।
Хе́льсинки हेलसिंकी ।
Цейло́н श्रीलंका ।
Це́лебес सेलेबेज़ ।
Чёрное мо́ре कृष्ण सागर ।
Чехослова́кия चेकोस्लोवाकिया ।
Чика́го शिकागो ।
Чи́ли चिली ।
Швейца́рия स्विट्ज़रलैंड ।
Шве́ция स्वीडन ।
Шетла́ндские о-ва́ शेटलैंड द्वीपसमूह ।
Шотла́ндия स्कॉटलैंड ।
Э́динбург एडिनबरा ।
Эквадо́р एक्वादोर ।
Э́йре आयर ; दे० Ирла́ндия.
Эфио́пия इथियोपिया ।
Югосла́вия यूगोस्लाविया ।
Ю́жная Аме́рика दक्षिण अमरीका ।
Ю́жно-Африка́нский Сою́з दक्षिण अफ़्रीका संघ ।
Я́ва जावा ।
Яма́йка जमेका ।
Япо́ния जापान ।

परिशिष्ट

रूसी भाषा का संक्षिप्त व्याकरण

गोतफ्रिद गेर्मान ने लिखा है "Duae res longe sunt difficillimae—lexicon scribere et grammaticam अर्थात् दो काम विशेष रूप से कठिन हैं—शब्दकोश-निर्माण और व्याकरण लिखना। रूसी शब्दकोश का संकलन और सम्पादन करने का जो प्रयास मैंने किया है वह पाठकों के सामने है। रूसी भाषा को समझने और शब्दों का समुचित रूप से प्रयोग करने के लिए इस भाषा के व्याकरण का साधारण ज्ञान आवश्यक है। इसलिए पाठकों के सामने रूसी भाषा के व्याकरण की स्थूल रूप-रेखा प्रस्तुत करने का प्रयास कर रहा हूँ।

वीर राजेन्द्र ऋषि

रूसी वर्णमाला

क्रम संख्या	छपाई में अक्षर		उच्चारण	ध्वनि जैसे इन शब्दों में	अक्षरों के नाम
१.	А	а	आ	आदमी	आ
२.	Б	б	ब	बकरी	बे
३.	В	в	व	वकील	वे
४.	Г	г	ग	गमला	गे
५.	Д	д	द	दही	दे
६.	Е	е	ये	येन	ये
७.	Ё	ё	यो	योगी	यो
८.	Ж	ж	झ़	दे० पृष्ठ ९०१	झ़े (ज़्हे)
९.	З	з	ज़	ज़मीन	ज़े
१०.	И	и	ई	ईख	ई
११.	Й	й	य	उपाय	इ-क्रातकोय
१२.	К	к	क	कमल	का
१३.	Л	л	ल	लड़का	एल
१४.	М	м	म	मछली	एम
१५.	Н	н	न	नदी	एन
१६.	О	о	ओ	ओस	ओ
१७.	П	п	प	पगड़ी	पे
१८.	Р	р	र	रूस	एर
१९.	С	с	स	सड़क	एस
२०.	Т	т	त	तलवार	ते (रूसी भाषा में 'ट' नहीं है)
२१.	У	у	उ	उल्लू	उ
२२.	Ф	ф	फ़	फ़कीर	एफ़
२३.	Х	х	ख़	ख़रगोश	ख़ा
२४.	Ц	ц	त्स	वत्स	त्से
२५.	Ч	ч	च	चन्द्रमा	चे
२६.	Ш	ш	श	शक्कर	शा
२७.	Щ	щ	श्च	पश्चात्ताप	श्चा
२८.	Ъ	ъ	मूक अक्षर	दे० पृष्ठ ९००	त्व्योर्दी ज़्नाक (कठोर चिह्न)
२९.	Ы	ы	उइ	दे० पृष्ठ ९००	—
३०.	Ь	ь	मूक अक्षर	दे० पृष्ठ ९००	म्याग़की ज़्नाक (कोमल चिह्न)
३१.	Э	э	ए	ऐंक	ए
३२.	Ю	ю	यू	सरयू	यू
३३.	Я	я	या	यात्रा	या

नोट : १. अक्षर й और ы शब्दों के शुरू में बहुत कम आते हैं।

२. अक्षर ъ और ь शब्दों के शुरू में कभी नहीं आते।

ध्वनि

स्वर

रूसी स्वरों का उच्चारण इस प्रकार होता है :—

कठोर :

а — जैसे 'आदमी' और 'आकाश' में 'आ' का ।

э — जैसे 'ऐनक' और 'ऐसा' में "ऐ" का ।

о — जैसे 'बॉल' और पॉट' में 'ऑ' का (इसके उच्चारण में ओठ गोल करके बाहर को निकाले जाते हैं) । इसका उच्चारण बँगला भाषा के 'অ' अक्षर की भाँति किया जाता है । (दे० पृष्ठ ९१३ पर 'स्वराघात' का अन्तिम पैरा)।

ы — इस ध्वनि को हिन्दी में व्यक्त करना असम्भव है परन्तु यह कहा जा सकता है कि इस अक्षर की ध्वनि 'इमली' 'इस' आदि शब्दों में हिन्दी की ध्वनि 'इ' के ही निकट है । इस ध्वनि के उच्चारण के लिए जीभ का पृष्ठ भाग भी ऊपर उठता है ।

у — जैसे 'उ' का, परन्तु 'उ' जितना ह्रस्व नहीं और 'ऊ' जितना दीर्घ नहीं। (इसके उच्चारण में ओठ गोल करके बाहर को निकाले जाते हैं) ।

и — इसकी ध्वनि न तो 'इमली' की 'इ' जितनी ह्रस्व होती है और न 'ईख' की 'ई' जितनी दीर्घ ।

अर्धस्वर :

й — वास्तव में यह अक्षर व्यंजन है परन्तु कुछ पाठ्य पुस्तकों में इसे अर्धस्वर भी कहा जाता है । इसकी ध्वनि तालस्ताय में 'य' की भाँति होती है।

कोमल :

я — 'यात्रा' में 'या' जैसा ।

е — 'येन' में 'ये' जैसा ।

ё — 'योगी' में 'यो' जैसा ।

ю — 'सरयू' में 'यू' जैसा।

я, е, ё, ю अक्षरों का उच्चारण स्वरों के साथ й की ध्वनि 'य' के संयोजन के समान होता है : (йа, йэ, йо, йу) । यह संयोजन या तो शब्द के अन्त में होता है या अन्य स्वरों के बाद होता है, जैसे я пою́ में गाता/गाती हूँ । ये अक्षर व्यंजनों की कोमलता को इंगित करते हैं, जैसे не́бо (आकाश), лю́ди (लोग) ।

मूक अक्षर

रूसी वर्णमाला में दो अक्षरों ь (कोमल चिह्न) और ъ (कठोर चिह्न) का उच्चारण नहीं होता । ь (कोमल चिह्न) व्यंजनों की कोमलता व्यक्त करने के लिए प्रयोग में लाया जाता है । जैसे мать

(मात्य्) इसमें 'त' अक्षर कोमल हो गया है। इसी प्रकार ь केवल व्यंजन की कोमलता को इंगित करने के लिए ही नहीं बल्कि शब्द के मूल में विभाजक चिह्न के रूप में भी प्रयुक्त होता है, जैसे семья (परिवार)। अक्षर ъ मुख्यतः я, е, ё, ю अक्षरों से पहले लगाये गये उपसर्गों के बाद प्रयुक्त होता है, जैसे съезд.

अक्षर ь और ъ शब्दों के आरम्भ में कभी नहीं आते।

व्यंजन

б, п, в, ф, д, т, з, с, м, н, л, р, г, к, х उच्चारण की विधि के अनुसार इन सबको कठोर व्यंजन कहा जाता है। इनके उच्चारण बहुत साधारण हैं जो वर्णमाला में दे दिये गये हैं।

इन कठोर रूसी व्यंजनों में से हर एक के अनुरूप एक कोमल व्यंजन होता है। कोमल व्यंजन शब्द के अन्त में आ सकते हैं या किसी अन्य व्यंजन के पहले आ सकते हैं। ऐसी दशा में उनकी कोमलता अक्षर ь द्वारा इंगित की जाती है जिसे 'म्याग़की ज़्नाक' अर्थात कोमल चिह्न कहते हैं, जैसे мать (मात्य्)। हिन्दी भाषा में कठोर और कोमल व्यंजनों के इस प्रकार के जोड़े नहीं होते। 'तास्' के 'त' और 'मात्य्' के कोमल 'त्' से इन दोनों में अन्तर का आभास हो सकता है।

ж का उच्चारण कुछ 'ज़्ह' जैसा होता है। हिन्दी में इस ध्वनि का कोई अक्षर नहीं। अंग्रेज़ी भाषा में *pleasure* और *measure* आदि शब्दों में इस ध्वनि का अनुमान लगाया जा सकता है। दक्षिण भारत की भाषा तामिल के अक्षर ழ और उर्दू भाषा के अक्षर ژ की ध्वनि इससे मिलती है।

ш का उच्चारण 'शब्द' में अक्षर 'श' जैसा होता है।

щ का उच्चारण शब्द 'पश्चात्ताप' में 'श्च' जैसा होता है।

ц का उच्चारण शब्द 'वत्स' में 'त्स' जैसा होता है।

ч का उच्चारण 'चन्द्रमा' में 'च' जैसा होता है।

घोष तथा अघोष व्यंजन

समस्त रूसी व्यंजन घोष तथा अघोष व्यंजनों में विभाजित हैं। घोष ध्वनियाँ कंठनली को कँपाने से होती हैं। अघोष व्यंजन प्रायः बिना किसी कंठस्वर के उच्चारित होते हैं।

अधिकांश रूसी घोष व्यंजनों के अनुरूप अपने-अपने अघोष व्यंजन होते हैं :

घोष	б	в	г	д	-	ж	-	-	з	-	л	м	н	р	й
अघोष	п	ф	к	т	х	ш	ч	щ	с	ц	-	-	-	-	-

घोष व्यंजनों л м н р й के अनुरूप कोई अघोष व्यंजन नहीं है और अघोष х, ч, щ, ц के अनुरूप कोई घोष व्यंजन नहीं हैं।

व्यंजनों का अघोषीकरण

शब्दों के अन्त में आनेवाले सभी रूसी व्यंजनों का उच्चारण क्षीण होता है। इसके फलस्वरूप अन्तिम घोष व्यंजनों (б, в, г, д, ж, з) की प्रवृत्ति अपने अनुरूप अघोष उच्चारण (п, ф, к, т, ш, с) धारण करने की होती है जैसे :—

б—п	хлеб	(रोटी)
в—ф	Ивано́в	(इवानोफ़-नाम)
г—к	друг	(मित्र)
д—т	сад	(बाग़)
ж—ш	нож	(चाक़ू)
з—с	моро́з	(तुषार)

अघोषीकरण इस बात के विचार के बिना हो सकता है कि अन्त में कोमल व्यंजन है या कठोर : "любо́вь" (प्रेम) इस शब्द में अन्तिम вь का उच्चारण фь जैसा होता है।

यदि कोई घोष व्यंजन किसी अघोष व्यंजन के पहले आता है तो अघोषीकरण शब्द के आरम्भ या बीच में भी हो सकता है। उदाहरण के लिए, "всюду" (सर्वत्र) यहाँ आद्यक्षर 'в' का उच्चारण ф की तरह होता है क्योंकि वह अघोष व्यंजन 'с' से पहले आया है।

शब्द 'ло́дка' (नाव) में व्यंजन 'д' का उच्चारण भी 'т' की तरह होता है (ло́тка) क्योंकि वह अघोष к के पहले आया है।

ध्वनि-परिवर्तन

शब्द-रचना और शब्द-परिवर्तन में कई एक ध्वनियों के मूल तथा बाद में आनेवाले उपसर्ग भी बदल जाते हैं। इनमें से कतिपय प्रमुख निम्नलिखित हैं :—

व्यंजन

к — ч : जैसे рука́—ру́чка, гро́мко—гро́мче.
г — ж : जैसे могу́—мо́жешь, сапо́ги—сапо́жник.
х — ш : जैसे поте́ха—по́тешный, у́хо—у́ши.

ц—ч : जैसे столи́ца—столи́чный.

т—ч : जैसे свети́ть—свечу́, ответи́ть—отвеча́ть.

д—ж : जैसे води́ть—вожу́, ле́бедь—лебя́жий.

с—ш : जैसे носи́ть—ношу́, посла́ть—пошлю́.

з—ж : जैसे вози́ть—вожу́, низо́к—ни́же.

ск—щ : जैसे иска́ть—ищу́, доска́—доще́чка.

ст—щ : जैसे свисте́ть—свищу́, густо́й—гу́ще.

б—бл : जैसे люби́ть—люблю́.

п—пл : जैसे купи́ть—куплю́.

в—вл : जैसे лови́ть—ловлю́.

м—мл : जैसे корми́ть—кормлю́.

ф—фл : जैसे разграфи́ть—разграфлю́.

д और т—с (т से पूर्व) : जैसे веду́—вести́, плету́—плести́.

स्वर

е — о : जैसे везу́—во́зит, несу́—но́сит.

е — ё : जैसे теку́—тёк, несу́—нёс.

о — а : जैसे разбро́сить—разбра́сывать, заморо́зить—замора́живать.

е — и — ध्वनि का लोप : जैसे запере́ть—запира́ть—запру́, соберу́—собира́ть—собра́ть.

о — ы — у — ध्वनि का लोप जैसे : посо́л—посыла́ть—посла́ть, зов—созыва́ть—звать.

г, к, х, ж, ч, ш, щ के बाद ы, я, ю क्रमश: и, а, у में बदल जाते हैं।

к, п, т, ф, х, ц, ч, щ से पहले воз, из, низ, раз, без, че́рез में з का с हो जाता है।

चलायमान е और о

कुछ अवस्थाओं में 'е' और 'о' की ध्वनि लुप्त हो जाती है, जैसे :

сон—сна ; день—дня ;
молоде́ц—молодца́ ;
кусо́к—куска́ ; окно́—око́н ;

स्वराघात

रूसी शब्दों के उच्चारण में इस बात का बहुत महत्त्व होता है कि शब्द के किस अंश (सिलेबल) पर ज़ोर दिया जाये अर्थात् आवाज़ के ज़ोर से शब्द के किस अंश को उभारा जाये। रूसी भाषा में शब्द के किसी एक भाग पर ज़ोर बहुत स्पष्ट होता है। यह शब्द के उस अंश के अन्तिम स्वर पर (') चिह्न लगाकर इंगित किया जाता है जिस पर ज़ोर दिया जाना होता है। कुछ शब्दों में ज़ोर पहले अंश पर दिया जाता है (ро́за, ла́мпа) और कुछ शब्दों में आखिरी अंश पर ज़ोर दिया जाता है (страна́, футбо́л) या शब्द के बीच वाले अंश पर (рабо́та)।

शब्दकोष और पाठ्य पुस्तकों में बहुधा प्रत्येक शब्द में स्वराघात (ज़ोर देने का स्थान) इंगित किया जाता है। एक अंश (सिलेबल) वाले शब्दों में बहुधा यह इंगित नहीं किया जाता कि ज़ोर शब्द के किस स्थान पर दिया जाये।

शब्द के अलग-अलग अंश पर ज़ोर देने से शब्द का अर्थ बदल सकता है। जैसे за́мок (महल) और замо́к (ताला); сбежа́ть (नीचे को भागना), сбе́гать (भाग कर कहीं पहुँचना और वापिस लौट आना)।

शब्दांशों की ये श्रेणियाँ होती हैं: जिन पर ज़ोर न दिया जाये, ज़ोर दिये गये अंश से पहलेवाला अंश और ज़ोर दिये गये अंश से बाद का अंश। इस प्रकार शब्द бума́га (काग़ज़) में पहला अंश ज़ोर दिये गये अंश से पहले आता है, दूसरे अंश पर ज़ोर दिया जाता है और तीसरा अंश ज़ोर दिये गये अंश के बाद आता है।

जिन स्वरों पर ज़ोर नहीं दिया जाता वे भी ज़ोर दिये गये स्वरों की अपेक्षा कमज़ोर होते हैं क्योंकि उनके उच्चारण में कम समय लगता है। उनमें से कुछ का गुण भी बदल जाता है। स्वर о की ओर विशेष ध्यान देना चाहिए; इस स्वर पर जब ज़ोर नहीं दिया जाता तब इसका गुण बदल जाता है। उदाहरण के तौर पर यदि अक्षर о शब्द के ज़ोर दिये गये अंश से पहलेवाले अंश में आये तो उसका उच्चारण हल्के 'आ' की तरह होता है जैसे она́, окно́, Москва́, вода́।

संज्ञा

लिंग

संस्कृत की भाँति रूसी भाषा में भी तीन लिंग होते हैं: पुंलिंग, स्त्रीलिंग और नपुंसकलिंग।

(१) पुंलिंग संज्ञाओं की पहचान:

इनके अन्त में

(क) व्यंजन होता है, जैसे сто́л (मेज़), бог (ईश्वर) इत्यादि;
(ख) ь (कोमल चिह्न) होता है, जैसे ого́нь (अग्नि), конь (घोड़ा) आदि;
(ग) й होता है, जैसे бой (युद्ध), чай (चाय) आदि।

(२) स्त्रीलिंग संज्ञाओं की पहचान :

इनके अन्त में

(क) a होता है, जैसे газéта (समाचार-पत्र), кóмната (कमरा) आदि। अपवाद : ю́ноша (युवक), слугá (नौकर) : ये पुंलिंग हैं।

(ख) я होता है, जैसे земля́ (भूमि), пуля́ (गोली) आदि। अपवाद : дя́дя (चाचा), судья́ (मध्यस्थ) : ये पुंलिंग हैं।

(ग) ь होता है, जैसे дверь (द्वार), соль (नमक) आदि।

(३) नपुंसकलिंग संज्ञाओं की पहचान :

इनके अन्त में

(क) o होता है, जैसे окнó (खिड़की), нéбо (आकाश) ;

(ख) e होता है जैसे полé (खेत), имéние (सम्पत्ति) ;

(ग) мя अथवा я होता है जैसे врéмя (समय), дитя́ (बच्चा)।

वचन

रूसी भाषा में दो वचन हैं, एकवचन और बहुवचन।

संज्ञा के सामान्य रूप का बहुवचन बनाने की विधि :

	लिंग	एकव		बहुवचन	
		अन्तिम अक्षर	उदाहरण	अन्तिम अक्षर	उदाहरण
(क)	पुंलिंग	(i) व्यंजन	стол	ы	столы́
		(ii) ь	гость	и	гóсти
		(iii) й	бой	и	бои́
(ख)	स्त्रीलिंग	(i) a	кóмната	ы	кóмнаты
		(ii) я	земля́	и	зéмли
		(iii) ь	степь	и	стéпи
(ग)	नपुंसकलिंग	(i) o	окнó	a	óкна
		(ii) e	пóле	я	поля́

नोट : अक्षर г, ж, к, х, ч, ш, щ के पश्चात् ы कभी नहीं आता, इनके पश्चात् सदा и आता है।

(क) (i) के कुछ अपवाद :

(१) व्यंजन में अन्त होनेवाली बहुत से ऐसी पुंलिग संज्ञाएँ हैं जिनका बहुवचन में 'ы' अथवा 'и' में अन्त न होकर 'á' में होता है जैसे :

एकवचन	बहुवचन
рукáв (आस्तीन)	рукавá

एकवचन	बहुवचन
бéрег (तट)	берегá
глаз (नेत्र)	глазá
рог (सींग)	рогá
горóд (नगर)	городá
лес (वन)	лесá
гóлос (आवाज़)	голосá
дом (घर)	домá
дóктор (डाक्टर)	докторá

(२) कुछ ऐसी पुंलिग संज्ञाएँ हैं जिनके बहुवचन रूप बनाने के लिए उनके अन्त में ья जोड़ दिया जाता है, जैसे

एकवचन	बहुवचन
брат (भ्राता)	брáтья
муж (पति)	мужья́
зять (जामाता, जीजा)	зятья́

(३) сын का बहुवचन сыновья́ है।

(४) сосéд का बहुवचन сосéди है।

(५) 'ин' में अन्त होनेवाली संज्ञाओं का बहुवचन रूप बनाने के लिए 'ин' का लोप करके अन्त में е और कभी-कभी ы जोड़ दिया जाता है, जैसे :

граждани́н (नागरिक) से грáждане
татáрин (तातार) से татáры (татáре)

(६) друг का बहुवचन друзья́ है।

(ख) (iii) का अपवाद :

एकवचन	बहुवचन
дочь (बेटी)	дóчери
мать (माता)	мáтери

(ग) (i) का अपवाद :

एकवचन	बहुवचन
óко (नेत्र)	óчи
ýхо (कान)	ýши
кодéно (१. जाति)	колéна
(२. घुटना)	колéни
(३. जोड़)	колéнья
дéрево (पेड़)	дерéвья
перó (क़लम)	пéрья

एकवचन	बहुवचन
крыло́ (पंख)	кры́лья
не́бо (आकाश)	небеса́
чу́до (अजूबा)	чудеса́

мя और я में अन्त होनेवाली नपुंसकलिंग संज्ञाओं का बहुवचन अनियमित होता है, जैसे :

एकवचन	बहुवचन
вре́мя (समय)	времена́
дитя́ (बच्चा)	де́ти

कुछ संज्ञाएँ जो केवल एक वचन में ही प्रयुक्त होती हैं :

картóфель (पुं०) (आलू)
капу́ста (स्त्री०) (बन्द गोभी)
морко́вь (स्त्री०) (गाजर)
ре́па (स्त्री०) (शलजम)
зо́лото (नपुं०) (सोना)
серебро́ (नपुं०) (चाँदी)
желе́зо (नपुं०) (लोहा)
молоко́ (नपुं०) (दूध)
ма́сло (नपुं०) (तेल)
соль (स्त्री० (नमक)
пе́рец (पुं०) (काली मिर्च)
рожь (स्त्री०) (राई)
пшени́ца (स्त्री०) (गेहूँ)
ячме́нь (पुं०) (जौ)
горо́х (पुं०) (मटर)

कुछ संज्ञाएँ जो केवल बहुवचन में ही प्रयुक्त होती हैं :

पुंलिंग

близнец-ы́ (о́в) (जुड़वें)
вес-ы́ (о́в) (बट्टे)
дух-и́ (о́в) (इत्र)
коньк-и́ (о́в) (स्केट)
носк-и́ (о́в) (जुराबें)
обо́-и (ев) (दीवार पर चिपकाने का काग़ज़)
час-ы́ (о́в) (घड़ी)
штан-ы́ (о́в) (पतलून)
щипц-ы́ (о́в) (सँड़ासी)

स्त्रीलिंग

брю́ки (брюк) (पतलून)
де́ньги (де́нег) (धन)
имени́ны (имени́н) (नाम-दिवस)
кани́кулы (кани́кул) (छुट्टियाँ)
но́жницы (но́жниц) (क़ैंची)
сли́вки (сли́вок) (मलाई)
су́тки (су́ток) (दिन-रात)
इत्यादि, इत्यादि

नपुंसकलिंग

воро́та (воро́т) (दरवाज़ा)
дрова́ (дров) (जलाने की लकड़ी)
пери́ла (пери́л) (जंगला)
черни́ла (черни́л) (स्याही)
очки́ (очко́в) (ऐनक)

उभयलिंग

бродя́га (आवारा)
бедня́га (बेचारा/बेचारी, ग़रीब)
заи́ка (हकला/हकली)
левша́ (बायें हाथ से काम करनेवाला/वाली)
обжо́ра (पेटू)
сирота́ (अनाथ)
इत्यादि, इत्यादि

इनके रूप स्त्रीलिंग संज्ञाओं की भाँति होते हैं

कारक

रूसी भाषा में संज्ञाओं का रूप वाक्य में उनके व्यापार के अनुसार बदलता है। इस रूप को कारक कहते हैं।

रूसी भाषा में छह कारक हैं। कारकों के अनुसार संज्ञा में आनेवाले परिवर्तन को संज्ञा का रूप कहते हैं।

कारकों के नाम निम्न प्रकार हैं :

(१) Имени́тельный паде́ж कर्त्ता कारक
(२) Роди́тельный ,, सम्बन्ध ,,

(३)	Да́тельный	паде́ж	सम्प्रदान कारक
(४)	Вини́тельный	,,	कर्म ,,
(५)	Твори́тельный	,,	करण ,,
(६)	Предло́жный	,,	अधिकरण ,,

प्रत्येक कारक एक निश्चित जिज्ञासा या प्रश्न का उत्तर देता है। विभिन्न कारकों के साथ मेल खानेवाले मुख्य प्रश्न निम्नलिखित हैं :

(१)	कर्ता	Кто ?	Что ?	कौन ? किसने ?
(२)	सम्बन्ध	Кого́ ?	Чего́	किसका ? किस वस्तु का ?
		Чей ?		,,
(३)	सम्प्रदान	Кому́ ?	Чему́ ?	किसे ? किसको ?
(४)	कर्म	Кого́ ?	Что ?	किसे ? क्या (वस्तु) ?
(५)	करण	Кем ?	Чем ?	किसके द्वारा ? किस चीज़ से ?
(६)	अधिकरण	О ком ?	О чём ?	किस व्यक्ति/वस्तु के बारे में ?
		В ком ?	В чём ?	किस व्यक्ति में ? किस चीज़ में ?

संज्ञाओं के कारक-रूप बनाने की विधि

पुंलिंग संज्ञाएँ

व्यंजन में अन्त होनेवाली संज्ञाओं के कारक-रूप (हाइफ़न चिह्न के पश्चात कारक-रूपों के अवसान हैं)।

	एकवचन	बहुवचन
कर्ता	стол	стол-ы́
सम्बन्ध	стол-а́	стол-о́в
सम्प्रदान	стол-у́	стол-а́м
कर्म	стол	стол-ы́
करण	стол-о́м	стол-а́ми
अधिकरण	стол-е́	стол-а́х

ь (कोमल चिह्न) में अन्त होनेवाली पुंलिंग संज्ञाओं के कारक-रूप।

	एकवचन	बहुवचन
कर्ता	кон-ь	ко́н-и
सम्बन्ध	кон-я́	кон-е́й
सम्प्रदान	кон-ю́	кон-я́м
कर्म	кон-я́	кон-е́й
करण	кон-ём	кон-я́ми
अधिकरण	кон-е́	кон-я́х

й में अन्त होनेवाली पुंलिग संज्ञाओं के कारक-रूप :

	एकवचन	बहुवचन
कर्ता	сара́-й	сара́-и
सम्बन्ध	сара́-я	сара́-ев
सम्प्रदान	сара́-ю	сара́-ям
कर्म	сара́-й	сара́-и
करण	сара́-ем	сара́-ями
अधिकरण	сара́-е	сара́-ях

नोट : १. जड़ संज्ञाओं के कर्मकारक-रूप (एकवचन और बहुवचन) कर्ताकारक-रूप जैसे ही होते हैं, जैसे :

	एकवचन	बहुवचन
कर्ता	стол	столы́
कर्म	стол	столы́

नोट : २. चेतन संज्ञाओं के कर्मकारक-रूप उसके सम्बन्धकारक-रूप जैसे होते हैं, जैसे :

	एकवचन	बहुवचन
कर्ता	конь	ко́н-и
कर्म	кон-я́	кон-е́й

परन्तु नकारात्मक-रूप में जड़ संज्ञा का कर्मकारक-रूप भी उसके सम्बन्धकारक-रूप जैसा होता है जैसे :

я не купи́л стол-а́
(मैंने मेज नहीं खरीदी)

नोट : ३. अधिकरणकारक से पहले हमेशा о (या об) (-के बारे में), в (में) आदि शब्द जोड़ दिये जाते हैं; जैसे :

мы говори́ли об уро́ке
(हमने पाठ के बारे में बात की)

бума́га лежи́т в карма́не
(कागज़ जेब में पड़ा है)

नोट : ४. कारकों के अन्य रूपों से पहले भी ऐसे शब्द जोड़े जाते हैं और नहीं भी। करणकारक से पहले "के साथ" के अर्थ मे 'с' का प्रयोग किया जाता है, जैसे :

я говори́л с бра́том
(मैंने भाई से बात की)

вот стака́н с водо́й
(यह रहा पानी का गिलास)

'कुछ मात्रा' इंगित करने के लिए कई एक पुंलिंग संज्ञाओं का सम्बन्धकारक (एकवचन) у अथवा ю लगाकर बनाया जाता हैं।

कुछ (मात्रा में) चाय	ча́ю	(ча́я के स्थान पर)
कुछ (मात्रा में) खाँड	са́хару	(са́хара ,,)
कुछ (मात्रा में) तम्बाकू	табаку́	(табака́ ,,)
कुछ (मात्रा में) बादाम	миндалю́	(миндаля́ ,,)

निम्नलिखित अभिव्यक्तियों में भी पुंलिंग संज्ञाओं के सम्बन्धकारक (एकवचन) में у लगता है।

мно́го наро́ду (बहुत लोग)
без то́лку (व्यर्थ)
с ве́рху (ऊपर से)
с ни́зу (नीचे से)
(сни́зу, све́рху क्रिया-विशेषण इसी प्रकार से बने हैं)

निम्नलिखित अभिव्यक्तियों में अधिकरणकारक-रूप में उनके पूर्व в और на होने पर 'е' के स्थान पर у́ अथवा ю́ लगता हैं।

в лесу́	(जंगल में)
в году́	(वर्ष में)
в саду́	(बाग़ में)
в снегу́	(बर्फ़ में)
в бою́	(युद्ध में)
в раю́	(स्वर्ग में)
на полу́	(फर्श पर)
на льду́	(बर्फ़ पर)
на берегу́	(तट पर)

परन्तु 'о' के साथ अधिकरणकारक का अवसान е ही रहता है।

о ле́се	(जंगल के बारे में)
о го́де	(वर्ष के बारे में)

कुछ पुंलिंग संज्ञाओं के बहुवचन कारक-रूप -ья लगाकर निम्नप्रकार से बनाये जाते हैं :

बहुवचन	कर्त्ता	бра́т-ья	каме́н-ья	сту́л-ья	у́гол-ья	ли́ст-ья
	सम्बन्ध	бра́т-ьев	каме́н-ьев	сту́л-ьев	у́гол-ьев	ли́ст-ьев
	सम्प्रदान	бра́т-ьям	каме́н-ьям	сту́л-ьям	у́гол-ьям	ли́ст-ьям
	कर्म		सम्बन्ध कारक के रूप की ही भाँति			
	करण	бра́т-ьями	каме́н-ьями	сту́л-ьями	у́гол-ьями	ли́ст-ьями
	अधिकरण	бра́т-ьях	каме́н-ьях	сту́л-ьях	у́гол-ьях	ли́ст-ьях

बहुवचन सम्बन्धकारक के रूप के अलावा друг, князь, муж, зять के दूसरे कारकों के बहुवचन रूप भी ऊपर की भाँति बनते हैं। इनके बहुवचन सम्बन्धकारक के रूप निम्न प्रकार हैं :

कर्ता (बहुवचन)	सम्बन्ध (बहुवचन)
друз-ья́	друз-е́й
княз-ья́	княз-е́й
муж-ья́	муж-е́й
зят-ья́	зят-е́й

сосе́д (पड़ौसी), और чорт (чёрт) (शैतान) के कारक-रूप एकवचन में तो कठोर व्यंजनों में अन्त होनेवाली संज्ञाओं की भाँति, परन्तु बहुवचन में कोमल व्यंजनों में अन्त होनेवाली संज्ञाओं की भाँति होते हैं, जैसे :

बहुवचन	कर्ता	сосе́д-и	че́рт-и
	सम्बन्ध	сосе́д-ей	черт-е́й
	सम्प्रदान	сосе́д-ям	черт-я́м
	कर्म	сосе́д-ей	черт-е́й
	करण	сосе́д-ями	черт-я́ми
	अधिकरण	сесе́д-ях	черт-я́х

-ин में अन्त होनेवाली जातिसूचक संज्ञाओं में बहुवचन कारकों के सब रूपों में -ин का लोप हो जाता है और कर्ता बहुवचन में 'e' और 'a' जोड़ दिया जाता है, जैसे :

	बहुवचन	
	कर्ता	सम्बन्ध
англича́н-ин	англича́н-е	англича́н
господ-и́н	господ-а́	госпо́д

स्त्रीलिंग संज्ञाएँ

'a' में अन्त होने वाली स्त्रीलिंग संज्ञाओं के रूप :

	एकवचन	बहुवचन
कर्ता	же́нщин-а	же́нщин-ы
सम्बन्ध	же́нщин-ы	же́нщин
सम्प्रदान	же́нщин-е	же́нщин-ам
कर्म	же́нщин-у	же́нщин
करण	же́нщин-ой	же́нщин-ами
अधिकरण	же́нщин-е	же́нщин-ах

नोट : १. करणकारक में ж, ч, ш, щ, और ц के बाद शब्द के अन्त में 'ой' की बजाय 'ей' आता है और इस पर ज़ोर नहीं दिया जाता जैसे— у́лица से у́лицей, туча́ से ту́чей.

नोट : २. कभी-कभी करणकारक में, विशेष रूप से कविता में, 'ой' और 'ей' की बजाय 'ою', 'ею' प्रयुक्त होता है।

नोट : ३. उन पुंलिग संज्ञाओं के कारक भी जिनके अन्त में 'а' आता है (जैसे мужчи́на) स्त्रीलिंग संज्ञा (же́нщина) के कारक-रूपों जैसे ही होते हैं।

नोट : ४. जैसा कि पहले बताया जा चुका है 'в' का प्रयोग अधिकरणकारक में विषयवस्तु की स्थिति को इंगित करने के लिए किया जाता है। (в столе́, в до́ме, в ко́мнате)। शब्द से पहले 'в' का प्रयोग कर्मकारक के साथ भी किया जाता है, जब वह क्रिया की दिशा या गति को इंगित करता है और प्रश्न куда́ ? (कहाँ को ?) का उत्तर देता है; जैसे в шко́ле (где ?) (अधिकरण) स्कूल में ? ; в шко́лу (куда́ ?) (कर्म) स्कूल को।

'я' में अन्त होने वाली स्त्रीलिंग संज्ञाओ के रूप।

	एकवचन	बहुवचन
कर्ता	ня́н-я	ня́н-и
सम्बन्ध	ня́н-и	ня́н-ь
सम्प्रदान	ня́н-е	ня́н-ям
कर्म	ня́н-ю	нян-ь
करण	ня́н-ей	ня́н-ями
अधिकरण	ня́н-е	ня́нях

नोट : इस प्रकार की बहुवचन संज्ञाओं के सम्बन्धकारक में कोई कारक-चिह्न नहीं होता (उनके अन्त में 'ь' आता है जो कारक-चिह्न नहीं है)। यदि मूल शब्द के अन्तिम दो अक्षर व्यंजन हों तो बीच में अक्षर 'е' डाल दिया जाता है, जैसे зе́мли— земе́ль, дере́вни— дереве́нь.

'ь' में अन्त होनेवाली स्त्रीलिंग संज्ञाओं के कारक-रूप निम्नलिखित होते है :

	एकवचन	बहुवचन
कर्ता	при́стан-ь	при́стан-и
सम्बन्ध	при́стан-и	при́стан-ей
सम्प्रदान	при́стан-и	при́стан-ям
कर्म	при́стан-ь	при́стан-и
करण	при́стан-ью	при́стан-ями
अधिकरण	при́стан-и	при́стан-ях

दो स्त्रीलिंग संज्ञाओं мать (माता) और дочь (बेटी) के कारक-रूप अनियमित होते हैं और निम्नप्रकार से बनाये जाते हैं :

	एकवचन		बहुवचन	
कर्त्ता	доч-ь	мат-ь	до́ч-ери	ма́т-ери
सम्बन्ध	до́ч-ери	ма́т-ери	доч-ере́й	мат-ере́й
सम्प्रदान	до́ч-ери	ма́т-ери	доч-еря́м	мат-еря́м

	एकवचन		बहुवचन	
कर्म	доч-ь	мат-ь	доч-ере́й	мат-ере́й
करण	до́ч-ерью	ма́т-ерью	доч-ерьми́ (доч-еря́ми)	ма́т-ерьми (мат-еря́ми)
अधिकरण	до́ч-ери	ма́т-ери	доч-еря́х	мат-еря́х

नपुंसकलिंग संज्ञाएँ

'o' में अन्त होनेवाली संज्ञाओं के रूप निम्न प्रकार से बनाये जाते हैं ;

	एकवचन	बहुवचन
कर्ता	де́ло	дел-а́
सम्बन्ध	де́л-а	дел
सम्प्रदान	де́л-у	дел-а́м
कर्म	де́л-о	дел-а́
करण	де́л-ом	дел-а́ми
अधिकरण	де́л-е	дел-а́х

नोट :—यदि बहुवचन सम्बन्धकारक में 'o' से पहले दो व्यंजन आ जायें तो उच्चारण की सुविधा की दृष्टि से उनमें 'o' अथवा 'e' जोड़ दिया जाता है, जैसे :

कर्ता एकवचन	सम्बन्ध बहुवचन
зло (पाप)	зол
дно (तल)	дон
кольцо́ (अँगूठी)	коле́ц
окно́ (खिड़की)	о́кон
кре́сло (आरामकुर्सी)	кре́сел
стекло́ (शीशा)	стёкол
ведро́ (बाल्टी)	вёдер
письмо́ (पत्र)	пи́сем

'e' अथवा 'ë' में अन्त होनेवाली नपुंसक संज्ञाओं के रूप निम्न प्रकार से बनाये जाते हैं :

	एकवचन		बहुवचन	
कर्ता	по́л-е	ружь-ё	пол-я́	ру́жь-я
सम्बन्ध	по́л-я	ружь-я́	пол-е́й	ру́же-й
सम्प्रदान	по́л-ю	ружь-ю́	пол-я́м	ру́жь-ям
कर्म	по́л-е	ружь-ё	пол-я́	ру́жь-я
करण	по́л-ем	ружь-ём	пол-я́ми	ру́жь-ями
अधिकरण	по́л-е	ружь-е́	пол-я́х	ру́жь-ях

नोट : १. 'ие' में अन्त होनेवाली भाववाचक नपुंसकलिंग संज्ञाओं के अधिकरणकारक-रूप एकवचन में 'ие' के स्थान पर -ии और सम्बन्धकारक बहुवचन में -ий जोड़ दिया जाता है, जैसे :

	अधिकरण एकवचन	सम्बन्ध बहुवचन
имéн-ие (जागीर)	имéн-ии	имéн-ий
желáн-ие (इच्छा)	желáн-ии	желáн-ий

नोट : २ 'ье' में अन्त होनेवाली संज्ञाओं के साथ सम्बन्धकारक बहुवचन में 'ье' के स्थान पर -ьев जोड़ दिया जाता है, जैसे :

	सम्बन्धकारक (बहुवचन)
плáт-ье (कपड़े)	плáт-ьев

нéбо (आकाश) और чýдо (अजूबा) के बहुवचन कारक-रूप 'ес' लगाकर बनाये जाते हैं, जैसे :

	एकवचन		बहुवचन	
कर्ता	нéб-о	чýд-о	неб-есá	чуд-есá
सम्बन्ध	нéб-а	чýд-а	неб-éс	чуд-éс
सम्प्रदान	нéб-у	чýд-у	неб-есáм	чуд-есáм
कर्म	нéб-о	чýд-о	неб-есá	чуд-есá
करण	нéб-ом	чýд-ом	неб-есáми	чуд-есáми
अधिकरण	нéб-е	чýд-е	неб-есáх	чуд-есáх

'мя' में अन्त होनेवाली नपुंसकलिंग संज्ञाओं और дитя́ के कारक-रूप अनियमित होते हैं, जैसे :

	एकवचन	बहुवचन	एकवचन	बहुवचन
कर्ता	дитя́	дéт-и	врéм-я	врем-енá
सम्बन्ध	дитя́-ти	дет-éй	врéм-ени	врем-ён
सम्प्रदान	дитя́-ти	дéт-ям	врéм-ени	врем-енáм
कर्म	дитя́	дет-éй	врéм-я	врем-енá
करण	дитя́-тею (дитёй)	дет-ьми́ (дéт-ями)	врéм-енем	врем-енáми
अधिकरण	дитя́-ти	дéт-ях	врéм-ени	врем-енáх

брéмя (बोझ) (केवल एकवचन में ही प्रयुक्त), плéмя (जाति), сéмя (बीज), стрéмя (एड़), знáмя (पताका), плáмя (ज्वाला) (केवल एकवचन में ही प्रयुक्त), и́мя (नाम), вы́мя (थन) आदि के कारक-रूप भी врéмя की भाँति ही बनाये जाते हैं।

अल्पवाचक या ऊनवाचक शब्द

लगभग सारी रूसी संज्ञाओं और कई विशेषणों का अल्पवाचक -रूप होता है। अल्पवाचक शब्द निम्न अर्थों को व्यक्त करते हैं :

(१) केवल अल्पवाचक अर्थ, जैसे дом (घर) से до́мик (छोटा घर),

(२) 'प्रिय' होने का अर्थ, जैसे го́лос (आवाज़) से голосо́чек (नन्हीं प्यारी आवाज़),

(३) घृणा सूचित करने के लिए, जैसे голоси́шко भद्दी आवाज़।

अल्पवाचक शब्द बनाने की विधि :

(१) केवल अल्पवाचक अर्थ सूचित करने के लिए :

पुंलिंग संज्ञाओं के बाद -ик, -ок, -ек, -ец जोड़कर, जैसे

дом (घर)	до́мик (छोटा घर)
го́лос (आवाज़)	голосо́к (छोटी आवाज़)
ого́нь (अग्नि)	огонёк (छोटी आग)
хлеб (रोटी)	хле́бец (छोटी रोटी)

नपुंसकलिंग संज्ञाओं के पश्चात् -ко, -цо जोड़कर, जैसे

окно́ (खिड़की)	око́шко (छोटी खिड़की)
письмо́ (पत्र)	письмецо́ (छोटा पत्र)

स्त्रीलिंग संज्ञाओं के बाद -ка जोड़कर, जैसे

нога́ (टाँग)	но́жка (छोटी टाँग)
кни́га (पुस्तक)	кни́жка (छोटी पुस्तक)

(२) 'प्रिय' होने का अर्थ सूचित करने के लिए :

पुंलिंग संज्ञाओं के बाद -ичек, -очек जोड़कर, जैसे

нож (चाक़ू)	но́жичек (नन्हां प्यारा चाक़ू)
го́лос (आवाज़)	голосо́чек (नन्हीं प्यारी आवाज़)

स्त्रीलिंग संज्ञाओं के बाद -ичка, -очка, -ечка, -енька, -ушка, -юшка जोड़कर, जैसे

сетра́ (बहन)	сестри́чка (नन्हीं प्यारी बहन)
ма́ма (माँ)	ма́менька (प्यारी अम्मा)
тётя (चाची)	тётушка (प्यारी चाची)
ло́жка (चमचा)	ло́жечка (छोटा-सा चमचा)
дед (दादा)	де́душка (प्यारा दादा)
дя́дя (चाचा)	дя́дюшка (प्यारा चाचा)

नपुंसकलिंग संज्ञाओं के बाद -ечко, -ышко जोड़कर, जैसे

кольцо́ (अँगूठी)	коле́чко (नन्हीं अँगूठी)
перо́ (पंख)	пёрышко (नन्हां पंख)

(३) घृणा सूचित करने के लिए :

पुंलिंग संज्ञाओं के बाद -ишка, -ишко जोड़कर, जैसे

мальчи́шка	(छोटा) (शरारती लड़का)
городи́шко	(छोटा) (मामूली शहर)

स्त्रीलिंग संज्ञाओं के बाद -ёнка, -онка जोड़कर, जैसे

коро́ва (गाय)	коровёнка (भद्दी गाय)
ла́вка (दुकान)	лавчо́нка (भद्दी दुकान)

नपुंसकलिंग संज्ञाओं के बाद -ишко जोड़कर, जैसे

де́ло (काम)	дели́шко (मामूली काम)

(४) अल्पत्वाचक विशेषणों के अवसान -ова́тый, -ева́тый, -онький, -енький हैं, जैसे

бе́лый (सफ़ेद)	белова́тый (सफ़ेद सा)
	бе́ленький (सफ़ेद छोटा...)
си́ний (नीला)	синева́тый (नीला-सा)
	си́ненький (नीला छोटा...)
мя́гкий (नर्म)	мягкова́тый (नर्म-सा)
	мя́конький (नर्म छोटा...)।

विशेषण

रूसी विशेषण लिंग और वचन के अनुसार बदलते हैं। उनका लिंग और वचन उन संज्ञाओं के अनुकूल होता है जिनके साथ वे प्रयुक्त किये जाते हैं :

до́брый оте́ц	(भला बाप)
до́брая мать	(भली मां)
до́брое дитя́	(भला बच्चा)
до́брые люди	(भले लोग)
си́ний каранда́ш	(नीली पेंन्सिल)
си́няя ле́нта	(नीला फ़ीता)
си́нее не́бо	(नीला आकाश)
си́ние цветы́	(नीले फूल)
большо́й дом	(बड़ा घर)
больша́я ко́мната	(बड़ा कमरा)
большо́е окно́	(बड़ी खिड़की)
больши́е заво́ды	(बड़े कारखाने)

विशेषण दो प्रकार के होते हैं : कठोर और कोमल। ऊपर के उदाहरणों से स्पष्ट है कि विशेषणों के निम्नलिखित अवसान हैं :—

	कठोर			कोमल		
	पुं०	स्त्री०	नपुं०	पुं०	स्त्री०	नपुं०
एकवचन	—ый	—ая	—ое	—ний	—яя	—ее
	—ой	—ая	—ое			
बहुवचन		—ые			—ие	

विशेषणों के संक्षिप्त रूप

विशेषणों के संक्षिप्त रूपों का उनके पूरे रूप से भेद किया जाता है। पुंलिंग में उनके अवसान का लोप हो जाता है, स्त्रीलिंग में अवसान 'а' होता है, नपुंसकलिंग में 'о' और बहुवचन में 'ы' होता है।

	पूरे रूप	संक्षिप्त रूप
पुं०	молодóй	мóлод
स्त्री०	молодáя	молодá
नपुं०	молодóе	мóлодо
बहु०	молоды́е	мóлоды

विशेषण के पूरे रूप के अवसान से पहले अगर दो व्यंजन हों तो संक्षिप्त रूप पुंलिंग में व्यंजनों के बीच एक स्वर का समावेश किया जाता है जो प्राय: 'е' (और कभी-कभी 'ё' या 'о') होता है, जसे

	पूरे रूप	संक्षिप्त रूप
पुं०	я́сный	я́сен
स्त्री०	я́сная	ясна́
नपुं०	я́сное	я́сно
बहु०	я́сные	я́сны

नोट : १. विशेषणों का संक्षिप्त रूप बहुधा संज्ञा के बाद आता है। अस्तु, उसका स्थान चाहे कुछ भी हो पर वाक्य में वह हमेशा विधेय के रूप में ही आता है, जैसे :

нéбо я́сно	आकाश निर्मल है
я́сно нéбо	निर्मल है आकाश

नोट : २. 'о' में अवसित होनेवाले विशेषण (या क्रिया-विशेषण) के संक्षिप्त रूप द्वारा कर्तृ-निरपेक्ष वाक्य का निर्देश किया जा सकता है :

хорошó	यह अच्छा है।
емý хорошó	उसके लिए अच्छा है।

विशेषणों के कारक-रूप

विशेषणों के कारक-रूप निम्न प्रकार से बनाये जाते हैं।

कठोर	एकवचन			बहुवचन
	पुं०	स्त्री०	नपुं०	सभी लिंगों में।
कर्ता	бéл-ый	бéл-ая	бéл-ое	бéл-ые
सम्बन्ध	бéл-ого	бéл-ой	бéл-ого	бéл-ых
सम्प्रदान	бéл-ому	бéл-ой	бéл-ому	бéл-ым
कर्म	бéл-ый (जड़) бéл-ого, (चेतन)	бéл-ую	бéл-ое	бéл-ые (जड़) бéл-ых (चेतन)

	एकवचन			बहुवचन
	पुं०	स्त्री०	नपुं०	सभी लिंगों में।
करण	бéл-ым	бéл-ою бéл-ой	бéл-ым	бéл-ыми
अधिकरण	бéл-ом	бéл-ой	бéл-ом	бéл-ых
कोमल				
कर्ता	си́н-ий	си́н-яя	си́н-ее	си́н-ие
सम्बन्ध	си́н-его	си́н-ей	си́н-его	си́н-их
सम्प्रदान	си́н-ему	си́н-ей	си́н-ему	си́н-им
कर्म	си́н-ий (जड़) си́н-его (चेतन)	си́н-ей	си́н-ее	си́н-ие (जड़) си́н-их (चेतन)
करण	си́н-им	си́н-ею си́н-ей	си́н-им	си́н-ими
अधिकरण	си́н-ем	си́н-ей	си́н-ем	си́н-их

विशेषणों के तर-प्रत्ययान्त और तम-प्रत्ययान्त रूप

सहायक शब्द द्वारा

विशेषणों के तर-प्रत्ययान्त रूप бóлее या мéнее शब्दों की सहायता से बनाये जाते हैं, जैसे бóлее краси́вый (सुन्दरतर, अधिक सुन्दर), мéнее широ́кий (कम चौड़ा, इतना चौड़ा नहीं जितना...)। इसमें विशेषण के कारक-रूप तो संज्ञा के कारक-रूप के अनुसार बदलते रहते हैं, परन्तु бóлее या мéнее शब्दों पर कोई प्रभाव नही पड़ता, जैसे я ви́дел бóлее краси́вую дерéвню मैंने सुन्दरतर गाँव देखा।

विशेषणों का तम-प्रत्ययान्त रूप сáмый सर्वनाम की सहायता से बनाया जाता है, जैसे сáмый прекрáсный (सुन्दरतम, सबसे अधिक सुन्दर)। कभी-कभी विशेषण के तर-प्रत्ययान्त रूप से पहले शब्द 'наи-' जोड़ने से भी विशेषण का तम-प्रत्ययान्त रूप बनाया जाता है, जैसे наилу́чший सबसे अच्छा, наимéньший सबसे छोटा।

сáмый शब्द के कारक-रूप भी संज्ञा के कारक-रूप के अनुसार बदलते हैं, जैसे я дал емý сáмую спéлую грýшу (मैंने उसे सबसे अधिक पकी हुई नाशपाती दी)।

तर-प्रत्ययान्त और तम-प्रत्ययान्त रूप बनाने के लिए विशेषणों के -ый, -ая -ое अवसानों को हटाकर तर-प्रत्ययान्त के लिए 'ее' (संक्षिप्त रूप के लिए केवल 'е') और तम-प्रत्ययान्त के लिए -éйший, -éйшая, -éйшее, अथवा -áйший, -áйшая, -áйшее जोड़ दिये जाते हैं, जैसे

нóвый से новée, новéйший, новéйшая, новéйшее
стрóгий से стрóже, строжáйший, строжáйшая, строжáйшее

विशेषण का तर-प्रत्ययान्त रूप किसी भी लिंग और वचन में नहीं बदलता । इसमें чем संयोजक का प्रयोग किया जाता है, जैसे

э́тот дом краси́вее, чем наш (यह घर हमारे घर से अधिक सुन्दर है) ।

э́та кни́га интерéснее, чем нáша (यह पुस्तक हमारी पुस्तक से अधिक दिलचस्प है).।

э́то зéркало новée, чем нáше यह शीशा हमारे शीशे से अधिक नया है) ।

чем संयोजक का लोप भी किया जा सकता है, परन्तु उस हालत में तर-प्रत्ययान्त विशेषण के बाद के शब्द का रूप सम्बन्धकारक में प्रयुक्त होता है, जैसे :

э́тот дом краси́вее нáшего
э́та кни́га интерéснее нáшей
э́то зéркало новée нáшего

तम-प्रत्ययान्त (-ейший अथवा -айший) विशेषणों के कारक-रूप सामान्य विशेषणों की भाँति बनाये जाते हैं, जैसे उदाहरण के तौर पर я дал подáрок добрéйшему мáльчику (मैंने पुरस्कार सबसे अच्छे लड़के को दिया) ।

रूसी भाषा में कुछ विशेषणों के तर-प्रत्ययान्त और तम-प्रत्ययान्त रूप अनियमित ढंग से बनते हैं। इनके रूपों की सूची एक तालिका में दे दी गयी है। (देखिए पृष्ठ ९४६)

संख्याबोधक अंक

ये दो प्रकार के होते है

(क) मुख्य (या बुनयादी), जैसे एक, दो, तीन इत्यादि ;
(ख) क्रमबोधक, जैसे पहला, दूसरा, तीसरा इत्यादि ।

मुख्य और क्रमबोधक अंकों की सूची

	मुख्य अंक	क्रमबोधक अंक				
१	оди́н, однá, однó	पहला	пéрв-ый,	-ая,	-ое,	-ые
२	два, две, два	दूसरा	втор-óй,	-áя,	-óе,	-ы́е
३	три	तीसरा	трéт-ий,	-ья,	-ье,	-ьи
४	четы́ре	चौथा	четвёрт-ый,	-ая,	-ое,	-ые
५	пять	पाँचवाँ	пя́т-ый,	”	”	”
६	шесть	छठा	шест-óй,	-áя,	-óе,	-ы́е
७	семь	सातवाँ	седьм-óй,	”	”	”

मुख्य अंक		क्रमसूचक अंक				
८	во́семь	आठवाँ	восьм-о́й,	-а́я,	-о́е,	-ы́е,
९	де́вять	नौवाँ	девя́т-ый,	-ая,	-ое,	-ые
१०	де́сять	दसवाँ	деся́т-ый,	"	"	"
११	оди́ннадцать	ग्यारहवाँ	оди́ннадцат-ый,	"	"	"
१२	двена́дцать	बारहवाँ	двена́дцат-ый,	"	"	"
१३	трина́дцать	तेरहवाँ	трина́дцат-ый,	"	"	"
१४	четы́рнадцать	चौदहवाँ	четы́рнадцат-ый,	"	"	"
१५	пятна́дцать	पन्द्रहवाँ	пятна́дцат-ый,	"	"	"
१६	шестна́дцать	सोलहवाँ	шестна́дцат-ый,	"	"	"
१७	семна́дцать	सत्रहवाँ	семна́дцат-ый,	"	"	"
१८	восемна́дцать	अठारहवाँ	восемна́дцат-ый,	"	"	"
१९	девятна́дцать	उन्नीसवाँ	девятна́дцат-ый,	"	"	"
२०	два́дцать	बीसवाँ	двадца́т-ый,	"	"	"
२१	два́дцать оди́н, одна́, одно́	इक्कीसवाँ	два́дцать перв-ый,	"	"	"
३०	три́дцать	तीसवाँ	тридца́т-ый,	"	"	"
४०	со́рок	चालीसवाँ	сороков-о́й,	-а́я,	-о́е,	-ы́е
५०	пятьдеся́т	पचासवाँ	пятидеся́т-ый,	-ая,	-ое,	-ые
६०	шестьдеся́т	साठवाँ	шестидеся́т-ый,	"	"	"
७०	семьдеся́т	सत्तरवाँ	семидеся́т-ый,	"	"	"
८०	во́семьдесят	अस्सीवाँ	восьмидеся́т-ый,	"	"	"
९०	девяно́сто	नब्बेवाँ	девяно́ст-ый,	"	"	"
१००	сто	सौवाँ	со́т-ый,	"	"	"
१०१	сто оди́н, одна́, одно́	एकसौ एकवाँ	сто пе́рв-ый,	-ая,	ое	"
२००	две́сти	दोसौवाँ	двухсо́т-ый,	"	"	"
३००	три́ста	तीनसौवाँ	трёхсо́т-ый,	"	"	"
४००	четы́реста	चारसौवाँ	четырёхсот-ый,	"	"	"
५००	пятьсо́т	पाँचसौवाँ	пятисо́т-ый,	"	"	"
६००	шестьсо́т	छहसौवाँ	шестисо́т-ый,	"	"	"
७००	семьсо́т	सातसौवाँ	семисо́т-ый,	"	"	"
८००	восемьсо́т	आठसौवाँ	восьмисо́т-ый,	"	"	"
९००	девятьсо́т	नौसौवाँ	девятисо́т-ый,	"	"	"
१०००	тысяча	हज़ारवाँ	ты́сячн-ый,	"	"	"
२०००	две тысячи	दोहज़ारवाँ	двухты́сячн-ый,	"	"	"
५०००	пять тысяч	पाँचहज़ारवाँ	пятиты́сячн-ый,	"	"	"
१,००,०००	сто́ тысяч	लाखवाँ	стоты́сячн-ый,	"	"	"
१० ००,०००	миллио́н	दसलाखवाँ	миллио́нн-ый,	"	"	"

मुख्य अंक संज्ञा के पहले रखे जाते है। संज्ञा के बाद रखने से इनका अर्थ 'लगभग', का हो जाता, है जैसे дня. два लगभग दो दिन, гóда три लगभग तीन वर्ष।

मुख्य अंकों में केवल оди́н के स्त्रीलिंग (однá), नपुंसकलिंग (однó) और बहुवचन (одни́) के रूप होते है। इसके कारक-रूप сам, самá, самó की भाँति बनाये जाते है।

два, две, óба, óбе, три, четы́ре के बाद की संज्ञा का सम्बन्धकारक (एकवचन) रूप आता है, जैसे два столá (दो मेजें), три окнá तीन खिड़कियाँ, четы́ре кни́ги (चार पुस्तकें)। परन्तु पाँच या पाँच से ऊपर के अंकों के बाद संज्ञा का सम्बन्धकारक (बहुवचन) रूप आता है, जैसे пять столóв (पाँच मेजें), шесть óкон (छह खिड़कियाँ), семь книг (सात पुस्तकें)।

पाँच या पाँच से ऊपर के अंकों के बाद 'человек' शब्द का सम्बन्धकारक (बहुवचन) रूप आता है, जैसे шесть человéк (छह व्यक्ति), сéмьдесят человéк (सत्तर व्यक्ति), परन्तु мнóго людéй।

संयुक्त संख्या के बाद जो संज्ञा आती है उसका कारक उससे फ़ौरन पहले आनेवाले अंक पर निर्भर करता है, जैसे

два́дцать оди́н час (इक्कीस घंटे)।
два́дцать два часá (बाइस घंटे)।
два́дцать пять часóв (पच्चीस घंटे)।

संख्याबोधक अंकों के कारक-रूप

मुख्य अंक : मुख्य अंकों के कारक-रूप उनके अवसानों के अनुसार बनते हैं जैसे :

	एकवचन			बहुवचन
	पुं०	नपुं०	स्त्री०	
कर्ता	оди́н	однó	однá	одни́
सम्बन्ध	одногó	одногó	однóй	одни́х
सम्प्रदान	одномý	одномý	однóй	одни́м
कर्म	оди́н (जड़)	однó (जड़)	однý	одни́м (जड़)
	одногó (चेतन)	одногó (चेतन)		одни́х (चेतन)
करण	одни́м	одни́м	однóю однóй	одни́ми
अधिकरण	однóм	однóм	однóй	одни́х

	पुं० और नपुं०	स्त्री०		
कर्ता	два	две	три	четы́ре
सम्बन्ध	двух	двух	трёх	четырёх
सम्प्रदान	двум	двум	трём	четырём
कर्म	два (जड़)	две (जड़)	три (जड़)	четы́ре (जड़)
	двух (चेतन)	двух (चेतन)	трёх (चेतन)	четырёх (चेतन)
करण	двумя́	двумя́	тремя́	четырьмя́
अधिकरण	двух	двух	трёх	четырёх

५ से ३० और ५० से ८० तक 'ь' में अवसित होनेवाले अंकों के रूप 'ь' में अवसित होनेवाली स्त्रीलिंग संज्ञाओं की भांति बनाये जाते हैं, जैसे

कर्ता	пять	шесть	семь	вóсемь
सम्बन्ध	пятú	шестú	семú	восьмú
सम्प्रदान	пятú	шестú	семú	восьмú
कर्म	пять	шесть	семь	вóсемь
करण	пятью	шестью	семью	восемью
अधिकरण	пятú	шестú	семú	восьмú

сóрок के कारक-रूप कर्मकारक के अलावा सभी कारकों में 'а' जोड़कर बनाये जाते हैं, जैसे

कर्ता	сóрок
सम्बन्ध	сорокá
सम्प्रदान	сорокá
कर्म	сóрок
करण	сорокá
अधिकरण	сорокá

сто और девянóсто के कारक-रूप कर्मकारक के अलावा सभी कारकों में 'о' को 'а' में बदल दिया जाता है, जैसे

ста	девянóста

२ से ९ तक के अंकों के साथ сто के कारक-रूप नपुंसकलिंग संज्ञा शब्द के बहुवचन (एक शब्द में संयुक्त) के रूप की भांति बनते हैं, जैसे

कर्ता	двéсти	трúста	пятьсóт
सम्बन्ध	двухсóт	трёхсот	пятисóт
सम्प्रदान	двумстáм	трёмстам	пятистам
कर्म	двéсти	трúста	пятьсóт
करण	двумястáми	тремястáми	пятьюстáми
अधिकरण	двухстáх	трёхстах	пятистáх

óба (पुं० और नपुं०) और óбе (स्त्री०) के कारक-रूप निम्नलिखित हैं :

	पुं० और नपुं०	स्त्री०
कर्ता	óба	óбе
सम्बन्ध	обóих	обéих
सम्प्रदान	обóим	обéим
कर्म	óба (जड़) обóих (चेतन)	óбе (जड़) обéих (चेतन)
करण	обóими	обéими
अधिकरण	обóих	обéих

नोट : १. किसी घटना का वर्ष इंगित करने के लिए केवल अन्तिम अंक के कारक-रूप बनते हैं, जैसे

१९०३ में в ты́сяча девятьсо́т тре́тьем году́

नोट : २. महीनों की तारीख के साथ क्रमसूचक संख्याए नपुंसकलिंग में इस्तेमाल की जाती है क्योंकि संज्ञा 'число́ (तारीख) जिसकी वे व्याख्या करती है, नपुंसकलिंग होती है। परन्तु आम तौर पर क्रमसूचक संज्ञा के साथ शब्द 'число́' प्रयोग नहीं किया जाता है, जैसे

како́е сего́дня число́ ? (आज कौन-सी तारीख है ?)
сего́дня—девя́тое (आज नौ तारीख है।)

क्रमबोधक अंकों के कारक-रूप

क्रमबोधक अंको के कारक-रूप विशेषणों की भाँति बनाये जाते हैं।

समहवाचक अंक

ये हैं дво́е (दोनों), тро́е, (तीनों), че́тверо (चारों), пя́теро (पाँचों), ше́стеро (छहों), се́меро (सातों), во́сьмеро (आठों), де́вятеро (नौओं), де́сятеро (दसों)। इनके कारक-रूप निम्न प्रकार से वनाये जाते हैं :

कर्ता	дво́е	тро́е	че́тверо
सम्बन्ध	двои́х	трои́х	четверы́х
सम्प्रदान	двои́м	трои́м	четверы́м
कर्म	дво́е (जड़)	тро́е (जड़)	че́тверо (जड़)
	двои́х (चेतन)	трои́х (चेतन)	четверы́х (चेतन)
करण	двои́ми	трои́ми	четверы́ми
अधिकरण	двои́х	трои́х	четверы́х

пя́теро, ше́стеро, се́меро, во́сьмеро, де́вятеро, де́сятеро के कारक-रूप че́тверо की भाँति बनते हैं।

इनके बाद आनेवाली संज्ञाएँ सम्बन्ध (बहुवचन) कारक-रूप में प्रयुक्त होती हैं, जैसे дво́е мужико́в (दोनों किसान), тро́е дете́й (तीनों बच्चे)।

भिन्नात्मक अंक

полтора́ डेढ़ (१½) ।

इसके कारक-रूप निम्न प्रकार हैं :

	पुं० और नपुं०	स्त्री०
कर्त्ता	полтора́	полторы́
सम्बन्ध	полу́тора	полу́тора
सम्प्रदान	полу́тора	полу́тора
कर्म	полтора́	полторы́
करण	полу́тора	полу́тора
अधिकरण	поту́тора	поло́тора

सर्वनाम

सर्वनाम के भेद

